Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

श्री निम्बार्क वेदान्त

आचार्य ललित कृष्ण गोस्वामी

26455

प्रकाशक
श्री निम्बार्क पीठ
१२ महाजनी टोला, इलाहाबाद-३

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

STATE MUSEUM, LUCKNOW
LIBRARY

Acc. No. 2640

Book No. 181'48
ग न

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

181.48

राज्य संग्रहालय पुस्तकालय लखनऊ

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सुदर्शन ग्रन्थमाला का प्रथम पुष्प

श्री निम्बार्क वेदान्त

आचार्य ललित कृष्ण गोस्वामी

प्रकाशक
श्री निम्बार्क पीठ
१२ महाजनी टोला, इलाहाबाद-३

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

प्रकाशक
श्री निम्बार्क पीठ,
१२ महाजनी टोला,
इलाहाबाद–३

181.48
ग नं

प्रथम संस्करण सम्वत् २०२०
मूल्य १२ रुपये

राज्य संग्रहालय पुस्तकालय, लखनऊ
क्रमसंख्या 2640
प्राप्ति तिथि 25.5.65
State Museum, Library, Lko.

मुद्रक
केसरवानी प्रेस,
इलाहाबाद

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Chowkhamba. 12/-

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

Chowkhamba. 12/-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS



अनन्त श्री जगद्गुरु निम्बार्काचार्य पीठाधिपति श्री स्वामी राधा कृष्ण जी महाराज

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

श्रद्धावनति समर्पण

जिनकी वात्सल्यपूर्ण कृपा के फलस्वरूप प्रस्तुत पुस्तक का सम्पादन
सम्पन्न हो सका उन पूज्य पितृचरण स्वामी राधाकृष्णजा
महाराज की सेवा में श्रद्धावनति पूर्वक
सादर समर्पण

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

गुरुवर पं० भूपेन्द्रपतिजी त्रिपाठी की शुभकामना

श्री ललितकृष्णजी गोस्वामी द्वारा लिखित श्री निम्बार्क वेदांत पुस्तक का मनोयोग से अवलोकन किया। मेरी दृष्टि में वेदांत दर्शन का केवल सार्थ अध्ययन में पर्यवसान नहीं होता। यह तो आत्मिक आचार संहिता है, परम्परागत परिपाटी के अध्ययन में ही इसकी सार्थकता है। यही कारण है कि प्रत्येक दर्शन के साथ उपासना संलग्न है। यह उपासना विभिन्न दर्शनों के संबंध की मूर्त्त परिकल्पना है। उपर्युक्त पुस्तक में इसका सुन्दर निर्वाह मिलता है। श्री गोस्वामी जी की यह प्रथमकृति जितनी सफल है, उसे देखकर इनके शुभ आयति की कल्पना स्पष्ट है मैं लेखक के साथ-साथ उनकी कृति का सर्वतोमुख समादर चाहता हूँ।

भूपेन्द्रपति त्रिपाठी

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

माननीय वयोवृद्ध मनीषी योगिवर महामहोपाध्याय पं० गोपीनाथ जी कविराज एम० ए० डी० लिट० की सम्मति

श्रद्धेय श्री ललित कृष्ण जी गोस्वामी कृत "श्री निम्बार्क वेदांत" ग्रंथ का पाठकर मेरा चित्त प्रसन्न हुआ। यह ग्रंथ दो भागों में विभक्त है। इसके पूर्व भाग में निम्बार्क वेदांत के विषय में सिद्धान्त, साधन और फल के ऊपर विस्तृत आलोचना की गई है एवं उत्तर भाग में ब्रह्मसूत्र के ऊपर श्री निम्बार्क कृत "वेदांत पारिजात सौरभ" नामक वाक्यार्थं तथा दशश्लोकात्मक "वेदांत कामधेनु" की हिन्दी व्याख्या है।

यह पुस्तक वहुत परिश्रम से संकलित की गई है। इसमें ग्रंथकार के साम्प्रदायिक परंपरा के ज्ञान का परिचय मिलता है। इसका और भी एक प्रशंसनीय वैशिष्ट्य है कि इसमें विभिन्न सम्प्रदायों के प्रति सहृदयता का भाव निविष्ट दिखाई देता है।

ग्रंथकार आचार्य निम्बार्क को द्रविड़ाचार्य से अभिन्न समझते हैं। यदि यह सत्य हो तो चार वैष्णव सम्प्रदायों के भीतर इस भाष्य का सर्वाधिक प्राचीनत्व मानना होगा। यह असंभव नहीं है। परन्तु सब लोग इसे स्वीकार करेंगे या नहीं इसमें संदेह है। शंकर संप्रदाय में एक द्रविड़ाचार्य की प्रसिद्धि है। रामानुज संप्रदाय में भी उसी नाम के एक आचार्य प्रसिद्ध हैं। ये दोनों एक ही हैं या नहीं कहा नहीं जा सकता। परन्तु इनका एक होना असंभव नहीं है। अलवार शठकोप का भी वैष्णव ग्रंथों में कहीं-कहीं द्रविड़ाचार्य के नाम से उल्लेख किया गया है। यह भी विचारणीय विषय है।

निम्बार्क संप्रदाय के इतिहास तथा प्रचलित आचार और साधना के विषय में ग्रंथकार ने बहुत कुछ लिखा है। इसमें संदेह नहीं कि हिन्दी भाषा में लिखित वैष्णव साहित्य में इस ग्रंथ का एक विशिष्ट स्थान माना जायगा। ऐतिहासिक तथा जिज्ञासु लोगों में इसका समधिक प्रचार वांछनीय है।

३।६।६३ ई०　　　　　　　　　　　　गोपीनाथ कविराज

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भारत के माननीय राष्ट्रपति डा० राधाकृष्णन के श्री निंबार्क वेदान्त पर विचार

Shri Nimbarka's......commentary on the Brahmasutra develops the theory of transformation (Parinama) of Brahman. A distinction is made between the independent reality of Purusottama and the dependent realities of jiva and prakriti. While both jiva and Is'vara are self-conscions, the former is limited while the latter is not. While the jiva is the enjoyer (bhoktri), the world is enjoyed (bhogya), and Is'vara or God is the Supreme Controller (niyantri).

According to Nimbark's teaching the jiva is of the form of knowledge (jnanasvarupa). It is the knowledge as well as the passessor of knowledge even as the sun is light as well as the source of light. The relation of Soul to its attributes is that of the dharmin (the qualified) to the dharma (the qualification) It is one of difference as well as non-difference. Between the qualification and the qualified there is no absolute identity but only the non-perception of the difference. Though jiva is atomic in size on account of its possession of omnipresent quality of knowledge, it is able to experience the pleasures and the pains throughont the body. The jiva is the agent of activity (Kartri). The scriptural texts which deny activity are intended to bring out the dependent character of the activity of the jiva. The jiva has no independent (svatantra) knowledge or activity. Anand or delight putains to the jiva in all its states. The jiva continues to exist in dreanless sleep and the state of release. As Isvara is the governor, the jiva in ail its states

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

has the nature of being governed (niyamyatva). The number of jivas is infinite, though they are all sustained by the Supreme spirit.

The inanimate world has three principal categories (tattvas), which are : (1) aparakrta or what is not derived from the primordial prakrti, such as the stuff of the divire body (2) prakrata, or what is derived from prakriti with its three gunas; and (3) Kala or time. Prakrti and kala are the basic principles of cosmic exsitence. These three categories are also eternal like the individual souls.

......The supreme spirit is identified by Nimbarka with Krishna, and is regarded as possessing all auspicious qualities and exenipt from fanlts of egoism, ignorance, passion and attachment. He has the four forms and also manifests himself in the avataras or in carnations. He is the material and efficient cause of the universe. He is the material cause since reation means manifestation of his powers (Sakti) of cit and acit in there subtle forms. He is the efficient cause of the universe, since he brings about the union of individual souls with their respective karmas and their results and the proper instruments for experiencing them.

The universe cannot be dismissed as a mere illusion, since it is a manifestation (parinama) of what is contained subtly in the nature of God. Nimbarka criticises the vivarta (illusion) theory of the world, and argues that, if the world were not real, could not be superimposed on another.

The relation of the three principles jiva, the world and God is not one of absolute identity or non-distinction, since such a view would contradict numberless passage of the upani-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

sads which insist on difference and will also involve confusion between the natures and attributes of the different principles. Nor can it be said that the three principles are absolutely distinct, since it would be to be fly in the facc of the monistic evidence of the upanisads. Were the supreme spirit absolutely distinct from the individual and the world, it could not be omnipresent. It would be as limited as the individual soul or the world, and could not, therefore, be regarded as their governor. The suggestion that the non-difference is the reality while difference is due to upadhis or limitions cannot be accepted, since it would be to subject Brahman to conditions. On such a view, Braham would cease to be pure and become subject to faults, and would experience pleasure, pain and the like, and all this world be contray to the accepted nature of Brahaman. So Nimbarka concludes that both difference and non-difference are real. The soul and the world are different frcm Brahman, since they possess natures and attributes different from those of Brahman. They are not different, since they cannot exist by themselves and depend absolutely on Brahman......In the light of this doctrine of difference-non difference, the famous text, "tat tvam asi" is interpreted. "Tat" signifies the eternal-omnipresent Brahaman, "tvam" refers to the individual-soul, whose existence depends on Brahman; and "asi" brings out the realation between the two, which is one of difference compatible with non-difference. Such a relation subsis between the sun and its rays or the fire and its spaks. Though soul and matter are distinct from God, they are yet intimately connected with him, as waves with water or coils of a rope with rope itself. They are both distinct and non-distinct from Brahman. We need net regard the distinct as mutually exclusive and absolutely cut off from each other.

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

Difference and identity are both equally real; and what is different is also identical.

Yet the individual souls and the world are not self-suffieient, but are guided by Is'vara. In pralaya, these two get absorbed into the nature of Is'vara, who contains the subtle forms of jiva and jagat. Through Brahman's sakti, or energy, the wọrld is produeed where each separate soul finds fit embodiment.

.........God does not stand in need of materials to construct the world. He is all powerful, and by his mere will be able to create the world. Brahaman is thus both efficient and material cause of the world. The world is identical with Brahman- and depends on him for its becoming and its power to act; and yet, in a sense, it if distinct from Brahman.

.........The souls are infinite in number and are atomic in size. Each soul is a ray of Brahman individualised......

The pure nature of the jiva is obscured by its karma, which is the result of avidya, which is beginningless, yet through the grace of God can be terminated. Prapatti or complate submission to God is the way to deliverance. These who possess this attitude of prapannas are favoured by God, Who engenders in them bhakti or devotion which eventually results in brahmasaksatkara or realisation of God. Bhakti envolves a knowledge of supreme realily, the nature of individual soul, the fruit of divine grace or moksa which is an uninterrupted realisation of the nature and attributes of Brahman, resulting in the absolate distruction of all resulting in the absolute distruction of all selfishness and ignorance, and the nature of hindrances to God-realisation, such as the erroneous identification of the soul with the body, the senses or the mind, dependence on another than God,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

violation of or indifference to his commandments, and confusion of God with ordinary beings the sence of freedom and joy born of true devotion. In Nimbarka Krishna and Radha take the place of Narayana and his consort. Bhakti is not meditation (upasana), but love and devotion. The grace of God is ever ready to lift up the helpless and make them see the truth of things......Karma is said to be the means for the acquisition of brahmajnana, carrying with it devotion.

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

श्री निम्बार्क के ब्रह्मसूत्र भाष्य में परिणाम वाद का विवेचन है, उसमें पुरुषोत्तम ब्रह्म की स्वतन्त्र सत्ता एवं जीव तथा प्रकृति की परतंत्र सत्ता का भेद किया गया है। जीव और ब्रह्म ज्ञानवान हैं, पर जीव सीमित है और ब्रह्म निस्सीम। जीव भोक्ता, जगत भोग्य और ब्रह्म नियंता है।

जीव ज्ञान और ज्ञानवान दोनों है, जैसे कि सूर्य प्रकाश और प्रकाश का स्रोत दोनों है। आत्मा के गुणों का सम्बन्ध धर्म और धर्मी का है, जो कि भिन्नाभिन्न है। धर्म और धर्मी में अत्यन्त अभेद नहीं है अपितु सूक्ष्म अलक्षित भेद है। जीव परिणाम में अणु है, तथापि ज्ञान से पूर्ण होने के कारण वह सम्पूर्ण शरीर के सुखदुःखादि का अनुभव करने में समर्थ है। जीव में कर्तृत्व है। शास्त्रों में जो जीव के कर्तृत्व का प्रतिषेध है वह पराश्रय का द्योतक है। जीव का ज्ञातृत्व या कर्तृत्व स्वतन्त्र नहीं है। सुषुप्ति एवं मुक्तावस्था में भी जीव का अस्तित्व बना रहता है। वह सदा ईश्वर के नियामकत्व में रहता है, अनन्त होते हुए भी ईश्वर से नियंतृत रहता है।

अचेतन के जगत में तीन प्रधान तत्त्व है। (१) अप्राकृत तत्व, जो कि ईश्वर की नित्य विभूति का आधार है। (२) प्राकृत तत्त्व, यह सत्व, रज, तम इन त्रिगुणों से युक्त रहता है। (३) प्रकृति या काल सृष्टि का प्रधान आधार तत्व है। ये तीनों आत्मा के समान चिरंतन हैं।

श्री निम्बार्क के मत में परब्रह्म श्री कृष्ण हैं, जो कि कल्याणमय गुणों की खान, अहंकार, अज्ञान, वासना, अनुराग आदि दोषों से रहित—चतुर्व्यूह स्वरूप और अवतारों के कारण हैं। यह जगत के निमित्त और उपादान कारण हैं। चित और अचित उभय के सूक्ष्मरूप का सृष्टि रूप से प्रस्तार करने से उपादान कारण हैं। जीवात्माओं की गुण कर्मानुसार सृष्टि तथा भोग एवं फल प्रदान करते हैं अतएव निमित्त कारण हैं।

जगत भ्रम अथवा मिथ्या पदार्थ मात्र नहीं है अपितु यह परमात्मा का स्वाभाविक परिणाम है। निम्बार्क ने जगत् के विवर्त्तवाद का खंडन करते हुए

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

तर्क प्रस्तुत किया है कि यदि जगत् की वास्तविक सत्ता नहीं मानेंगे तो जगत् के निर्माता की वस्तुस्थिति कैसे होगी, उसका अस्तित्व ही क्योंकर सिद्ध होगा।

जीव, जगत् और ब्रह्म में परस्पर अभेद सम्बन्ध नहीं है, ऐसा असंख्यों श्रुति वाक्यों से सिद्ध होता है। इनके विभिन्न स्वभाव और गुणों का वर्णन भेदपरक श्रुति वाक्यों में है। इनमें एकदम पार्थक्य है, ऐसा मानने पर भी श्रुतियों के अद्वैतपरक वाक्यों से विरुद्धता होगी। परमात्मा को जीव और जगत से सर्वथा भिन्न मानने पर परमात्मा की सर्वव्यापकता कैसे होगी ? पूर्ण पार्थक्य मानने से जगत् और जीव के समान ब्रह्म भी सीमित रह जावेगा उसे फिर जीव जगत का नियंता नहीं कह सकते। अभेद सम्बन्ध ही वास्तविक है, भेद सम्बन्ध औपाधिक है, ऐसा भी स्वीकार्य नहीं, क्योंकि ऐसा मानने पर ब्रह्म ससीम और सुखदु:खादि दोषों से संपर्कित हो जावेगा। ब्रह्म तो सर्वथा दोष रहित और शुद्ध है।

इसलिये श्री निम्बार्काचार्य इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि जीव, जगत् और ब्रह्म में वास्तविक भेदाभेद सम्बन्ध है। जीव और जगत, ब्रह्म के स्वभाव और गुण के कारण भिन्न तथा स्वत: स्वतंत्र अस्तित्व न होकर परमात्मा के आश्रित होने से अभिन्न हैं।

भेदाभेद मत में तत्वमसि की व्याख्या इस प्रकार हैं—तत् शब्द अनन्त और सर्वव्यापक ब्रह्म का द्योतक है। त्वम् शब्द जीव वाची है, जिसका अस्तित्व ब्रह्म पर आश्रित है। असि पद दोनों के सम्बन्ध को बतलाता है, जो कि भेदाभेद सम्बन्ध है। यह सम्बन्ध सूर्य और उसकी प्रभा तथा अग्नि और स्फुलिंग के समान है। यद्यपि आत्मा और पदार्थ ब्रह्म से भिन्न हैं तथापि उनका ब्रह्म से घनिष्ट सम्बन्ध है, जैसे कि जल और तरंग तथा रस्सी और ऐंठन का सम्बन्ध होता है। भिन्नता और अभिन्नता दोनों समानरूप से हैं, जो भिन्न है वही अभिन्न भी है।

जीव और जगत् स्वत: निर्भर नहीं है अपितु ईश्वर से संचालित हैं। प्रलयकाल में ये दोनों ईश्वर के स्वभाव में मिल जाते हैं। ईश्वर इन दोनों के मूल रूप को उस समय अपने में रखता है। ब्रह्म की शक्ति के द्वारा ही जगत की सृष्टि होती है, असंख्यों जीव पृथक देह प्राप्त करते हैं। ईश्वर को जगत् की सृष्टि के लिए उपकरणों की आवश्यकता नहीं होती वह अपनी संकल्पा-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

त्मिका शक्ति से ही सृष्टि करता है। जगत् और ब्रह्म में कोई विशेष अन्तर नहीं है, जगत की क्रियाशीलता ब्रह्म पर ही आश्रित है। फिर भी वह ब्रह्म से पृथक ही है। जीवात्मा असंख्य और अणु परिमाण के हैं, प्रत्येक आत्मा ब्रह्म की किरण के समान है। जीव की प्रकृति कर्म के अधीन है, कर्म अविद्या का परिणाम है। कर्म बन्धन अनादि हैं किन्तु परमात्मा की अनुग्रह शक्ति से उनसे मुक्ति मिल सकती है परमात्मा के चरणों में सर्वात्म समर्पण कर देने से परमात्मा का अनुग्रह प्राप्त होता है यही मुक्ति का प्रधान साधन है। दैन्यभाव से समर्पित जीव पर प्रभु अपनी कृपा कर उसमें भक्ति का संचार करते हैं। भक्ति द्वारा ही परमात्मा का साक्षात्कार होता है। भक्ति के द्वारा परम सत्य तथ्य, जीवात्मा का स्वरूप ज्ञान तथा प्रभु कृपा के फलस्वरूप मोक्ष का ज्ञान होता है। परमात्मा के स्वरूप गुणों की अविराम अनुभूति ही मोक्ष है। भक्ति द्वारा स्वार्थपरता एवं अज्ञान का नाश होकर ब्रह्म साक्षात्कार में होने वाली प्रत्यवाय रूप—अज्ञानवश शरीरेन्द्रियादि को ही आत्मा मानना परमात्मा के अतिरिक्त अन्य का आश्रय, ईश्वरीय शास्त्राज्ञाओं का उल्लंघन एवं परित्याग ईश्वर को सामान्य मानना, अपने को स्वतंत्र मानना आदि बाधाओं का प्रत्याख्यान हो जाता है।

श्री निम्बार्क के उपास्य राधाकृष्ण हैं, उनकी दृष्टि में भक्ति का तात्पर्य उपासना न होकर प्रेम अनुराग है। प्रभु सदा अपने अनुरक्त भक्त के हित साधन के लिए प्रस्तुत रहते हैं। भक्तियुक्त कर्म ही ब्रह्म ज्ञान प्राप्ति का साधन है।*

*अंग्रेजी भाषा से रूपान्तरित

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

कल्याण के सम्पादक श्री हनुमानप्रसादजी पोद्दार की श्रद्धांञ्जलि

भारतीय सनातन वेदान्त दर्शन को भगवान् बादरायणजी ने ब्रह्मसूत्र में गुम्फित कर जो कृपा की है, उसे सर्वप्रथम आज से सहास्राब्दियों पूर्व भगवान श्री निम्बार्काचार्य जी महाराज ने वाक्यार्थ रूप से सम्पादित कर दार्शनिक संप्रदायों को नवप्रकाश दिया। उनके "वेदांत पारिजात सौरभ" के सर्वदिग् व्यापी सौरभ का आघ्राण कर अनेक भाष्यों का प्रादुर्भाव हुआ, जिसके फलस्वरूप सर्वदर्शनों के मूर्द्धन्य रूप में हमें वेदांत दर्शन की सुदृढ़ शृंखला दिखलाई देती है। आज का प्रायः सम्पूर्ण हिन्दू समाज उस शृंखला के आवरण में ही नियमित जीवन यापन कर रहा है।

भगवान श्री निम्बार्काचार्य जी द्वारा प्रदत्त युगलोपासना की दीक्षा से भारतीय भक्त समाज-कृतार्थ है। वर्त्तमान काल के बढ़ते हुए भौतिक सामर्थ्यों की चकाचौंध में आध्यात्मिक तत्व की जो विस्मृति हो रही है उसके निर्देशन के लिये उन मुनियों के उपदेशों का आश्रय ही श्रेयस्कर है। सम्मान्य गोस्वामी ललित कृष्णजी महाराज ने "श्री निम्बार्क वेदांत" ग्रन्थ में इस गुरुतर कार्य का सम्पादन किया है।

निश्चय ही इस ग्रन्थ के द्वारा नूतन उद्भावनाओं के साथ एक चेतना प्राप्त होगी। मेरी श्री आचार्य चरणों में एतदर्थ नमनपूर्वक श्रद्धाञ्जलि समर्पित है आज प्रायः सारा ही भक्त समाज भगवान हंसोपदिष्ट भागवत परम्परा का चिरऋणी है।

—दास

हनुमानप्रसाद पोद्दार

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS



गोलोकवासी
श्री सिद्ध लक्ष्मीनारायण जी आचार्य

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS



श्री सेठ भगवानदास जी गुप्त



श्री [illegible] गुप्त

को इस

तथा

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

ीय

नम्र निवेदन

:मपूज्य आचार्य चरणों की निस्सीम कृपा से हिन्दी साहित्य जगत् में म्बार्क वेदांत" ग्रंथ को प्रस्तुत करते हुये अपार हर्ष हो रहा है। गतवर्ष ा अष्टमी को इस ग्रंथ के लेखन कार्य में श्रद्धेय लेखक संलग्न हुये थे, .न नवरात्र में मुझे पूज्य आचार्य चरण की आज्ञा हुई कि इस ग्रंथ प्रकाशन होना है, अतएव आज्ञानुसार चैत्र के नवरात्र में ग्रंथ के मुद्रण कार्य प्रारम्भ हुआ, जिसे कि प्रेस के अध्यक्ष श्री सोमेश्वर प्रसाद गुप्त न बड़े मनोयोग से श्रद्धापूर्वक प्रायः दो महीने के अन्दर पूरा कर दिया। माननीय कविराज जी से इस पर सम्मति लिखने की प्रार्थना की गई। आदरणीय कविराज जी यथा सम्भव विस्तृत विचार प्रस्तुत करने के प्रयास में थे, किन्तु रुग्ण एवं कार्याधिक्य में व्यस्त होने के कारण उन्होंने जो कुछ भी सारगर्भित तथ्यपूर्ण वक्तव्य दिया है, वह ग्रंथ के गौरव प्रकाशन के लिये पर्याप्त है। माननीय कविराज जी ऐसे अन्तर्द्दष्टा योगी ही तथ्य का निर्णय कर सकते हैं, उनकी अपार कृपा के प्रति मेरा उनको साभार नमन है।

सम्मान्य राष्ट्रपति महोदय के श्री निम्बार्क वेदांत पर किये गये विचार से सिद्धान्त की महत्ता का पूर्ण परिचय मिलता है। ग्रंथ की विशेषता मैं कुछ वर्णन करूँ यह मेरी अल्प बुद्धि से परे की बात है। इसे तो जिज्ञासु विद्वान पाठक ही समझ सकेंगे। भाई जी श्री हनुमान प्रसाद जी पोद्दार ने श्री निम्बार्काचार्य चरण के प्रति जो श्रद्धांजलि समर्पित की है उससे ग्रंथगत विषय की विशेषता का परिचय मिलता है क्योंकि भाई जी द्वारा ही प्राचीनतम भारतीय वाङ्मय के अनुशीलन का सौभाग्य हम लोगों को मिलता रहता है, अतएव सामान्यतः उन्हें आर्ष ग्रंथों का पारखी माना जाता है।

पूज्यवर श्री निम्बार्काचार्य पीठ के अधिपति स्वामी राधाकृष्ण जी महाराज की आज्ञा से प्रातः स्मरणीय गुरु सिद्ध श्री लक्ष्मीनारायण जी आचार्य की कृपा से पितृ पाद सेठ भगवानदास जी गुप्त की पुण्य स्मृति में "सुदर्शन ग्रंथ माला" के प्रथम पुष्प के रूप में यह ग्रंथ प्रस्तुत किया जा रहा

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

है, इसके सौरभ से दिग्दिगन्त सुवासित हो और जिज्ञासु पाठक भृङ्ग इसका पानकर तृप्त हों इसी में मैं अपने वंश को कृतार्थ मानूँगा। श्री जी की ऐसी ही महती अनुकम्पा बनी रही तो मनीषी लेखक द्वारा सम्पादित अन्यान्य दार्शनिक ग्रंथ भी ग्रंथमाला द्वारा शीघ्र ही प्रकाश में आवेंगे।

मेरा ऐसा विश्वास है कि साहित्य शोधकों एवं साहित्य शास्त्रियों को इस तथ्यपूर्ण गवेषणात्मक ग्रंथ से श्री निम्बार्क सम्प्रदाय के औपासनिक तथा ऐतिहासिक दृष्टिकोण को समझने में एक नवीन प्रकाश मिलेगा।

निवेदक
मुन्नीलाल गुप्त

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विषय-सूची

[पूर्वार्ध]

विषय प्रवेश—

पृष्ठ

प्रतिपाद्य विषय और उससे संबद्ध विषय का सामान्य परिचय वेदांत दर्शन का प्रयोजन और महत्व, ब्रह्मसूत्र-रचना का उद्देश्य, ब्रह्मसूत्र का वर्ण्य विषय, प्रस्थान चतुष्टय पर विचार। ... १—

प्रथम अध्याय

सिद्धांत समन्वय—

दर्शन शास्त्र की उत्पत्ति और प्रयोजन तथा दर्शन शास्त्र द्वारा की गई साँसारिक समस्याओं की विवृत्ति पर सभी दार्शनिकों का समन्वय, दर्शन शास्त्र की खंडनात्मक तथा समन्वयात्मक प्रवृत्तियों का विश्लेषण, दार्शनिक मतों के विचार समन्वय और श्री निंबार्काचार्य के समन्वय सिद्धांत का विवेचन।... ६—१५

द्वितीय अध्याय

सिद्धांत अविरोध—

आस्तिक और नास्तिक दर्शनों का विभाजन, तथा दर्शनों के मतों का सामान्य परिचय और उनके पारस्परिक अविरोध का दिग्दर्शन।

(१) सांख्य दर्शन—सामान्य परिचय और वर्ण्य विषय का विवेचन १६—१८

(२) योग दर्शन—सामान्य परिचय और पर्यालोचन ... १८—२०

(३) वैशेषिक दर्शन—सूक्ष्म विवेचन ... २०—२१

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विषय		पृष्ठ
(४) मीमांसा दर्शन—सूक्ष्म परिचय	...	२१—२२
(५) वेदांत दर्शन—विश्लेषणात्मक सामान्य विवेचन	...	२२—२५
(६) चार्वाक दर्शन—सामान्य पर्यालोचन और प्रभाव	...	२६—२८
(७) जैन दर्शन—सिद्धांत परिचय	...	२८—३१
(८) बौद्ध दर्शन—सिद्धांत परिचय, बाह्यार्थ प्रत्यक्षवाद, बाह्यार्थानुमेयवाद इन सर्वास्तिवादी शाखाओं का विवेचन, महायानी विज्ञानवाद और शून्यवाद का परिचयात्मक विवेचन	...	३१—३६
(९) भगवान बादरायण—वेदांत दर्शन की विशेषता, ब्रह्मसूत्र के रचयिता और रचना का काल निर्णय, पुराण संहिता काल विवेचन, वेदांत दर्शन और अन्य दर्शनों का अविरोध निरूपण	..	३७—४५
(१०) भागवत धर्म—भागवत धर्म के पुनरुद्धार और विकास का परिचय तथा भागवत रचना काल का निर्णय	...	४५—४७
(११) हंस सनकादि नारद—भागवत धर्म के उपदेष्टा रूप से परिचय	...	४७—४८
(१२) भागवत धर्म के आदि आचार्य—नारद भक्ति सूत्र के अनुसार भागवत धर्म के आचार्यो का परिचय, शांडिल्य, गर्ग, विष्णु स्वामी और कौंडिन्य का विशेष परिचय	...	४८—५०
(१३) श्री निंबार्काचार्य—जीवन परिचय, जन्मकाल निर्णय	...	५०—५३
(१४) वेदांत पारिजात सौरभ—श्री निंबार्काचार्यकृत ब्रह्मसूत्र के सूक्ष्म वाक्यार्थ का साधारण परिचय	...	५३—५४
(१५) द्वैताद्वैतवादी प्राग्वर्त्ती आचार्य—श्री निंबार्क के पूर्व के द्वैताद्वैतवादी आचार्यों का सामान्य परिचय	...	५४—५५
(१६) बादरायण का मत द्वैताद्वैत—ब्रह्मसूत्र के अक्षर स्वारस्य से द्वैताद्वैतवाद का प्रतिपादन	...	५५—५६

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विषय पृष्ठ

(१७) श्री निंबार्क का द्वैताद्वैतवाद--श्री निंबार्क का द्वैताद्वैतवाद के प्रतिनिधि आचार्य के रूप में परिचय तथा ब्रह्मसूत्र के सर्वप्रथम व्याख्याकार के रूप में ऐतिहासिक उपस्थापन ... ५६—५६

(१८) श्री निंबार्क ही द्रविड़ाचार्य—ऐतिहासिक पुष्ट प्रमाण संचयन पूर्वक उक्त तथ्य का प्रतिपादन, श्री निंबार्क और भागवत पुराण का अभिन्न संबंध स्थापन, भागवत धर्म का प्रतिनिधित्व ज्ञापन, आचार्य जी के ज्योतिष सिद्धान्त, सख्योपासना का विवेचन ... ७०—७८

(१९) शंकराचार्य और द्वैताद्वैत—स्वामी शंकराचार्य जी की वैष्णवी उपासना और सिद्धांत का प्रतिपादन ... ७९—८१

(२०) द्वैताद्वैत और अन्यमत—श्री निंबार्क एवं स्वामी शंकराचार्य, स्वामी रामानुजाचार्य, स्वामी मध्वाचार्य, स्वामी वल्लभाचार्य, तथा गौडीय वैष्णवों के वेदांत सिद्धांत का तुलनात्मक विवेचन ... ८१--८७

तृतीय अध्याय

साधन सिद्धाँत—

साधना प्रणाली का विवेचन ... ८८—९२

(१) गुरु आचार्य--अधिकार और स्वरूप विचार, परम्परा और संप्रदाय का निरूपण, ग्रहस्थ संप्रदाय महत्व ... ९२—९९

(२) वैष्णव मत और ईसाई मत—

श्री निंबार्क की प्रेममार्गी साधना और संत ईसा, संत बर्नर्ड संत जान आफ रुइस ब्रोक, संत तेरेसा, संत जान आफ दिक्रास संत अंडरहिल आदि ईसाइयों की प्रेमोपासना का समीकरण ... ९९—१०२

(३) प्रेममार्गी इस्लाम मत—

इस्लाम मत पर वैष्णवीय प्रेमोपासना का प्रभाव कथन, ... १०२

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow.

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विषय पृष्ठ

(४) निंबार्क परम्परा के सिद्ध संत—

आचार्य जी की कृतियों का परिचय, श्री गौरमुख ऋषि, उदुम्बर ऋषि, श्री निवासाचार्य, पुरुषोत्तमाचार्य, विलांसाचार्य, श्री देवाचार्य, सुन्दर भट्ट, केशव काश्मीरी भट्ट, श्री भट्ट, हरिव्यास, स्वभूदेव, परशुराम, वासुदेवशरण, ब्रजलालशरण, स्वामी मुरलीधर, वृन्दावनशरण, गोविन्दशरण, नारायणदेव, स्वामी हरिदास, गोस्वामी हित हरिवंश, आदि संत आचार्यों की कृति एवं प्रभाव का सूक्ष्म परिचयात्मक विवेचन ... १०३—११६

(५) रसोपासना में हित तत्व—

वैदिक हितोपासना की ऐतिहासिक परम्परा का विवेचन ... ११६—१२७

(६) सहज हितोपासना और सहजिया मत—

सहजिया संप्रदाय की ऐतिहासिक विवेचना ... १२७—१३४

(७) साधना तत्व—

वैष्णवीय पंच संस्कारों का वैज्ञानिक सूक्ष्म परिचय ... १३४—१४३

(८) आचार मीमांसा—

आहार शुद्धि एवं विचार शुद्धि विवेचन ... १४४—१४५

चतुर्थ अध्याय

फल सिद्धांत—

भगवान श्री निंबार्काचार्य के प्रतिपादित मोक्ष सिद्धांत एवं प्रेमाभक्ति साधना का विस्तृत विवेचन ... १४६—१६०

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

[उत्तरार्ध]

वेदांत पारिजात सौरभ की व्याख्या

प्रथम अध्याय [समन्वयाध्याय]

[सभी वेदांत वाक्यों का साक्षात् अथवा परंपरित रूप से परमात्मा और जीवात्मा के संबंध में ही ऐकमत्य है इसी का विवेचन]

प्रथम पाद [ज्ञापक श्रुति समूह समन्वय]

अधिकरण १ [सू० १।१।१] ... १

शास्त्र प्रस्तावना रूप में उपासक, उपास्य और उपदेष्टा का वर्णन।

अधिकरण २ [सू० १।१।२] ... ३

ब्रह्म के अभिन्न निमित्त और उपादान कारणत्व का समर्थन।

अधिकरण ३ [सू० १।१।३] ... ३

शास्त्र प्रमाण से परमात्मा की विज्ञप्ति का समर्थन, वेदों की अपौरुषेयता कथन।

अधिकरण ४ [सू० १।१।४] ... ४

मीमांसा मत का खंडन, तथा वेदांत वाक्यों का परमात्मा के वर्णन में समन्वय कथन।

अधिकरण ५ [सू० १।१।५ से १।१।१२ तक] ... ६

सांख्य मत के प्रधान कारण वाद का खंडन और वेदांत मत का समर्थन।

अधिकरण ६ [सू० १।१।१३ से १।१।२०] ... ९

जीवात्मा के जगत् कारणत्व का खंडन और परमात्मा के जगत् कारणत्व का समर्थन।

अधिकरण ७ [सू० १।१।२१ और १।१।२२] ... ११

सूर्य मंडल में परमात्म स्वरूप का समर्थन।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विषय		पृष्ठ
अधिकरण ८ [सू० १।१।२३]	...	१२
आकाश रूप ब्रह्म का प्रतिपादन ।		
अधिकरण ९ [सू० १।१।२४]	...	१२
प्राण तत्व का परमात्मा रूप से विवेचन ।		
अधिकरण १० [सू० १।१।२५ से १। १।२८ तक]	...	१२
ज्योति तत्व का ब्रह्म रूप से विवेचन ।		
अधिकरण ११ [सू० १।१।२९ से १।१।३२ तक]	...	१३
प्रतर्दन ब्रह्म विद्या में उल्लिखित प्राणतत्व का अन्तर्यामित्व वर्णन ।		
द्वितीय पाद [अस्पष्ट ब्रह्म भावात्मक श्रुतियों का समन्वय]		
अधिकरण १ [सू० १।२।१ से १।२।८ तक]	...	१६
परमात्मा के स्वरूप का विवेचन ।		
अधिकरण २ [सू० १।२।९ और १।२।१०]	...	१८
परमात्म स्वरूप का उपास्य रूप से विवेचन ।		
अधिकरण ३ [सू० १।२।११ और १।२।१२]	...	१९
जीवात्मा और परमात्मा का सखा रूप से सहवास वर्णन ।		
अधिकरण ४ [सू० १।२।१३ से १।२।१८ तक]	...	२०
नेत्रों में दृश्यमान पुरुष का परमात्मत्व निरूपण ।		
अधिकरण ५ [सू० १।२।१९ से १।२।२१ तक]	...	२२
अंतर्यामी परमात्मा के स्वरूप का वर्णन ।		
अधिकरण ६ [सू० १।२।२२ से १।२।२४ तक]	...	२३
सांख्यमत के प्रधान तत्व एवं जीव तत्व की असमर्थता बतलाकर ब्रह्म की सर्वज्ञता कथन ।		
अधिकरण ७ [सू० १।२।२५ से १।२।३३ तक]	..	२४
वैश्वानर रूप परमात्म तत्व का विवेचन ।		
तृतीय पाद [संशयात्मक श्रुतियों का समन्वय]		
अधिकरण १ [सू० १।३।१ से १।३।७ तक]	...	२७

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विषय		पृष्ठ
पृथिवी आकाश आदि के आयतन रूप से ब्रह्म का विवेचन। प्रधान एवं जीव तत्व का खंडन।		
अधिकरण २ [सू० १।३।८ और १।३।९]	...	२८
भूमा रूप ब्रह्म का विवेचन।		
अधिकरण ३ [सू० १।३।१० से १।३।१२ तक]	...	२९
अक्षर ब्रह्म तत्व निरूपण।		
अधिकरण ४ [सू० १।३।१३]	...	३०
परमात्मा के साक्षात्कार स्वरूप का विश्लेषण।		
अधिकरण ५ [सू० १।३।१४ से १।३।२३ तक]	...	३१
दहर रूप (सूक्ष्माकाश) परमात्मा की उपासना का विवेचन		
अधिकरण ६ [सू० १।३।२४ और १।३।२५]	...	३४
दहर रूप परमात्मा का अंगुष्ठ परिमाण के रूप में कथन।		
अधिकरण ७ [सू० १।३।२६ से १।३।३० तक]	...	३५
देवताओं को भी ब्रह्म विद्या की उपासना के अधिकार का विवेचन।		
अधिकरण ८ [सू० १।३।३१ से १।३।३३ तक]	....	३७
मधु आदि विद्याओं में देवताओं के अधिकार का वर्णन।		
अधिकरण ९ [सू० १।३।३४ से १।३।३९ तक]	...	३८
शूद्र का, ब्रह्म विद्या की उपासना में अनधिकार कथन।		
अधिकरण १० [सू० १।३।४० और ४१]	...	४०
अंगुष्ठ परिमाण वाले अंतःस्थ परमात्मा का माहात्म्य वर्णन।		
अधिकरण ११ [सू० १।३।४२ से १।३।४४ तक]	...	४०
आकाश रूप ब्रह्म का निरूपण।		
चतुर्थ पाद [संशयात्मक श्रुतियों का समन्वय]		
अधिकरण १ [सू० १।४।१ से १।४।७ तक]	...	४२
सांख्य मत के आनुमानिक प्रधान तत्व का खंडन।		
अधिकरण २ [सू० १।४।८ से १।४।१० तक]	...	४४
अजाशक्ति की ब्रह्मात्मिका के रूप में विवेचना।		

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विषय पृष्ठ

अधिकरण ३ [सू० १।४।११ से १।४।१३ तक] ... ४५
पचीस पदार्थों का विश्लेषण।

अधिकरण ४ [सू० १।४।१४ और १।४।१५] ... ४६
ब्रह्मकारणवाद का समर्थन।

अधिकरण ५ [सू० १।४।१६ से १।४।१८ तक] ... ४७
जगत् का ब्रह्म रूप से विवेचन।

अधिकरण ६ [सू० १।४।१९ से १।४।२२ तक] ... ४९
परमात्मा की सर्वनियामकता का वर्णन।

अधिकरण ७ [सू० १।४।२३ से १।४।२७ तक] ... ५१
ब्रह्म के अभिन्न निमित्तोपादान कारणत्व का प्रतिपादन।

अधिकरण ८ [सू० १।४।२८] ... ५४
समन्वयाध्याय के विषय का उपसंहार

द्वितीय अध्याय [अविरोधाध्याय]

प्रथम पाद—[स्वमत प्रतिष्ठापन के लिये स्मृति तर्कादि विरोधों का परिहार]

अधिकरण १ :—[सू० २।१।१ और २।१।२] ... ५५
सांख्य स्मृति की प्रामाणिकता पर विचार।

अधिकरण २ :—[सू० २।१।३] ... ५६
योग स्मृति [योग सूत्र] की प्रामाणिकता पर विचार।

अधिकरण ३ :—[सू० २।१।४ से २।१।११ तक] ... ५७
कार्यकारण वैलक्षण्य के आधार पर ब्रह्मकारणवाद के आक्षेपों का परिहार।

अधिकरण ४ :—[सू० २।१।१२] ... ६०
वेदविरुद्ध कारणवादियों के मत का निराकरण।

अधिकरण ५ :—[सू० २।१।१३] ... ६१
ब्रह्मकारणवाद के अनुसार ब्रह्म और जीव के भेदाभेद सम्वन्ध का निरूपण।

अधिकरण ६ :—[सू० २।१।१४ से २।१।१९ तक] ... ६१

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विषय — पृष्ठ

कारण और कार्य (ब्रह्म और जगत) में भेदाभेद संबंध का प्रतिपादन वैषेशिक दर्शन के असत् कार्यवाद का निराकरण ।

अधिकरण ७—[सू० २।१।२० से २।१।२२ तक] ... ६३
सदोष जगत के अभिन्न होते हुये भी ब्रह्म की निर्दोषता का प्रतिपादन । ब्रह्मकारण वाद पर किये गये आक्षेप का निराकरण ।

अधिकरण ८—[सू० २।१।२३ और २।१।२४] ... ६४
परमात्मा के, करणत्व के अभाव में भी, जगत के कर्तृत्व का उपपादन ।

अधिकरण ९—[सू० २।१।२५ से २।१।३० तक] ... ६५
निरवयव परमात्मा से सावयव जगत् की उत्पत्ति का प्रतिपादन ।

अधिकरण १०—[सू० २।१।३१ से सू० २।१।३५ तक] ... ६७
आप्तकाम परमात्मा द्वारा सृष्टित्व के प्रयोजन का निरूपण ।

द्वितीय पाद—[अन्य दार्शनिक मतों के शास्त्र विरुद्धांशों का निराकरण]

अधिकरण १—[सू० २।२।१ से २।२।१० तक] ... ६९
कपिल के सांख्य मत के प्रधान कारणवाद का निराकरण ।

अधिकरण २—[सू० २।२।११ से २।२।१७ तक] ... ७१
कणाद के वैशेषिक मत के परमाणु कारणवाद का निराकरण ।

अधिकरण ३—[सू० २।२।१८ से २।२।२७ तक] ... ७४
वाह्यार्थ अस्तित्ववादी [समुदायवाद, संघातवाद, क्षणिक वाद, संतानवाद] बौद्धमत का निराकरण ।

अधिकरण ४—[सू० २।२।२८ से २।२।३१ तक] ... ७८
विज्ञानमात्र अस्तित्ववादी बौद्ध मत का निराकरण ।

अधिकरण ५—[सू० २।२।३२] ... ७९
शून्यवादी बौद्धमत का निराकरण ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विषय		पृष्ठ
अधिकरण ६—[सू० २।२।३३ से २।२।३६ तक] जैनमत का निराकरण।	...	८०
अधिकरण ७—[सू० २।२।३७ से २।२।४१ तक] पाशुमत शैवमत का निराकरण।	...	८२
अधिकरण ८—[सू० २।२।४२ से २।२।४५ तक] शाक्तमत के शक्तिकारणवाद का निराकरण।	...	८३
तृतीय पाद—[तत्वों की उत्पत्ति का विवेचन]		
अधिकरण १—[सू० २।३।१ से २।३।६ तक] आकाश की नित्यता और आकाश का ब्रह्मरूप से प्रतिपादन।	...	८६
अधिकरण २—[सू० २।३।७] वायु की उत्पत्ति का उपपादन।	...	८८
अधिकरण ३—[२।३।८ सू०] परमात्मा की नित्यता का समर्थन।	..	८८
अधिकरण ४—[सू० २।३।९ से २।३।१३ तक] तेज, जल, पृथिवी आदि की उत्पत्ति का निरूपण।	...	८८
अधिकरण ५—[सू० २।३।१४] तत्त्वों के प्रलयक्रम का निरूपण।	...	८९
अधिकरण ६—[सू० २।३।१५] मन आदि इंद्रियों की उत्पत्ति का निरूपण।	...	९०
अधिकरण ७—[सू० २।३।१६ और २।३।१७] जीवात्मा के नित्यत्व का प्रतिपादन।	...	९०
अधिकरण ८—[सू० २।३।१८ से २।३।३१ तक] जीवात्मा के स्वरूप, परिमाण, स्थिति, गुण आदि का विश्लेषण।	...	९१
अधिकरण ९—[सू० २।३।३२ से २।३।३९ तक] जीवात्मा के स्वाभाविक कर्त्तृत्व का प्रतिपादन।	...	९५

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विषय पृष्ठ

अधिकरण १०—[सू० २।३।४० और २।३।४१] ... ९७
जीवात्मा के, कर्तृत्व का परमात्मा की अधीनता रूप से प्रतिपादन ,

अधिकरण ११—[सू० २।३।४२ से २।३।५२ तक] ... ९८
जीवात्मा और परमात्मा के अंशांशी भाव का प्रतिपादन द्वैताद्वैत उपपादन)

चतुर्थ पाद—[भूतविषयक श्रुतियों के विरोध का परिहार]

अधिकरण १—[सू० २।४।१ से २।४।४ तक] ... १०२
इन्द्रियों की उत्पत्ति का प्रतिपादन ।

अधिकरण २—[सू० २।४।५ और २।४।६] ... १०३
इन्द्रियों की संख्या पर विचार ।

अधिकरण ३—[सू० २।४।७] ... १०४
इन्द्रियों के अणु परिमाण का प्रतिपादन ।

अधिकरण ४—[सू० २।४।८] ... १०४
मुख्य प्राण की उत्पत्ति का प्रतिपादन ।

अधिकरण ५—[सू० २।४।९ से २।४।१२ तक] ... १०४
मुख्य प्राण के स्वरूप का विचार और महत्व प्रकाशन ।

अधिकरण ६—[सू० २।४।१३] ... १०५
मुख्य प्राण तत्व के अणु परिमाण का प्रतिपादन ।

अधिकरण ७—[सू० २।४।१४ से २।४।१८ तक] ... १०६
इन्द्रियों के प्रेरक देवताओं का वर्णन, इन्द्रियों के भोक्ता जीव का प्रतिपादन, इन्द्रियों और मुख्य प्राण के संबंध का विश्लेषण ।

अधिकरण ८—[सू० २।४।१९ से २।४।२१ तक] ... १०८
समष्टि सृष्टि के समान, नाम रूप व्याकरणात्मक व्यष्टि सृष्टि का भी ब्रह्म कर्तृत्व का प्रतिपादन ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विषय पृष्ठ

तृतीय अध्याय [साधनाध्याय]

प्रथम पाद [जीवात्मा की शरीर त्यागोपरांत की दशा पर विचार]

अधिकरण १—[सू० ३।१।१ से ३।१।७ तक] शरीर त्याग के बाद सूक्ष्म भूतों से युक्त जीवात्मा का निरूपण । ... १०६

अधिकरण २—[सू० ३।१।८ से ३।१।११ तक] जीवात्मा के पुनर्जन्म पर विचार । ... ११२

अधिकरण ३—[सू० ३।१।१२ से ३।१।२१ तक] पापात्माओं की मरणोत्तर गति कथन । ... ११३

अधिकरण ४—[सू० ३।१।२२] दिव्य लोकों से लौटने वाले जीवात्मा का स्वरूप कथन । ... ११६

अधिकरण ५—[सू० ३।१।२३] अल्पकाल में लौटने का वर्णन । ... ११६

अधिकरण ६—[सू० ३।१।२४ से ३।१।२७ तक] अन्न वीर्य आदि में जीव के संसर्ग मात्र का निरूपण तथा जीव विज्ञान का विश्लेषण । ... ११७

द्वितीय पाद [जीव की स्वप्नादि दशाओं पर विचार-ब्रह्म कृतित्व प्रतिपादन ।

अधिकरण १—[सू० ३।२।१ से ३।२।६ तक] स्वप्न सृष्टि, के ब्रह्मकृतित्व का विश्लेषण । ... ११६

अधिकरण २—[सू० ३।२।७ और ३।२।८] सुषुप्ति में, ब्रह्म जीव के साहचर्य का प्रतिपादन । ... १२१

अधिकरण ३—[सू० ३।२।६] जीवात्मा की सुषुप्ति दशा पर विचार । ... १२२

अधिकरण ४—[सू० ३।२।१०] मुग्धावस्था का विश्लेषण । ... १२२

अधिकरण ५—[सू० ३।२।११ से ३।२।२१] परमात्मा के

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विषय	पृष्ठ
अभोक्तृत्व और जीवात्मा के भोक्तृत्व का विश्लेषण-जीव, ब्रह्म का साहचर्य और भेदाभेद संबंध का प्रतिपादन। ...	१२३
अधिकरण ६—[सू० ३।२।२२ से ३।२।३० तक] अव्यक्त परमात्मा के, भक्ति योग द्वारा साक्षात्कार का उपपादन—भक्ति योग से प्राप्त क्रम मुक्ति का विचार-परमात्मा के व्यक्त अव्यक्त स्वरूप का भेदाभेद कथन-ब्रह्म और जीव का भेदाभेद सम्बन्ध प्रतिपादन। ...	१२६
अधिकरण ७—[सू० ३।२।३१ से ३।२।३७ तक] ब्रह्म के परात्परत्व का प्रतिपादन। ...	१३०
अधिकरण ८—[सू० ३।२।३८ से ३।२।४१ तक] ब्रह्म के सर्वफल प्रदत्व का अनुमोदन। ...	१३३
तृतीय पाद [वेदांत वाक्यों में कथित ब्रह्म विद्याओं में भेदाभेद सम्बन्ध कथन]	
अधिकरण १—[सू० ३।३।१ से ३।३।५ तक] समान विद्याओं के अभेद तथा उपास्यैक्य कथन। ...	१३५
अधिकरण २—[सू० ३।३।६ से ३।३।९ तक] प्रकरण भेद से विद्याभेद का, विश्लेषण। ...	१३६
अधिकरण ३—[सू० ३।३।१०] गुणोपसंहार भाव से प्राण विद्या में उपास्यैक्य का प्रतिपादन। ...	१३९
अधिकरण ४—[सू० ३।३।११ से ३।३।१७ तक] ब्रह्म के गुणों का सर्व विद्याओं में उपसंहार कथन। ...	१४०
अधिकरण ५—[सू० ३।३।१८] प्राण विद्या के स्वरूप पर विचार। ...	१४५
अधिकरण ६—[सू० ३।३।१९] विभिन्न स्थानीय शांडिल्य विद्या के एकत्व का प्रतिपादन। ...	१४५
अधिकरण ७—[सू० ३।३।२० से ३।३।२२ तक] आदित्य ब्रह्म और दहर ब्रह्म की अधिदैवत और अध्यात्म उपासना की भिन्नता तथा उपास्यैक्य की अभिन्नता का उपपादन। ...	१४६

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विषय	पृष्ठ
अधिकरण ८—[सू० ३।३।२३] परमात्मा के संभृत्यादि गुणों का विद्याओं में उपसंहार का विवेचन। ...	१४७
अधिकरण ९—[सू० ३।३।२४] पुरुष विद्या की विभिन्नता का का प्रतिपादन। ...	१४७
अधिकरण १०—[सू० ३।३।२५] वेधादि अर्थ मंत्री का, उपासनाओं में उपसंहार का विरोध। ...	१४८
अधिकरण ११—[सू० ३।३।२६] मुक्त जीवात्मा के पूर्वापर पुण्य पापों पर विचार। ...	१४८
अधिकरण १२—[सू० ३।३।२७ से ३।३।३० तक] देह विच्छेद पर सद्यः मुक्ति का उपपादन। ...	१४९
अधिकरण १३—[सू० ३।३।३१] ब्रह्मोपासकों की अचिरादि गति का प्रतिपादन। ...	१५२
अधिकरण १४—[सू० ३।३।३२] ब्रह्मोपासक की स्वाधिकार भोग निवृत्ति तक निर्मुक्ति कथन। ...	१५२
अधिकरण १५—[सू० ३।३।३३ और ३।३।३४] आनंदादि गुणों के समान अस्थूलस्व आदि ब्रह्म के अपूर्व गुणों के ध्येयत्व का प्रतिपादन। ...	१५२
अधिकरण १६—[सू० ३।३।३५ से ३।३।३७ तक] उषस्त और कहोल के अंतस्थ आत्मविषयक प्रश्न के परमात्मत्व का विश्लेषण। ...	१५३
अधिकरण १७—[सू० ३।३।३८ से ३।३।४० तक] विभिन्न स्थानीय दहर विद्या के कामादिगुणों के उपसंहार का प्रतिपादन। ...	१५६
अधिकरण १८—[सू० ३।३।४१] उद्गीथ आदि विद्याओं की उपासना में कर्म के नियम का अभाव कथन। ब्रह्म विद्या का महत्व प्रतिपादन। ...	१५७
अधिकरण १९—[सू० ३।३।४२ तक] अपहत पाप्मत्व आदि परमात्मगुणों के चिंतन का समाधान। ...	१५८

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विषय पृष्ठ

अधिकरण २०—[सू० ३।३।४३ से ३।३।५० तक] आग्निचिद् आदि अग्नियों का विद्यांग रूप से विश्लेषण-यज्ञादि कर्म से विद्या की श्रेष्ठता का उपपादन। ... १५८

अधिकरण २१—[सू० ३।३।५१ और ३।३।५२] उपासक के स्वरूपानुसंधान का विचार। ... १६२

अधिकरण २२—[सू० ३।३।५३ और ३।३।५४] विभिन्न स्थानीय उद्गीथ उपासना ऐक्य प्रतिपादन। ... १६२

अधिकरण २३—[सू० ३।३।५५] वैश्वानर विद्या की समष्टि उपासना का अनुमोदन। ... १६३

अधिकरण २४—[सू० ३।३।५६] शांडिल्य, भूमा उपकोशल, दहर आदि विद्याओं की उपासनाओं में प्रकार भेद का प्रतिपादन,-उपास्य अभेद कथन-भेदाभेद संबंध निरूपण। ... १६३

अधिकरण २५—[सू० ३।३।५७ और ३।३।५८] उपास्य अभेद होने से फलैक्य प्रतिपादन। ... १६३

अधिकरण २६—[सू० ३।३।५९ से ३।३।६४ तक] यज्ञादि कर्मों की आश्रित ब्रह्म विद्या की विशेषता का प्रतिपादन प्रसंग से प्रणव माहात्म्य वर्णन। ... १६४

चतुर्थ पाद [उपासना तत्त्व का निरूपण]

अधिकरण १—[सू० ३।४।१ से ३।४।२० तक] यज्ञादि कर्मों से ब्रह्म विद्या की उपासना की श्रेष्ठता का प्रतिपादन [जैमिनि और बादरायण के मतों का तुलनात्मक विवेचन] वर्णाश्रमधर्म के पालन का निरूपण। गृहस्थाश्रम के महत्व का प्रतिपादन। ... १६६

अनासक्त कर्मात्मिका भक्ति योग साधना का महत्व प्रतिपादन।

अधिकरण २—[सू० ३।४।२१ और ३।४।२२] उद्गीथ आदि विद्योपासना का महत्व कथन ... १७२

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विषय		पृष्ठ
अधिकरण ३—[सू० ३।४।२३ और ३।४।२४] वेदांत के उपाख्यानों की विधित्व का प्रतिपादन	...	१७४
अधिकरण ४—[सू० ३।४।२५] ऊर्ध्व रेतस (ब्रह्मचर्य, वाण-प्रस्थ, संन्यास) आश्रमों की केवल भक्तियोग के साधना द्वारा ही मुक्ति का अनुमोदन	...	१७४
अधिकरण ५—[सू० ३।४।२६] ग्रहस्थाश्रम के आचारों की विशेषता का प्रतिपादन	...	१७५
अधिकरण ६—[सू० ३।४।२७] शम, दम आदि विद्यांग अंतरंग साधनों का महत्व कथन	...	१७५
अधिकरण ७—[सू० ३।४।२८ से ३।४।३१ तक] उपासना के सहकारी आचार धर्म का अनुमोदन—अहारशुद्धि का विशेष महत्व उपपादन	...	१७६
अधिकरण ८—[सू० ३।४।३२ से ३।४।३५ तक] ग्रहस्थाश्रम के विहित कर्मों के कर्त्तव्य का महत्व प्रतिपादन	...	१७७
अधिकरण ९—[सू० ३।४।३६ से ३।४।३९ तक] आश्रम धर्म के सहकारित्व में उपासना के अवश्यीकरण का उपपादन—जप साधन के महत्व और विशेषता का कथन—जप का उपासना के प्रधान अंग रूप से स्वीकरण	...	१७९
अधिकरण १०—[सू० ३।४।४० से ३।४।४३ तक] आश्रम धर्म से पतितों को ब्रह्म विद्या उपासना का अनधिकार कथन—उनका शिष्टाचार से विभिन्नता होने से त्याज्य कथन	...	१८०
अधिकरण ११—[सू० ३।४।४४ और ३।४।४५] अनुष्ठान विषयक आत्रेय और औडुलोमि के मतों का अनुमोदन	...	१८२
अधिकरण १२—[सू० ३।४।४६ से ३।४।४८ तक] उपासना के सहकारी वाल्यभाव, पाँड़ित्य भाव और मौन साधन की महत्ता का उपपादन	...	१८२
अधिकरण १३—[सू० ३।४।४९] बाल्य भाव और पाँडित्य भाव का विश्लेषण	...	१८४

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विषय | पृष्ठ

अधिकरण १४—[सू० ३।४।५०] ब्रह्म विद्या प्राप्ति विषय का चिंतन ... १८५

अधिकरण १५—[सू० ३।४।५१] मुक्ति तत्व पर विचार ... १८५

चतुर्थ अध्याय [फलाध्याय]

प्रथम पाद [उपासना विधि और उपासना फल निर्देश]

अधिकरण १—[सू० ४।१।१ और ४।१।२] श्रवण, मनन, निदिध्यासन आदि विधियों के निरंतर अभ्यास का आदेश। ... १८६

अधिकरण २—[सू० ४।१।३] परमात्मा के आत्मानुसंधान और ध्येयत्व कथन। ... १८६

अधिकरण ३—[सू० ४।१।४ और ४।१।५] मन आदि की प्रतीक उपासना का उपदेश। ... १८७

अधिकरण ४—[सू० ४।१।६] आदित्य आदि प्रतीकों की उद्गीथ आदि रूप से उपासना का प्रतिपादन। ... १८७

अधिकरण ५—[सू० ४।१।७ से ४।१।११ तक] उपासना में आसन महत्व का निर्देश। ... १८७

अधिकरण ६—[सू० ४।१।१२] जीवन पर्यन्त अनुक्षण उपासना करने का आदेश। ... १८८

अधिकरण ७—[सू० ४।१।१३]उपासना द्वारा क्रम मुक्ति का उपपादन। ... १८९

अधिकरण ८—[सू० ४।१।१४] उपासना के प्रभाव से जन्य क्रम मुक्ति का विश्लेषण। ... १८९

अधिकरण ९—[सू० ४।१।१५] उपासना द्वारा संचित कर्मों की मुक्ति का उपपादन। ... १८९

अधिकरण १०—[सू० ४।१।१६ से १।१।१८ तक] अग्निहोत्रादि नित्य कर्मों का उपासना के सहयोगी रूप से अनुष्ठान का प्रतिपादन। ... १९०

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विषय पृष्ठ

अधिकरण ११—[सू० ४।१।१९] प्रारब्ध कर्म से भोगोपरांत, शरीरांत होने पर मुक्ति कथन। ... १९१

द्वितीय पाद [उपासक की मरणोत्तर गति का विश्लेषण]

अधिकरण १—[सू० ४।२।१ और ४।२।२] मरणोत्तर इंद्रियां सूक्ष्मांश से मन से संलग्न हो जाती हैं इसका प्रतिपादन। ... १९२

अधिकरण २—[सू० ४।२।३] मन इंद्रियों सहित प्राण में संलग्न होता है—प्रतिपादन। ... १९२

अधिकरण ३—[सू० ४।२।४] प्राण आदि का जीवात्मा से संलग्न होने का प्रतिपादन। ... १९३

अधिकरण ४—[सू० ४।२।५ और ५।२।६] सूक्ष्मांशों से युक्त-जीव का भूतों से संलग्न होने का प्रतिपादन। ... १९३

अधिकरण ५—[सू० ४।२।७ से ४।२।१३ तक] उपासक एवं सकाम कर्मयोगी दोनों का समान रूप से अर्चिरादि मार्ग से जाने का वर्णन। ... १९४

अधिकरण ६—[सू० ४।२।१४] उपासक का परमधाम में परमात्मा के साहचर्य का वर्णन। ... १९६

अधिकरण ७—[सू० ४।२।१५] उपासक की परमधाम में सूक्ष्म शरीर मुक्ति और कारण शरीर से परमात्मा भाव की प्राप्ति का सम्मोदन। ... १९७

अधिकरण ८—[सू० ४।२।१६] उपासक की सुषुम्ना मार्ग से ऊर्ध्व गति कथन। ... १९८

अधिकरण ९—[सू० ४।२।१७] सूर्य रश्मियों के आश्रय से उपासक की ऊर्ध्व गति कथन। ... १९८

अधिकरण १०—[सू० ४।२।१८] रात्रि में भी शरीर त्यागने पर उपासक की ऊर्ध्व गति कथन। ... १९८

अधिकरण ११—[सू० ४।२।१९ और ४।२।२०] दक्षिणायन में भी शरीर त्यागने पर उपासक के ब्रह्मभाव प्राप्ति का प्रतिपादन। ... १९९

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विषय | पृष्ठ

तृतीय पाद [अर्चिरादि मार्ग का वर्णन]

अधिकरण १—[सू० ४।३।१] उपासकों को प्राप्त अर्चिरादि मार्ग का विवेचन। ... २००

अधिकरण २—[सू० ४।३।२] अर्चिमार्ग के वायुलोक प्राप्ति का विशेष कथन। ... २००

अधिकरण ३—[सू० ४।३।३] अर्चिमार्ग के वरुणलोक प्राप्ति का विशेष कथन। ... २०१

अधिकरण ४—[सू० ४।३।४ और ४।३।५] अर्चिमार्ग के अतिवाहक दूतों का वर्णन। ... २०१

अधिकरण ५—[सू० ४।३।६ से ४।३।१५ तक] सकाम कर्म योगियों की कार्य ब्रह्म लोक की प्राप्ति तथा भक्तों की कारण ब्रह्म परंपुरुष लोक की प्राप्ति का विवेचन। ... २०२

चतुर्थ पाद [मुक्ति स्वरूप कथन]

अधिकरण १—[सू० ४।४।१ से ४।४।३ तक] मुक्तात्मा की स्वरूप प्राप्ति का विवेचन। ... २०६

अधिकरण २—[सू० ४।४।४] मुक्तात्मा की, परमात्मा से अभेदानुभूति का वर्णन। ... २०७

अधिकरण ३—[सू० ४।४।५ से ४।४।७ तक] जैमिनि, औडुलोमि और बादरायण के मुक्ति संबंधी विचारों का विश्लेषण। ... २०७

अधिकरण ४—[सू० ४।४।८] मुक्त जीवात्मा की संकल्प सिद्धि का वर्णन। ... २०८

अधिकरण ५—[सू० ४।४।६ से ४।४।१६ तक] बादरि, जैमिनि और बादरायण के मुक्तात्मा के स्वरूप संबन्धी विचारों का विश्लेषण। भाव दशा का विशेष विवेचन। ... २०९

अधिकरण ६—[सू० ४।४।१७ से ४।४।२२ तक] मुक्तात्मा के दिव्य ऐश्वर्य प्राप्ति का विवेचन तथा मुक्ति स्वरूप कथन। ... २१२

[सालोक्य, सारूप्य, सामीप्य और सार्ष्टि मुक्ति चतुष्टय का प्रतिपादन]

उपसंहार ... २१६

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विषय		पृष्ठ
	वेदान्त कामधेनु	
	वेदांत कामधेनु की व्याख्या	... २२१
(१)	उपास्य तत्व	... २२३
	[श्री राधा स्वरूप वर्णन]	
	[श्री कृष्ण स्वरूप वर्णन]	... २३०
(२)	उपासक तत्व	... २३०
	[जीव स्वरूप वर्णन]	
(३)	कृपाफल	... २३८
	[ब्रह्म विद्या विवेचन]	
	मंत्र रहस्य षोडसी	... २३६
(४)	भक्तिरस	... २६७
(५)	अचेतन माया	... २६८
(६)	ज्ञेय	...२७२–२७६

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS



अनन्त श्री आदि जगद्गुरु भगवान श्री निंबार्काचार्य महामुनींद्र

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

प्राक्कथन

यो राधावर पाद पद्म युगल ध्यानानुषक्तो मुनिः,
भक्तिर्ज्ञान विराग योग किरणैः मोहांधकारांत कृत् ।
लोकानां मत एव निम्बघटितं चादित्यनामानुगं,
निम्बादित्य गुरुं तमेव मनसा बंदे गिरा कर्मणा ॥[1]

भगवान श्री निंबार्काचार्य चरण के कल्याणमय उपदेशों को लोक में प्रस्तुत करते हुए अत्यानंद प्रतीति हो रही है । तत्त्व पिपासु इन रहस्यमय उपदेशों को सोत्कंठ पान कर आत्मसात करें और उनके उपदिष्ट मार्ग का अनुसरण कर अपने को कृतार्थ करें एवं तृप्त हों यही प्रस्तुत प्रबन्ध का प्रयोजन है ।

सम्पूर्ण विश्व में चेतन और अचेतनात्मक दो ही प्रदार्थ हैं । अचेतन संबद्ध विचारशास्त्र को "विज्ञान" तथा चेतन संबद्ध पर्यवेक्षण को "दर्शन" कहा गया है ।

दुःख जिहासा और सुख लिप्सा प्राणिमात्र की एक स्वाभाविक प्रवृत्ति होती है अतः इस उद्देश्य की पूर्त्ति के लिये जो कुछ भी साधन साध्य हों उन्हें ही प्राप्त करने की चेष्टा होती है । मेधावी अन्वेषक भौतिक अचेतनात्मक पदार्थों का शोध कर नित्य नवीन शीघ्र सुलभ साधनों का आविष्कार करते हैं और उनसे ही उद्दश्य की पूर्ति करना चाहते हैं । मनीषी बोद्धा आध्यात्मिक चेतन तत्त्व का आलोक प्राप्त कर जीवन की साधना द्वारा ही उद्देश्य तक पहुँचते हैं । इस प्रकार दर्शन और विज्ञान दोनों का साध्य एक है, दोनों ही उद्दश्य पूर्ति के लिए प्रायः समान उपक्रम करते हैं । परंतु दोनों की साधना एक दम भिन्न है । दर्शन आंतरिक ज्ञान शक्ति के आधार पर तथ्यों तक पहुँचने का

---

१. युगल विग्रह श्री राधिका कृष्ण के चरण कमलों के ध्यान में सदा अनुषक्त, भक्ति, ज्ञान, वैराग्य संवलित भागवत दीप की ज्योतिष्मती किरणों से मोहांधकार को दूर करने वाले, विश्व के सारे मत मतांतर जिनको उपासना मार्ग का अनुगमन करते हैं ऐसे महामुनि जगदगुरु भगवान श्री निंबार्कआचार्य के चरण कमलों में मनसा, वाचा, कर्मणा नमन है ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

प्रयास करता है, विज्ञान प्रयोग शक्ति के आधार पर । अन्वेषक दोनों ही हैं । प्रयोगों से प्राप्त वैज्ञानिक सत्य की तरह, चिंतन से प्राप्त दार्शनिक सत्य स्थूल आकार में प्रत्यक्ष नहीं होता, परन्तु तत्त्व क्या है ? इसका समाधान दर्शन द्वारा हो जाता है । तथ्य ज्ञान के बाद साधना द्वारा आत्मा का उत्थान करना ही दर्शन का लक्ष्य है । विज्ञान में केवल तथ्यों का अन्वेषण करते जाना ही लक्ष्य है । दर्शन में तथ्यों का अन्वेषण कर जीवन को सुखमय बनाने का प्रयास भी होता है । मानव प्रकृति वाह्यवृत्ति प्रधान होती है, इसलिए सामान्यतः लोगों का झुकाव विज्ञान की ओर होता है । जीवन में उपयोगिता की दृष्टि से दर्शन और विज्ञान दोनों का स्वतन्त्र महत्व है । दोनों ही स्वतन्त्र मार्ग हैं ।

प्रायः दर्शनों के प्रति आक्षेप किया जाता है कि दार्शनिक सिद्धांत दृष्टिगोचर नहीं होते, समझ में नहीं आते । परंतु दोषारोषण करने वाले यह भूल जाते हैं कि दर्शन के चरम सिद्धांत दृष्टिगोचर हो भी नहीं सकते । जो "अवाङ्मनसगोचर" हैं उन्हें बुद्धि से समझा भी कैसे जा सकता है । दार्शनिक तथ्य तो स्वयं प्रकाश हैं । जिनके लिए स्वाच्छातिस्वच्छ "तल" अपेक्षित है । वह "तल" अंतःकरण ही है । अंतःकरण की शुद्धि होने पर ही स्वयं प्रकाश तत्त्व के प्रकाश की आशा की जा सकती है । इसीलिए दार्शनिक तत्त्व को स्वानुभवजन्य कहते हैं । अंतः शुद्धि के लिए साधना और श्रम अपेक्षित है । तथ्य की महत्ता तो स्वतः श्रम से ही जानी जा सकती है, श्रम ही सुबोध उपाय है । विज्ञान के जो तथ्य आविभूत हुए हैं, या हो रहे हैं, उनके लिए साहस, साधना और अनुसंधान की परम आवश्यकता सिद्ध है । दृष्टिगोचर वैज्ञानिक तत्त्वों को एक बुद्धिमान अन्वेषण करता है तो अनेक जन उससे लाभ उठाते हैं । परंतु दार्शनिक तत्त्वों के षिषय में ऐसा नहीं है कि एक आदमी की साधना और अंतःज्ञान जन-समाज के लिए उपकारी हो । इसमें तो एक व्यक्ति की साधना और ज्ञान के फलस्वरूप सिद्धांत जो अनेक व्यक्तियों के समक्ष होता है उसे स्वतः हर एक को साधना ओर अनुष्ठान द्वारा संपादित करना पड़ेगा तभी वह स्वानुभवजन्य हो सकता है । वैज्ञानिक तत्त्वों के विषय में तो ऐसा है कि प्रयोगकर्त्ता अन्वेषक की बातों और सिद्धान्तों पर विश्वास करके उसे स्वीकार कर लिया जाता है । यदि कहीं संशय होता भी है तो अन्वेष्टा के प्रदर्शित मार्ग के अनुसरण से स्वयं प्रयोग करके उसे जाना जा सकता है । यथार्थ में वैज्ञानिक और दार्शनिक के अनुसंधान आयास में कोई बहुत बड़ा अंतर नहीं है, परिश्रम भी दोनों का लगभग बराबर ही है । मुख्य भेद इतना ही है कि वैज्ञानिक अनुसंधान में "अर्थबल" की अपेक्षा

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

होती है, तो दार्शनिक अनुसंधान में "आत्मबल" की। दर्शन का विकाश आत्मवाद के रूप में निखरा। मनीषी दार्शनिकों ने अंत:करण में ही तथ्य की प्राप्ति की और चिर सुख शांति का मार्ग प्रशस्त कर समाज के समक्ष उपस्थित किया। विज्ञान का विकाश आधिभौतिक रूप से हुआ, जिससे कि मानव ने दुर्लभ भौतिक सामर्थ्य प्राप्त की। आज का समाज दिनानुदिन वैज्ञानिकों के आश्चर्यजनक अनुसंधानों से वैभव और विलास के साधनों को प्राप्त कर रहा है तथा सामर्थ्य को प्राप्त कर अपनी सत्ता को सर्वोपरि स्थापित करने के लिये चेष्टा कर रहा है। आज प्राय: बेकन को लोग आधुनिक विज्ञान शास्त्र का जनक मानते हैं। उसने वैज्ञानिक परिभाषायें निश्चित की हैं। प्रत्यक्ष प्रधान होने से विज्ञान की उन अभिनव परिभाषाओं पर लोगों की दृष्टि गई और लोग विज्ञान की ओर आकृष्ट हुए। लोगों ने समझा कि अब दर्शन का युग गया, विज्ञान का प्रत्यक्ष युग आया है अत: लोग वैज्ञानिक होने में गौरव का अनुभव करने लगे। वैज्ञानिकों ने आत्मतत्त्व पर भी भौतिक दृष्टि से विचार किया है अतएव लोगों को दर्शनशास्त्र के अपरोक्ष तत्त्वों को जानने की कोई अभिरुचि नहीं रह गई है।

दु:ख की आत्यंतिकी निवृत्ति और चिर सुख शांति किस मार्ग से प्राप्त हो सकती है यह विचारणीय विषय है। वैज्ञानिक सामर्थ्यों से इस उद्देश्य की पूर्त्ति हो जाती है, ऐसा हम प्रत्यक्ष और परोक्ष दोनों अनुभवों से नहीं कह सकते। भौतिक साधनों के अभाव में मनुष्य आनंद और शांति से जीवन यापन कर सकता है पर आध्यात्मिक और नैतिक सामर्थ्य के बिना जीवन क्ष्टकर अशांतिमय हो जाता है। ऐसा आज भी सूक्ष्म पर्यवेक्षण के द्वारा भली-भाँति समझा जा सकता है। कोई जन समाज या राष्ट्र बिना आध्यात्मिक शक्ति के स्थिर नहीं रह सकता। आत्मोत्थान ही सफलता का मार्ग है, विज्ञान तो जीवन का गौण सहकारी साधन मात्र है।

वस्तु तत्व का यथार्थ निर्णय करने वाला विचार दर्शन कहलाता है "दृश्यते वस्तु याथात्म्यं अनेन इति दर्शनम्।" आत्मा और परमात्मा जगत माया आदि का ज्ञान दर्शनशास्त्र से होता है। किसी भी मत, धर्म, संप्रदाय का का स्थायी आधार उसका दर्शन ही होता है।

दर्शनों की विविध प्रवृत्तियाँ हैं। न्याय, वैशेषिक और सांख्य ये तीनों प्रवृत्ति प्रधान दर्शन हैं, तो योग बौद्ध और जैन दर्शन निवृत्ति प्रधान हैं। मीमांसा दर्शन प्रवृत्ति परक है तो चार्वाक दर्शन पूर्ण प्रवृत्ति परक। वेदांत दर्शन उभय-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विध है । सभी दर्शनों ने विज्ञान की सहकारिता भी किसी न किसी रूप में स्वीकार की है । प्राय: सभी ने "ज्ञान क्रियाभ्यां मोक्ष:" इस सिद्धांत को माना है । वेदांत दर्शन में ज्ञान और विज्ञान के साथ ब्रह्म के अस्तित्व की एक विशेषता है।[1] भगवान श्री निंबार्काचार्य जी ने ज्ञान विज्ञान दोनों का अस्तित्व भी ब्रह्म में ही माना है तथा उन्हें ब्रह्म का अंश मानकर यथार्थ कहा है।[2] स्वामी शंकराचार्य जी ने चेतन पदार्थ को ब्रह्म तथा अचेतन पदार्थ (विज्ञान) को माया कहकर मिथ्या कहा है। इस प्रकार स्वामी शंकराचार्य जी ने विज्ञान को तिरस्कृत पदार्थ माना है । स्वामी निंबार्काचार्य जी ने विज्ञान को ब्रह्म का अंश मानकर जीवन में विज्ञान की उपयोगिता स्वीकार की है । श्री निंबार्क जी ने जीवन में संयम, साधना और संलग्नता को बड़ा महत्व दिया है । संयमित और उपकारी विज्ञान को वे जीवन में उपयोगी मानते हैं । ज्ञान और विज्ञान की कल्याणकारी साधना में वे ब्रह्म का अस्तित्व मानते हैं । भक्ति दर्शन का जो सिद्धांत आचार्य जी ने जगत के समक्ष उपस्थित किया है, वह स्वत: साधना और अनुष्ठान का विषय है । निरंतर साधना और संयम से ही चिरशांति और सुख प्राप्त हो सकता है । विज्ञान में ब्रह्म का अस्त्वि न मानने पर ही विनाश लीला होती है । जब चेतन और अचेतन दोनों ही पदार्थ ब्रह्मात्मक हैं ऐसी धारणा कर ली जावेगी तब चेतन जीव द्वारा की गई अचेतन पदार्थ की साधना विनाशकारी हो ही नहीं सकती । ब्रह्मात्मकत्व स्वीकार कर लेने पर विज्ञान का साधक कृपा और दीनता (दयालुता) से आर्द्रचित्त होकर विज्ञान द्वारा विश्व कल्याण का ही संपादन करेगा । आचार्य जी, जीवन को ब्रह्ममय बनाने की सलाह देते हैं और इस सकाश से जीवन की कटुता, द्वेष आदि दुर्भावनाओं को त्याग कर सौमनस्य, दयालुता आदि के संग्रह को जीवन की सार्थकता मानते हैं । इसके लिए उन्होंने भक्ति योग की प्रेममयी साधना स्वीकार की है । महात्मा बुद्ध के समान वे कर्मठ जीवन पथ को त्याग कर जंगल में जाकर एकांत साधना की सलाह नहीं देते । उनके मत में तो जीवन में प्रेममयी साधना द्वारा ब्रह्मात्मक जगत की सेवा और सौहार्द्र ही उपयुक्त साधना है । आज के विश्वव्यापी कटु वातावरण में जो दौर्मनस्य व्याप्त है, उसे जंगल का मार्ग दिखलाने से नहीं छुड़ाया जा सकता और न केवल वेदांत के आदर्श उपदेशों से ही बदला जा

---

१. "ज्ञान विज्ञानमास्तिक्यं ब्रह्म कर्म स्वभावजम्" । गीता १८।४२।।
२. "सर्वं हि विज्ञानमतोयथार्थकम् ।" दशश्लोकी

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सकता है। इस दौर्मनस्य को सौमनस्य में परिवर्त्तित करने के लिए भक्तियोग की प्रेममयी समत्व योग की साधना ही समर्थ है। श्री निंबार्काचार्य जी के इस प्रेम के सिद्धांत में जगत का हित निहित है। यही जगत का व्यावहारिक सिद्धांत है।

यूनानी "फिलासफ" शब्द ज्ञान और प्रेम दोनों अर्थों में प्रयोग किया जाता है। श्री निंबार्काचार्य जी का सिद्धांत इन दोनों अर्थों का द्योतन करता है।

वर्त्तमान त्रस्त विश्व भगवान श्री निंबार्काचार्य जी के प्रेम मय सिद्धांत को आत्मसात करे ऐसी ही इस ग्रंथ की प्रस्तावना के साथ कामना है। आचार्य चरण की उपदिष्ट साधना को पूर्णतया आत्मसात न करने के कारण प्रस्तोता द्वारा किये गये सिद्धांत संपादन में गंभीरतम त्रुटियाँ भी रही जावेंगी। इसे क्षमा तो आचार्य चरण ही करेंगे जिन्होंने इस कार्य के लिए दुस्साहस और प्रेरणा प्रदान की है। अपूर्ण जीवन में पूर्ण सिद्ध सन्तों के अनुभूत सिद्धांतों को पूर्णतया समझने या समझाने की क्षमता हो भी नहीं सकती, अतः अपूर्ण जीवों द्वारा त्रुटियों का अन्वेषण और आलोचना भी होगी ही, यह अपूर्ण जीवन की स्वभाव सुलभ बात है। प्रस्तोता का तो विनम्र अनुरोध है कि प्रस्तुत प्रबंध में छिद्रान्वेषण करने के बजाय आचार्य चरण के उपदेशों को जीवन की साधना में उतारने की चेष्टा की जावे तो अधिक कल्याण और हित होगा।

—लेखक

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

निंबार्क वेदांत

[पूर्वार्ध]

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विषय-प्रवेश

भारतवर्ष सदा से तपस्या एवं अध्यात्मचिंतन की पवित्र भूमि रही है। अध्यात्मज्ञान का अभ्यास, दर्शन और भावना का क्रम इस देश में सृष्टि के आदि से ही अक्षुण्ण रूप से प्रवाहित हो रहा है। आध्यात्मिक आदर्शवाद की अभिव्यक्ति भारतीय जीवन में एक रस है। अन्य देशों में सामान्यतः संस्कृति का मूलमंत्र भौतिक राष्ट्रीयता ही रहा है, परंतु भारतीय राष्ट्रभावना के मूल में आध्यात्मिकभाव ही विकसित है।

अध्यात्म रहस्य के प्रकाशक वेद भारत की वह चिंतामणि है, जिसमें विश्व का संपूर्ण ज्ञान निहित है। भारत में इस वेद का आविर्भाव और तिरोभाव सदा होता रहता है। सृष्टि की प्रारंभिक दशा में महर्षियों के अंतःकरण में वेदों का तथ्य सुनाई देता है (जैसे कि रेडियोयंत्र द्वारा दूरस्थ शब्द सुनाई देते हैं) तपः पूत महर्षियों का स्वच्छतम अंतःकरण ही शक्तिशाली रेडियोयंत्र है, जिसमें अखंडनाद का प्रकाश होता है। जिन महापुरुषों के अंतःकरण में वेद आविर्भूत होते हैं, वे ही मंत्रद्रष्टा महर्षि हैं। वस्तु का तत्वतः नाश नहीं होता, अपितु उसका रूपांतरमात्र होता है। यह आज के वैज्ञानिकों ने अपना मत स्थिर किया है। वेदों ने इस सिद्धांत को सहस्रों वर्ष पूर्व ही निश्चित कर दिया था, उसमें वस्तु का आविर्भाव और तिरोभाव मात्र ही माना है नाश नहीं। वैदिक ऋषि प्राकृतिक वस्तुओं का भी नाश नहीं मानते, जैसा कि "सूर्याश्चंद्रमसौधातां यथा पूर्वमकल्पयत्"[1] से स्पष्ट है। उनके मत में संसार का आविर्भाव और तिरोभाव परमात्मा की इच्छाशक्ति (Power) के आधार पर सदा होता रहता है। इसी प्रकार ज्ञान का प्रादुर्भाव भी परमात्मा की इच्छाशक्ति से ऋषियों के पवित्र अंतःकरण में अंतर्ज्ञान (Intuition) के रूप में हो जाता है, वही वेद है। ज्ञान का पूर्ण प्रकाश, वेदों के शिरस्थानीय उपनिषदों में हुआ है। विश्व के समस्त मानव समाज को नव चेतना देकर आत्यंतिक शांति प्रदान करने वाले, उपनिषदों के श्रेयस्कर सिद्धांत ही हैं। वेदों के शिरस्थानीय होने से इन्हें

---

१. सूर्य, चंद्र आदि जैसे प्रथम थे, वैसे ही उनकी पुनः कल्पना हुई।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

आम्नाय मस्तक भी कहते हैं। उपनिषद्, वेदों के चरम तथ्य सिद्धांत, उपासना या आत्मशुद्धि का प्रकाश करते हैं।[१] वेदों में ज्ञानकांड, कर्मकांड और उपासना-काण्ड रूप से तीन कांड हैं। मानव की ज्ञानशक्ति और क्रियाशक्ति का विनियोग ही ज्ञानकांड का विषय है। ज्ञानशक्ति और क्रियाशक्ति का संतुलित रूप ही उपासनाकाण्ड है। उपासना का रहस्य ही उपनिषदों का विषय है। "उपनिषद्यते प्राप्यते ब्रह्मात्मभावोऽनया इत्युपनिषद्।"[२] इस अर्थ के अनुसार अध्यात्मतत्त्व की प्राप्ति ही उपनिषद् है, ऐसा निश्चित होता है। इसी को ब्रह्मज्ञान, आत्मज्ञान, तत्त्वज्ञान आदि कहा गया है, इसलिये उपनिषद् ब्रह्म विद्या है, जिससे समत्वदर्शन होता है। अज्ञान की ग्रंथियों का भेदन होकर, समस्त संशयों का विघात हो जाता है, तथा कर्मों की चंचलता संयत होकर चित्त का समाधान हो जाता है। यही अत्यंत सुख की कुंजी है। इसी को प्राप्त करने की चेष्टा की है, वह उनका स्वतंत्र दर्शन का सिद्धांत हो गया।

मंत्र और ब्राह्मण दो मिलकर वेद कहलाये[३] मंत्रभाग, संहिताभाग है जोकि पद्यात्मक है। ब्राह्मण भाग गद्यात्मक है, इसमें अधिकांश कर्मकाण्ड का विवेचन है। वेद का अंतिम भाग आरण्यक है। अरण्य (जंगलों) में बैठकर विश्व की पहेली सुलझाई गई उसका निष्कर्ष ही, इन आरण्यकों में वर्णन किया गया है। आरण्यकों का अंतिम भाग उपनिषद् हैं। आरण्यक ज्ञानकांड है तथा उपनिषद् उपासनाकांड। श्रद्धापूर्वक गुरु के समीप में बैठकर ब्रह्मतत्त्व को प्राप्त कराने वाली विद्या का व्याख्यान उपदिषदों में किया गया है।[४] उपनिषद् सरल, सुबोध,

---

१. "षद्लृ विशरण गत्यवसादनेषु" धातु के प्रथम उप और नि उपसर्ग लगाने से उपनिषद् शब्द बनता है, जिसका तात्पर्य होता है, कर्मों की आसक्तिरूप वासना का नाश होकर, ज्ञान के अहं का शिथिल होकर, आत्मशुद्धि होना। विशरण (नाश) अवसादन (शिथिलता) गति (प्राप्ति)।

२. जो ब्रह्मात्मभाव की प्राप्ति करावे वह उपनिषद् है।"

३. मंत्रब्राह्मणयोर्वेदनामधेयम्।

४. "तद्विज्ञानार्थं सद्गुरुमेवाभिगच्छेत्। समित् पाणिः श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठं। तस्मै स विद्वान् उपसन्नाय सम्यक् प्रशांत चित्ताय शमन्विताय। येनाक्षरं पुरुषं वेद सत्यं प्रोवाच तां तत्त्वतो ब्रह्म विद्याम्॥"

[आत्मतत्त्व को जानने के लिये, हाथ में समिधा लेकर, तत्त्ववेत्ता, ब्रह्मनिष्ठ गुरु की शरण में जावे। गुरु शरणापन्न शांत जितेंद्रिय उस शिष्य को ब्रह्म विद्या का विवेचन करे जिससे वह कृतार्थ हो जावें]

—मुंडकोपनिषद् १।२।१२॥

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

हृदयस्पर्शी एवं मार्मिक भाषा में गंभीरतत्व का विवेचन करते हैं। संपूर्ण दर्शनों की विचारधारा के मूल उत्स उपनिषद् ही हैं।

भारत के अंतः चेताओं ने जीवन-साधना के वे मार्ग प्रशस्त किये हैं, जो स्थाई निधि हैं। जो युगों से मानव हृदय को निर्मल बनाते आये हैं और बनाते रहेंगे। भारतीय इतिहास में जगद्विजयी सम्राटों का वह महत्व नहीं है, जो इन दर्शनवेत्ता तपोनिष्ठ महात्माओं का है। जिन्होंने दुःख निवृत्ति और सुख प्राप्ति का बहुजन हिताय की भावना में मार्ग अन्वेषण किया था। उनकी सदा से—

"सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यंतु मा कश्चिद् दुखः भाग्भवेत् ।।"

"सभी सुखी हों, सभी निरामय (रोग रहित) हों, सभी शुभ दर्शन करें, कोई भी दुःखी न हो। इस कल्याणमय सिद्धांत की भावना रही है। उन महर्षियों ने मानवीय अनुभवों के अज्ञात और गंभीर मार्ग का प्रदर्शन करने की सतत् चेष्टा की है। उन लोगों ने जीवन की गूढ़तम समस्याओं को अंतस्तल में अन्वेषण कर, समाधान रूप से जो परिणाम प्राप्त किये और जगत के समक्ष उपस्थित किए वे भौतिक तत्त्वों से अतीत हैं। मनीषियों की सूक्ष्म मेधा से देखे गये वे सिद्धांत ही दर्शन हैं।[१] जो रहस्य उन्होंने देखा, वह, उनके तप, दम और निष्कामकर्म के अनुष्ठान का उत्तम फल हैं।[२] इस प्रकार उनका प्रशस्त उपासना का मार्ग ज्ञानशक्ति और क्रियाशक्ति का समन्वित रूप था जिन्होंने केवल ज्ञान-शक्ति अथवा केवल क्रियाशक्ति के आधार पर अपने मार्ग को प्रकाशित करने की चेष्टा की है, वे उतने सफल नहीं हो पाये हैं। उपनिषद् ने दोनों के संयोग से अपने श्रेयस्कर मार्ग को प्रशस्त किया है। औपनिषदिक इस उभय-पक्षीय मार्ग का जिस दार्शनिक ने अनुगमन किया है, वही अति सफल हो पाया है। आत्मदर्शन, मनन, चिंतन और विश्लेषण ही दर्शन का विषय है। वेदों से लेकर आजतक, आत्मशोधन के यही साधन समीचीन और उपयुक्त रहे हैं। सभी भारतीय दर्शन, जीव की गंभीरता और पूर्णता के पक्षपाती रहे हैं। वे जीव को दयनीय दशा से उठाकर जीवन में ही उच्चतमकोटि में पहुँचाने का प्रयास करते रहे हैं, जिस कोटि में भौतिक बन्धनों का प्रतिबंध नहीं

---

१. "दृश्यते अनेन इति दर्शनम्"
२. "तस्यैतपोदमः कर्मेति प्रतिष्ठा" (केनोपनिषद् ४।८)

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

रहता, जिसमें आत्मसाम्य का साम्राज्य तथा मैत्री, करुणा, मुदिता और उपेक्षा की भावना रहती है। यही आत्मैकत्व का सिद्धांत और वास्तविक विश्वभ्रातृत्व है। वेदों का यही वास्तविक प्रतिपाद्य और चरमोत्कर्ष है। इसको धारण करना ही धर्म है। यही दर्शन और धर्म का सामंजस्य है। इसी को मनुजी ने अमृतत्त्व कहा है।[1]

संपूर्ण भारतीय दर्शन इस अमृतत्त्व, प्राप्ति के लिये सतत् चेष्टा और प्रयास करते रहे हैं, सभी का एकमात्र यही ध्येय है। इस अमृतत्व प्राप्ति में सब एक मत हैं, उनमें कोई विरोध नहीं है। अंतः साधना में भी करीब-करीब एक से ढंग से संलग्न होते हैं। फल प्राप्ति भी प्रायः सभी को समान रूप से हुई है। जो कुछ भी विभिन्नता दृष्टिगत होती है, वह विचारों की है। प्रत्येक के विचारने की और विषय को उपस्थित करने की शैली की विभिन्नता तो इस बात की पुष्टि करती है, कि यह भारत देश बुद्धिमानों और मनीषियों तथा अन्वेषकों का भंडार है। यहाँ अंधविश्वास भी विचारपूर्वक ही किया गया है। वाह्य दृष्टि से तो सदा अंध परन्तु अंतः से सदा जागरूक रहे हैं। इसीलिए इन मनीषी विचारकों ने संपूर्ण विश्व का सदा से नेतृत्व किया है।[2]

आत्मविचारकों की शृंखला में जब कभी भी उत्क्रमण होने लगता है, तभी कोई न कोई महापुरुष, सत्यवती (वेदमाता श्रुति) के गर्भ से परमात्म-तत्त्व का प्रकाश करता है। वही युग का प्रवर्त्तक आत्मवेत्ताओं का शासक शास्त्रों का विवेचक व्यास कहा जाता है।[3] संपूर्ण प्रचलित मत मतांतरों का समन्वय कर श्रुति मत से उसका सम्बन्ध स्थापन करना ही व्यास की विशेषता

---

१. सर्वेषामापि चैतेषां आत्मज्ञान परं स्मृतम्।
तदग्र्यं सर्व विद्यानां प्राप्यते ह्यमृतं ततः ॥ मनुस्मृति अ० १२ ॥

२. एतद्देश प्रसूतस्य सकाशादग्र जन्मनः,
स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्व मानवाः ॥ [मनुस्मृति २।२०]

३. कालेन मीलितधियामवमृश्य नृणांस्तोकायुषां स्वनिगमोवत दूरपारः।
आविर्हितस्त्वनुयुगं स हि सत्य वत्यां वेद द्रुमं विटपशो विभजिष्यतिस्म ॥
[जब समय के फेर से आयु एवं बुद्धि की क्षीणता होने लगती है, तब वेद तत्त्व का प्रकाश करने के लिए, सत्यवती के गर्भ से व्यास रूप में प्रकट होकर वेद रूपी वृक्ष की विभिन्न शाखाओं के रूप में प्रचलित मतों की स्थापना स्वयं परमात्मा ही करते हैं।] भागवत २।७।३६।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

होती है। भगवान बादरायण व्यास भी इसी कोटि के व्यास थे। उन्होंने स्वकालीन प्रचलित विचारों को श्रौत परंपरा से समन्वय कर, अविरुद्ध मार्ग को प्रशस्त किया तथा साधना का उचित मार्ग प्रदर्शन कर, परमात्म प्राप्ति रूपी फल को वितरण किया। ब्रह्मसूत्र में उनका यह प्रयास पूर्ण रूप से सफल हो पाया है। इसीलिए भारतीय वेदांत सम्प्रदाय का वह मुख्य आधारस्तंभ है।

ब्रह्मसूत्र के चार, समन्वय, अविरोध, साधन और फल आदि अध्यायों में प्रचलित विभिन्न बिखरे हुए विचारों को समेट कर वेद रूपी वृक्ष में ही पल्लवित किया गया है। सत्यवती सरस्वती श्रुति में विश्व का सम्पूर्ण ज्ञान निहित हैं। उसके अतिरिक्त कुछ भी नहीं है। सब कुछ उसी में व्याप्त है। सारे मत-मतांतर सत्यवती श्रुति के गर्भ में पोषित होकर महान् से महान हो जाते हैं।[1]

भगवान कृष्ण द्वैपायन वेद व्यास ने स्वयं सत्यवती के गर्भ से प्रकट होकर वेदों का जो विस्तार उपनिषदों के रूप में किया, वही वेदों का प्रतिपाद्य सिद्धांत, वेदों का तात्पर्य और वेदों का मंतव्य अभिप्राय है, अतएव वह वेदों का अंतिम उत्कृष्ट वेदांत है। भगवान बादरायण व्यास ने इसी वेदांत तत्त्व को युक्तिपूर्ण ढंग से ब्रह्मसूत्रों में गुंफन किया है। इसमें शरीर स्थित जीवावस्थापन्न परमात्मा के अंश का विवेचन किया गया है, अतएव यह शारीरक मीमांसाशास्त्र है। बादरायण ने इसी को गीता के अठारह अध्यायों में पुष्पित कर श्रीमद्भागवत में फलित किया है।

वेदांतविद् आचार्यों ने इन्हीं तीनों पर अपने सिद्धान्तों की स्थापना की है। ये वेदांतियों के श्रुतिप्रस्थान (उपनिषद्) स्मृतिप्रस्थान (गीता) और न्यायप्रस्थान (ब्रह्मसूत्र) हैं। सिद्धांतप्रस्थान (भागवत) भी वेदांतियों का उपजीव्य फलप्रस्थान है। इस प्रकार विवेचन करने पर ज्ञात होता है कि वेदों के सिद्धान्तों का समन्वय श्रुतिप्रस्थान, अविरोध (एकता)। न्यायप्रस्थान, साधना स्मृतिप्रस्थान तथा फल सिद्धांतप्रस्थान है।[2]

---

१. "सरस्वती श्रुती महती महीयताम्"

२. कृष्ण द्वैपायन पराशर मुनि के पुत्र भगवान श्री कृष्ण के समकालीन थे। वेदों को व्यास करने वाले हैं। बादरायण व्यास पुराणों, ब्रह्मसूत्र और गीता के प्रकाशक व्यास हैं। अगले प्रकरण में इसका सयुक्तिक विस्तृत विवेचन किया गया है। जैसे कि भगवान श्री कृष्ण और उनकी वाङ्मयी पुराण मूर्त्ति में ऐक्य प्रतिपादन किया गया है, वैसे ही कृष्ण द्वैपायन और बादरायण की एकता समझी जाती है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

जिन वेदांताचार्यों ने इन प्रस्थानों के अक्षर स्वारस्य से भाव प्रकाशन किया है, वह उनका वाक्यार्थ है और जिन्होंने क्लिष्ट कल्पना, अध्याहार और अर्थापत्ति से अर्थ प्रकाशन किया है वह भाष्य है। ब्रह्मसूत्र के अर्थ करने में तीन युक्तियाँ की गई हैं, शास्त्र संगति, अध्याय संगति और पाद संगति।

भगवान श्री निंबार्काचार्य जी ने ब्रह्मसूत्र का वाक्यार्थ ही प्रस्तुत किया है, जो कि "वेदांत पारिजात सौरभ" के नाम से प्रसिद्ध है। इस प्रस्तुत ग्रंथ के पूर्वार्ध में चार ही अध्याय हैं, जिनमें क्रमशः प्रागैतिहासिक गवेषणा से युक्त तथ्य का समन्वय, अविरोध, साधन और फल का विवेचन करने की चेष्टा की गई है। शास्त्र संगति का पूर्ण रूप से सहारा लिया गया है, युक्ति तो गौण है। उत्तरार्ध में श्री निंबार्काचार्य जी के वाक्यार्थ तथा दशश्लोकी का सटिप्पण अर्थ प्रस्तुत किया गया है। श्री निंबार्काचार्य जी ने अपने व्याख्यान में शास्त्र संगति की ही प्रधानता रक्खी है और युक्ति को सहायक गौण रूप से उपस्थित किया है। आचार्य जी की शास्त्र निष्ठा उनकी पूर्ण आस्तिकता का उदाहरण है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

प्रथम अध्याय

सिद्धांत समन्वय

सुबुद्ध मानव सदा से अनुक्षण, जागतिक व्यवहार में दुःखात्मक अनुभूति करता आ रहा है। उसे सदा यह विकल्प होता रहा है कि इस प्रपंचात्मक जगत का मुख्य कारण कौन है, हमारी उत्पत्ति का कारण कौन है, कैसे और किससे जी रहे हैं, किसमें स्थित हैं और किसके अधीनस्थ होकर सुख-और दुःख की निश्चित व्यवस्था में हम चल रहे हैं?[1] इसको सुलझाने के लिए जो प्रयास किया गया वही दर्शनशास्त्र का सिद्धांत है। मति वैचित्र्य तथा रुचि वैचित्र्य के कारण दृष्टिकोण की विभिन्नता भी स्वाभाविक सी बात है। अतः विचारकों ने विभिन्न दृष्टिकोणों से इसका हल खोजा, वही दर्शनशास्त्र के विभिन्न मत बन गये।

सांसारिक सुख भी दुःखात्मक ही प्रतीत होता रहा है, इसलिए वास्तविक सुख बाहुल्य की खोज सभी ने की, जिसमें दुःख और दुःख के कारणों का लेश भी नहीं है। वह सुख बाहुल्य उन्हें वाह्य जगत में न मिल सका, इसलिए उन्होंने अपने अंदर ही उसे खोजने की चेष्टा की और उन्हें उसमें सफलता मिली। यह आत्मदर्शन भी उनकी स्वतः एकांत साधना से ही हो सका, अतः सभी ने एकमत होकर यह स्वीकार किया कि आत्मविश्लेषण और आत्मशोधन में ही परम सुख है। वह सुख अवाङ्मनसगोचर है। श्रद्धा, विश्वास और साधना का ही विषय है।[2] इस संपूर्ण प्रप्रंचात्मक जगत में इस सुख को खोजकर नहीं पाया जा सकता। इसका स्थान तो मन ही है, इसलिये साधना द्वारा मन में

---

१. किं कारणं, कुतस्म जाताः, जीवामकेन, क्वच संप्रतिष्ठाः, अधिष्ठताः केन सुखेतरेषु वर्त्तामहे ? [श्वेतास्वतरोपनिषद् ।१।१]

२. यतो वाचो निवर्त्तन्ते, अप्राप्य मनसा सह

[तैत्तरीयोपनिषद् ब्रह्मां० ४ अनु०]

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

ही प्राप्त किया जा सकता है।[१] इस रहस्य को तपस्या द्वारा ही जाना गया और अपने अंतःकरण की गुहा में ही उसकी अनुभूति हुई।[२] इसलिये सभी ने यह निश्चित सिद्धांत स्थिर किया कि आंतरिक सुख की ही जिज्ञासा करनी चाहिये।[३] वह सुख महान् है, उसको पाकर फिर कुछ भी अज्ञेय, अश्रुत और अदृश्य नहीं रह जाता[४] वह सुख अमृत है। उसी को रसतम कहा गया, जिसमें डुबकी लगाकर परमानन्द प्राप्त होता है।[५] उस आनन्द से ही संपूर्ण जगत ओतप्रोत है, ऐसी अनुभूति होने लगना ही मुक्ति है। आंतरिक आनन्द को जगत में आरोपित कर देने से जगत की अनित्यता नहीं रह जाती। सारा जगत आनन्दमय ही प्रतीत होता है, उसकी दुखात्मकता समाप्त हो जाती है। एकत्व और समत्व का साम्राज्य हो जाता है, तो फिर दुःख से होने वाले शोक और मोह दूर हो जाते हैं।[६] सारा जगत आनन्द से पूर्ण प्रियता, मोद और प्रमोद से युक्त ही प्रतीत होता है। सारा जगत आनन्द से ही उत्पन्न हुआ सा ज्ञात होता है।[७] जब इस पूर्ण आनन्द रस की अनुभूति होती है, तो जगत, जीव सभी उसी से पूर्ण प्रतीत होते हैं। जीवन की अपूर्णता समाप्त हो जाती है। आनंदमयता और रसपूरिता ही रह जाती है।[८]

---

१. मनसैवेद माप्तव्यं नेह नानास्ति किंचन। [कठोपनिषद् १।११]

२. यः पूर्वं तपसो जातमद्भ्यः पूर्वमजायत।
गुहां प्रविश्य तिष्ठंतं यो भूतेभिर्व्यपश्यत॥ [कठोपनिषद् १।६]

३. सुखं त्वेव विजिज्ञासितव्यः। [छांदोग्योपनिषद् ७।२२॥]

४. तत्सुखं नाल्पेसुखमस्ति, यत्र नान्यत्पश्यति, नान्यच्छृणोति, नान्यद्-विजानाति, स भूमातदमृतम्— [छांदोग्यपनिषद् ७।२३–२४।]

५. रसो वैसः, रस ह्येवायं लब्ध्वाऽनंदी भवति—
[तैत्तरीयोपनिषद् ब्रह्मानंद वल्ली ७]

६. यस्मिन् सर्वाणि भूतान्यात्मैवाभूद्विजानतः।
तत्र को मोहः कः शोकएकत्वमनुपश्यत॥ [ईशावास्योपनिषद् ७।]

७. आनन्दमयः, तेनैषपूर्णः, तस्य प्रियमेवशिरः मोदो दक्षिण पक्षः, प्रमोदो उत्तर पक्षः। आनंदाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायंते—
[तैत्तरीयोपनिषद् ब्रह्मा० ५।भृगु० ६]

८. ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते॥ [ईशावास्योपनिषद् १।]

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

इस प्रकार सभी दार्शनिकों ने स्वभावतः होने वाले प्रश्नों (जो पीछे कहे गये हैं) का हल अपने अंतःकरण में ही खोज लिया। जगत के पदार्थों में स्वतः की आसक्ति को ही उहोंने बंधन माना। उसी को माया, प्रधान, बंधन, वासना कहा। उसी को दुःखात्मक अनुभूति का कारण और प्रेरक अविद्या माना। भोक्ता जीव की भोग्य जगत के प्रति आसक्ति का कारण स्व को ही माना। उस आसक्ति से मुक्त होने का कारण भी स्व को ही कहा, आंतरिक बहुल सुख और आनंद को ही सर्वेश्वर ब्रह्म कहा। उसी के नियंत्रण में संपूर्ण जगत को स्वीकार किया।[1] इस बहुल सुख भूमा आनंदस्वरूप ब्रह्म सर्वेश्वर की प्राप्ति को ही मोक्ष, (कैवल्य) प्राप्ति, निर्वाण, आदि नाम दिया। परंतु सब का लक्ष्य एक, प्राप्ति एक, साध्य एक और ज्ञान एक ही रहा। सभी ने उस बहुल सुख को जान लेने के बाद, बंधनों की मुक्ति, जन्म मृत्यु के सुख दुःख को प्राप्त कराने वाले क्लेशों की क्षीणता स्वीकार की। सारा विश्व का ऐश्वर्य और कामनायें इसी में प्राप्त कीं।[2]

सभी दर्शनों में शाब्दिक या आर्थिक कुछ भी भेद दृष्टिगत होता हो पर तात्पर्य विषय का निरूपण सभी का समान है। सभी एक ही स्थान पर आकर एक हो जाते हैं, वह स्थान मुक्ति ही है। बोद्धा मनीषी विचारकों में कुछ शास्त्र को प्रमाण मानकर तथ्य का निरूपण करते हैं, उनको हमने आस्तिक कहा, जिन्होंने केवल बुद्धिवाद का आश्रय लेकर तथ्य विवेचन किया, उन्हें हमने नास्तिक माना। परंतु वास्तविकता तो यह है कि जो मुमुक्षु साधक है, वही सच्चा आस्तिक है, चाहे वह शास्त्रानुयायी हो अथवा बुद्धिवादी। साधना द्वारा जिनके राग द्वेष, लोभ, भय और क्रोधादि विकार सर्वथा निवृत्त हो गये, वही उस मुक्ति पद का लाभ कर पाते हैं।[3] इस विशुद्ध आनंदात्मक प्रेम तत्त्व का

---

१. एष सर्वेश्वर एष सर्वज्ञ एषोऽन्तर्याम्येष योनिः, सर्वस्य प्रभवाप्यया हि भूतानाम्। माण्डूक्योपनिषद् ६।

२, ज्ञात्वादेवं सर्वपाशापहानिः क्षीणैः क्लेशैर्जन्ममृत्यु प्रहाणिः।
तस्याभिधानात्तृतीयं देह भेदे विश्वैश्वर्य केवल आप्तकामः॥
श्वेताश्वतरोपनिषद् १।११॥

३. इह चेदवेदीदथ सत्यमस्ति न चेदिहावेदीन्महती विनष्टिः।
भूतेषु भूतेषु विचित्य धीराः प्रेत्यात्माल्लोकादमृता भवंति।
केनोपनिषद् २।५॥

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

बोध हो जाना ही महात्मापन पांडित्य और विद्वत्ता है । ऐसे महात्मा को हम वाह्य और आभ्यंतर से शुद्ध और निर्मल देखते हैं । यही बोधस्थिति है, इसी के लिये जिज्ञासुओं का सारा प्रयत्न होता है । इसी स्थिति को प्राप्त कर प्राणी कृत् कृत्य हो जाता है । इस विशुद्ध दृष्टि को प्राप्त कर लेना ही दर्शनशास्त्र का परम उद्देश्य है । तत्ववेत्ता की दृष्टि में जगत् के सारे प्रपंच प्रसार का विलय होकर सच्चिदानंद स्वरूप हो जाना ही तथ्य है । उसे जगत् असत्, जड और दुःख रूप नहीं प्रतीत होता । उसकी दृष्टि में दृष्टा, दृश्य और दर्शन इन तीनों का भेद समाप्त हो जाता है । सारा विश्व निश्चल, निर्बाध, निष्कल और चिदानंदघन सत्तामात्र रह जाता है। उसके द्वारा जो आदर्श कार्य होते हैं, वे कल्याणकारी होते हैं। यही श्रेय का मार्ग है । यह संसार के बंधनों और दुःखों से छुड़ाने वाला है । संसार के बंधनों से जकड़ने वाला प्रेयमार्ग है, जो कि बड़ा आकर्षक है, उसमें वैषयिक आनंद की अनुभूति होती है, परंतु परिणाम दुःखात्मक ही होता है । श्रेयमार्ग का सुख और आनंद शाश्वत और चिरंतन है । जो तत्ववेत्ता महात्मा हैं। वे श्रेयमार्ग को ही आश्रय मानते हैं और जो प्रेयमार्ग को ही आश्रय मानते हैं, उन्हे सदा दुःख ही दुःख पल्ले पड़ता है । वे सुख बाहुल्य से वंचित रह जाते हैं ।[1]

दर्शनशास्त्र की दो प्रवृत्तियाँ हैं, खंडनात्मक और समन्वयात्मक । खंडनात्मक प्रवृत्ति-सापेक्ष, सविकल्प और आग्रहयुक्त है । इसे हम बुद्धि, मति युक्ति

[जो इस मनुष्य शरीर में ही साधन द्वारा आनंदतत्त्व को जान लेता है, वही कुशल है । जो इस शरीर से उसको नहीं जाना पाता वही नाश है । वास्तविक महात्मा वही है, जो जगत और प्राणियों में इस सुख तत्व को खोजता है । ऐसे अन्वेष्टा पुरुष ही शरीर छोड़ने के बाद अमर हो जाते हैं]

१. श्रेयश्च प्रेयश्च मनुष्यमेतस्तौ संपरीत्य विवनक्ति धीरः ।
श्रेयो हि धीरोऽभि प्रेयसो वृणीते प्रेयो मंदो योगक्षेमाद् वृणीते ।
कठोपनिषद् २।२।।

[श्रेय और प्रेय दोनों ही सामने आते हैं, बुद्धिमान मनुष्य उन दोनों के रूप पर भलीभाँति विचार कर समझता है, और श्रेय (कल्याण साधन) को ही प्रेय (भोग साधनों) से अधिक श्रेष्ठ मान कर उसी का आश्रय लेता है । मंद बुद्धि लौकिक साधनों की प्राप्ति और उसकी रक्षा की दृष्टि से प्रेय को ही चाहता है]

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

तर्क आदि नामों से पुकारते हैं। बुद्धिवादी प्रवृत्ति के यात्रियों का भटकना स्वाभाविक ही है, क्योंकि बुद्धि (प्रकृति=माया) के आश्रय से ही मार्ग का अन्वेषण करना कठिन है। बुद्धि कल्पनाओं की प्रसूतिका है, कल्पनाओं का अंत नहीं। इसीलिये इनकी कल्पना में जगत के संपूर्ण पदार्थ सत्, असत् से विलक्षण होने से मिथ्या है।

समन्वयात्मक प्रवृत्ति-निरपेक्ष, निर्विकल्प और प्रपंचशून्य है। इसे हम विशुद्ध ज्ञान, प्रज्ञा, विज्ञान, चित्, संवित् या स्वानुभूति कह सकते हैं। यह अनुभव और साक्षात्कार का विषय है प्रपंच का नहीं। जगत के संपूर्ण पदार्थ-मिथ्या होते हुए भी व्यावहारिक सत्य हैं। केवल विशुद्ध ज्ञान हो जाने पर ही उन पदार्थों का बाध हो सकता है, परंतु समूल नाश नहीं। परमार्थ या तत्त्व, विशुद्ध ज्ञान स्वरूप है, जो कि स्वतः सिद्ध और स्वयं प्रकाश है। उसे केवल अनुभूति द्वारा ही जाना जा सकता है, वाणी या बुद्धि द्वारा नहीं। अधिकांश दर्शनशास्त्र बुद्धिवादी हैं, इसलिये तत्त्व के साक्षात्कार में भटक गया है। जिस दार्शनिक ने एक मात्र आत्मविश्लेषण किया है और साधना को ही लक्ष्य बनाया है, उसकी वाणी एक दम मौन है। मौन ही उच्चतम दर्शन है। यह मौन गूँगे या मूर्ख का नहीं अपितु महात्मा, तत्त्ववेत्ता का मौन है, इसके आगे विश्व की वाणी फीकी पड़ जाती है। महात्मा बुद्ध ने इसी मौन का आश्रय लेकर तत्त्व का साक्षात्कार किया था। महामुनि व्यास ने मौन भाषा में ही समाधिद्वारा तत्त्व का समाधान किया।[१] महामुनींद्र भगवान निंवार्काचार्य अंतः साधक मितवाक् और महान् तत्त्ववेत्ता थे। समन्वयात्मक प्रवृत्ति में वेदांत दर्शन अधिक सफल हुआ है। वेदांताचार्यों में सर्वाधिक समन्वयवादी श्री निंबार्काचार्य थे, क्योंकि वे परम भक्त थे। समन्वय का ही दूसरा नाम भक्तियोग है। व्यास ने समाधि भाषा श्रीमद्भागवत[२] में जिस समन्वयात्मक भागवत धर्म का उपदेश किया, उसे श्री निंबार्काचार्य ने जीवन में चरितार्थ किया और भक्तों को अपनी स्वानुभूति से आत्मसात करा दिया। आज विभिन्न वैष्णव मतों और पंथों में उन्हीं की भक्तिमय गाढ़ानिभूति अनुस्यूत है।

---

१. मुनीनामप्यहं व्यासः —गीता ११ अध्याय।

२. वेदः श्री कृष्ण वाक्यानि ब्रह्म सूत्राणि चैव हि।
समाधि भाषा व्यासस्य प्रमाणं तच्चतुष्टयं॥

[उपनिषद्–गीता–ब्रह्मसूत्र और व्यास की समाधि भाषा भागवत ये चारों तत्त्व विवेचन में प्रमाण हैं] ७९ शुद्धाद्वैत मार्तंड पृ० ४६०॥

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

दार्शनिकों ने जीवात्मा को बंधन में डालने वाली माया को एक बहुत बड़ी व्याधि का कारण माना है, उससे छूटने की औषधि वे आत्मविश्लेषण को मानते हैं तथा आत्मा की आनन्दावस्था को उन्होंने आरोग्यता कहा है। प्रायः सभी दार्शनिक आयुर्वेद के चार सिद्धांत मानते हैं, रोग, रोग का हेतु, आरोग्यता और औषधि। इसी के आधार पर ही जगत की समस्या का हल निकालने की चेष्टा करते हैं। योगदर्शन में ऐसा ही विचार किया गया है।[1] महात्मा बुद्ध ने भी इसी प्रकार चार आर्य सत्यों[2] का उद्घाटन किया था—(१) सांसारिक दुःख का अस्तित्व, (२) उसका कारण, (३) उसके निरोध (निवारण) की आवश्यकता, (४) उसको समूलनष्ट करने का वैराग्य रूप साधन। इस प्रकार वे इन्हें दुःख, समुदाय, निरोध और मार्ग कहते हैं। बुद्ध ने तृष्णा या वासना का क्षय करके मन को निष्काम करने का ही प्रकारांतर से उपदेश किया था। दृश्य साध्य मन की निर्विषय स्थिति ही उन्हें स्वीकार थी। उपनिषदों में मन की निष्काम अवस्था को, आत्मनिष्ठा, ब्रह्मसंस्था, ब्रह्मभूतता ब्रह्मनिर्वाण आदि कहा है, अर्थात् ब्रह्म में आत्मा का लय होना, अंतिम आधारदर्शक नाम दिये हैं। बुद्ध जी, निर्वाण का अर्थ विराम पाना, वासना का नाश होना इत्यादि क्रिया दर्शक करते हैं। बुद्ध कहते हैं, कि औपनिषद् ब्रह्म और आत्मा जब एक हैं तब, कौन, किसमें विराम पाता है ? यह समस्या है,[3] इस प्रकार बुद्ध ने औपनिषद् अद्वैतवाद के आधार पर आत्मा और ब्रह्म का तत्त्व अस्वीकार किया। उन्होंने प्रज्ञातत्त्व और उपायतत्त्व को निर्वाण का आधार माना। श्री निम्बार्काचार्य जी ने मुक्ति के लिये प्रज्ञातत्त्व और उपायतत्त्व को बौद्धों के समान भिन्न न मानकर एक माना है, और वे इन दोनों को स्वरूपशक्ति (ज्ञानशक्ति), गुणशक्ति (क्रियाशक्ति) कहते हैं तथा दोनों के संयोग को ही भक्तियोग का सुलभ (सहज)

---

१. यथा चिकित्साशास्त्रं चतुर्व्यूहं, रोगो रोगहेतुरारोग्यं भैषज्यमिति। एवमिदमपिशास्त्रंचतुर्व्यूहमेव तद्यथा संसारः संसारहेतुःमोक्षो मोक्षोपायः। [पातंजल योग सूत्र व्यासभाष्य २।५]

२. बुद्ध के पूर्व से ही जो विचार प्रणाली थी, उसी को पुनः प्रकाशित करने के कारण ही बुद्ध उसे आर्य सत्य कहते हैं—

चत्तारि अरिय सच्चानि सम्मप्पंजाय पस्सति——धम्मपद १४।१२।।
[चार आर्य सत्यों को जानकर पूर्ण ज्ञान हो जाता है]

३. रतनसुत्त १४ और वगीस सुत्त २२-२३।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मार्ग कहते हैं । इस प्रकार निंवार्काचार्य जी ने उपनिषद् की ब्रह्मभूतता तथा बुद्ध के निर्वाणतत्त्व का समन्वय कर ब्रह्मात्मभाव नामक मुक्ति कहा है । इन्होंने उपनिषद् के द्वैताद्वैत वाद को सामने उपस्थित कर वौद्धों का संशय निवृत्त कर दिया । इनके मत में जीव का, उपासना रूपी औषधि से स्वस्थ होकर ब्रह्मत्मभाव को प्राप्त करना ही आरोग्यता है । इस तथ्य को ये अपने दशश्लोकों में उपास्यरूप, उपासकरूप, कृपाफल, भक्ति रस और माया के विवेचन द्वारा स्पष्ट करते हैं । इन्होंने मन को निर्विषय वनाने का सरल उपाय, कृष्ण के चरणों का आश्रय कहा है । भगवान निंवार्काचार्य के मत से जीव, मन और अहंकार का ब्रह्म के समन्वय हो जाना ही मुक्ति है । इनकी दृष्टि में भोक्ताजीव, भोग्य जगत और प्रेरिता माया को यदि परमात्मा में विराम कर दें (अर्पित कर दें) तो शांति प्राप्त हो जावेगी । इस प्रकार बुद्ध के द्वारा जो शंका की गई कि "यदि जीव ब्रह्मभूत हो जावेगा तो उसका विश्रामस्थल कौन होगा?" वह समाप्त हो जाती है । भोक्ता, भोग्य और प्रेरिता अर्थात् जीव, मन और अहंकार को ब्रह्म का अंग मानकर उसी में समन्वय कर देने से आनन्दतत्त्व का प्रकाश हाजावेगा । इसी रहस्य को भागवत में चतुर्व्यूह उपासना के रूप में प्रकट किया गया है । वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध ये चार व्यूह हैं, इनका अंग वासुदेवतत्त्व है, उसका आश्रय ही चतुर्व्यूह का समन्वय है । यह समन्वय ही भूमा सुख है । इसी को श्रीनिंबार्काचार्य जी ने अपनी गुरु परम्परा से प्राप्त किया था ।

प्रथम अध्याय समाप्त

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

द्वितीय अध्याय

सिद्धांत अविरोध

आस्तिक और नास्तिक दोनों ही अपने अंतःकरण की गुहा में ही प्रवेश कर तत्त्व का अन्वेषण करते हैं, वहीं उनको तथ्य दृष्टिगत होता है। आस्तिक को उस गुहा में परमात्मा का प्रकाश मिलता है, उसी के आश्रय से वह मार्ग प्रदर्शित करता है। पर नास्तिक उस प्रकाश को परमात्मा का प्रकाश नहीं कहता, स्वानुभूति और अंतर्चेतना कहता है। बात एक ही है पर एक सावलंब है दूसरा निरवलंब। एक परमात्मा के साहाय्य से चित्त-वृत्तियों को भटकने नहीं देता। उसे दिव्य ब्रह्म के प्रकाश में सदा मार्ग दीखता रहता है। दूसरे को पग-पग पर गिरने का भय हो सकता है, क्योंकि वह स्व पर विश्वास करता है। नास्तिक और आस्तिक दोनों ही स्व की महानता को स्वीकार करते हैं परन्तु नास्तिक का स्व जीव है और आस्तिक का स्व ब्रह्म। नास्तिक का स्वकीय जगत होता है तो, आस्तिक का स्वकीय भी ब्रह्म ही है। इस प्रकार हम देखते हैं कि नास्तिक के स्व में अहंतत्त्व का लेश स्पृष्ट रहता ही है क्योंकि वह स्व से स्वकीय का संश्लेष नहीं करता। आस्तिक का स्व स्वकीय से संलग्न हो जाता है। इसलिए उसका अहं पूर्ण रूप से समाप्त हो जाता है। इस प्रकार आस्तिक लड़खड़ाता हुआ भी स्वकीय के प्रकाश में बढ़ता रहता है और नास्तिक की गति शिथिल रहती है। नास्तिक केवल कर्मठता पर ही विश्वास रखता है, पर आस्तिक कर्मठता के साथ श्रद्धा को भी मानता है। पर दोनों, अंतिम साध्य और साधन में एक हैं। विचार स्वातन्त्र्य ही उनके मत विभिन्नता का कारण है, ऐसा सभी दार्शनिक सिद्धांतों का विश्लेषण करने से स्पष्ट जाना जा सकता है।

सांख्य दर्शन

सांख्य दर्शन, दार्शनिक मतों में अति प्राचीन माना जाता है, इसके प्रवर्त्तक आचार्य कपिल हैं। ये अपने बाईस सूत्रीय ग्रंथ में सारी सृष्टि को पुरुष के लिये बतलाते हैं। प्रधान प्रकृति और पुरुष के संयोग से ही सृष्टि का विकाश

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मानते हैं । पुरुष और प्रकृति के विवेक ज्ञान हो जाने मात्र से मोक्ष हो जाता है पर विवेक दशा में भी प्रकृति और पुरुष की पृथक् सत्ता विद्यमान रहती है । प्रकृति के वशीभूत जीवात्मा है तत्त्व के अभ्यास से विवेक की सिद्धि हो जाने पर लिंग शरीर नष्ट हो जाता है, उससे दुःखों की आत्यंतिक निवृत्ति हो जाती है । श्रवण और मनन के द्वारा उत्तम अधिकारी को ही तत्त्व ज्ञान होता है । केवल विवेक ज्ञान मात्र से ही मुक्ति नहीं होती । अपितु तत्त्व ज्ञान के द्वारा अविद्या की समाप्ति हो जाने पर जीवन में ही जीवनमुक्ति हो जाती है । यह आत्मा से अतिरिक्त परमात्मा की सत्ता नहीं मानते । इन्होंने जगत का कारण प्रधान प्रकृति को ही माना है । यह बड़ा प्रबल और सर्वमान्य मत रहा है, प्राय: सभी दार्शनिकों पर इनके सिद्धांत का कुछ न कुछ प्रभाव पड़ा है । यह द्वैत मत का प्रतिपादक दर्शन है । प्रकृति को जड़ और एक मानते हैं तथा पुरुष को चैतन्य और अनेक । इनकी दृष्टि में, कारण में कार्य अव्यक्त रूप से विद्यमान रहता है । कारण—सामग्री के द्वारा, वह कार्य अपनी अव्यक्तावस्था को छोड़कर व्यक्तावस्था को प्राप्त करता है । सत्व, रज और तम इन तीनों गुणों की साम्यावस्था ही प्रकृति है । इन गुणों में विषमता होने पर ही सृष्टि होती है, किंतु यह सृष्टि कोई नवीन नहीं अपितु कारण में निहित कार्य का उद्भव-मात्र है, जिसे अभिव्यक्ति भी कहते हैं । प्रकृति में जगत के समस्त पदार्थों की सत्ता अव्यक्त रूप से रहती है, इसलिये प्रकृति को अव्यक्त कहते हैं । इसी को सत्कार्यवाद कहा जाता है ।

सांख्य के अनुसार आध्यात्मिक, आधिभौतिक और आधिदैविक ये तीन प्रकार के दुःख हैं, इन सबका कारण अविद्या है । पुरुष अपने मूलरूप में शुद्ध चैतन्य है, तथा निर्गुण एवं जगत का साक्षी मात्र है, परन्तु प्रकृति के संयोग में अविद्यावश वह अपने स्वरूप को भूल जाता है, और अपने को कर्म का कर्त्ता मानकर कर्म का भोक्ता बनता है, अर्थात् अपने का कर्त्ता समझने के कारण उसे जन्म-जन्मांतर तक दुःखरूप कर्मफल भोगने पड़ते हैं । इस जन्म कर्म परम्परा की निरंतरता ही पुरुष का बन्धन है । इस बन्धन की मुक्ति ही कैवल्य (मोक्ष) है । ये बन्धन और दुःख अविद्या (अज्ञान) मूलक हैं । इसलिए विद्या (ज्ञान) द्वारा ही कैवल्य संभव है । सांख्य के अनुसार पुरुष (जीव) का, स्वरूप को पहचानना ही ज्ञान है । पुरुष का स्वरूप विशुद्ध, राग क्रिया-हीन चैतन्य है, कर्त्ता और भोक्ता नहीं । जब पुरुष को अपना शुद्ध साक्षी स्वरूप परिचित हो जाता है, तो उसका अहंकार नष्ट हो जाता है और तब वह अपने को कर्त्ता नहीं मानता । कर्तृत्व भावना के नष्ट हो जाने से भोक्तृत्व

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भी नष्ट हो जाता है। इसलिए वह जन्मों के कर्मफल का भागी नहीं बनता। वह चक्र से मुक्त हो जाता है। जन्म चक्र ही पीछे कहे गये त्रिविध दुःखों का कारण है। जन्म चक्र की मुक्ति ही दुःखों की मुक्ति है। यही सांख्यशास्त्र का कैवल्य (मोक्ष) है। स्वामी शंकराचार्य जी ने इस दर्शन को शुद्ध आत्मतत्त्व का विज्ञान कहा है[1]।

योग दर्शन

योग दर्शन सांख्य दर्शन का पूरक है, यह उसकी व्यावहारिक पूर्ति करता है। कैवल्य सिद्धि की विस्तृत व्यावहारिक साधन प्रणाली सांख्य दर्शन में नहीं है, उसकी पूर्ति योग दर्शन ने की है।[2] सूक्ष्म दृष्टि से विवेचन करने पर लक्षित होता है कि योग दर्शन सांख्य के तत्वों का ही निरूपण करता है। सांख्य-तत्व के निदिध्यासन और वैराग्य के अभ्यास द्वारा आत्म साक्षात्कार करता है तो योग दर्शन, तप, स्वाध्याय और ईश्वर प्रणिधान रूप क्रियायोग के द्वारा आत्मा से संयोग कराता है। सांख्य दर्शन, मोक्षधर्म का तत्व कांड है, तथा योग दर्शन, साधन कांड। योग की विशेषता ईश्वर प्रणिधान की है जो कि भक्ति योग से अत्यंत सन्निकट की वस्तु है। योग दर्शन भेदाभेद वादी है। सविकल्प समाधि की अवस्था में साध्य और साधक का सूक्ष्म भेद रहता है तथा निर्विकल्य समाधि में अभेद। यह उपयोगी और व्यावहारिक दर्शन है। यह आंतरिक और वाह्य शौच के लिये उत्तम साधनों को विधिरूप से उपस्थित करता है। शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर प्रणिधान इसके मुख्य साधन हैं। मैत्री, करुणा, मुदिता और उपेक्षा इन चार अंतः की भावनाओं से अंतः शौच होता है। अतृप्ति का अभाव ही संतोष, शीतोष्ण सुख दुःखादि का समत्व ही तप है। जप एंव योग शास्त्र का निरंतर मनन ही स्वाध्याय तथा भगवान में निखिल कर्मों का समर्पणही ईश्वर प्रणिधान है।

योग दर्शन के अनुसार चित्त; प्रकृति का ही एक परिणाम है, जो कि सदा चंचल रहता है। लौकिक जीवन और अनुभव के प्रसंग में चित्त सदा

---

१. शुद्धात्म तत्त्व विज्ञानं सांख्यमित्यभिधीयते—शांकरभाष्य

२. यत्सांख्यै प्राप्यते स्थानं तद्योगैरपि गम्यते।
एकं सांख्यं च योगं च यः पश्यति स पश्यति॥

[सांख्य में जिस स्थान को प्राप्य कहा है, वहीं योगदर्शन भी पहुँचता है, सांख्य और योग एक ही हैं, ऐसा समझने वाला ही सच्चा ज्ञाता है]

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

नव नव आकार ग्रहण करता रहता है। चित की विषयाकार रूप अभिव्यक्ति को ही वृत्ति कहते हैं। वृत्तियों का निरंतर क्रम ही हमारा जीवन है। कैवल्य अथवा योग समाधि की अवस्था में इन वृत्तियों का समाधान हो जाता है। समाधान ही समाधि है। चित्त वृत्तियों का पूर्ण निरोध होने पर पुरुष (जीव) समस्त विषयों से अलग होकर, संसर्गों से मुक्त हो जाता है, वही उसकी चैतन्यावस्था कैवल्य स्थिति है। यह योग दर्शन के अनुसार यम नियमादि आठ अंगों के साधन के बाद प्राप्त होती है। इन अंगों के अभ्यास से वृत्तियाँ विलीन हो जाती हैं, एवं चित्त एकाग्र हो जाता है, यही समाधि की दशा है। इस दशा में द्दष्टा अपनी स्वरूपस्थिति प्राप्त कर लेता है और कैवल्यस्थिति का अनुभव करता है।

सांख्य के पचीस तत्वों के अतिरिक्त, योग, ईश्वर नाम का छब्बीसवाँ तत्त्व भी स्वीकार करता है, यहीं योग की विशेषता है। इसलिये योग को सेश्वर-ांख्य कहा गया है। योग का मत है कि जो पुरुष विशेष; क्लेश, कर्म, विपाक (कर्मफल) और आशय (वासना संस्कार) तथा अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश आदि दुःखों से मुक्त है इस प्रकार ऐश्वर्य और ज्ञान की पराकाष्ठा ही ईश्वर है। इसके प्रणिधान से, चित्त की एकाग्रता से अथवा समग्र कर्म फलों के समर्पण से समाधि की सिद्धि होती है।

इस मत के प्रवर्त्तक महर्षि पतंजलि हैं। सूत्र रूप से इन्होने अपने मत का व्याख्यान किया है। उसमें समाधिपाद, साधनपाद विभूतिपाद और कैवल्यपाद आदि चार पादों का विभाजन किया है। इस ग्रंथ में थोड़े शब्दों में आत्म-कल्याण के उपयोगी और प्रत्यक्ष उपाय बतलाये गये हैं। इसकी वैज्ञानिक साधनाप्रणाली को प्रायः सभी दार्शनिकों ने स्वीकार किया है। गीता में सांख्य और योग दोनों के संयोग को ही भक्तियोग कहा गया है। श्रीमद्-भागवत में आचार्य कपिल के द्वारा उपदिष्ट जो सांख्य का तत्त्व विवेचन किया गया है, वह सांख्य और योग का संयुक्त रूप ही है।

योग का साधन भारत वर्ष में सदा से प्रधान रूप से होता रहा है, सभी ने इसकी महानता स्वीकार की है।

न्याय दर्शन

न्याय दर्शन मुख्य रूप से प्रमाणशास्त्र है। ज्ञान का साधन और उसकी यथार्थता का निर्णय ही इसका मुख्य विषय है। जीव, जगत और ईश्वर ये तीन

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सत्य और सनातन सत्तायें स्वीकार की हैं। इसके अनुसार जगत, ईश्वर की-सृष्टि है और उसकी वास्तविक सत्ता है। इस मत के प्रवर्त्तक महर्षि गौतम (आचार्य अक्षपाद) हैं। इन्होंने अपने न्यायसूत्रों में, सोलह पदार्थों के यथार्थ ज्ञान द्वारा, निःश्रेयस का अधिगम ही जीवन का परम लक्ष्य माना है।" ऋते ज्ञानान्नमुक्तिः" इनका सर्वथा मान्य सिद्धांत है। वास्तविक ज्ञान कैसे प्राप्त होता है, इसकी यथार्थ मीमांसा न्यायशास्त्र में कही गई है। दार्शनिक दृष्टि से इस मत को "बहुत्व संवलित यथार्थवाद" कह सकते हैं। जिसका तात्पर्य होता है कि इस विश्व के मूल में परमाणु, आत्मा और ईश्वर ऐसे नित्य पदार्थ विद्यमान हैं, इन सबके संयोग से ही सृष्टि होती है। जगत् का समवायि कारण परमाणु है, ईश्वर निमित्त कारण है, जोकि अनुमानगम्य है। ईश्वर की ईक्षण (इच्छा) शक्ति से ही दो परमाणुओं का संयोग होता है। वही क्रमशः द्वयणुक, त्रिसरेणु होकर आकाश आदि पंचतत्वों के रूप में विकसित होते हैं।[१] यह समाधि द्वारा ही मोक्ष मानते हैं, अष्टांग यम नियमादि को ही योग कहते हैं, तथा योग साधन के लिए एकांत सेवन की व्यवस्था देते हैं अध्यात्मज्ञान के लिये शास्त्राभ्यास एवं शास्त्रज्ञ महापुरुषों की सत्संगति को विशेष महत्व दिया है। ये जीव और ईश्वर में भेदवाद मानते ह।

इनके मत से मुक्ति अवस्था में सुख और दुःख दोनों वृत्तियाँ नष्ट हो जाती हैं। मन की साम्यावस्था हो जाती है तभी मुक्ति होती है। मिथ्याज्ञान के द्वारा ही दोष, प्रवृत्ति, जन्म तथा दुःख की प्राप्ति होती हैं। मिथ्याज्ञान का नाश तत्वज्ञान से ही हो सकता है, उसीसे निःश्रेयस सिद्धि होती है। इनकी दृष्टि में ज्ञान और क्रिया का योग ही मोक्ष का साधन है।

वैशेषिक दर्शन

यह न्याय दर्शन का समान तंत्र दर्शन है। न्याय और वैशेषिक दर्शन में योग और सांख्य की तरह बड़ी समता है। इस दर्शन में सत्य की मीमांसा भौतिक विज्ञान की दृष्टि से की गई है। न्याय दर्शन अंतर्जगत ज्ञान की मीमांसा करता है तथा वैशेषिक दर्शन वाह्य जगत की विस्तृत समीक्षा करता

---

१. पाश्चात्य वैज्ञानिकों की धारणा है कि परमाणुतत्त्व का सर्व प्रथम अन्वेष्टा डेमोक्रेट्स (ई० पू० ४६०) है। परन्तु वेद ही इसके सर्व प्रथम प्रकाशक हैं। वैशेषिक और न्यायदर्शन इस तत्व के प्रवर्त्तक हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

है। इसके प्रवर्त्तक आचार्य कणाद हैं। इनके अनुसार द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य विशेष, समवाय, अभाव आदि सात ही पदार्थों में सारी सृष्टि निहित है। आत्मा से इतर जागतिक पदार्थों के सम्यक् ज्ञान हो जाने पर आत्मा का यथार्थ ज्ञान हो जाता है। आत्मा और आत्मेतर द्रव्यों के साधर्म्य और वैधर्म्य ज्ञान हो जाने पर तत्व ज्ञान हो जाता है निष्काम कर्मों का सम्पादन नितांत आवश्यक माना है, क्योंकि निष्काम कर्मों का अनुष्ठान तत्वज्ञान का प्रकाश करके मोक्षकी उपलब्धि कराता है। इनके मत में इच्छा और द्वेष, धर्म और अधर्म के कारण हैं। धर्म और अधर्म का आचरण ही जन्म मरण के प्रवाह का कारण है। शास्त्र प्रतिपाद्य यम नियमादि अष्टांग तथा श्रवण, मनन और निदिध्यासन ही मोक्ष के प्रतिपादक हैं। जन्ममरण से छूटना ही मुक्ति है। यही इनके पारमार्थिक साधनतत्व का सारांश हैं। ये भी परमाणु से ही जगत की सृष्टि मानते हैं। ईश्वर नियमित ही परमाणुओं की सहकारिता स्वीकार करते हैं। परमाणु कारण वाद के आधार पर इन्हें अर्द्ध बौद्ध तक कहा गया है।

मीमांसा दर्शन

मीमांसा का शब्दार्थ "विवेचन" होता है, किंतु इसका अभिप्राय वेदों के तात्पर्य विवेचन से है। इसलिये वैदिक परम्परा के प्रमुख कर्म तथा ज्ञान का प्रतिपादन करने वाले ब्राह्मण और उपनिषद् ग्रंथों का विवेचन करने से इसके दो रूप हैं, पूर्वमीमांसा तथा उत्तरमीमांसा। पूर्वमीमांसा को ही प्रायः मीमांसा शब्द से समझा जाता है। यह दर्शन पूर्णतः वेद मूलक है। वेद नित्य तथा सर्वोपरि सत्य है अतः वही सर्वथा प्रमाण है। वेद को अपौरुषेय, स्वतः सत्तावान कहा गया है। वेद शब्द स्वरूप है इसलिये शब्द प्रमाण का मीमांसा में विशेष महत्व है। इसकी शब्द विषयक कल्पना और दर्शनों से भिन्न है। इनके मत से शब्द, बोलने या सुनने का विषय नहीं, अपितु नित्य और ध्वनिहीन सत्ता है। ध्वनि के रूप में तो इसकी वाह्य अभिव्यक्ति होती है। इस अभिव्यक्ति को ही स्फोट कहते हैं। वास्तविक वेद तो नित्य और अव्यक्त ध्वनिहीन ही है। इस वेद का सृष्टि के साथ ही स्वतः आविर्भाव और तिरोभाव होता है।

मीमांसक प्रत्यक्ष, अनुमान उपमान, शब्द, अर्थापत्ति और अनुपलब्धि छः प्रमाण मानते हैं। आचार्य जैमिनि ही इसके विवेचक आचार्य माने जाते हैं, इनका कथन है कि कर्म से एक प्रकार की शक्ति उत्पन्न होती है। जो स्वतः कर्म फल का नियमन करती है। इसे अपूर्व कहते हैं। जीवों के व्यक्तिगत अपूर्व से जन्म जन्मांतर का नियमन होता है। समस्त जीवों की अपूर्व की

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

समष्टि से कल्प कल्प में सृष्टि का आविर्भाव होता है। सृष्टि या प्रलय अनंत विश्व के निरंतर प्रवर्त्तमान क्रम हैं, जो कि स्वतः संचालित हैं। जगत की सत्ता उन्हें पूर्ण रूप से स्वीकार्य है। शुभाशुभ कर्म से ये पाप-पुण्य, स्वर्ग,-नर्क की कल्पना करते हैं। अर्थकर्म और गुणकर्म ये दो कर्म के भेद मानते हैं। अदृष्ट के उत्पादक, अंतःकरण की शुद्धि करने वाले कर्मों को अर्थगत कर्म कहते हैं, जैसे कि अग्निहोत्र आदि। मे अर्थ गत तीन प्रकार के हैं—(१) नित्य (अग्निहोत्र संध्या वंदनादि), (२) नैमित्तिक (पुत्रेष्टि यज्ञ आदि), (३) काम्य (ऐहिक फलक=इसी लोक में फल देने वाले, आमुष्मिक फलक=परकाल में फल देने वाले, ऐहिकामुष्मिक फलक=इस काल और परकाल में फल देने वाले)।

संस्कारकर्मों को गुणकर्म कहते हैं, जो कि उत्पत्ति, आप्ति, विकृति और संस्कृति आदि चार प्रकार के होते हैं। इनकी दृष्टि में शुभ कर्मों का आचरण ही मोक्ष का साधन है। आत्मशुद्धि के लिये आचार धर्म का पालन अत्यावश्यक है। सदाचरण ही धर्म है। इस धर्माचरण का उपदेश ही मीमांसा दर्शन का मुख्य प्रयोजन है।[1] सदाचरण से, अन्तर्वर्त्ती दुःख की अत्यंत निर्वृत्ति हो जाने पर मन से सुख का भी लगाव छूट जाता है, वही मुक्ति है। ऐसा प्रसिद्ध मीमांसक कुमारिलभट्ट का मत है।[2]

वेदांत दर्शन

सामान्यतः अधिकांश लोग वेदांत का तात्पर्य धर्मशास्त्रीय या धार्मिक वस्तु समझते हैं, कुछ वेदांत को पांडित्यपूर्ण सिद्धांत निरूपण कहते हैं और कुछ लोग इसे रहस्यपूर्ण अनुभूति तथा अनुभूति स्वरूप दिव्यदृष्टि समझते हैं। वस्तुतः वेदांतज्ञान की पराकाष्ठा और वेदों का सार तत्त्व है। इसकी धारा ऋगवेद से निकल कर आज तक निरंतर प्रवाहित हो रही है। संवनन आंगरिस ऋषि के मत से यह ऐसा तत्व है, जिसे एक साथ मिलकर विचारा जावे और समझा जावे।[3] यह मनीषियों के अन्वेषण का अजस्र प्रवाह है। सम्पूर्ण मानवीय ज्ञान और अनुभव वेदांत के अंतर्भूत हैं। सभी दर्शनों का

---

१. धर्माख्यं विषयं वक्तुं मीमांसायाः प्रयोजनम्—श्लोक वार्त्तिक

२. दुःखात्यंतं समुच्छेदे सति प्रागात्मवर्त्तिनः।
सुखस्य मनसा मुक्तिर्मुक्तिरुक्ता कुमारिलैः

३. संगच्छध्वं संवदध्वं संवोमनांसि जानताम्—ऋग्वेद् १०।१९१।२।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

यही आदिम श्रोत है। सभी विद्याओं का और, सभी कर्मों का प्रदर्शक, सभी धर्मों का आश्रय और सभी को दीपक के समान सदा मार्ग प्रदर्शन करने वाला यह वेदांत का सिद्धांत है।[१] धर्म, सम्प्रदाय, योग आदि मत मतांतर, समस्त, विज्ञान, एवं कलायें इसके अंतस्थ तत्व के उपकरण, साधना या सीढ़ियाँ हैं।

वेदांत, ब्रह्म विद्या का रहस्य विज्ञापन करता है, जो कि मोक्ष मार्ग की उपासना है। अर्थकर्म और गुणकर्म तो परंपरया आत्मतत्त्व की प्राप्ति के सहकारी साधनमात्र हैं। कर्त्तव्य कर्मों के आचरण से तो अंतःकरण की शुद्धिमात्र होती है, तभी सांसारिक पदार्थों में अनासक्ति भाव रूप वैराग्य मुमुक्षुत्व प्रकट होता है। वासना का आत्यंतिक क्षय ही मोक्ष है। ब्रह्म विद्या की उपासना द्वारा ही वासना का क्षय सम्भव है। ब्रह्मतत्त्व वेदांतदर्शन का विशेषतत्त्व है, जो कि स्वतः अनिर्वचनीय होते हुए भी नियामक है। जिसे वाणी कह नहीं सकती, परंतु जिसकी शक्ति से वाणी बोलती है, वही ज्ञेय ब्रह्म है। प्रतीक रूप से उपास्य तो ब्रह्म का प्रतीकमात्र ही है।[२]

ब्रह्म ही सम्पूर्ण सृष्टि का उपादान तथा निमित्त कारण है। सर्व प्रथम उस ब्रह्म ने आकाश तत्व को प्रकट किया है। उसी से क्रमशः वायु, तेज जल और पृथिवी का विकाश हुआ है। जब ब्रह्म की अभिलाषा होती है तभी वह जगत की सृष्टि का फैलाव करते हैं और जब वह चाहते हैं, तभी उस विस्तृत सृष्टि का क्रमशः अपने में लय कर लेते हैं जैसे कि मकड़ा अपने शरीर से जाला तानता है और पुनः अपने शरीर में ही समेट लेता है। जैसे पृथिवी से वनस्पति आदि उत्पन्न होती हैं तथा पुरुष के केश लोम आदि उत्पन्न होते हैं वैसे ही सारी सृष्टि परमात्मा से ही उत्पन्न होती हैं।[३] वह ब्रह्म ही एकमात्र था उसी ने इच्छा करके इस जगत का विस्तार स्वतः अपने से ही

---

१. प्रदीपः सर्व विद्यानां उपायः सर्वकर्मणां,
आश्रयः सर्वधर्माणां शश्वदान्वीक्षिकीमता।
(कौटिल्य अर्थशास्त्र १।२)

२. यद्वाचाऽनभ्युदितं येन वागभ्युद्यते,
तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि नेदं यदिदमुपासते। (केनोपनिषद् १।५)

३. यथोर्णनाभिः सृजते गृह्णते च यथा पृथिव्यामोषधयः संभवंति।
यथा सतः पुरुषात् केशलोमानि तथाक्षरात्संभवंतीहि विश्वम्।
कठो० १।१।७।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

किया ।[1] यह परमात्मा अणु से भी अणु है और महान् से महान् है । यह जीवात्मा की अंतकरण की गुहा में छिपा हुआ है । उसकी कृपा होने पर ही उसको जाना जा सकता है । उसको जानकर जीवात्मा शोकरहित हो जाता है ।[2] सम्पूर्ण स्थावर जंगमात्मक जगत को वश में रखने वाला प्रकाशमय परमेश्वर इस मानव शरीर में अंतर्यामी होकर स्थित है, वही बाह्य जगत में भी लीला करता है । वही सब का प्रभु सबसे बड़ा और शासक है, उसकी शरण ग्रहण करनी चाहिये ।[3]

एकमात्र ब्रह्म की सत्ता स्वीकार करने वाला पूर्ण आस्तिक दर्शन हम वेदांत को ही कह सकते हैं । मोक्ष की प्राप्ति के विभिन्न उपाय विभिन्न दार्शनिक मतों में दिखलाये गये हैं । साधना की आवश्यकता सभी ने स्वीकार की है । योगदर्शन द्वारा प्रतिपाद्य साधना प्रणाली को सभी ने सम्यग् रूप से माना है । राग द्वेष से छूटने के लिये सभी ने, निरंतर सदाचरण के अभ्यास और मनन की आवश्यकता स्वीकार की है । वेदांतदर्शन में ब्रह्म तत्व का जो अनूठा प्रकाश है, वह साधक को क्षण क्षण स्खलित होने से बचाता है । जीवात्मा की प्रवृत्ति स्वभावत: चंचल और मुक्त है, उसे संयमित और दृढ़ रखने के लिवे ब्रह्म तत्त्व बहुत बड़ा आश्रय है । ब्रह्म की नियामकता ओर निरंतर साहचर्य स्वीकार करने पर जीवात्मा को साधनामार्ग में बहुत बड़ा भरोसा और सहारा रहता है । जैसे दूध में मक्खन की व्याप्ति रहती है, वैसे ही सम्पूर्ण वाह्याभ्यंतर जगत में परमात्मा की व्यापकता मानने पर साधक को कहीं भी द्वैविध्य की प्रतीति ही नहीं होती, इसलिये वह सभी में एक ही तत्व का दर्शन करता है । एकत्व की प्रतीति होने पर किसी से भयभीत होने का तथा किसी को भयभीत करने का और सुख दुःख पाने का प्रश्न ही नहीं उठता । साधक निरंतर तप

---

१. आत्मावा इदमेक एवाग्रासीत्,
नान्यत् किंचन मिषत् सईक्षत लोकान्नु सृजाइति । ऐतरेयो १।१।१

२. अणोरणीयान्महतो महीयानात्मागुहायां निहितोऽस्यजंतो ।
तमक्रतुं पश्यति वीतशोको धातु प्रसादान्महिमानमीशम् ।
श्वेताश्वतरो० ३।२०

३. सर्वस्य प्रभुमीशानं सर्वस्य शरणं बृहत् ।
नवद्वारे पुरेदेही हँसो लेलायते बहिः,
वशी सर्वस्य लोकस्य स्थावरस्य चरस्य च ।
श्वेताश्वतरो० ३।१७-१८।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

और निष्ठा से परब्रह्म की व्यापकता की अनुभूति करता हुआ समदर्शी हो जाता है। यही वेदांत का दर्शनतत्व है।[1] यही उपनिषद् का रहस्य है।[2] समत्व और एकत्व की भावना ब्रह्मपरक है, ऐसी मान्यता ही पूर्ण आस्तिकता है। ब्रह्मतत्व का प्रकाश वेद में हैं इसलिये जो वेद प्रतिपाद्य ब्रह्मतत्व पर और वेद के सिद्धांतों पर पूर्ण आस्था रखता है वही पूर्ण आस्तिक है। व्याकरण-कार पाणिनि के मत से परलोक की सत्ता पर विश्वास रखने वाला आस्तिक है। जो परलोक के अस्तित्व पर विश्वास नहीं करता वह नास्तिक है।[3] ऐसा अर्थ स्वीकार करने पर जैन, बौद्ध आदि सभी आस्तिक माने जावेंगे। क्योंकि किसी न किसी रूप से परलोक की सत्ता स्वीकार करते हैं। ईश्वर की सत्ता मानने और न मानने वाले को यदि आस्तिक और नास्तिक कहेंगे तो एकमात्र वेदांतदर्शन ही पूर्ण आस्तिक होगा क्योंकि वही ब्रह्मतत्त्व पर पूर्ण रूप से विश्वास करता है, बाकी अन्य तो ईश्वरतत्व पर निर्भर नहीं है परंतु सांख्य, योग, वैशेषिक, न्याय, मीमांसा और वेदांत ये छः आस्तिक तथा चार्वाक, जैन एवं बौद्धों के चार सम्प्रदाय नास्तिक दर्शन के नाम से प्रसिद्ध हैं। इस प्रकार का विभाजन, वेद वाक्यों पर विश्वास करना और उनको प्रामाणिक मानने न मानने पर किया गया है। मनु जी के अनुसार वेद निंदक ही नास्तिक है।[4] धर्मतत्व की व्याख्या और रहस्य प्रकाशन में, आस्तिकों के लिये एकमात्र वेद ही प्रमाण है।[5] वेद के वाक्यों को सुनकर, उनको युक्तिपूर्वक मनन करते हुए वेद प्रतिपाद्य आत्मतत्व का ध्नान करना ही दर्शन का मुख्य उद्देश्य है।[6]

---

१. सर्वव्यापिनमात्मानं क्षीरे सर्पिरिवार्पितं,
आत्मविद्यातपोमूलं तद्ब्रह्मोपनिषत्परम्।
[श्वेताश्वरोपनिषद् १।१६]

२. द्वैविध्य रूपी वासना ढीली होकर जगत के प्रति समत्व की भावना प्राप्त कराने वाली विद्या ही उपनिषद् है, ऐसा शाब्दिक व्याख्या से सिद्ध होता है।

३. "अस्ति परलोकः" इत्येवं मतिर्यस्य स आस्तिकः। "नास्ति" इति मतिर्यस्य स नास्तिक। पाणिनि सू० ४।४।६०।

४. "नास्तिको वेद निंदकः"—मनुस्मृति २।११॥

५. धर्मजिज्ञासमानानां प्रमाणं परमं श्रुति—मनुस्मृति २।१३॥

६. श्रोतव्यः श्रुति वाक्येभ्यो, मंतव्यश्चोपपत्तिभिः।
मत्वातु सततं ध्येयः एते दर्शन हेतवः॥

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

चार्वाक दर्शन

पूर्ण नास्तिकदर्शन तो चार्वाक का ही है क्योंकि वह वेद को धूर्तों की रचना मानते हैं।[१] ईश्वर और परलोक को भी कोरी कल्पनामात्र मानते हैं। शरीर के अतिरिक्त आत्मा का कोई अस्तित्व नहीं मानते। मरण को हीं मुक्ति मानते हैं। जीवात्मा का अपने शुद्ध रूप में हो जाना ही मोक्ष मानते हैं।[२] प्रत्यक्ष दीखने वाली वस्तु ही सत्य है, परोक्ष वस्तु मिथ्या है। अर्थ और काम ये दो ही पुरुषार्थ हैं। धर्म और मोक्ष परोक्ष हैं अतएव वे पुरुषार्थ नहीं हो सकते। जगत स्वतः प्रकट होता है, उसे उत्पन्न करने वाला कोई नहीं है। जगत को और शरीर को ही प्रधान मानने के कारण इस मत को लोकायतदर्शन भी कहते हैं। इस मत के प्रतिष्ठापक प्रधान आचार्य वृहस्पति कहे जाते हैं। इसके प्रवर्त्तक चार्वी नाम के कोई आचार्य थे, जो पूर्ण रूप से बुद्धिवादी थे। वैसे चार्वी का अर्थ बुद्धि भी है,[३] इसलिये प्रत्येक बुद्धिवादी चार्वाक कहा जाता है, वृहस्पति का अर्थ भी बुद्धिवादी होता है। बुद्धि नई नई कल्पनाओं की प्रसूतिका है, इसलिये चार्वाकों को वैतण्डिक भी कहा गया है। जो शास्त्रीय (वेद) मत को भी चाट गये[४] इस अर्थ में भी चार्वाक प्रयोग किया गया है। इनकी बातों में बड़ी मनोरमता है, इसलिए भी ये चार्वाक कहे गये।[५]

सच पूछा जावे चार्वाक कोई विशेष मत नहीं है। जगत, जीव, ब्रह्म के विषय में संशयात्मिका प्रवृत्ति सदा से रही है और रहेगी। यहाँ तक की उपनिषदों में भी कहीं कहीं ऐसी संशयित विचारधारा दिखलाई देती है।[६] बुद्धिवादी ही लोक में अधिकांश होते हैं, इसलिये यह लोकायत मत है। जब

---

१. त्रयो वेदस्य कर्त्तारो भंड धूर्त निशाचराः।
जर्भरीतुर्फरीत्यादि पंडितानां वचः स्मृतम्॥

२. मरणमेवापवर्गः, आत्मनः स्वरूपेणावस्थितिर्मोक्षः।
(स० द० सं० पृ० ४)

३. नयते चार्वी लोकायते, चार्वी बुद्धिः तत्संबंधादाचार्योऽपि चार्वी। सलोकायते शास्त्रे पदार्थान् नयते—काशिका वृत्ति सू० १।१।३६।

४. चर्व भक्षणे ऐसी क्रिया है उससे चार्वाक शब्द बना है।

५. चारु (मनोरम) वाक् (वाणी) है जिनकी वे चार्वाक।

६. "न प्रेत्य संज्ञास्ति" (वृहदारण्यक ४।५।१३) "मरणोत्तर इस जीव की संज्ञा नहीं रहती।" "नायमस्यीति चैके" (कठोपनिषद् १।१।२०)" कुछों के मत में मरणोत्तर यह नहीं रहता।"

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

कभी भी ब्रह्मवादी संप्रदाय अपनी पराकाष्ठा पर पहुँच जाता है तभी उससे ऊबकर लोक (जन समूह) बुद्धिवादी हो जाता है। जैसे कि जगत में सुख के बाद दुःख और दुःख के बाद सुख का क्रम अनवरत चलता रहता है, वैसे ही ब्रह्मवाद का क्रम चलता है। इतना निश्चित है, कि उपनिषद्काल के बाद अध्यात्मज्ञान की अति होने पर आचार्य वृहस्पति द्वारा संचालित कोई ऐसा प्रबल बुद्धिवादी संप्रदाय अवश्य चल पड़ा था जो हजारों वर्ष भारत में प्रबलतम रूप से चलता रहा है, जैन और बौद्ध संप्रदाय भी उसी के रूपांतर मात्र हैं। रूपांतर होने का भी वही (अति ही) कारण है। चार्वाक मत राजा (शासक) को ही ईश्वर मानता था।[1] उन्होंने अर्थशास्त्र और कामशास्त्र का निर्माणकर जीवन को संयमित करने की चेष्टा की थी। जीवन को ऋण करके भी सुखी बनाओ[2] ऐसा कहते हुए भी जीवन को उच्छृङ्खल और संयम रहित बनाने की वे सलाह नहीं देते। संयमित समाज, सत्य, शिव और सुन्दर हो यही इनका लक्ष्य रहा है। इनका कोई ग्रंथ नहीं मिलता, स्फुट विचार सूत्र उल्लिखित मिलते हैं। हो सकता है कोई ग्रंथ हो जिसे ब्रह्मवादियों ने नष्ट कर दिया हो क्योंकि यह विचारधारा सदा से धार्मिकों का सिर दर्द रहा है। आज भी बुद्धिवादी को हम लोग चरवांक कह देते हैं। इस प्रकार जिन चार्वाकों ने वेद को धूर्तों की रचना कहा आज चरवाक शब्द भी उसी अर्थ में प्रयोग किया जाता है। आत्मबुद्धि को यह भी महत्व देते थे पर उन्होंने आत्मशुद्धि की कोई साधनाप्रणाली समाज के समक्ष उपस्थित नहीं की थी, इसलिये समाज स्वतः संयमित बना रहता यह असंभव था। केवल कहने मात्र से अंतःकरण की शुद्धि बनी रहे ऐसा हो नहीं सकता। आज भी अधिकांश समाज बुद्धिवादी हैं, जो कि यही कहते हैं कि मन शुद्ध होना चाहिए साधना में क्या रक्खा है, पर जैसा शुद्ध मन है, वह तो राष्ट्र का प्रत्येक वच्चा जानता है। आज जो बुद्धिवाद की प्रबलता देखी जाती है, वह चार्वाकों के भौतिकवाद का ही प्रभाव है, जिसे ग्रीस के प्रसिद्ध भौतिकवादी डिमाक्रिटस (४६० ई० पू०) एपुकुरियस (३४६ ई० पू०) लुक्रोशियस (९५ ई० पू०) ने प्रबलतम रूप से फैलाया था। आज १६ वीं सदी के पॉजिटिविजम आदि दार्शनिकों पर चार्बाकमत की स्पष्ट छाप है। कम्युनिजम और मार्क्सवाद का सिद्धांत भी इस मत से पूर्णरूप से प्रभावित है। आज विश्व का पौन हिस्सा इस मत को ही व्यावहारिक

---

१. निग्रहानुग्रह कर्त्ता राजा ईश्वरः।
२. यावज्जीवेत सुखं जीवेत, ऋणं कृत्वा घृतं पिबेत्।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मानता है। जीवन से संयम को प्रत्येक महत्व देते हैं पर उनके समक्ष कोई मनोनुकूल संयमन की प्रक्रिया नहीं है। प्राचीन चार्वाकों के संयमन के लिये तो जैन और बौद्ध मत ने एक आचारप्रणाली सामने उपस्थित की थी जो चलती रही परंतु प्रबल भागवत धर्म में लीन हो गई क्योंकि वह (जैन-बौद्धों की) प्रणाली भी व्यवहार्य न हो सकी। भागवत धर्म ने जो ज्ञान क्रियात्मक सहज प्रणाली समाज के समक्ष उपस्थित की, उससे बौद्ध धर्म का ऐसा सामंजस्य स्थापित हुआ कि उसे पृथक किया नहीं जा सकता था परंतु उसको पृथक करने वाला तांत्रिकों का अति आचार था जिसको समाप्त कर देना परमावश्यक था। शंकराचार्य जी ने यह कार्य संपादन किया और केवल ज्ञानमार्ग का अद्वैत सिद्धांत स्थापित किया। आचार्य शंकर के आंदोलन से बौद्ध धर्म तो हिल गया पर ब्रह्मवादी भारत ने शंकर को भी अर्द्ध बौद्ध की उपाधि देकर पुनः भागवतधर्म के ज्ञानकर्म समुच्चयात्मक मत को स्थापित किया। भागवतों का ज्ञानकर्म समुच्चयात्मक मत न पूर्ण अद्वैत है, न पूर्ण द्वैत अपितु वह व्यवहार्य द्वैताद्वैत मत है। कोई भी प्राणी द्वैत होकर या अद्वैत होकर संसार में जी नहीं सकता उसे तो द्वैताद्वैतवादी होना ही पड़ेगा, यही व्यावहारिक मत है। भागवत धर्म के परवर्त्ती आचार्यों ने साधना को इतना व्यापक क्रियात्मक रूप दे दिया कि आज के समाज को उसे बरबस आडंबर की संज्ञा देनी पड़ी है और आज के हजारों वर्ष पूर्व के बौद्ध धर्म को पुनः मानने के लिये खिचाव हो रहा है। पर भागवत धर्म के प्रबल संस्कारों की शृंखला टूट नहीं पा रही है। क्योंकि भागवत धर्म ने मानव समाज को और बौद्ध धर्म को भी अनुप्राणित किया है। भागवत धर्म के मूलतत्त्व, ज्ञान-कर्म समुच्चयवाद को ही पुनः सामने लाना चाहिये वही सहायक हो सकता है। भारत में सर्वप्रथम ज्ञानकर्म समुच्चयवाद की स्थापना श्री निंबार्क ने की थी द्वैताद्वैत के रूप में। आज भी उसी का आवश्यकता है। श्री निंबार्क क्रिया को सहायक मात्र मानते हैं प्रधान नहीं। आज का वैष्णव समाज क्रिया में ही जकड़ गया है तभी उसके प्रति आस्था उठती जाती है। जैन और बौद्ध मत में भी क्रिया की यह जटिलता आ गई थी और है भी, इसीलिये वह व्यवहार्य नहीं रहे।

जैन दर्शन

जैनमत को बौद्धों से प्राचीन माना जाता है इसके प्रवर्त्तक पार्श्वनाथ और महावीर स्वामी हैं। इसको पहिले पाली भाषा में "निगण्ठ" मत कहते थे जोकि संस्कृत के निर्ग्रंथ का द्योतक है, जिसका तात्पर्य होता है, भव बंधन से

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

छूटने वाला। इसी तात्पर्य का परिचायक अर्हंत्[1] शब्द भी है इसीलिये इसे अर्हंतमत कहते हैं। राग द्वेषादि शत्रुओं पर विजय पाने के कारण ही भवबंधन के जेता, जिन कहलाये, उन जितेंद्रियों का मत ही जैन मत है। इस धर्म में आचार की प्रधानता है। ये जीव को चैतन्यमय मानते हैं,[2], ज्ञान ही जीव का साक्षात् लक्षण है, वह स्वभाव से ही अनंतज्ञान सम्पन्न है। कर्मों के कारण ही उसका विशुद्ध रूप ढँका रहता है।[3] सम्यक चरित्र की साधना से जीव का शुद्ध रूप पाया जा सकता है। वही कैवल्य और सर्वज्ञता है। इंद्रिय तथा मन की साधना के द्वारा होने वाला ज्ञान परोक्ष ज्ञान है। इसी को मतिज्ञान, स्मृतिज्ञान, संज्ञाज्ञान, चिंताज्ञान, अभिनिबोधज्ञान कहते हैं। यह मतिज्ञान भी दो प्रकार का है, इंद्रियजन्य और मानस। जीवात्मा जब विशिष्ट साधनों की सहायता से प्रतिबंधक आवारणीय कर्मो का आंशिक क्षय कर लेता है तो उसे भूत, भविष्य और वर्तमान का ज्ञान प्रत्यक्षरूप से होने लगता है, यह उसका अवधिज्ञान है जब जीव द्रोह, ईर्ष्या आदि प्रवृत्तियों के निरोधक कर्मों को नष्टकर देता है तो उसको दूसरों के मन की बात जानने की योग्यता आ जाती है। इसे मन: पर्याय ज्ञान कहते हैं। जब समस्त आवरणीय कर्मो का क्षय हो जाता है, तब उसे अपना शुद्ध रूप प्राप्त हो जाता है, वही जीव की स्वरूप प्राप्ति है यही केवल ज्ञान या कैवल्य प्राप्ति है। ऐसा सर्वज्ञ सिद्ध पुरुष का रूप होता है। जैन दर्शन के अनुसार जागतिक पदार्थ नित्यानित्य हैं। उनके मत में जगत की अनेकता भी सत्य है और एकता भी सत्य है। जैसे कि सुवर्ण के आभूषण अनेक रूप से निर्माण किये जाते हैं, पर सुवर्ण और आभूषण दोनों ही सत्य हैं, वैसे ही जगत भी है।

जीव संसारी होने से बद्ध तथा सांसारिक कर्मों से निर्मुक्त होने के कारण मुक्त है। शुभाशुभ कर्मों के प्रभाव से जीव के स्वाभाविक विशुद्धरूप पर आव-

---

१. सर्वज्ञोजित रागादि दोषोस्त्रैलोक्य पूजितः।
यथास्थितार्थवाद च देवोऽर्हन् परमेश्वरः ॥ स० द० सं० पृ० ६

[सर्वज्ञ, रागादिदोषों के विजेता, त्रैलोक्य पूजित, यथास्थितार्थवादी, सामर्थ्यवान् महापुरुष को अर्हत् कहते हैं]

२. चैतन्य लक्षणो जीवः।

३. तत्वार्थाधिगम सूत्र [२।३२—३६]

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

रण हो जाता है। जीव शुभाशुभ कर्मों का कर्त्ता और कर्म फलों का भोक्ता भी है। नित्य होने पर भी कर्मों के कारण ही जीव परिणामशील है। जीव न तो विभु है न अणु, अपितु वह शरीर के परिमाण के अनुसार रूप धारण करता है। जैसे कि हाथी के विशाल शरीर में विशाल तथा चींटी के सूक्ष्म शरीर में सूक्ष्म होता है।

अजीव जागतिक पदार्थों को ये पुद्गल कहते हैं जिसका अर्थ होता है बढ़ने घटने वाला।[1] जो निरवयव सूक्ष्म रहने पर अणु रूप होते हैं तथा जो एक दूसरे से मिलकर बृहदाकार धारण कर लेते हैं, वह उनका संघात रूप है। इन संघातों से शरीर, मन प्राण आदि की सृष्टि होती है। इन्हीं से पृथ्वी, जल तेज, वायु की सृष्टि होती है। अणु ही जगत के कारण हैं।

जैन दर्शन मोक्ष के तीन साधन मानता है—सम्यक् दर्शन, सम्यक्ज्ञान तथा सम्यक्चरित्र। दर्शन का अर्थ यह श्रद्धा करते हैं, अर्थात् मोक्ष मार्ग के साधन में सम्पूर्ण रूप से श्रद्धा होना परमावश्यक है।[2] सिद्ध पुरुषों द्वारा उपदिष्ट तत्वों पर श्रद्धान्वित होना साधन के लिये आवश्यकीय है। उन्हीं महापुरुषों के निर्दिष्ट शास्त्रीय सिद्धांतों और तत्वों का यथार्थ गम्भीर अनुभव करना ही सम्यक्ज्ञान है। उस अनुभव को अपने जीवन में कार्यान्वित करना ही सम्यक् चरित्र है। यही जैन दर्शन का रत्नत्रय है जो कि मोक्ष की सम्यक्-साधना है।[3]

फलोन्मुख कर्म को सम्यक् के द्वारा जीर्ण कर देने को यह निर्जरा कहते हैं। भोगात्मक जगत और भोगायतन शरीर के साथ जीवात्मा के वचन और क्रिया का योग होना आस्रव है। इस आस्रव के द्वारा जीव का जगत और शरीर के कर्मों में आसक्ति होना बंध है। इस बंध से मुक्त होने के उपाय की साधना ही संवर है। संवर और निर्जरा अवस्था से कर्मों का आत्यंतिक क्षय होता है, यही मोक्ष है।[4] मोक्ष में ही अनन्त चतुष्टयों[5] की प्राप्ति होती है और

---

१. पूरयंति गलंति च इति पुद्गलः [सर्वदर्शन संग्रह]
२. सम्यक् दर्शन ज्ञान चरित्राणि मोक्ष मार्गः तत्वार्थ सू० १।१।
३. तत्वार्थ श्रद्धानं सम्यग्दर्शनम् तत्वार्थ सू० १।२।
४. बंध हेत्वाभावनिर्जराभ्यांकृत्स्नकर्मक्षयो मोक्षः
तत्वार्थ सू० १०।२-३।
५. अनन्त ज्ञान, अनन्त वीर्य, अनन्त श्रद्धा, अनन्त शांति

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

जीव का विशुद्ध रूप प्रकाशित हो जाता है। स्वरूप प्राप्त कैवल्य स्वभाव जीव अपने आदर्शचरित्र से प्राणिमात्र का कल्याण सम्पादन करता है।

पाँच सार्वभौम महाव्रतों से जैन सम्यक् चरित्र की सिद्धि मानत हैं।[१] उन महाव्रतों में गृहस्थों से लिये शिथिलता भी दिखलाई गई है। आचार के नियमों के पालन में बड़ी कठोरता की व्यवस्था जैन मत की विशेषता है। अहिंसा आदि का बड़ा विहङ्गम रूप उपस्थित किया गया है, जो कि व्यावहारिक जगत में सामान्य जनों के लिये अशक्य सा हो जाता है। जोकि आडम्बरित हो गया है।

बौद्ध दर्शन

बौद्ध दर्शन उपनिषद् के इस सिद्धांत पर निर्भर है कि "मरणधर्मा के हृदय की सम्पूर्ण कामनायें जिस समय नष्ट हो जाती हैं, तभी वह यहीं अमृत हो जाता है।[२] जो कुछ भी वह परोक्ष अपरोक्ष करता है, वही उसका तदनुसार फल भोक्ता है, जैसा करता है, वैसा ही उसका आचरण होता है, वैसा ही वह हो जाता है। अच्छे आचरण वाला अच्छा होता है दुष्ट आचरण वाला पापी होता है। पुण्य से पुण्यकर्म तथा पाप से पापकर्म होते हैं। जैसी कामना करता है वैसा ही संकल्प होता है, जैसा संकल्प होता है, वैसा ही वह कर्म करता है और उस कर्म के अनुसार वैसा ही वह फल प्राप्त करता है।[३] इसलिये मानव को आत्मशुद्धि के लिये सदा चेष्टा करनी चाहिये। शील, समाधि और प्रज्ञा ये तीन आत्म शोधन के उपाय हैं। अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और मादक द्रव्यों का त्याग ये पाँच सात्विक कर्म ही पञ्चशील हैं। जो कि भिक्षु और गृहस्थ दोनों के लिये समान रूप से पालन करने योग्य हैं। चित्तवृत्तियों का निरोध होने पर समाधि होती है जिसमें पूर्व जन्म की स्मृति, जन्म मृत्यु का ज्ञान, तथा चित्त की बाधक वृत्तियों का समाधान होता

---

१. अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह।

२. यदासर्वे प्रमुच्यंते कामायेऽस्य हृदिश्रिताः, अथमर्त्योऽमृतो भवत्यत्र।

वृहदारण्यक ४।४।७।

३. यदेतदिदम्मयोऽदोमय इति, यथाकारी, यथाचारी तथा भवति—साधुकारी साधुर्भवति, पापकारी पापो भवति, पुण्यः पुण्येन कर्मणा भवति पापः पापेन। यथा कामो भवति, तत्क्रतुर्भवति, तत्कर्म कुरुते तदभिसंपद्यते।

वृहदारण्यक ४।४।५।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

है। आप्त महापुरुषों के उपदिष्ट तत्व का चिंतन करने से, उस पर युक्तिपूर्वक विचार करने से तथा समाधि से जो ज्ञान प्राप्त होता है वही प्रज्ञा है।[1] शील सम्पन्न, प्रज्ञा सम्पन्न व्यक्ति ही समाधि सम्पन्न होकर निर्वाण प्राप्त करता है। चित्त की निर्मलता ही निर्वाण है।

सम्पूर्ण दृश्यमान जगत नाशवान व अनित्य है। जगत का व्यवहार, कर्म विपाक के कारण चल रहा है, इसको चलाने वाला कोई नित्य सर्व व्यापक परब्रह्म नाम का तत्त्व नहीं है। सारा जगत नाम रूपात्मक है। आत्म अनात्म के चक्र में पड़कर समय खोना व्यर्थ है। कर्म विपाक के कारण ही नाम रूपात्मक देह को नाशवान जगत के प्रपञ्च में जन्म लेना पड़ता है। पुनर्जन्म का यह चक्र और संसार दुःखमय है, इससे छूटने के लिए उपाय करके शाँति और प्राप्त करना ही मानव जीवन का ध्येय है। जो भिक्षु (साधक) बुद्ध के उपदेश द्वारा अपने को, अपने अन्तःकरण की गुहा के सूक्ष्म कारण में ही लीन कर तत्त्व का अन्वेषण करता है, वह मेघ से मुक्त चन्द्रमा की भाँति इस लोक को प्रकाशित करता है।[2]

हमारी बुद्धि सविकल्प और सापेक्ष होने के कारण तत्व ग्रहण करने में असमर्थ रहती है। तत्व अवाङ्मनसगोचर, अद्वय, अजर, अमर, शाश्वत और अनन्त है। वह तर्क का विषय नहीं अपितु अपरोक्षानुभूति का विषय है। निर्विकल्प, निरपेक्ष, गम्भीर, शांत, आनन्दस्वरूप, विशुद्ध विज्ञान रूप है। वही बोधि

---

१. श्रुतमयी, चिंतामयी और भावनामयी तीन प्रकार की प्रज्ञा होती है।

२. योह वेदहरो भिक्खु युञ्जते बुद्ध सासने।
सो इमं लोकं पभासेति अब्भा मुत्तो व चन्दिमा॥

धम्मपद भिक्खुवग्गो २३।

यहाँ दहर शब्द छांदोग्योपनिषद् ८।१।१ में कहे गये अन्तःकरण के अष्टदल कमल में निहित सूक्ष्माकाश के लिये ही कहा गया है, उसी के अन्वेषण की बात उपनिषद् भी करता है और बुद्ध भी। उपनिषद् उस सूक्ष्माकाश को ब्रह्म कहते है। बुद्ध उसे निर्मल आत्मशोधन मानते हैं उसी को प्राप्त करके वह चन्द्रमा के समान निर्मल होना कहते हैं। उपनिषद् के मत में जीवात्मा का यह प्रकाशमय रूप ब्रह्मात्म भाव की प्राप्ति है।

[इस तथ्य का मनन ब्रह्मसूत्र १।३।१४ के दहर अधिकरण में करें]

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

ग्रौर प्रज्ञा है, उसी को प्राप्त करना चरम लक्ष्य है। संसार दुःख रूप है, ग्रज्ञान से ही उस दुःख की ग्रनुभूति होती है। काया का संवर, (संयम) वाणी का संवर, मन का संवर, इंद्रियों का संवर होने से भिन्न दुःखों से मुक्ति हो जाती है।[1] संयम ही ज्ञान प्राप्ति का साधन है। इसी की साधना से प्रज्ञा ग्रौर सम्यक् संबोधि होती है। यही साक्षात्कार का सुलभ मार्ग है, इससे परमानन्द रूप सुख प्राप्त होता है।

यज्ञों की हिंसात्मक प्रवृत्ति तथा जातिवाद के ग्रत्याचारों से बुद्ध को जो ग्राघात हुग्रा उसके फलस्वरूप उन्होंने वर्ण ग्रौर ग्राश्रम व्यवस्था में व्याप्त ग्रनैतिकता की कटु ग्रालोचना की। उनकी ग्रालोचना के विशेष लक्ष्य ब्राह्मण ही ग्रधिक थे, क्योंकि ब्राह्मण ही विशेष रूप से धर्म तत्व को ग्राडंबर से जकड़े हुए थे। उन्होंने "ब्रह्मं जानाति स ब्राह्मणः" [ब्रह्म को जानने वाला ब्राह्मण है] इस वास्तविक ग्रन्वर्थ ब्राह्मण शब्द को स्वीकार किया था। इसलिए बुद्ध ग्रपने उपदेश में ब्राह्मण के वास्तविक स्वरूप की नम्रतापूर्वक प्रशंसनीय व्याख्या करते थे। वे कहते थे कि, निर्भय, ग्रनासक्त, पापरहित, सत्य ग्रौर धर्मयुक्त, पवित्र, तपस्यारत, ग्रक्रोधी, व्रती, शीलवान, बहुश्रुत, संयमी, गम्भीर प्रज्ञावान, मेधावी, मार्ग, ग्रमार्ग के ज्ञाता, कृतकृत्य, पाप पुण्य की ग्रासक्ति ग्रौर शोक से रहित, निर्मल, शुद्ध चरित्र वाले को ही ब्राह्मण कहता हूँ ग्रन्य को नहीं। ऐसे ब्राह्मण पर प्रहार नहीं करना चाहिये ग्रौर ब्राह्मण को भी उस प्रहार कर्त्ता पर कोप न करना चाहिये।[2]

---

१. कायेन संवरः साधुः साधुः वाचा संवरः,
मनसा संवरः साधु साधु सर्वत्रसंवरः।
सर्वत्र संवृत्तो भिक्षुः सर्व दुखात् प्रमुच्यते।

[संस्कृत छाया] धम्मपद २५।२

२. वीतदरं विसञ्जुत्तं तमहं ब्रमि ब्राह्मणम्—वाहित पापोति ब्राह्मणो यम्हि सच्चञ्च धम्मो च सो सुची सोच ब्राह्मणो—झायंतं तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं—ग्रकिंचनं ग्रनादानं तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं—ग्रक्कोधनं, वतवंतं सीलवंतं ग्रनुस्सदं, दंतं ग्रंतिशरीरं तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं—गंभीरपञ्ञं मेधावि मग्गामग्गस्स कोविद उत्तमत्थं ग्रनुप्पत्तं तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं—यो, घ पुञ्ञञ्च पापञ्च उभो संगं उपच्चगा ग्रसोकं विरजं सुद्धं तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं—न ब्राह्मणस्य पहरेय्य नास्य मुंच्चेथ ब्राह्मणो—

धम्मपद-ब्राह्मणवग्गो सारांश।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

बुद्ध अहंकार को ही सारे पापों की जड़ मानते थे, इसलिये उन्होंने उस समय के अहं ममाभिमानी ब्राह्मण वर्ग की आलोचना की है। बुद्ध अहंतत्व को दबाकर ही बुद्धत्व की प्राप्ति मानते थे। अहं को दबा कर ही आत्मसंयम हो सकता है। मनुष्य स्वतः अपना स्वामी है। स्वतः अपना उद्धार कर सकता है, इसलिये आत्मसंयमी होना चाहिये। स्वयं अपने को जागरित करके शुभाचरण में लगाना चाहिये।[1]

बुद्ध ने वैदिक वर्णाश्रम व्यवस्था में बढ़ती हुई अनर्गलता का विरोधकर हिंसात्मक श्रौत यज्ञों को कुत्सित बतलाकर अहिंसा, सत्य, अस्तेय, सर्वभूतानुकंपा (प्राणिमात्र पर दया दृष्टि) तथा आत्मौपम्य दृष्टि (आत्मीयता) का उपदेश दिया जो कि वेदमूलक ही थे, जिन्हें प्रमादी समाज भूल चुका था, सांसारिक कामनाओं की प्राप्ति के लिये सतत् चेष्टवान था। काम्यकर्मों की प्राप्ति के लिये आसक्तिपूर्वक अनेक हिंसात्मक यज्ञ तक करने लगा था। ऐसे प्रमादयुक्त समाज को देखकर बुद्ध को कहना पड़ा—"प्रमाद में मत फँसो, कर्मों में आसक्ति मत करो। प्रमाद रहित ही सुख प्राप्त करता है।"[2] वैसे शास्त्रीय-नीतिपूर्ण सात्विकभाव संपन्न, भारतीय संस्कृति के स्तंभ ब्राह्मणों की स्तुति स्वयं बुद्ध बड़ी श्रद्धा के साथ "ब्राह्मण धम्मिक" सुत्तों में करते हैं।

बुद्ध जन्म से जाति नहीं मानते थे वे कर्म ही की प्रधानता स्वीकार करते थे—

न जटाहि, न गोत्तेहि, न जच्चा होति ब्राह्मणो
यम्हि सच्चञ्च धम्मो च सो सुची सो च ब्राह्मणो।

धम्मपद ब्राह्मण वग्गो ११

न जटा से, न गोत्र से, न जन्म से ब्राह्मण होता है अपितु जिसमें सत्य और धर्म है, वही शुचि और ब्राह्मण है।

अकिंचनं अनादानं तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं— धम्मपद २६।३६।
जो अकिंचन है और दान नहीं लेता उसी को मैं ब्राह्मण कहता हूँ।

१. अत्तना चोदयत्तानं पटिवासे अत्तमत्तना,
अत्ता हि अत्तनो नाथो अत्ताहि अत्तनोगतिः, तस्मा संजमयत्तानं
धम्मपद २५।२०-२१

२. मा पमादमनुयुंजेथ, मा कामरति सन्थवं
अप्पमत्तो हि झायंतो पप्पोति विपुलं सुखं। धम्मपद अप्पमादवग्गो ७

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

महात्मा बुद्ध के इस नैतिक शिक्षण और नैतिक आचारों को तथा उनके उपदेशों को समाज के सामने उपस्थित करने वाला संप्रदाय हीनयान के नाम से प्रसिद्ध हुआ इसमें दो मत थे। एक बाह्यार्थ प्रत्यक्षवाद को मानता था दूसरा बाह्यार्थानुमेयवाद का समर्थक था। पहिले के मत के अनुसार, अनुभव में आने वाले इंद्रियों द्वारा ज्ञात जगत की बाह्यसत्ता अवश्य है। हमारे भीतर चित्त की सत्ता भी स्वतंत्र रूप से है। बाहरी पदार्थों की सत्ता चित्त निरपेक्ष है। हम अपनी इंद्रियों की सहायता से ही बाहरी पदार्थों की सत्ता प्रत्यक्ष रूप से मानते हैं। बाह्य तथा आंतरिक पदार्थ स्वतंत्र रूप से पृथक्-पृथक् सत्ता धारण करते हैं। इसलिसे संसार सत्य है।

बाह्यार्थानुमेयवादी के मत में जगत की बाह्यसत्ता है तो अवश्य, परंतु हमारी इंद्रियों द्वारा उसका प्रत्यक्ष नहीं होता। सभी पदार्थ क्षणिक हैं तो उनका प्रत्यक्ष ज्ञान हो ही नहीं सकता। प्रत्येक पदार्थं क्षण क्षण बदलता रहता है, इसलिये इंद्रियों से ग्राह्य होते होते वह बदल जाता है। इंद्रियों से केवल उसका अनुमान मात्र होता है। इसलिये बाहरी पदार्थों का ज्ञान प्रत्यक्ष से न होकर अनुमान से होता है। चित्त में जिस पदार्थ के आकार और प्रकार का अनुमान हो जाता है, वैसी ही बाहरी अनुभूति होती है। इसलिये बाहरी पदार्थ चित्त सापेक्ष हैं, पृथक नहीं।

इस प्रकार दोनों ही आंतरिक और बाह्य सत्ता का अस्तित्व स्वीकार करते हैं, परंतु पहिला प्रत्यक्ष से दूसरा अनुमान से। दोनों ही सर्वास्तित्व-वादी हैं।

हीनयान के बाद एक मत और प्रचलित हुआ जो महायान के नाम से प्रसिद्ध हुआ, इसमें भी दो भेद हुए। एक विज्ञानवाद, दूसरा शून्यवाद।[1] विज्ञान-वाद सत्ता की मीमांसा अधिक व्यापक रूप से करता है। वह बाह्य सत्ता को बिलकुल स्वीकार नहीं करता। वह आंतरिक ज्ञान की ही सत्ता मानता है। उसकी दृष्टि में अंत:करण में होने वाली कल्पना ही साकार रूप में जगत रूप में दीखती है। ज्ञान द्वारा होने वाली विज्ञप्ति को ही वह विज्ञान कहता है। विज्ञान को ही चित्त, मन कहता है [चेतन क्रिया से संबंध होने के कारण वह

---

१. ये चारों मत बुद्ध के २०० वर्ष बाद ही चले थे और ई० पू० ३री सदी तक इनकी महत्ता मानी जाती है।

बौद्धदर्शन पृ० ७७–७८ राहुल सांकृत्यायन

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

चित्त है, मनन करने के कारण वह मन है, तथा विषयों का ग्राहक होने के कारण वह विज्ञान कहा जाता है।

शून्यवादी न तो बाह्यार्थ को मानते हैं और न विज्ञान को ही। उनके मत में शून्य तत्त्व है, जो कि सत् असत से भिन्न विलक्षण अनिर्वचनीय रहस्यात्मक तत्त्व है। शून्य शब्द अभाव का द्योतक नहीं अपितु अज्ञेय का द्योतक है। इस प्रकार विज्ञानाद और शून्यवाद जगत का अस्तित्व स्वीकार नहीं करते। बौद्ध दर्शन की साधना प्रणाली प्रत्यक्ष से अनुमान, विज्ञान होकर क्रमशः शून्य में विलीन हो जाती है। यही बौद्ध साधना का अंतिम फल है।[1]

इस प्रकार हम देखते हैं, कि प्रायः सभी दर्शन दुःख से आत्यंतिक मुक्ति चाहते हैं। किसी न किसी रूप से सभी उस लक्ष्य तक पहुँचे हैं। किसी में विरोध की भावना परिलक्षित नहीं होती सभी यथाशक्ति सरल से सरल उपाय निकालने की चेष्टा करते हैं।

न्याय, वैशेषिक सांख्य के मत में दुःखों की अत्यंत निवृत्ति ही मोक्ष है। वेदांती अविद्या की निवृत्ति को मोक्ष कहते हैं। योग दर्शन जीव की स्वरूप प्राप्ति को कैवल्य कहता है। मीमांसक की दृष्टि में सुख दुःखात्मक उभयविध प्रवृत्तियों को मन से विलग होकर निर्मल होना ही मोक्ष है। ऐसा ही लगभग जैन और बौद्धों का भी मोक्ष विषयक मत है। जीव जगत और अविद्या के विषय में भी लगभग एक सी धारणा है, सब की। ईश्वर के विषय में अवश्य

---

१. इन चारों मतों का निराकरण श्री निंबार्काचार्य जी ने अपने अविरोधाध्याय में किया है। श्री निंबार्काचार्य के बाद इन मतों का विशेष नामकरण वभाषिक, सौतांत्रिक, योगाचार और माध्यमिक हुआ। बुद्ध के ३०० वर्ष बाद कात्यायनी पुत्र ने "अभिधर्मज्ञान प्रस्थान शास्त्र" ग्रंथ रचा था, उस पर कनिष्क के युग में "अभिधर्म विभाषाशास्त्र" भाषा ग्रंथ की रचना हुई इसलिये वैभाषिक मत कहा गया। ये दोनों अब तिब्बती और चीनी भाषा में ही प्राप्त हैं [बाद में तो अनेक ग्रंथ लिखे गये] तथागत बुद्ध के उपदेश सूत्र रूप से सुत्तपिटक में संग्रहीत हैं, वे ही बाह्यर्थानुमेयवाद के आधार हैं उन्हीं को सौतांत्रिक नाम दिया गया। विज्ञानवाद में आगे चलकर सदाचार का योग हुआ इसलिये वह योगाचार कहा था। शून्यवाद नागार्जुन के ग्रंथ "माध्यमिक कारिका" के नाम से माध्यमिक मत कहलाया। इस समय इन चारों मतों के विपुलग्रंथ हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विकल्प रहा है। अधिकांश दर्शन, संशयित ही रहे हैं जिसने अंशतः ईश्वर तत्व को माना भी है, तो केवल निमित्त रूप में ही। जैसे कि न्याय और वैशेषिक ईश्वर को जगत का निमित्त कारण ही मानते हैं। सांख्य तो "ईश्वरा-सिद्धेः" कह कर ईश्वर तत्त्व का प्रत्याख्यान ही करता है। योगदर्शन की दृष्टि में साधना का आश्रयतत्त्व, ईश्वर है। मीमांसादर्शन को ईश्वरतत्व पर आस्था नहीं है। एकमात्र वेदांत दर्शन ही ईश्वर को जगत का कारण और श्रेष्ठ स्वीकार करता है। विवेचन और तत्त्वों के निरूपण की प्रणाली भिन्न होते हुये भी लक्ष्य सिद्धि अविरुद्ध है। सभी सुख चाहते हैं। वेदांती ब्रह्म को ही सुख मानते हैं।

भगवान बादरायण

इन सभी विभिन्नताओं को समन्वय करने की चेष्टा पुनः वेदांतदर्शन ने ही की है। इस महत्वपूर्ण कार्य को भगवान बादरायण ने किया। बादरायण व्यास थे, क्योंकि उन्होंने वैदिक तत्त्वों का विस्तार किया था। वैदिक रहस्य के उद्घाटक को ही व्यास पदवी प्राप्त थी[1] व्यास निश्चित ही अनेक हुए हैं। भागवत एकादश स्कंध में श्रीकृष्ण जी ने उद्धव से विभूतियोग का वर्णन करते हुए कहा है, कि "मैं व्यासों में द्वैपायन व्यास हूँ।"[2] सामान्यतः दार्शनिकों में और धार्मिकों में यह भ्रांत धारणा रही है कि व्यास एक हैं, जिन्होंने वेदों का विस्तार किया, महाभारत और अठारह गुराण बनाये तथा ब्रह्म सूत्र की रचना की। पर गवेषणा करने पर यह धारण निर्मूल हो जाती है। पुराणों में अट्ठाइस व्यास कहे गए हैं। कृष्ण द्वैपायन अट्ठाइसवें व्यास हैं तथा उनतीसवें व्यास द्रौणि कहे गये हैं।[3] ज्ञात होता है, कि दोण पुत्र, बादरायण ही द्रौणि हैं। बादरायण को निंबार्काचार्य जी प्रायः सभी जगह भगवान कहते है, जिससे ज्ञात होता है, कि ब्रह्मसूत्र के रचयिता बादरायण ही हैं क्योंकि ब्रह्म सूत्र में सृष्टि की उत्पत्ति, प्रलय, जीवों का आवागमन, माया और विद्या

---

१. "वेदविभागकर्तृणां"—श्रीधर स्वामी—भागवत टीका।

२. "द्वैपायनोऽस्मि व्यासानाम्"—भागवत ११।१६।२८॥

३. "एकोनविंशति संप्राप्ते द्रौणिव्यासो" देवी भागवत १।३।२३। २८ व्यासों का वर्णन देवी भागवत।१।३।२६—३४। विष्णु० पु० ३।३ में भी है

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

आदि तत्त्व विवेचन किये गये हैं,[१] इसका ज्ञान जिसे हो वही भगवान है। कृष्ण द्वैपायन और बादरायण दोनों एक नहीं हैं। महाभारत के अध्ययन से ज्ञात होता है कि कृष्ण द्वैपायन भगवान श्री कृष्ण के समकालीन थे। जब कि बादरायण जी निश्चित ही महात्मा बुद्ध के बाद ई० पू० ४ शती में हुए थे, जैसा कि ब्रह्मसूत्रों के अध्ययन करने से ब्रह्मसूत्र के रचयिता बादरायण व्यास हैं, कृष्ण द्वैपायन नहीं विचार करने पर स्पष्ट हो जाता है। कृष्ण द्वैपायन ब्रह्मसूत्र के रचयिता नहीं हो सकते क्योंकि ब्रह्मसूत्र में बृहदारण्यकोपनिषद में संकलित याज्ञवल्क्य के दार्शनिक विचारों की मीमांसा की गई है। विष्णुपुराण के अनुसार याज्ञवक्य कृष्णद्वैपायन जी की शिष्य परंपरा की तृतीय पीढ़ी में कहे गये हैं।[२] याज्ञवल्क्य ने ही अनुष्ठान के द्वारा सूर्य से शुक्ल यजुर्वेद को प्राप्त किया था।[३] कृष्ण द्वैपायन व्यास ने तो वेदों का ही विस्तार किया है पुराणों का संकलन नहीं जैसा कि महाभारत और विष्णुपुराण से सिद्ध होता हैं।[४] महाभारत की रचना भी इन्हीं द्वैपायन वेदव्यास की है।[५]

---

१. उत्पत्तिं प्रलयं चैव भुतानामागतिं गतिम्।
वेत्ति विद्यामविद्यां च सवाच्चो भगवानिति। नारद पुराण ४६।२१।
अचतुर वदनो ब्रह्म द्विबाहुरपरो हरिः।
अभाल लोचनः शंभुः भगवान बादरायणः॥
ब्रह्मणो ब्राह्मणानां च तथानुग्रह कांक्षया।
विव्यास वेदान् यस्मात् स तस्माद् व्यास इति स्मृतः।
महाभारत आ० प० ६३।८८।

भागवत १।७।१ में भी भगवान् बादरायणः कहा गया है।

श्रीमद्भागवत में कृष्ण द्वैपायन और बादरायण दोनों व्यासों की लीला को मिलाकर एक कर दिया गया है, इसलिए प्रायः लौगों को भ्रम हो जाता है।

२. विष्णु पुराण ३।४।१८।

३. विष्णु पुराण ३।५। संपूर्ण।

४. महा० आदि० अ० ६३ श्लो० ८८—९० तथा वि० पु० ३।४।५॥

५. कृष्ण द्वैपायनं व्यासं विद्धि नारायणं प्रभुम्।
को ह्यन्यो भुवि मैत्रेय महाभारत कृद्भवेत्। वि० पु० ३।४।५

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

परंतु उसमें भी कुछ अंश बादरायण जी का है, जो कि बुद्ध के बाद का है।[१] वेदव्यास जी ने वेद के तात्पर्य निरूपण के लिये पंचम वेद महाभारत की रचना की थी। महाभारत में पौराणिक अंशों का भी संकलन है, इसलिये महाभारत पूर्ण रूप से इतिहास नहीं है। पुराणों का अस्तित्व सदा रहा है, वेदों के समान उनका भी प्रादुर्भाव और तिरोभाव ही होता रहा है। प्राचीन इतिवृत्तात्मक उदंतो को नवीन रूप देना ही पुराण की रचना है।[२]

अनेक सृष्टियों और प्रलयों के उदंत न हों वे ही पुराण होते हैं। ब्रह्मा भी सृष्टि के आदि में सर्व प्रथम पौराणिक रहस्यों का स्मरण कर वेद का उच्चारण करते हैं।[3] इससे स्पष्ट है कि वेद भी, पौराणिक रहस्य के उद्घाटन मात्र हैं। इसीलिए वेद और उपनिषद् में पुराणों की चर्चा की गई है।[४] परंपरया प्रसिद्ध किंवदंतियों का संकलन पुराणों में सदा होता रहा है।[५] शास्त्रों में जैसा उल्लेख हैं, उससे तो ज्ञात होता है कि सृष्टि के आदि में ब्रह्मा ने सौ करोड़ श्लोकों की पुराण गाथा स्मरण की थी और उसका मुनियों को उपदेश

---

१. महाभारत बनपर्व १६०।६८। में "'एडूक चिन्हा पृथ्वी न देव गृह भूषिता" कहा गया है जिसका तात्पर्य होता है कि पृथ्वी मै मंदिरों के स्थान पर एडूक (समाधियाँ) होंगी। एडूक डागोबा के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है जो कि संस्कृत भाषा के धातु गर्भ (पाली का डागब) का अपभ्रंश है। सीलोन और ब्रह्मा में डागोबा बहुत हैं। भारत में भी बुद्ध के समाधिस्थल थे।

२. पुरानवम् = पुराणम्। पुरार्थेषु आनयतीति पुराणम् —पद्म पुराण

३. पुराणं सर्व शास्त्रणां प्रथमं ब्रह्मणा स्मृतम्।
अनंतरं च वक्त्रेभ्यो वेदास्तस्य विनिर्गताः मत्स्य पुराण ५३।३

४. ऋचः सामानि छंदांसि पुराणं यजुषा सह
उच्छिष्टाज्जज्ञिरे सर्वे दिबि देवा दिविश्रिताः।
अथर्व वेद ११।७।२४

छांदोग्य—शतपथ ब्राह्मण १३।४।३१३। वृहदारण्यक २।४।११। इत्यादि में पुराण चर्चा है। स्वामी शंकराचार्य के मत से—"उर्वशी हाप्सराः" आदि ब्राह्मण भाग, इतिहास, तथा "असद् वा इदमग्रमासीत्" इत्यादि सृष्टि प्रक्रिया घटित वाक्य पुराण हैं। वृहदारण्यक भाष्य

५. पुरा परंपरावक्ति पुराणम् तेन वै स्मृतम्— वायु पुराण १।२।५३।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

दिया था।[१] समय समय पर इन गाथाओं में वृद्धि और ह्रास होता रहा है। मधुसूदन सरस्वती विश्व सृष्टि के इतिहास को पुराण कहते हैं तथा जीव गोस्वामी उस सृष्टि इतिहास को स्मरण दिलाने वाले संकलन को पुराण कहते हैं।[२] वास्तव में, सृष्टि के प्रथम के प्रकृति पुरुषात्मक तत्व का ही यह जगत परिणाम है, इस रहस्य के ज्ञान की उपलब्धि में सदा जागरूक रखने वाले चरित्रों का संकलन ही पुराण है। पुराणज्ञान [आत्मज्ञान] विज्ञान [प्रकृति-विज्ञान] के शास्त्र हैं। वेदों के रहस्यमय विज्ञान को गाथाओं का रूप देकर पुराणों में स्पष्ट किया गया है।[३] पुराण गाथायें अनादिकाल से रही हैं और रहेंगी। इन गाथाओं में समय समय की सामाजिक व्यवस्था तथा संस्कृति का चित्रण होता रहता है। कृष्ण द्वैपायन जी ने मुख्य रूप से वेद का विस्तार और उपनिषदों का उद्घाटन शिष्यों के साथ किया था। जो कि इस समय प्राप्त हैं। पुराण उनके समय भी थे और उनके शिष्यों द्वारा उनका संकलन भी होता रहा, पर इस समय जो उपलब्ध पुराणों का रूप है, वह बादरायण व्यास द्वारा दिया गया हैं। उनके बाद भी नैमिषारण्य क्षेत्र में एक हजार वर्ष तक ऋषियों द्वारा उनका परिमार्जन होता रहा है। शौनिकादि ऋषियों ने इसे प्रारम्भ किया था।[४] बादरायण जी ने प्राचीन गाथाओं को एकत्र किया इसलिए उन्हें संहिता कहा गया।[५] उन संहिताओं में तीन प्रकार की भाषा का प्रयोग किया गया है।

---

१. न्याय दर्शन ४।१।६२ के भाष्य में वात्स्यायन ऋषि ने, मन्त्र एवं ब्राह्मण भाग के द्दष्टा तथा प्रवचन कर्त्ता ऋषियों को ही इतिहास पुराण और धर्मशास्त्र का प्रवक्ता माना है।

२. विश्व सृष्टेरितिहासः पुराणम्—पुराणोत्पत्ति प्रसङ्ग। मधुसूदन-सरस्वती पुरान यतीति पुराणम्—जीव गोस्वामी।

३. वेदेर निगूढ़ अर्थ बूझते ना जाय, पुराण वाक्य सेई अर्थ करये निश्चय— चैतन्य भागवत।

४. नैमिषैऽनिमिषक्षेत्रे ऋषयः शौनकादयः।
सत्रं स्वर्गाय लोकाय सहस्रसममासत। भागवत १।१।४।

५. आख्यानैश्चाप्युपाख्यानैर्गाथाभिर्कल्प शुद्धिभिः
पुराण संहितां चक्रे भगवान बादरायणः। पद्म पुराण।

[आख्यान, उपाख्यान, गाथा, कल्पशुद्धि इन चारों का पुराण रूप से भगवान बादरायण ने संग्रह किया]

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

समाधि भाषा, लौकिकी भाषा तथा परकीया भाषा। जिसको समाधि द्वारा तत्व विवेचन की दृष्टि से लिखा गया वह समाधि भाषा है, वह केवल श्रीमद्भागवत है। जिन चरित्रों में रूपक और अलंकार का आश्रय लिया गया है वह लौकिकी भाषा है। जिसमें दृष्टांत दिया गया है वह परकीया भाषा है।[1]

भारतीयों की तत्व चिंतन की शैली सदा आध्यात्मिक ही रही है। भारतीय कभी किसी वस्तु का नाश नहीं मानते इसलिए इनकी दृष्टि में व्यासादि ऋषियों का अन्तर्ध्यान ही होता है, गीता के अनुसार वह दिव्य ऋषि नित्य मुक्त आत्मा हैं जो कि पुराने कपड़े की तरह स्थूल शरीर को छोड़ देते हैं पर आवश्यकता के अनुसार वह दूसरे देह में प्रवेश कर शास्त्रों के रहस्य का उद्घाटन करते हैं।[2] वे सदा भगवद् भाव को प्राप्त रहते हैं इसलिए भगवान के अवतार हैं। भगवान व्यास भी ऐसे ही अवतार हैं जो कि प्रति द्वापर युग में प्राणियों की कल्याण की कामना से वेद का व्यास करते हैं तथा प्रत्येक कलियुग में प्राणियों की अल्प बुद्धि और अल्पायु को देखकर पुराणों का संग्रह करते हैं।[3] यहाँ स्पम्ट रूप से द्वापर युग के [कृष्ण द्वैपायन]

अपने काल में दृष्ट इतिवृत्त को आख्यान, परोक्ष में घटित इतिवृत्त को उपाख्यान, परम्परा से श्रुत जिनके कर्त्ता का ज्ञान नहीं ऐसी किंवदंतियों को गाथा तथा ऐतिहासिक विषय से सम्बद्ध, पौराणिक इतिहास विभाग में अनूदित धर्मशास्त्र आदि शास्त्रों से प्रदिपादित, ज्ञान एवं कर्त्तव्य विषयक वचन को कल्पशुद्धि कहते हैं—

१. समाधि भाषा प्रथमा लौकिकीतितथापरा।
तृतीया परकीयेति शास्त्र भाषा त्रिधा स्मृता।

गौतम आपस्तम्ब धर्म सूत्रों की रचना ई० पू० ५ वीं सदी की है, जिसमें पद्मपुराण और भविष्य पुराण के उद्धरण दिए गए हैं, जो कि इस समय उपलब्ध पुराण प्रतियों में नहीं हैं। इससे स्पष्ट है कि बादरायण और उनके शिष्यों की संहिता में ई० पू० ३ सदी में परिवर्तन हुआ।

२. सामान्य जीव को तो कर्मवश जन्ममरण के चक्र के कारण माता के गर्भ में प्रवेश करना पड़ता है परन्तु नित्य मुक्त, भगवद् भाव को प्राप्त, महात्मा स्वेच्छावश जगत की कल्याण कामना से स्थूल शरीर को धारण करते हैं।

३. द्वापरे द्वापरे विष्णुर्व्यास रूपेण सर्वदा।
वेदमेकं स बहुधा कुरुते हित काम्यया।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

व्यास तथा कलियुग के [बादरायण] व्यास इन दो रूपों का वेद व्यास और पुराण संग्रहीता के रूप में उल्लेख है। स्वामी शंकराचार्य जी भी देवताओं का ऐश्वर्य बल से इच्छानुसार रूप धारण करना मानते हैं, तथा व्यासादि को भी उसी कोटि में नित्य मुक्त सामर्थ्यवान मानते हैं।[१] भगवान निंबार्काचार्य जी, मुक्तात्मा को भगवत्कृपा से सामर्थ्यवान तथा भगवत लीला का रसास्वादन करने के लिए स्वतः संकल्प से शरीर धारण करने वाले कहते हैं।[२]

इस रहस्यमय विचार शैली से स्पष्ट है कि व्यास, शरीर से भिन्न होते हुए भी एक हैं। इसी प्रकार पौराणिक ऋषियों की नित्यता का तात्पर्य भी समझ लेना चाहिए। नारदादि भी समय समय पर शरीरी हुए हैं।

भगवान बादरायण ने सर्व प्रथम वेदांत सूत्रों की रचना जो कि उपनिषद् रहस्य के उपकारी हैं।'[३] महाभारत में गीता का कुछ अंश भी बादरायण का है[४] और श्री मद्भागवत उनकी सर्वोत्तम कृति है।[५] क्योंकि भागवत में बड़ी विद्वता के साथ दार्शनिकों के और धार्मिकों के पारस्परिक मतभेद को मिटाने की चेष्टा की गई है, और इस कार्य में पूर्ण सफलता भी मिली है। भिन्न भिन्न उपनिषदों

अल्पायुषोऽल्पबुद्धींश्चविप्राञ्ज्ञात्वा कलावथ।
पुराण संहितां पुण्यां कुरुतेऽसौ युगे युगे।
देवी भागवत १।२।१९-२०।

१. अस्ति हि ऐश्वर्य योगात् देवतानां ज्योतिराद्यात्मभिश्च अवस्थातुं यथेष्टं च तं तं विग्रहं ग्रहीतुं सामर्थ्यम्। तथा चव्यासादयो देवादिभिः प्रत्यक्षं व्यवहरंति।
शांकर भाष्य १।३।३३

२. मुक्तस्य भगवल्लीला रस भोगोपपत्तेकदाचिद् भगवल्लीलानुसारिणा स्व संकल्पेनापि सृजति।
निंबार्क भाष्य ४।।४।१४

३. वेदांतो नामोपनिषत्प्रमाणं तदुपकारीणि शारीरिक सूत्रादीनि च
वेदांतसार।

४. जिसने ब्रह्मसूत्रों की रचना की है, उसी ने मूल भारत और गीता को वर्त्तमान स्वरूप दिया है— गीता रहस्य पृ० ५३५ लोकमान्य तिलक

५. वेदोपनिषदां साराज्जाता भागवती कथा।
अत्युत्तमा ततो भाति पृथग् भूता फलाकृतिः।।
पद्म पुराण उत्तर खंड २।६७।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

में भिन्न भिन्न ऋषियों द्वारा अनुभूत, उपदिष्ट, अध्यात्म सिद्धांतों की नियमबद्ध विवेचना के लिए ही बादरायणाचार्य ने ब्रह्मसूत्र की रचना की।[1] इस प्रकार उपनिषदों के तात्पर्य का निश्चित रूप ब्रह्मसूत्रों में करने के बाद, उसके रहस्य की व्याख्या श्रीमद्‌भागवत में की है, जो कि उस तात्पर्य का निश्चित उत्तम रूप है। गीता के कुछ अंश और ब्रह्मसूत्र की रचना प्रायः एक काल में हुई है, क्योंकि गीता में स्पष्ट रूप से ब्रह्मसूत्र की रचना का प्रयोजन कहा गया तथा ब्रह्मसूत्र में के कई सूत्रों में स्मर्यते, स्मरंति च आदि कह कर गीता को तत्व का समर्थक कहा गया है। भागवत का ११ वाँ स्कन्ध गीता का वृहद व्याख्यान है तथा भागवत में महाभारत और ब्रह्मसूत्र की रचना का उल्लेख भी है।[2] गीता में भागवत तत्व का विवेचन करने के बाद भी शांति न मिलने, पर भागवत में उसको विस्तृत रूप से वर्णन किया गया है। गीता और ब्रह्मसूत्र की रचना के बाद भी बादरायण जी को ऐसा प्रतीत हो रहा था कि वह अभी

---

१. ऋषिभिर्बहुधा गीतं छंदोभिर्विविधैः पृथक्।
ब्रह्मसूत्र पदैश्चैव हेतुमद्भिर्विनिश्चितैः॥ गीता १३।४

प्रायः सभी आधुनिक शोध कर्त्ताओं के मत में ब्रह्म सूत्रों की रचना ई० पू० ४ सदी ही निर्धारित की गई है।

जोवेष्वर ब्रह्म भेदो निरस्तः सूत्र निर्णये,
निरूपितं परं ब्रह्म श्रुतियुक्त विचारकः। वायुपुराण ४।१०४।२२॥

जीव ईश्वर ब्रह्म का भेद ब्रह्मसूत्र के निर्णय में श्रुति के तत्व विचारक बादरायणाचार्य ने निरूपित कर परब्रह्म का स्वरूप स्थापन किया हैं।

२. भागवत १ स्कंध ५ अध्याय श्लोक ३ और ४ में नारदजी ने व्यास जी से कहा :—

जिज्ञासितं सुसंपन्नमपि च ते महदद्‌भुतम्।
कृतवान् भारतं यस्त्वं सर्वार्थ परिबृंहितम्॥
जिज्ञासितमधीतं च यत्तद्‌ब्रह्म सनातनम्।
अथापि शोचस्यात्मानतकृतार्थ इव प्रभो॥

[व्यास जी! आपने जिज्ञासित ब्रह्म तत्त्व का जो अद्‌भुत रहस्य महाभारत में किया था, उसे अपने "अथातोब्रह्म जिज्ञासा के रूप में विचारा और गीता के विराट रूप तथा विभूति रूप से समझ भी लिया है, फिर भी आप अकृतार्थ से ही दीखते हैं]

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अकृतार्थ ही हैं क्योंकि महात्मा बुद्ध द्वारा वैदिक कर्मकांड के विरुद्ध जो शांतिमय सरल मार्ग प्रदर्शित किया गया था वह इतना प्रभावशाली था कि जैमिनि[1] द्वारा मीमांसाशास्त्र का नियम बद्ध विवेचन होने के बाद भी उसमें कोई अन्तर न आ सका। पुनः कर्मकांड की स्थापना को जन समाज ने स्वीकार नहीं किया। जनता तो बुद्ध के शांतिमय, कर्म की विधियों से रहित, सरल मार्ग में अभ्यस्त ही थी और भिक्षु रूप की महत्ता मानने लगी थी। कर्म की विधि लुप्त प्राय थी। कपिल के साख्य मत का अनीश्वरवादी सिद्धांत जोकि बुद्ध के सदियों पूर्व स्थापित हुआ था, उसका भी व्यापक प्रभाव सभी अर्द्ध आनीश्वरवादी और अनीश्वरवादी दर्शनों पर पड़ा था। जैन, बौद्ध भी उससे प्रभावित थे। सभी समवेतस्वर से ईश्वर की सत्ता को अस्वीकार कर रहे थे। अणु से ही सृष्टि का विकास मानते थे तथा आत्मशुद्धि को ही मोक्ष कहते थे। ईश्वर तत्त्व को पुनः प्रकाशित करने का उपाय, महर्षि पतंजलि ने अपने योगदर्शन में किया। साधना के साथ ईश्वर प्रणिधान को भी विशेष महत्व प्रदान किया। योगदर्शन की साधना ने बौद्धों की साधना को और प्रकृष्ट बनाया, परन्तु ईश्वर प्रणिधान फिर भी न हो सका। बादरायण जी ने भी उस पर अपना भाष्य लिखकर पतंजलि[2] के कार्य में सहयोग दिया।

---

१. जैमिनि बादरायणाचार्य के शिष्य थे। इन्होंने अपने ग्रंथ के प्रारंभ में में ही "श्रीमद्व्यास पयोनिधिर्निधिरसौ" कहकर अपने ग्रंथ को व्यास के ज्ञान समुद्र की निधि बतलाया है। व्यास जी ने अपने प्रथम शिष्य जैमिनि द्वारा वैदिक धर्म की स्थापना की चेष्टा की थी पर उससे उन्हें उतनी सफलता न मिल सकी क्योंकि जनता वैदिक कर्मकांड की हिंसात्मक प्रवृत्ति से पूर्ण रूप से ऊब चुकी थी।

२. पतंजलि का योगदर्शन ई० पू० ४ सदी में बना ऐसा सभी ऐतिहासकों का प्रायः एकमत है। योगदर्शन के प्रणेता पतंजलि—पाणिनि व्याकरण महाभाष्यकार पतंजलि से भिन्न हैं। भाष्यकार पतंजलि तो ई० पू० १८४ में ब्राह्मण शासक पुण्यमित्र शुंग के पुरोहित थे जैसा कि महाभाष्य के प्रसंगों से ही सिद्ध हो चुका है।

योगसूत्र ३।५२ में बुद्ध के क्षणवाद (जो कि बाद में सौतांत्रिक कहलाया) का खंडन तथा सूत्र ४।१५-१७ तक विज्ञानवाद का खंडन है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

ब्रह्म सूत्र की रचना द्वारा ब्रह्मवाद की स्थापना करने का प्रयास किया गया। वैदिक काल की बहुदेवोपासना की ओर लोगों की अनास्था हो रही थी उसे ब्रह्म सूत्र द्वारा बहुत कुछ दूर कर दिया गया। एक अखंड अद्वय ब्रह्म की स्थापना कर एकेश्वरवाद का प्रचार किया गया।[1] सभी मतों के विरुद्धांशों का निराकरण और उनका वेदांत में ही समन्वय ये दो मुख्य ब्रह्म सूत्र के प्रयोजन थे। वह समन्वय का युग था, बौद्ध को भी ईश्वर का अवतार बनाकर अपने में प्रेम पूर्वक मिलाकर ब्राह्मण और बौद्धमत की विरुद्धता बड़ी कुशलता से समाप्त कर दी गई।[2]

भागवत धर्म

ब्रह्मसूत्र से ब्रह्मवाद तो सिद्ध हो चुका था, पर ब्रह्म के मूर्त्त रूप की आवश्यकता थी, उसे श्रीमद्भागवत ने पूर्ण कर दी। भागवत ब्रह्म की वाङ्मयी मूर्त्ति कही गई। उसकी सेवा, श्रवण, पाठ और दर्शन का विपुल माहात्म्य हुआ।[3] भागवत धर्म का जन समाज पर बड़ा व्यापक प्रभाव पड़ा। शनैः शनैः बुद्ध धर्म इसमें समाता चला गया। भक्ति का मार्ग ही ऐसा राजमार्ग था जिस पर सबको समान रूप से चलने का पूर्ण अधिकार था। उसकी विशालता और स्वच्छता से आकृष्ट होकर अपनी-अपनी मान्यताओं को साथ में रखते हुए सभी उस मार्ग के पथिक हो चले। वही एकमात्र अनर्थों का उपशमन करने वाला

---

१. अशोक ने लिखा है "आमिसा देवा मिसा कटा" (अमिश्राः देवाः मिश्राः कृताः) अनेक देवता एक कर दिये गये।

२. यह घटना ई० पू० ४ शताब्दी की है, जिस समय नंदिवर्द्धन का राज्य काल था। समन्वय का यह आंदोलन लगभग सौ वर्षों तक बराबर चलता रहा ३२२ ई० पू० चाणक्य ने भी इस कार्य में सहयोग किया तथा २७० ई० पू० में अशोक पूर्ण समन्वय वादी सम्राट था उसने भारत के विचिन्न चार स्थानों (प्रयाग, हरिद्वार, उज्जैन, नासिक) में १२ वर्षीय सर्व संप्रदायों के सौहार्द्र पूर्ण सम्मेलन को अधिक प्रोत्साहन देकर वृद्धि की। उन उत्सवों में वह बौद्ध भिक्षु और वैष्णव आचार्य दोनों का समान रूप से समादर करता था।

३. तेनेयं वाङ्मयी मूर्त्तिः प्रत्यक्षा वर्ततेहरेः।
सेवानाच्छ्रवणात्पाठाद् दर्शनात्पापनाशिनी॥

पद्म पुराण उत्तर खंड ३।६२।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

उज्ज्वल पथ था जिस पर अज्ञानी भी सुलभतापूर्वक भ्रमण कर सका।[1] भागवत धर्म की विशेषता नर का आधार अयन, नारायण की उपासना थी। जहाँ बौद्ध आदि, नर को आत्मचिन्तन की सलाह दे रहे थे, वहाँ भागवत धर्म उन्हें उसके साथी नारायण को भी उसका सखा और रक्षक बतला रहा था। यही उनका नारायणीय धर्म था।[२] नर और नारायण के अवतार अर्जुन और कृष्ण थे। नारायण कृष्ण ही नर के पथ प्रदर्शक थे।[3] इस मत को प्राय: अनेक स्थलों पर सात्वत धर्म कहा गया है और उसका तात्पर्य सात्वत क्षत्रिय जाति से कहा जाता है। परन्तु ऐसा सिद्ध नहीं होता भगवान श्री कृष्ण को परब्रह्म स्वीकार किया गया है, क्षत्रिय नहीं। इस धर्म का प्रवर्त्तन कृष्ण के हंसावतार द्वारा हुआ है।[४] यह सत्व (अंत:करण) का आत्मीय धर्म है। इसका उदय मानस हंस के उपदेश के रूप में अंत:करण चतुष्टय (मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार) में ही हुआ। मन प्रधान तत्त्व है अत: उसने इसे दृढ़ रूप से ग्रहण कर अहं तत्त्व को उद्‌बुद्ध किया। अहं तत्त्व का उद्‌बोधन ही भक्ति का उदय है। यही भागवत धर्म की चतुर्व्यूह उपासना है। जिसके प्रतीक वासुदेव

---

१. अनर्थोपशमं साक्षात् भक्तियोगमधोक्षजे।
लोकस्याजानतो विद्वांश्चक्रे सात्वत् संहिताम्।

भा० प्र० स्कं० ७ अ० ६ श्लो०

२. महाभारत शांति पर्व में नारायणीय धर्म का उल्लेख है [३३४ और ३५१ अध्याय]

३. गीता में, कृष्ण का अर्जुन को दिया गया उपदेश भागवत धर्म का प्रकाश दीप है। कृष्ण सात्वत क्षत्रिय कुल के थे अत: उनके उपदेश के आधार पर इस मत की स्थापना हुई। इसी सात्वत मत की संहिता (संग्रह) भागवत है। सात्वत का तात्पर्य क्षत्रिय जाति से रहा पर कृष्ण को तो वासुदेव रूप से ब्रह्म ही कहा गया। महर्षि पतंजलि महाभाष्य में "संज्ञैषा तत्र भगवत:" कहते हैं। तथा वैय्याकरण कैयट ४।३।९८। पाणिनि सूत्र "वासुदेवार्जुनाभ्यां वुन्" का अर्थ "नित्य: परमातम देवता विशेष इह वासुदेवो गृह्यते" (वासुदेव का अर्थ नित्य परमात्मा ब्रह्म से हैं) करते है। पाणिनि का भी वही काल है जो भागवत धर्म के उदय का काल है। उन्होंने वासुदेव के उपासक को वासुदेवक सिद्ध किया है।

४. भागवत २।७।१९ में देखें तथा—
सत्वाद् धर्मो भवेद् वृद्धात् पुंसोमद् भक्तिलक्षण:।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

(हंस) संकर्षण (जीव) प्रद्युम्न (मन) और अनिरुद्ध (अहंकार) हैं। सनातन सनक सनंदन और सनत्कुमार भी मानस पुत्र कहे गये हैं, ये अंतःकरण चतुष्टय के प्रतीक हैं। हंस द्वारा इन्हें तत्त्व का उपदेश प्राप्त हुआ, वही उपदेश मन के प्रतीक नारद द्वारा संसार में व्याप्त हुआ नारद ने ही सात्वत धर्म को अपने ग्रंथ में प्रकट किया वही नारद पाँचरात्र है।[१] असंतुष्ट मानस बादरायण व्यास को मन के प्रतीक नारद ने ही प्रबोध दिया।[२] व्यास समाहित चित्त होकर समाधि द्वारा अंतःकरण में ही तत्त्व का प्रकाश पा सके।

हंस सनकादि नारद

इस विवेचन से स्पष्ट हो जाता है कि सात्वत धर्म, हंस द्वारा प्रवर्त्तित मार्ग है, जिसे सनकादि और नारद ने सारे विश्व में प्रकाश किया। भागवत पुराण में सारे मत मतांतरों को बड़ी कुशलता के साथ भक्ति रस की चीनी से पागा गया है। सब पर भक्ति की चाशनी चढ़ गई है। सर्व प्राचीन सांख्य मत

सात्विकोपासया सत्त्वं ततोधर्मः प्रवर्त्तते।

भागवत ११।१३।२। हंसोपाख्यान

[जीवात्मा की शुद्धि से भक्ति प्राप्त होती है वही सात्विकी (सात्वत) उपासना है। सत्वगुण से ही जीवात्मा की शुद्धि होती है, उसी से धर्म का प्रवर्त्तन होता है]

१. भागवत १३ का ११ अध्याय संपूर्ण द्रष्टव्य [सत्व का अर्थ आत्मा किया गया है]

२. भागवत द्वितीय स्कंध ७वें अध्याय के ४७-४८-४९-५० श्लोक में भागवत तत्त्व का उपदेश दिया गया है।

बौद्ध धर्म ने वैदिक कर्मकांड का निराकरण किया, जिसके फलस्वरूप जन समाज कर्मों से विमुख होकर भिक्षु होकर जंगल में रहकर आत्म चिन्तन को उत्तम मानने लगा। भागवत धर्म ने इसको खंडन न कर, उसके तुल्य नैष्कर्म्य (अनासक्त भाव से कर्म का आचरण) भक्ति मार्ग को प्रशस्त किया। जो व्यापक फैलती हुई अकर्मण्यता थी उसका प्रवाह रुक गया। अनासक्त कर्म की ओर प्रवृत्ति हुई। गीता, भागवत और ब्रह्मसूत्र ने कर्म वासना से त्रस्त जन समूह को भिक्षु होने से बचाया। ब्रह्मवाद की स्थापना कर सांसारिक वासना को ब्रह्म की वासना में परिवर्त्तन करने की सलाह दी। वासुदेव को वासना की मूर्त्ति बनाकर जीव को उसमें प्रवृत्त करने की चेष्टा की।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

जो कि निरीश्वर वादी था, उसे योग से मिलाकर कपिल द्वारा ही सेश्वर सांख्य का उपदेश दिलाया गया। न्याय वैशेषिक के अणुकारण वाद को भी उसी में संयुक्त कर ईश्वर को परमाणु रूप से बतलाया गया। भवाटवी और ऋषभ के चरित्र द्वारा जैन धर्म को वैष्णवी रूप देकर जैनों के केशलुञ्चनादि संस्कारों को ढोंग बतलाया तथा ऐलोपाख्यान में भिक्षु द्वारा बौद्ध धर्म की आत्म-निष्ठा की प्रशंसा कर भक्ति में डुबो दिया गया। प्रबलतम व्यापक लोकायत (चार्वाक) मत के प्रचारक हिरण्याक्ष, हिरण्यकश्यप, रावण, कुंभकर्ण, शिशुपाल, दंतवक्र आदि का दमन ईश्वर द्वारा ही कराया गया। विशेषकर वेन जो कि पूर्ण रूप से नास्तिक, साक्षात् लोकायत मत का प्रतीक था, उसको ब्राह्मणों द्वारा ही नष्ट करा कर उसी में से पृथु (ईश्वर) को प्रकट किया गया है। कपिल, ऋषभ, बुद्ध, पृथु को ईश्वर का अवतार रूप देकर उन्हें पूज्य बनाया और भागवत धर्म में उनका समन्वय कर लिया। इस प्रकार सम्पूर्ण भागवत समन्वय ग्रंथ के रूप में प्रकाशित हुई है। हम इस भागवत में आदि से अन्त तक सनकादि ऋषियों और नारद को ही देखते हैं। सनकादि के शाप वश जय विजय पार्षदों को तीन जन्मों तक आसुरी सम्पत्ति युक्त देखते हैं जिसका उद्धार भक्ति रस आपूरित भागवतों के ब्रह्म द्वारा ही होता है। वासना, वासुदेव के रूप में सारूपा मुक्ति पा जाती है। जयविजय द्वेषात्मक वासना के प्रतीक हैं तो प्रह्लाद, अन्त:करण चतुष्टय के प्रतीक सनकादि ऋषि के समष्टि रूप हैं जो कि रागात्मक वासना हैं। प्रह्लाद को उपदेश भी नारद (मन्न) द्वारा अन्त:करण (गर्भ) में ही प्राप्त हो जाता है। प्रह्ललाद की रागात्मिका वासना ही भक्ति है। भागवत का उपदेश नारद द्वारा ही प्राप्त होता है (भा० १।४) युधिष्ठर के शोक का निवारण और उन्हें ज्ञान कर्म समन्वित भक्ति का उपदेश (भा० १।८ तथा भा० ७) ध्रुव को भागवत मन्त्र की दीक्षा (भा० ४।८) प्रचेताओं को उपदेश (भा० ४।३१) चित्रकेतु को उपदेश (भा० ६।१५) वसुदेव को उपदेश (भा० ११।२) आदि में नारद ने ही भक्ति रहस्य का उद्घाटन किया है। इसी प्रकार महाराज पृथु आदि को उपदेश देते हुए सनकादि ऋषि के दर्शन होते हैं (भा० ४।२२) भागवत तत्त्व का रहस्यात्मक उपदेश इन महर्षियों से ही प्रकाशित हुआ है।

भागवत धर्म के आदि आचार्य

नारद भक्ति सूत्र ८३ से हमें ज्ञात होता है कि भागवत सम्प्रदाय के कुमार, व्यास, शुक, शांडिल्य, गर्ग, विष्णु, कौंडिन्य, शेष, उद्धव, आरुणि, बलि, हनुमान

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विभीषण आदि आचार्य थे।[1] नारद स्वयं भक्ति रहस्य के व्याख्याता थे ही।[2] इन आचार्यों में शेष, उद्धव बलि, हनुमान और विभीषण ये पाँच, पौराणिक भक्त कोटि के हैं। कुमार, व्यास, शुक्र और नारद नित्य मुक्त, सदा आलोक रूप से भक्ति का समय समय पर उपदेश देते रहते हैं। शांडिल्य, गर्ग, विष्णु, कौंडिन्य और आरुणि ये पाँच भागवत धर्म के प्रवर्त्तक प्रत्यक्ष आचार्य थे जिन्होंने आसेतु हिमाचल भारत को भक्ति रस में मग्न किया था।[3]

१—शांडिल्य जी ने भी एक भक्ति सूत्र की रचना की है, जो कि ब्रह्मसूत्र की शैली पर संपादित की गई है। उसका प्रथम सूत्र "अथातो ब्रह्म जिज्ञासा" है। यह रचना नारद भक्ति सूत्र के समकालीन होते हुए भी उसके बाद की है उसमें २।१।४५ सूत्र "द्वेषादयस्तु नैवम्" में नारद भक्ति सूत्र ६५ "कामक्रोधादिकं तस्मिन्नेव करणीयम्" का निराकरण किया गया है। नारदीय सूत्र भागवत के अधिक निकट है, शांडिल्यसूत्र ब्रह्मसूत्र से अधिक संबद्ध है। नारदीय सूत्रों में व्यास, गर्ग, शांडिल्य के मत तथा शांडिल्य सूत्रों में कश्यप, बादरायण, जैमिनि आदि के मत नाम देकर उल्लेख किये गये हैं। शांडिल्य ने "गौण्या तु समाधिसिद्धिः" में पातंजल योगदर्शन की गौणता सिद्ध की है। दोनों सूत्रों में "एके" इत्यादि का प्रयोग कर अन्य आचार्यों के मत भी कहे गये

---

१. इत्येवं वदंति जन जल्प निर्भया एकमता, कुमार व्यास शुक शांडिल्यगर्ग विष्णु कौंडिन्यशेषोद्धवारुणि बलिहनुमद्विभीषणादयो भक्त्याचार्या।

२. अथातो भक्तिं व्याख्यास्यामः।१।

३. नारद भक्ति सूत्र, नारद के आलोकज शिष्य आरुणि (निंबार्क) ने ही लिपिबद्ध किया है। नारद तो शुद्ध मन के प्रतीक मात्र हैं, केवल भक्तों पर कृपा करने के लिये आलोक देह (सूक्ष्म सिद्ध देह) से दर्शन देते हैं। शुद्ध मन अखिल तत्त्व का साक्षी है, वह नारद ही है। "श्री नारदायाखिल तत्व साक्षिणे" (दशश्लोकी) ऐसा आचार्य निंबार्क ने ही कहा है। अन्तःकरण चतुष्टय के प्रतीक सनकादि भी जीवात्मा के साक्षी मात्र हैं। इसलिए श्री निंबार्क के परमाचार्य हैं। ब्रह्मसूत्र १।३।८ में "परमाचार्यः श्री सनत्कुमारैरस्मद्गुरवे श्रीमन्नारदायोपदिष्ट।" निंबार्काचार्य जी छांदोग्योपनिषद् में सनकादि द्वारा कही गई भूमा विद्या का उल्लेख करते हुए नारद को अपना गुरु स्वीकार करते हैं। हंस सनकादि नारद द्वारा प्रवर्तित भक्ति मार्ग का प्रतिनिधित्व आरुणि जी ने किया है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

हैं। शांडिल्य बादरायणाचार्य के शिष्य हैं। स्कंद पुराणीय भागवत माहात्म्य शांडिल्य द्वारा ही कहलाया गया है। पद्मपुराणीय भागवत माहात्म्य सनकादि ऋषियों द्वारा नारद को प्राप्त हुआ है। दोनों में पद्मपुराणीय माहात्म्य ही प्रसिद्ध और सर्वमान्य है। नारदीय सूत्रों और पद्मपुराणीय भागवत माहात्म्य में भक्ति रस का अजस्र प्रवाह है। वह प्रवाह शांडिल्य सूत्रों और स्कंद माहात्म्य में नहीं है। इनमें तर्क और बुद्धि की प्रखरता दिखलाई गई है।

२—गर्गाचार्य कथा कहने वाले व्यास के रूप से ही प्रसिद्ध हैं। इनके नाम से कृष्ण लीला का प्रधान ग्रंथ गर्ग संहिता प्रसिद्ध है। इसमें भाषा का लालित्य अधिक है इसे संस्कृत का सरस काव्य कह सकते हैं। गर्ग को भी बादरायण का शिष्य कहते हैं। गर्ग संहिता की कथाओं में पद्मपुराण और ब्रह्म वैवर्त्त की कृष्णलीला का अधिक प्रभाव है। इसकी प्रामाणिकता के विषय में संशय किया जाता है, पर ऐसा समझ में नहीं आता। हो सकता है अन्य पुराणों के समान इसमें भी कुछ प्रवेश हुआ हो। पुराण संहिताओं में हमें प्रक्षेपांशों का अन्वेषण नहीं करना चाहिये क्योंकि ये तो विभिन्न काल के कथाकारों के संग्रह हैं ही।

३—विष्णु स्वामी परमभक्त आचार्य हैं, इन्होंने रुद्रों को वैष्णव बनाने का सफल कार्य किया है। इन्हें वेदांत के शुद्धाद्वैत का प्रवर्त्तक आचार्य कहा जाता है पर इनका कोई वेदांत भाष्य नहीं मिलता। संभवतः इन्होंने भाष्य किया भी नहीं। वल्लभाचार्य ने ही इस मत का भाष्य किया है। इन्होंने उपासना में बैधी अर्चा का सुन्दर विधान किया था।

४—कौंडिन्य के विषय में अधिक कुछ ज्ञात नहीं है। इन्हें बादरायण जी का शिष्य माना जाता है। इनकी कोई रचना नहीं मिलती। ये गोपी भाव में सदा मग्न रहते थे, ऐसा स्वामी वल्लभाचार्य जी लिखते हैं—"कौंडिन्यो गोपिकाः प्रोक्तागुरवः"। नारदीय सूत्र के अनुसार ये तन्मयाशक्ति कोटि के तन्मय भक्त थे। श्री निंबार्क द्वारा अनुमोदित प्रेमाभक्ति के मूर्त्तिमान रूप थे।

श्री निंबार्काचार्य

५—आरुणि का चरित्र प्रसिद्ध है, पर इनके काल का निर्णय आज तक निश्चित रूप से नहीं हो पाया है। आज से पचास वर्ष पूर्व तक प्रायः ऐसा अधिक लोग कहते थे कि ये श्री कृष्ण के काल में द्वापर में हुए थे। आज भी निष्ठावान वैष्णवों की पक्षपात रहित ऐसी धारणा है। इधर बढ़ती हुई अहं अहमिका के फलस्वरूप जो संप्रदाय की शाखायें हैं, उन्होंने अपनी सत्ता को एक

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

दम भिन्न स्थापित करने के लिए इस प्रकार की धारणा फैलानी प्रारम्भ की कि "इनका मत चारों वैष्णव संप्रदायों में एक दम अंत का है। ये रामानुज के मत से प्रभावित थे, इन्होंने रुक्मणी रमण की उपासना स्वीकार की थी। इनके नाम से दशश्लोकी की रचना, गोस्वामी हितहरिवंश जी के बाद हरिव्यास जी द्वारा की गई। उस पर हरि व्यास जी के शिष्य पुरुषोत्तमाचार्य जी ने भाष्य लिखा। प्रेमाभक्ति का प्रवाह पूर्वीय और पश्चिमी प्रदेशों से उठा और वृन्दावन में आकर एक रस होकर प्रवाहित हुआ। श्री राधा को उपास्य के रूप में स्थापित करने वाले प्रधान आचार्य पन्द्रहवीं, सोलहवीं शताब्दी में ही हुए।" आदि अनेक भ्रांतियाँ हैं, उनको प्रमाण कोटि में लब्ध प्रतिष्ठ साहित्याचार्य भी अपने ग्रंथों में उद्धृत करते हैं। जिन लोगों ने परम्परा से प्रसिद्ध धारणाओं के अनुसार कुछ और ही लिख रक्खा था, वे भी अपने नवीन संस्करणों में बदल गये।[1] इस परिवर्तन में शस्त्रशास्त्र का बड़ा भय समाया हुआ है। हमारे एक अंतरंग साहित्यिक मित्र ने भी कुछ ऐसा ही लिखा था, उनके पास भी एक शाखा के आचार्य का लम्बा पत्र आया। उसमें विशेष उल्लेखनीय वाक्य है—"महाशय! आपने जो कुछ लिखा है उसे हम लोग शस्त्रशास्त्र से सिद्ध कर चुके हैं, फिर पुनः ऐसा दुःसाहस क्यों?"

प्रासंगिक रूप से इस विषय की चर्चा हम इसलिए आवश्यक समझते हैं कि अन्वेषकों ने जो भ्रांत धारणा बना रक्खी है, उसे दूर करने की चेष्टा करें तथा इन शाखाओं की प्रवृत्ति से परिचित हों। इस प्रकार के शताब्दियों के अनेक झगड़ों का ब्यौरा यदि इस पुस्तक में देने लगें तो इसका भक्तिमय वास्तविक उद्देश्य ही मिट्टी में मिल जावे।[2]

---

१. देखें हिन्दी ग्रंथ रत्नाकर कार्यालय बम्बई से प्रकाशित पं० हजारी प्रसाद द्विवेदी की "हिन्दी साहित्य की भूमिका" का सन् १९४० का संस्करण पृष्ठ ५४ पर "सनकादि संप्रदाय" का विवरण।

ऐसे अनेक स्थल हैं उनका विस्तृत विवेचन इस स्थल पर अभिधेय नहीं है, अतः केवल एक का ही उदाहरण रूप से उल्लेख कर दिया गया है।

२. आज भी वृन्दावन के प्रसिद्ध महात्मा स्वामी हरिदास जी (सङ्गीताचार्य) के परम्परा से सिद्ध मत को परिवर्त्तित करने की प्रबल चेष्टा की जा रही है। किसी अंश तक उस प्रवाह ने अपना अस्तित्व भी स्थापित कर लिया है। आज के समालोचक उसे प्रामाणिक मानने लगे हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अब निर्णय इस बात का करना है कि प्राचीन और नवीन धारणाओं में समीचीन कौन सी है ? डा० भंडारकर आदि भी नवीन धारणा के कुछ समीप की ही बात करते हैं। नवीन धारणा के लेखकों में से किसी ने भी अपनी बात की पुष्टि के लिए श्री निंबार्काचार्य जी की रचनाओं का सहारा नहीं लिया है, जिन्होंने लिया भी है, वे उन स्थलों को छोड़ गए हैं, जो उल्लेखनीय है । इसलिए नवीन धारणा को ही प्रामाणिक स्वीकार कर लिया जावे। यह सम्भव नहीं है। प्राचीन धारणा की द्वापर में जन्मवाली बात भी कंठ से नीचे नहीं उतारी जा सकती। जब कि ब्रह्मसूत्रकार बादरायण को ही द्वापर में स्वीकार करना कठिन है तो फिर उसके भाष्यकार को कैसे द्वापर में मान सकते हैं ? यह बात तो वैसी ही प्रामाणिक है जैसे कि पौराणिक कथाओं की अनंतता। कुछ पाश्चात्य लेखकों ने तो कृष्ण के दो अवतार तक की कल्पना कर ली है। एक गीता के कृष्ण और दूसरे भागवत के कृष्ण।[1] पर वास्तविकता कुछ और ही है, यह तो उन कृष्ण[2] की लीला है जिसके लिए उपनिषद् "कविर्मनीषी शंभू स्वयंभू" कहते हैं। कृष्ण दो नहीं हुए हैं, कृष्ण एक ही हैं। उनकी वाङ्मयी भागवत-मूर्त्ति अवश्य ही कृष्ण के बहुत समय बाद प्रकटी है, वह भी मुनियों के हृदय में भक्ति योग के विधान के लिए।[3] महामुनि श्री निंबार्क भी वाङ्मयी वासुदेव की भागवत मूर्ति के काल में हुए थे। वह कृष्ण की परिचर्या की स्थापना का युग था, वासुदेव की प्रतीकोपासना प्रबलता से प्रचार की जा रही थी। इसलिए "द्वापरे परिचर्यायां" के अनुसार वह कलियुग में संचरित होने वाला द्वापर युग था। आरुणि के द्वापर और कृष्णकालीन होने का यही रहस्य है।[4]

इस प्रकार के प्रयासों ने ही हिन्दी के साहित्य के इतिहास में झमेला डाल दिया है जिसके फलस्वरूप कोई कुछ और कोई कुछ लिख रहा है।

१. आधुनिक थियॉसाफिस्ट (ब्रह्मविद्यावादियों) की भी ऐसी ही मान्यता है।

२. "कृष्णः कृतवान् संहितां मुनिः"

भा० १।४।३ [कृष्ण मुनि व्यास ने संहिता की]

३. तथा परमहंसानां मुनीनाममलात्मनां, भक्ति योग विधानार्थं

भा० १।८।२०।

४. उस समय बौद्ध भिक्षु मुनि रूप से प्रसिद्ध थे उन्हीं को भक्ति योग में लगाने के लिए कृष्ण की वाङ्मयी भागवत और कृष्ण वर्ण वाले बादरायण तथा निंबार्काचार्य का अवतार हुआ था।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

दक्षिण देश में गोदावरी के तट पर वैदूर्य पत्तन के निकट पंडरपुर में अरुण मुनि की पत्नी जयंती देवी के गर्भ से कार्तिकी पूर्णिमा को सायंकाल गोधूलि वेला में इनका जन्म हुआ था। अरुण जी के पुत्र होने के कारण इन्हें आरुणि कहा जाता है। डा० भंडारकर आदि के मत से इनका जन्म हैदराबाद के निकटवर्त्ती बेलारी गाँव में कहा जाता है। इस मत का आधार बेलारी का निंबकर तीर्थ है कि जो निम्बार्क का विकृत रूप हो सकता है। उस तीर्थ के पुरोहित अपने नाम के आगे निंबकर लगाते हैं। जो कुछ भी हो इनका बाल्य-काल का नाम निंबार्क नहीं है। यह नाम तो इनके विशेष अलौकिक चरित्र के कारण बाद में प्रसिद्ध हुआ। इनका नाम तो नियमानंद था। अतिसुन्दर होने के कारण इन्हें लोग सुदर्शन भी कहा करते थे (शोभन: दर्शन: यस्य स सुदर्शन:) जैसा कि ब्रह्मसूत्र के आदिम सूत्र से ज्ञात होता है। ये वेद, वेदांग के प्रकांड पंडित थे। उपनयन संस्कार के समय स्वयं देर्वाष नारद ने शरीरी होकर इन्हें गायत्री एवं अष्टादशाक्षरी ब्रह्म विद्या तथा भक्ति सूत्र का उपदेश किया था, ऐसी प्रसिद्धि है। नारद जी के अतिरिक्त किसी अन्य का गुरु होना अभी तक सिद्ध नहीं हो सका है। अपने ब्रह्मसूत्र भाष्य १।३।८ में ये श्रद्धापूर्वक श्री नारद को ही गुरु रूप में स्मरण करते हैं। नारद भी इतिहास प्रसिद्ध वही है जिन्होंने छांदोग्योपनिषद् के अनुसार सनकादि से भूमा विद्या के रूप में अष्टादशाक्षरी ब्रह्मविद्या का रहस्यात्मक उपदेश प्राप्त किया था।

वेदांत पारिजात सौरभ

जैसा कि ऊपर दिखला चुके कि बुद्ध के अनीश्वरवादी मत से संपूर्ण भारतवर्ष प्रभावित हो चुका था। लगभग तीन शताब्दी तक इसकी प्रबलता रही। प्राय: लोगों का ब्रह्म पर से विश्वास उठ चुका था, तब पुराणों के अनुसार स्वयं भगवान ने बादरायण व्यास के रूप से प्रकट होकर ब्रह्मसूत्र की रचना कर ब्रह्मवाद की स्थापना करने का प्रयास किया। आरुणि भी उसी काल के आचार्य हैं। इन्होंने बदरीवन में बादरायण के निकट ही ब्रह्मसूत्र का वाक्यार्थ किया था।[1] अभिधा शक्ति के आधार पर ही सूत्रों का अर्थ किया

---

१. स्वयं आचार्य अपने लेख में वाक्यार्थ ही लिखते हैं। विचार करने पर वह वाक्यार्थ ही है, भाष्य नहीं। भाष्य का लक्षण तो "आक्षिप्य भाषणात् भाष्यम्" अर्थात् अपने ही को आक्षेप करते हुए सिद्धांत की स्थापना की जावे। ऐसी प्रवृत्ति उनकी लेखनी में नहीं है, किसी किसी सूत्र में ही भाष्य की शैली अपनाई गई है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

है,[1] लक्ष्यार्थ या व्यंग्यार्थ नहीं। साक्षात् शब्द के संकेतिक अर्थ को ही अपने वाक्यार्थ में प्रस्तुत किया है। आचार्य जी ने अपने वाक्यार्थ को वेदांत पारिजात सौरभ नाम दिया है। एक-एक विषयों का प्रतिपादन ब्रह्मसूत्र में एक या एक से अधिक सूत्रों में किया गया है। उसको अधिकरण नाम दिया गया है।[2] आचार्य ने ब्रह्मसूत्र के अर्थ से जीव, जगत, माया का ब्रह्म के साथ द्वैताद्वैत मत स्थापित किया है। अपने इस मत की स्थापना में उन्होंने उपनिषद् वाक्यों की संगति दी है। उपनिषदों में द्वैत और अद्वैत उभयविध वाक्य समान रूप से मिलते हैं, इसलिए आचार्य जी का अर्थ ही अधिक समीचीन प्रतीत होता है। ब्रह्म सूत्रकार बादरायण जी भी अपने मत को द्वैताद्वैत रूप में ही स्थापित करते हैं। सूत्रकार ने अपने मत की पुष्टि में जिन प्राग्वर्त्ती वेदांताचार्यों का नामोल्लेख किया है, वे सभी द्वैताद्वैतवादी ही थे, ऐसा आज तक के सभी वेदांतियों का एक मत है। ब्रह्मसूत्र में जिन वेदांतियों का नाम आया है, आज उनके कोई ग्रंथ नहीं मिलते, और न पहिले ही थे, यदि कोई ग्रंथ होते तो निश्चित ही उनका उल्लेख किसी भाष्य में अवश्य आता। हो सकता है, ब्रह्म सूत्र की रचना के प्रथम उनके कोई ग्रंथ हों जो बौद्ध मत के आगे लुप्त हो गये हों।

द्वैताद्वैतवादी प्राग्वर्त्ती आचार्य

१—ब्रह्मसूत्र १।२।३० और १।४।२० में आश्मरथ्य का उल्लेख है। इनके मत में विज्ञानात्मा और परमात्मा में भेदाभेद संबंध है। पूर्व मीमांसा जैमिनि सूत्र ६।५।१६ में भी इनका उल्लेख है।

२—औडुलोमि का मत ब्रह्मसूत्र १।४।२१-३।४।४५।। तथा ४।४।६।। में दिया गया है। इनके मत से अवस्था की भिन्नता के कारण भेदाभेद होता है।

---

१. "स मुख्योऽर्थस्तत्र मुख्यो व्यापारोऽस्याभिधोच्यते"

—काव्य प्रकाश २।११।

[शब्द के द्वारा जो बिना किसी रुकावट के अर्थ ज्ञात हो उस मुख्य अर्थ को अभिधार्थ कहते हैं]

२. विषयोविषयश्चैव पूर्वपक्षस्तथोत्तरम्।
संगतिश्चेति पंचागं शास्त्रोऽधिकरणं स्मृतम्।।

[विषय, उस पर किया गया संशय, प्रश्न, उत्तर और उनकी संगति यही अधिकरण में संकलित होते हैं]

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

संसार दशा में जीव और ब्रह्म में भेद है मुक्त अवस्था में अभेद । शांकर भाष्य के टीकाकार वाचस्पति मिश्र ने अपनी भामती टीका में इसका विस्तृत विवेचन किया है । मीमांसक आचार्य आत्रेय का मत निराकरण करने के लिये बादरायण ने इनके मत को मान्य कहा है ।

३—आचार्य काशकृत्स्न के ब्रह्मसूत्र १।४।२२। में कहे गये मत का तात्पर्य है कि परमात्मा, जीवात्मा के अंतःकरण में विराजमान होकर, जीवात्मा पर नियंत्रण करता है । इस प्रकार उन दोनों में नियम्य और नियंता रूप से भेदाभेद संबंध है । शंकराचार्य जी इन्हें श्रुत्यनुसारी यथार्थ तत्ववेत्ता आचार्य मानते हैं । ये व्याकरण के भी आचार्य थे । वृत्तिकार कात्यायन इनका कई स्थलों पर उल्लेख करते हैं । पातंजल महाभाष्य ४।१।१४ और ४।१।९३ तथा ४।३।१५।। में काशकृत्स्नीय मत की मीमांसा की गई है ।

४—ब्रह्मसूत्र में आचार्य बादरि का विशेष उल्लेख है । ज्ञात होता है ये आचार्य बादरायण के अंतेवासी बदरीवन के आश्रम के ही कोई महानुभाव हैं । आचार्य जैमिनि भी व्यासाश्रम के ही थे अतः उन्होंने भी अपने मीमांसा सूत्रों में बादरि का मत उल्लेख किया है । आचार्य बादरायण ने अपने मत के समर्थन में इनका मत कहा है । ये उपास्य उपासक भाव से जीव ब्रह्म का भेदाभेद स्वीकार करते थे । उस समय के आचार्यों में इनकी सर्वाधिक विशेषता यह थी कि ये भगवदुपासना में सभी वर्णों का समान अधिकार मानते थे, यहाँ तक कि वैदिक कर्मों में भी शूद्रों का अधिकार कहते थे । इसी स्थल पर जैमिनि इनका विरोध करते थे ।

५—कार्ष्णाजिनि आचार्य बादरि मत के समर्थक आचार्य हैं, ब्रह्मसूत्र ३।१।९ में इनके मत को बादरायण अपना समर्थक कहते हैं । मीमांसा सूत्र ४।३।१७ और ६।७।३५ में जैमिनि इनका खंडन करते हैं । इन्होंने परमात्म-चिंतन में सदाचरण की विशेषता स्वीकार की है ।

इन आचार्यों के अतिरिक्त आचार्य काश्यप, असित देवल, गर्ग, जैगीषव्य, पराशर, भृगु आदि के नाम वेदांत विद आचार्य के रूप में पुराणों में कहे गये हैं । ये प्रायः वैष्णव मत के थे साथ ही भेदाभेदवादी थे ।

बादरायण का मत द्वैताद्वैत

भगवान बादरायण ने उपनिषदों में प्रतिपाद्य द्वैत और अद्वैत वाक्यों का समन्वय कर ब्रह्मसूत्र में द्वैताद्वैत रूप दिया है । सूत्र १।१।४ "तत्तु समन्वयात्"

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

में उन्होंने यह दिखलाया है कि श्रुतियाँ, ब्रह्म की विश्वव्यापकता और अति-शायिता दोनों को मानने में एकमत हैं। सूत्र १।४।२३ "प्रकृतिश्च प्रतिज्ञा दृष्टांतानुपरोधात्" का तात्पर्य है कि ब्रह्म विश्व का निमित्त और उपादान दोनों कारण है। श्रुति की इस प्रतिज्ञा "जिस ब्रह्म से संपूर्ण अश्रुत पदार्थ श्रुत, अमत-मत तथा अविज्ञात-विज्ञात हो जाते हैं" और "एक ही मिट्टी के पिण्ड से सभी मिट्टी के पदार्थों का ज्ञान हो जाता है।" इस दृष्टांत से यह बात सिद्ध हो जाती है।

सूत्र १।४।२७ "योनिश्च हि गीयते" का अर्थ है, कि श्रुतियाँ ब्रह्म को प्रत्येक पदार्थ का कारण बतलाती हैं। इससे स्पष्ट है कि ब्रह्म जगत का उपादान कारण भी है।

सूत्र २।१।१४ "तदन्यत्वमारम्भण शब्दादिभ्य:" में कहते हैं कि कार्य रूप जगत और उपादान ब्रह्म में सूक्ष्म ऐक्य और सूक्ष्म द्वैत है।

सूत्र ३।२।२७ "उभय व्यपदेशादहि कुंडलवत्" में उसी बात की पुष्टि करते हुए, विश्व को सूक्ष्म और स्थूल रूप से, अभेद और भेद संबंध से, अपने उपा-दान कारण ब्रह्म में व्याप्त कहा है। जैसे कि सर्प कुण्डली बनाकर बैठा रहता है तो उसके प्रत्येक अंग को स्पष्ट देखा नहीं जा सकता, फैलने पर पर ही उसे देख सकते हैं। उसी प्रकार प्रलय में सारा विश्व लीन होकर ब्रह्म में रहता है, सृष्टि में वही आविर्भूत हो जाता है।

इसी प्रकार सू० २।३।४३ "अंशो नाना व्यपदेशादन्यथा चापि दाश कितवादित्वमधीयत एके" में जीव को ब्रह्म का अंश और तन्मय सिद्ध किया है और उसके प्रमाण में सू० २।३।४४ और २।३।४५ "मंवर्णात्" तथा "अपि च स्मर्यते" में, श्रुति मंत्रों और गीता वाक्य, "पादोस्यविश्वाभूतानि" एवं "ममैवांशों जीव लोके जीव भूतः सनातन:" की प्रामाणिकता कही गई है।

सूक्ष्म दृष्टि से विश्लेषण करने पर यह सिद्ध है कि भगवान बादरायण जगत और ब्रह्म तथा जीव और ब्रह्म में भेदाभेद संबंध मानते थे।

श्री निंबार्क का द्वैताद्वैतवाद

यह निश्चित हो चुका कि श्रुतियों का तथा ब्रह्मसूत्र का प्रतिपाद्य द्वैताद्वैत मत है। बादरायण के समकालीन और प्राग्वर्त्ती वेदांतविद भी द्वैताद्वैतवादी थे। फिर निंबार्क ही द्वैताद्वैतवाद के प्रधान प्रतिनिधि क्यों माने जाते हैं? यह विचारणीय प्रश्न है। इसका उत्तर स्पष्ट है कि श्रुति तत्त्व के प्रतिपादक

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

ब्रह्मसूत्रों की कसौटी पर जो सिद्धांत खरे उतरे वही मान्य सिद्धांत हुए और जिसने उस सिद्धांत की प्रामाणिकता सिद्ध की, वे ही उस सिद्धांत के प्रतिनिधि या प्रवर्त्तक आचार्य माने गये । द्वैताद्वैत मत को ब्रह्मसूत्र के अक्षर स्वारस्य से वाक्यार्थ रूप में प्रकट करने वाले आदि आचार्य श्री निंबार्क ही थे। इसलिये द्वैताद्वैतवाद उन्हीं का प्रधान मत कहा गया । इस समय उपलब्ध द्वैताद्वैत परक भाष्यों में दो ही हैं। एक निम्बार्क भाष्य और दूसरा भास्कर भाष्य।[1] आजकल के सभी अन्वेषक एक स्वर से भास्कराचार्य को १००० ई० का तथा निंबार्काचार्य को १२५० ई० का सिद्ध कर रहे हैं। यदि ऐसा है तो क्यों न हम द्वैताद्वैत या भेदाभेद का प्रवर्त्तक भास्कराचार्य को ही माने क्योंकि उन्होंने बहुमत से सर्व-प्रथम ब्रह्मसूत्र का भेदाभेद परक अर्थ किया है। साथ ही वृहदारण्य शांकरभाष्य तथा आनंदगिरि की टीका से ज्ञात होता है कि शंकराचार्य ७८८-८२० ई० के प्रथम भी लगभग एक शताब्दी पूर्व भर्तृप्रपंच नामक कोई भेदाभेदवादी आचार्य हुए थे जिन्होंने भाष्य लिखा था, जोकि अब उपलब्ध नहीं है। शांकरभाष्य, सुरेश्वराचार्य[2] के "वार्तिक" और रामानुजभाष्य में इनके मत का उल्लेख किया गया है। शंकराचार्य ने ब्रह्मसूत्र २।१।१४ में इनके भेदाभेद का खंडन किया है तथा वृहदारण्यकभाष्य में इन्हें "औपनिषदं मन्य" कहकर उपहास किया है।

---

१. भास्कराचार्य, शंकराचार्य के तत्काल बाद ही हुए प्रतीत होते हैं, क्योंकि ९८४ ई० के श्री उदयनाचार्य ने न्याय कुसुमांजलि में इनका खंडन किया है। श्री रामानुजाचार्य (११४० ई०) ने वेदांत संग्रह में इनके मत का उल्लेख किया है। शांकरभाष्य के टीकाकार वाचस्पति मिश्र ने भामती में इनके मत का निराकरण किया है।

प्रसिद्धि है कि रामानुज के विद्या गुरु श्री यादव प्रकाश जी जो कि प्रथम अद्वैतवादी थे, बाद में भेदाभेदवादी हो गए। वे स्वाभाविक भेदाभेद मानते थे। श्री रामानुज ने वेदांत प्रदीप में इनके मत का निराकरण किया है। सुदर्शना-चार्य ने श्रुतिप्रकाशिका में भी यादव प्रकाश का मत दिया है।

२. सुरेश्वराचार्य शंकराचार्य के शिष्य थे इन्होंने आचार्य शंकर के उपनिषद भाष्यों पर वार्त्तिक लिखे हैं। इन्हीं का नाम मण्डनमिश्र है। शंकर से शास्त्रार्थ में पराजित होने के बाद शिष्य होने पर इनका संन्यासाश्रम का नाम सुरेश्वरा-चार्य हुआ है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

शंकर के शिष्य "ब्रह्मवादी" कहकर इनकी प्रशंसा करते हैं। भर्तृप्रपंच ने मोक्ष के लिये ज्ञानकर्म समुच्चयवाद का सिद्धांत स्थिर किया था। यही मत निंबार्काचार्य ने अपने मंत्र रहस्य षोडशी में ब्रह्मविद्या की व्याख्या करते हुए स्थापित किया है। इससे यह भी कहा जा सकता है कि भर्तृप्रपंच ही भेदाभेद के प्रथम प्रवर्त्तक आचार्य थे। आजकल के मत से जब श्री निंबार्क इन दोनों से परवर्त्ती कहे जाते हैं, तो उनका मत तो इन दोनों का पिष्टपेषण मात्र होगा, प्रधान कैसे होगा? जबकि आधुनिक अन्वेषक भी निंबार्क को ही प्रधान मानते हैं। इस विचार से यह सिद्ध है कि निंबार्क ही ब्रह्मसूत्र के सर्व प्रथम व्याख्याकार हैं। उन्हीं की व्याख्या के आधार पर परवर्त्ती सभी व्याख्याओं की रचना हुई है जोकि इस समय उपलब्ध है। यह भी नहीं कहा जा सकता कि "श्री निंबार्क का भाष्य ही विशुद्ध द्वैताद्वैत परक है, इसलिए उन्हें प्रधानता दी गई है। भास्कर का भाष्य, औपाधिक भेदाभेद को कहता है। इसलिये उसे प्रधान नहीं माना।" क्योंकि किसी न किसी रूप में भेदाभेद तो शंकर रामानुज आदि ने भी माना है फिर भास्कर[1] की क्या विशेषता होगी?

यह तर्क भी उपस्थित नहीं कर सकते कि "श्री निंबार्क भक्ताचार्य थे इसलिए उन्हें प्रधानता दी गई है।" ऐसा ही था तो हित हरिवंश आदि के समान भक्ताचार्य ही माना जाता, वेदांताचार्य नहीं। श्री निंबार्क प्रधान रूप से वेदांताचार्य ही प्रसिद्ध हैं। वेदांत उनका सैद्धांतिक पक्ष था और भक्ति व्यावहारिक पक्ष। इन दो पक्षों के समन्वय से ही वे ज्ञानकर्मसमुच्चयवादी थे।

सबसे बड़ी बात तो ये है कि श्री निंबार्क सांख्य आदि मतों का जब निराकरण करते हैं तो उनके समक्ष शंकराचार्य का अद्वैत सिद्धांत आता तो वो उसे सरलता से कैसे पचा जाते? साथ ही शंकराचार्य का शून्यवाद की ओर झुकाव होने से उन्हें जो अर्द्ध बौद्ध की उपाधि दी गई[2] उससे क्या श्री निबार्क

---

१. श्री भाष्कर के भाष्य की पंक्ति की पंक्ति और प्रतिपादन की शैली श्री निंबार्क के वाक्यार्थ से मिलती है। उपनिषद् वाक्यों के उदाहरण भी प्रायः वही हैं जो श्री निंबार्क भाष्य में दिए गये हैं। रामानुज इन्हें सूत्र १।१।४ में ध्यान नियोगवादी कहते हैं।

२. भास्कराचार्य ही प्रथम व्यक्ति हैं जिन्होंने सू० १।४।४५ में शंकर के मायावाद को महायानिक शून्यवाद की गाथा कहा है "महायानिक बौद्ध गाथितं मायावादम्।"

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अपरिचित थे जबकि श्री निंबार्क ने बौद्धों के शून्यवाद का निराकरण किया है। मायावाद को शंकर के परवर्त्ती किसी भी आचार्य ने स्वीकार नहीं किया।[1] श्री निंबार्क ने मौन होकर उसे स्वीकार कर लिया अथवा उपेक्षा कर दी हो ऐसा समझ में नहीं आता। इस बात को हम किसी प्रकार मान भी लें कि श्री निंबार्क मौन साधक थे और उन्होंने शंकराचार्य के मत की उपेक्षा कर दी क्योंकि वे शुद्ध चित्त महानुभाव थे।[2] पर श्री शंकर द्वारा वैष्णव धर्म पर किए गये अवैदिकत्व के आक्षेप की भी वे उपेक्षा कर जावें ऐसा कभी भी संभव नहीं था। वे परमभागवत वैष्णव थे, उन्होंने ब्रह्म का निरूपण करते हुए ब्रह्म के चतुर्व्यूहावतार को ही माना है। श्री शंकर चतुर्व्यूहावतार का ही खंडन करें और निंबार्क भागवतीय खंडन की अवहेलना कर दें। ऐसा तो कोई भी विचारक नहीं मानेगा।[3]

---

१. मायावादमसच्छास्त्रं प्रच्छन्नं बौद्धमेव च" (पद्म पुराण १।४)
"वेदवादच्छद्म प्रच्छन्न बौद्ध निराकरणे" (रामानुज भाष्य २।२।२७)
"वेदार्थवनमहाशास्त्रं मायावादमवैदिकम्।
यच्छून्यवादिनः शून्यं तदेव ब्रह्ममायिनः॥
नहिलक्षण भेदोऽस्ति निर्विशेषस्त्वतस्तयोः।" (मध्वाचार्य)

२. मैत्रीकरुणा मुदितोपेक्षाणां सुखदुःखपुण्यापुण्य विषयाणां। भावनातश्चित्त प्रसादनम्। योगसूत्र १।३३
[सुखी प्राणियों से मित्रता, दुःखी प्राणियों पर करुणा पुण्यात्माओं से मुदिता तथा पाप कर्म की उपेक्षा करने से चित्त निर्मल होता है।

३. शंकराचार्य सू० २।२।४२ से ४५। में भागवतों के चतुर्व्यूहावतारं को "असंगतैषा कल्पना" कहते हैं, तथा इसे अवैदिक कल्पना कहते हैं "न चैवं भूतां श्रुतिमुपलभामहे।"

श्री निंबार्काचार्य ने अपने समय के प्रचलित प्रायः सभी वादों का निराकरण किया है सू० २।२।४२ से ४५ तक श्री निंबार्क शक्तिकारणवाद का निराकरण करते हैं। श्री शंकर उन्हीं सूत्रों से भागवतधर्म का। शंकर के परवर्ती श्री रामानुज, केशव कश्मीरी आदि वैष्णव भाष्यकारों ने शंकर द्वारा किये गए आक्षेप का डटकर खंडन किया तथा भागवतमत का औचित्य सिद्ध करते हुए उसे वेद प्रतिपाद्य बतलाया। वल्लाभाचार्य के अणुभाष्य के टीकाकार श्री पुरुषोत्तम अपने "भाष्य प्रकाश" में शंकर के परवर्ती प्रधान वैष्णव भाष्यकारों में रामानुज एवं मध्व का उल्लेख करते हैं। श्री निंबार्क को पूर्वाचार्य कहते हैं

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

श्री निंबार्क ही द्रविड़ाचार्य

प्राचीन वेदांताचार्यों में श्री द्रविड़ाचार्य का भाष्यकार के रूप में उल्लेख आता है। श्री रामानुज "वेदार्थ संग्रह" पृष्ठ १५४ में सादर जिन प्राचीन वेदांतियों का उल्लेख करते हैं, वहाँ द्रमिलाचार्य रूप से इनका स्मरण करते हैं। श्रीनिवासदास ने "यतींद्रमतदीपिका" (पू० सं० पृ० २) में इन्हें द्रमिड़ाचार्य कहा हैं। श्री शंकराचार्य ने मांडूक्योपनिषद् भाष्य २।२० और २।३२ में इन्हें "आगमविद्" तथा वृहदारण्यकोनिषद् भाष्य में "संप्रदायवद्" कहा है। जहाँ कहीं भी इनका उल्लेख, शंकर करते हैं, वहाँ सम्मान प्रकाश ही करते हैं, कहीं भी खंडन नहीं करते। श्री निंवार्क की सूक्ष्माति सूक्ष्म भाव दर्शक विवेचन शैली और असंदिग्ध शब्द योजना को लक्ष्य कर ईसा की १० वीं सदी के श्री यमुनाचार्य जी अपने "सिद्धित्रय" ग्रंथ में लिखते हैं" भगवता बादरायण इदमर्थमेव सूत्राणि प्रणीतानि विवृतानि च परिमित गंभीर भाष्यकृता (भगवान बादरायण ने इसी अर्थ में सूत्रों का निर्माण किया था जिनका विवरण परिमित सूक्ष्म और गंभीर शैली से भाष्यकार द्रविड़ाचार्य ने किया है) श्री रामानुज, श्री शंकर और सर्वज्ञान मुनि ने द्रविड़ाचार्य के छांदोग्योपनिषद् भाष्य के कुछ अंश अपने ग्रंथों में उद्धृत किए हैं। श्री रामानुज ने अपने वेदांतसूत्र के श्री भाष्य २।१।१४ में यथाह "द्रमिड़ भाष्यकार" कहकर द्रमिड़ाचार्य के छांदोग्योपनिषद् भाष्य का एक अंश उद्धृत किया है।

श्री निंवार्क ही द्रविड देश में जन्म लेने के कारण द्रविड़ाचार्य कहाये थे।[1] भागवत धर्म के उदयकाल के जिस पाँच आचार्यों की चर्चा पीछे की

(देखें सूत्र २।२।४१ की टीका) केशव कश्मीरी भी श्री निंबार्क को पूर्वाचार्य ही कहते हैं।

१. श्री रामानुज ने वेदार्थ संग्रह में, वैदिक परम्परा के व्याख्याकारों की चर्चा करते हुए उनका सादर स्मरण किया है उनमें द्रविड़ाचार्य भी हैं—

"भगवद् बोधायन टंक द्रामिड़ गुरुदेवकर्पादि भारुचि प्रभृत्य शिष्य परिग्रहीत पुरातन वेदांत व्याख्यान सुव्यक्तार्थ श्रुति निर्दशितोऽयं पंथाः।':

द्राविड़ भुव में अरुन गेह द्विज ह्वै प्रकटाए।
तम पखंड दल मलन सुदरसन वपु कहवाए॥

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

गई है, उनमें श्री निंबार्क द्रविड़ देश के, श्री विष्णु स्वामी आंध्र कर्णाटक के, कौडिन्य महाराष्ट्र के तथा शांडिल्य और गर्ग ब्रजमंडल के निकटस्थ प्रदेश के प्रतीत होते है।[१] श्रीमद्भागवत महात्म्य पद्म पुराण में जो भक्ति और नारद

सकल वेद को सार कह्यौ दस ही छंदन महँ।
सुख-मुख सो भागवत सुनी नृप देवरात तहँ॥
बनि अरक वृच्छ चढि दरस दै, तिथि संक सब हर लई।
श्री निंबादित्य स्वरूप धरि, आपु तुङ्ग विद्या भई॥
[उत्तरार्ध भक्तिमाल भारतेंदु हरिश्चन्द्र]

१. विष्णु स्वामी के लिए भारतेंदु जी ने लिखा है—
"श्री सुक सो लहि ज्ञान आंध्र भुवि पावन कीनी"

शांडिल्य नंदवंश के पुरोहित थे जो कि ब्रजमंडल के निकट ही कहीं कुटी बनाकर रहते थे—"नंदादीनां पुरोहितं शांडिल्यम्"

स्कंद पुराण वैष्णव खंड १।१६।

उस समय (नंदवंश ई० पू० ४ सदी) में मथुरा मंडल के राजा, चंद्रवंश के वज्रनाम थे और इन्द्रप्रस्थ (दिल्ली) के विष्णुरात थे. जो कि राजा परीक्षित के ही अवतार माने जाते थे। इन्हीं विष्णुरात को महाभागवत कहा गया है—

तस्मान्नाम्ना विष्णुरात इति लोके बृहच्छ्रवाः।
भविष्यति न संदेहो महाभागवतो महान्।

भागवत १।१२।१७।।

मथुरा मंडल जो कि उजड़ चुका था, जैनों का और बौद्धों का केन्द्र बन गया था महर्षि शांडिल्य की कृपा से वज्रनाम ने विष्णुरात की सहायता से फिर से वैष्णव केन्द्र बनाया। "वज्रस्तु तत् सहायेन शांडिल्य स्याप्यनुग्रहात्" (स्कंद पु० वै० खं० २।४) इस महाभागवत विष्णुरात ने ही भागवत सुनी थी। भागवतकार ने विष्णु के आख्यान (अपने सामने की घटना) को महाभारत कालीन राजा परीक्षित के उपाख्यान (परोक्ष की घटना) से मिलाकर बड़ा सुन्दर रूप दिया है। इसीलिए महाभारत के परीक्षित और भागवत के (परीक्षित) विष्णुरात के चरित्र में पर्याप्त भेद दीखता है। गर्ग वज्रनाभ के पुरोहित थे, मथुरा-मंडल में ही रहते थे—"गर्गोऽहं यदुवंशानां चिरकाल पुरोहितः (ब्र० वै० पु० ४।१३

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

के सम्वाद को लौकिकी भाषा (रूपक अलंकार की भाषा) में वर्णन करते हुए भागवत धर्म के उदय की गाथा भक्ति द्वारा ही कहलाई है उससे कुछ प्रकाश मिलता है। भक्ति कहती है—

"उत्पन्ना द्रविड़े चाहं वृद्धिं कर्णाटके गतः,
क्वचित् क्वचिन् महाराष्ट्रे गुर्जरे जीर्णतां गतः।
वृन्दावनं पुनः प्राप्य नवीनेव सुरूपिणी।"

"मैं द्रविड़ में उत्पन्न हुई, कर्णाटक में बढ़ी, कुछ कुछ महाराष्ट्र में भी मेरी वृद्धि हुई पर गुजरात में जीर्ण हो गई। वृन्दावन में आने पर मुझे नया यौवन प्राप्त हो गया।"[1]

इससे ज्ञात होता है कि श्री आरुणि ने उस काल में (जब कि जैन और बौद्ध धर्म भारत के हिमालय से कन्या कुमारी तक प्रभावशाली थे) भक्ति को जन्म दिया। आंध्र कर्णाटक में श्री विष्णु स्वामी ने उस भक्ति की धूम मचा दी महाराष्ट्र में कौंडिन्य ने भी उसका प्रचार किया। वृन्दावन में श्री

श्री निंबार्क के उपनिषद् भाष्यों का अब पता नहीं चलता अति प्राचीन आचार्यों के समान इनके ग्रंथ भी लुब्त हो गए हैं। अलवर राजकीय पुस्तकालय में एक जर्मनदेशीय पुस्तकालय का सूची पत्र है उसमें लिखा है कि निंबार्क सम्प्रदाय के ३) ग्रंथ वहाँ हैं।

१. आजकल के अन्वेषकों ने भक्ति के द्रविड़ देश में जन्म लेने से अनुमान लगाया है कि भक्ति की भावना अनार्यों के द्रविड़ देश से आर्यों में आई है। ऐसी कल्पना कहाँ तक विचारपूर्ण है यह समझ में नहीं आता। ऐसा क्यों नहीं सोचा जाता कि अनार्यों के सम्पर्क से माँस मदिरा आदि धृणित आचार जो आर्यों में प्रचलित हो गए थे तथा अनार्यों द्वारा प्रचलित भूत प्रेत पिशाच आदि की उपासना अश्लील रूप से आर्यों को प्राप्त हो गई थी और आर्य उनमें रम गए थे, उनसे छुड़ाने के लिए महात्मा बुद्ध का करुणावतार आर्यों के मध्य में हुआ। उन्होंने यथाशक्य अनार्य आचरणों को आर्यों के समाज से दूर कर दिया। आर्यों के वैदिक शुद्ध विज्ञानपूर्ण यज्ञादि अनुष्ठानों में अनार्यों की हिंसा आदि घृणित कृतियाँ एकदम मिश्रित होकर उन पवित्र अनुष्ठानों के अंग बन गए थे इसलिए बुद्धद्वारा उन आचारों के निराकरण करने पर वैदिक आचारों का भी निराकरण होना स्वाभाविक था। वैदिक आचारों की पुनः स्थापना के लिए ही भक्ति का जन्म द्रविड़ देश में हुआ उसके जन्मदाता द्रविड़ाचार्य थे। इसलिए भक्ति आर्य देश की उपज है अनार्यों की नहीं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

निंवार्क ने गोवर्द्धन के निकट आकर अपना आश्रम बनाया । व्रजनाम शांडिल्य और गर्ग ने भी व्रजमंडल को कृष्णमय बनाया, इस प्रकार वृन्दावन, भारतवर्ष का भक्ति का केन्द्र स्थल बन गया । राजा विष्णुरात उस समय के प्रचलित जैनधर्म से पूर्ण प्रभावित था उसको उससे हटाकर श्री आरुणि ने भागवत का रहस्य समझाकर वैष्णव बनाया और महाभावत की उपाधि दी । विष्णुरात ने पूरे भारतवर्ष में भ्रमण करके देखा कि बौद्ध जैन धर्म के प्रभाव से वैदिक धर्म प्रायः समाप्त हो चुका है । पराजित ब्राह्मण धर्म ईश्वर और प्रारब्ध को कोश रहा था उसका कोई वश न था । बौद्धों का चैत्तिक समुदाय ईश्वर को न मानकर स्वतः ही आत्मोद्धार का उपदेश दे रहा था । जैनी कर्म शुद्धि पर बल दे रहे थे ।[१] इस प्रकार बड़ी विभिन्नता थी । भारत के शासकों द्वारा जैन बौद्ध राज धर्न के रूप में मान्य थे । विभिन्न मतों का समन्वय भागवत धर्म ने किया उसी को विष्णुरात ने राजधर्म के रूप में सम्पूर्ण भारत में फैलाने की चेष्टा की और वाद-विवाद (कलि) को पराजित कर एकता स्थापित की ।[२] भागवत धर्म के प्रचार के लिये विष्णुरात ने वैष्णवों का बहुत बड़ा सम्मेलन गंगातट पर किया था उसमें अत्रि, वशिष्ठ च्यवन आदि विभिन्न गोत्रों के ऋषि एकत्र हुये थे, विष्णुरात ने सभी का समुचित सत्कार किया था ।[३] सभी महर्षियों ने उस सम्मेलन का अनुमोदन किया ।"[४] विष्णुरात ने महर्षियों के

---

१. केचिद् विकल्पवसना आहुरात्मानमात्मनः ।
दैवमन्ये परे कर्म स्वभावमपरे प्रभुम् । [भागवत–१।१७।१९]

[कोई आत्मा को ही दुःख का कारण कह रहा था, कोई प्रारब्ध और ईश्वर को, कोई स्वभाव और कर्म को]

२. एकाकारं कलिं द्रष्ट्वा सारवत् सारनीरसम् ।
विष्णुरातः स्थापितवान् क लिजानां सुखाय च ॥
पद्म पु० उत्तर खं० १।६९।

[विष्णुरात ने जब देखा कि सारे मतभेद दूर होकर एकता हो गई है तो उन्होंने सारे नीरस मतों में सार रूप भागवत धर्म की स्थापना की]

विष्णारात अपने राज प्रभाव से, सतयुग से द्वापर के अंत तक का जो वैदिक धर्म था उसे पुनः कलियुग में स्थापित किया था ।

३. "नानार्षेयप्रवरान समेता नभ्यर्च्यराजा शिरसा ववंदे ।"
भा० १।१९।११।

४. "महर्षयोवैसमुपागता ये प्रशस्य साध्वित्यनुमोद्माना: ।"
भा० १।१९।१९।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

समक्ष प्रश्न रक्खा कि "म्रियमाण (मरने वाले) मनुष्यों के लिए अंतःकरण और शरीर से करने योग्य विशुद्ध कर्म कौन-सा है ?"[1] इस प्रश्न का उत्तर शुकरूप श्री आरुणि ने ही दिया, भागवत धर्म के रूप में। आरुणि ने जिस भक्ति रस को वादरायण सूत्र के वाक्यार्थ में प्रवाहित किया था उसी को बादरायण ने भागवत रूप में प्रकट कर शुकरूप श्री आरुणि को पढ़ाया, उसे ही उन्होंने काल रूपी सर्प के ग्रास रूप प्राणियों की मुक्ति के लिये प्रकट किया था।[2]

श्रीमद्भागवत के अनेक स्थलों पर श्री निंबार्क के सिद्धांत का निरूपण किया गया है। जैसे कि जीव रूपी अर्जुन[3] को जब मृत ब्राह्मण (ब्रह्मजन्य) बालकों (जीवों) के अमृतत्व को जानने की अभिलाषा हुई तो भगवान श्रीकृष्ण जोकि जीव के सहचारी सखा है,[4] उन्होंने अर्जुन के साथ पश्चिम दिशा के

---

१. "सर्वात्मना म्रियमाणैश्च कृत्यं शुद्धं च तत्रामृशताभियुक्ताः।"

भा० १।१९।२४।

२. भागवतकार ने कृष्ण द्वैपायन पुत्र शुक और आरुणि के चरित्र को संहित=मिलाकर भागवत धर्म के उपदेष्टा शुक का रूप खड़ा कर दिया। श्री आरुणि एकांत सेवी, मौनी ब्रह्मचारी थे वही रूप भागवत शास्त्र के उपदेष्टा शुक का भी है। महाभारत, देवी भागवत आदि के शुक-गृहस्थ थे।

काल व्याल मुख ग्रास त्रास निर्णाश हेतवे।

श्रीमद्भागवतं शास्त्रं कलौ कीरेण भाषितम्। [प० पु० उ० खं० १।११]

भारतेंदु हरिश्चन्द्र जी के छप्पय का यही सारांश है कि जिसे आरुणि ने दस श्लोकों में कहा था उसे ही विष्णुरात को भागवत रूप में सुनाया।

"सकल वेद को सार कह्यौ दस ही छंदन महं।
सुक मुख सो भागवत सुनी देवरात तहं॥"

श्री आरुणि नेजो दस श्लोकों में उपास्य, उपासक, भक्तिरस, ब्रह्मविद्या और माया का रहस्य कहा है उसे ही भागवत में भी कहा था।

३. देखें, भागवत १० स्कंध का ८९ अध्याय।

४. "द्वासुपर्णा सयुजा सखाया" (श्वेता० ४।६ मु० ३।१।१॥)

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

ओर अपने चार घोड़ों वाले रथ पर बैठकर प्रयाण किया।[१] उस मार्ग पर बड़ा अंधकार था, उस मार्ग को प्रकाशित करने वाले सहस्रों सूर्यों के समान सुदर्शन थे।[२] उस प्रकाशित मार्ग में जीव ने भोग के आसन पर सुखासीन पुरुषोत्तम को देखा, वह परंज्योति रूप की प्राप्ति थी।[३] उस प्रकाशमान स्थल पर सुदर्शन मूर्त्तिमान रूप से विराजते हैं। परब्रह्म श्री कृष्ण ने वहाँ जाकर अपने ही अनंतरूप भूमा की वंदना की। भूमा की सुदीर्घ आठ भुजायें थी।[४]

इस कथा का रहस्य श्री निंबार्क का मोक्ष सिद्धांत है। जो ज्योति, अंधकार पूर्ण पश्चिम मार्ग में दिखलाई गई वह परम भगवान श्री निंबार्क के ज्ञान का प्रकाश ही है। ऐसा श्रीधर स्वामी की टीका से स्पष्ट होता है।[५] वह प्रतीची =

---

१. इति संभाष्य भगवानर्जुनेन सहेश्वरः।
दिव्यं स्वरथमास्थाय प्रतीचीं दिशमाविशत्॥ भा० १०।८९।४७।

[भगवान ने अर्जुन से कहा कि अपने को दुःखी मत करो "उद्धरेदात्मनात्मानं, नात्मानमवसादयेत्" मैं तुम्हें ब्राह्मण पुत्रों को दिखलाऊँगा (भा० १०।८९।४६) ऐसा कहकर अर्जुन के साथ ईश्वर दिव्य (अलौकिक) रथ पर बैठकर पश्चिम दिशा की ओर गये]

२. "सहस्रादित्य संकाशं स्वचक्रं प्राहिणोत् पुरः (भा० १०।८९।५०)

[हजारों सूर्यों के समान प्रकाशमान स्वकीय चक्र को ही आगे मार्ग प्रदर्शन की आज्ञा दी]

३. "ददर्श तदभोग सुखासनं विभुं महानुभावं पुरुषोत्तमोत्तमं"
(भा० १०।८९।५५)

"द्वारेण चक्रानुपथेन परं परं ज्योतिरनंत पारम्।"
(भा० १०।८९.५२)

४. "चक्रादिभिर्मूर्तिधरैर्निजायुधैः" (भा० १०।८९।५७)

"ववंद आत्मानमनंत मच्युतो तावाह भूमा परिमेष्ठिनां प्रभुः"
(भा० १०।८९।५८)

"प्रलंब चार्वष्ट भुजं" (भा० १०।८९।५६)

५. "परं श्रेष्ठं भागवतं ज्योतिः" (श्री धरी भा० १०।८९।५२)

[यह जीवात्मा के स्व का प्रकाश था आत्मा से आत्मा का उद्धार था। ब्रह्म के स्व चक्र जीव की भगवदुपासना द्वारा स्व समान रूप की प्राप्ति थी]।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

पश्चिम मार्ग जीव का भोग मार्ग है।[1] इस भोग मार्ग में जीव आनन्द की प्रतीति करता है, पर वह यह नहीं जानता कि यह भोग मार्ग, अंधकारपूर्ण, अल्प आनंद वाला है। इसलिए जीव को इस अंधकार से प्रकाश की ओर जाने की चेष्टा करनी चाहिये। प्रकाश की ओर ले जाने वाले निरन्तर भगवद्भक्ति में लगे हुए गुरु ही होते हैं अतः उनके शरणापन्न होकर ही उस प्रकाश को प्राप्त किया जा सकता है।[2] अंधकार में डूबा हुआ जीव गुरु से प्रार्थना करता है कि "तमसो मा ज्योतिर्गमय"।[3] तब गुरु रूप भागवत चक्र ही अंधकार में सुन्दर प्रकाश का दर्शन कराते हैं, इसलिए वे सुदर्शन हैं। संसार चक्र को काटकर सुदर्शन चक्र प्रकाश करते हैं। संसार चक्र नीम के वृक्ष के समान कटु अनुभव वाला है, उस कटुता में भी बहुल सुख का प्रकाश करने वाले ब्रह्म चक्र श्री निंबार्क हैं। उनके प्रकाश से यह जीव निर्मल हंस रूप हो जाता है। परमात्मा के समान ज्योति को प्राप्त कर ही वह हंस होता है। गुरू और ब्रह्म को आनंद का प्रेरिता मानने पर जीव अमृतत्व प्राप्त करता है।[4] जब जीवात्मा

---

१. पश्चिमे इत्यधोद्वारो गुदं शिश्नमिहोच्यते" (भा० ४।२९।१०)
(जीव के नीचे के शरीर की दो इंद्रियाँ गुदा और शिश्न पश्चिम मार्ग हैं।)

२. देखें ब्रह्मसूत्र १।१।१। का वाक्यार्थ।

३. मुझे अंधकार से प्रकाश की ओर ले जावें।

४. सर्वाजीवे सर्व संस्थे वृहंते अस्मिन् हंसो भ्राम्यते ब्रह्म चक्रे।
पृथगात्मानं प्रेरितारं च मत्वा जुष्टस्ततस्तेनामृतत्वमेति।। (श्वे० १।६)

[सबके आश्रयभूत विस्तृत ब्रह्म चक्र (सुदर्शन चक्र) में जब यह ज्ञान स्वरूप हंस जीवात्मा घुमाया जाता है, तब वह अपने को और अपने प्रेरक परमात्मा को भिन्न मानकर उसी परमात्मा से संलग्न हो जाता है (समता प्राप्त कर लेता है) और अमृतत्व प्राप्त कर लेता है।

यदा पश्यति पश्यते रुक्मवर्णं कर्त्तारमीशं पुरुषं ब्रह्मयोनिम्।
तदा विद्वान्पुण्य पापे विधूय निरंजनः परमं साम्युपैति।। मुं० ३।१।३।

[जब यह जीवात्मा सबके शासक परब्रह्म के तत्व का साक्षात् कर लेता है तब पुण्य पाप से छूटकर परमात्मा के समान प्रकाशवान हो जाता है]

इन दोनों श्लोकों में ब्रह्म जीव का द्वैताद्वैत भाव दिखलाया गया था। यही श्री निंबार्क का सिद्धांत है। इसी को भागवत की इस कथा में रहस्यमय रूप से दिखलाया गया है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

जगत का भोक्ता स्वयं को मानने लगता है, तभी सांसारिक भोगों में उसकी आसक्ति हो जाती है। यह आसक्ति ही अंधकार है। इसी आसक्ति को परमात्मा की ओर लगा देना ही प्रकाश है जब सांसारिक भोगों को सीमित रक्खा जाता है और अंतःकरण चतुष्ट्य—मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार को भोगों में संलग्न नहीं होने दिया जाता तो निश्चित ही प्रकाश प्राप्त होता है। अंतःकरण में शुभ्र कांतिमान हंस रूप ईश्वर का निवास है। उसको प्राप्त करने के लिए अंतःकरण की प्रवृत्ति को निरंतर अंतस्थ ब्रह्म की चर्या (सेवा)[1] में लगाना चाहिए। सांसारिक भोग तो केवल शरीर के धर्म हैं। अंतःकरण का धर्म तो हृदय के अति उज्ज्वल नित्य वृन्दावन में नित्य रहस करने वाले श्री राधा कृष्ण युगल हंस की भावमयी लीला[2] में निरंतर लगा रहना ही है। श्री निंबार्क मूर्त्तिमान होकर सदा उस स्थल पर उपस्थित रहते हैं। यही श्री आचार्यचरण के "उपासनीयं नितरां जनैः सदा" (भगवान की उपासना निरंतर करनी चाहिये) का तात्पर्य है। श्री निंबार्काचार्य जी सख्यभाव से युगल सरकार की उपासना में निरंतर लगे रहते थे इसीलिए नैष्ठिक ब्रह्मचारी थे।

[क्योंकि वे सदा निष्ठा के साथ ब्रह्म की चर्या में लगे रहे]

---

१. सत्येन लभ्यस्तपसा ह्येष आत्मा सम्यग्ज्ञानेन ब्रह्मचर्येण नित्यम्।
अंतःशरीरे ज्योतिर्मयो हि शुभ्रो यं पश्यंति यतयः क्षीणदोषाः॥
मुं० ३।१।५

[इस अंतःकरण में ही विहार करने वाले ज्योतिर्मय शुभ्र परमात्मा को सत्य भाषण तप और ब्रह्मचर्य से संयमशील महापुरुष देख पाते हैं]

२. नवद्वारे पुरे देही हंसो लेलायते बहिः।
वशी सर्वस्य लोकस्य स्थावरस्य चरस्य च॥ श्वेता० ३।१८।

[संपूर्ण स्थावर जंगम जगत को वश में रखने वाले हंस रूप परमात्मा ही इस नव इंद्रियों वाले शरीर के अन्दर और बाहर जगत में भी लीला कर रहे हैं]

"एष सर्वेश्वर एष सर्वज्ञ एषोऽन्तर्याम्येष योनिः सर्वस्य प्रभवाप्य योहि भूतानाम्" [यही सर्वेश्वर, सर्वज्ञ, अंतर्यामी और जगत के कारण हैं]

इस सिद्धांत को श्री निंबार्क ने ब्रह्मसूत्र वाक्यार्थ के चतुर्थ अध्याय में आदि से अंत तक निरूपण किया है [उसी को सम्यग्रूप से देखें]

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सांसारिक भोगों की आसक्ति संसार चक्र के बंधन में डालती है। श्वेतद्वीप (प्रकाशमय अंतःकरण के नित्य वृन्दावन) में भोग के आसन पर सुखासीन पुरुषोत्तम श्री कृष्ण की सेवा की आसक्ति ही मुक्ति है। अंतःकरण चतुष्ट्य मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार ही दिव्य अंतः के चार घोड़े हैं। इनको सांसारिक आसक्ति चक्र में भटकते देखकर ब्रह्म चक्र श्री निंबार्क ही उपासना मार्ग प्रदर्शन करते हैं। यही उपासना मार्ग का ब्रह्मचर्य है। इसी को सख्यभाव में तत्सुख सुखित्व भाव कहते हैं। एतत् (जगत) के अल्प भोगमय सुख में, मन, बुद्धि, चित्त अहंकार को न लगाकर, अंतःकरण के प्रकाशमय सत् अनंत अष्टभुजी सर्वेश्वर रूप भूमा तत् सुख में लगाना ही जीवन की सार्थकता है। यही द्वैताद्वैत का उपासनामय सिद्धांत है। इसे ही श्री निंबार्क का उपदिष्ट उज्ज्वल मार्ग समझना चाहिए।

वह निश्चित ही युगुल मूर्त्ति श्री राधा कृष्ण के नित्य विहार सुख का आनन्दमय शाश्वत और अनंत प्रकाशमय मार्ग है।

अंतःकरण में जीवात्मा और परमात्मा साथ-साथ रहते हैं पर जीवात्मा परमात्मा के अनन्त प्रकाशमय सुख की अनुभूति नहीं कर पाता। उसको तो हजारों सूर्य के समान प्रकाशमान् स्वचक्र (ब्रह्मचक्र सुदर्शन) ही कृष्ण के साथ श्री राधा की नित्य लीला का दर्शन कराते हैं तभी जीव उस बहुल सुख रूप आत्मरति की अनुभूति करता है। यही रहस्य इस भागवत की कथा में दिखलाया गया है। इसी भागवतीय रहस्य का उद्घाटन करने के लिए श्री निंबार्क का प्रादुर्भाव हुआ था। इसी प्रकार श्रीमद्भागवत दशम् स्कंध ८७ अध्याय १८वें श्लोक में आरुणि श्री निंबार्क की ब्रह्मसूत्र वाक्यार्थ प्रतिपाद्य हृदय में ब्रह्म की उपासना पद्धति की विशेषता स्पष्ट रूप से कही गई है—

उदरमुपासते य ऋषि वर्त्मसु कूर्पदृशः।
परिसर पद्धतिं हृदयमारुणयो दहरम्॥
तत उदगादनंत तव धाम शिरः परमम्।
पुनरिह यत् समेत्य न पतंति कृतांत मुखे॥

[प्रभु ! कुछ स्थूल दृष्टि वाले ऋषियों ने आपकी उपासना (ध्यान) उदर के मणिपूरक चक्र में अग्नि रूप से कही है। (मेधावी) श्री आरुणि ने हृदय के अंतस्तल के दहराकाश में आपकी उपासना पद्धति को कहा है, वस्तुतः वही उत्तम मार्ग है। हृदय से ही शरीर की सभी नाड़ियाँ निकलती हैं, उन्हीं में प्रधान जो सुषुम्ना नाड़ी है, जो कि शिर में ब्रह्मरंध्र तक गई है, उसमें ध्यान कर

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

ऊपर की ओर बढ़ता है वह निश्चित ही जन्म मरण के चक्र में नहीं पड़ता] इस श्लोक की टीका में बहुत स्पष्ट रूप से भागवत के वास्तविक टीकाकार श्रीधर स्वामी ने श्री निंबार्क मुनि के प्रवर्त्तित मार्ग को ही "मुनि वर्त्मभिः" कहकर लिखा है।[1]

श्री निंबार्क सुदर्शन के अवतार थे ऐसा सभी परवर्त्ती भाष्यकार टीकाकार आदि ने लिखा है। पुराणों में प्रसंग आता है कि वैदिक परंपरा का जब लोप हो रहा था उस समय सनातन वैदिक संप्रदाय व्यग्र था उसको सांत्वना देने के लिए सुदर्शन को भगवदाज्ञा मिली थी कि तुम वैष्णव मार्ग का प्रकाश करो।[2]

---

१. भागवत में उल्लेख्य श्री आरुणि के सिद्धांत को पढ़ने के बाद भी यदि श्री निंबार्क की उपस्थिति १२ वीं सदी में बतलाने की चेष्टा की जावे तो वह एकमात्र हठवाद होगा। श्री निंबार्क के ब्रह्मसूत्र वाक्यार्थ से अक्षरशः इस मत का साम्य है। श्री मद्भागवत ६।१५।१३ में भी श्री आरुणि को उपदेष्टा आचार्य के रूप में कहा गया है।

२. सुदर्शन महाबाहो कोटि सूर्य समप्रभ।

अज्ञान तिमिरांधानां विष्णोर्मार्ग प्रदर्शय ।।

[भगवान ने आज्ञा दी कि, महाबाहु सुदर्शन तुम सहस्त्रों सूर्य के समान देदीप्यमान हो अतः अपने प्रक.श से इस जगत के अंधकारमय जीवों का उद्धार वैष्णव मार्ग के प्रदर्शन द्वारा करो]

इस भगवदीय आज्ञा के अनुसार श्री सुदर्शन जी ने बादरायण के काल में अवतार लेकर वैष्णव मार्ग का प्रदर्शन किया था। इस बात को श्रीनिंबार्क की दशश्लोकी के टीकाकार श्री पुरुषोत्तमाचार्य जी ने अपनी भूमिका में भी स्पष्टतः कहा है—"श्री वासुदेवेन विष्णुना आत्म स्थापित वेद मार्ग संरक्षणाय नियुक्तोनिरतिशयात्मप्रिय आत्म शक्त्युपबृंहितानंतशक्तिः स्वहस्त धारको निजायुधः कोटि सूर्य समप्रकाशो भगवान सुदर्शनो अवनितलावतीर्ण तैलंग द्विजवरात्मना द्रविड देशे नियमानंदाभिदो भगवदीयां सनातनीं कलौ नष्टां सनातनीं वेदांत संततिप्रवर्त्तयिष्यन् शारीरिक मीमांसा वाक्यार्थ रूप वेदांत पारिजात सौरभाख्या ग्रंथ रचना व्याजेन सर्ववेदांत संग्रहेण संदर्भयामास।"

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

नैमिषारण्य के विषय में भी ऐसी ही किंवदंती पुराणों में मिलती है कि सुदर्शन ने ही उस अरण्य में धार्मिक कथा यज्ञ का प्रारम्भ किया था जो कि लगभग हजार वर्ष तक अनवरत चलता रहा । नैमिषारण्य क्षेत्र के नाम का रहस्य भी यही है कि "जिस अरण्य में सुदर्शन की नेमि (चक्र की फाल) गिरे ।"[१]

[भगवान वासुदेव विष्णु ने अपने अतिशय प्रिय आयुध अनंत शक्तिमान कोटि सूर्य के समान प्रकाशवान सुदर्शन को आज्ञा दी तो उन्होंने द्रविड़ देशीय तैलङ्ग ब्राह्मण कुल में नियमानंद नाम से अवतार लेकर उपनिषदों की जो सनातन वेदांत परम्परा थी, जो कि कलि में नष्ट प्राय थी उसको पुनः स्थापित करने के लिए ब्रह्मसूत्र के वाक्यार्थ रूप से वेदांत पारिजात सौरभ आदि ग्रंथों की रचना कर उपनिषदों का समन्वय किया]

इस प्रसङ्ग से श्री निंबार्क का द्रविड़ाचार्य होना, ब्रह्मसूत्र वाक्यार्थ के अतिरिक्त अन्य ग्रंथों की रचना और कलि में ही जन्म लेना सिद्ध होता है।

[इस उद्धरण को हम सर्वाधिक प्रामाणिक मानेंगे क्योंकि यह निंबार्क सम्प्रदाय के ग्रंथों में श्री निवासाचार्य के भाष्य के बाद का ही ग्रंथ है। पुरुषोत्तमाचार्य जी प्राचीन आचार्य हैं, इसका विश्लेषण आगे के प्रकरण में करेंगे]

साथ ही यह विशेष रूप से ध्यान देने की बात है कि पुरुषोत्तम जी लुप्त प्राय प्राचीन वेदांत परम्परा के प्रवर्त्तक श्री निंबार्क को कहते हैं। इससे सिद्ध होता है कि श्री निंबार्क सर्व प्रथम वेदांत सूत्रों के व्याख्याकार हैं । यदि शंकरादि के बाद श्री निंबार्क होते तो वेदांत परम्परा के लुप्त होने की बात कैसे संगत होती ?

१. प्रेत्यात्र चालयश्चक्रं नेमिः शीर्णोऽत्र पश्यतः ।
तेनेदं नैमिषंप्रोक्तं क्षेत्रेपरं पावनम् ।।
देवी भा० १।२।३२।।

[भगवान के प्रेरित चक्र की नेमि इस क्षेत्र में गिरी इसलिए वह परं पवित्र नैमिष क्षेत्र हो गया]

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

लिखा गया कि "अनुपम चक्र का अनुकरण करो जहाँ यह धर्म चक्र जाकर ठहरे वहीं तुम लोग धार्मिक सम्मेलन करना वही पुण्य क्षेत्र होगा।"[१]

श्री निंबार्क का धर्म चक्र सम्पूर्ण भारत में चला। उन्होंने भारत के अनेक स्थलों पर धार्मिक सङ्गठन केन्द्र स्थापित किए थे। जहाँ-जहाँ भी भारत में चक्रतीर्थ मिलते हैं वे सभी केन्द्र स्थल थे। श्री निंबार्क ने स्वयं अपनी तपोभूमि ब्रजमंडल की गोवर्द्धन की उपत्यका ही चुनी थी। प्रधान बात तो यह थी कि ब्रजभूमि उनके उपास्य की लीला भूमि थी जिसपर जैनों ने अपना अधिकार जमा लिया था, उस पवित्र भूमि को अपने अधिकार में करने की एक विशेष घटना है, जिसने श्री नियमानंद (आरुणि) को निंबार्क बनाया।[२] श्री निंबार्क धर्मचक्र के प्रवर्त्तक थे अतः उनका वह धर्मचक्र बाद के समन्वयवादी सम्राट अशोक (२७० ई० पू०) का धर्म चक्र बन गया तथा इसी समय से चक्र उपास्य

---

१. अनौपम्यमिदं चक्रं वर्त्तमानमतंद्रिताः,
पृष्ठतो यात नियमात् पदं प्राप्स्यथ तद्हित्म।
गच्छतो धर्मचक्रस्य यत्र नेमिर्विशीर्यते,
पुण्यः स देशो मंतव्य इत्युवाच स्वयं प्रभुः॥

पद्म पुराण।१।१।७-८।

"क्षेत्रेऽस्मिन् वैष्णवे" [नैमिशारण्य वैष्णव = विष्णु के सुदर्शन का क्षेत्र है]
भा० १।१।२१

२. आरुणि जी ने गोवर्द्धन के निकट निर्जन स्थल पर एक नीम के वृक्ष के नीचे अपना आश्रम बनाया था। मथुरा जैनों का प्रधान तीर्थ था उस समय के जैनी प्रधान आचार्य मथुरा में ही रहते थे, एक दिन वह आरुणि जी के आश्रम गए और उनसे शास्त्रार्थ किया। शास्त्रार्थ में जैनाचार्य पराजित हुए और शास्त्रार्थ के अनुबंध (शर्त) के अनुसार उन्होंने मथुरा मंडल को छोड़ देने का निश्चय किया। शास्त्रार्थ होते हुए अतिकाल हो गया लगभग रात्रि को बारह बज रहे थे। विवाद की समाप्ति पर आरुणि जी ने भारतीय संस्कृति के अनुसार जैनाचार्य से भोजन करने का आग्रह किया, जैन सूर्यास्त के उपरांत भोजन करते नहीं अतः आरुणि जी ने स्वकीय कोटि सूर्य समप्रभ सुदर्शन रूप को नीम के वृक्ष के ऊपर प्रकाशित किया और जैनाचार्य का साग्रह आतिथ्य किया। उसी समय से आरुणि, श्री निंबार्क हुए। आज जो स्थल ब्रज में नीम गाँव के नाम से प्रसिद्ध है वहाँ चक्रतीर्थ भी है वह श्री नियमानंद, (नेमानंद) नीमानंद्व का अपभ्रंश रूप है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

देवता रूप से वैष्णवों के पूज्य हो गए ।[1] तंत्र शास्त्र के सभी मन्त्रों के आधार सुदर्शन चक्र ही हुए । संपूर्ण मन्त्र सुदर्शन चक्र के मध्य में लिखकर ही पूजे जाते हैं । महात्मा बुद्ध को विष्णु के अवतारों की पंक्ति में बैठाने वाले भी भगवान बादरायण और श्री निंबार्क ही थे ।[2] बौद्ध विहार पुरी को जगन्नाथ रूप देकर वैष्णव बनाना चक्रावतार श्री निंबार्क का ही कार्य है, इसलिए जगन्नाथ मन्दिर की शिखर पर स्थित चक्र रूप से उनका दर्शन, पूजन किया जाता है । भगवान के आयुधों में सुदर्शन ही वैष्णव कहे गए अन्य गदा आदि आयुध नहीं, क्योंकि चक्र ने श्री निंबार्क रूप से अवतार धारण कर वैष्णव धर्म की स्थापना की थी । सुदर्शन का नाम कीर्त्तन वैष्णवों की शुद्धि करने वाला माना गया ।[3] ईसा मसीह और बुद्ध की चमत्कार पूर्ण लीलाओं में भी सूर्य और सुदर्शन के प्रकाश दिखलाने की कथायें भी रची गई जो कि श्री निंबार्क की अलौकिक लीला का अनुकरण मात्र है । मथुरा से जो भक्ति का प्रवाह चला था वह सदियों तक पूरे उत्तर प्रदेश में व्याप्त रहा, आज भी उत्तर प्रदेश भक्ति प्रधान क्षेत्र है ।[4] स्कंद पुराण के अनुसार मथुरा जब वैष्णवों द्वारा

---

१. नारद पांचरात्र में सुदर्शन चक्र की उपासना मंत्र आदि की विस्तृत विवेचना है ।

[नारद पांचरात्र भी पुराणों के समान श्री रामानुज के काल तक संकलित होता रहा है]

नारद पांचरात्र का प्रचार ई० की १० वीं शताब्दी में श्री निंबार्क मतानुयायी उत्पलाचार्य ने किया ।

२. भागवत १।३।२४ तथा नारद पांचरात्र ४।३।१६५-१५६।।४।८।८१।। में एवं वैष्णव पुराणों में बुद्धावतार की चर्चा है ।

३. चक्रायुधस्य नामानि सदा सर्वत्र कीर्त्तयेत् ।
नाशौचं कीर्त्तने तस्य सदा शुद्धि विधायिनः

[पद्म पुराण पाता० ८४।४५]

[चक्रायुद्ध के नामों को सदा सभी अवस्थाओं में कीर्त्तन करना चाहिए । उनके कीर्त्तन में कभी अपवित्रता नहीं होती, उनके नाम शुद्ध करने वाले हैं]

४. ई० की चौथी सदी में चीन देश के शेन प्रांत की राजधानी चांगगान निवासी ह्वांगचे की आज्ञा से फाहियान नाम का एक यात्री भारत में बौद्ध धर्म ग्रंथों को लेने के लिए आया था । उसने अपनी यात्रा के विवरण में उत्तर

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

बसाया गया तो वहाँ देहली के पूँजी पतियों को राजा विष्णुरात ने भेजा था ततस्तु विष्णुरातेन श्रेणी मुख्याः सहस्रसः । इंद्रप्रस्थात् समानाय्य मथुरा स्थान मापिताः ।। बौद्धों के प्रधान गढ़ पाटलिपुत्र (पटना) से मथुरा अधिक समृद्धि-शाली था, ऐसा ई० पू० ३ सदी के प्रसिद्ध विद्वान् पाणिनि के वर्णन से ज्ञात होता है "माथुराः पाटलिपुत्रेभ्य आढ्यतराः।" पाणिनि के अनुसार वासुदेव श्री कृष्ण के भक्त वासुदेवक कहलाते थे। महर्षि पतंजलि के अनुसार वैष्णव परिवार के स्त्री पुरुषों को भागवती और भागवत कहा जाता था। गोपालोत्तरतापनीयोपनिषद् मंत्र ३१ के अनुसार "मथुरा नगरी गोपाल कै चक्र द्वारा सुरक्षित है, इसलिए गोपाल पुरी नाम से प्रसिद्ध है।"

श्री निंबार्क ने ब्रह्म, जीव, मन और अहंकार के प्रतीक वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध की उपासना का जो आध्यात्मिक तत्त्व विवेचन किया था और उनकी मूर्तियों की उपासना प्रचलित की थी उसका भी उल्लेख गोपालोपनिषद् मंत्र ३४ में किया गया है।[1] इसी चतुर्व्यूहावतार कै प्रतीक भगवान राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न माने गए। श्री निंबार्क स्वयं अनिरुद्ध शत्रुघ्न के अवतार माने गए। बात तथ्य पूर्ण है—सुदर्शन और अहंकार दोनों ही, अनिरुद्ध (न रोके जा सकने वाले) तथा शत्रुघ्न (शत्रुओं का संहार करने)

प्रदेश के प्रभावशाली व्यापक वैष्णव धर्म की विशेषता वर्णन की है। वह वैष्णवों के प्रधान केंद्र मताऊला (मथुरा) में नहीं गया। उसने लिखा है—भारत का सर्वाधिक समृद्ध मध्य प्रदेश (वर्त्तमान उत्तर प्रदेश) है वहाँ की प्रजा प्रभूत और सुखी है, व्यवहार की लिखा पढ़ी और पंचायत नहीं होती। प्रजा राजा की भूमि जोत कर उपज का अंश देते हैं। सभी को हर जगह रहने का स्वतंत्र अधिकार है। प्राण दंड और शरीर दंड का विधान नहीं है। यहाँ के निवासी जीव हिंसा मद्यपान लहसुन प्याज नहीं खाते। सभी भक्त हैं।"

इसी प्रकार चंद्रगुप्त मौर्य (ई० पू० ३२२) के दरबारी मेगस्थनीज ने लिखा है कि "सौरसेनी" मथुरा में हेरेक्लीज की पूजा होती है जो कि अपने पूर्वज डायोनिसस की पंद्रहवीं पीढ़ी के थे। [महाभारत के अनुसार दक्ष (डायोनिसस) की पंद्रहवी पीढ़ी में हरे कृष्ण (हेराक्लीज) हैं]

१. वैष्णव उपनिषदों की उत्पत्ति भी संभवतः भागवत काल की ही प्रतीत होती है। भगवान बादरायण व्यास ने ही वैदिक उपासना तत्व के रहस्य को इन उपनिषदों में उद्घाटन किया है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

हैं। भगवान श्री निंबार्क ने वैदिक धर्म के विरुद्ध सम्प्रदायों का निराकरण कर जो अप्रतिहत भागवत धर्म स्थापित किया था वह उनके शत्रुघ्न और अनिरुद्धावतार की ही लीला है। उनका प्रेमा भक्ति का सिद्धांत विश्व के सम्पूर्ण धर्मों में अनिवार्य रूप से धर्मचक्र के रूप में प्रवेश कर चुका है। श्री निंबार्क के ही समकालीन बौद्ध धर्म के महोपदेष्टा धर्मराज, मैत्रेय थे जिन्होंने हिमालय मार्ग से तिब्बत की ओर जाकर बौद्ध धर्म का प्रचार किया था।[१] श्रीमद्भागवत के उल्लेख्य धर्मराज के अवतार विदुर और मैत्रेय के हरिद्वार में हुए सम्मेलन और भागवत तत्व के विवेचन से ज्ञात हो होता है, कि मैत्रेय भागवत धर्म में दीक्षित हो गए थे और उन्होंने ही सर्व प्रथम भक्तिपूर्ण महायानी बौद्ध धर्म का भारत के बाहर उपदेश दिया।

सुदर्शनावतार श्री निंबार्क ने जो वैदिक धर्म का चक्र चलाया उसे महात्मा बुद्ध की कथाओं के साथ संलग्न कर उन्हीं को धर्म चक्र का प्रवर्त्तक लिखा गया है। बौद्ध धर्म में जो कथायें गढ़ी गई वो पुराण कथाओं पर आधारित हैं वहां शैली वही रूप-रेखा बौद्ध कथाओं की भी है। धर्म चक्र प्रवर्त्तित बुद्ध मैत्रेय ही थे। मैत्रेय को भी बुद्धावतार कहा गया है।"[२]

---

१. फाहियान ने अपनी यात्रा के विवरण में मैत्रेय के धर्म प्रचार की जनश्रुति का उल्लेख किया है। इन मैत्रेय को भविष्य में होने वाले बुद्ध कहा गया। ये बुद्ध के अवतार ही माने गए। फाहियान ने एक प्रसिद्ध किंवदंती का उल्लेख किया है कि—"बुद्ध ने एक बार कौंडिन्यादि पंचवर्गी को उपदेश दिया और स्वतः मैत्रेय रूप से होने की भविष्यवाणी की।" "बुद्ध ने पूर्वाभिमुख बैठकर कौंडिन्यादि के साथ धर्म चक्र प्रवर्त्तन किया।" इस प्रसङ्ग से होता है, कि मैत्रेय बुद्ध से कौंडिन्य, आरुणि, विष्णुस्वामी, गर्ग और शांडिल्य आदि पंचवर्ग के साथ वैष्णव मत पर विचार विमर्श हुआ था। मैत्रेय ने आरुणि का धर्मचक्र प्रवर्त्तन किया था। संभवतः इसी आधार पर यह किंवदंती बौद्ध धर्म में प्रचलित हुई है।

[फाहियान यात्रा के उद्धरण काशी नागरी प्रचारिणी सभा से सं० १९७६ में प्रकाशित हिन्दी अनुवाद से संग्रहीत है]

२. बौद्ध धर्म को वैष्णव धर्म में समन्वय करने के लिए वैष्णव पुराणों में बौद्ध श्रमणों को वैष्णव लिखा गया इसी प्रकार महायानी बौद्ध सम्प्रदाय ने [जो कि वैष्णव धर्म के प्रभाव से चला था] वैष्णव महात्माओं को बुद्ध संप्रदाय में सम्मिलित होने की गाथायें रचीं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

श्री निंबार्क ने ज्योतिष में भी अपना विशेष ही मत स्थापित किया था ऐसा हमको १७ वीं शताब्दी के स्मृतिकार श्री कमलाकर भट्ट के प्रसिद्ध ग्रंथ निर्णय सिंधु से ज्ञात होता है।[१] कमलाकर जी ने श्री निंबार्क के ज्योतिर्मत के प्रतिपादन में ब्रह्मवैवर्त पुराण, भविष्य पुराण और पातंजल महाभाष्य तथा हेमाद्रि के प्रमाणों को उद्धरण रूप में प्रस्तुत किया है।[२] इस सिद्धांत निरूपण से यह भी निर्णय हो जाता है कि श्री निंबार्क केवल दार्शनिक आचार्य मात्र न थे अपितु अपनी अलोकिक लीला के कारण वैष्णवों के उपास्य देवता माने गए। श्री निंबार्क के मत में प्राय: रात्रि को १२ बजे ही तिथि परिर्वात्तित हो जाती है। इस मत को परवर्ती ईसाई मतावलम्बियों ने अपना सिद्धांत वनाया उनके यहाँ भी रात्रि को ही तिथि बदल जाती है। कमलाकर भट्ट के समय से ही श्री निंबादित्व के इस मत के उपासक कुछ अन्य

---

१. निम्बादित्योपासकास्तु जन्माष्टमी रामनवमी शिवरात्र्यादो पूर्वेऽह्नि कर्म कालीनां तिथि व्यक्त्वा त्रिद्विमुहूर्त्ता परैव तिथिर्ग्राह्या।

[निंबादित्य जी के उपासकों को जन्माष्टमी आदि व्रतों में पहिले दिन की तिथि का त्याग कर दो तीन मूहूर्त वाद की तिथि को मानना चाहिये]

२. हेमाद्रिस्तु (१३ वीं सदी) केषांचिदर्धरात्रेऽपि दशमी भेदमाह—

अर्धरात्रेतु केषांचिद् दशम्याभेद उच्यते। कपालभेदइत्याहुराचार्या ये हरि प्रिया:।

[हेमाद्रि में लिखा है कि—कोई-कोई आधी रात्रि में ही दशमी में वेध मानते हैं जैसा कि—आधी रात में ही वेध मानने वाले हरिप्रिया आचार्य हैं, ऐसा ब्रह्म वैवर्त्त का भी प्रमाण है]

"अनद्यतनेलङ्" इत्यत्र अतीताया: रात्रे पूर्वयामद्वयं दिवसश्च सकल एषोऽद्यतन: काल:" इत्युक्तं महाभाष्ये।

[अनद्यतनेलङ् इस पाणिनीय सूत्र पर महाभाष्यकार पतंजलि ने लिखा है कि—बीती हुई रात्रि के दो याम तथा आने वाली रात्रि के पहले दो याम का एक दिन होता है, उसे ही अद्यतन (आज का दिन) कहते हैं]

"उदयाव्यापिनी ग्राह्याकुले तिथिरुपोषणे, निंबार्कोभगवान्येषां वांच्छितार्थ फ़लप्रद:।" भ० पुराण

[उदया तिथि जिन गृहस्थों में मानी जाती है वहाँ भगवान निंबार्क मनोवांछित फल देते हैं]

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वैष्णव पंथी भी हो गये। इस परपंथी वैष्णव मत के परिवर्त्तन में एक विशेष घटना का उल्लेख किया जाता है जिस घटना के फलस्वरूप उत्तर-प्रदेशीय वैष्णव पंथियों ने श्री निंबार्क संप्रदाय के संरक्षण में जयपुर के नीम थाना स्थान पर एक संगठन बनाया था और श्री निंबार्क के प्रतिपादित उपासना और ज्योतिष सिद्धांत को स्वीकार किया था, श्री निंबार्क के इस ज्योतिष सिद्धांत के अनुसार वैष्णवों की एकादशी आदि व्रतों का विधान होता है। पुराणों में इस मत की विपुल चर्चा मिलती है। वैष्णव पुराणों में जहाँ कहीं भी अंबरीष और दुर्वासा के द्वादशी व्रत विषयक विवाद की चर्चा आई है वहाँ श्री सुदर्शन द्वारा वैष्णव अंबरीष का पक्ष दिखलाया गया है। वैष्णवी धर्मचक्र के ज्योतिष सिद्धांत को दुर्वासा को बरबस मानना पड़ा है। जैसा कि कमलाकर भट्ट के संदर्भ से ज्ञात होता है कि, कि श्रीनिंबार्क को पुराणों में हरिप्रिया आचार्य भी कहा गया है। यह नाम, श्रीनिंबार्क की प्रियावतभाव की उपासना के अनुसार सखीभाव से प्रभु की सेवा में उपस्थित रहने का द्योतक है। श्रीनिंबार्क भगवत् सान्निध्य में निरन्तर रहने के कारण रंगदेवी सखी के अवतार माने जाते हैं रंगदेवी को ही हरिप्रिया सखी कहा गया है। हरिप्रिया श्री कृष्ण की सन्निधि में सदा उपस्थित रहती हैं।[1] श्रीनिंबार्क के इस सखीभाव के रहस्य का

---

१. पद्मपुराण ५।७०।५-६-७। में इसका रहस्य कहा गया है—

संमुखे ललितादेवी श्यामला वायु कोणके।
उत्तरे श्रीमतीधन्या ऐशान्यां श्री हरिप्रिया॥
विशाखा च तथा पूर्वे शैव्या चाग्नीततः परं।
पद्मा च दक्षिणे पश्चान्नैऋते क्रमशः स्थिता॥
योगपीठे केदाराग्रे चारु चंद्रावली प्रिया।
अष्टौ प्रकृतया पुण्याः प्रधानाः कृष्ण वल्लभाः॥

[हृदय के सूक्ष्माकाशस्थ अष्टदल कमल के मध्य में श्री राधा कृष्ण की युगलमूर्त्ति सदा विराजती है। उनके "सम्मुख के दल पर ललिता, वायुकोण पर श्यामलता, उत्तर में धन्या, ईशानकोण में हरिप्रिया, पूर्व में विशाखा, अग्निकोण में शैव्या, दक्षिण में पद्मा, नैऋत्य में चंद्रावली क्रमशः विराजती हैं"] ये अष्ट सखियाँ कृष्ण की पृथिवी, जल, तेज, वायु, आकाश, मन, बुद्धि और अहंकार आदि आठ प्रकृति की प्रतीक हैं। हरिप्रिया, रंगदेवी अहंकार की प्रतीक हैं, यही श्रीनिबार्क हैं। योगदर्शन के अनुसार अष्टदलकमल के आठदल पद्मा आदि

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

• प्रतिपादन पद्मपुराण पाताल खंड ८४ और ८५ अध्याय में अर्जुन और श्री नारद की सखी भाव की प्राप्ति के प्रसंग में किया गया है । वृन्दावन लीला में जीव को प्रियावत भाव से ही उपस्थित होना चाहिये यही सखीभाव का रहस्य है ।

प्रधान आठ नाड़ियाँ हैं, मध्य में सुषुम्ना नाड़ी है । श्रीनिंबार्क के मतानुसार सुषुम्ना श्री राधा हैं । ललिता पिंगला नाड़ी है तथा रंगदेवी इडा नाड़ी । पिंगला चंद्र नाड़ी तथा इडा सूर्य नाड़ी है । चंद्र नाड़ी पोषण करती है तो इडा नाड़ी उन्मीलन (प्रेरणा) करती है । "उन्मीलनी तु सा ज्ञेया विशेषेण हरिप्रिया" पद्मपुराण, ६।३६।३४। [उन्मीलनी को ही हरिप्रिया समझना चाहिए] निंबादित्य ही उपासक भक्तों को भागवत तत्त्व का उन्मीलन करने वाले हरिप्रिया आचार्य हैं । "अज्ञान तिमिरांधानां विष्णोर्मार्गं प्रदर्शय" अर्थात् "अज्ञानान्धकार से अंध प्राणियों को वैष्णव मार्ग को प्रकाशित करो" सुदर्शन को दी गई भगवदाज्ञा का भी यही रहस्य है—

"अज्ञान तिमिरांधस्य ज्ञानांजन शलाकया ।
चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्री गुरवे नमः ।।

[अज्ञानांधकार से आवृत अंतःकरण के नेत्रों को जो अपने ज्ञान शलाका से खोल दे उस गुरु को नमस्कार है] इस गुरु वंदना में भी हरिप्रिया आचार्य इडा को नमन किया गया है । परमाचार्य श्रीनिंबार्क द्वारा प्रकाशित उपासना मार्ग से ही अज्ञानाच्छादित हृदय की वासना की गाँठ फूट जाती है, जीव के सारे संशय दूर हो जाते हैं और शुभाशुभ कर्म क्षीण होकर भगवद्भाव प्राप्ति रूप मुक्ति हो जाती है । इस मुक्ति को ही जीव का उन्मीलन (विकास) कहते हैं—

भिद्यते हृदय ग्रंथिश्छिद्यंते सर्व संशयाः ।
क्षीयंते चास्य कर्माणि तस्मिन् दृष्टे परावरे ।। मुं० २।८।

इस प्रकार हृदय की संपूर्ण कामनाओं के भेदन हो जाने पर जीवात्मा अमर हो जाता है और उसे ब्रह्म की समता प्राप्त हो जाती है ।

यदा सर्वे प्रमुच्यंते कामा येऽस्य हृदिस्थिताः ।
अथ मर्त्योऽमृतोभवति अत्रब्रह्म समश्नुते ।। कठो० ३।१४।

यही नित्य वृन्दावन के नित्य विकसित (उन्मीलित) निकुंज की लीला है, इसी में अष्ट सखियों और उनकी सहायक सखियों का सदा प्रिया प्रियतम श्री

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

श्रीनिंबार्क अपने काल में प्रचलित पाशुपत वीर शैवमत का निराकरण ब्रह्म-सूत्र वाक्यार्थ में २।२।३७ से २।२।४१ तक करते हैं। मत का निराकरण करके शिव का जो अविरुद्ध रूप भागवत संप्रदाय ने उपस्थित किया वह बड़ा अनूठा है। स्वयं शिव को वैष्णवाचार्य बनाकर उन्हीं के मुख से संपूर्ण वैष्णव तंत्र और उपासना का व्याख्यान पुराणों और संहिताओं में कराया गया है। वीर शैवमत लिंगायत संप्रदाय के उपासक श्मसान भस्म धारण करते थे तथा गले में शिवलिंग की मूर्ति लटकाकर चलते थे। उसका समन्वय भी स्वयं निंबार्क ने किया। वे कंठ में श्री सर्वेश्वर की शालग्राम विग्रह धारण करते थे तथा गोपी चंदन का ऊर्ध्व पुंड्र मस्तक पर लगाते थे। इतना ही नहीं ब्रह्म वैवर्त्त पुराण ४।३६।१३ में तो इस वैष्णव संप्रदाय में दीक्षित शिव को ही दिखला दिया गया—[दंडी छत्री दीर्घवासा बिभ्रत्तिलकमुत्तमं, करे स्फटिक माला च शालग्रामं गले दधत्] त्रिशूलधारी श्मशान भस्मस्नात रुद्राक्षधारी भगवान शंकर को वैष्णवाचार्य बनाने का अद्भुत कार्य आरुणि आदि परम भागवतों का ही है।[1] श्री निंबार्क सर्वेश्वर ब्रह्म के उपासक थे।

राधा कृष्ण के साथ रहस होता है। इसी का प्रकाश श्री हरिप्रिया आचार्य ने किया है। इसे ही प्रेमा परा भक्ति का सिद्धांत कहा है। हृदय के वृन्दावन में नित्य नूतन किशोर श्याम सुन्दर के ही ध्यान का विधान किया गया है और उसे ही परं रस कहा गया है—

[ध्येयं कैशोरकं रूपं, ध्येयं वृन्दावनं वनम्।
श्याममेव परं रूपं आदिदेवं परो रसः॥]

प० पु० ५।७०।५५

वृन्दावन रस के ध्यान से अंतःकरण शुद्ध हो जाता है 'प्रेमपूर्ण ब्रह्म के सुख में मग्न होने से हृदय में ब्रह्मरूप का उन्मीलन होकर तन्मयता हो जाती है।

शुद्ध सत्वैः प्रेमपूर्णैः वैष्णवैस्तद्वनाश्रितं।
पूर्ण ब्रह्म सुखे मग्नं स्फुरत्तन्मूर्ति तन्मयम्।

प० पु० ५।६९।६३।

१. संभवतः इसी आधार पर पाश्चात्य और उनसे प्रभावित साहित्यान्वेषकों ने शंकर को अनार्यों का देवता तथा शंकर के उपासकों को अनार्य तथा वैष्णवों द्वारा किये गये वैष्णवी परिवर्त्तन को सभ्यों की आर्य उपासना कहा है। वैसे वैष्णवी पुराणों और परवर्त्ती वैष्णवाचार्यों ने शैवाचार को अनार्य आचरण कहा है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

स्वामी शंकराचार्य भी इस वैष्णवीकरण से प्रभावित रहे उन्होंने अपने शारीरिक भाष्य में कई स्थलों पर शालग्राम की उपासना को ही महत्व दिया है।

"एवमणीयस्त्वादि गुणोपेत ईश्वरस्तत्र हृदय पुन्डरीके निचाय्यो द्रष्टव्य उपदिश्यते यथा शालग्रामे हरिः।" सू० १।२।७।।

"जीवपुर एक अस्मिन् ब्रह्म सन्निहितमुपलक्ष्यते। यथा शालग्रामे विष्णु सन्निहित इति तद्वत्"। सू० १।३।१४।।

"प्रतीक दर्शनमिदं विष्णु प्रतिमान्यायेन भविष्यति" सू० ४।१।३०।।

[अणीयत्व, विभुत्व आदि गुणों से संपद्य ईश्वर ही हृदयस्थ सूक्ष्माकाश के पुन्डरीक में विराजमान हैं, उन्हीं की उपासना का उपदेश (उपनिषद् और आचार्य देते हैं। जैसे कि शालग्राम की मूर्ति में हरि का निवास है वैसे ही हृदय में ईश्वर का निवास है]

[जिस प्रकार शालग्राम की मूर्त्ति में विष्णु की सन्निधि मानी जाती है वैसे ही जीवपुर इस मानव देह में ब्रह्म का निवास माना जाता है]

[विष्णु की प्रतिमा में जैसे उपासना करने का विधान है, उसी प्रकार यह प्रतीकोपासना है]

शंकराचार्य और द्वैताद्वैत

इस संदर्भ से ज्ञात होता है कि श्री शंकराचार्य वैष्णवों की उपासना से पूर्ण प्रभावित थे तथा जीव और ब्रह्म में द्वैताद्वैत संबंध उपास्य उपासक भाव से स्वीकार करते थे। उन्होने विष्णु सहस्रनाम भाष्य १४।१ में स्पष्ट रूप से वैष्णवी उपासना को कर्त्तव्य कहा है—

"इत्यादि वचनै वैष्णवलक्षणस्यैवं प्रकारत्वाच्च हिंसादि रहितेन विष्णोः स्तुति नमस्कारादि कर्त्तव्यम्" [गीता विष्णु पुराणादि के वचनों से सिद्ध होता है कि वैष्णवी संस्कारों से युक्त हिंसा आदि से रहित होकर विष्णु की स्तुति नमस्कार आदि से उपासना करनी चाहिये]

सू० १।१।२ में ब्रह्मेश काल आदि के नियंता को श्री निंबार्क ब्रह्म कहते हैं इसी प्रकार शंकर वि० स० भा १६।२३ में केशव का अर्थ भी इसी प्रयोजन से करते हैं—"कश्च अश्च ईशश्च त्रिमूर्त्तयः केशास्ते यद्वशेन वर्त्तन्ते स केशवः" [क = ब्रह्मा, अ = विष्णु, ईश = महादेव। ये तीनों जिसके वश में हों वह केशव

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

हैं] श्री निंबार्क ने एकेश्वर वाद का प्रतिपादन करते हुए ब्रह्म श्री कृष्ण को ही सर्वेश्वर कहा है, श्री शंकर भी उसी भाव से "सर्वेषामीश्वरानामीश्वरः सर्वेश्वरः" [सभी ईश्वरों के ईश्वर सर्वेश्वर हैं][१] वि० स० ना० भा० २४।९६। ऐसा कहते हैं।

इसी प्रकार वि० स० ना० भा० २५।१११ में शंकरजी हृदयस्थ ब्रह्म को ही पुंडरीकाक्ष कहते हैं—"हृदयस्थं पुंडरीकमश्नुते व्याप्नोति तत्रोपलक्षित इति पुंडरीकाक्षः"।

इस विवेचना से ज्ञात होता है कि श्री शंकराचार्य वासुदेव श्री कृष्ण पुरुषोत्तम को ही ब्रह्म मानते थे, जीव को ब्रह्म के अधीन मानते थे।

गीता के प्रतिपाद्य भगवद्भावापत्ति मोक्ष को ही श्री निंबार्क जी ने माना है। स्वामी शंकराचार्य भी अद्वैत वादी होते हुये भी उस सिद्धांत को अस्वीकार न कर सकै—जेसा कि शांकर भाष्य गीता ८।५ से ज्ञात होता है—

"अंतकाले च मरणकाले माम एवं परमेश्वरं विष्णुं स्मरन् मुक्त्वा परित्यज्य कलेवरं शरीरं यः प्रयाति गच्छति स मद्भावं वैष्णवं तत्वं याति न विद्यते अत्र अस्मिन् अर्थे संशयो याति वा न वा इति।"

[जो पुरुष मरणकाल में मुझ परमेश्वर विष्णु का ही स्मरण करता हुआ शरीर छोड़ कर जाता है, वह मेरे भाव को अर्थात् विष्णु के परम स्वरूप को प्राप्त होता है। इस विषय में "प्राप्त होता है या नहीं" ऐसा कोई संशय नहीं है।]

श्री निंबार्क की प्रतिपाद्य दासवत भाव की उपासना को भी श्री शंकर जी ने स्वीकार किया है—

---

१. ई० पू० २ सती के नारायण वाटिका के अवशेष चित्तौड़ राजस्थान के निकट मिले हैं उसके एक शिलालेख में वासुदेव श्री कृष्ण को सर्वेश्वर लिखा है। ये पुष्यमित्र शुंग काल के ध्वंसावशेष हैं। पुष्यमित्र शुंग भागवत था। इससे प्रतीत होता है कि श्री आरुणि एवं विष्णु स्वामी द्वारा जो सर्वेश्वर की उपासना ई० पू०४ सदी में चलाई गई थी उसे सदियों तक संप्रदाय के आचार्यों द्वारा लोग प्राप्त करते रहे हैं। श्री शंकर के काल तक वह निरंतर परंपरया चलती रही।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

• "ब्रह्मणि ईश्वरे आधाय निक्षिप्य तदर्थं करोमि इतिभृत्य इव स्वाम्यर्थं सर्वाणि कर्माणि मोक्षे अपि फले संगं त्यक्त्वा करोति यः सर्वकर्माणि लिप्यते न स पापेन संबध्यते पद्मपत्रम् इव अम्भसा उदकेन ।"

["स्वामी के लिये कर्म करने वाले नौकर की भाँति मैं ईश्वर के लिये करता हूँ," जो इस भाव से सब कर्मों को ईश्वर में अर्पण करके यहाँ तक की मोक्ष रूप फल की भी आसक्ति छोड़कर कर्म करते हैं। जैसे कमल का पत्ता जल में रहकर भी उससे लिप्त नहीं होता, वैसे ही वे पापों से लिप्त नहीं होते ।]

द्वैताद्वैत और अन्य मत

श्री निंबार्काचार्य ने जीव, जगत, ब्रह्म और माया के विषय में विचार व्यक्त किये हैं। उनसे और अन्य परवर्त्ती आचार्यों के मत से कोई विरोध नहीं है, विचारों में बड़ा सामंजस्य है। सभी के मत से जगत की सृष्टि स्थिति और लय का कर्त्ता एक अद्वितीय ब्रह्म है। जीव और जगत उस ब्रह्म के अंग और अंश विशेष हैं। ब्रह्म स्वरूपतः चिदानंद रूप, मायाशक्ति युक्त, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान और सर्वाश्रय है। ब्रह्म की ही अंगीभूत माया के द्वारा, उसी के स्वरूपगत आनंद के उपादान से यह दृश्यमान जगत नाम और रूप से प्रकाशित है। जीवात्मा, ब्रह्म के ही चिदंश का प्रकार भेद है, इसलिये ज्ञ (ज्ञाता = दृष्टा) है। जीव और जगत ब्रह्म के ही अंश होने के कारण तथा ब्रह्म दोनों का आश्रय है इसलिये ब्रह्म निर्गुण और सगुण दोनों प्रकार से वर्णन किया गया है। ब्रह्म विभु स्वभाव और सर्वव्यापी है। जीव और जगत उसके व्याप्य हैं। इसीलिये जीव का ब्रह्म के साथ भेदाभेद संबंध है। जीव जगत और ब्रह्म में अत्यंत भेद है और न अत्यंत अभेद।

श्री निंबार्क ब्रह्मसूत्र २।३।४२—४३—४४ में जीव को ब्रह्म का अंश कहते हैं। ब्रह्मसूत्र २।३।१६—१७—१८ में जीव को अजर, अमर और ज्ञाता बतलाते हैं। ब्रह्मसूत्र २।१।२१—२२ में परमात्मा को जीव का अंशी होते हुए भी निर्दोष और जीव से श्रेष्ठ बतलाते हैं।

ब्रह्मसूत्र २।३।१९ में जीव को अणु परिमाण वाला बतलाते हैं।

ब्रह्मसूत्र २।२।३४—३५ में जीव के अणु परिमाण में वृद्धि और क्षय नहीं होता ऐसा कहते हैं।

श्री शंकर ब्रह्मसूत्र २।३।४३ में "भेदाभेदावगमाभ्यामंशत्वावगमः"

६

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अर्थात् ब्रह्म और जीव में भेदाभेद संबंध है इसलिये जीव ब्रह्म का अंश है ऐसा समझ में आता है [पूर्वाचार्यों ने भेदाभेद संबंध कहा है इसलिये अंश है जीव]

ब्रह्मसूत्र २।३।४४ में "अंश: पादोभाग:" अर्थात् परमात्मा का पाद संपूर्ण स्थावर जंगम है इसलिये पाद शब्द से जीव ही सिद्ध होता है [वेद में विश्व को ब्रह्म का अंश कहा है]

ब्रह्मसूत्र २।३।४५ में "तस्मादप्यंशत्वावगम: "अर्थात् गीता में श्री कृष्ण जी जीव को अपना अंश कहते हैं इसलिये भी जीव ब्रह्म का अंश ही ज्ञात होता है।

ब्रह्मसूत्र २।३।१६—१७—१८ में जीवात्मा को अजर अमर कहते हैं।

ब्रह्मसूत्र २।१।२२ में "जीवादधिकं ब्रह्म दर्शयति" अर्थात् जीव से अधिक ब्रह्म प्रतीत होता है।

ब्रह्मसूत्र ३।२।२७–२८ में भेद और अभेद को बतलाने वाले श्रुति वाक्यों को सही बतलाते हुए—"उभय व्यपदेशादहि कुडंलवदत्रतत्वं भवितुमर्हति "अर्थात् ब्रह्म और जीव दोनों में द्वैत अद्वैत संबंध को कहा गया है, इसलिये सर्प के कुंडलाकार और फैलाव के समान द्वैताद्वैत संबंध हो सकता है। "भेदव्यपदेश-भाजौ भवत एवमिहापीति नात्यंतभिन्नावुभावपि" अर्थात् सर्प के कुंडलाकार और फैलाव में जैसे अत्यंत भिन्नता नहीं है वैसे ही जीव और ब्रह्म में अत्यंत भेद और अभेद नहीं है।

श्री रामानुज ब्रह्म २।३।४२ में "एवमुभयव्यपदेश मुख्यत्व सिद्धये जीवोऽयं ब्रह्मणोंऽश इत्युपगंतव्य:" [जीव और ब्रह्म दोनों का भेद और अभेद संबंध कहा गया है, इसलिये जीव ब्रह्म का अंश सिद्ध होता है]

ब्रह्मसूत्र २।३।४३ में "मंत्रवर्णाच्च ब्रह्मणोंऽशो जीव: [वैदिक मंत्र के वर्णों से भी जीव ब्रह्म का अंश सिद्ध होता है]

ब्रह्मसूत्र २।३।४४ में "जीवस्य पुरुषोत्तमांशत्वं स्मर्यते, |अतश्चायमंश:"

[गीता में जीव ब्रह्म का अंश कहा गया है इसलिये भी जीव ब्रह्म का अंश है] ब्रह्मसूत्र २।३।४५ में भी जीव का अंशत्व सिद्ध करते हैं।

ब्रह्मसूत्र २।३।१७–१८ में "नात्मा उत्पद्यते—" "आत्मनो नित्यत्वं"— "आत्मा ज्ञातृत्व स्वरूप एव" इत्यादि वाक्यों से जीव की नित्यता, अमरता और ज्ञातृत्व कहते हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

• ब्रह्मसूत्र २।३।१९ में "नायं सर्वगतः अपितु अणुरेवायमात्मा" [जीव सर्वगत नहीं है इसलिये अणु है]

श्री मध्व—ब्रह्मसूत्र २।३।४२ में "अंश एव ही मे जीवाश्चांशी हि परमेश्वरः"—"अंशोह्येष परस्यभिन्नं"—"अयमभेदेन च गीयते"—"अतश्चांशत्वमुद्दिष्टं"

[ये सारे जीव अंशी परमात्मा के अंश हैं—ये अंश परमात्मा से भिन्न हैं—जीव और ब्रह्म का अभेद भी कहा गया है—इसलिये भेदाभेद रूप से अंशत्व का ही प्रतिपादन किया गया गया है अर्थात् दोनों में अत्यंत भिन्नता अभिन्नता नहीं है]

ब्रह्मसूत्र २।३।४३ में "पादोऽस्य विश्वाभूतानि" [जगत और जीव ब्रह्म के एक पाद (अंश) मात्र हैं]

ब्रह्मसूत्र २।२।२७ में—"आनंदं ब्रह्मणो विद्वान्" "अथैष एव परमात्मानंद इत्युभय व्यपदेशात्" [ब्रह्म के आंनंद को जानकर जीव आनंदी होता है, यह जीव ही परमानंद है, इस प्रकार के भेदाभेद वर्णन से जीव का अंश होना सिद्ध होता है, जीव परमात्मा के अधीन है ऐसा निश्चय होता है]

ब्रह्मसूत्र २।३।२१ में "नाणुजीव इति चेन्न" [जीव अणु नहीं है ऐसा नहीं कह सकते अर्थात् जीव अणुरूप ही है]

श्री वल्लभ—ब्रह्मसूत्र २।३।४२ में "जीवो नाम ब्रह्मणोंऽशः" [जीव ब्रह्म का अंश है]

ब्रह्मसूत्र २।३।२२ में "स्वशब्दोऽणुपरिमाणं जीवं वोधयति" [स्व शब्द से अणुपरिमाण वाले जीव का बोध होता है]

शुद्धाद्वैत मार्तंड—"अग्नेर्यथा विस्फुलिंगाः तथा जीवोद्गमः स्फुटः"

[अग्नि से जैसे चिनगारियाँ निकलती हैं वैसे ही ब्रह्म का अंश जीव है]

अणुभाष्यप्रकाश सू० २।३।५३ में परमात्मा का भिन्नाभिन्न रूप स्वीकार किया है—

"परमात्मा जगत् रूपी सर्वसाक्षी निरंजनः।
भिन्नाभिन्नस्वरूपेण स्थितोऽसौ परमेश्वरः ॥"

इत्यादि स्मृति शतादपि भेदाभेदयोर्विरोधोऽप्रमाणिक इति—

[परमात्मा ही जगत रूप से सबका साक्षी है वही भेदाभेद रूप से सबमें स्थित है—इत्यादि सैकड़ों स्मृति प्रमाण हैं इसलिये भेदाभेद को अप्रामाणिक नहीं कह सकते।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

श्री निंबार्क—ब्रह्मसूत्र ३।२।२७ में "विश्वं ब्रह्मणि स्व कारणे भिन्नाभिन्न संवंधेन स्थातुमर्हति भेदाभेद संबंधादहिकुंडलवत्"

[संपूर्ण जगत अपने कारण ब्रह्म में भिन्ना-भिन्न संवंध से रहता है, जैसे कि सर्प की कुंडली और फैलाव में भेदाभेद है]

ब्रह्मसूत्र २।१।१४ में "कार्यस्य कारणानन्यत्वमस्ति, नत्वत्यंत भिन्नत्वम्"

[कारण और कार्य ब्रह्म और जगत में अत्यंत भिन्नता या अत्यंत अभिन्नता नहीं है]

श्री शंकर—ब्रह्मसूत्र १।२।३ में "परमेश्वर एव भूत योनिर्नेतराविति गम्यते।"

[परमेश्वर ही जगत का कारण है अन्य नहीं हो सकता]

इनके मत से अंतरालवर्त्ती ब्रह्मस्वरूप की व्यापकता न मानकर जागतिक पदार्थों को स्वतंत्र, स्वाधीन, स्वतः सिद्ध समझ कर अपने कार्य में लाना ही जगत की मिथ्यता है। यह वैष्णवों का अनासक्त कर्म योग का सिद्धांत है। श्री शंकराचार्य जी परम वैष्णवाचार्य थे।

श्री रामानुज—ब्रह्मसूत्र ३।२।२७-२८-२९ में—"अस्याचिद्वस्तुनो ब्रह्म-रूपत्वं जीवस्येव विशेषण विशेष्य तयांशांशि भावेन—"अचित प्रपंचस्य ब्रह्मणो रूपत्वम्-अचिद्वस्तुनश्च ब्रह्म प्रत्यंशत्वम्।"

[सारे जड़ पदार्थ भी ब्रह्म रूप हैं, जीव और ब्रह्म तथा जगत और ब्रह्म में विशेषण और विशेष्य रूप से अंशाशी भाव है, इसलिए संपूर्ण जगत ब्रह्म का ही अंश है]

श्री वल्लभ-ब्रह्मसूत्र ३।२,२७ तथा २९ में—"ब्रह्म तूभयरूपं उभय रूपेण निर्गुणेत्वेनानंत गुणत्वेन सर्व विरुद्ध धर्मेण रूपेण व्यपदेशात्" "उभयमपि सूत्रकारस्य संमतमिति"

[ब्रह्म सगुण और निर्गुण दोनों है, उसकी निर्गुणता तथा जगत के रूप में अनंत गुणता दोनों ही कही गई है दोनों रूप ही सूत्रकार बादरायण को मान्य थे]

शुद्धाद्वैत मार्तंड में वल्लभ "तिरोधानं हरीच्छातो निबंधादिषु वर्णितं। आविर्भावे तु तत्सर्वं ब्रह्मवेति न संशयः।" "रमणार्थमिदं सर्वं ब्रह्मैव स्वेच्छया-भवत्।"

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

[जगत का आविर्भाव और तिरोभाव प्रभु की इच्छा से उन्हीं में होता रहता है ब्रह्म अपनी इच्छा से जगत को रमण के लिए रचते हैं]

रामानुज का श्री भाष्य निंबार्क के वाक्यार्थ का अनुकरण करता है। निंबार्क के वाक्यार्थ का विस्तार जो श्री निवासाचार्य ने किया है उससे और श्री भाष्य से बड़ा साम्य है। श्री भाष्य का प्रतिपाद्य विषय, मीमांस्य श्रुति वाक्य, उनका समन्वय, परमत निराकरण प्रायः श्री निंबार्क के मतानुसार ही है। श्री निंबार्क ने पुरुषोत्तम वासुदेव श्री कृष्ण को परब्रह्म कहा है तथा ब्रह्म की स्वरूपशक्ति और गुणशक्ति की संयुक्तरूप पराशक्ति श्री राधा श्री कृष्ण के वामांग में विराजकर नित्य सम्बंध स्थापित किया है [श्री राधा की उपासना श्री निंबार्क ने ही प्रकट की है] श्री रामानुज वासुदेव श्री कृष्ण को विष्णु रूप से ही उपास्य मानते हैं। उनके मत में स्वरूपशक्ति लक्ष्मी तथा गुणशक्ति सरस्वती हैं। इन्हें ही वे श्रीशक्ति और भूशक्ति कहते हैं। श्री निवासाचार्य ने श्री शक्तिरुक्मणी और भूशक्ति सत्यभामा को माना है। इसे श्री रामानुज भी स्वीकार करते है। श्री निवास जी चिदचिद् शक्ति सम्पन्न ब्रह्म श्री कृष्ण को कहते हैं, श्री रामानुज जी चिदचिद शक्ति विशिष्ट ब्रह्म विष्णु को मानते हैं। ऐसा ही श्री मध्वाचार्य जी का है। श्री वल्लभाचार्य जी ज्ञानशक्ति और क्रियाशक्ति से पुष्ट श्री कृष्ण को ब्रह्म कहते हैं।

श्री शंकराचार्य जी ईश्वर तत्व एवं धर्म तत्व दोनों का सामंजस्य करते हैं जो कि स्वरूपशक्ति और गुणशक्ति का प्रकारांतर मात्र है। श्री शंकर के मत से जो निर्गुण तथा ज्ञान स्वरूप है, वही व्यावहारिक भाव में सगुण, सक्रिय, सर्वज्ञ, सृष्टि, स्थिति और लय का कर्ता उपास्य का उच्चतम आदर्श है। ईश्वर एवं धर्म तत्त्व के द्वारा, विवेक, वैराग्य, शम, दम, तितिक्षा और उपरति आदि छः साधनों के बाद ब्रह्म तत्त्व की जिज्ञासा होती है।

श्री निंबार्क के मत से किसी गुण विशिष्ट गुणों के साथ उसके गुण का जो स्वगत भेदाभेद संबंध है, वही ब्रह्म जगत का है। ब्रह्म विश्व की आत्मा है उसी को जानने की जिज्ञासा होती है।[1] वही जगत का उपादान कारण और निमित्त कारण हैं।[2] इसीलिए भिन्न अभिन्न है। ब्रह्म ही एक

१. "सर्व भिन्नाभि नो भगवान वासुदेवो विश्वात्मैव जिज्ञासा विषयः।"
सू० १।१।४।

२. प्रकृतिरुपादान कारण चकारान्निमित्त कारण च परमात्मैव।"
सू० १।१।१३।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मात्र परतम तत्त्व हैं। यह जगत ब्रह्म की अपेक्षाकृत स्थूल और अनुभव योग्य साकार अभिव्यक्ति है। जगत के तीन उपादान कारण हैं—(i) चैतन्य (ii) गति या शक्ति (iii) जड़। जड़ शक्ति की ही परिणति है और शक्ति चैतन्य का रूपांतर है।[1] श्री निंबार्क ने सृष्टि के विभिन्न पदार्थों को सृष्टा (परमात्मा) का रूप बतलाकर यह सिद्ध किया है कि किसी के प्रति द्वेष, संघर्ष, हिंसा आदि की भावना करना मानो परमात्मा के प्रति ही द्वेष आदि करना है। यह प्रभु के प्रति महान अपमान करना है। पवित्र हृदय और निरहंकार होकर जीवमात्र को परमात्मा का अंश मानते हुए समत्वभाव मानना चाहिये, इसी से पवित्रता और आत्मशांति मिल सकती है। यह मत दर्शन की दृष्टि से उच्चकोटि का दर्शन है। अद्वैतवाद ज्ञानतांत्रिक दर्शन (Idialistic Metaphysics) की अंतिम बात है तो द्वैताद्वैत दर्शन वस्तु तांत्रिक दर्शन (Realisistic Metaphysics) की शेष बात है।

श्री शंकर को भी आदर्श से वास्तविकता की ओर झुकना पड़ा है और उन्होंने भी व्यावहारिक रूप से द्वैताद्वैत को स्वीकार किया है। वे भी इस वैज्ञानिक तथ्य को स्वीकर करते हैं कि "जड़ गति (शक्ति) की परिणति है तथा शक्ति चैतन्य का रूपांतर।" उन्होंने ब्रह्मसूत्र १।४।२३-२४-२५ में—"प्रकृतिश्च उपादान कारणं च ब्रह्माभ्युपगंतव्यम् निमित्त कारणं च न केवल निमित्त कारणमेव—साक्षात् ब्रह्मैव कारणावुपादायोभौ प्रलय प्रभवाम्नायेते।" [प्रकृति (गति) जड़ की उपादान कारण है, चैतन्य निमित्त कारण है, परन्तु चैतन्य केवल निमित्त कारण मात्र नहीं है वह उपादान कारण भी है, इसलिए वह सृष्टि के रूप में स्वयं ही परिणत हो जाता है तथा सृष्टि को स्वयं ही अपने में विलय कर लेता है] श्री शंकर वृहदारण्यक भाष्य में लिखते हैं कि "जगत को यदि नाम रूपात्मक नहीं मानेंगे तो ब्रह्म भी अज्ञेय हो जावेगा" [यदि हि नामरूपे न व्याक्रियते, ब्रह्मणो प्रज्ञानघनाख्यां रूपं न प्रतिक्षायेत्] इस प्रकार

---

१. आज के वैज्ञानिक "जड़ गति की परिणति है" इसे सिद्ध कर चुके हैं। जैसी गवेषणा चल रही है उससे ज्ञात होता है कि निकट भविष्य में गति चैतन्य का रूपांतर है ऐसा भी सिद्ध हो जावेगा। वर्तमान समय की वैज्ञानिक प्रगति से प्रतीत होता है कि द्वैताद्वैत दर्शन वैज्ञानिक प्रणाली बद्ध प्रमाणों के ऊपर प्रतिष्ठित हो जावेगा। भागवत के आदिम श्लोक में इस वैज्ञानिक तथ्य को "तेजोवारिमृदां यथा विनिमयो यत्र त्रिसर्गो मृषा" कहकर इस जगत को ब्रह्म का विनिमय (परिणाम) सिद्ध किया गया है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

जगत को ब्रह्म से भिन्न नहीं किया जा सकता ऐसा करने से ब्रह्म शून्य अर्थात् Abstract Impty Principle हो जावेगा। नाम रूप कभी चैतन्य से रहित नहीं हो सकता उसके मूल में चैतन्य का सम्बन्ध अवश्य मानना पड़ेगा।

श्री निंबार्क ने निष्कामकर्म रूपी वैराग्य को ही साधनावस्था माना है जो कि भगवदाश्रय से साध्य है। भक्ति से ही कर्म और ज्ञान को पोषण तत्त्व प्राप्त होता है। भक्ति द्वारा अंतःकरण का जो द्रवत्व है, वही रसस्वरूप ब्रह्मानुभूति है। किसी भी क्रिया में प्रेम और ज्ञान दोनों की संगति आवश्यक है। भक्ति की साधना द्वैतभाव की द्योतक है और ज्ञान साधना अद्वैत भाव की। भक्ति ज्ञान और कर्म की समवेत साधना द्वैताद्वैत भाव की द्योतिका है। इस त्रैविध्य उपासना से निस्त्रैगुण्य भाव की स्थिति होती है। श्री निंबार्क के इस तथ्य को श्री जीव गोस्वामी ने अपने "भागवत संदर्भ" और "परमात्म संदर्भ" में तथा श्री वलदेव विद्याभूषण ने अपने "गोविन्द भाष्य" में अचिंत्य भेदाभेद के रूप में व्यक्त किया है।

इस प्रकार सभी वेदांतचार्यों के विचारों को मनन करने के बाद कोई भी विचारक निष्पक्ष रूप से इस निष्कर्ष पर पहुँच सकता है कि सभी ने एक ही तथ्य की बात कही है, किसी में कोई विरोध नहीं है। किसी भी आचार्य के मत को गलत कहना उन आचार्य का पूर्ण अपमान है और मस्तिष्क का खोखलापन है। सभी आचार्यों की विचार शैली विलक्षण है, सभी साध्य और साधन तत्त्व पर एकमत हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

तृतीय अध्याय

साधन सिद्धांत

भगवान श्री निंबार्काचार्य जी ने मोक्ष प्राप्ति के लिये ब्रह्म की साधना प्रवर्त्तित की है। इनके मत से अमूर्त्त उपासना की अपेक्षा प्रकाशित मूर्त्तरूप की उपासना जीव के लिये अधिक कल्याणकारी और सहज है। अतएव साधक को सत्वगुणाधिपति भगवान श्री कृष्ण की उपासना ही ग्राह्य है। इसलिये उन्होंने श्रीराधिका और कृष्ण की युगल मूर्ति की उपासना का ही विधान किया है।

आचार्य चरण ब्रह्म का स्वरूप चतुष्पाद कहते हैं। दृश्य स्थानीय अनंत संसार ब्रह्म का प्रथम चरण है। विश्व के संपूर्ण पदार्थों को विभिन्न रूपों से देखने वाला जीवात्मा द्वितीय चरण है। अनंत जागतिक पदार्थों का नित्य द्रष्टा ईश्वर तृतीय चरण है। इन तीनों से विशेष नित्य, एकरस आनंदमात्र का अनुभव करने वाला अक्षर ब्रह्म चतुर्थ चरण है। इस सिद्धांत के अनुसार दृश्यमान संपूर्ण विश्व और अनंत जीव समूह दोनों ही मूलतः ब्रह्म हैं। इन दोनों से अतीत स्वरूप ब्रह्म ही जगत का उपादान कारण है। जगत और जीव उस ब्रह्म के अंशमात्र हैं। इसलिए अंश और अंशी में भेदाभेद सम्बन्ध है। ब्रह्म अपने चिदंश के द्वारा आनंद का उपभोग करता है उसका स्वरूपगत आनंद भूमा है।[1] इस आनन्द की प्राप्ति ही मुक्ति है साधक को साधना

---

१. वेद में ब्रह्म को "यो वै भूमा" कहा गया है। इसमें वै का तात्पर्य निश्चयार्थक है इसलिये इस वैदिक वाक्य का तात्पर्य होता है कि "निश्चित ही ब्रह्म अनंत सुख वाला है।" भूमा पद में "बहोर्लोपो भू च बहोः" (६।४।१५८) इस पणिनीय सूत्र से बहु शब्द को भू आदेश और इमनिच प्रत्यय किया गया है अतएव भूमा शब्द बाहुल्य का प्रतिपादक है।

अल्प परिच्छिन्न (नाशवान) पृथिवी तथा स्वर्ग की भोग वस्तुओं में सुख नहीं है। परिणाम में दुःख रूप होने से भौम भोग तुच्छ हैं अतएव त्याज्य हैं। भू से अधिक ब्रह्म सुख है वही भूमा सुख है साधक के लिए वही ज्ञेय और प्राप्य है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

द्वारा इसे ही प्राप्त करना चाहिए। जैसे सूर्य अपनी अनंत तेजोमयी किरणों को फैलाकर संपूर्ण विश्व को प्रकाशित करते हैं वैसे ही ब्रह्म भी अपने बहुल आनंद से संपूर्ण जगत में अपने आनंद का प्रकाश करते हैं। जीव ब्रह्म का अंश है इसलिए इस जगत में आनंद का अंशमात्र ही प्राप्त करता है। जीव परमात्मा का चिदंश है इसलिए व्यष्टि द्दष्टा (खंड दर्शक) है और परमात्मा समष्टि द्दष्टा (अखंड दर्शक) है। वह संपूर्ण आनंद को एक साथ अनुभव करता है। समग्र आनंद की अनुभूति करने के कारण ही उसे ईश्वर कहा गया है। सब कुछ जानने के कारण ईश्वर सर्वज्ञ और विशेष अंशों का ज्ञाता होने के कारण जीव विशेषज्ञ है। सर्वज्ञ न होने के कारण ही जीव ब्रह्म के अधीन है। जीव ब्रह्म का कभी भी अतिक्रमण नहीं कर सकता (पार नहीं पा सकता) जीव और जगत का नियंता होने के कारण ही ब्रह्म को ईश्वर कहा गया है। यह ईश्वर ही सर्व रूप, सर्वज्ञ, सर्व प्रकाशक, सृष्टि स्थिति और लय का कारण है। ईश्वर ब्रह्म, जीव ब्रह्म और जगत ब्रह्म ये तीनों अक्षर ब्रह्म में ही प्रतिष्ठित हैं। अक्षर ब्रह्म ही निर्गुण ब्रह्म है। यह नित्यानंद में एक रस निमग्न रहता है। यह निर्गुण ब्रह्म ही जगत का निमित्त और उपादान कारण है इसलिए यह सगुण भी है। इस सर्वाश्रय सर्व नियंता ब्रह्म के आनंद को प्राप्त करने के लिए भक्ति ही एकमात्र साधन है। अपने को तथा संपूर्ण विश्व को ब्रह्म रूप में चिंतन करना ही भक्ति मार्ग का साधन है। भक्ति मार्ग की उपासना तीन रूपों से पूर्ण होती है। जगत को ब्रह्म मय रूप से देखते हुए प्राणिमात्र में ईश्वरीय भाव रखते हुए उनकी सेवा करना भक्ति की सगुण उपासना है इससे साधक का अंतःकरण पूर्ण रूप से निर्मल हो जाता है। जीव और जगत से अतीत सर्वज्ञ सर्व शक्तिमान आनन्दमय ब्रह्म का शुद्धांतःकरण में ध्यान करना भक्ति की निर्गुण उपासना है। जगत को ब्रह्म रूप मानकर अणु-अणु में उसका दर्शन करना भक्ति का पहिला रूप है। जीवमात्र को ब्रह्म का अंश मानकर उनके प्रति सद्भावना रखना और सेवा करना भक्ति का दूसरा रूप है। तथा उस ब्रह्म के भूमा सुख की अंतःकरण में साधना करना भक्ति का तीसरा रूप है। इस प्रकार भक्त की द्दष्टि में ब्रह्म सगुण और निर्गुण दोनों हैं। जगत और जीव में ब्रह्मानुभूति करना साधन भक्ति की प्राथमिक अवस्था है। इसके साधन से चित्त निर्मल होकर विशाल और अनंतता को प्राप्त हो जाता है तब भक्ति की द्वितीय पराभक्ति या प्रेमा भक्ति की अवस्था प्रकट होती है। यह सिद्धावस्था है। यह अवस्था भक्त साधक के जगत और जीवों के प्रति

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

दैन्य अर्थात् मैत्री, करुणा, मुदिता, उपेक्षा[१] के भाव से और भगवत् कृपा से प्रकट होती है।[२]

ब्रह्म की दो शक्तियाँ हैं निग्रह और अनुग्रह। ब्रह्म अपनी क्रीड़ा के लिए कुतूहल वश जीव को बंधन में डालने के लिए निग्रहशक्ति का आश्रय लेता है। अनुग्रहशक्ति से जीव की मुक्ति होती है। निग्रहशक्ति जीव के गुणों का तिरोधान करती हैं आकार के तिरोधान से जीव में अणुत्व, ऐश्वर्य के तिरोधान से अकिंचित करता, तथा विज्ञान के तिरोधान से अज्ञता प्राप्त होती है। साधन-भक्ति के निरन्तर अभ्यास से ब्रह्म की अनुग्रहशक्ति प्रकट होती है, जिससे जीवात्मा बंधनों से मुक्त होकर परमात्मा की समता प्राप्त करता है। अनुग्रह-शक्ति ही भगवत्कृपा है। अनुग्रहशक्ति ही स्वरूपशक्ति है तथा निग्रहशक्ति, गुणशक्ति है।

सृष्टि के प्रारंभ में परं पुरुष परमात्मा अपनी आह्लादिनी शक्ति को जागरित करने के बाद में अपनी प्रकृति (माया) नामक शक्ति को जागरित करते हैं। सत्व, रज, तम ये प्रकृति के तीन गुण हैं। परम पुरुष ही सृष्टि, स्थिति और संहार करने के लिए इन तीनों गुणों के आश्रय से ब्रह्मा, विष्णु और महेश्वर रूप धारण करते हैं। परब्रह्म भगवान श्री कृष्ण हैं वे ही संसारी जीवों के अशेष कल्याण के साधक और मुक्तिप्रद हैं। वे ही मूर्त्त, अमूर्त्त उभयविध ब्रह्म रूपों के मध्यवर्त्ती सेतु के समान ह उनकी उपासना से ही मूर्त्त रूप जगत और अमूर्त्त रूप जीव, ईश्वर की समता प्राप्त कर ब्रह्म से भूमा सुख का आनंद प्राप्त करता है। भगवान श्री कृष्ण विज्ञान मात्र, कर्म बंधन से रहित और निर्मल हैं। ये ही साक्षात् सच्चिदानंदघन परमेश्वर हैं। इनकी सच्चिदानंदमय सूक्ष्म सृष्टि के अंदर शुद्ध सत्व गुण का अवलंबन करने वाले ब्रह्मा, विष्णु और महेश गौण ईश्वर रूप माने जाते हैं। ये ईश्वर और इनकी शक्तियाँ विश्व के कल्याण के निमित्त इन परब्रह्म श्री कृष्ण और आह्लादिनी शक्ति श्री राधा के अंश से प्रकट होती हैं। श्री कृष्ण सर्वेश्वर ब्रह्म हैं।

---

१. साधु चरित्र भगवद् भक्तों से मैत्री, दुर्बोध अज्ञानियों की हीन दशा पर करुणा, प्राणिमात्र से प्रेम करते हुए यथाशक्ति सेवा में संलग्न रहना मुदिता तथा दुष्ट स्वभाव पापाचरण में संलग्न पापियों से जिस किसी प्रकार भी छुटकारा पाना उपेक्षा है। इन चार भावनाओं से साधक भक्त का अंतकरण शील युक्त हो जाता है यही दैन्य भाव है।

२. "कृपास्य दैन्यादि युजि प्रजायते" (दशश्लोकी—श्री निंबार्क)

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

प्राकृतिक जगत और जीवों में जब अधर्म की वृद्धि होने लगती है और जन समूह हीनतम दशा को प्राप्त हो जाता है, सभी कष्टानुभूति करने लगते हैं। तब नष्टप्राय जन समाज को सुव्यवस्थित करने और धर्म साधनों की स्थापना के लिए जगन्नियंता की विभूतियाँ जगत में आविर्भूत होती हैं। इन विभूतियों के द्वारा भी जब कार्य संपादन नहीं हो पाता तब ब्रह्मा, विष्णु, महेश अपने अंश से प्रकट होकर कार्य करते हैं। मंगल मूर्त्ति प्रतिपालक विष्णु ही हैं अतएव अधिकांश उन्हीं का अंशावतार होता रहता है। मोक्ष तत्त्व का उपदेश भी गुरु के माध्यम से श्री विष्णु के ही आवेशावतार द्वारा होता है जब जीव समूह सांसारिक बंधनों से मुक्त होने के लिए तड़फने लगता है तब उनका उद्धार करने के लिए प्रभु को ही अवतार धारण करना पड़ता है। भगवदवतार के सभी स्वरूप जनसाधारण के लिए उपास्य होते हैं। प्रेम पूर्वक अवतारों के स्वरूप का ध्यान उनके मंत्रों का जप, उनके नामों का कीर्त्तन और लीलाओं का स्मरण साधक के लिए कल्याणकारी होता है। इन साधनों से साधक की तन्मयता होती है और शनैः शनैः साधक के चित्त का समाधान होने लगता है, यही भक्ति मार्ग का सहज और उत्तम मार्ग है। सर्व व्यापक परमात्मा, साधक द्वारा की गई मूर्त्ति विशेष की उपासना से ही प्रसन्न होकर उस पर अपनी कृपा करते हैं तथा अपनी समता प्रदान करते हैं।

भगवान की प्रतिमा में ब्रह्म बुद्धि की धारणा करते-करते साधक का अंतःकरण पवित्र हो जाता है। पवित्र अंतःकरण वाला साधक सारे विश्व में ब्रह्मानुभूति करने लगता है। उसे प्रतिमा में ही ब्रह्मत्व का साक्षात्कार हो जाता है। सभी अवतारों के कारण परब्रह्म भगवान श्री कृष्ण की उपासना सर्वतो भावेन कल्याणप्रद हैं। यह स्वभाव सिद्ध बात है। सब जीवों में भगवद् बुद्धि स्थापित कर द्वेष, हिंसा, कलह, इत्यादि वृत्तियों का त्याग कर अहंकार रहित निर्मल चित्त होकर प्रेमपूर्ण हृदय से भगवद् ध्यान में मग्न हो जाना ही श्री निंबार्काचार्य द्वारा प्रशस्त साधना प्रणाली का सारांश है।

परमात्म भाव की प्राप्ति के लिए साधक को श्री गुरु चरणों का आश्रय ग्रहण करना परमावश्यक है, क्योंकि गुरु प्रशस्त साधना मार्ग के पथिक होकर अहर्निश उसकी अनुभूति करते रहते हैं। भक्ति की अहर्निश साधना और भक्ति रस में निमग्न महापुरुष ही गुरु पद के अधिकारी हैं।[1] शास्त्रों के विधिवत

---

१. देखें ब्रह्मसूत्र १।१।१ का वाक्यार्थ

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मनन के बाद ब्रह्म तत्त्व और मोक्ष मार्ग की ओर जो झुकाव होता है वही सफलता का लक्षण है ।[1]

गुरु आचार्य

आचार्य या गुरु उन्हें ही कहा गया है जो स्वतः तो साधक हों साथ ही साधना द्वारा शिष्य का उद्धार कर सकें । जो शास्त्रीय आचार धर्म को स्वयं आचरण करें और भगवद्भक्ति से स्वयं कृतार्थ हो जावें ।[2] इस तथ्य विवेचन के अनुसार कोई भी आचार्यपद का अधिकारी हो सकता है । वर्ण या आश्रम विशेष को ही आचार्य या गुरु पद का अधिकारी माना जावे, ऐसा कोई विशेष नियम नहीं है । किसी भी आश्रम या किसी भी वर्ण के साधक को जो कि आचार धर्म का पालन करे और साधना द्वारा कृतार्थ हो जावे उसे गुरु या आचार्य माना जा सकता है । इत्यादि शंकायें स्वाभाविक रूप से सभी कर सकते हैं और प्रायः करते भी हैं । इन शंकाओं का उत्तर उन्हीं महानुभावो को दिया जा सकता है जो शास्त्रों की प्रामाणिकता स्वीकार करें तथा गुरुतत्त्व को समझने की चेष्टा करें । जो शास्त्रों को ब्राह्मणों की निर्मित कपोल कल्पना समझते हैं तथा गुरु या ब्रह्म की बात को पागलों का और ढोंगियों का प्रलाप समझते हैं उन्हें तो दूर से ही अभिवादन है । समझाना तो उनको सरल है जो शास्त्र वाक्य पर विश्वास करते हों । साथ ही आत्मोद्धार की कामना से गुरु पद की महत्ता मानते हों ।[3] स्मृति और पुराणों में युग और काल प्रवृत्ति के अनुसार वर्ण और आश्रम व्यवस्था का वर्णन किया गया है । इस समय के प्राप्य पुराण

---

१. देखें ब्रह्मसूत्र १।१।१ का संपूर्ण वाक्यार्थ

२. आचिनोति च शास्त्रार्थमाचारे स्थापयत्यपि ।
स्वयमयमाचरते यस्तु स आचार्य उदाहृतः । (मनु स्मृति)

कृतार्थो ह्याचार्यो नाम भवति—पांतजल महाभाष्य

[जो शास्त्रों से आचार धर्म का चयन कर स्वयं आचरण में लावें तथा स्वयं साधना से कृतकार्य हों उन्हें आचार्य कहते हैं]

३. गुरुणा विदुषाऽदिष्टं यस्तु पंथानमास्थितः ।
निर्मान् आत्मवान् भीरः स तत्त्वं वेत्ति नेतरः ।।

[विद्वान गुरु से आदिष्ट मार्ग का आश्रय ग्रहण करने वाले ही परमात्म-तत्त्व के ज्ञाता हो सकते हैं, अन्य नहीं]

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

और स्मृतियाँ भगवान श्री कृष्ण के अवतार के बाद के संकलन हैं। भगवान कृष्ण के प्रथम की भी जो सामाजिक व्यवस्था थी उसका आभास भी हमें प्राप्य पुराणों और स्मृतियों में ही मिल जाती है, क्योंकि इनके संकलन के समय, प्रथम की कृतियाँ उपस्थित थीं जो कि अप्राप्य हैं। वर्ण, आश्रम व्यवस्था का कोई न कोई रूप आज भी चल रहा है पर प्रारंभ से लेकर आज तक इनके अधिकार और आचार जो सर्व प्रथम निर्धारित किये गये थे उनमें कोई अंतर नहीं आया है। ब्राह्मण के लिये जो कर्म निर्धारित थे उनकी श्रेष्ठता और मान्यता आज भी प्रत्येक को स्वीकार्य है इसी प्रकार संन्यासी के लिये एकांत सेवन आदि की व्यवस्था और साधना कही गई थी उसेका गौरव सभी के लिये मान्य है। जहाँ उच्चकर्म और उच्च आचरण के लिये ब्राह्मण जाति की स्तुति शास्त्रों में की गई वहां दुराचरण के लिये गर्हणा भी। ब्राह्मण जाति की स्तुति नहीं की गई है। यदि ठीक ढंग से अध्ययन किया जावे तो ब्राह्मण जाति पर शासन शास्त्रों ने अधिक किया है। हिरण्याक्ष हिरण्यकशिपु, रावण कुंभकर्ण आदि ब्राह्मण ही थे जिन्हें राक्षस कह कर निंदित कहा गया, अजामिल आदि पतित ब्राह्मणों की निंदा कम नहीं है। दुर्वासा ने जहाँ कहीं भी भूल की उन्हें नीचा दिखलाया गया आदि अनेक उदाहरण लब्ध हैं। ब्राह्मण की विशेषता तीन कारणों से सदा रही है विद्या, तप और आचार। आचार का तात्पर्य जन्म से लेकर मरण तक के संस्कारों से भी है जो कि कुल परंपरा से चलते हैं जिसके कारण जन्म से जाति का महत्व दिया गया है। परंपरागत संस्कारों के कारण रक्त में विशेषता आ जाना स्वाभाविक है इसलिये नस्ल की विशेषता भी स्वीकार करनी ही पड़ेगी।[१]

ब्राह्मण की सबसे बड़ी विशेषता तो उसकी ब्रह्म संबंधी साधना और ज्ञान है। इसीलिये वह उम्र में छोटा होकर भी जगत का पूज्य माना गया है।[२]

---

१. तपः श्रुतं च योनिश्च त्रयं ब्राह्मण कारणं।
तपः श्रुताभ्यां यो हीनो जात्या ब्राह्मण एव सः॥

[तप, विद्या और योनि ये तीन ब्राह्मण जाति के कारण हैं। तप और विद्या से जो हीन हैं वे केवल जाति से ही ब्राह्मण हैं।

२. ज्ञानेन ब्राह्मणो वृद्धः क्षत्रियश्च बलाधिकः।
वैश्यो धन समृद्धस्तु वयसा शूद्र एव च॥ (महाभारत)

[ब्राह्मण ज्ञान से, क्षत्रिय बल से, बैश्य धन से तथा शूद्र उम्र से वृद्ध होते हैं]

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

परंतु यदि विद्या प्राप्त करने के वाद विद्या के अभिमान में संसार के लोगों का अपमान करता है, तो उसे ब्रह्मतत्त्व का ज्ञान नहीं हो सकता।[१] ब्राह्मण का वास्तविक अर्थ तो ब्रह्मविद्या का ज्ञान ही हैं। ब्रह्मविद्या का सिद्धांत पढ़ लेना अथवा ब्रह्मविद्या के तत्त्व प्राप्त करने वाली साधनाओं को ही ब्रह्मविद्या मान लेना और अपने को ब्रह्मविद्यावादी कहना भी एक महान दंभ है। प्राय: ऐसे ब्रह्मविद्यावादी ही दूसरे को अपमानित करते है।[२] भगवान श्री निंवार्काचार्य जी ने इसीलिये भगवत कृपा की इच्छा रखने वाले तथा भगवद्भाव में निमग्न महात्मा को ही वास्तविक ब्रह्मविद्यावादी आचार्य कहा है। गीता के अनुसार ज्ञान (शास्त्रीय ज्ञान) विज्ञान (ब्रह्मतत्त्व का ज्ञान) और ईश्वर, गुरु तथा शास्त्र पर विश्वास ये तीन ब्राह्मण के स्वाभाविक गुण हैं [ज्ञान विज्ञानमास्तिक्यं ब्रह्मकर्म स्वभावजम्]

इस प्रकार विवेचन करने से ज्ञात होता है, कि ब्राह्मण ही गुरु या आचार्य पद प्राप्त करने के अधिकारी माने जा सकते हैं। परंतु इससे यह निर्णय तो अब भी नहीं हो पाया कि ब्राह्मणों के समान आचरण करने वाला अन्य जातीय व्यक्ति भी क्यों न आचार्य माना जावे ? क्यों ब्राह्मण कुल में जन्म लेने वाले आचारवान को ही आचार्य माना जावे ? इसका समाधान यदि शास्त्रों द्वारा ही करने की चेष्टा की जावे तो भी उसका समाधान होना कुछ कठिन है। क्योंकि युग और स्थिति के अनुसार स्मृतियों में अनेक व्यवस्था दी गई है। जहाँ तक वेद की आज्ञा है वहाँ केवल ब्रह्मनिष्ठ को गुरु कहा गया है। "सद्गुरुमेवाभिगच्छेत् समित्याणि: श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठम्"

---

१. अधीयान् पंडितम्मन्यमानो यो विद्यया हंति यशः परेषां।
तस्यान्तवंतश्च भवंतिलोका न चास्य तद ब्रह्मफलं ददाति ।।
(महाभारत)

[जो विद्या को प्राप्त कर अपने को पंडित मानकर दूसरों को अपमानित करते हैं उन्हें नरक प्राप्त होते हुैं तथा उनकी ब्रह्मविद्या निष्फल होती है]

२. सर्वे ब्रह्मवदिष्यंति संप्राप्ते तु कलौ युगे।
नानुतिष्ठति मैत्रेय शिश्नोदर परायणाः ।। (पाराशरस्मृति)

[कलिकाल में सभी ब्रह्मविद्या के उपदेष्टा बनेंगे परंतु सांसारिक कर्मों में आसक्ति 'में रत रहेंगे कोई भी अनासक्त भाव से कर्त्तव्य कर्मों का आचरण करने वाला न होगा]

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

[श्रोत्रिय और ब्रह्मनिष्ठ सद्गुरु के पास समिधा लेकर शिष्य को जाना चाहिए] पर वेदों में ब्राह्मणों की महत्ता कही गई है तथा जन्मना ही जाति मानी गई है। यह मान्यता अनेक स्मृतियों में भी पाई जाती है। श्री निंबार्काचार्य, शंकराचार्यादि भी वेदों की इस मान्यता को स्वीकार करते हैं। महात्मा बुद्ध ने जन्मना जाति का खंडन किया परंतु भारतीय आचार्यों ने उसे मान्यता नहीं दी तथा ब्राह्मणों की विशेषता को दृढ़ बनाने के लिए पुराणों की रचना द्वारा ब्राह्मण जाति का महत्व स्थापित किया गया। वैदिक युग की तो मान्यता ये थी कि जन्म के साथ-साथ कर्म की भी विशेषता होनी चाहिए। पुराणों ने भी इस बात की पुष्टि की परंतु कुछ स्मृतियों में केवल जन्म से भी ब्राह्मण को श्रेष्ठ और पूज्य माना गया। कहीं-कहीं ऐसा भी कहा गया कि ब्राह्मण का ब्राह्मण गुरु हो, क्षत्रिय का क्षत्रिय, वैश्य का वैश्य तथा शूद्र का शूद्र।[१] पर यह व्यवस्था वैदिक ब्रह्मविद्या के लिए नहीं है। यह विधान तांत्रिकी दीक्षा का है जो कि ई० पू० की ४ थी या पाँचवीं सदी से प्रारंभ होती है। वैदिकी ब्रह्मविद्या के उपदेश का अधिकार केवल ब्राह्मण को ही दिया गया है शूद्र को तो वैदिकी ब्रह्मविद्या के सुनने का भी अधिकार नहीं दिया गया।[२] श्री निंबार्क स्वयं भी आगम शास्त्र (तंत्र शास्त्र) के ज्ञाता थे।[3] परन्तु उन्होंने वैदिकी उपासना को ही महत्व दिया है, जैसा कि उनके ब्रह्मसूत्र वाक्यार्थ से ज्ञात होता है।[४] इसलिए निंबार्क के मत में गुरु होने का अधिकार ब्राह्मण को ही है, ऐसा समझना चाहिये। संप्रदाय के परंपरित गुरु का महत्व तो तंत्र शास्त्र ने भी स्वीकार किया है। जो परंपरा से मंत्र रहस्य का ज्ञाता और मंत्र रहस्य का उपदेष्टा है वही गुरु माना गया है।[५] बात यहाँ भी वही है मंत्रविदों के

---

१. ब्राह्मणो ब्राह्मणैः श्राव्यः क्षत्रियः क्षत्रियैस्तथा।
वैश्यो वैश्यैस्तथा श्राव्यः शूद्रः शूद्रै परंतप॥

२. देखें ब्रह्मसूत्र १।३।३४ से १।३।३९ तक का वाक्यार्थ।

३. श्री शंकराचार्य—द्रविड़ाचार्य श्री निंबार्क को आगमविद कहते हैं।

४. भागवत १०।८७।१८ में श्री निंबार्क की वैदिकी उपासना का उल्लेख है।

५. संप्रदाय विहीना ये मंत्रास्ते निष्फला मताः।
परंपरागता येतु ते कृष्णकरुणान्विताः॥ (पद्म पुराण)

[संप्रदाय से हीन जो मंत्र होते हैं वे निष्फल होते हैं। जो परंपरा से प्राप्त मंत्र हैं उन पर कृष्ण की पूर्ण कृपा रहती है]

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

एक विशेष वर्ग या समुदाय को ही आचार्य या गुरु होना माना है। संप्रदाय, जाति, वर्ग, समुदाय किसी न किसी रूप में गुरु पद चलता रहा है, यह निश्चित है। इसी को मानना भी चाहिये। यदि मंत्रों की शक्ति और उपासना का महत्व स्वीकार्य है तो परंपरित गुरु की विशेषता भी स्वीकार करनी होगी, क्योंकि जिन शास्त्रों में मंत्रोपासना की महत्ता बतलाई गई है उन्हीं में परंपरित आचार्य को ही मंत्रोपदेष्टा गुरु कहा गया है। इसलिये जिस किसी का गुरु बन बैठना एक छलना और विडंबना मात्र है। जिस परंपरा में उपासना का निरंतर क्रम चलता रहता है निश्चित ही उसमें तथ्य होगा। गीता के अनुसार आचार्यों की दो प्रकार की परंपरा का उल्लेख किया गया है एक तो भृगु, वशिष्ठ आदि सप्त ऋषियों द्वारा प्रवर्त्तित गृहस्थों की परंपरा दूसरी सनकादि चारों मुनियों द्वारा प्रवर्त्तित ब्रह्मचर्य परंपरा।[1] सनकादि ऋषियों की चलाई हुई परंपरा के तृतीय आचार्य श्री निंबार्क थे। यह संप्रदाय सनकादि संप्रदाय के नाम से ही प्रसिद्ध है। सनकादि संप्रदाय प्रथम की है, भृगु आदि बाद के आचार्य हैं। वास्तविकता तो ये है कि बुद्ध द्वारा जब भिक्षु संप्रदाय प्रबलता के साथ बढ़ने लगा तब भागवत धर्म ने सनकादिकों के प्रवर्त्तित निवृत्ति धर्म वाले संप्रदाय को प्रवृत्ति धर्म वाला संप्रदाय बनाया और उसी को नारायणी धर्म कहा—

"प्रवृत्ति लक्षणं धर्मं ऋषिर्नारायणोऽब्रवीत्।[2]

यह कार्य भागवत संप्रदाय के उन्हीं प्रधान श्री आरुणि, विष्णु, कौंडिन्य, गर्ग, शांडिल्य आदि आचार्यों का है। इन आचार्यों ने निवृत्ति का तात्पर्य नैष्कर्म्य किया जिसका अर्थ होता है, अनासक्त भाव से कर्मानुष्ठान।[3] इसी नैष्कर्म्य सिद्धांत के अनुसार श्री नारदोपदिष्ट सात्वत संहिता नारद पाँचरात्र का संकलन किया गया।[4] गीता में भी अनासक्त कर्म योग का उपदेश दिया गया। नैष्कर्म्य साधन ग्रहस्थ और ब्रह्मचर्याश्रम में ही शक्य है, इसलिए वष्णव धर्म की परंपरा इन दो ही आश्रमों में चली। आचार्य गुरुओं की परंपरा भी इन दो ही आश्रमों की चलती रही है। संन्यास आश्रम

---

१. "महर्षयस्सप्तपूर्वे चत्वारो मनवस्तथा मद्भावामानसा जातायेषां लोकइमाः प्रजाः।"

२. महाभारत शांतिपर्व २१७।२।

३. "नैष्कर्म्यमुवाच चचार कर्म" [भागवत ११।४।६]

४. "तंत्रं सात्वत माचष्ट नैष्कर्म्यं कर्मणां यतः" [भागवत १।३।८]

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

में पूर्ण कर्म त्याग का विधान किया गया है ।[1] इसीलिए स्वामी शंकराचार्य जी ने भी गृहस्थ आश्रम को ही आचार्य कुल माना था ।[2] संन्यासाश्रम के लिए स्पष्ट रूप से एकांतवास की आज्ञा दी गई है—

"न शिष्याननुवध्नीत् ग्रंथान्नैवाभ्यसेत् क्वचित् ।
न व्याख्यानमुपयुञ्जीथ, नारंभानारभते क्वचित् ।।" भा० ७।१३।८
"एक एव चरेद् भिक्षुरात्मा रामोऽनपाश्रयः" भा० ७।१३।३।।

[संन्यासी शिष्य न बनावे, ग्रंथों का अभ्यास न करे, व्याख्यान न दे, मठ न बनावे । विना आश्रम के भिक्षु होकर अपने में ही आनंदित रहते हुए अकेला ही विचरण करे] दक्ष स्मृति में चार ही आचरण संन्यासी के लिए स्थिर किए गए—

"ध्यानं शौचं तथा भिक्षा नित्यएकांत शीलता ।
भिक्षोश्चत्वारि कर्माणि पंचमो नोपपद्यते ।।"

[भगवच्चिंतन, पवित्रता, भिक्षा और एकांत सेवन ये चार ही भिक्षु के कर्म हैं पाँचवा नहीं]

इसी प्रकार स्मृति में संन्यासियों द्वारा शिष्य संग्रह को प्रपंच कहा गया
"लाभ पूजा निमित्तं हि व्याख्यानं शिष्य संग्रहः ।
एते चान्ये च बहवः प्रपंचाः कुतपस्विनाम् ।।" (दक्ष स्मृति)

[लाभ और पूजा के लिए जो तपस्वी व्याख्यान देते अथवा शिष्य बनाते हैं, वे प्रपंची हैं]

ऐसे अनेक उदाहरण धर्म ग्रंथों में मिलते हैं । भागवत धर्म के अनासक्त ज्ञानकर्म युक्त भक्तिवाद का ऐसा प्रबल प्रचार हुआ कि बौद्ध धर्म भी उससे

---

१. महीशय्या रम्या विपुलमुपधानं भुजलता ।
वितानं चाकाशं व्यजनमनुकूलोऽयमनिलः ।।
स्फुरद्दीपश्चंद्रो विरति वनिता संगमुदितः ।
सुखशांतं शेते मुनिरतनुभूति नृप इव ।।" भर्तृहरि वैराग्य शतक

[जिनके लिए पृथिवी ही सुन्दर शय्या हैं, हाथ ही कोमल तकिया है, आकाश ही मशहरी है, प्राकृतिक वायु ही पंखा है, चंद्रमा ही दीपक है, विरक्ति ही स्त्री संग है, इस प्रकार मुनि राजा के समान वैभव शाली होते हैं]

२. "गार्हस्थ्य आचार्य कुलं" शांकर भाष्य ३।४।४७

७

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

प्रभावित हुआ। बौद्धों ने भी भिक्षु मार्ग छोड़ना प्रारम्भ कर दिया, उन्होंने अपना सिद्धांत बनाया कि "गृहस्थाश्रम में रहते हुए निर्वाण प्राप्त कर लेना अशक्त नहीं है" (नागसेन-निलिंद प्रश्न ६।२।४)

बौद्धों में गृहस्थ संप्रदाय की स्थापना हुई और भागवत धर्म की भक्ति के सिद्धांत उस संप्रदाय ने पूर्ण रूप से अपनाये उन्होंने भक्ति के मार्ग को महान स्वीकार किया और अपने को भक्ति के महामार्ग के पथिक मानने लगे तथा अपने मार्ग को महायान कहने लगे। उसी काल में बौद्ध मैत्रेयनाथ जो वैष्णव धर्म में दीक्षित हो चुके थे, बौद्ध धर्म और भागवत धर्म के मिले-जुले रूप को लेकर विदेश भ्रमण करने गये उनके साथ अनेक उपदेशक थे। इन लोगों ने तातार, ईरान, अफगानिस्तान, चीन, जापान आदि में महायानीय बौद्ध धर्म का प्रचार किया। भागवत धर्म ने जो गृहस्थाश्रम में ही उपासना का सहज मार्ग प्रचलित किया था उसी को भारत के गौड़ देश बङ्गाल ने सहजिया संप्रदाय रूप में खड़ा किया तथा चीन में सुखावती (त्सिङ् गतु) सम्प्रदाय तथा जापान ने भी सुखावती (जो दो शु) संप्रदाय के रूप में स्वीकार किया। इस सुखावती संप्रदाय में भागवत धर्म के द्वादशाक्षर वासुदेव मंत्र "नमो भगवते वासुदेवाय" के आधार पर महायानी बौद्ध आचार्यों द्वारा रचित "नामु अमिता बुत्सु" (नमो अमित बुद्धाय) मन्त्र के जप का विधान किया गया। इस संप्रदाय की साधना प्रणाली और मोक्ष का सिद्धांत भी भागवत धर्म के अनुसार ही है। जापान के "जो दो शु" संप्रदाय में "गुरु के समीप जाकर सत्सङ्ग और मन्त्र प्राप्त करना और बुद्ध की उपासना करना, धर्म शास्त्रों का स्वाध्याय और आचरण करना उपांशु रूप से "नासु अमिता बुत्सु" का जप करना प्रधान साधन है, इनसे अमिताभ बुद्ध की सालोक्य मुक्ति मिलती है।[1] भागवत धर्म के पंचात्मक विष्णु रूप के अनुसार बौद्धों ने भी बुद्ध के पाँच रूपों की कल्पना की।[2] भागवत धर्म ने

---

१. "दि हिस्ट्री आफ जापानीज़ रिलीज़न"

पृ० १८५ मसाहरू अनैसाकि

२. वैकुंठ पति, क्षीर समुद्रशायी, श्वेत दीपाधिपति, गोलोक पति और निर्विशेष निर्गुण ब्रह्म ये पाँच भागवत धर्म के विष्णु रूप हैं।

इसी प्रकार वैरोचन, अक्षोभ्य, रत्न संभव, अमिताभ और अमोघ सिद्धि ये पाँच बुद्ध के रूप हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

एक ओर श्री कृष्ण को ही एकमात्र आश्रय, सर्वेश्वर, सर्वज्ञ कहा दूसरी ओर उसी के आधार पर ईश्वर पर विश्वास न रखने वाले बुद्ध उनके भक्तों द्वारा अवलोकितेश्वर बना दिए गए। श्री कृष्ण के समान सूर्य और चंद्र जिनके नेत्र, नारायण हृदय और सरस्वती का दाँत कहा गया उनके भी विराट रूप की कल्पना की गई।[1] सनकादि संप्रदाय के द्वारा जो दो ब्रह्मचर्य और गृहस्थ के मार्ग गुरु परंपरा के प्रचलित किये गए उन दोनों को ही बौद्धों ने अपनाया। श्री निंबार्क के आचरित ब्रह्मचर्य की महत्ता भी स्वीकार की। वे कहते हैं कि— "अरे भिक्षु! ब्रह्मचर्य का आचरण कर उससे समस्त दुःखों का अंत हो जावेगा।" "एहि भिक्खु! चर ब्रह्मचरियं सम्या दुक्खस्स अंत किरिया-याति।"[2]

वैष्णव मत और ईसाई मत

ई० के २४१ वर्ष पूर्व अशोक के पुत्र महेंद्र ने अपने पिता के समान वैष्णव और बौद्ध धर्म के समन्वयात्मक रूप महायान का विदेशों में व्यापक प्रचार करवाया। उसी समय एसीन नामक भक्तों का एक दल यहूदियों के देश में संगठित हुआ था। मृत समुद्र के किनारे एंगदी में इनका मठ था। इस दल के लोग अहिंसक एकांतवासी ब्रह्मचारी और गृहस्थ थे। ब्रह्म का चिंतन ही इनका मुख्य धर्म था मद्य मांस आदि मादक पदार्थों का सेवन नहीं करते थे। ये लोग अंग्रेजी के U आकार का टाम चिन्ह मस्तक पर लगाते थे। ये लोग गुरु दीक्षा का विधान भी करते थे जिसमें स्नानोपरांत दीक्षा का नियम था। इस दीक्षा विधान को "बप्तिसमा" कहते थे। ईसा नसीह इसी मत के अनुयायी थे, उन्होंने बड़ी श्रद्धा के साथ इस मत का स्मरण किया था।[3]

ईसामसीह के समय भी भारत के कुछ वैष्णव साधकों का दल जेरूसलम गया था, उन्होंने वहाँ भागवत के प्रेम मार्ग का प्रचार किया था।[4] वैष्णव धर्म और बौद्ध धर्म के प्रभाव के प्रथम भारतीय हिंसात्मक यज्ञ परंपरा का यहूदी धर्म पर पूर्ण प्रभाव था। यहूदी लोग अपने देवता जिहोवा को प्रसन्न करने के लिए अग्नि में पशुओं की आहुति दिया करते थे। उनका जिहोवा

---

१. सद्धर्म पुंडरीक २३८।४ (रचना काल ई० १ सदी)
२. विनयपिटक महावग्ग।
३. मैथ्यू ५।३४।१६।१२५।१२—४।३५+३२।
४. बाइबिल मैथ्यू २।१।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

संभवतः अग्नि ही था। जिहोवा शब्द आहुति अर्थ का द्योतन करने वाली "जुहोति" क्रिया का विकृत रूप मात्र है। श्री निंबार्क ने कृपा और दैन्य से ही भक्ति का प्रकाश कहा था, उसी भाव को ईसामसीह ने प्रकट किया।[1] "मैं हिंसात्मक यज्ञ नहीं चाहता मुझे कृपा और दीनता चाहिये" श्री निंबार्क ने उपासना में सख्य भाव, वात्सल्य भाव, दास्य भाव और दांपत्य भाव को प्रधानता दी थी। ईसामसीह का प्रसिद्ध बाल प्रेम वात्सल्य भाव की ही पुष्टि करता है। श्री निंबार्क की वास्तविक उपासना दांपत्य भाव (प्रियावत भाव) की थी। ईसाई मत में इसे पूर्ण रूप से स्वीकार किया गया।[2] ई० सन् १०९०-११५३ के सेन्ट बर्नर्ड ने प्रियावतभाव का गान किया है। ये प्रेमाभक्ति के उपासक भक्त थे। ईसाई संतों ने प्रियावत भाव का चार प्रकार से वर्णन किया है—(१) मंगनी (Betrothal) (२) विवाह (Marriage) (३) ग्रंथि बंधन (Wedlock) (४) संयोग (Copulation) इन्हें वे प्रेमाभक्ति का क्रमिक विकाश कहते हैं। इसके रहस्य को वे श्री निंबार्क की उपासना प्रणाली के आधार पर ही प्रकाशित करते हैं।[3] अहं तत्त्व का मन तत्त्व से एकीकरण ही संयोग है, इन दोनों का सम्मिलित रूप से जीवात्मा से संलग्न हो जाना ही ग्रंथि बंधन है, जीवात्मा का परमात्मा के शरणापन्न होना विवाह है। सेन्ट बर्नर्ड कहते हैं कि "मेरे में जो मेरापन है वह परमेश्वर है जो मेरी सत्ता और मेरा उल्लास है।" यह पत्नी के सर्व समर्पण भाव का रहस्य है। जो कि विवाहिता पत्नी का ही होता है।

---

१. मैथ्यू ९।१३॥

२. बाइबिल (Old Testament) अर्थात् प्राचीन संहिता के नाम से जो स्थल है उसमें "सुलेमान गीत" नामक रचना में जीवात्मा और परमात्मा के प्रति प्रियावत भाव दिखलाया गया है। इस गीत में जीव को पत्नी तया ब्रह्म को पति मानकर आध्यात्मिक विवाह [Spiritual Marriage] दिखलाया गया है।

The bookes of the old testaments the song of soloman—chapter 1-2,2-10,5-10,7-10.

३. श्री निंबार्क ने ब्रह्मसूत्र वाक्यार्थ के चतुर्थ अध्याय में अहंकार का मन से, मन का जीव से, जीव का परमात्मा से संलग्न होना कहा है। इसी को वह मोक्ष का साधन मार्ग कहते हैं। दशश्लोकी में भी ब्रह्म का स्वरूप वर्णन "व्यूहांगिनं ब्रह्म" कहते हैं, उसका भी यही रहस्य है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

जिसे वैष्णव लोग स्वकीया भाव कहते हैं। श्री निंबार्क की उपासना स्वकीया भाव की ही थी। उसका पूरा प्रभाव ईसाई मत पर पड़ा है। भागवत में रासलीला के प्रसंग में संयोग और वियोग दोनों लीलाओं का चित्रण कर जीवात्मा परमात्मा के सम्मेलन में विशेष चमत्कार दिखलाया गया है।[१] ईसाई मत में सेन्ट बर्नर्ड के बाद सेन्ट जानआफ रूइस ब्रोक (ई० सन् १२९३–१३९१ ने संयोग के साथ विरह को भी प्रधानता दी है। वे विरह में विशेष उल्लास और तन्मयता मानते हैं। उनके मत में वियोग एक अंधकार पूर्ण रात्रि है।[२] महिला सेन्ट टेरेसा (ई० स० १५१५–१५८२) अपने को प्रभु की पत्नी मानती थीं। सेन्ट टेरेसा के शिष्य सेन्ट जान आफ द क्रास (ई० सं० १५४२–१५९१) ने अपनी रचना (Spiritual Canticle) "आध्यात्मिक उपगान" में विरह और मिलन की सह अनुभूति का अनूठा चित्र उपस्थित किया है। उन्होंने उभय रूप (Dual Character) को सक्रिय (Agent) और निष्क्रिय (Patient) का सहयोग कहा है।[3]

---

१. इसी पुस्तक के उत्तरार्ध में दशश्लोकी की व्याख्या में भी इस संयोग वियोगात्मक लीला का विस्तृत विश्लेषण किया गया है।

२. P. N. Srinivasachari : Mysties And Mysticism.
[Madras 1951—P. 286–289]

३. ठीक इसी काल में [ई० सन् १५०२—१५५२] भारत के सिद्ध वैष्णव संत श्री हित हरिवंश गोस्वामी श्री राधाकृष्ण की संयोग वियोगात्मक लीला का गान कर रहे थे। दो सुदूर देशों में एक ही प्रकार की भाव व्यंजना का प्रकाश इस बात की पुष्टि है कि दांपत्य भाव के आदि उपासक भगवान श्री निंबार्क की प्रियावतभाव की उपासना का रहस्य जो कि ईसा के समय ही वैष्णव संतों द्वारा पश्चिम प्रदेशों में पहुँचाया गया था वह क्रमशः फलता फूलता रहा। भारत में भी उसकी परंपरा रही है श्री हरिवंश ने उसी परंपरा का अनुसरण मात्र किया है। श्री हरिवंश की यह कोई मौलिक सूझ हो ऐसा नहीं कहा जा सकता। भागवत धर्म के प्रतिपाद्य प्रेम सिद्धांत को ही पौर्वात्य और पाश्चात्य संतों ने गाया है। सद्धर्म पुण्डरीक ऐसे बौद्ध ग्रंथों में भी यही प्रेम सिद्धांत अनुस्यूत है, उसमें भी इसी प्रकार की भाव व्यंजना की गई है। निश्चित ही हरिवंश जी ने इस प्रेम रस को उत्कृष्टतमरूप से गान किया है। इस वैशिष्ट्य को तो सभी साहित्यिक और भक्त नतमस्तक होकर स्वीकार करेंगे। वैसे यह रस नित्य नूतन है इसलिये कोई भी रसिक इसे भाव विभोर होकर गान करेगा, उसमें स्वाभाविक नवीनता झलकेगी ही।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

श्री निंबार्क ने दशश्लोकी में उपास्य, उपासक, कृपाफल और भक्ति रस को ज्ञेय कहा है, ईसाई संत अंडरहिल ने इस तथ्य को ज्यों का त्यों स्वीकार कर लिया है—देखें [Evelyn Underhill: Mysticism P. 139—40]

प्रेम मार्ग और इस्लाम

बसरा की एक प्रसिद्ध उपासिका रबिया अपने को प्रभु की पत्नी मानती थी, वह अपने को पूर्णरूप से प्रभु के चरणों में समर्पित कर चुकी थी। एक बार सूफी संत हसन बसरी ने पूछा कि "तू विवाह क्यों नहीं करती" तब उसने उत्तर दिया कि "विवाह तो स्थूल शरीर का होता है, सो वह मेरे मन के साथ स्वामी के चरणों में समर्पित है, इसलिए मेरा असली विवाह तो प्रभु के साथ हो चुका।"[१] रबिया की भावना गोपियों के समान थी, उसका सब कुछ प्रियतम का ही था।

सूफी संतों में बुल्लेशाह स्त्री वेशभूषा धारण कर लोगों को "काफी" के पद सुनाते फिरते थे। जिनमें प्रियतम के प्रति विरह भावना पूर्ण रूप से होती थी। उनके अनुमायी आज भी चूड़ी आदि धारण कर स्त्री वेश में रहते हैं। यह संप्रदाय गुजरात में हैं, अहमदाबाद इसका मुख्य केन्द्र है। इनकी गुरु परंपरा भी गृहस्थों की है।[२]

---

१. Margaret Smith : Rabia the Mystic [London 1928 P. 30]

२. श्री निंबार्क ने प्रियावत भाव मात्र ही माना था उनकी उपासना आध्यात्मिक थी वे अंतः साधक थे। परंतु आगे चलकर प्रायः श्री हरिवंश जी के काल से वैष्णवों में सखी संप्रदाय चला, उसका सभी पर प्रभाव पड़ा सखी संप्रदाय वाले स्त्री वेष भूषा भी धारण करते हैं। श्री निंबार्क ही प्रियावत भाव के प्रथम आचार्य थे। इसलिए प्रायः सखी संप्रदाय का संबंध निंबार्क संप्रदाय से ही जोड़ा जाता है। ओरछा के प्रसिद्ध महात्मा श्री हरीराम व्यास भी इस सखी संप्रदाय के संपर्क में थे हरिवंशी और हरिदासी उनकी दो प्रधान सखियाँ थीं। ये तीनों सखियाँ सदा मिलकर भगवत सान्निध्य की निकुंज लीला का आनंद लेती रहती थीं। व्यास जी की प्रसिद्ध वाणी है—"कब मिलिहै वे सखी सहेली हरिवंशी हरिदासी।" पर प्रायः इनके प्राप्त प्रसिद्ध चित्रों को देखने से ज्ञात होता है कि ये तीनों स्त्री वेषभूषा नहीं धारण करते थे। इनकी उपासना भी अध्यात्मिक ही थी। संभ-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

श्री निंबार्क परंपरा के सिद्ध संत

श्री निंबार्काचार्य रसिक भागवत संप्रदाय के आदि आचार्य हैं क्योंकि सुकदेव जी के शब्दों में निगम कल्पतरु रस को उन्होंने सर्व प्रथम अपने गुरु श्री नारद की आज्ञा से घर घर और जन जन में प्रकाशित किया। श्री निंबार्क ने उस प्रेमरस को छक कर पिया था। श्री शुकदेव ने भागवत में कहा है—

"निगम कल्पतरोर्गलितं फलं शुक मुखादमृतद्रव संयुतं।
पिबत भागवतं रसमालयं मुहुरहो रसिका भुवि भावुकाः॥"

[वेद रूपी कल्पतरु के गलित फल जिसमें शुक ने अमृत घोला है, ऐसे रसालय भागवत के रस को रसिक और भावुकजन पुनः पुनः पान करें]

भक्ति के कष्ट निवारण के लिये श्री नारद ने प्रतिज्ञा की थी कि—

"अन्य धर्मान् तिरस्कृत्य पुरस्कृत्य महोत्सवान्।
तदा नाहं हरेर्दासो लोके त्वां न प्रवर्त्तये॥"

[प० पु० उ० खं० २।१४]

[अन्य धर्मों का तिरस्कार कर भक्ति को विपुल रूप से फैलाऊँगा अन्यथा मैं हरि का दास नहीं] श्री नारद को चिंता थी कि "न हि वैष्णवता कुत्र संप्रदाय पुरस्सरा" इसलिए उन्होंने वैष्णव संप्रदाय का संचालन किया श्री निंबार्क ही उस संप्रदाय के आदि प्रवर्त्तक आचार्य थे, उन्होंने गुरु नारद की आज्ञा से अपने ब्रह्मसूत्र वाक्यार्थ में बौद्ध, जैन, पाशुपत आदि अन्य धर्मों का निराकरण कर एकमात्र भक्ति की स्थापना द्वारा श्रीनारद की प्रतिज्ञा को पूरा किया। निगम कल्पतरु के उस रस की सुरभि को श्री निंबार्क

वतः इसीलिये रहस्यमर्मज्ञ हिंदी साहित्य जगत के उद्दीप्त नक्षत्र भारतेन्दु जी ने कहा भी है—

निंबारक मतविदित प्रेम को सारहि जान्यौ।
युगल केलि रसरीति भले कर इन पहिचान्यौ॥
सखीभाव अति चाव महल के नित अधिकारी।
पियहुँ सों बढ़ि हेत करत जिनपै निज प्यारी॥
जगदान चलायौ भगति को ब्रजसरवर जल जलजि खिलि।
जान्यौ वृन्दावन रूप हरिदास, व्यास, हरिवंश मिलि॥

निंबार्क संप्रदाय के रसिक आचार्य श्री भट्ट जी के प्राप्त चित्र से तो ज्ञातहोता है कि वे वेषभूषा भी सखियों का धारण करते थे उनके बगल में दो सखियों

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

ने बादरायण ब्रह्मसूत्रों में प्रकाशित किया, इसलिये सूत्रों के वाक्यार्थ को वेदांत परिजात सौरभ नाम दिया। वेदांत सुरभि (कामधेनु) से ही उन्होंने अमृत का दोहन कर वेदांत कामधेनु नाम से दशश्लोकी का उपदेश किया। आचार्य जी ने भगवद्गीता पर भी वाक्यार्थ लिखा था, ऐसा तत्व प्रकाशिका नामक गीता भाष्य में केशव कश्मीरी जी ने उल्लेख किया है— "व्याख्यानमादौतददभ्र बोधादाचार्यवर्येण हरि प्रियेण, निंबार्कनाम्नातिगभीर बोधम्।" [गीता का सर्व प्रथम व्याख्यान आचार्यवर्य श्री हरिप्रिय निंबार्क भगवान ने किया था।] दुर्भाग्यवश अब गीता वाक्यार्थ उपलब्ध नहीं है। छांदोग्योपनिषद् पर जो भाष्य आचार्य जी ने लिखा था उसके कुछ अंश यत्र-तत्र मिलते हैं संपूर्ण नहीं मिलता, श्रीरामानुज जी ने अपने श्री भाष्य में छांदोग्य भाष्य के अंश द्रविड़ाचार्य के नाम से उद्धरण रूप में दिये हैं। "रहस्य शोडषी" नामक सोलह श्लोकीय वक्तव्य में आचार्य जी ने अष्टादशाक्षरी मंत्र की ब्रह्मविद्या के रूप में रहस्यात्मक व्याख्या की है, इसी प्रकार "प्रपन्न कल्पवल्ली" नामक व्याख्या में आचार्य जी ने शरणागत मंत्र का रहस्य प्रकट किया है। "पंचकालानुष्ठान मीमांसा" में आचार्य जी मंत्र विद्या की साधना और अनुष्ठान की विधि की विवेचना करते हैं। "रहस्य शोडषी—प्रपन्नकल्पवल्ली—पंचकालानुष्ठान मीमांसा" ये तीनों एक साथ "रहस्य मीमांसा" नामक पुस्तक में संकलित हैं। रहस्य शोडषी के आदि वन्दना के श्लोक के

के वेष में सिद्ध संत चमर दुलाते दीखते हैं। हो सकता है यह हरिवंशी और हरिदासी सखी के रूप की कल्पना हो। वह चित्र है भावपूर्ण। सखी संप्रदाय का यह रूप चला इन्हीं संतों के काल से। रामानन्दी संप्रदाय में भी सखी संप्रदाय चला। स्वामी वल्लभाचार्य के सुपुत्र विट्ठलनाथ जी भी इस मत से प्रभावित थे। प्रसिद्धि है कि श्री भट्ट जी श्री जी (राधा) के भाव में रहते थे उनकी भावना प्रियावत भाव की थी। हरिवंशी और हरिदासी श्री जी की अंतरंगा सखी कही जाती हैं संभवतः इसी भाव से निंबार्क संप्रदाय में श्री भट्ट जी के उस चित्र की कल्पना कर ली गई। निंबार्क संप्रदाय के आचार्य श्री जी के रूप ही कहे जाते हैं आज इसी नाम से प्रसिद्ध हैं। श्री निंबार्क ने स्वरूपशक्ति और गुणशक्ति से युक्त गुरु रूप, प्रभू की आह्लादिनी शक्ति श्री जी को कहा है। श्री भट्ट जी के चित्र से यही भाव व्यंजित हो रहा है। प्रसिद्ध है कि श्री हरिवंश जी, श्री जी के अभिन्न शिष्य थे। कुछ भी हो यह रहस्य है, अंतर्जगत का ही, वाह्य तो कल्पनामात्र ही है। रसिक और भावुकों का जाना माना रहस्य है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

आधार पर इन तीनों को श्री निंबार्क की कृति माना जाता है। "रहस्य मीमांसा" वास्तव में निंबार्क संप्रदाय का तंत्र ग्रंथ है। इसमें युगल उपासना का गूढ़ रहस्य प्रकाशित किया गया है। वेदांत कामधेनु की पुरुषोत्तमाचार्य की टीका "मंजूषा" में आचार्य कृत "प्रपत्ति चिंतामणि" और "सदाचार प्रकाश" इन दो व्याख्यानों का उल्लेख मिलता है, पर आज ये दोनों अनुपलब्ध हैं। ज्ञात होता है ये दोनों भी "रहस्य मीमांसा" नामक प्रबन्ध ग्रंथ के ही प्रकरण थे।

"प्रातः स्मरण स्तोत्र,'—"यमुना स्तोत्र"—"श्री कृष्ण स्तवराज" आदि स्तोत्र छंद श्री निंबार्क के नाम से ही प्रसिद्ध हैं। परन्तु इनकी प्रामाणिकता स्वीकार करने के लिये शोध की आवश्यकता है। वैसे ये स्त्रोत्र किसी संप्रदाय के प्राचीन संत द्वारा ही लिखे गये हैं। प्राप्त ग्रंथ सभी प्रकाशित हैं।

श्री निंबार्क की रचनाओं के अनुशीलन से ज्ञात होता है कि वे उच्चकोटि के सिद्ध परमभावुक रसिक आचार्य थे। ब्रह्मसूत्र वाक्यार्थ १।१।१ सूत्र में आचार्य जी ने गुरु स्वरूप वर्णन में जो "लंपट" शब्द दिया है, वह "रसिक" अर्थ को व्यंजित करता है। सही बात तो ये है कि—अक्षर, परब्रह्म, सनातन अजन्मा, विभु, चैतन्य, ज्योति, ईश्वर आदि नामों से उपनिषदों में जिस तत्व का व्याख्यान किया गया है वह अंतःकरण में उठने वाले सहज आनन्द के नामांतर मात्र हैं। आनन्द ही चमत्कृत चैतन्य के रूप में उल्लसित होकर रस कहलाता है।[1] इस आनन्दमय ब्रह्म का अंतःकरण में स्फुरण होना ही रसानुभूति है, निरंतर रससिद्ध महात्मा को ही रसिक कह सकते हैं। श्री निंबार्क ऐसे ही परम रसिक महात्मा थे। श्री निंबार्क तीन के प्रत्यक्ष शिष्यों का उल्लेख मिलता है, गौरमुख ऋषि उदुम्बर ऋषि और श्री निवास।

गौरमुख का नामोल्लेख हमें पुराणों में[2] भी मिलता है, वह भी प्रायः आरुणि (निंबार्क) के शिष्य के रूप में। अर्थात् उन्हें आरुणि गौरमुख कहा

---

१. अक्षरं परमं ब्रह्म सनातनमजं विभुम्।
वेदांतेषु वदंत्येकं चैतन्यं ज्योतिरीश्वरम्॥
आनंदः सहजस्तस्य व्यज्यते स कदाचन।
व्यक्ति सा तस्य चैतन्य चमत्कार रसाह्वया॥ (अग्नि पुराण)

२. गौरमुखोऽरुणिः —ब्रह्म० वै० पु० ४।१३।२६॥
गौरमुखो……ब्रह्म० वै० पु० ४।२१।११॥

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

गया है। गौरमुख ऋषि ने "श्री निंबार्क सहस्रनाम"[१] स्तोत्र की रचना की थी। इस स्तोत्र की रचना प्रणाली पौराणिक युग की है।

उदुम्बर ऋषि ने वैष्णव धर्म की आचार संहिता बनाई थी जो कि "औदुम्बर संहिता" के नाम से प्रसिद्ध है। इसके अतिरिक्त "श्री निंबार्क विक्रान्ति" नामक २२० श्लोकों के खंड काव्य किंवा प्रशंसा स्तोत्र की रचना की थी जिसमें आचार्य जी के अवतार चरित का अलौकिक वर्णन किया है।

श्री निवास जी, परमभागवत नंदवंश के कुल पुरोहित महर्षि श्री शांडिल्य के पुत्र थे। शांडिल्य महर्षि व्रजमंडल के प्रांत में ही निवास करते थे। श्री निवास बाल्यकाल में अति उद्धत थे संभवत: जैनों के प्रबल मत से प्रभावित थे श्री शांडिल्य इनके औद्धत्य से दुखी थे। एक बार किसी प्रकार श्री निवास को पकड़कर श्री निंबार्क के पास ले गये (उस समय वे गोवर्द्धन के निकटस्थ नीम गाँव में रहते थे) श्री निंबार्क ने अपने दिव्य रसमय उपदेश से श्री निवास का औद्धत्य दूर कर दिया। श्री निवास ने आचार्य का शिष्यत्व स्वीकार किया और आचार्य की आज्ञा से वेदांत पारिजात सौरभ वाक्यार्थ पर "वेदांत कौस्तुभ" नामक भाष्य की रचना की।[2] भगवद् गुणानुवाद का गान कर "लघुस्तवराज"

---

१. इसके अतिरिक्त निंबार्क स्तव और निंबार्क कवच भी इन्हीं का कहा जाता है।

२. श्री निवास जी ने अपने भाष्य के प्राक्कथन में स्पष्ट कहा है—

"अथ श्री सनतकुमार संतति प्रवर्त्तक: परम कारुणिको मुमुक्ष्वनुग्रहाय भगवान श्री निंबार्कस्तद्व्याख्यानं शारीरक मीमांसा वाक्यार्थ रूपेण वेदांत पारिजात सौरभाख्यमतिगूढ़ं कृतवान्—अथ तु तदाज्ञया तदुक्त वर्त्मना तदनुग्रह कामेन तच्छिष्येण मया मृदुमितपदो वेदांत कौस्तुभस्तद् भावार्थ प्रकाशको विदुषामुपकाराय विरच्यते।"

[सनत्कुमार संप्रदाय के प्रवर्त्तक परम दयालु भगवान श्री निंबार्क ने मुमुक्षुओं के ऊपर कृपाकर शारीरिक मीमांसा ब्रह्मसूत्र की वाक्यार्थ रूप में व्याख्या करते हुए वेदांत पारिजात सौरभ नामक अतिगूढ़ रचना की, उन्हीं की आज्ञा से उन्हीं के उपदिष्ट शैली द्वारा उनकी कृपा की कामना से उनका शिष्य मैं संयमित पदों में वेदांत कौस्तुभ नामक वाक्यार्थ के भावार्थ प्रकाशक प्रबन्ध को विद्वानों के उपकार के लिये बना रहा हूँ।"]

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

बनाया। निंबार्क संप्रदाय में इन्हें ब्रह्मसूत्र का भाष्यकार माना जाता है। इनकी तपोभूमि गोवर्द्धन पर्वत के ललिता कुंड पर है। निश्चित ही इनका भाष्य परवर्त्ती भाष्यों का पथ प्रदर्शक । ऐसा सभी ब्रह्मसूत्र भाष्यों की निष्पक्ष पर्यालोचना से स्पष्ट जाना जा सकता है। श्री निंबार्क के बाद इन्हीं को प्राथमिकता दी गई है प्रायः संप्रदाय के सभी टीकाकारों ने इनका भक्तिपूर्वक स्मरण किया है। भाव में इन्हें पांचजन्य शंख का अवतार कहा गया है। श्री निवासाचार्य जी ही निंबार्क सम्प्रदाय की गद्दी के प्रवर्त्तक आचार्य हैं। श्री निंबार्क ने कोई गद्दी या मठ स्थापित नहीं किया था। गद्दी की परंपरा तो श्री निवास जी से प्रारम्भ हो गई थी पर निंबार्क संप्रदाय का कोई स्थाई मठ नहीं था प्रायः गोवर्द्धन की उपत्यका में ही आचार्य गण भजन किया करते थे। इस सम्प्रदाय के आचार्यों में कृष्ण लीला भूमि ब्रजमंडल को ही अपनी विहार भूमि बनाया था। ब्रज से ही ये रस का प्रवाह प्रवाहित करते थे जिसके फलस्वरूप विश्व के सभी देशों और प्रांतों का ध्यान ब्रज भूमि की ओर सदा आकर्षित रहा। वैसे प्रायः कितनी ही बार मथुरा मंडल पर जैन बौद्धादिकों ने तथा क्रूर शासकों ने अपना पंजा जमाना चाहा परन्तु श्री निंबार्क सम्प्रदाय के आचार्यों द्वारा प्रभु की लीला भूमि सदा उन्मुक्त रही।[1] अभी तक निम्बार्क

---

१. कनिष्क काल ई० की पहली सदी में मथुरा, कश्मीर बौद्धों के सब्बथिवाद (सर्वास्तिवाद) के केंद्र थे। कनिष्क ने एक गोष्ठी में बौद्धों को एकत्र किया था। उसमें वसुमित्र आचार्य थे।

अशोक ई० पू० २७० ई० में भी मथुरा बौद्धों का केंद्र था, अशोक के गुरु उपगुप्त और उनके शिष्य दीधिक उपगुप्त मथुरा में रहते थे।

ई० पू० २ सदी में यवन मिलिंद ने मथुरा आदि तीर्थों को ध्वंश किया था। ज्ञात होता है, पद्म पुराण के भागवत महात्म्य में तीर्थों पर जो यवनों के आक्रमण का उल्लेख है वह इसी का है।

ई० की चौथी सदी में फाह्यान चीनी यात्री ने मथुरा के निकट यमुना तट पर बौद्धों के २० संघारामों का उल्लेख किया है जिसमें ३० हजार बौद्ध थे।

१०१७ ई० में महमूद गजनवी ने मथुरा को ध्वंस किया था।

११९४ ई० में मथुरा पर मुगलों का साम्राज्य हुआ।

१६५८-१७०७ ई० में औरंगजेब ने ब्रज को ध्वस्त किया।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सम्प्रदाय के आचार्यों की क्रम बद्ध सही परंपरा प्राप्त नहीं है। श्री भट्ट जी से बाद की तो सही परंपरा प्राप्त है परंतु उनके प्रथम की परंपरा के प्रधान आचार्यों के ही चरित्र ज्ञात हैं। वि० सं० १७००—१७५४ में श्री नारायण देव जी ने संस्कृत छंदों में "आचार्य चरित्र" बनाया था, उसी में कतिपय संतों के चरित संकलित हैं। उसी को लोग परंपरा मानते हैं जो कि भ्रांति है। उसी चरित संख्या के अनुसार डा० भांडारकर आदि ने श्री निंबार्काचार्य का काल १२ वीं सदी निर्धारित किया है जो कि अनाधार है। हम यहाँ केवल उन आचार्यों का परिचय दे रहे हैं, जिन्होंने ग्रंथ निर्माण किये हैं।

श्री निंबार्क के वेदांत कामधेनु दश श्लोकी पर श्री पुरुषोत्तमाचार्य जी ने "वेदांत रत्न मंजूषा" नामक भाष्य लिखा है। आजकल प्रायः श्री राधा को प्रधान रूप से श्री हित जी ने ही उपास्य माना था, उन्हीं के प्रभाव से श्री भट्ट जी और हरिव्यास जी ने भी राधा को उपास्य माना और उन्हीं के काल में श्री निंबार्क के नाम से दश श्लोकी की रचना की गई। श्री पुरुषो त्तमाचार्य जी हरि व्यास जी के शिष्य थे उन्होंने दश श्लोकी की टीका बनाई। आदि धारणायें प्रस्तुत की जा रही हैं। इसमें एक ही भाव निहित है, वो ये कि श्री हरिवंश ही रसिक सम्प्रदाय के आदि आचार्य थे उनके प्रथम रस की उपासना कदापि न थी अतएव जो भी रसोपासना सम्बन्धी ग्रंथ रचे गये वे सब हित जी के बाद रचे गये। इस उक्ति में कितना सार तथ्य है, इसका विवेचन शोधकों को स्वतः करना चाहिए। बिना मूल भाष्य और टीका ग्रंथों के देखे कुछ भी धारणा बना लेना या लिख देना ऐतिहासिक तथ्यों का हनन करना है।[1] श्री पुरुषोत्तमाचार्य कृत भाष्य को पढ़ने से यह धारणा निर्मूल सिद्ध हो जाती है। श्री पुरुषोत्तम जी ने दार्शनिक शैली से भाष्य किया है उसमें जैन, बौद्ध, शांकर आदि मतों का सतर्क निराकरण किया गया है। इनके

१७३९ ई० में नादिर शाह ने ब्रज पर अत्याचार किया। धनानंद कवि को मारा।

१७५७ ई० में अहमद शाह अब्वाली ने ब्रज को लूटा।

१. दश श्लोकी के श्लोकों को उद्धरण के रूप में श्री निंबार्काचार्य जी के प्रत्यक्ष शिष्य श्री निवासाचार्य ने अपने वेदांत कौस्तुभ ब्रह्मसूत्र भाष्य में यथा तथा दिया है, तब फिर किसी भी स्थिति में दश श्लोकी की रचना के काल निर्णय पर कुछ शेष नहीं रह जाता।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भाष्य की शैली निश्चित ही श्री रामानुज के काल की है। हित जी को दर्शन और वेदांत से प्रयोजन ही क्या था वे तो नाभादास जी के शब्दों में श्यामाश्याम के अनन्य उपासक भजनीक थे। "श्री हरिवंश गोंसाईं भजन की रीति सकृत कोई जानि हैं।" तो यह कैसे मान लिया जावे कि हित जी के बाद 'वेदांत रत्न मंजूषा" की रचना हुई। श्री पुरुषोत्तम जी विवरण कार कहे जाते हैं।

श्री निंबार्काचार्य के नाम से "सविशेष निर्विशेष श्री कृष्णस्तवराज" की रचना मानी जाती है। परंतु अभी तक पुष्ट प्रमाणों से इसे सिद्ध नहीं किया जा सका है। श्री विलासाचार्य इसके रचयिता हैं ऐसा ही बहुमत है। इसकी शैली भी दार्शनिक युग की है।

श्री देवाचार्य जी ने ब्रह्मसूत्र पर विस्तृत समीक्षात्मक टीका "सिद्धांत जाह्नवी" नाम से रची है। इस ग्रंथ में पृष्ठ ५६ पर "वेदांत रत्न मंजूषा" का उल्लेख है इसलिए ये श्री पुरुषोत्तमाचार्य के बाद के महानुभाव हैं।

श्री सुन्दर भट्ट जी ने "सिद्धांत जाह्नवी" पर "सेतु" नाम विवृत्ति लिखी थी जो कि चार सूत्रों पर ही प्राप्त है। "कृष्णस्तवराज" की "प्रपन्नसुरतरु-मंजरी" नामक टीका तथा "मंत्रार्थ रहस्य" पर टीका भी इन्हीं की रची हुई हैं।

केशव काश्मीरी जी इस सम्प्रदाय के प्रसिद्ध प्रकांड विद्वान माने जाते हैं। इन्होंने ब्रह्मसूत्र के श्री निवासाचार्य के भाष्य पर "वेदांत कौस्तुभ प्रभा" नामक विस्तृत व्याख्यान बनाया था, इसमें प्रायः पूर्ववर्त्ती सभी भाष्यों का खंडन किया गया है। गीता पर "तत्व प्रकाशिका" नामक टीका, "मांडुक्योपनिषद् भाष्य "भागवत का वेदस्तुति भाष्य" आदि इनकी प्रौढ़ रचनायें हैं। इन्होंने भारत में तीन बार दिग्विजय की थी, इसलिए इन्हें दिग्विजयी कहा जाता है। प्रायः सामान्य रूप से निंबार्क के सम्प्रदाय के अनुयायियों की धारणा है कि काश्मीरी जी गांगल भट्ट के शिष्य थे, परंतु काश्मीरी जी ने अपने सभी ग्रंथों में "श्री मुकुंदं गुरुं नत्वा" लिख कर श्री मुकुंद नामक गुरुकी बन्दना की है। इससे ज्ञात होता है कि काश्मीरी जी के गुरु का नाम मुकुंद देव था। निश्चित ही गुरु परंपरा लुप्त है, कहीं भी मुकुंद देव नामक आचार्य का उल्लेख नहीं मिलता। यह विचारणीय विषय है, सांप्रदायिक विद्वान इस पर विचार करें। दूसरा विचारणीय प्रश्न श्री काश्मीरी जी के नाम से प्रसिद्ध रचना तंत्र ग्रंथ "क्रम दीपिका" का है। सर्व प्रथम बात तो है कि जब काश्मीरी जी अपने सभी ग्रंथों

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

में भगवान श्री निबार्क, श्री निवास, आदि का मंगलाचरण में स्मरण करते हैं तब क्रम दीपिका में क्यों नहीं किया? दूसरी बात श्री निंबार्क "मंत्र रहस्यशोडषी" की चर्चा क्यों नहीं की ? तीसरी बात श्री निंबार्क ने ब्रह्म विद्या में द्विजाति के अतिरिक्त शूद्र आदि को अधिकार नहीं दिया है, जब कि क्रमदीपिका में है ? चौथी बात श्री निंबार्क जी के मत में ब्रह्म विद्या की उपासना एकमात्र आत्मोद्धार के लिए है, जब कि क्रमदीपिका में सम्मोहन, उच्चाटन आदि अभिचार कर्मों का विधान भी मन्त्रों द्वारा दिया गया है ? पाँचवीं बात क्रमदीपिका पर निंबार्क सम्प्रदाय के किसी विद्वान ने कोई टीका क्यों नहीं लिखी ? छठी बात श्री निंबार्क सम्प्रदाय के शरणागत मन्त्र का विधान इसमें क्यों नहीं है ? सातवीं बात निंबार्क सम्प्रदाय में अष्टादशाक्षर के अतिरिक्त दशाक्षर आदि अन्य मन्त्रों का विधान क्यों नहीं है जो कि क्रमदीपिका में दिये गये हैं ? सबसे बड़ी बात तो यह है कि उत्तर प्रदेश राजस्थान आदि जहाँ निंबार्क सम्प्रदाय की प्रधानता सदा से रही है वहाँ क्रमदीपिका की पांडुलिपि क्यों नहीं हैं, बङ्गाल और उत्कल की ही अधिक क्यों हैं ? इन बातों पर विचार करने से क्रमदीपिका को काश्मीरी जी की रचना मानने में कुछ शंका हो जाती है ।

श्री केशव काश्मीरी जी ने जो भाष्य आदि बनाये और दिग्विजय की तथा जो सिद्धि के चमत्कार उन्होंने दिखलाये उससे प्रायः काश्मीरी जी को श्री निंबार्क का अवतार मान लिया गया ; इनके दिग दिगंत व्यापी प्रभाव से संपूर्ण भारत का वैष्णव समाज अभिभूत हो गया था अतः किसी अन्य की रचना को इनके नाम से मान लिया जाना कोई कठिन कार्य नहीं है । जैसे कि अन्य तुलसी और सूर के नाम की रचनायें मानस रचयिता तुलसी और सूर सागर के रचयिता सूर की मान ली गई थीं पर शोध के द्वारा उनका अंकन कर पृथक् किया गया । क्रमदीपिका के पढ़ने से ज्ञात होता है कि यह किसी उत्कल निवासी तांत्रिक सहजिया सम्प्रदाय के आचार्य केशव की रचना है । विद्या विनोद श्री गोविन्द भट्ट की जो क्रमदीपिका की प्रकाशित टीका हैं उसमें प्रथम पटल २४वें श्लोक की टीका में जो गुरुसंप्रदाय की परंपरा दी गई है वह निंवार्क संप्रदाय की गुरु परंपरा नहीं है । वैसे सहजिया संप्रदाय का संबंध निबार्क संप्रदाय से ही है परंतु संप्रदाय की सीधी परंपरा से कोई संबंध नहीं है । बंगाल और उत्कल में तंत्र का प्रचुर मात्रा में प्रचार रहा है और अब भी है । सहजिया संप्रदाय से श्री चैतन्य महाप्रभु अधिक संबंधित थे । गौडीय संप्रदाय का दूसरा नाम है । क्रमदीपिका गौडीय संप्रदाय का सर्वमान्य ग्रंथ है । गौडीय संप्रदाय में अष्टादशाक्षर के अतिरिक्त दशाक्षर मंत्र तथा क्रमदीपिका में दिए गये अन्य

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मंत्रों की दीक्षा परंपरा भी चलती है। निंबार्क संप्रदाय में अष्टादशाक्षर और शरणागत मंत्र के अतिरिक्त कोई अन्य मंत्रों की दीक्षा परंपरा नहीं है। निंबार्क संप्रदाय में अभिचार मंत्रों की विधि का कोई अनुष्ठान नहीं होता और न कहीं विधान ही है। श्री निंबार्काचार्य जी ने शुद्ध वैदिकी उपासना की स्थापना थी कि आज तक उसकी परंपरा अनवच्छिन्न रूप से चल रही है। सम्मोहन, उच्चाटन आदि अभिचार कर्म सांसारिक बंधनों में डालने वाले हैं। भगवान श्री निंबार्क ने मोक्ष की उपासना प्रशस्त की थी, बंधन की नहीं। गीता की तत्व प्रकाशिका टीका के कर्त्ता काश्मीरी जी को यदि क्रमदीपिका का कर्त्ता मान लेंगे तो गीता का अनाश्रित कर्मयोग का सिद्धांत जो कि गीता का प्रतिपाद्य तत्त्व है, उसकी टीका का क्या प्रयोजन होगा? सही अर्थों में वैष्णव वही है जो अभिचार कर्म और सिद्धियों से दूर रहे। अस्तु यह गवेषणा का विषय है। इस विषय में यदि कोई विद्वान सयुक्तिक प्रमाण उपस्थित करेंगे और हम भी कुछ नई बात जान पावेंगे तो अगले संस्करण में उसे दे देंगे। हमें इस विषय पर कोई आग्रह नहीं है कि क्रमदीपिका काश्मीरी जी की रचना न मानी जावे। जो कुछ भी पढ़ने और विचारने से समझ में आया उसे निष्पक्ष रूप से विद्वान विवेचकों के समक्ष प्रस्तुत कर दिया। हम जहाँ तक समझते हैं श्री निंबार्क संप्रदाय का गौरव मोक्ष साधना, श्रेय मार्ग के अनुसरण में ही माना गया है, भुक्ति साधना, प्रेय मार्ग को इस सात्विक संप्रदाय ने कभी स्वीकार नहीं किया है। इस संप्रदाय की सिद्धि तो रसोपासना है जो कि ब्रह्म के समान अनिर्वचनीय, अज्ञेय, अन्तःवेद्य तत्त्व है। रसोपासक धन, संपत्ति, वैभव से सदा बचने की चेष्टा करता है सिद्धि प्राप्त कर उसमें लिप्त होने की चेष्टा नहीं करता। इसीलिये भौतिक जगत में रसोपाशक पिछड़ा हुआ लुप्त सा दीखता है। निंबार्क संप्रदाय वैभव संपन्न संप्रदाय कभी नहीं रहा क्योंकि इसमें अंतः साधक महात्मा ही अधिक हुए हैं। काश्मीरी जी के शिष्य श्री भट्ट जी ने अपने गुरु से रससिद्धि को प्रसाद रूप में प्राप्त किया था। उनका मत था कि—

"यद्यपि मिलै कोटि चिंतामणि तबहूँ न हाथ पसार।"

जिनके शिष्य की ऐसी भावना हो कि वह कोटि चिंतामणियों को भी ठुकराने की इच्छा रक्खें, हम कैसे मान लें कि उनके गुरु वैभव प्राप्ति के लिये मंत्रानुष्ठान का विधान करेंगे। वह तो उस धन के धनी है, थिसके बिना सामान्य जगत कंगाल है। शुकदेव जी के शब्दों में वह परम भागवत रस ही

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वैष्णवों का वास्तविक धन है ।[१] सांसारिक नश्वर धन के न होने पर ही उस धन की प्राप्ति होती है। संपूर्ण सृष्टि में वे निर्धन ही धन्य हैं, जिनके हृदय में प्रभु की निर्मल भक्ति निवास करती है। भगवान हरि भी अपने लोक को पूर्ण रूप से त्याग कर उस भक्त के हृदय में आकर निवास करते हैं।[२] सामान्य सांसारिक संपत्ति काच के समान है, ईश्वर धन मणि के समान है।[३] श्री निंबार्क संप्रदाय परम वैष्णव संप्रदाय है आचार्यों ने अपनी एक निष्ठ साधना से मोक्ष का मार्ग प्रकाशित किया जो कि चिंतामणि और कल्पवृक्ष से भी अधिक आनंद दायक है।[४]

श्री भट्ट जी ने सांसारिक बंधनों से उद्धार करनेवाली भक्ति की दीक्षा दी थी।[५] उन्होंने श्री निंबार्काचार्य की प्रतिपादित हृदयान्तर्गत वृन्दावन की उपासना का रसमार्ग सर्व प्रथम हिन्दी साहित्य में गान किया था। इसीलिये वष्णवजन इन्हें आदि वाणीकार मानते हैं। इन्होंने "युगल शतक" के सौपदों में नंदनंदन और वृषभानुनंदिनी की निकुंज के अद्वैत रस की मधुर भाव संवलित ललित लीला को गाया है। श्री भट्टजी ने अंतःकरण वृन्दावन के बाहर कुछ भी नहीं देखा इसीलिये अपने रसिक भक्तों को भी यही आज्ञा दी कि—

"विपिनराज सीमा के बाहर हरिहुँ को न निहार"

भक्तमाल में नाभा दास जी भी इस अंतस्थ घट रस की प्रकट करने वाले श्री भट्ट जी को ही कहते हैं। ये इस रस के अगाध सागर थे इस घन सागर

---

१. "यद वैष्णवानां धनं"—प० पु० उ० खं० भा० मा० ६।८२।।

२. "सकल भुवन मध्ये निर्धनास्तेपि धन्या।
निवसति हृदि येषां श्री हरेर्भक्तिरेका।।
हरिरपि निजलोकं सर्वथातो विहाय।
प्रविशति हृदितेषां भक्ति सूत्रोपनद्धः।। वही ३।७३।।

३. क्व काचः क्व मणिर्महान् ।१।१६।। प० पु०।

४. "चिंतामणि लोक सुखं सुरद्रुः स्वर्ग संपदं।
प्रयच्छति गुरुः प्रीति वैकुंठं योगदुर्लभम्।।
प० पु० उ० खं० भा० मा० १।८१

५. "भव निस्तारन हेत देत दृढ़ भक्ति सबनि नित"—नाभादास जी

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

की एक बिंदु से ही रसिक वैष्णव समाज के मनों को मोद प्राप्त हो गया।[१] उनकी दिव्य धारणा की एक झलक इस पद में मिलती है—

"सेव्य हमारे श्री प्रिय प्यारे वृन्दाविपिन विलासी।
नंदनंदन वृषभान नंदिनी चरन अनन्य उपासी॥
भक्त प्रनय बस सदा एक रस विविध निकुंज निवासी।
श्री भट युगल रूप वंसीबट सेवत सब सुख रासी॥"

इनके युगल शतक में दस पद सिद्धांत के, छब्बीस पद ब्रजलीला के, सोलह पद सेवा सुख के, इक्कीस पद सहज सुख के, आठ पद सुख के और उनतीस पद उत्सव सुख के हैं।

श्री भट्टजी के शिष्य श्री हरिव्यास जी ने "युगल शत" पर "महावाणी" नाम से एक भाष्य किया है। इसके अतिरिक्त श्री निंबार्काचार्य जी की दश-श्लोकी पर "सिद्धांत रत्नांजलि" नामक सरस टीका लिखी है। नाभाजी और घनानंद जी के पदों से ज्ञात होता है कि उन्होंने देवी को दीक्षा दी थी आज भी पंजाब में वह वैष्णवी देवी के नाम से प्रसिद्ध स्थान है। श्री हरिव्यास देवजी के प्रधान बारह शिष्य थे, सभी रसोपासक और जगदुद्धारक थे। सभी ने भारतवर्ष में भ्रमण कर वैष्णव मत का प्रचार किया अनेक मठों की स्थापना की उन्होंने स्वभूदेवाचार्य जी तथा परशुरामदेव जी सबसे अधिक सिद्ध महात्मा थे। स्वभूदेव जी ने अनेक मठ स्थापित किये। इस समय भारत में स्वभूदेव जी की परंपरा के निंबार्क संप्रदायी शिष्य अधिक हैं। श्री परसुराम देव जी हरिव्यास देव जी के भतीजे थे। हरिव्यास जी के भाई श्री हरिभक्त शरण जी के दो पुत्र थे—श्री परशुराम जी एवं वासुदेव जी[२]। ये

---

१. "श्री भट सुभट प्रकट्यो अघट रस रसिकन मन मोद धन"

—नाभाजी

[निश्चित ही हरिदास जी, हरिवंश जी आदि रसिकोपासक श्री भट्ट जी द्वारा प्रकट रस परिपाटी के अनुकर्त्ता संत हैं। हरिदास जी ने "केलिमाल" तथा हरिवंश जी ने "चौरासी जी" में अघट रस का गान किया है]

२. श्री परशुराम जी ने अपने पदों में अपना वंश परिचय दिया है—

"वंश हरिभगत परसुराँ, श्री गुरु श्री हरिव्यास"

श्री निंबार्क पीठ प्रयाग जो कि परशुराम जी के वंशजों की आचार्य पीठ है उनमें प्राचीन "लेखपत्र" हैं। उनमें भी हरिभक्त जी के पुत्र ही लिखे गए हैं।

८

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

परिवार नारनौल का प्रतिष्ठित गौड़ ब्राह्मण-कुल था। श्री हरिव्यास जी ने अपनी गद्दी का अधिकार परशुराम देव जी को दिया। श्री परशुराम देव जी ने श्री वासुदेव जी को दीक्षा देकर गद्दो प्रदान की। श्री परशुराम जी ने राजस्थानी मिश्रित व्रज भाषा में उपदेश दिये थे उन उपदेशों का संग्रह "परशुराम सागर" है। गोस्वामी तुलसीदास जी के समकालीन होने के कारण उनकी रचना में गोस्वामी जी का पर्याप्त प्रभाव है। इनका भ्रमण क्षेत्र राजस्थान और ब्रजमंडल ही अधिक रहा है। इनकी समाधि पुष्कर में बनी हुई है। इन्होंने जो स्थान स्थापित किये वे परशुराम द्वारे कहलाते हैं। श्री वासुदेव जी "भक्ति चंद्रिका" में भगवत सेवा का विधान किया है। इनके पौत्र श्री ब्रजलाल शरण जी ने "भक्ति चंद्रोदय" की रचना की, जोकि नारद भक्ति सूत्र की टीका है। ये दोनों संस्कृत ग्रंथ हैं। स्वामी मुरलीधर जी ने सर्व प्रथम हिन्दी में "श्री निम्बादित्य चरित" नामक आचार्य जी का प्रामाणिक चरित्र लिखा था। इनकी हिन्दी की अनेक गद्य पद्यात्मक रचनायें हैं।

इनके अतिरिक्त श्री वृन्दावन शरण जी की "गीतामृत गंगा" श्री गोविन्द शरण जी की "हरिगुरु सुयश भास्कर" श्री नारायण देव जी की "आचार्य चरित" आदि समादृत रचनायें हैं।

श्री निम्बार्क सम्प्रदाय में संगीत सम्राट स्वामी हरिदास जी नागादास जी आदि प्रसिद्ध सन्त हुए हैं। इनका वैष्णव समाज में बड़ा समादर है। गोस्वामी हित हरिवंश जी की रचनायें भी वैष्णवों की आदर्श रचनायें हैं। इनकी साधना रसोपासकों से लिए अनुकरणीय मानी गई है। जैसा कि ऊपर लिख चुके हैं कि श्री निंबार्क सम्प्रदाय में कोई आचार्यों की क्रमबद्ध शृंखला या मठ नहीं था। मठ या परंपराओं का क्रमिक इतिहास श्री हरिव्यास देव जी के समय से ही उपलब्ध है। उसमें भी मिथ्या दंभ और उच्चावच भाव के कारण खींचतान हुई है। सभी अपने को बड़ा और श्रेष्ठ कहने की चेष्टा करता

डा० बलदेव उपाध्याय जी ने 'भागवत संप्रदाय' नामक पुस्तक पृष्ठ ३२९ में श्री परशुराम जी के परिचय में भ्रांतिवश परशुराम जी को श्री वासुदेव जी के पुत्र लिख दिया है। उन्हें वह ज्ञात नहीं है कि इस ग्रंथ का प्रणेता श्री वासुदेव जी की रक्त परंपरा में ही है। श्री परशुराम जी तो वासुदेव जी के गुरु और बड़े भाई थे। हमारा वंश हरिव्यासी नाम से प्रसिद्ध है, क्योंकि उनकी वंश परंपरा से रक्त संबंध है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

रहा है। शांकर मठों के समान यहाँ कोई मठ समाम्नाय का नियम नहीं रहा है, जिस नियम के अनुसार कोई अपने को ऊँचा कहने का दावा कर सके। वास्तविकता तो यह है कि जो भी महात्मा साधक और भक्त हुए हैं। वे सभी उच्चतम मान्य हैं, सारा विश्व उनके समक्ष विनयावनत होता है। मठों का नियम बनाना या मठों की स्थापना उच्च साधकों के लिए नगण्य वस्तु है। जिन महात्माओं ने मठों की स्थापना की भी थी, वह केवल संसार को क्रमिक-रूप से उपदेश और साधना प्राप्त होती रहे इस आदर्श के लिए ही थी। यदि इस महत कार्य की पूर्ति मठों मन्दिरों आचार्य पीठों से न होकर स्वतः ही पारस्परिक झगड़े होते रहें तो उससे बड़ा कोई उन आचार्य पीठों के लिए अशोभनीय और लज्जास्पद कार्य नहीं है। सभी साधक आचार्य रूप से पूज्य, वरिष्ठ और आदरणीय हैं। समान सिद्धांत और समान साधना होते हुए भी श्री राधावल्लभी संप्रदाय की अति विभिन्नता हो जाना, तथा इस समय भी स्वामी हरिदास जी को विष्णु स्वामी मतावलंबी सिद्ध करने की सतत् चेष्टा ये दोनों सांप्रदायिक उच्चावच भाव और अहं मान्यता के ज्वलंत उदाहरण हैं। जिन आचार्य परंपराओं में साधना और आचार की अविच्छिन्न परंपरा रही है वे ही अधिक पूज्य और सम्मान्य पीठ मानी गई हैं। बढ़ते हुए भौतिक साधनों के वैभव से संपन्न होने के कारण भी कुछ परंपरायें श्रेष्ठ मानी गई हैं, परंतु यह तो अस्थाई श्रेष्ठता ही है। स्वामी हरिदास जी के पास क्या वैभव था ? क्या उनकी साधना के समक्ष वैभव सम्पन्न अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर सकते हैं ? अथवा वाह्य आवरण को त्यागी रूप से प्रदर्शित करना और आंतरिक रूप से सांसारिक साधनों को संकलित करना भी श्रेष्ठता का सूचक नहीं कहा जा सकता। किसी आश्रम के वाह्य आचरण से उस आश्रम की श्रेष्ठता कदापि स्वीकार नहीं की जा सकती। इसीलिए वैष्णवों ने वाह्य के साथ आभ्यंतर आचार और अनाश्रित कर्म योग के सिद्धांत के आधार पर अपनी साधना स्थापित की थी। उससे जो सम्पन्न परंपरा रही है वही पूज्य महान परंपरा है, चाहे वह गृहस्थों की हो अथवा वैरागियों की। केवल महान्त या साधु लिखने से अथवा वाह्य रूप रेखा से कोई महान्त साधु नहीं कहा जा सकता। स्वामी हरिव्यास जी ने आचार्य परंपराओं की स्थापना कर संप्रदाय में नई चेतना और प्रेरणा दी इसलिए यह संप्रदाय हरिव्यासी संप्रदाय के नाम से प्रसिद्ध हो गई। स्वामी हरिदास की साधना पद्धति का भी संप्रदाय पर व्यापक प्रभाव पड़ा है। उनकी जो विहारी जी की आराधना थी उसके आधार पर विहारी जी की उपासना सभी परंपराओं में प्रचलित हो गई। आज

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विहारी जी के अधिकांश मंदिर निम्बार्क संप्रदाय के हैं। स्वामी जी के शिष्य देवेन्द्र जी ने प्रणामी संप्रदाय की स्थापना तथा श्री चरणदासी जी ने शुक सम्प्रदाय की स्थापना की थी। इसे चरणदासी भी कहते हैं। ये दोनों परंपराएँ निंबार्क संप्रदाय की हैं। गोस्वामी हितहरिवंश जी की प्रचलित सेवा प्रणाली और अनन्यता का संप्रदाय में बड़ा महत्त्व है। वास्तविकता तो यह है कि भागवत सम्प्रदाय के आदि कालीन आचार्य विष्णु स्वामी ने जो भगवतसेवा में राजसोपचार वैभव सम्पन्न भगवत् परिचर्या का विधान कहा था उसको सही अर्थों में गोस्वामी हित हरिवंश जी ने ही प्रचलित किया। इनकी हित भाव संवलित सेवा पद्धति का सभी सम्प्रदायों ने अनुकरण किया। मंदिरों में भोग राग श्रृंगार की प्रचुरता इन्हीं के काल से हुई है। सात आरती पाँच भोग तथा सामयिक सेवोपचार का क्रम हित जी ने ही स्थापित किया था। इस विशेषता को निष्पक्ष रूप से सभी सम्प्रदायों को स्वीकार करना पड़ेगा। नाभादास जी की हित जी के लिए कही गई "श्री व्यास सुवन पंथ अनुसरै" उक्ति का यही अर्थ है।

रसोपासना में हित तत्व

श्री निंबार्काचार्य जी की रसोपासना में हित भाव की एक विशेष महत्ता है। रस स्वरूप ब्रह्म की अनुभूति हित मार्ग की उपासना ही सर्वश्रेष्ठ मार्ग है। हित साधन आध्यात्मिक योग साधना है। कौषीतकि ब्राह्मणोपनिषद् की प्रतर्दन विद्या में हितोपासना का उपदेश इंद्र ने प्रतर्दन को दिया है। वहाँ प्राणपति ब्रह्म की उपासना को ही हित की उपासना कहा गया है। ब्रह्मसूत्र १।१।२९ "प्राणस्तथाऽनुगमात्" भी प्राणपति को ब्रह्म ही कहता है। इस सूत्र के वाक्यार्थ में श्री निंबार्क जी परमात्मा के हिततम गुण को प्राण का कारण बतलाते हैं और ब्रह्म मानते हैं। सू० १।१।३० में इस हित को भूमा कहा है। भूमा विद्या ही निम्बार्क संप्रदाय की प्रधान उपासना है। सू० १।३।८ में श्री निंबार्क प्राण से श्रेष्ठ भूमा को लिखते हैं। प्राणपति होने से हित प्राण से भिन्न भी है और अभिन्न भी है ऐसा सू० १।१।३१ और सू० १।१।३२ में कहा गया है। प्राण तत्व तो हित का अनुगमन करता है। प्राण जीव वाची है, यही आत्मा है। हित उसी में रमण करने के कारण आत्माराम है। हित का सुख बहुल है, इसलिए उसे भूमा कहा गया है यह सांसारिक बाह्य सुख से महान् आभ्यंतर सुख है। कौषीतकि का तात्पर्य शुद्ध बुद्ध मुक्त जीव से है। जिसकी दृष्टि में

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सांसारिक सुख अत्यंत हेय हों (कुत्सितं सीतं यस्य सः) उसे कुषीतक कहते हैं। कुषीतक का पुत्र ही कौषीतकि है। ब्रह्मसूत्र १।१।८ "हेयत्वावचनाच्च" के वाक्यार्थ में श्री निंबार्क जी ने "सर्वज्ञेन हितैषिणा इत्यादि में परमात्मा के हितैषी इत्यादि महान गुणों की विशेषता बतलाते हुए, सांसारिक प्राकृतिक जड़ सुखों को हेय माना है। हित, प्राण का अंगी है—प्राण हित का अंग है। इस प्रकार अंगांगी भाव से इन दोनों में द्वैताद्वैत सम्बन्ध है। हित तत्त्व अज्ञेय अनिर्वचनीय है। यही रस है इसी को प्राप्त कर प्राण आनंदित होता है। हित प्राण का पोषक, कल्याणमय, कृपालु अमृत, आनंदमय उपास्य तत्त्व है।[1] हित ही प्रेम तत्त्व है। सकाम प्रेम की वासना है—निष्काम प्रेम हित है। कौषीतकि ब्राह्मण में सकाम और निष्काम दोनों प्रकार की उपासना का वर्णन किया गया है। उनमें निष्काम उपासना को महत्व देकर उसे हित कहा गया है। भगवान श्री निंबार्काचार्य जी उसे ही अपना उपास्य मानते हैं। हित की प्राप्ति लीला द्वारा होती है। किं वा लीला में ही हित की अनुभूति होती है। लीला से ही भक्त उपासक को आनंद मिलता है, वही जीव की पुष्टि है। ब्रह्म की लीला ही भक्तों के पोषण के लिए होती है।[2] यह पोषण ही हित है। जीव को सांसारिक दुःखों की अहर्निश अनुभूति होती है। हितैषी परमात्मा ने ऐसी दुःखात्मक सृष्टि क्यों की ? इस प्रश्न का समाधान ब्रह्मसूत्र में "लोकवत्तु लीला कैवल्यम्" कहकर दिया गया है। अर्थात् लीला के लिए ही परमात्मा ने सृष्टि की है। लीला में ही सुख की अनुभूति होती है। दुःखात्मक जगत में लीला ही एकमात्र सार है। दुःख तो मनमाने की बात है, इसलिये मन को भगवत् लीला में संलग्न कर दिया जावे दुःख का पूर्ण अभाव हो जावेगा। मन की जैसी कामनायें होती हैं, वैसा ही मनुष्य कर्म करता है। जैसा कर्म होता है वैसा ही फल प्राप्त होता है। नश्वर सांसारिक कामनाओं से सांसारिक कर्म होता है,

---

१. कौषीतकि ब्राह्मण—२।२।१०—२।३।१—२।३।८ में हित के यही अर्थ प्रयुक्त किये गये हैं और उसके उपासना की आज्ञा दी गई है।

(i) "यत्ते सुसीमे हृदये हितमंतः प्रजापतौ" इसमें पोषक अर्थ है।

(ii) "यत्त्वं मनुष्याय हिततमं मन्यते" इसमें कल्याणमय अर्थ है।

(iii) "हितमामापुरमृतमुपास्वेति स प्रनंदोऽजरोऽमृत"—इसमें हित को अमर, अजर, आनंदमय, उपास्य कहा गया है।

२. "लीला च भक्तजन लिलायिषैव" पद्म पुराण

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

उसका वैसा ही दुःखात्मक फल मिलता है। दिव्य भगवत् लीला की कामना से नैष्कर्म्य स्थिति होती है अतएव उसका फल भी निस्त्रैगुरय, अकथ्य होता हैं, यही हित, श्रेयं, कल्याण, का अजर अमर मार्ग है। यही अपार सुख रूप भूमा है। बृहदारण्यकोपनिषद् के लीलोपाख्यान में ऐसा ही सिद्धांत सिद्ध किया गया है—

"स यथा कामो भवति, तथा क्रतुर्भवति। यथा क्रतुर्भवति तत्कर्म कुरुते, यत्कर्म कुरुते तदभिसंपद्यत।"

भगवत् लीला में ही हित तत्व का प्राकट्य होता है। लीला तीन प्रकार की है वास्तवी, प्रातिभासकी और व्यावहारिकी। वास्तवी लीला का स्थल अक्षर ब्रह्म अर्थात् हृदयस्थल है। साधक हर अवस्था, हर स्थिति और हर काल में निरंतर अपने अंत:करण में श्री वृन्दावन की निकुंज लीला का साक्षात्कार कर सकता है। जो लीलायें गोलोक के नित्य वृन्दावन में होती हैं उन्हीं का प्रतिभास हृदय में होता है, उन्हें ही प्रातिभासिकी लीला कहते हैं। जो लीलायें ब्रजभूमि में व्यावहारिक रूप से होती हैं वे व्यावहारिकी हैं।

अभिनय द्वारा दिखलाई जाने वाली लीला व्यावहारिकी है (जैसे कि राम-लीला और रासलीला के रूप में अभिनीत होने वाली लीलायें) यह क्षर लीला है। हृदय में होने वाली लीला अक्षर है। नित्य गोलोक धाम में होने वाली लीला क्षर और अक्षर से अतीत अकथ्य नित्य लीला है। जिसका प्रतिभास मात्र हृदय की वास्तवी लीला में किया जा सकता है। वास्तवी लीला का मूर्त्त रूप ही व्यवहारिकी लीला है। भगवान श्री निंबार्काचार्य जी ने ब्रह्म-सूत्र के वाक्यार्थ में मन को ही प्रतीक मान कर हृदय के अंगुष्ठ परिमाण में दिव्य वृन्दावन की नित्य लीला के प्रतिभास के रूप में वास्तवी लीला को ही अपना साधन सिद्धांत कहा है। यही क्रम मुक्ति है और हित साधन का सिद्धांत है।[1]

---

१. ये सिद्धांत भगवान श्री निंबार्काचार्य के समय से ई० की तीसरी सदी गुप्त काल तक आलमदार संहिता, वृहत सदाशिव संहिता, सनत्कुमार संहिता, औदुम्बर संहिता, ब्रह्म संहिता, गर्ग संहिता आदि के रूप में विभिन्न भक्तों द्वारा संकलित किये गये। नारद पांचरात्र की अधिकांश संहिताओं का संकलन भी इसी काल का है। पुराण और संहिताओं का संकलन साथ-साथ होता रहा। ये सिद्धांत कोई नये नहीं हैं। वैदिक प्रतिपाद्य सिद्धांत का संकलन ही लौकिक भाषा में पुराण और संहिताओं के रूप में हुआ है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

योगदर्शन के अनुसार शरीर में ७२ हजार नाड़ियाँ हैं जिनमें सुषम्ना नाड़ी शरीर के मध्य में स्थित है, उसमें सात चक्र हैं। मेरुदंड के नीचे मूलाधार चक्र, लिंग के सम्मुख स्वाधिष्ठान चक्र, नाभि में मणिधार चक्र, हृदय में अनाहत चक्र, कंठ में विशुद्ध चक्र, भ्रू-मध्य में आज्ञा चक्र और ब्रह्म रंध्र में सहस्रार चक्र है। नाभि के मणिधार चक्र में पराशक्ति की स्थिति कही गई है। जिसकी तीन अवस्थायें हैं—पश्यंती मध्यमा और वैखरी। इन्हीं को इच्छा, ज्ञान और क्रिया शक्ति कहा गया है। इन्हें त्रिकोण के रूप में समझाया गया है—



योगदर्शन में साधनाओं द्वारा पराशक्ति प्राणवायु को मणिधार चक्र से उठाकर हृदय के अनाहत चक्र में स्थित कर देने पर पश्यंती अवस्था होती है, यही ज्ञानशक्ति का कोण है। इसमें बीजांकुर होता है, जिसे समाधि की प्रथम अवस्था कहते हैं। फिर उस बीज से दो पत्तियाँ निकलती हैं जो कि आपस में चिपकी रहती हैं, यह मध्यमा अवस्था है। यही इच्छाशक्ति का कोण है, जिसे समाधि की मध्यम अवस्था कहते हैं। दो पत्तियों के पारस्परिक संघर्षण से जो रस क्षरण होता है, वह क्रियाशक्ति का कोण है। इसे समाधि की चरमावस्था कहते हैं, यही निर्जीव निर्विकल्प समाधि है, इसमें ब्रह्म के प्रकाश की अनुभूति होती है।

ज्ञान, इच्छा और क्रिया—सत, चित् और आनंद के हेतु हैं। समाधि में क्रमशः सत्, चित् और आनंद की अनुभूति होती है। निरंतर समाधि की अवस्था में पराशक्ति से परिवेष्टित सच्चिदानंद की समवेत (इकट्ठी) स्थिति हो जाती है। इस स्थिति में सब भिन्न होकर भी अभिन्न और अभिन्न होकर भी भिन्न ही रहती है। यही योगदर्शन का भेदाभेद तत्त्व है। योगदर्शन में मणिधार चक्र में सत् की स्थिति कही गई है। उस सत् को अनाहत चक्रस्थ चित् तत्त्व में ऐक्य कर देने से जो अद्भुत रस क्षरण होता है वही आनंद तत्त्व है। अद्वैतवादी केवल आनंदानुभूति को ही एकमात्र अखंड रसानुभूति या ब्रह्मानुभूति कहते हैं। किंतु द्वैताद्वैतवादी सच्चिदानंद सकल को ब्रह्मानुभूति मानते हैं। इनकी दृष्टि में सत् और चित् के मिलन से जो आनंद रस प्रवाहित होता है उसे

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

प्राप्त कर सत् भी सच्चिदानंद हो जाता है। सत् को चिदानंदमय रूप प्राप्त कराने वाली क्रिया को ईश्वर प्रणिधान कर देना ही भक्तियोग है। भक्तियोग की साधना को भगवान श्री निंबार्काचार्य जी ने अपने ब्रह्मसूत्र वाक्यार्थ में तथा दशश्लोकी में वर्णन किया है। इनके मत में गोलोक धाम में होने वाली दिव्य लीला को इस शरीर के अंदर ही अनुभव करे। सहस्रार चक्र से जो धारा जो सुषुम्ना रूप से मणिधार (नाभि) चक्र तक प्रवाहित हुई है, उसे उलटकर ऊपर की ओर प्रवाहित करने से वह राधा रूप हो जावेगी। अर्थात् जीव मायावद्ध होने के कारण अधोगति पाता है यदि उसे ऊर्ध्वगति प्राप्त करना है तो राधा के समान आचरण करना चाहिये निश्चित ही उसका मोक्ष हो जावेगा। राधा को गुरु मानकर स्वयं राधाभाव का आचरण करना ही साधना प्रणाली है। प्राणवायु जो कि पराशक्ति का प्रतीक है उसे राधा मार्ग से हृदयस्थ आठ कुंजों वाले वृन्दावन में ले जाकर [असुदेव = प्राणपति] वासुदेव में अर्पित करना ही भक्तियोग की पश्यंती अवस्था है। प्राण के समर्पण के द्वारा प्राणपति के चरणों से जो अमृत रस क्षरित होता है, उसे पान कर प्राण तृप्त हो जाता है। यह जीव की दास्यभाव की उपासना है। इस चरणामृत की विशेषता ऋग्वेद में इसी रूप से कही गई है—"ओन्तदस्य प्रियमभिपाथो अश्यान्नरो यत्र देवयवो मदन्ति। उरुक्रमस्य सहि वंधुरित्था विष्णोः पदे परमध्व उत्सः।"

[सभी प्रकार से प्रिय भगवान के चरणामृत को पान करने से देवत्व की प्राप्ति की इच्छा वाले नर उसे पाते हैं। परमात्मा के चरणों में जो मधुरता है, उससे स्पृष्ट जल (रस) मधुर अमृत है]

इस चरणामृत को पान कर जीवात्मा की जो तृप्ति है वहाँ भक्ति योग की मध्यमावस्था है। यह चरण रस ही वास्तविक कल्याणप्रद हित तत्त्व है। व्यावहारिक जगत में यही गंगा जल है। दिव्य गोलोक में जिस चरणामृत का नित्य प्रवाह होता है उसका प्रतिभास मात्र हित तत्त्व है। यह श्री निंबार्क की दास्यवत भाव उपासना की साधना है। इसे दश श्लोकी में "नान्यागतिः कृष्ण पदार विन्दात्" पद में वर्णन किया है। इसी प्रकार एक सखा का दूसरे से जाकर मिलना और उस मिलन से सख्य रस का क्षरित होना, उस रस से सखा की तृप्ति होना ही हित तत्व प्राप्ति है। वैसे ही अबोध बालक का निर्भय होकर परम पिता की गोद में बैठना तथा उस पिता से वात्सल्य रस की प्राप्ति होना ही पोषण है जो कि हित है। ये दोनों मित्रवत भाव और पुत्रवत भाव की साधना है। प्रियावत भाव में हृदयस्थ वृन्दावन में प्रिया का प्रियतम के साक्षात्-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

कार होने पर हृदय में प्रेम का अंकुरित होना ही पश्यंती अवस्था है तथा प्रेम वश दोनों का एक दूसरे से आलिंगित होकर रमरण करना मध्यमावस्था है। इस दिव्य मिलन में जो आनंद रस का प्रवाह है वही हित तत्त्व है। हित तत्त्व में प्राण भी हित है, प्राणपति भी हित है, इन दोनों का मिलन स्थल भी हित है तथा मिलाने वाली सहचरी भी हित है। इन सभी से अंश और अंशी संबंध है इसलिए ये सभी हित के अंश होने के कारण हित हैं। इसलिए त्रिविध प्राण, प्राणपति और सहचरी इन भोक्ता, भोग्य और प्रेरिता को हित मानना होगा। हित की उपासना ब्रह्म की उपासना है, अतएव ये तीनों भी ब्रह्म रूप उपासना में माने जावेंगे जैसा कि—"सर्वं हि विज्ञानमतो यथार्थकं" आदि दश-श्लोकी के श्लोक में श्री निंबार्क जी ने कहा है। स्वामी शंकराचार्य भी "त्रिविधं ब्रह्मोपासनं विवक्षितं प्राण धर्मेण, प्रज्ञा धर्मेण, स्वधर्मेण च" कहते हैं। अर्थात् ब्रह्म की उपासना तीन रूपों से होती है, प्राण धर्म, प्रज्ञा धर्म और स्व धर्म के रूप से। यहाँ प्राण (जीव) प्रज्ञा (सहचरी) और स्व (परमात्मा) है। श्रीमद्भागवत के पुरंजनोपाख्यान में भी इसी का वर्णन किया गया है।

हृदय के अनाहत चक्र में कमल के आकार का मांस पिंड है जो कि सुषुम्ना नाड़ी पर स्थित है। वह मांस पिंड आँतों से घिरा होने के कारण "पुरीतत" कहलाता है। इस पुरीतत के मध्य में आकाश है, उसी में उपासना ध्यान करने का विधान है। सुषुम्ना नाड़ी से सम्बद्ध ७२ हजार नाड़िया हैं जिन्हें उपनिषद् में, "हिता" नाड़ियाँ कहा गया है। वहाँ हिता का तात्पर्य सहयोगी या उपकारी किया गया है। इन हिता नाड़ियों के अनेक रङ्ग कहे गये हैं।[1] सुषुम्ना नाड़ी से विशेष सम्बन्धित अंकुरित होने वाली कुहू, वरुणा, यशस्विनी, पिंगला, पूषा, पयस्विनी, सरस्वती, शंखनी, गांधारी, इडा, हस्तिजिह्वा, विश्वोदरा आदि १२ नाड़ियाँ हैं। ये सुषम्ना की विशेष हितैषी नाड़ी हैं। हृदय के अनाहत चक्र में आठ दल का अरुण (लाल) वर्ण का कमल है जिसके मध्य में छः कोण हैं। मध्यवर्त्ती कोण का रंग धूम्र है। इस अनाहत यंत्र के ईशान कोण में जिस प्रधान नाड़ी का सम्बन्ध है उसी से इस यंत्र का संचालन होता है।[2] ईशान कोण की नाड़ी में ही मुख्य प्राण तत्त्व का स्थाई निवास है। यह प्राण ही अयास आंगिरस है, जो कि अंगों का सार रूप प्रधान रस तत्त्व है। संपूर्ण

---

१. वृह० ४।४।२०।। कौषीतकि ब्राह्मण ४।४।१६।। २. वृह० ६।३।५।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

नाड़ियाँ इसकी अंग हैं।[१] हृदय से संबद्ध १०१ मुख्य नाड़ियाँ है। इनमें सुषुम्ना ही प्रधान है।[२]

शरीर की सोलह कलाओं के पूर्ण संयोग से तथा भक्तिमय विचार होने पर जब अंतःकरण की निर्मल स्थिति हो जाती है तभी हृदय के अनाहत चक्र का संचालन हो जाता है। इसी को योगदर्शन कुंडलनी चक्र का जागरण कहता है।

श्री निंबार्क जी, भक्ति योग से अंतःकरण में जो विशेष स्थिति घटित होती है, उसे परमात्मा की आह्लादिनी शक्ति का विलास कहते हैं। उनके मत में भगवती श्री राधा ही आह्लादिनी शक्ति हैं, जो कि सृजनात्मिका हैं, इसी के संयोग से उल्लासमय नूतन शृंगार रस प्रवाहित होता है। उसी में रस की चरम विज्ञप्ति होती है। नाभि के मणिधार चक्र [जो कि राधा का बरसाना धाम है] से यदि सुषुम्ना की धारा को ऊर्ध्व गामी करें और अनाहत में ले जाकर उसको संयुक्त कर दें तो वहाँ उत्कृष्ट हित रस का सर्जन होगा।[3] सुषुम्ना ही अति हितवाहनी श्री राधा हैं। हजारों नाड़ियाँ उसकी सहयोगी हिता नाड़ियाँ हैं।[४] इनके समवेत रूप से अनाहत चक्र रूप हितमय वृन्दावन में संगठन और उद्वेलन से जो परमहित तत्त्व का प्राकट्य होता है वही ब्रह्मानुभूति है। यही नित्य वृन्दावन में होने वाले महारास की प्रातिभासिक लीला की अनुभूति है।[५]

---

१. वृहदारण्यक १।३।१६। २. छांदोग्यो० ८।७।६।६।।

स्वामी शंकराचार्य जी ने ब्रह्मसूत्र भाष्य के दहराधिकरण में इसका विस्तृत विवेचन किया है।

३. कबीर ने इसी तथ्य की ओर इशारा किया है—

कबिरा धारा अगम की सद् गुरु दई लखाय।
उलट ताहि सुमिरन करौ स्वामी शब्द लगाय ।।

४. आचार्य जी ने "अंगे तु वामे" आदि श्लोक में "सखी सहस्रैः परिसेवतां सदा" में हिता नाडियों के संयोग का ही विवेचन किया है।

[देखें दशश्लोकी]

५. रसमयः कश्चित् चमत्कार विशेषो रासः सच सर्वत्र व्याप्त सामरस्यात् "रसो वै सः" रस सच्चिदानंद शक्ति शिवक्यं रूपं तस्य विलासो रासः अनिर्वचनीय लीला चमत्कृतिः"

हंस विलास पृष्ठ २७२,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

श्री निंबार्काचार्य का स्वरूप भी रासमय ही है।[१] हृदय का अनाहत चक्र ही सुदर्शन का स्वरूप है। सोलह कलाओं के पूर्ण सहयोग से इस चक्र का संचालन होता है, इसीलिए आचार्य जी का अवतार सोलह कलाओं से पूर्ण पूर्णिमा को ही माना जाता है। नित्य गोलोक में 'आश्विन की पूर्णिमा से कार्तिकी पूर्णिमा तक महारास का संगठन होता है। कार्तिकी पूर्णिमा को उसका पूर्णतम उल्लास होता है। इसलिए कार्तिकी पूर्णिमा को ही आचार्य जी का प्राकट्य कहा गया है। हृदय कमल अरुण वर्ण का है उसमें इनकी निष्ठा होने के कारण इनको आरुणि कहा गया है।[२] उस कमल के मध्यस्थ नील वर्ण को इनके शरीर का वर्ण माना गया। चक्र के छः कोणों के इनकी स्वरूप स्थिति है अतएव इन्हें भगवान कहते हैं।[3] भगवान श्री निंबार्क के स्वरूप की कल्पना उनके द्वारा प्रचलित हितोपासना के आधार पर ही की गई है। प्रचलित चित्रों में उनका ऐसा ही रूप मिलता है। उनका यह यंत्रमय रूप है। इस रूप को उपास्य माना गया है।[४] इनका यह रूप वैष्णव मात्र का

[ब्रह्मानंद ही रास है, जो सर्वत्र व्याप्त है। यह रस शक्ति और शक्तिमान की एकता से प्रकट होता है। ब्रह्मानंद की क्रीड़ा रास है, वह अप्राकृत लीला है जिसे शब्द द्वारा व्यक्त नहीं किया जा सकता]

१. पंक्त्याकारेणेव सम्यक् चक्राकारेण वा प्रिये

हंस विलास पृष्ठ १२३

२. "परिसर पद्धतिं हृदयमारुणयो दहरम्" भा० १०।८७।१८।

[आरुणि की हृदय की दहर उपासना की पद्धति प्रशस्त है]

३. ज्ञान शक्ति बलैश्वर्य वीर्य तेजांस्य शेषतः।

भगवच्छब्द वाच्यानि विनाहेयैर्गुणादिभिः ॥

वि० पु० ६।५।७४।

[ज्ञान, शक्ति, बल, ऐश्वर्य, वीर्य, तेज ये छः गुण जिनमें पूर्ण रूप से विद्यमान हों उन्हें ही भगवान कहते हैं]

४. नारद पाँचरात्र अहिर्बुध्न संहिता जिल्द एक पृष्ठ ८७ में सृष्टि को ब्रह्म की संकल्प शक्ति या क्रिया शक्ति का परिणाम कहा गया है। सुदर्शन को ही संकल्प शक्ति कहा है यही चलन चक्र है। इसी में भक्ति योगी चलते हुए अनाहत चक्र के रूप में नाद सुनते हैं। अ० स० १।१४७।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

रक्षक और हितैषी है।[1] नारद पांचरात्र और कृष्ण यामल तंत्र में श्री निंवार्क की प्रतिपादित ब्रह्म विद्या का रहस्य इसी रूप में वर्णन किया गया है। इस हितोपासना की महत्ता भागवत में बड़े सुन्दर ढङ्ग से कही गई है—

त्वदनुपथं कुलायमिदं आत्मसुहृत् प्रियव,
च्यरति तथोन्मुखे त्वयि हिते प्रिय आत्मनि च।
न बत रमंत्य हो असदुपासनयाऽत्महनो,
तदनुशया भ्रमंत्युरु भये कुशरीर भृतः॥

भा० १०।८७।२२॥

[प्रभो! यह शरीर आपकी सेवा का साधना होकर जब आपके पथ का अनुरागी हो जाता है तब यह आत्मा हितैषी सुहृद और प्रिय व्यक्ति के समान आचरण करता है। आप हो ऐसे जीव के सच्चे हितैषी प्रियतम और आत्मा ही हैं। जो व्यक्ति शरीर पाकर भी आपके हित रूप की उपासना नहीं करते, आप में नहीं रमते, बल्कि अपने विनाशी शरीर के भोग-विलास को ही सुख मान कर उसमें रत रहते हैं वे अपना बहुत बड़ा अहित करते हैं। उन्हें पुनः पुनः कष्ट ही उठाना पड़ता है]

इस प्रसङ्ग में सांसारिक विषयजन्य सुख से अधिक हित का बहुल सुख कहा गया है और उसी को जीव का कल्याणकारी माना है। श्री निंबार्काचार्य जी ने इस हितोपासना को मध्यमावस्था तक ही रक्खा वे अंतःकरण में ही रमण करते थे। इस रहस्य के उद्घाटन में उनकी वाणी एकदम मौर्न थी। उन्होंने इसको जो कुछ प्रकाशित भी किया वह भी रहस्य के रूप में ही। संस्कृत भाषा में यह रहस्य तंत्र ग्रंथों में कहा गया, परंतु उनमें भी वह रहस्य रूपक ही रहा।

---

१. सुदर्शन यंत्र में ही मन्त्र और देवताओं की स्थापना और ध्यान का विधान है यह रक्षा यंत्र है। रक्षा ज्योतिर्मयी और मंत्रमयी दो प्रकार की है। ज्योतिर्मयी रक्षा में सुदर्शन के अक्ष, नाभि, नेमि सहित संपूर्ण चक्र का ध्यान किया जाता है। मंत्रमयी रक्षा में अष्टादशाक्षरी ब्रह्म विद्या की उपासना होती है। सुदर्शन यंत्र की उपासना से विघ्न शांति होती है। यंत्र का अधिकार केवल ब्राह्मणों को ही है।

[अ० सं० १।१६३, २०४-२२५] एम० डी० रामनुजाचार्य द्वारा आड्यार लाइब्रेरी मद्रास से प्रकाशित।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

हिन्दी साहित्य में सर्व प्रथम श्री भट्ट जी ने इस अप्रकट हित तत्त्व को वैखरी रूप दिया अतएव उन्हें आदि वाणीकार माना गया । नाभा जी ही इन्हें आदि वाणीकार मानते हैं, उनकी दृष्टि में श्री भट्ट जी ही ऐसे निर्भय सैनिक थे जिन्होंने इस गोपनीय रस का उद्घाटन किया । रसिकों के लिए यह 'घने आनन्द की बात थी ।[1] सामान्य नायक नायिका भेद में रमने वाले साहित्यिकों के लिए श्री भट्ट जी की वाणी भी साहित्य की रसमय गीति ही समझी गई । साहित्यिक तो उनकी रचना को भी रीति काल की एक कड़ी ही समझते हैं परंतु हितोपासकों के लिए तो वाणी भी श्री निंबार्क जी द्वारा की गई हितोपासना का रहस्य ही है । श्री भट्ट जी की क्रोड़ में युगल रूप सदा विराजमान रहते थे । ये उनकी हित लीला का आनन्द लेते रहते थे । अपने हाथ से ही युगल प्रिया प्रीतम को भोग लगाने की बात ये कहते हैं—"हितू जिमाऊँ हाथ" श्री भट्ट जी रसिकों को आह्लादित करने के कारण हितू कहलाते थे । इनके पट्ट शिष्य श्री हरि व्यास देव जी अपने को हितू श्री भट्ट जी की सहचरी सखी कहते थे "हितू सहचरि हरि प्रिया हरषति ।" श्री हरि व्यास जी के शिष्य स्वामी परशु राम देव जी ने भी सांसारिक सुखजन्य दुःखों से रक्षा करने वाले अंतस्थ प्रभु को हितू ही कहा है और वे उसी को अपने पूर्वजों का उपासना मार्ग बतलाते हैं—

"परसा सुख संसार को सो संसारहि खाय ।
बस्यौ न हिरदय हरि हितू रक्षा करण सहाय ।।
अति हित सों हरिनाम को गावैं सबै गिरंथ ।
जगत उजागर सब कहैं परसुराम को पंथ ।।"

श्री परशुराम जी के कथनानुसार हितोपासना का मार्ग श्री निंबार्क संप्रदाय का उजागर पंथ था । श्री हरिवंश जी हर समय हित तत्त्व से नित्य नूतन रस में [जिसे श्री निंबार्क जी ने प्रवाहित किया था] निमग्न रहते थे—

"नयौ नेह, नवरंग, नयौ रस, नवल स्याम, वृषभानु किशोरी
नव पीतांबर, नवल चूनरी, नई नई बूंदन भीजत गोरी ।"

[हित चतु० ५४]

---

१. "श्री भट सुभठ प्रकट्यौ अघट रस रसिकन मन मोद घन"

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

उनकी दृष्टि में "प्रभु के बामांग में सदा विराजमान वृषभानुजा" का "कमलेक्षण हरि" के साथ अगांगी भाव में भेदाभेद सम्बन्ध था, वे दोनों प्रकट में दो होकर भी अद्वय हित रस में निमग्न होकर नये रूप में एक से दीखते थे। दो के संयोग से ही हित रस का प्राकट्य होता है, पर हित की निष्पत्ति होने पर अद्वय हो जाते हैं।

"इक हित द्वै बिनु होत नहिं, दोऊ मिलि इक होंहि।"

हृदय के कमल कोश में ही हित तत्त्व प्रकटता है, श्री निंबार्क जी के इस सिद्धांत को भी हित जी ने स्पष्ट कहा गया है—

"तब प्रकटैं हित हीय तैं एक प्रान तन दोइ,
श्रीमद् हित हृद तैं प्रकट प्यारी कंज स्वरूप।
प्रकट भये आस्वाद हित षटपद लाल अनूप॥"

हृदय के कमल में कोश स्वरूप श्री राधा के मकरंद रस को पान करने वाले भ्रमर श्री कृष्ण हैं, इस भाव प्रवणता में कैसा अनूठा सामरस्य दिखलाया गया है! यही हरिवंश जी का श्री निंबार्क जी की हितोपासना में गुरु मुख से प्राप्त "निज मंत्र" है। श्री हरिवंश जी स्वयं भी युगल हित रस को पान करने वाले भ्रमर अपने को मानते हैं—

"उभय संगम सिंधु सुरत पूषण बंधु,
द्रवत मकरंद हरिवंश अलि पावै।"

[हि० च० पद ८१]

श्री निंबार्काचार्य के सिद्धांत में सांसारिक रति को ही यदि भगवद् रति कर दिया जावे तो निश्चय ही जागतिक दुरूह कामनाओं को सरलता से जीता जा सकता है, यही आत्मोद्धार का सहज सिद्धांत है। पाशविक वासनाओं के संकट से जो अपने को सर्वतोभावेन सुरक्षित कर सके वही गोपिका का भाव है। निरुक्त में गोपिका का ऐसा ही अर्थ किया गया है—

"आत्मानं गोपयेत या च सर्वदा पशु संकटे
सर्व वर्णोद्भवा रम्या गोपिका सा प्रकीर्त्तिता।"

"रसो वै सः रस ह्येवायं लब्ध्वानंदी भवति" वह रस के सागर हैं। उस रस की एक बिंदु को प्राप्त कर जीव आनंदित होता है। इस स्थिति में शत-शत वासनायें जीती जा सकती हैं। आंतरिक दुर्जय वासनाओं की गति यदि हृदय के

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

गोपनीय निकुंज में लहराते रस सागर में जाकर लीन हो जाती है तो फिर हित ही हित है—

अतिशय प्रीति हुती अंतरगति हित हरि वंश चली मुकुलित मन।
निविड निकुंज मिले रस सागर जीते सत रतिराज सुरत रन ॥
(हि० च० ४४)

हरिवंश जी के इस रहस्यमय पद में वही धारा प्रवाहित है जिसे कबीर ने सद्गुरु से राधा रूप में प्राप्त किया था। भगवान श्री निंबार्काचार्य ने ही सर्व प्रथम अंतःकरण में प्रावाहित धारा को हित मयी राधा का रूप दिया था।

श्री निंबार्काचार्य जी द्वारा किये गये राधा के सोत्कंठ स्मरण के बाद श्री राधा के चिंतन की धारा निरंतर उपासकों और रसिक साहित्यिकों के मध्य में प्रवाहित हा रही है। पद्मपुराण, ब्रह्म वैवर्त्त पुराण, देवी भागवत आदि में भी राधा के दर्शन होते हैं। ई० पू० तीसरी सदी के नाटककार भास ने श्री निंबार्क जी के बाद बालचरित आदि नाटकों में ब्रज की लीला का चित्रण किया है। मौर्य कालीन विष्णुगुप्त चाणक्य ने भी पंचतंत्र में "राधा नाम मे गोपकुल प्रसूतां" आदि कहकर राधा का स्मरण किया है। ई० की पहिली शताब्दी के प्राप्त कवींद्र वचन समुच्चय में, आठवीं सदी पूर्वार्ध के कवि भट्टनारायण के वेणी संहार नाटक के मंगलाचरण में, ग्यारहीं सदी के क्षेमेन्द्र के साहित्य में, नवीं सदी के आनंद वर्धन के ध्वन्यालोक ग्रंथ में तथा हाल कवि के प्राकृत ग्रंथ गाथा सतसई (गाथा सप्तशती) तथा रसिक कवि जयदेव की ललित पदावली एवं चंडीदास और विद्यापति की गीतिकाओं में श्री राधा की दिव्य मधुर मूर्त्ति के दर्शन होते हैं। तंत्र साहित्य में राधा के लीला चित्रण की कमी नहीं है। परंतु जैसा विशुद्ध देवी का सम्मान्य रूप श्री निंबार्काचार्य जी ने प्रस्तुत किया है, वैसा अन्यत्र कहीं देखने को नहीं मिलता। सामान्यतः तो साहित्यिकों ने श्री राधा को नायिका भेद के चित्रण में अंकित कर दिया जिससे साधारण जन समाज भड़क उठता है। हितोपासना में श्री राधा का जो दिव्य रूप है, उसे श्री निंबार्क के बाद श्री भट्ट जी श्री हरिव्यास देव जी, श्री हरिवंश जी, स्वामी हरिदास जी आदि संत ही व्यक्त कर सके हैं। इन सिद्धों की रहस्यमय हित साधना में श्रीराधा ही आचार्या हैं। उनकी आह्लाद मयी लीला का आस्वाद हितचिंतक ही कर सकता है। श्री राधा के नखचंद्रिका की ज्योति का दिव्य प्रकाश अंतःकरण में अनन्य साधक को ही हो सकता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सहज हितोपासना और सहजिया मत

जैसा कि पिछले प्रसंगों में जाना जा सका है कि वैदिक कर्मकांड के अति विधान, यौगिक हठ योग तथा अन्यान्य क्लिष्ट साधनाओं से श्री निंबार्क जी द्वारा प्रचलित प्रेममय हितोपासना ही सहज है। भागवत धर्म में नवधा भक्ति की साधना का विधान किया गया है, परन्तु सर्वाधिक श्रेष्ठ हितोपासना को अंतः साधना के रूप में श्री निंबार्क जी ने ही प्रस्तुत किया। इनकी रस सहज उपासना का बड़ा व्यापक प्रभाव पड़ा। बौद्धों का सम्प्रदाय भी इस मत में सरलता के साथ घुल मिल गया। बौद्धों के समक्ष किसी भी प्रकार की विधि या अनुष्ठान का कोई महत्व नहीं था। बौद्धों का आत्मशोधक संप्रदाय था, अतः उन्हें तो उनके ही समान आत्मसाधक ही प्रभावित कर सकता था। बौद्धों के संस्कार तो भारतीय ही थे, उन्हें वैदिक उपासना के प्रति पूर्ण आस्था थी। बुद्ध के अनीश्वरवादी मत से उन्हें पूर्ण रूप से तुष्टि नहीं थी पर वैदिक यज्ञादि कर्मकांड के विकृत रूप और अति आचार से भी वे ऊब चुके थे। इसलिए भागवत धर्म की प्रेमा भक्ति की अंतः साधना ने उन्हें अति प्रभावित किया। बौद्धों में भी भक्ति का प्रचार बढ़ा। श्रीमद्भागवत आदि वैष्णव पुराणों के आदर्श पर नैपाल में बौद्धों ने शून्य पुराण की रचना की जिसमें "ॐ शून्य ब्रह्मणे नमः" के जप साधन को विशेषता दी गई। बुद्ध को महाप्रभु और स्वयंभू कहा गया। वेद माता से ही सृष्टि कही गई।

श्री निंबार्क के सिद्धांतानुसार बौद्धों ने प्रज्ञा और उपाय इन दोनों के संयोग से होने वाली उपासना से सहज सिद्धि मानी।[1] सांसारिक सुख को एकदम त्याग करना अति कठिन है, इसलिए सांसारिक सभी पदार्थों को ब्रह्ममय मानते हुए उसी में भक्ति का योग कर देना प्रेम मार्ग की साधना है। यही कल्याणमय हित साधना है। श्री निंबार्क के इस सिद्धांत को भी महायानी बौद्ध मत में स्वीकार किया गया।[2] ई० की चौथी सदी में जो बौद्धों में मंत्रयान संप्रदाय

---

१. प्रज्ञा रहितोपायो बंधः उपाय रहिता प्रज्ञा बंधः। तादात्म्यं चानयोः सद्गुरूपदेशतः प्रदीप लोकयोरिव सहजसिद्धिमेवाभिगम्यते।"

[अद्वय वज्र संग्रह गा० ओ सि० बड़ौदा]

"प्रज्ञोपाय विनिश्चय सिद्धिः" [अनंग वज्र ओ० इं० बड़ौदा]

२. "लौकिक सुखों के दमन करने से महासुख नहीं होता, लौकिक सुखों को दमन कर जो साधना की जाती है, वह कठिन और असहज है। इसलिए

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

चला वह जीवात्मा और परमात्मा के अंशांशी भाव के सहज मिलन को ही साधना कहता था। ई० की पहिली सदी में कनिष्क ने महायानी सहज संप्रदाय को खूब प्रचलित किया। जालंधर में बौद्धों की एक विशाल गोष्ठी कनिष्क ने की थी और उसमें भक्तिमय बौद्धमत का संगठन किया था। महाराष्ट्र के लोग देवता बुद्ध को विठोवा या विठ्ठल कहकर पूजने लगे जो कि कालांतर में वैष्णवों के देवता हो गये। बंगाल में बौद्ध को वडम कहकर पूजा जाने लगा। बौद्धम् के ही रूपांतर बौडम वैष्णवों के प्रभाव से सहज ही जगन्नाथ होकर वैष्णवों के प्रधान उपास्य देवता हो गये। वैष्णवीय सहज साधना को स्वीकार कर बौद्धों का जो दल भक्ति-साधना में संलग्न हो गया उसे सहजिया मत कहा गया। यह मत बंगाल और उत्कल में अधिक जोरों से पनपा। चीनी यात्री युवान चुवांग के अनुसार (ई० ७ वीं सदी) बंगाल में जो दस हजार बौद्धों के संघाराम थे। प्रायः वे सब सहजिया मत के प्रचारक हो गये। इसमें श्री कृष्णाचार्य और लुई प्रधान आचार्य थे। नारद भक्ति सूत्र के अनुसार प्रेम मार्गीय हितोपासकों की जो अनिवर्चनीय उन्मत्तावस्था होती है।[1] वही अवस्था प्रेमा-भक्ति के हित रस का आस्वादन कर बौद्धों की भी सहज रूप से हो गई। वे भी इस अमृत रस से उन्मत्त हो गये। प्रायः बौद्धम् का अपभ्रंश बौडम शब्द उन्मत्तों के लिये प्रयोग किया जाने लगा। बंगाल और उत्कल में सहजिया संप्रदाय के लिए प्रयुक्त "बाउल" शब्द भी इसी का द्योतक है। जिस व्यक्ति को

जीवन चक्र में ही रस की अनुभूति करना समरसता है। समरसता में प्रज्ञा और क्रिया दोनों एकाकार हो जाती हैं। इस सामरस्य से मन की प्रवृत्ति और निवृत्ति नष्ट हो जाती है।"—[महासुख प्रकाश—अद्वयवज्र संग्रह]

"भाव और अभाव दोनों की एकता में ही हित लीला चलती है उसे युगनद्ध कहते हैं।" [युगनद्ध प्रकाश—अद्वयवज्र संग्रह]

"भोगों की ओर मन का उन्मुख होना स्वाभाविक है और सहजभाव है। इसलिए श्री कृष्ण की शृंगारिक लीलाओं का चिंतन ही मोक्ष साधन है।" "इसी को सहज प्रेमावस्था कह सकते हैं।"—[प्रेम पंचक—अद्वयवज्र संग्रह]।

१. "यज्ज्ञात्वा मत्तो भवति स्तब्धो भवति आत्मारामो भवति"—६

[जिस हित तत्त्व को जानकर साधक उन्मत्त, स्तब्ध और आत्माराम हो जाता है]

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वातज रोग होता है, उसे संस्कृत भाषा में "वातूल" कहते हैं।[1] वातज रोगी की भी उन्मत्तावस्था ही होती है, इसलिए "वातूल" शब्द उन्मत्त या पागल के अर्थ में व्यवहृत होने लगा। वाउल अपभ्रंश शब्द है। बँगला और उड़िया भाषा में "वाउल" का अर्थ पागल ही होता है। भोजपुरी भाषा का "बाऊला" अवधी भाषा का "बौरा" तथा ब्रज भाषा का "बावला" इसी का रूपान्तर है। महाप्रभु श्री चैतन्य इसी मत से संलग्न थे उनकी विभोरावस्था और उन्मत्तता प्रसिद्ध है। उच्चकोटि के सिद्धों और दार्शनिकों की विक्षिप्तता प्रसिद्ध है। प्रेमी भक्त की उन्मत्तता में वाह्य विस्मृति मात्र ही होती है। भावप्रवणता ही उसके बावलेपन का कारण है। हितरस की निमग्नता की विभोरावस्था को ही हम उन्मत्तता, स्तब्धता और आत्मस्मरण कह सकते हैं।

भागवत धर्म की उपासना के प्रभाव से भारत के सभी मतों में तंत्र साहित्य का संकलन हुआ। भारत में तांत्रिकों के पाँच प्रधान केन्द्र सदा से रहे हैं—जालंधर, पूना, श्री पर्वत, ओढियान और कामाक्षा। सहजिया मत पर भी तंत्र का प्रबल प्रभाव था। सुदर्शन के तंत्रमय रूप का पूजन सहजिया मत की विशेषता थी। शाक्त तंत्र के जो पंच मकार थे उनसे प्राय: कोई भी तंत्र अछूता नहीं रहा। वैष्णव तंत्रों ने तो पंचमकार की उपासना को स्वीकार नहीं किया परंतु ई० की १० वीं सदी में कान्हू भट्ट ने सहजिया मत में वाम मार्गीय उपासना को प्रविष्ट किया। ११ वीं सदी के उमापति ने उसमें अधिक वृद्धि की। श्री जयदेव के गीत गोविंद तथा चंडीदास विद्यापति की पदावली में इस उपासना का प्रभाव स्पष्ट लक्षित होता है। आठवीं और नवीं सदी में कन्नौज से जो ब्राह्मण यज्ञ के लिए बङ्गाल में जाकर बसे, वे कान्यकुब्ज देश की प्रचलित तंत्र साधना भी साथ ले गए उनका वहाँ प्रभाव पड़ना स्वाभाविक था। १२ वीं सदी में वल्लाल सेन ने उन ब्राह्मणों की जनगणना कराई थी। उसके विवरण से ज्ञात होता है कि उनके केवल ८०० सौ घर थे। वे भी बौद्धों के पुरोहित थे। वैदिक मन्त्रों से बौद्धों के धार्मिक कृत्य कराते थे। वष्णवों की प्रेमा भक्ति का भी उन पर पूर्ण प्रभाव था। तांत्रिक उपासक होने के कारण उनकी दिनचर्या विलासिता और ऐश्वर्य से पूर्ण थी। इस प्रकार बौद्ध, वैष्णव तथा तंत्र इन तीनों का मिश्रित रूप ही सहजिया मत था। १४ वीं सदी में

---

१. पाणिनीय व्याकरण के वार्त्तिककार श्री कात्यायन जी ने एक वार्त्तिक "वातदंतबलललाटानामूंङ च" के अनुसार "वातूल" शब्द की सिद्धि की है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

बङ्गाल और उत्कल में होने वाले पाँच दासों ने इस मत में एक नई चेतना दी।[1] इन्होंने श्री निंबार्क की प्रचलित उपासना प्रणाली को उपस्थित किया। प्रणव गीता के निर्माता बलरामदास ने अनिरुद्ध स्वरूप श्री निंबार्क का अवतार अपने को कहा है। श्री कृष्ण के मुख से ही इस अवतार के प्रसंग को उपस्थित किया है—

श्री हरि बोइले शुण अर्जुन। पदुम अटइ मोर नन्दन॥
ताहार सुशिष्य अनिरुद्ध हेब। सें पुणि कालरे छय हइब॥
मुये बेदब ब्रह्म अवतार। कलि युगे दारु ब्रह्म शरीर॥
प्रताप रुद्र नामे हेब राये। कहहि तोते से काल संशये॥
सोमनाथ नामे पुत्र ताहार। अनिरुद्ध जात ताहार घर॥
ताहार नाम बलराम दास। गुपत गीता अध्याये प्रकाश॥[2]

अर्थात्—"श्री कृष्ण कहते हैं कि अर्जुन ! ब्रह्म के पुत्र भ्रमणशील (नारद) के सुशिष्य अनिरुद्ध ने (गीता के निष्काम कर्म युक्त भागवत धर्म का प्रचार किया) कालांतर में नष्ट प्राय भागवत धर्म की स्थापना की तथा कलियुग में दारुब्रह्म शरीर (जगन्नाथ) की वैदिकी उपासना को प्रचलित किया। उन्हीं अनिरुद्ध ने सोमनाथ के घर में बलराम दास के रूप में अवतार लेकर गुप्त गीता के अध्यायों में भागवत धर्म का प्रकाश किया।"

इस वर्णन से ज्ञात होता है कि श्री निंबार्काचार्य जी ने ही प्रधान रूप से भगवान बुद्ध को ईश्वर का अवतार कहा। जगन्नाथ जी की प्रतिमा बुद्ध की दंत पेटिका ही है।[3] भागवत धर्म ने बुद्ध को ईश्वर कहा तो बौद्धों ने भी

---

१. अच्युतदास, बलरामदास, जगन्नाथदास, यशोवंतदास और अनन्तदास।

२. प्रणव गीता प्रथम अध्याय ४५ से ५१ तक।

[इन दासों ने शून्य संहिता, तुलाभिना, प्रणव गीता (गुप्त गीता) सारस्वत गीता, विराट गीता आदि अनेक ग्रंथों को रचना की]

३. इन दास कवियों ने जगन्नाथ की दारु ब्रह्म की स्तुति में कहा कि "मैं बुद्धावतार हूँ कलि के जीवों के उद्धार के लिए ही मैं अवतरित हुआ हूँ।"

१० वीं सदी में क्षेमेंद्र कवि ने अवदान कल्पलता में बुद्धावतार की स्तुति की है। जयदेव ने गीत गोविंद में दशावतारों में बुद्ध का अवतार कहा है। यह भागवत धर्म का ही प्रभाव है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भागवतों का समादर किया।[1] जगन्नाथ मन्दिर की शिखर पर सुदर्शन चक्र की स्थापना इस बात का ज्वलंत प्रमाण है कि श्री निंबार्क ने ही बौद्ध विहार को वैष्णव मन्दिर बनाया था।

श्री निंबार्क ने मन्त्र रहस्य षोडशी में ऊँ और क्लीं की एकता दिखला कर उसे हंस रूप सिद्ध किया है। बलरामदास भी प्रणव गीता में ऐसा ही कहते हैं—

"अकार उकार मकार तीनि, हंकार सकार लकार धेनि।
कामबीज ओमिति कि लेखिणि।
बले बलदास कहई तत्त्व। तत्त्व बोधदास अति गुपत।"[2]

इसी के अग्रिम प्रसंग में सुदर्शन के षट् चक्र के मध्य में ही संपूर्ण सृष्टि का रहस्य बतलाया है।

जगन्नाथदास ने हृदस्थ वृन्दावन की ओर भी इशारा किया है—

"कृष्णेर क्रीड़ा रस एहि, गुपत वृन्दावन कहि।
मथुरापुर महाशून्य, गोपनगर सेइ जान।"[3]

इन लोगों ने जीवात्मा का प्रतीक राधा को तथा परमात्मा श्री कृष्ण को ही कहा है। उन दोनों के गोलोक में भावमय मिलन से प्रकटरस को शून्य स्थिति कहा है—

"जीव आत्मा राधे बलि, परम मुरारी।"[4]
"एकांग ब्रह्मरूप होय, राधिका संगे भावग्राही।
गोलोक नित्य एहा कहि, शून्य देउलए बोलाई।।[5]

वास्तव में इन भक्तों ने बौद्धमत के शून्यवाद को वैष्णवी रूप दिया। ये लोग शून्य स्थिति को महाबोध स्थिति कहते हैं। इनके मत में शून्य स्थिति महाभाव है और महाभाव से संपन्न संत महाप्रभु हैं। इन्होंने इसीलिए बुद्ध को

---

१. पालि महानिद्देश में "वासुदेव वत्तिका वा होन्ति" कहा गया है।

२. प्रणव गीता १२ अध्याय ११। ३. तुलाभिना अध्याय ६।

४. शून्य संहिता अध्याय २ अच्युतदास। ५. तुलाभिना अध्याय ६।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

महाप्रभु कहा है ।[1] ये लोग प्रत्यक्ष में राधा कृष्ण के उपासक थे, पर शरीरस्थ गुप्त वृन्दावन के उपासक थे। इनकी उपासना, वाह्य नहीं थी, आभ्यंतर थी ।[2] इनकी दृष्टि में नित्य वृन्दावन में आदि माता श्री राधा और आदि देवता निरंजन श्री कृष्ण का सदा साहचर्य रहता है । उसी का आभास शरीरस्थ वृन्दावन में भी जीवात्मा परमात्मा के साहचर्य में करना चाहिए ।

महा नित्यस्थान रेटी एव्रत प्रमाण,
आदि माता देवी से देवता महाशून्य ।
सखि तहिं आदिमाता सखा निरंजन,
तत्त्व करि कहि देवा हेतुकरि चित्त ।[3]

इस प्रकार श्री निंबार्काचार्य जी के सिद्धांत को ही इन लोगों ने गान किया । श्री निंबार्काचार्य जी ने दासवत भाव को उपासना में महत्व दिया था, उसे इन दास भक्तों ने ज्यों का त्यों स्वीकार किया और दास का अर्थ आत्मतत्त्व ज्ञानी या ब्रह्मदर्शी किया—

"नाम तत्त्व चिन्हि आत्मतत्त्व ज्ञानी नाम ब्रह्मे यार आश ।
ब्रह्मदर्शी महि अवश्य अटइ प्रभुकर सेई दाश ।।[4]

इस प्रकार सहज संप्रदाय का सारा सिद्धांत वैष्णवीय था । इस सम्प्रदाय का व्यापक प्रभाव पड़ा । नाथ संतों की जो परम्परा चली वह भी इससे पूर्ण प्रभावित थी । नाथ भी हृदय के अनाहत चक्र में ही उपासना को महत्व देते थे लगभग १४ वीं शताब्दी में ही अति प्रचलित सिक्ख सम्प्रदाय में भी यह कहा गया कि—"कलियुग में योग का अनुष्ठान कठिन है । हम सहज मार्ग के विश्वासी हैं । इससे बिना कष्ट उठाये ही मन पवित्र हो जाता है । गुरुओं की आज्ञा है कि सहज योग का अभ्यास करो ।"[5]

---

१. श्री चैतन्य, श्री हरिवंश और वल्लभाचार्य जी को इसी प्रसंग से महाप्रभु कहा जाता है । ये तीनों इस मत से प्रभावित थे ।

२. मार्डर्न बुद्धिज्म एण्ड इट्स फोलोअर्स एण्ड उड़ीसा
पृष्ठ १० एस० एन० वसु०

३. बलरामदास कृत गणेश विभूति टीका २ अध्याय ।

४. शून्य पुराण १६ अध्याय—अच्युतानंददास

५. दि सिक्ख रिलीजन २।१६ एम० ए० मैकलिफ
आक्स फोर्ड—१६०६

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

हृदय के अनाहत चक्र में जो भूमा सुख की जीव को अनुभूति होती हैं, उसे स्वाभाविक सहज सुख कहा गया है।[1]

दक्षिण में आलवार संतों की जो लंबी परंपरा थी वह भी इस सहज हितोपासना में रत थी। आलवार संत भी गुप्त वृन्दावन की लीला का गान करते थे तथा स्वयं गोपी भाव से उसमें संलग्न रहते थे।[2]

साधना तत्व

हितोपासना में वैधी भक्ति को गौण माना गया है। श्री निंबार्काचार्य जी ने क्रिया को गौण रूप दिया था। क्रिया को वे सहायक साधन मानते थे परन्तु क्रिया के पालन को आवश्यक कहते थे। साधनावस्था में तो क्रिया की महत्ता स्वीकार करते ही थे। सिद्धावस्था में भी क्रिया को आवश्यक मानते थे। इसके दो कारण थे, एक तो महान व्यक्तियों के आचरण का सामान्य लोगों पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है।[3] दूसरे क्रिया में शिथिलता आने पर पतन होने की आशंका रहती है।[4]

आचार्य चरण ने अंत: शौच के विधायक पाँच संस्कारों को बड़ा महत्व दिया था। आगे चलकर उन पाँचों को बड़े विस्तृत रूप से नारद पांचरात्र आदि संहिताओं में तथा वैष्णव पुराणों आचार ग्रंथों में संकलन किया गया।

---

१. ईश्वर अंश जीव अविनाशी, चेतन अमल सहज सुख राशी।
तुलसीदास रा० च० मा० ७।११६।२।

२. श्री चैतन्य महाप्रभु ने सहजिया सम्प्रदाय में जो कुछ भी बौद्ध संस्कार शेष थे, उन्हें बिलकुल वैष्णवीकरण कर दिया। बौद्धों के प्रसिद्ध धाम जगन्नाथपुरी को ही महाप्रभु जी ने अपनी लीला भूमि बनाया। जगन्नाथ पुरी में सभी संतों का प्रभाव पड़ा है। स्वामी रामानुजाचार्य, स्वामी शंकराचार्य श्री वल्लभाचार्य ने भी पुरी आदि बौद्धाक्रांत तीर्थों की रक्षा की है।

३. यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः।
सयत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्त्तते ॥ गीता ३।२१।

४. भवतु निश्चयदाढ्यार्दूर्ध्वं शास्त्ररक्षणम्, अन्यथा पातित्याशंकया।
नारद भ० सू० १२–१३

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विभिन्न संप्रदायों और विभिन्न मतों से इन संस्कारों में भी विभिन्नता आ गई। नारद पांचरात्र के अनुसार आचार्य जी के प्रतिपादित ताप, पुण्ड्र, नाम, मंत्र और याग ये पांच संस्कार हैं। इन संस्कारों को ऐकान्तिक हितोपासना का मुख्य हेतु कहा गया है।[१] अंतः वृत्तियों को संयमित करने के लिए इनकी परमावश्यकता है।

ताप अर्थात् तप संस्कार का सर्वोपरि महत्व है। तप के अनेक प्रकार जैन, बौद्ध आदि ने भी प्रस्तुत किये हैं। भारतीय संस्कृति के मूल में ही तप है। सृष्टि के आदि काल से ही तप की विशेषता रही है। महर्षियों ने तप से ही तत्वों का अन्वेषण किया था।

श्री निंबार्काचार्य जी ने व्रत (उपवास) को ही प्रधान तप कहा है। दीर्घकालीन व्रत का कोई विधान नहीं स्वीकार किया, महीने में केवल दो व्रतों की ही विशेषता बतलाई है। एकादशी व्रत, शरीर की ग्यारह इंद्रियों[२] को संयमित किया जावे इस तथ्य की पुष्टि करता है। आचार्य जी ने द्वादशी से स्पृष्ट एकादशी व्रत का विशेष महत्व कहा है, जिसका तात्पर्य होता है, कि ग्यारह इंद्रियों के साथ अहंकार का भी संयमन करना चाहिये। क्योंकि तैजस अहंकार दस इंद्रियों की वृत्ति का कारण है। अहंकार का स्थान हृदय में माना गया है।[3] हृदय में प्रभु का चिंतन करने के लिए अति आवश्यक है कि हृदय को शुद्ध किया जावे। व्रत ही उस स्थल को शुद्ध करने का शुलभ साधन है। जैसे अग्नि में तपाकर स्वर्ण शुद्ध किया जाता है वैसे ही व्रत साधन से शरीरस्थ वैश्वानर (जाठराग्नि) का उद्दीपन होता है और अंतःकरण की शुद्धि होती है। इंद्रियों की वृत्तियाँ संयमित हो जाती हैं। एकादशी व्रत में सर्व प्रधान इंद्रिय मन को वशंगत करने के लिए मौन का विशेष विधान किया गया है। व्रत के तीन रूप हैं, कायिक, वाचिक और मानस।

---

१. तापं पुंड्रं तथा नाम मंत्रोयागश्च पंचमः।
अमी हि पंच संस्काराः परमैकांत हेतवः॥ —नारद पाँचरात्र

२. पाँच कर्मेन्द्रिय (हाथ, पैर, पायु, उपस्थ, वाणी) पाँच ज्ञानेन्द्रिय (आँख, नाक, कान, जिह्वा और त्वक्) तथा मन ये ग्यारह इंद्रियाँ वेदांती लोग मानते हैं।

३. इसका विस्तृत विवेचन उत्तरार्ध के पृष्ठ २६८–६९–७० पर देखें।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

एक बार सूक्ष्म आहार अथवा बिना किसी प्रकार की कष्टानुभूति किये ही दिन भर आहार न करना कायिक [शरीर को शुद्ध करने वाला] व्रत है। शास्त्रीय तत्वों का मनन, भगवान का नाम कीर्त्तन, सत्य भाषण तथा वाणी से किसी की निन्दा आदि न करना वाचिक [वाणी को शुद्ध करने वाला] व्रत है। मन से किसी का भी अहित न करना, सबके हित का ही चिंतन करना किसी की वस्तु को चुराने की इच्छा तथा किसी के वैभव और सुख को देखकर ईर्ष्या न करना, मन को किसी भी प्रकार से दूषित न होने देना और मन को शांत रखना यह मानस [मन को शुद्ध करने वाला] व्रत है।[1] इस प्रकार व्रत का मुख्य तात्पर्य इन्द्रियों की दुर्जय वृत्तियों को संयमित करना ही है। जिस प्रकार भगवान में स्वच्छता स्वाभाविक गुण है। उसी प्रकार जीवात्मा भी उस गुण से संपन्न हो जावे यही एकादशी व्रत का प्रयोजन है। केवल निराहार रहकर ही वृत्तियों का शमन नहीं किया जा सकता। इसके लिये तो कायिक, वाचिक, मानस तीनों के ग्यारह नियमों का दृढ़तापूर्वक पालन करना अति आवश्यक है। सभी परमात्मा के गुणों के निकट तक जीवात्मा पहुँच सकता है और समता प्राप्त कर सकता है।[2] यही उपवास का शाब्दिक अर्थ भी है।[3] इस

---

१. एक मुक्तं तथानक्तं उपवासमयाचितं,
इत्येवं कायिकं पुंसां व्रतमुक्तं नरेश्वर।
वेदस्याध्ययनं विष्णोः कीर्त्तनं सत्यभाषणं,
अपैंशुन्यमिदं राजन वाचिकं व्रतमुच्यते।
अहिंसा सत्यमस्तेयं ब्रह्मचर्यमकल्कता,
एतानि मानसान्याहुर्व्रतानि हरि तुष्टये। [पद्म पुराण]

गीता अध्याय १७ के १४—१५—१६ श्लोकों में भी इसी प्रकार के तपों का उल्लेख किया गया है। गीता में जिन्हें तप कहा है, पद्म पुराण में उन्हें ही व्रत कहा गया है, इसलिये तप का अर्थ व्रत होगा।

२. उपावृतस्तु पापेभ्यो योहि वासो गुणैर्हरेः।
उपावासः स विज्ञेयो नोपवासस्तु लंघनम्॥

[पापों का दमन करते हुए, परमात्मा के समान गुणों की प्राप्ति की चेष्टा करना ही उपवास है, केवल भूखे रहना उपवास नहीं है]

३. उप (समीपे) वासः (स्थितिः) इत्युपासः [समानस्थिति प्राप्त करना उपवास है]

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

प्रकार एकादशी व्रत नित्य किया जाना चाहिये। वर्ष की चौबीस एकादशी तो शरीरस्थ २४ तत्वों की शुद्धि के स्मृति दिवस हैं। यदि साल में २४ दिन भी दृढ़ता और निष्ठापूर्वक व्रत का पालन किया जावे तो जीवन को सच्चरित्रता में सरलता से ढाला जा सकता है। यदि कोई साल के २४ दिन भी इन आदर्श नियमों का पालन नहीं कर सकता तो उसकी और पशुओं की वृत्ति में कोई बहुत बड़ा अंतर नहीं है। इन चारित्रिक गुणों की श्रेष्ठता तो सभी को स्वीकार करनी पड़ेगी। निराहार व्रत से इन्द्रियों की वृत्तियाँ स्वतः शांत होने लगती हैं ऐसा वैज्ञानिक तथ्य है। तप आत्मशुद्धि का विशिष्ट साधन है, ऐसा मानना चाहिए।

इंद्रियों की वृत्तियाँ तो उपवास करने से शांत हो जाती हैं, परंतु सांसारिक विषयों की ओर से एकदम आसक्ति छोड़ने लगती हैं, ऐसा नहीं समझना चाहिये। सांसारिक राग (रस) तो तभी छूट सकता है, जब कि वह परं रस का अनुगामी हो जावे। परं हित रस को हृदय में साक्षात् करने के बाद ही सांसारिक रस से छुटकारा मिलता है। या यों कहा जा सकता है कि सांसारिक अल्प सुख बहुल भूमा सुख के जानने के बाद तुच्छ प्रतीत होने लगता है।[1] इसलिए परं सुख को जानने के लिए तप (व्रत) के अतिरिक्त अन्य भी संस्कारों की आवश्यकता होती है।

गोपी चंदन का तिलक मस्तक आदि बारह शरीर के अवयवों में लगाया जावे उसे पुंड्र संस्कार कहते हैं। शरीर में सात चक्रों की कल्पना की गई है उनमें पाँच चक्रों [नाभि के मणिधार चक्र से लेकर शिर के सहस्रार चक्र तक] में तथा इडा, पिंगला, यशस्विनी, पयस्विनी, पूषा शंखिनी, सरस्वती और वरुणा नामक इन चक्रों से संसक्त नाड़ियों में ऊर्ध्वगामी खड़ी दो रेखाओं को लगाने का विधान है।[2] इन स्थलों पर चंदन के लेप करने से शीतलता, तेज, कांति,

---

१. विषया विनिवर्त्तंते निराहारस्यदेहिनः।
रसवर्जं रसोप्यस्य परं दृष्ट्वा निवर्त्तते ॥ गीता २।५९॥

२. श्री निंबार्काचार्य के समय चंदनों के आकार प्रकार में कोई भेद नहीं था। ये भेद जो अब दृष्टिगोचर होते हैं वे सब कालांतर की कल्पना है। अपने-अपने मतों की विभिन्नता के परिचायक चिन्ह मात्र हैं। जैसे कि गौड़ीय वैष्णवों में तिलक के नीचे नाक पर योनि के आकार के चिन्ह को भी लगाया जाता है, जिसे वे भाल कहते हैं। यह गौड़ देश (बंगाल) में प्रचलित

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

स्फूर्ति का संचार होता है तथा भगवच्चिंतन में संलग्नता होती है। मिट्टी की शक्ति प्राकृतिक दृष्टि से सम्मान्य है। गोपी चंदन की मिट्टी विशेष शक्ति संपन्न है। नाड़ियों में प्रवाहित होने वाले रक्त की शुद्धि चंदन के लेप से होती है। इसी प्रकार तुलसी की माला को कंठ में धारण करने का विधान भी वैज्ञानिक है। तुलसी वृक्ष का प्रत्येक अवयव गुणकारी कहा गया है। विजातीय कीटाणुओं का संहनन, कफ का शमन, वायु का संयमन, पित्त का समीकरण आदि तुलसी के विशेष गुण हैं। कंठ, शरीर के अन्य अवयवों में सर्वाधिक संवेदनशील संधि स्थल है। शरीर के होने वाले विषाक्त विकारों की सूचना सर्वप्रथम कंठ में निकलने वाली ग्रंथियों (Gillty) से मिल जाती है। इसलिये तुलसी की कंठी को धारण करने से देह की सर्वाधिक शुद्धि होती है।[1]

नाम का बड़ा प्रभाव होता है। नाम से व्यक्ति और समुदाय की प्रवृत्ति और संस्कृति का परिज्ञान हो जाता है। साहित्यिक अपनी संतानों का अपनी अभिरुचि के अनुसार श्रेष्ठ नाम रखता है, तो एक ग्रामीण परिवारों में रंगई, बुधई, घूरे, झगड़ आदि नाम उनकी संस्कृति और अज्ञानता का परिचय देते हैं। वैष्णवों ने जो नाम संस्कार को भी अपनी उपासना का एक अंग माना है। उसका कारण है, उनकी एक निष्ठता और भगवन्नाम के प्रति गाढ़ानुराग। वैष्णव चाहते हैं कि उनकी वाणी से, शरीर से या मन से अपने उपास्य के अतिरिक्त न कुछ कहा जावे, न किया जावे, न सोचा जावे। सांसारिक जीवन उपास्यमय हो जावे यही एकमात्र ध्येय होता है। श्रीमद्भागवत की अजामील की कथा में इसका महत्त्व दिखलाया गया है। वैष्णव का नाम उपास्यमय हो, उसका कर्म उपास्यमय हो तभी वह उपास्य के स्वरूप की प्राप्त कर सकते हैं। अनुकरण से अनुरूपता स्वाभाविक रूप से आ ही जाती है, जैसे कि आज अधिकांश व्यक्ति पाश्चात्यों का प्रत्येक कार्य में अनुकरण (नकल) करने की चेष्टा करते हैं जिससे वे भाषा, भूषा (साज-सज्जा) आहार, व्यवहार में वैसे ही प्रतीत होते हैं। उसी प्रकार वैष्णव भी ब्रह्म के स्वरूप और गुण का अनुकरण

शाक्त संप्रदाय का प्रतीक चिन्ह है। पुराणों में भी आज के प्रचलित सभी तिलक के प्रकारों के स्वरूप का वर्णन मिलता है जो कि विभिन्न काल का संकलन है।

१. तुलसी के शताधिक गुणों का संग्रह और उनका वैज्ञानिक महत्व तथा वैष्णव धर्म में उसकी श्रेष्ठता आदि का विवेचन पृथक् ही "तुलसी संचयन" नामक संकलन में किया गया है जो कि अभी अप्रकाशित है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

(नकल) कर उनके समान होना चाहते हैं। समानता प्राप्त करना ही श्री निंबार्काचार्य के मत में भगवद्भाव की प्राप्ति नामक मुक्ति का स्वरूप है। जीव की जैसी प्रवृत्ति होती है, वैसी ही उसकी प्रकृति बनती है अथवा यों समझें कि प्रकृति के अनुसार ही प्रवृत्ति होती है। प्रकृति और प्रवृत्ति का घनिष्ठ सम्बन्ध है। कथनी और करनी का एक होना ही कार्य सिद्धि की पहिली सीढ़ी है। न केवल कहने से कुछ हो सकता है न केवल करने से ही। जीवात्मा का ज्ञान ही कर्म की ओर प्रवृत्त करता है। ज्ञान, कर्म का संयोग ही भक्तियोग का आधार स्थल है, जिस स्थल से भक्तियोग का उदय होता है। ज्ञान और कर्म के सतत् अभ्यास से नैष्कर्म्य स्थिति होती है। जिस स्थिति में जीवात्मा करते हुए भी नहीं सुनता, जानते हुए भी नहीं जानता। यही परमात्मा के साथ जीवात्मा की साम्यावस्था है। सांसारिक दृष्टि में यह पागलपन है तो साधक की दृष्टि में वह सिद्धावस्था है। सांसारिक बंधनों की अवस्था सहज (स्वाभाविक) है। वस्तुतः यह पागलपन नहीं है। पागलपन में तो अंतःकरण की संपूर्ण वृत्तियाँ अपनी अस्वाभाविक पराकाष्ठा पर पहुँच जाती हैं। जैसे कि क्रोध करना जीव की स्वाभाविक प्रवृत्ति नहीं है, वह तो किन्हीं कारणोंवश जीव के स्वभाव में उत्पन्न होती है। पागलपन में यही प्रवृत्ति अपनी सीमा पार कर जाती है जिससे कि पागल व्यक्ति ऐसे कुकृत्य कर बैठता है जो कि हानिकारक होते हैं। भक्तों की जो सिद्धावस्था है उसमें अंतःकरण की संपूर्ण वृत्तियाँ अपने स्वाभाविक रूप में रहती हैं। उनके क्रोध से किसी की हानि संभव नहीं है।

संस्कारों में पुंड्र [चिन्ह=तिलक और कंठी] तथा नाम ये दो वाह्य संस्कार हैं। तप वाह्य और आभ्यंतर दोनों प्रकार का है। मंत्र और याग आभ्यंतर संस्कार हैं। मंत्र संस्कार का सम्बन्ध मन से है। मंत्र के अविच्छिन्न अभ्यास को जप कहते हैं। जप के तीन प्रकार कहे गए हैं—वाचिक, उपांशु और मानस। वाचिक जप में वाणी के द्वारा मंत्र का उच्चारण होता रहता है। उपांशु जप में शब्द का उच्चारण तो नहीं होता परंतु जीभ ओठ इत्यादि हिलते रहते हैं। मानस जप में मंत्र का अभ्यास मन में ही चलता रहता है। मंत्र के स्वरूप में भगवान का चिंतन करने से विघ्नों का अभाव और जीवात्मा के स्वरूप का ज्ञान हो जाता है।[1] मंत्र के प्रभाव से मन की शक्ति अपार हो

---

१. मंत्र के अर्थ और स्वरूप का विवेचन उत्तरार्ध के पृष्ठ २३९ से २५६ तक देखें। "तज्जपस्तदर्थ भावनम्" [मंत्र के जप में उसके अर्थ

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

जाती है। मन का समाधान हो जाने से सारी इंद्रियों का समाधान हो जाता है। मन से ही परमात्म तत्त्व को जाना जा सकता है।[१] इसलिए मंत्र के द्वारा मन को संयमित किया जाता है। हृदय ही मन है। संपूर्ण वस्तुओं को जानने की शक्ति, आज्ञा देने की शक्ति, सब पदार्थों को विभिन्न रूप से जानने की शक्ति, तत्काल ज्ञान की शक्ति, वेग, स्मरण शक्ति, धारण करने की शक्ति, देखने की शक्ति, धैर्य, बुद्धि, मनन शक्ति, संकल्प शक्ति, मनोरथ शक्ति, प्राण शक्ति, कामना शक्ति, स्त्री संसर्ग आदि की अभिलाषा शक्ति, ये सब मन से ही उत्पन्न होती हैं।[२] मन से ही संपूर्ण सृष्टि होती है।[३] इसलिए मन को मंत्र के अभ्यास द्वारा वशीभूत कर लेने से मन की संपूर्ण शक्ति प्रबल हो जाती हैं। तंत्रशास्त्र में जैसे शक्ति को बढ़ाने की इच्छा होती है वैसे ही मन्त्र का विधान किया है। एक ही मन्त्र को विभिन्न विधियों से जपने से भी विभिन्न शक्तियाँ प्राप्त हो सकती हैं। इन शक्तियों को प्राप्त कर लेना ही सिद्धि है। ये सकाम मन्त्रों के अनुष्ठान की विधि हैं। श्री निंबार्काचार्य जी निष्काम मन्त्रानुष्ठान की आज्ञा देते हैं। निष्काम मन्त्रानुष्ठान से परमात्मा के समान महान शक्ति प्राप्त होती है, सर्व सामर्थ्य हो जाती है। मन स्वच्छतम हो जाता है, मन की अपार शक्ति में सारी इच्छा आदि शक्तियाँ डूबकर विलीन हो जाती हैं। मन्त्र द्वारा उपास्य का ध्यान करने से मन स्थिर हो जाता है।[४]

याग संस्कार का तात्पर्य भगवत् चर्या अर्थात् इंद्रियों की सम्पूर्ण भोग वृत्तियों को भगवान में ही समर्पण कर देना है। श्रुति (वेद) में विष्णु को ही यज्ञ कहा गया है।[५] श्री निंबार्काचार्य जी ने इंद्रियों की सूक्ष्म अणु रूप वृत्तियों को संगठित रूप से मन से संयोग कर जीवात्मा में संयुक्त कर देने को मोक्ष के

स्वरूप परमेश्वर का चिंतन करना चाहिए] "ततः प्रत्यक् चेतनाधिगमोऽप्यन्तरायाभावश्च"

[जप साधन से विघ्नों का अभाव और अंतरात्मा के स्वरूप का ज्ञान हो जाता है]

पातंजल योगसूत्र १।२८-२९।

१. मनसैवेदमाप्तव्यम्—कठोपनिषद् २।१।११। २. ऐतरेयोपनिषद ३।२॥

३. मनसो ह्येवखल्विमानि भूतानि जायन्ते—तैत्त० भृगु० ४ अनुवाक

४. यथाभिमत ध्यानाद्वा—पा० यो० सू० १।३९। ५. "विष्णु वै याग:"

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

प्रथम की अवस्था कहा है।[१] सम्पूर्ण वृत्तियों से सङ्गठित उपासक की मनोवृत्ति का ईश्वर में तन्मय हो जाना ही भक्ति योग है। आचार्य चरण ने इस आत्म हवन से जीवात्मा को कृतकार्य माना है और सांसारिक बंधनों से मुक्ति का प्रधान साधन कहा है।[२]

यह तन्मय योग भगवान की प्रतीकोपासना से होता है। भगवान की प्रतिमा (मूर्त्ति) की अर्चना से इंद्रिय वृत्तियों का एकीकरण होने लगता है। इस योग का अभ्यास आभ्यंतर और वाह्य दोनों प्रकार से किया जा सकता है। वाह्य अभ्यास के लिए प्रतिमा पूजन का विधान है। आभ्यंतर अभ्यास में मन को ही प्रतिमा मानकर पूजन किया जाता है। श्री आचार्य जी ने आभ्यंतर उपासना पर अधिक वल दिया है।[३] प्रथम श्रेणी के साधकों के लिए वाह्य अर्चना का ही अभ्यास करना उचित है। आभ्यंतर उपासना तो ऊँची श्रेणी के साधकों से साध्य है।[४] इन संस्कारों से चित्त की प्रशांत वाहिता स्थिति हो जाती है अर्थात् सारी वृत्तियाँ एक रस होकर प्रवाहित होती हैं।

मन सहित इंद्रियों की पाँच प्रकार की वृत्तियाँ होती हैं—(i) विषयों की ओर झुकाव से ग्रहणवृत्ति (ii) इंद्रियों के अपने स्वाभाविक गुणों से स्वरूप वृत्ति (iii) सारी इंद्रियों के अहंकार से सम्बन्धित हो जाने से आस्मिता वृत्ति (iv) सत्व, रज और तम इन तीनों गुणों के संयोग के प्रकट होने से अन्वय वृत्ति (v) भोग की कामनाओं से अर्थवत्व वृत्ति होती है। इन पाँचों प्रकार

सवै मनः कृष्णपदार विंदयोर्वचांसि वैकुंठ गुणानुवर्णने ।।
करौ हरेर्मंदिर मार्जनादिषु श्रुतिं चकाराच्युत् सत्कथोदये ।।
मुकुंद लिंगालय दर्शनेदृशौ तद् भृत्यगात्रस्पर्शेऽङ्ग संगमम् ।।
घ्राणं च तत्पाद सरोज सौरभे श्रीमत्तुलस्या रसनां तदर्पिते ।।
पादौ हरेर्क्षेत्र पदानुसर्पणे शिरो ऋषीकेश पदाभिवंदने ।।
कामं च दास्ये नतु कामकाम्यया यथोत्तमश्लोक जनाश्रयारतिः ।।
भा० ९।४।१८-१९-२०।।

१. देखें उत्तरार्ध पृष्ठ १९२ २. देखें उत्तरार्ध पृष्ठ २४३ श्लोक ८
३. देखें उत्तरार्ध पृष्ठ १८६ में सूत्र ४।१।३ का वाक्यार्थ।
४. "तस्य प्रशांत वाहिता संस्कारात्" पा० यो० सू० ३।१०।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

की वृत्तियों का संयमन ही इंद्रिय विजय है ।[१] तप संस्कार से इंद्रियाँ विषयों की ओर से हट जाती हैं। यही ग्रहण वृत्ति का संयम है । पुंड्र संस्कार से इंद्रियों की जो स्वाभाविक, देखना, सुनना, आस्वाद आदि वृत्ति हैं । ये सब निर्विकार भाव को प्राप्त हो जाती हैं । यही स्वरूप वृत्ति का संयम है । इंद्रियों के उपभोग में जीव के अहंकार का संयोग हो जाने से कि मैं सूँघता हूँ, मैं देखता हूँ ऐसा अनुभव हो जाता है, नाम संस्कार हो जाने से, मैं का प्रयोग भगवान के नाम में ही होता है जैसे कि कृष्ण देखता है, कृष्ण सुनता है आदि । इस प्रकार अहंकार का कृष्णमय हो जाना ही अस्मिता वृत्ति का संयम है । स्वामी राम तीर्थ कहा करते थे कि राम जाता है, राम ने ऐसा देखा आदि । मंत्र जप से सत्व, रज, तम इन तीनों गुणों के जो संस्कार है उनका निराकरण होता है, मन की निर्मल स्थिति होती है । यही अन्वय वृत्ति का संयम है । इंद्रियों के भोग की कामनाओं को पूर्णरूप से भगवान में अर्पण कर देना ही याग संस्कार है । इसी को अर्थवत्त्व वृत्ति का संयम समझना चाहिए ।

वैष्णवीय पाँच संस्कारों से इंद्रियों पर पूर्ण विजय प्राप्त होती है। उसके फलस्वरूप इंद्रियों की मन के समान सूक्ष्म गति, सर्वज्ञता और प्रकृति पर अधिकार प्राप्त हो जाता है ।[२] मन के समान गति को ही मनोजव सिद्धि कहते हैं। हनुमान जी को यह स्वाभाविक सिद्धि थी । ताप संस्कार से मनोजवित्व प्राप्त दोता है पंड्र संस्कार से सर्वज्ञता सिद्धि प्राप्त होती है ।[३] नाम, मंत्र और याग संस्कार से प्रकृति पर अधिकार प्राप्त होता है ।[४] वृत्तियों को संयमित कर हृदय के सूक्ष्माकाश में स्थित कर देना ही धारणा है, जिससे कि इंद्रिय वृत्तियों की एकतानता हो जाती है, वही ध्यान है ।[५]

---

१. ग्रहणस्वरूपास्मितान्वयार्थवत्वसंयमादिंद्रिय जयः

पा० यो० सू० ३।४७।

२. ततो मनोजवित्वं विकरणभावः प्रधान जयश्च—पा० यो० सू० ३।४८।

३. तंत्र ग्रंथों में अष्टगंध आदि के लेप से सर्वज्ञता का उल्लेख किया गया है ।

४. इन पंच संस्कारों का शास्त्रीय एवं वैज्ञानिक विस्तृत विश्लेषण "संस्कार रहस्य" नामक पुस्तक में संगृहीत है ।

५. देशवंधश्चित्तस्य धारणा, तत्र प्रत्यैकतानता ध्यानम्—पा० यो० सू० ३।१-२

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

आचार मीमांसा

संस्कारों के फलस्वरूप सांसारिक विषयों से मन विरत हो जाता है तथा इंद्रियाँ विषयोपभोग में अनासक्त हो जाती हैं। क्रमशः नित्य, नैमित्तिक और काम्यकर्मों की आसक्ति भी छूटने लगती है। शीत-उष्ण, मान-अपमान, सुख-दुःख आदि में समता का भाव हो जाता है। निद्रा, आलस्य, प्रमाद आदि वृत्तियाँ दूर हो जाती हैं और परमात्मा पर अपार श्रद्धा हो जाती है।[१] परन्तु इन संस्कारों के मूल में आचार का बड़ा महत्त्व है। आचार पालन में आहारशुद्धि की विशेषता है।[२] आहारशुद्धि से जीवात्मा के अंतःकरण की शुद्धि होती है। अंतःकरण की शुद्धि होने पर ही परमात्मचिंतन हो सकता है।[3] सात्विक, राजस और तामस तीन गुणों के अनुसार तीन प्रकार के आहार बतलाये गए हैं, और उसके परिणाम का भी विवेचन किया गया है।[४] खाद्य पदार्थ की अशुद्धि के तीन प्रकार के दोष माने गए हैं—जाति दोष अर्थात् सात्विक, राजस, तामस गुण वाले पदार्थों के स्वाभाविक दोष आश्रय दोष अर्थात् पतित, अपवित्र भाव और विचार वाले प्राणियों के स्पर्श का दोष। निमित्त दोष अर्थात् अपवित्र केश, नख, धूलि आदि के सम्पर्क का दोष। पदार्थों के जाति दोष का विश्लेषण गीता में किया गया है। आश्रय दोष को आजकल प्रायः लोग महत्व नहीं देते, परंतु मनुष्य के विचार, दृष्टि, स्पर्श, सम्पर्क और सहवास का असर अवश्य पड़ता है। निमित्त दोष तो स्पष्ट है। समय और परिस्थिति के अनुसार आचार में परिवर्त्तन अवश्य होता रहा है। परंतु आचार पालन का महत्व है। आचार के मूल में भोजन की शुद्धि आवश्यक है। भोजन की शुद्धि से विचार शुद्धि होती है, । विचार शुद्धि से कर्म शुद्धि होती है। "आचार प्रथमो धर्मः"—"आचार

---

१. श्री निंबार्क जी ने प्रकारान्तर से इन नियमों के पालन को अत्यावश्यक बतलाया है। उत्तरार्ध पृष्ठ १७५ सू० ३।४।२७ का वाक्यार्थ और टिप्पणी देखें।

२. उत्तरार्ध पृष्ठ १७६ में अधिकरण ७ को देखें।

३. "आहार शुद्धौ सत्व शुद्धिः सत्व शुद्धौ ध्रुवास्मृतिः ।।"
छांदो० ७।२६।२

४. देखें गीता १७ अध्याय श्लोक ८।९।१० का अर्थ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वान् पुरुषो वेद" – "आचारेण संयुक्तः सम्पूर्ण फल भाग्भवेत्"[१] आदि वाक्यों में तथ्य है। आचारहीन प्राणी या राष्ट्र कभी उन्नतशील नहीं हो सकता। सारे राष्ट्र भौतिक उन्नति चाहे कितनी भी कर लें, परंतु जब तक उनके आचरण और विचारों में उन्नति न होगी तब तक वे कष्टानुभूति ही करते रहेंगे। आज सारा संसार दुःखी है, जब कि उसके पास सारे भौतिक साधन सुख उपस्थित कर रहे हैं। इसका कारण स्पष्ट है कि संसार के पास सुव्यवस्थित आचार संहिता और उसका आचरण नहीं है। आज एक सार्वभौम आचार संहिता की आवश्यकता है। वैसे किसी राष्ट्र देश या जाति के साहित्य में आचारशास्त्र की कमी नहीं है, परंतु आज वह उपेक्षित है। भारतीय महर्षियों ने ऐसे सार्वभौम नियमों को उपस्थित किया है, जिन्हें जाति, देश, काल और निमित्त आदि कारणों से बाँधा नहीं जा सकता।[२] भक्तियोग के नियमों का पालन प्रत्येक जाति, प्रत्येक देश हर समय बिना किसी बंधन के स्वच्छंदतापूर्वक कर सकता। भक्तियोग की साधना प्रणाली ऐसी परिमार्जित है, जिसमें दुरूहता नहीं है। श्री निंबार्काचार्य जी ने जो उपासना प्रचलित की वह सार्वभौम थी। आचार पालन उनकी उपासना की आधारशिला थी। सदाचार संपन्न व्यक्ति ही ईश्वर के समान महान गुणों वाला हो सकता है यही उनका सिद्धांत था। यदि मनुष्य को अपने में दैवी गुणों को एकत्र करना है तो उसे आध्यात्मिक भक्तियोग की साधना करनी चाहिये। अन्यथा आसुरी प्रवृत्ति तो सामान्यतः सर्व साधारण की प्रवृत्ति है क्योंकि संसार की गति निम्नगामी है। ऊर्ध्व गति के लिये संयम और साधना की आवश्यकता होती है। संयम और साधना ही सफल जीवन की कुंजी है। आचार की प्राथमिकता इसीलिये मानी गई है। श्री निंबार्क जी ने जो पाँच संस्कार प्रचलित किये थे,[३] वे व्यावहारिक और सार्वभौम हैं। वास्तव में

---

१. आचार मुख्य धर्म है—आचार सम्पन्न व्यक्ति ही ब्रह्म को जान सकता है आचार सम्पन्न ही सम्पूर्ण कार्यों में सफल होता है।

स्मृतियों में आचार पालन की सुन्दर व्यवस्था दी गई है। आचार तत्त्व का बड़ा वैज्ञानिक विश्लेषण स्मृतियों में उपस्थित किया गया है।

२. जाति देश काल समयानवच्छिन्नाः सार्वभौमा महाव्रतम्—

३. श्रीनिवासाचार्य जी जो कि आचार्य जी के प्रत्यक्ष शिष्य हैं, उन्होंने इस पंच संस्कारों के अन्वेष आचार्य जी को ही कहा है—"पंच संस्कार दायी"

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

जीव का परिमार्जन (सफाई) करने वाले ये संस्कार हैं। इन संस्कारों की महत्ता को सभी वैष्णवाचार्यों ने स्वीकार किया है। इन संस्कारों को पालन करने वालों में इस समय कुछ आडंबर अवश्य आ गया है, परंतु संस्कार ही आडंबर हैं, ऐसा नहीं कह सकते।

[अर्थात् पांच संस्कारों को जगत के समक्ष उपस्थित करने वाले] वाक्य इस तथ्य की पुष्टि करता है।

देखें श्री निवासाचार्य कृत लघुस्तवराज—श्लोक २६,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

चतुर्थ अध्याय

फल सिद्धांत

संसार के असंख्य जीवों के मध्य में मानव ही ऐसा सुबुद्ध प्राणी है जो कि संवेदनशील है। यही मानव की अन्य जीवों से विशेषता है। सांसारिक जीवन को सूक्ष्म पर्यवेक्षण करने के बाद मनुष्य ने अपना दृढ़ मत स्थिर किया कि "जीवन में दुःख ही अधिक है, सुख तो बहुत अल्प मात्रा में है।"[१] मनुष्य ने मनोनुकूल वेदना को सुख माना तथा मन की प्रतिकूल वेदना को दुःख कहा।[२] यह कसौटी सभी के लिए समान है। जिसकी जैसी वेदना (अनुभव) हुई वैसा ही उसने माना। किसी को मांस खाना अनुकूल प्रतीत हुआ तो किसी के लिए प्रतिकूल। कोई मदिरा पान में सुखानुभूति करता है तो कोई दुःख पाता है। इस परिभाषा के अनुसार तो सुख और दुःख मन माने की बात हुई, जिसको जिसमें सुख मिले वह सुख, जिसमें दुःख मिले वह दुःख है। क्षुद्र प्राणी गाली गलौज बकने में ही सुखी होते हैं जब कि भद्र मनुष्य को ऐसा करने में ग्लानि और क्षोभ होता है। तो यह परिभाषा स्वेच्छाचारी मनुष्यों की ही कही जावेगी।[3] जो मनीषी हैं उन्होंने सुख की परिभाषा कुछ और ही कही है। उनके मत में काम का सुख और मुक्ति का सुख दो ही सुख हैं।[४]

---

१. "सुखात् बहुतरं दुःखं जीवित नास्ति संशयः—

महा० भा० शां० २०५।६

२. अनुकूल वेदनीयं सुखं, प्रतिकूल वेदनीयं दुःखम्।

यहाँ वेदना का अर्थ कष्ट नहीं होगा बल्कि वेदना का अर्थ अनुभव होगा।

३. [श्री निंबार्काचार्य जी ने जीवों की कई प्रकार की श्रेणी मानी है। मनुष्यों में भी वे बद्ध मुक्त, बुभुक्षु आदि अनेक भेद मानते हैं। इस विभाजन के अनुसार उनके मान्य सुख दुःखों का भी श्रेणी विभाजन होगा]

[देखें उत्तरार्ध पृष्ठ २३७]

४. यच्च काम सुखं लोके यच्च दिव्यं महत्सुखम्।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

इसके अतिरिक्त सब कुछ दुःख ही दुःख है। सुख और दुःख आदि वृत्तियाँ मन की ही हैं। इसलिए काम सुख और दिव्य ब्रह्म सुख दोनों की अनुभूति मन में ही होगी। इसीलिए काम को मनोज, मनोभुव, मनसिज आदि नाम दिये गये है। परंतु ब्रह्म को मनोज नहीं कह सकते। श्री निंबार्काचार्य जी के मत में ब्रह्म, मन आदि का कारण है। ब्रह्म से जीव और जीव से मन तथा मन से अहंकार उत्पन्न होता है। सांसारिक दशा में ये चारों मूर्तिमान रूप से वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध कहलाते हैं। सांसारिक वासना के संयोग से मनोभुव को मन का ही रूप माना जाता है, अर्थात् मन को ही काम कहते हैं। मन के प्रतीक प्रद्युम्न को काम का अवतार कहा गया है। सांसारिक दशा में जीव से काम की उत्पत्ति मानी गई है। यदि सांसारिक वासना (आसक्ति) को ब्रह्म की ओर लगा दिया जावे तो काम की उत्पत्ति सीधे ब्रह्म से ही होगी जैसा कि वासुदेव कृष्ण के पुत्र प्रद्युम्न के चरित्र से ज्ञात होता है। मन की आसक्ति सांसारिक है तो वह काम है, यदि वह पारमार्थिक है तो प्रद्युम्न है। भागवत (भक्तियोग) के काम का नाम प्रद्युम्न है। काम होता आसक्ति से ही है।[1] काम को ईश्वरीय कर देना ही धर्म है, ऐसा धर्मयुक्त काम ईश्वर का ही रूप है।[2] यही भक्तियोग का चरम सिद्धांत है। धर्मयुक्त काम में पति और पत्नी का पारस्परिक प्रेम संबंध वासनामय नहीं होता अपितु ब्रह्ममय होता है।[3] उनका संतानोत्पत्ति के लिये काम में रत होना भी धर्म ही है क्योंकि सृष्टि का विस्तार भी परमात्मा की लीला के लिए ही है।[4]

काम को काम के लिए करना ही वासना है। काम को कृष्ण के लिए करना पुरुषार्थ है। काम को काममय करने से काम कष्टदायक हो जाता है। काम को यदि भोग के लिए किया जाता है तो वह स्थूल शरीर को दाह-

---

१. "संगात् संजायते कामः"— गीता २।६२

२. "धर्माविरुद्धोभूतेषु कामोऽस्मि भरतर्षभ"— गीता ७।११।

३. पत्युः कामाय पतिः प्रियो न भवति,
आत्मनस्तु कामाय पतिः प्रियो भवति।
जायायै कामाय जाया प्रिया न भवति,
आत्मनस्तु कामाय जाया प्रिया भवति। बृहदा० २।४।५।

४. "लोकवत्तु लीला कैवल्यम्"— ब्र० सू० २।१।३२।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

युक्त ही रखता है। यदि उसे ब्रह्मयोग में परिवर्त्तित कर दिया जाता है तो वह अपूर्व शीतल रस को प्रवाहित करता है। काम को स्थूल रूप में लाना ही कष्टदायक होता है। सूक्ष्म काम तो सुख है, उस सुख को शांत करने की कोई भी सहृदय सलाह नहीं देगा। काम के लिये ही जो काम होता है, उसी को शांत करने का प्रयास करना चाहिये।[1] सांसारिक जीव प्रायः स्त्री उपभोग को ही काम मान बैठते हैं जो कि बहुत बड़ी भूल है। भोग तो काम को शांत करने की औषधि है। जैसे कि प्यास लगने पर ठंडा जल पी लेना और भूख लगने पर भोजन कर लेना तृप्तिकारक होता है, उसी प्रकार कामेक्षा होने पर स्त्री सहवास तृप्तिकारक है।[2] औषधि को सुख कदापि नहीं कहा जा सकता, औषधि से रोग शांति होने पर सुख होता है। स्त्री-सहवास भी मन की आधि[3] को शांत करने की एक औषधि है। परंतु औषधि को अल्पमात्रा में सेवन करना ही लाभदायक होता है, अन्यथा अधिक मात्रा से रोग की वृद्धि हो जाती है। औषधि रोग को शांत अवश्य कर सकती है परन्तु रोग को निर्मूल करना औषधि का कार्य नहीं है। काम सूक्ष्म आंतरिक प्रवृत्ति है इसलिए उसकी पूर्त्ति भी आंतरिक सहवास से ही हो सकती है। हृदय में जहाँ काम की स्थिति है वहाँ प्रिया प्रियतम भगवान श्रीकृष्ण और भगवती राधिका के नित्य साहचर्य विहार के श्रवण और वर्णन तथा उपासना से अति शीघ्र काम रोग की शांति हो जाती है।[4] ऐसा भक्ति योग का काम रोग के

---

१. न जातु कामः कामानामुपभोगेन शाम्यति ।
हविषा कृत्स्नवर्त्मेव भूय एवाभि वर्धते ॥
—मनु० २।९४। महा० आ० ७५।५७।

२. तृषा शुष्यत्यास्ये पिबति सलिलं स्वादु सुरभि,
क्षुधार्त्तः सन् शालीन् कवलयति शाकादिवलितम्।
प्रदीप्ते कामाग्नौ सुदृढ़तरमाश्लिष्यति वधूम्,
प्रतीकारो व्याधेः सुखमिति विपर्यस्यति जनः ॥
भर्तृहरि—वै० श० ९२।

३. शारीरिक रोग को व्याधि तथा मानसिक रोग को आधि कहते हैं।

४. विक्रीडितं व्रजवधूभिरिदं च विष्णोः श्रद्धान्वितोऽनुश्रुणुयादथ वर्णयेद्यः।
भक्तिं परां भगवति प्रतिलभ्य कामं हृद्रोगमाश्वपहिनोत्यचिरेणधीरः ॥
भा० १०।३३।४०।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विषय में निदान है। सांसारिक जीवन में यही सुख है। काम पर विजय पाना ही पुरुषार्थ है। काम को नष्ट कर देना पुरुषार्थ नहीं है। काम पर विजय जभी पाई जा सकती है, जब कि उससे अधिक बलशाली, पराक्रमी, सुन्दर मनोहारी महापुरुष का आश्रय लिया जावे। भगवान विष्णुही ऐसे महापुरुष हैं, जिनको देखकर करोड़ों काम भी लज्जित हो जाते हैं।[१] जो मन्मथ (मन को मथने वाले) कामदेव के मन को भी मथ चुके हैं।[२] जिनको देखकर काम को भस्म करने वाले शंकर भी कामार्त्त हो जाते हैं।[३] काम भी अपनी चेतना खो देता है। भगवान विष्णु के श्रवण, मनन और निदिध्यासन से सारी कामनायें पूर्ण हो जाती हैं।[४] इसीलिए भगवान कृष्ण को आप्तकाम, आत्माराम, पूर्णकाम आदि नामों से स्मरण किया जाता है। काम सुख का प्रारंभ स्त्री सहवास से होता है और कृष्ण सहवास में जाकर पूर्ण होता है। यही श्री निंबार्काचार्य जी का उपासना सिद्धांत है यही उनके प्रियावत भाव का रहस्य है। आचार्य जी ब्रह्मसूत्र ३।४।४७। 'कृत्स्नभावात्तु गृहिणोपसंहारः' के वाक्यार्थ में गृहस्थ के सुख को जीवन में प्राप्त करते हुए परमात्म के बहुल सुख में पूर्णता बतलाकर मोक्ष बतलाते हैं और गृहस्थ धर्म में ही जीवन की सार्थकता बतलाते हैं।

---

१. "सोभा कोटि मनोज लजावन" —रा० च० मा० २।३२६।१।

२. रास लीला में भगवान कृष्ण ने कामदेव का मथन कर दिया था अतः साक्षात् मन्मथ मन्मथः, अवरुद्ध सौरतः आदि कहा गया—

देखें भाग० १०।२९ से ३३ अध्याय

३. मोहिनी अवतार के दर्शन कर शंकर मोहित हो गये थे।

देखें भागवत ८ में मोहिनी चरित्र।

अमृत मंथन की कथा रहस्यमय है। भगवान की प्रेरणा से कराया गया अंतःकरण की कामना का मंथन है। जिन्होंने उसे पूर्णरूप से मंथन कर दिया वह देवता थे उन्हें अमृत प्राप्त हुआ। जो मंथन करने पर भी काम के वशीभूत रहे उन्हें अमृतत्व न प्राप्त हो सका वे दैत्य थे। अमृत का कलश काम की प्रतीक मोहिनी के पास ही था, दैत्य उनके मोह में उसे प्राप्त न कर सके, देवता उनको देखकर मोहित न हुए इसलिये अमृत पाकर अमर हो गये।

४. मोहिनी रूप विष्णु को देखकर शंकर जी का काम पूर्ण हो गया अतः वे उनकी प्रार्थना में उन्हें "कामपूरं नतोस्मि" कहते हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

केवल सांसारिक सुख में जीवन पर्यन्त रत रहने का फल दुःखदायी होता है क्योंकि वह स्थूल इंद्रियों के संयोग से प्राप्त होता है। दृश्यमान स्थूल सभी वस्तुएँ नाशवान हैं अतः उनसे होने वाला सुख भी नाशवान ही होगा। इंद्रियों के संयोग से प्राप्त सुख क्षणभंगुर होता है। सांसारिक सुख को परमात्म सुख से संलग्न कर देना ही ब्रह्मयोग है। ब्रह्मयोग का सुख ब्रह्म के समान अनंत, शाश्वत है। उसकी साधना कुछ क्लिष्ट अवश्य है, परंतु उसका फल सुखदायी ही होता है।[1] सांसरिक सुख को जबरन त्यागकर ब्रह्मसुख को प्राप्त करना अधिक क्लिष्ट है, क्योंकि किसी भी वस्तु का आस्वाद लिये बिना उसकी तृप्ति का अनुभव कैसे किया जा सकता है वैषयिक सुख का आस्वाद करने पर ही ब्रह्मसुख की तृप्ति प्राप्त हो सकती है। सगुण शरीर की प्रकृति से कोई छूटकर जा भी कहाँ सकता है। सभी को गुणों के चक्र में फँसना पड़ा है।[2] ऋषियों और कामारि भगवान शंकर का वैषयिक सुख की ओर बलपूर्वक खिंचाव हुआ इसका क्या तात्पर्य है ? क्या वे अपनी साधना में सफल हुए ? इन उदाहरणों से स्पष्ट है कि सांसारिक कर्मों का त्याग वैराग्य नहीं हैं अपितु सांसारिक कर्मों का ब्रह्मयोग ही त्याग है। वैषयिक सुख को ही अभ्यास द्वारा धीरे-धीरे छोड़ते हुए ब्रह्ममय कर देना ही सहज साधना है। सांसारिक सुख दुःख प्रिय अप्रिय सभी को हृदयस्थ परमात्मा के सुख में लीन कर-देना ही साधना है।[3] दुःखों का चिंतन न करना ही दुःख से मुक्ति पाने की औषधि है।[4]

संसार को दुःख प्रधान मानकर झीकना और उसे छोड़कर भागने का

---

१. विषयेंद्रिय संयोगाद्यत्तदग्रेऽमृतोपमम् ।
परिणामे विषमिव तत्सुखं राजसंस्मृतम् ॥
यत्तदग्रे विषमिव परिणामेऽमृतोपमम् ।
तत्सुखं सात्विकं प्रोक्तमात्मबुद्धि प्रसादजम् ॥गीता १८।३७—३८॥

२. न तदस्ति पृथिव्यां वा दिवि देवेषु वा पुनः ।
सत्वं प्रकृतिजैर्मुक्तं यदेभिः स्यात्रि भिर्गुणैः ॥ गीता० १८।४०।

३. सुखं वा यदि वा दुःखं प्रियं वा यदि वाऽप्रियम् ।
प्राप्तं प्राप्तमुपासीत् हृदयेनापराजितः ॥ महा० शां० २५।२६॥

४. "भैषज्यमेतद् दुःखस्य यदेतन्नानुचिंतयेत्"—महा० शां० २०५।२॥

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

प्रयास करना बहुत बड़ी कायरता और मूर्खता है। संसार के कर्त्तव्य कर्मों का दृढ़तापूर्वक पालन करते हुए सांसारिक दुःखों का हृदय में ही समन करना जीवन सफलता का मार्ग है। श्री निंबाकाचार्य के मत में हृदय में परमात्मा का महासुख विद्यमान है, उसी को जानने की चेष्टा करनी चाहिये। उसको जान लेने पर दुःख नाम की कोई वस्तु रही न जावेगी। सांसारिक दुःखों से छूटने का हित स्थल हृदय ही है। महर्षि पतंजलि ने आत्मोद्धार के लिये दो साधनायें प्रस्तुत की थीं, एक तो अष्टांग योग का साधन, दूसरा ईश्वर प्रणिधान। भागवत धर्म ने ईश्वर प्रणिधान को स्वाभाविक साधन माना और उसी का उपदेश दिया। भगवान श्री निंबार्काचार्य जी ने योग और ईश्वर प्रणिधान दोनों के सहभाव से संपन्न भक्तियोग का उपदेश दिया जिसमें चिदानंद संवलित प्रेम भाव की साधना है। इस प्रेमभाव में द्वैत और अद्वैत दोनों अवस्थायें रहती हैं। प्रेमी, प्रेमिका और प्रेम तीनों का ऐक्य हो जाना ही इसकी अद्वैत अवस्था है। चिदंश ही ज्ञानभाव है, ज्ञानवादी जब केवल चिदंश पर ही बल देते हैं तो वे ज्ञानमार्गी कहलाते हैं। आनन्द अंश पर बल देने वाले भक्त कहलाते हैं। प्रेमभाव जो कि ज्ञान और आनन्द दोनों भावों के बाद, दोनों के संवलित रूप से प्रकट होता है, उसमें चित् व आनन्द का तथा ज्ञान और भक्ति का सामंजस्य रहता है।[1] पातंजल योग दर्शन की साधना ज्ञानमार्ग की है जिसमें समाधि के द्वारा चिदंश के साक्षात्कार की क्रिया का उल्लेख है। ईश्वर प्रणिधान भक्तिमार्गी साधना है जिसमें आत्मसमर्पण के द्वारा आनंद अंश की उपलब्धि होती है। प्रेमभाव की साधना में रत स्वरूप ब्रह्म के बहुल सुख की अनुभूति होती है। म० म० डा० गोपीनाथ जी ने भी ऐसा ही कहा है।[2] "भक्त दो प्रकार के हुए हैं—एक वे जो भक्ति को केवल भावरूप से पहचानते हैं, दूसरे वे जो रस रूप से उसकी अनुभूति करते हैं, जिनका उद्देश्य भगवद्धाम में प्रविष्ट होकर भागवत सेवा का आनंद लेना है उनके लिये रागमार्ग श्रेयस्कर है।" इस प्रकार प्रेममार्ग में सांसारिक राग को भगवच्चिंतन का माध्यम बनाया जाता है जिससे कि राग ही प्रेमरस के रूप में परिणत हो

---

१. इसके लिये विशेष रूप से कल्याण के शिवांक में महामहोपाध्याय डा० गोपीनाथ जी कविराज का लेख दृष्टव्य है।

२. "ग्लीनिंग्स फ्राम दि तंत्राज" की भूमिका दृष्टव्य।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

जाता है। श्री निंबार्क संप्रदाय के भक्त कवि जयदेव ने इसी भाव में गीतगोविंद का गान किया है।[१]

धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष चार पुरुषार्थों में आस्तिक की दृष्टि में धर्म ही अन्य पुरुषार्थों की जड़ है तथा मोक्ष अंतिम पुरुषार्थ है। उसी की प्राप्ति के लिये अन्य तीनों पुरुषार्थों का संचयन किया जाता है। धर्म, अर्थ और काम ही सत्यं शिवं और सुन्दरं हैं। सत्य की भित्ति पर ही शिव और सुन्दर की स्थिति है। इन तीनों की सविध कृति से ही मोक्ष की प्राप्ति होती है। आर्थिक सुख की उपलब्धि के लिये धार्मिक सदाचरण की आवश्यकता है। अपने कर्त्तव्य कर्मों का पालन ही धर्म है। काम्य सुख की उपलब्धि भी धर्म पर ही आधारित है। सृष्टि के ईश्वरीय विधान के संचालन के लिये ही काम्य कर्मों का पालन धर्म है। यही ब्रह्मसुख को प्राप्त करने की प्रथम सीढ़ी है, इसीलिये इसे गृहस्थाश्रम में ब्रह्मचर्य कहा गया है।[२] धर्म बीज है तो मोक्ष फल है। अर्थ वृक्ष है तो काम पुष्प है। काम रूपी पुष्प से ही मोक्ष रूपी धर्म के फल का उदय होता है ऐसा ही मनीषी ऋषियों ने शास्त्रों में निर्णय किया है।[३] धर्म, अर्थ और काम का सदुपयोग सुखदायक है तथा दुरुपयोग दुःखदायी है। धर्म का फल मोक्ष है, उसकी सार्थकता अर्थ प्राप्ति में नहीं है। अर्थ केवल धर्म के लिये है भोग विलास उसका फल नहीं है।[४] भोग विलास का तात्पर्य इंद्रियों को तृप्त करना नहीं है, उसका प्रयोजन केवल जीवन निर्वाह है। जीवन का फल तत्त्व जिज्ञासा है, स्वर्गादि प्राप्त करना उसका फल नहीं है।[५] इस

---

१. यदिहरिस्मरणं सरसं मनो, यदि विलासकलासुकुतूहलम्।
मधुर कोमल कांतपदावली, श्रृणु तदा जयदेव सरस्वतीम्॥
गीत गोविंद

२. ऋतावृतौ स्वदारेषु संगतिर्याविधानतः।
ब्रह्मचर्यतदैवोक्तं गृहस्थाश्रमवासिनाम्॥ याग्यवल्क्य स्मृति.

३. धर्मादर्थोऽर्थतः कामः कामाद्धर्म फलोदयः।
इत्येवं निर्णयं शास्त्रे, प्रवदंति विपश्चितः॥ पद्म पुराण

४. धर्मस्य ह्यापवर्गस्य नार्थोऽर्थायोपकल्पते।
नार्थस्य धर्मैकांतस्य कामो लाभाय हि स्मृतः॥ भागवत १।२।९

५. कामस्य नेन्द्रिय प्रीतिर्लाभो जीवेत यावता।
जीवस्य तत्त्व जिज्ञासा नार्थो यश्चेहकर्मभिः॥ भागवत १।२।१०॥

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

प्रकार धर्म को अर्थ से, काम को मोक्ष से संलग्न कर देने से जीवन में सुखानुभूति होती है। इंद्रियों के उपभोग में संलग्न वृत्ति को काम कहते हैं। उस काम का आत्मा के उपभोग में लग जाना ही हित है। उसी में पूर्णकाम का सुख मिलता है। इसी प्रकार सांसारिक पदार्थों के उपभोग में संलग्न वृत्ति को लोभ कहते हैं। उस लोभ का प्राणिमात्र की सेवा के भोग में लग जाना ही हित है।[२] उसी में पूर्ण काम का आभास मिलता है। पहिला भक्तियोग है, दूसरा कर्मयोग है। काम और लोभ इन दोनों की पूर्त्ति न होने पर मन में क्रोध का जन्म होता है और फिर उससे नाश की परंपरा चालू हो जाती है।[३] इसीलिये इन तीनों को नर्क का द्वार कहा गया है और इन्हें त्यागने की सलाह दी गई।[४] आत्मा के पतन के ये तीनों प्रधान द्वार हैं। श्री निंबार्क के मत में इन तीनों को परमात्मा के बहुल सुख में निमग्न कर देना ही आत्मोद्धार की साधना है। नास्तिक चार्वाक मत में अंगनालिंगन जन्य काम सुख को पुरुषार्थ कहा गया है, श्री निंबार्क के मत में इस सुख को प्रियावत भाव से परमात्मा के शाश्वत सुख से संयोग कर देना ही पुरुषार्थ है। यही काम की पूर्ण कामता है। लोभ को त्याग करना कठिन है परंतु मित्रवत भाव को दृढ़तापूर्वक पालन करने से लोभ की प्रवृत्ति शांत हो जावेगी। इसी प्रकार क्रोध की प्रवृत्ति भी अजेय है। अपने में दैन्य वृत्ति को प्रकट कर दास्यवत भाव की भावना करने से क्रोध की वृत्ति शांत हो सकती है। सांसारिक जीवन में दास्य या सख्य भाव में अहं (मैं) और मम (मेरा) का रोड़ा अटक जाता है, इसलिये परमात्मा के प्रति इन भावों का अभ्यास करना चाहिए उस अभ्यास की पुष्टि से सांसारिक व्यवहार में स्वतः ही सख्य और दास्यभाव हो जावेगा यही श्री निंबार्क जी का मत है। यही श्री निंबार्क का प्रवृत्ति मार्गीय भागवत धर्म है है निवृत्ति या त्याग नहीं है। ज्ञानमार्गीय की दृष्टि में जो त्याज्य है, प्रेममार्गी की दृष्टि में उसको परमात्मा से युक्त कर देना ही हित या श्रेय है।

---

२. "सर्वभूत हिते रतः"

३. संगात् संजायते कामः कामात् क्रोधोभिजायते,
क्रोधाद् भवति संमोहः, संमोहाद् स्मृति विभ्रमः,
स्मृति भ्रंशाद् बुद्धि नाशो, बुद्धिनाशात् प्रणश्यति।

४. त्रिविधंनरकस्येबं द्वारंनाशनमात्मनः।
कामः क्रोधस्तथालोभस्तस्मादेतत् त्रयंत्यजेत्॥

गीता० २।६२—६३॥१६।२१॥

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

श्री निंबार्काचार्य जी के मत में औपाधिक ब्रह्म भूमा है, जीव अहंकार है, निरुपाधिक चिन्मात्र ब्रह्म परमात्मा है। अविद्या प्रतिबिम्ब रूप जीव के आश्रित अविद्या, काम। कर्म के अनुसार इस लोक और परलोक कहीं भी न रुकने वाला अहंकार ही अनिरुद्ध है। अर्थात् अज्ञान और मोह से आबद्ध जीव ही अहंकार कहलाता है। इसकी प्रवृत्ति विषयोपभोग की ओर ही होती है। यही कर्म के बन्धन और मोक्ष तथा सुख और दुःख का अनुभव करता है।[१] इस अहं को भूमा में मग्न कर देने से तन्मयता होती है फिर प्रेम के उद्रेक में संपूर्ण विश्व भूमा ब्रह्म रूप ही दीखता है। प्रेमी साधक न दूसरे को देखता है, न दूसरे को देखता है, न दूसरे को सुनता है, न दूसरे को जानता है।[२] उसी भूमा में स्व-पर-विस्मृति से वह अपने आपको ही भगवान समझने लगता है। उसी को देखता, सुनता, बोलता और सोचता है।[3] जैसे कि गोपियाँ कृष्ण प्रेमोन्माद में विह्वल होकर अपने आपको कृष्ण समझने लगी थीं।[४] तन्मयता में उन्हें स्व की स्मृति न रही।[५] अद्वैत भाव हो जाने के कारण अपने हृदय की बात को वह कहने में असमर्थ हो गईं। बाह्य और आभ्यंतर दोनों में हरि ही हरि की अनुभूति होने लगी।[६] इस स्थिति में साधक को क्रमशः ऐसी अनुभूति होती है कि "ऊपर नीचे वही है, ऊपर नीचे सब जगह मैं हूँ, ऊपर नीचे सब आत्मा है। सारा विश्व वह है, मैं ही सारे विश्व में हूँ, आत्मा ही विश्व में सब कुछ है।"[७]

---

१. अहमित्येव योवेद्यः स जीव इति कीर्त्तितः।
स दुःखी स सुखी चैव स पात्रं बंध मोक्षयोः॥

२. "यत्र नान्यत् पश्यति, नान्यच्छृणोति, नान्यत् विजानाति"—
छां० उप०

३. तत्प्राप्य तदेवावलोकयति, तदेव शृणोति,
तदेव भाषयति तदेव चिन्तयति'—नारद भक्ति सूत्र ५५।

४. "असावहं त्वित्यबलास्तदात्मिका न्यवेदिषुः कृष्ण विहार विभ्रमाः"
भागवत १०।३०।३॥

५. "केवल तन्मय भईं कछु न जानैं हमको हैं।" रास पंचाध्याय-नंददास
"अपनी हू सुधि ना रही रह्यो एक नंदलाल।" ,, ,,

६. "को कासे केहि विधि कहा कहै हृदय की बात" ,, ,,
"हरि हेरत हिय हरि गयो, हरि सर्वत्र लखात" ,, ,,

७. "स एवाधस्तादहमेवाधस्तादात्मैवाधस्तात्"
"स एवेदं सर्वम्, अहमेवेदं सर्वम् आत्मैवेदं सर्वम्'

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भूमा साधना में मन की वृत्तियों को अंतर्मुखी करके मन में ही ज्ञान आत्मा अर्थात् अहमर्थ (मैं) का चिंतन करना चाहिये। "जानाति इति ज्ञानम्" इस व्युत्पत्ति से ज्ञान का जानने वाला अहं (मैं) होता है। इस अहं को भी सूक्ष्म अहं अर्थात् अस्मिता में लय करना चाहिये। मैं कर्त्ता, मैं भोक्ता, मैं सुखी दुःखी, यह मैं का स्थूल रूप है। अस्मि (केवल हूँ) यह मैं का सूक्ष्म रूप हैं, यही महान् जीवात्मा है। इस अस्मिता को भी शुद्ध, बुद्ध, नित्य, मुक्त भासक आत्मा में लीन कर देना चाहिये, तब मैं भी समाप्त हो जावेगा। जीव भी तद्वत अर्थात् परमात्मा के समान हो जाता है। यही तथ्य कठोपनिषद १।३।१३ में कहा गया है—

यच्छेद्वाङ्मनसी प्राज्ञस्तद्यच्छेज्ज्ञानमात्मनि।
ज्ञानमात्मनि महति नियच्छेत्तद्यच्छेच्छांत आत्मनि ॥

अहं, अस्मि और इन दोनों से रहित, सब जीवात्मा का ही रूप है। परंतु जीव की एक बद्धावस्था है दूसरी मुक्तावस्था है।[1]

महा विक्षेप काल (सांसारिक बद्धावस्था) में भी सब कुछ भगवान ही है, इस बुद्धि से शांति मिलती है।

"सर्वं खल्विदं ब्रह्म तज्जलानितिशांत उपासीत्।"[2]

अर्थात् जैसे तरंग, लहर, बुद्बुद् आदि जल राशि से उत्पन्न उसी में स्थित और उसी में लीन होते हैं अतः जल स्वरूप ही हैं, वैसे ही दृश्य अदृश्य जगत स्व प्रकाश, सतस्वरूप ब्रह्म से ही उत्पन्न उन्हीं में स्थित हैं और उसी में लीन होता है, सब कुछ भगवान ही हैं। ऐसी भावना आते ही राग द्वेष, वैमनस्य, उद्वेग आदि मिटकर ध्रुव शांति मिलती है। मनोमय भूमा स्वरूप परमात्मा

---

१. अविद्योपाधिक (वासनाबद्ध) जीव को "स्थूलारुन्धती न्याय" से अहंकार शब्द से संबोधित किया जाता है। जैसे कि अरुन्धती तारा के निकट रहने वाले स्थूल तारा को ही प्रथम दिखलाया जाता है फिर दृष्टि जम जाने पर उसके निकटवर्ती अरुन्धती को दिखलाया जाता है। वैसे ही अहंकार शब्द से बद्धजीव के स्वरूप को दिखलाकर शुद्ध चैतन्य अहंकाराश्रय जीव को समझाया जाता है। उत्तरार्ध पृष्ठ ९० और ९१ तथा २३७ पृष्ठ द्रष्टव्य।

२. छांदोग्योपनिषद् ३।१४।१।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

में मनोवृत्तियों को लीन करने से ही ऐसी भावना होती है ।[१] मनोगत सुख को जागतिक व्यवहार में आरोपित कर देने से जीव की संपूर्ण काम आदि प्रवृत्तियाँ शांत हो जाती हैं । जैसे कि नदियों के जल अचल समुद्र में जाकर पूर्ण हो जाते हैं, वैसे ही साधक के काम आदि विकार हृदयस्थ ब्रह्मसुख में जाकर पूर्ण होकर शांति प्राप्त करते हैं । काम के लिये काम की इच्छा वाले अर्थात् इंद्रियोपभोग के लिए कामुक व्यक्ति को शांति नहीं मिलती ।[२] जिनकी संपूर्ण वृत्तियाँ परमात्मा के भूमा सुख में लीन हो जाती हैं, फिर उनकी वृत्तियाँ संसार की ओर लौट कर नहीं जातीं, जैसे कि भुने या उबले हुए बीज में अंकुर नहीं होता ।[३] यह जीव की ब्राह्मी स्थिति है, इस स्थिति में मोह होता ही नहीं। इस स्थिति में निरंतर स्थित रहने से मरने के बाद मोक्ष प्राप्त होता है ।[४] भगवान की लीला का निरंतर चिंतन करने से ही नित्य ब्राह्मी स्थिति रहती है । इस तथ्य को "उपासनीयं नितरां जनैः सदा"[५] इस वाक्य में श्री निंबार्काचार्य जी ने व्यक्त किया है । हृदयस्थ वृन्दावन में प्रिया प्रियतम और प्रेम इन तीनों की एकत्र समवेत स्थिति का चिंतन ही उपासना है । इस स्थिति में अखिल माधुर्य मूर्ति अखंड रस स्वरूप परमात्मा की अनवरत लीला चलती रहती है । इस स्थिति की चरमावस्था में साधक, साध्य और साधना इन तीनों का भेद मिट जाता है केवल प्रेम ही प्रेम रह जाता है । साधक नित्य दास या नित्य कान्ताभाव से उस अखंड प्रेम रस का आस्वादन कर आनंदित

---

१. इस तथ्य को उत्तरार्ध पृष्ठ १६ में देखें ।

२. आपूर्यमाणमचल प्रतिष्ठं समुद्रमापः प्रविशंति यद्वत् ।
तद्वत्कामा यं प्रविशंति सर्वे स शांतिमाप्नोति न काम कामी ।।
गीता २।७०।।

३. न मय्यावेशितधियों कामः कामाय कल्पते ।
भर्जिता क्वथिता धाना प्रायो बीजाय नेष्यते ।।
—भागवत १०।२२।२६।।

४. एषा ब्राह्मी स्थितिः पार्थ नैनां प्राप्य विमुह्यति ।
स्थित्वास्यामंत कालेऽपि ब्रह्म निर्वाण मृच्छति ।। गीता २।७२।।

५. नारद भक्ति सूत्र ७७ में भी इसी तथ्य को कहा है—
"सुख दुःखेच्छा लाभादि त्यक्ते काले प्रतीक्ष्यमाणे क्षणार्धमपि व्यर्थं न नेयम्"

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

रहता है।[१] स्वामी हरिदास जी एवं हित हरिवंश जी के शब्दों में यह हृदयस्थ नित्य वृन्दावन निधिवन और सेवाकुंज हैं, जहाँ निरंतर नित्य विहार चलता रहता है—

(१) निधिवन सुख की खानि है शोभा परम अपार।
काम केलि बरषत रहैं, निरवधि नित्य विहार॥

(२) चंद मिटैं दिनकर मिटैं मिटैं त्रिगुण विस्तार।
दृढ़व्रत श्री हरिवंश को मिटै न नित्य विहार॥

स्वामी हरिदास जी एवं हरिवंश जी की नित्य विहार की भावना भगवान निंबार्काचार्य जी के नितरां और सदा पद का द्योतन करती है। श्री निंबार्क संप्रदाय में विहारी जी की उपासना इसीलिए होती है।[२] राधावल्लभ और राधारमण की युगुल मूर्त्ति का रहस्य भी नित्य विहार का ही है।[3] इस नित्य विहार का चिंतन ही परमात्मा का हितचिंतन है। हितचिंतन में हितैषी परमात्मा के साहचर्य से क्षणमात्र भी वियोग न हो यही साधक की साधना होती है। साहचर्य ही उसका ब्रह्मचर्य है। साधक स्वर्ग, ब्रह्मलोक, भूलोक, रसातल आदि के राज्य अथवा सिद्धियों की कामना नहीं करता यहाँ तक कि उसे मोक्ष की भी कामना नहीं रहती।[४] ऐसे अनन्य प्रेमी को करुणा वरुणालय हितैषी प्रभू स्वर्ग आदि के ऐश्वर्य देते भी नहीं, क्योंकि ऐश्वर्य से तो द्वेष, उद्वेग, आधि (मानसिक पीड़ा) अभिमान कलह, दुःख और परिश्रम ही प्राप्त होते हैं। यदि प्रेमी साधक कभी धर्म, अर्थ और काम आदि को प्राप्त करने की चेष्टा करता भी है तो उसको वे हितैषी प्रभु भंग कर दिया करते हैं। भक्त इससे परमात्मा की अत्यन्त कृपा का अनुमान लगा लेता है। सामान्य सांसारिक

---

१. त्रिरूप भंगपूर्वकं नित्यदास नित्य कांता भजनात्मकं वा प्रेमैव कार्यम् प्रेमैव कार्यम्— नारद भक्ति सूत्र ६६।

२. भारतवर्ष के सभी निंबार्कीय उपासना स्थलों पर श्री बिहारी जी की उपासना होती है।

३. श्री राधारमण जी के उपासकों में भी नित्य वृन्दावन के नित्य विहार की उक्ति प्रसिद्ध है—"श्री राधारमण भट्ट गोपाल, श्री वृन्दावन नित्य विहार।"

४. न नाक पृष्ठं न च पारमेष्ठ्यं न सार्वभौमं न रसाधिपत्यम्।
न योगसिद्धिर्न पुनर्भवं वा समंजस्य त्वां विरहय्य कांक्षे॥
भाग० ६।११।२५

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

एषणाओं के भूखे प्राणी तो इस महती कृपा का अनुभव कर ही नहीं सकते।[१] हितैषी प्रभु तो अपने प्रेमियों को प्रेममय ही देखना चाते हैं। प्रेम के साम्राज्य में नेम रह भी नहीं सकता। जिसने हित प्रेम का रसास्वादन कर लिया है वह सांसारिक एषणाओं की वाञ्छा नहीं करता अतएव शोक रहित रहता है, किसी सांसारिक वस्तु में उसकी आसक्ति नहीं रहती, इसलिये उन वस्तुओं की प्राप्ति के लिए उसे उत्साह नहीं होता।[२]

भक्त वत्सल सदा यही चाहते हैं कि उनका भक्त समान हृदय एवं शोभन हृदय वाला हो तथा विद्वेष रहित होकर एक दूसरे का उपकारक बन जावे। उनकी यह वत्सलता गौ के समान होती है जैसे कि वह अपने वत्स से प्रेम करती और हित चाहती है।[३] भक्त भी प्रभु की इस वत्सलता और हितत-त्व की निरन्तर कामना करता है और मन को उसी में मग्न कर देना चाहता है।[४]

श्री निंबार्काचार्य जी के मत से यह जीवात्मा की मुक्ति की प्राथमिक अवस्था है जिसे वेदांत की भाषा में क्रममुक्ति कहते हैं। इस अवस्था में जीवात्मा के संचित और क्रियमाण दोनों प्रकार के कर्मों के बंधन छूट जाते हैं। केवल प्रारब्ध कर्मों का भोग शरीर के नष्ट होने तक रह जाता है, उसके मुक्त होने में तभी तक का विलंब रहता है जब तक कि शरीर पात नहीं होता।[५]

---

१. पुंसां किलैकांतधियां स्वकानां याः संपदोदिवि भूमौ रसायाम्।
न राति यद् द्वेष उद्वेग आधिर्मदः कलिर्व्यसनं संप्रयासः॥
त्रैवर्गिकायास विघातमस्मत् पतिर्विधत्ते पुरुषस्य शक्र।
ततोऽनुमेयो भगवत्प्रसादो योदुर्लभोऽकिंचनगोचरोऽन्यैः॥
भागवत—६।११।२२—२३॥

२. यत्प्राप्य न किंचिद् वाञ्छति न शोचति न द्वेष्टि न रमते नोत्साही भवति"—नारद भक्ति सूत्र ५

३. सहृदयं सौमनस्यमविद्वेषम् कृणोमि वः।
अन्यो अन्यमभिहर्यंत वत्सं जातमिवाघ्न्या॥ अथर्ववेद ३।१०।१॥

४. अजातपक्षा इव मातरं खगाः स्तन्यं यथा वत्सतराः क्षुधार्त्ताः।
प्रियं प्रियेव व्युषितं विषण्णाः मनोऽरविंदाक्ष दिदृक्षते त्वाम्॥
भा० ६।११।२६॥

५. "तस्य तावदेव चिरं यावन्नविमोक्षेऽथ संपत्स्ये"—छांदो० ६।१४।२॥

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

शरीरांत होने पर जीवात्मा स्वतंत्र हो जाता है।[1] उसका सूक्ष्म शरीर जो कि प्रभु के गोलोक धाम तक के लिये रहता है, वहाँ पहुँचने पर उसकी भी समाप्ति हो जाती है, फिर वह सदा के लिये पाप और पुण्य के बंधन से मुक्त हो जाता है।[2] परमात्मा के साहचर्य से मुक्तात्मा की सामर्थ्य में वृद्धि हो जाती है और वह अपने को अनन्त रूपों से प्रकट कर सकता है।[3] मुक्तात्मा का ऐश्वर्य सांसारिक ऐश्वर्य से भिन्न निराला ही होता है।[4]

मुक्तात्मा गोलोक धाम में परमात्मा के साथ सभी कामनाओं को प्राप्त करता है।[5] परमात्मा के समान ज्योतिष्मान रूप को प्राप्त कर जीवात्मा पुनः इस जगत के बंधन में नहीं पड़ता।[6]

भगवान श्री निंबार्काचार्य जी के प्रतिपाद्य मोक्ष सिद्धांत में निरंतर हृदयस्थ वृन्दावन की उपासना ही रसोपासना है, यही जीवन का सार है। भगवती श्री राधिका और सच्चिदानंदघन परमात्मा श्री कृष्ण की कथाओं का निरंतर गान, स्मरण और ध्यान ही जीवन का बहुल भूमा सुख है। यही सुखी जीवन का हित है। परम हितैषी प्रभु के कृपा पात्र सांसारिक बद्ध जीवों के हितचिंतक भगवान श्री निंबार्क ने हितमय प्रेमरस को पिलाकर संसार का बड़ा हित किया है जिसको पानकर उनके चरणरज के उपासक भक्त भी साक्षात् हित रूप हो गये और उन्होंने जीवन पर्यन्त हित लीला का ही सदा गान किया—

सदा गेयं गायं मधुरतर राधा प्रिय यशः।
सदा सांद्रानंदानवरसद राधापति कथाः॥

---

१. "स स्वराड् भवति"—छांदो० ७।२५।२॥

२. "अशरीरं वाव संतं न प्रियाप्रिये स्पृशत"—छांदो० ८।१२।२॥

३. "स चानंत्याय कल्पते"—छांदो० ७।२६।२॥

४—"जगत व्यापार वर्ज्यमुक्तैश्वर्यम्।"

उत्तरार्ध पृष्ठ २०६ से २१५ तक देखें।

५. "सोऽश्नुते सर्वान् कामान् सह ब्रह्मणा विपश्चिता"—

तैत्तरीयो० ब्रह्मा० १ अनुवाक

६. "एतेन प्रतिपद्यमाना इमं मानवं आवर्त्तं नावर्त्तन्ते"—

बृहदा० ६।२।१५॥

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सदा स्थायं स्थायं नव निभृत राधा रतिवने।
सदा ध्यायं ध्यायं विवश हृदि राधापद सुधाः ।।[१]

हंस संप्रदाय की परंपरित "उपासनीयं नितरांजनैः सदा" इस भावमय उक्ति का संपूर्ण रहस्य हित के इस गान में निहित है। समस्त वैष्णव समाज ने सदा समवेत स्वर से हित के गान में अपना स्वर मिलाकर अपना हित सम्पादन किया है।

भगवान श्री निंबार्काचार्य जी के वेदांत सिद्धांत का यही रहस्य है। इसी की सुरभि "वेदांत पारिजात सौरभ" में है।

---

१. मैं विवश हृदय होकर परमाराध्या भगवती श्री राधा के मधुरतर प्रिय यश तथा सांद्रानंद धन रस स्वरूप, सदा प्रेमी भक्तों को रस से आनंदित करने वाले राधा के हितैषी की कथा का गान, निकुंज लीला का दर्शन और राधा के चरणामृत का ध्यान और पान सदा करूँ" [यही मेरी वाञ्छा है] राधा सुधानिधि १५३. हित हरिवंश।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

निंबार्क वेदांत

[उत्तरार्ध]

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वेदांत पारिजात सौरभ

वेदांत का तात्पर्य उपनिषदों से है क्योंकि वेदों के प्रतिपाद्य अंतिम सार तत्त्व परमात्मा का विवेचन इनमें किया गया है। जीवात्मा को परमात्मभाव की प्राप्ति कराना ही इनका प्रतिपाद्य विषय है।[1] इसीलिए इन्हें ब्रह्मविद्या कहा गया है। वेद (ज्ञान) का अंतिम फल मोक्ष है। मानव जीवन का अंतिम पुरुषार्थ भी मोक्ष ही है जो कि जीवन का सार है। उसको प्राप्त करने का गूढ़तम रहस्य[2] इन उपनिषदों में ब्रह्मविद्या के रूप में निहित है, अतएव वेदांत जीवात्मा और परमात्मा के सम्बन्ध का प्रकाशक, चरम सिद्धांत दर्शन है।

पारिजात वह दिव्य वृक्ष है जिसके तल में बैठकर अभीष्ट अलभ्य वस्तुएँ प्राप्त की जा सकती हैं। मानव देवत्व प्राप्त कराने वाला अमृत रस इस वृक्ष से क्षरित होता है, अतएव यह देवदारु है। मानव के यथा कल्पित सुखों और ऐश्वर्यों की प्राप्ति इस दिव्य वृक्ष से हो सकती है, सम्भवतः इसीलिए इसे कल्पवृक्ष कहा गया अथवा इसके सार रस सुधा का पान कर मानव जीवन का कल्प होकर अमरत्व प्राप्ति होती है।

मानव का शरीर ऐसा क्षेत्र है जिसमें वपन किए गए संस्कार रूप बीजों का फल उसके अनुरूप यथा समय प्रकट होता है। इस रहस्य को जो जानता है वही इस मानव जीवन का यथार्थ ज्ञाता है।[3] सभी शरीरों में परमात्मा का अंश सुबुद्ध जीवात्मा ही इस रहस्य का ज्ञाता है।[4]

---

१. "उप निषद्यते प्राप्यते ब्रह्मात्मभावोऽनया इत्युपनिषद्"
[जो ब्रह्मात्म भाव रूप मोक्ष को प्राप्त करावे वह उपनिषद है]

२. "धर्मेरहस्युपनिषद् स्यात्"— अमर कोश
[धर्म का रहस्य मोक्ष का प्रतिपादन ही उपनिषद है]

३. इदं शरीरं कौन्तेय क्षेत्रमित्यभिधीयते ।
एतद्यो वेत्तितं प्राहुः क्षेत्रज्ञ इति तद्विदः ।। गीता १३।१।।

४. क्षेत्रज्ञं चापिमां विद्धि सर्वक्षेत्रेषु भारत । गीता १३।२।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

यह शारीरक रहस्य जो कि उपनिषदों में प्रकाशित किया गया है, वही ब्रह्मसूत्र के पदों में युक्ति युक्त ढङ्ग से व्याख्यात् है।[1] इस प्रकार वेदांत पारिजात वृक्ष का रस ब्रह्मसूत्र के पदों में पराग रूप से विकसित हुआ है। ऐसा भगवान श्री निंबार्काचार्य जी का मत है। शब्द से जैसे अर्थ की अभिन्नता होती है।[2] पराग से सुरभि की भी वैसी ही अभिन्नता है। श्री निंबार्काचार्य जी ने भी वैसी ही अभिन्नता अपने ब्रह्मसूत्र के वाक्यार्थ में प्रतिपादित की है इसलिए वे अपने वाक्यार्थ को वेदांत पारिजात सौरभ कहते हैं।

पृथवी आदि पाँच महाभूत, अहंकार, बुद्धि, त्रिगुणमयी अव्यक्त प्रकृति, दस इंद्रियाँ, मन, पाँच ज्ञानेन्द्रियों के शब्द स्पर्श आदि विषय, इच्छा, द्वेष, सुख, दुःख, शरीर, चेतना, धृति, आदि विकारों से युक्त शारीरिक जीवात्मा है, इसी का विवेचन ब्रह्मसूत्र का वर्ण्य विषय है। जीवात्मा की निर्विकार स्थिति कैसे हो उसके लिए परमात्मचिंतन का विधान तथा जीवात्मा परमात्मा का सम्बन्ध और माया एवं जगत के स्वरूप का विचार इन सूत्रों में किया गया है।

ब्रह्मसूत्र ब्रह्मविद्या का प्रकाशक ग्रंथ है, उपनिषदों में जो ब्रह्मविद्या निहित है, उसी को समन्वित कर ब्रह्मसूत्र में प्रकाशित किया गया है। समन्वय में किसी भी मत मतांतरों से विरुद्धता नहीं है। सारे ही मत किसी न किसी प्रकारांतर से ब्रह्मविद्या की ही साधना करते हैं। ग्रंथकार की दृष्टि में अन्य मतों की जो चूक है वह ब्रह्मतत्त्व को न मानना ही है। साधना प्रणाली सभी मतों की प्रायः समान है। साध्य तत्त्व में ही सांख्य आदि मत भटक गये हैं। ब्रह्मसूत्र उनकी भूल को युक्तिपूर्ण ढंग से निराकरण करते हुए उपनिषदों के प्रतिपाद्य ब्रह्मतत्त्व की स्थापना करते हैं। सांख्य, योग, न्याय, वैशेषिक, मीमांसा, जैन बौद्ध आदि दर्शन उपनिषदों की प्रतिपाद्य साधना प्रणाली को ही अपनाते हैं" परंतु ब्रह्मविद्या की उपासना में इन सबका विश्वास नहीं है। इसीलिये ये मत अपने को कार्यान्वित नहीं कर पाये। ब्रह्मसूत्र ने ब्रह्मविद्या की उपासना का सूत्रपात किया। अतः बाद में इन मतों में भी क्रियात्मक रूप से उपासना का प्रवेश हो गया, अतः आज किसी न किसी रूप में जन साधारण में इनका अस्तित्व है।

---

१. ऋषिभिर्बहुधा गीतं छंदोभिर्विविधैः प्रथक्।
ब्रह्मसूत्र पदैश्चैव हेतुमद्भिर्विनिश्चितैः ॥ गीता १३।४॥
इसीलिए ब्रह्मसूत्र को शारीरिक मीमांसा दर्शन कहा जाता है।

२. "वागर्थाविव संपृक्तौ"—रघुवंश १।१। कालिदास

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सैद्धांतिक अस्तित्व से जन साधारण का कोई लाभ नहीं होता, अतः वे सिद्धांत पुस्तकों के ही विषय रह जाते हैं। सिद्धांत की व्यावहारिकता उपासना ही में होती है, इसलिये ब्रह्मसूत्र की प्रतिपाद्य उपासना पद्धति सभी मतों को स्वीकार्य हुई।

फल की जिज्ञासा एक स्वाभाविक प्रवृत्ति है। वेदांत परिजात वृक्ष का फल ब्रह्मभाव की प्राप्ति ही है, इसलिए ब्रह्मसूत्र के आदि में ही उस फल की "अथातो ब्रह्मजिज्ञासा" की गई। फल की उत्पत्ति पुष्प से ही होती है अतः उपासना ही वह पुष्प है, जिसे ब्रह्मसूत्र के साधनाध्याय में कहा गया। इस साधना से ही ब्रह्मात्मभाव रूप मुक्ति की प्राप्ति होती है। ब्रह्मसूत्र के फलाध्याय में इसी का विवेचन है।

परिजात वृक्ष का वीज वेद है, तना और पल्लव उपनिषद हैं, भगवद्गीता पुष्पस्तवक है तथा ब्रह्मसूत्र पराग है, श्री निंबार्काचार्य जी का भक्ति सिद्धांत संपूर्ण वृक्ष में व्याप्त सौरभ है। इस सौरभ के लोलुप भ्रमर परवर्ती आचार्य महानुभाव हैं। भक्ति सौरभ का फल ही भागवत है, जो कि ब्रह्म की वाङ्मयी मूर्त्ति है। इसीलिये इसे "निगम कल्पतरोर्गलितं फलं" कहा गया है। सभी वेदांतियों और भक्तों के ये ही उपजीव्य ग्रंथ हैं।

इस पारिजात वृक्ष को स्वयं परब्रह्म परमात्मा भगवान श्री कृष्णचंद्र अपनी अर्द्धाङ्गिनी सत्यभामा के लिए दिव्य लोक से पृथिवी पर लाये थे। सत्यभामा को शास्त्रों में ब्रह्म की भू शक्ति कहा गया है। भू (पृथिवी) की शक्ति उपासना है जो कि एकमात्र सत्य पदार्थ है, इसलिये वह सत्यभामा है। सत्यभामा को साथ लेकर श्री कृष्ण ने भौमासुर का दमन कर सहस्रों कन्याओं का उद्धार किया फिर जाकर स्वर्ग से पारिजात लाये। भौमासुर पृथिवी का पुत्र है। पार्थिव स्थूल पदार्थों में आसक्ति भाव ही भौमासुर है। आसक्ति ही नरक का प्रधान द्वार है, इसलिये भौमासुर को नरकासुर भी कहा गया। आसक्ति के वशीभूत होने से शरीर की सहस्रों नाड़ियों की प्रवृत्तियाँ विकारयुक्त हो जाती हैं। सत्य ब्रह्मविद्या की उपासना द्वारा आसक्ति का दमन कर शरीर को विकार रहित करना ही सुखी जीवन का सुलभ मार्ग है। भौमासुर का दमन कर राज कन्याओं के उद्धार का यही रहस्य है। उपनिषदों की दिव्य उपासना को पृथिवी पर पारिजात वृक्ष रूप से सर्व प्रथम भगवान कृष्ण ने ही प्रकट किया और पार्थिव (पृथिवी आदि पंचभूतों से रचित शरीर वाले जीव) अर्जुन को उसका उपदेश दिया। भौमासुर का उद्धार सुदर्शन द्वारा ही किया गया।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भू (पृथिवी) पर सत्यस्वरूप रसमयी भूमा विद्या की पार्थिव शरीर से ही उपासना करके शरीरांत होने पर दिव्य लोक में अखंड देदीप्यमती श्री शक्ति प्राप्त की जा सकती है। वही ब्रह्मात्मभाव की प्राप्ति है, इसी को स्वरूप प्राप्ति भी कहा गया है। परमात्मा की गुणशक्ति (भूमाशक्ति) की प्रतीक सत्यभामा तथा स्वरूपशक्ति (श्रीशक्ति) की प्रतीक रुक्मिणी हैं। इन दोनों से युक्त पराशक्ति प्रेममयी भगवती श्री राधा हैं। उन्हीं की उपासनारसोपासना है। वही भूमा विद्या के बहुल सुख की आश्रय हैं। इसे ही श्री निंबार्काचार्य जी के गुरु देवर्षि नारद ने हंस सनकादि परंपरा से प्राप्त कर श्री निंबार्काचार्य जी को उपदेश दिया। इसी रहस्य को वेदांत पारिजात में सौरभ रूप से प्रकाशित कर आचार्य चरण ने सांसारिक जीवों का हित संपादन किया है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

प्रथम अध्याय

प्रथम पाद

श्री वेदान्त पारिजात सौरभ

ब्रह्मसूत्र

अधिकरण १

सू०—अथातो ब्रह्म जिज्ञासा ।१।१।१।।

वाक्यार्थ—अथाधीत षडंगवेदेन कर्मफलक्षयाक्षयत्व विषयक विवेक प्रकारक वाक्यार्थ जन्य संशयाविष्टेन तत एव जिज्ञासित धर्म मीमांसा शास्त्रेण तन्निश्चित कर्म तत्प्रकार तत्फल विषयक ज्ञानवता कर्मब्रह्म फलं सांतत्व सातिशयत्व निरतिशयत्व विषयक व्यवसाय जातनिर्वेदेन भगवत्प्रसादेप्सुना तद्दर्शनेच्छा लम्पटेनाचार्यैकदेवेन श्री गुरुभक्त्येकहार्देन मुमुक्षुणाऽनंताचिंत्य स्वाभाविक स्वरूप गुण शक्त्यादिभिर्वृहत्तमो यो रमाकांतः पुरुषोत्तमो ब्रह्मशब्दाभिधेयस्तदविषयिका जिज्ञासा सततं संपादनीयेत्युपक्रम वाक्यार्थः ।

भावार्थ—वेद एवं वेद के छः अंगों[1] के पढ़ने के बाद, कर्म का फल नाशवान है अथवा अक्षय ऐसा संशय होता है, तब धर्म की जिज्ञासा और

---

१. शिक्षा, छंद, निरुक्त, व्याकरण, ज्योतिष और कल्प छः वेदांग हैं ।

(१) शिक्षा—इस शास्त्र की सहायता से वेदों के उच्चारण का ज्ञान होता है । याग्यवल्क्य शिक्षा यजुर्वेद की, नारद शिक्षा सामवेद की, पाणिनीय शिक्षा ऋग्वेद की है ।

(२) छंद—वेद छंदमय है । शौनक रचित प्रातिशाख्य के अंत में छंदों का विवेचन है । पिंगल नामक आचार्य ने सर्वप्रथम वैदिक और लौकिक छंदों की नियमबद्ध व्याख्या की है ।

(३) व्याकरण—शब्दों का उद्देश्य, अर्थ और मर्यादा का संरक्षण व्याकरण का कार्य है । ऋग्वेद से संबद्ध शौनक का तथा शुक्ल यजुर्वेदीय

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

व्याख्या करने वाले मीमांसाशास्त्र[१] को पढ़कर कर्म के फल का निश्चय होता है कि फल निश्चित अवधि में समाप्त होने वाला और नाशवान है और ब्रह्मानंद का फल अनंत है तब नाशवान कर्मफल की ओर से अनास्था होती है, तभी भगवत् कृपाकांक्षी निरंतर भगवत् सान्निध्य के लिप्सु आचार्य गुरुदेव[२] के शरणापन्न होकर मोक्ष की कामना से अनंत, अचिंत्य, स्वाभाविक स्वरूप, गुण शक्त्यादि से महान रमाकांत पुरुषोत्तम परब्रह्म भगवान श्री कृष्ण के जानने की निरंतर जिज्ञासा होती है।

कात्यायन का प्रातिशाख्य वेदों का व्याकरण है। गार्ग्य, स्फोटायन, भारद्वाज, माहेश्वर आदि के भी व्याकरण प्रसिद्ध हैं। आजकल पाणिनि रचित अष्टाध्यायी व्याकरण प्रामाणिक माना जाता है। जिस पर कात्यायन ने वार्त्तिक तथा पतंजलि ने महाभाष्य लिखा है।

(४) निरुक्त—यह शास्त्र वैदिक शब्दों की व्युत्पत्ति करता है। अति प्राचीन निघंटु नामक वैदिक शब्दकोष पर यास्क मुनि ने निरुक्तशास्त्र बनाया है।

(५) ज्योतिष—यह कालविधायकशास्त्र है जो कि यज्ञों से सम्बन्धित था। वैदिक ज्योतिष के रचयिता लगध ऋषि थे। यह ऋक् और यजुर्वेद का है, जिसमें ४३ और ३६ श्लोक हैं। इस पर सोमाकर सुधाकर की टीकायें मिलती हैं। गणित और फलित, ज्योतिष के दो विभाग हैं। इस समय तो इसका विस्तृत भंडार है।

(६) कल्प—ब्राह्मण काल में जब यज्ञों का विस्तार बढ़ा तब उन्हें सूक्ष्म करने के लिये कल्प सूत्रों की रचना की गई। श्रौत और स्मार्त्त दो भेद इन सूत्रों के मिलते हैं। श्रौतसूत्रों में यज्ञविधि का वर्णन है। स्मार्त्तसूत्र के दो भेद हैं। (i) गृह्यसूत्र (ii) धर्मसूत्र। गृह्यसूत्रों में गृहस्थाश्रम के ४२ संस्कारों और आचार धर्म का वर्णन है। इन सूत्रों का सम्बन्ध समाजशास्त्र और जातिशास्त्र (एथ्नालाजी) तथा मनोविज्ञान से भी है। धर्मसूत्रों में वर्णाश्रम धर्म के नियम और अधिकार का वर्णन है। इन्हीं के आधार पर स्मृतियों की रचना हुई जो कि सामाजिक व्यवस्था के परिचायकशास्त्र हैं।

१. मीमांसाशास्त्र के उपदेष्टा महर्षि जैमिनि हैं। इनके ग्रंथ धर्मसूत्र का प्रथमसूत्र 'अथातो धर्म जिज्ञासा' है।

२. श्रीमद्भागवत में भी इसी तथ्य का निर्णय है—

दुःखोदर्केषु कामेषु जात निर्वेद आत्मवान्।
अजिज्ञासित मद्धर्मो गुरुं मुनिमुपाव्रजेत् ॥११।१८।३८॥

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अधिकरण २

सू०—जन्माद्यस्य यतः ।१।१।२।।

वाक्यार्थ—तल्लक्षणापेक्षायां सिद्धांतमाह अस्याऽचिंत्य विचित्र संस्थान संपन्नस्यासंख्येय नामरूपादि विशेषाश्रयस्याचिंत्यरूपस्य विश्वस्य सृष्टिस्थितिलया यस्मात् सर्वज्ञाद्यनंत गुणाश्रयाद् ब्रह्मेशकालादि नियन्तुर्भगवतो भवंति तदेव पूर्वोक्तनिर्वचन विषयं ब्रह्मेति लक्षण वाक्यार्थः ।

भावार्थ—जिस ब्रह्म के जानने की जिज्ञासा पूर्व में हुई, उसके स्वरूप का निर्धारण अनुभव द्वारा करते हैं, कि इस अचिंत्य, विचित्र, असंख्येय विस्तृत, नामरूपात्मक विश्व की जिससे सृष्टि, जिसके द्वारा स्थिति और जिसमें लय होता है, वही सर्वज्ञ, अनंतगुणों का आश्रय, ब्रह्मा, शंकर और काल का नियंत्रण करनेवाला भगवान ब्रह्म है जोकि अनिर्वचनीय तत्त्व है।[1]

अधिकरण ३

सू०—शास्त्रयोनित्वात् ।१।१।३।।

वाक्यार्थ—किं प्रमाणकमित्याकांक्षायां सिद्धांतमाह—शास्त्रमेव योनिस्तद्ज्ञप्ति कारणं यस्मिंस्तदेवोक्त लक्षण लक्षितं वस्तु ब्रह्म शब्दाभिधेयम् ।

भावार्थ—ऊपर जो लक्षण परमात्मा का कहा गया वह वैसा ही है इसमें क्या प्रमाण है ? ऐसी आकांक्षा होने पर सिद्धांत बनाते हैं कि शास्त्रों में

तावत् परिचरेद्भक्तः श्रद्धावाननुसूयकः ।
यावद् ब्रह्म विजानीयान् मामेव गुरुमादृतः ।।११।१८।३९।।

संसार के दुःखों से जब निर्वेद (अनास्था) हो तब सांसारिक कामनाओं का त्यागकर अनासक्त भाव से भक्ति तत्व को जानने के लिये भगवच्चिंतन में तन्मय ब्रह्मनिष्ठ मननशील (मुनि) गुरु की शरण में जाकर श्रद्धा के साथ मद का त्यागकर नम्रभाव से आदरपूर्वक गुरु की सेवा करते हुए परमात्मतत्व को जानने के लिये सतत् चेष्टा करनी चाहिये । गुरु भगवद्रूप हैं ।

१. ज्ञानं विशुद्धं विमलं विशोकमशेषलोभादि निरस्त संगम् ।
एकं सदेकः परमः परेशः स वासुदेवो न गतोऽन्यदस्ति ।।

सनत्कुमार संहिता

विशुद्ध ज्ञानस्वरूप निर्मल, शोक लोभादि वृत्तियों से रहित परब्रह्म भगवान वासुदेव ही एकमात्र गति हैं जो कि सभी देवों के स्वामी और नियंता हैं ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

इस तथ्य का इसी प्रकार निरूपण किया गया है। वेदादि शास्त्रों द्वारा ब्रह्म की सर्वज्ञता ज्ञात होती है, अतः ऊपर जो ब्रह्म का लक्षण बतलाया वह शास्त्र सम्मत है। शास्त्र परंप्रमाण हैं, क्योंकि वह अनुभूत तत्त्व की पुष्टि करते हैं।

अधिकरण ४

सू०—तत्तु समन्वयात् ।१।१।४।।

वाक्यार्थ—ननु समस्तस्यापि वेदस्य क्रियापरत्वेन तद्भिन्न विषयकाणां वेदांतवाक्यानामप्यर्थवाद वाक्यानां तत् प्राशस्त्य प्रतिपादन द्वारा परंपरया विधिवाक्यैकवाक्यतावक्रत्वंगकर्तृ प्राशस्त्य प्रतिपादनेन विध्येक परत्वात्कथमिव शास्त्रैकप्रमाणकं ब्रह्मेति प्राप्ते राद्धान्तः तज्जिज्ञास्यं विश्वकारणं शास्त्र प्रमाणकं ब्रह्मैव न कर्मादि तत्रैव प्रतिपादकतया संपूर्णस्यापि वेदस्य समन्वयात् मुख्य वृत्याऽन्वयः।

यद्वा वेदेषु तस्यैव प्रतिपादकतया समन्वयादिति संक्षेपः। न च कर्मणि तत् समन्वयो वक्तुं शक्यः तस्य तु विविदिषोत्पादनेनैव नैराकंक्ष्यात् क्रत्वंग ब्रह्मेति तु बालभाषितम्। तस्य सर्वकर्म कर्त्रादि कारक नियंतृत्वेन स्वातंत्र्यात् तत् फलदातृत्वाच्च प्रत्युत कर्मण एव विविदिषोत्पादनेन परंपरया तत्प्राति साधनीभूतज्ञानोत्पत्युपकारकत्वेन समन्वय इति निश्चीयते। विविदिषा श्रुतेः ननु प्रत्यक्षादि प्रमाणाविषयकत्ववच्छब्द प्रमाणाविषयत्वस्यापि श्रुति-सिद्धत्वान्न शास्त्रैकप्रमेयं ब्रह्मेति प्राप्ते ब्रूमः। जिज्ञास्यं ब्रह्मशास्त्र प्रमाण-कमेव नान्य प्रमाणकम्। समस्तश्रुतीनां साक्षात्परंपरया वा तत्रैव समन्वयात्। तत्रलक्षण प्रमाणादि वाक्यानां स्वत एव, तद्विषयकत्वेन शांडिल्य, पंचाग्नि-मधुविद्यादि वाक्यानां प्रतीकादि प्रकारकाणां च परंपरया समन्वयः। यद्वा सर्वेषामपि वाक्यानां भिन्नप्रवृत्ति निमित्तकत्वेऽपि साक्षादेव ब्रह्मणि समन्वयः। तत्तद्वाक्यविषयाणां सर्वेषामपि ब्रह्मात्मकत्वाविशेषेण मुख्यवाच्यत्वात्। न चैव विषय निषेधपराणां बाधः शंकनीयः, तेषां ब्रह्मस्वरूप गुणादिविषयकेयत्ता निषेध परत्वेन समविषयत्वात् किं चात्र प्रष्टव्यो भवान् शब्दाऽविषयं ब्रह्मेति वाक्यस्य वाच्यं ब्रह्माभिप्रेतं न वेति ? आद्ये वाच्यत्वसिद्धेरवाच्यत्व प्रतिज्ञाभंगः, द्वितीये सुतरां वाच्यतेति, तस्मात् सर्वज्ञः सर्वाचिंत्यशक्ति विश्वजन्मादि हेतुः वेदैक प्रमाणगम्यः सर्वभिन्नाभिन्नो भगवान् वासुदेवो विश्वात्मैव जिज्ञासा विषयस्तत्रैव, सर्वं शास्त्रं समन्वयेतीत्यौपनिषदानां सिद्धांतः।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ—[पूर्व मीमांसक धर्मसूत्र के रचयिता जैमिनि के मत में] समस्त वेदवाक्य क्रियापरक (कर्मकांड विषयक) हैं। उनसे भिन्न वेदांत-वाक्य, अर्थवाद (प्रशंसा करने वाले) वाक्य, उसकी ही प्रशंसा करते हैं। प्रायः विधि कहने वाले वाक्य भी यज्ञ को ही विधि की प्रशंसा करते हैं। फिर ब्रह्म ही शास्त्रों का प्रतिपाद्य विषय कैसे है ? यह प्रश्न होता है।

जिज्ञासा का विषय विश्व का कारण परमात्मा ही शास्त्र का प्रामाण्य विषय है, कर्मादि नहीं। संपूर्ण वेद ब्रह्म का ही प्रतिपादन मुख्य रूप से करते हैं। सारे विषय एक मत होकर परमात्म तत्त्व में ही समन्वय (समाधान) करते हैं। यदि यह कहा जाय कि कर्म में ब्रह्म का समन्वय करेंगे तो ऐसा हो नहीं सकता, क्योंकि ब्रह्म तो संकल्पमात्र से कार्य करता है, उसे क्रिया की अपेक्षा नहीं होती। यह भी नहीं कहा जा सकता कि यज्ञ के अंग (ब्राह्मणादि) सब ब्रह्म के स्वरूप ही तो हैं, तो यह भी बालकों की-सी नासमझी की बात है। क्योंकि ब्रह्म तो सभी का कर्त्ता, नियामक, स्वतंत्र और फलदाता है। इसलिये कर्म का समन्वय भी ब्रह्म में होगा। कर्म के अनुष्ठान (यज्ञ, तप आदि) से ज्ञान की उत्पत्ति होती है[1] यज्ञादि कर्मों के द्वारा उस ब्रह्म के जानने की विविदिषा (जिज्ञासा) होती है। [सारी क्रियायें ब्रह्म की प्राप्ति के लिये ही की जाती हैं][2]

---

१. येऽप्यन्ये नाम शब्दाः स्युर्देवतान्तरवाचकाः।
तेषां च बलवत् लिंगैः विष्णावेव समन्वयः ।।शाण्डिल्य स्मृति।

अन्य जितने भी देवताओं के नाम और मन्त्र हैं, वे सब भगवान् वासुदेव (विष्णु) के ही रूपांतर हैं। उन सबका समन्वय उन्हीं में होता है।

२. वासुदेवे भगवति भक्तियोगः प्रयोजितः।
जनयत्याशुवैराग्यं ज्ञानं यद् ब्रह्मदर्शनम् ।। श्री भा० ५ स्कंध

भगवान वासुदेव की भक्ति तत्काल सांसारिक आसक्ति से वैराग्य तथा ब्रह्म साक्षात् कां ज्ञान पैदा करती है।

बहूनां जन्मनामन्ते ज्ञानवान् मां प्रपद्यते।
वासुदेवः सर्वमिति स महात्मा सुदुर्लभः ।। भगवद्गीता।

अनेक जन्मों के अंत में कोई दुर्लभ महात्मा अपने आत्मज्ञान के द्वारा संपूर्ण विश्व में वासुदेवतत्त्व को देखता हुआ मेरी भक्ति करता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

यह शंका कदापि नहीं की जा सकती कि ब्रह्म प्रत्यक्ष आदि प्रमाणों द्वारा नहीं जाना जाता तो शब्द (शास्त्र) प्रमाण से ही कैसे जाना जावेगा? मेरा तो ऐसा ही मत है कि ब्रह्म शास्त्रों द्वारा ही प्रमाणित होता है, अन्य प्रमाणों से नहीं। सारे श्रुतिवाक्य परम्परा से अथवा सीधे ही एकमत होकर उस ब्रह्म का ही समर्थन करते हैं। श्रुतियों में लक्षण प्रमाणादि के प्रतिपादक जो वाक्य हैं वह ब्रह्म के लिये ही हैं।

शांडिल्य, पंचाग्नि, मधुआदि विद्याओं में जो प्रतीकोपासना भिन्न भिन्न रूप से कही गई है, वो भी ब्रह्म की उपासना का ही प्रकार है। समस्त वाक्यों में जो भिन्न प्रवृत्ति निमित्तकता है, उनका भी सीधा संबंध ब्रह्म के प्रतिपादन में ही है। श्रुतियों के सभी विषयों के वाक्यों में ब्रह्मतत्त्व का ही निरूपण किया गया हो ऐसा शब्दार्थ से निश्चित नहीं होता, इसीलिये वेदों में प्रधानतः ब्रह्मतत्त्व ही कैसे है ? ऐसी शंका की जाती है। तो ऐसी शंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि उन वाक्यों में ब्रह्म के ही अनेक गुणों की विशालता समान रूप से व्याप्त है। आप यह शंका करते हैं क्या, कि ब्रह्म तो शब्द का विषय ही नहीं है (वर्णनातीत है), इसलिये वेदों का वाच्यार्थ ब्रह्म के लिये नहीं होगा। पहिली बात तो यह है कि परमात्मा वाच्यार्थ से प्रतिपाद्य भी है और वाच्यार्थ से अज्ञात भी है। इसीलिये सर्वज्ञ, सर्व, अचिंत्य शक्ति, विश्व के जन्मादि के कारण वेदों से ही प्रमाणित सभी से भिन्न और अभिन्न भगवान वासुदेव ही विश्व के आत्मा और जिज्ञासा के विषय हैं। उन्हीं का वर्णन सारे शास्त्र समन्वित (एकमत) होकर करते हैं। वही उपनिषदों के सिद्धान्ततत्त्व हैं।

अधिकरण ५

सू०—ईक्षतेर्नाशब्दम् ।१।१।५।।

वाक्यार्थ—सांख्याभिमतमचेतनं प्रधानं तु अशब्दम् श्रुतिप्रमाणवर्जितम्। अतोनैवजगत्कारणं। जगत्कर्तुश्चेतन धर्मस्येक्षणस्य श्रवणात्।

भावार्थ—सांख्यशास्त्र के अभिमत अचेतन प्रधान को हम वेदों का प्रामाणिक ब्रह्म नहीं कह सकते, वह जगत का कारण नहीं हो सकता। जगतकर्त्ता तो चैतन्य गुण और आकांक्षा वाला कहा गया है [शास्त्रों में][1]

---

१. सांख्यमत के प्रवर्त्तक कपिल हैं, उनके मत में, "पुष्कर पलाशवन्निर्लेपोजडः" कमल के पत्ते के समान निर्लेप जड ही जगत का कर्त्ता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—गौणश्चेन्नात्म शब्दात् ।१।१।६।।

वाक्यार्थ––गौणार्पीक्षतिरयुक्ताः कुतः आत्मशब्दात् ।

भावार्थ—यदि यह शंका की जाय कि ईक्षण शब्द का प्रयोग तो शास्त्र में "तत्तेज ऐक्षत, त आप ऐक्षन्त" इत्यादि वाक्यों में तेज, जल आदि जड पदार्थों के लिये भी किया गया है तो क्या यह गौण बात है ? सो नहीं कह सकते क्योंकि उस चैतन्य ब्रह्म को ही आत्मा रूप से कहा गया है। आत्मा सत्यस्वरूप चैतन्य पदार्थ है, जोकि जल आदि पदार्थों में (आत्मा) जीवरूप से प्रविष्ट है।

सू०—तन्निष्ठस्य मोक्षोपदेशात् ।१।१।७।।

वाक्यार्थ––सदीक्षित्रात्मादि पदार्थ भूत कारण निष्ठस्य विदुषस्तद् भावापत्ति लक्षण मोक्षोपदेशान्न प्रधानं सदात्म शब्द वाच्यम् ।

भावार्थ––चैतन्य, आकांक्षा आदि गुणों से सम्पन्न आत्मा शब्द से कहा जानेवाला प्राणिमात्र का कारण परमात्मा का भगवद्भावापत्ति लक्षणवाला जो मोक्ष है, वह प्रधान के लिये नहीं हो सकता। प्रधान, चैतन्य आत्मपदवाची नहीं है।[1]

सू०—हेयत्वावचनाच्च ।१।१।८।।

वाक्यार्थ—सर्वज्ञेन हितैषिणाऽसदादि शब्दैरुपदिष्टस्य चेतनस्य मोक्षे हेयस्य हेयत्वमवश्यं वक्तव्यं, उपदेशेऽप्रयोजनं च वक्तव्यं, तदुभयवचनाभावान्न सदादि पदवाच्यं प्रधानम् ।

भावार्थ––ब्रह्म को सर्वज्ञ, हितैषी, सत एवं मोक्ष का परंपद कहा गया है। कहीं भी प्रधान को इन शब्दों से विभूषित नहीं किया गया है और न परमात्मा को ही कहीं हीन शब्दों से सबोधित किया गया है। इसलिये प्रधान सत् आदि शब्द से श्रेष्ठ नहीं कहा जा सकता।

---

१. यज्ज्ञात्वा मत्तो भवति स्तब्धोभवति आत्मारामो भवति ।६।

नारद भ० सू०

जिस मोक्ष तत्त्व को जानकर साधक मत्त, स्तब्ध और आत्माराम हो जाता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—प्रतिज्ञाविरोधात् ।१।१।९।।

वाक्यार्थ—किं चैक विज्ञानात् सर्वविज्ञान प्रतिज्ञा विरोधादपि न चेतन कारणवादः साधुः ।

भावार्थ—वेदांतियों का सिद्धांत है कि एक तत्त्व का ज्ञान हो जाने से सभी तत्त्वों का ज्ञान हो जाता है तो इस सिद्धांत से भी अचेतन प्रधान, चैतन्य जीव आदि का कारण नहीं हो सकता ।

सू०—स्वाप्ययात् ।१।१।१०।।

वाक्यार्थ—सत् शब्दार्थ जगत्कारणं प्रकृत्य "स्वप्नांतमेव सौम्य विजानीहीति यत्रैतत् पुरुषः स्वपिति नाम सता सौम्य तदा संपन्नो भवति"[1] इत्यादिनोक्तंस्यार्थस्य चेतनकारणावगतेरसंभवात्ब्रह्मैव जगत्कारणं युक्तम् ।

भावार्थ—सतशब्द संपन्न परमात्मा को जगत का कारण कहते हुए "हे सौम्य ! सुषुप्ति अवस्था में यह जीवात्मा अन्तःकरण में स्थित उस परमात्मा में लीन हो जाता है ।" ऐसा कहा गया है इसलिए चैतन्यजीव का चैतन्य परमात्मा से ही संपर्क हो सकता है, अचेतन प्रधान से नहीं । ब्रह्म को ही जगत का कारण कहना उपयुक्त होगा ।

सू०—गति सामान्यात् ।१।१।११।।

वाक्यार्थ—सर्वेषु वेदांतेषु चेतन कारणावगतेस्तुल्यत्वात् अचेतन कारणवादो नहि युक्तः ।

भावार्थ—सभी वेदांतों (उपनिषदों) में चेतन तत्त्व ही जगत का कारण कहा गया है । अचेतन को कारण कहना युक्त नहीं होगा ।

सू०—श्रुतत्वाच्च ।१।१।१२।।

वाक्यार्थ—तस्मात् सदादिशब्दाभिधेयस्य सर्वज्ञस्य सर्व नियंतुः सर्वेश्वरस्य चेतनत्वेन कारणत्वस्य श्रुतत्वात् न प्रधानग्रहः ।

भावार्थ—वेदों में सच्चिदानन्द, सर्वज्ञ, सबका नियंता, सर्वेश्वर को ही जगत का कारण चेतन होने के कारण कहा गया है । प्रधान को नहीं [अचेतन प्रधान में उक्त गुण संभव नहीं है]

---

१. छांदोग्योपनिषद् ।६।८।१।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अधिकरण ६

सू०—आनन्दमयोऽभ्यासात् ।१।१।१३।।

वाक्यार्थ—आनन्दमयः परमात्मा एव न तु जीवः । कुतः परमात्म विषयकानन्द पदाभ्यासात् ।

भावार्थ--[अब विचार करते हैं कि जीव और ब्रह्म दोनों ही चैतन्य हैं तो क्या दोनों ही आनन्दमय हैं? इसका उत्तर देते हैं]

आनन्दमय परमात्मा ही है, जीव नहीं। क्योंकि जीव का आनन्द क्षणिक होता है और परमात्म विषयक आनन्द अनन्त है। ऐसा उपनिषदों में बार-बार कहा गया है।

सू०—विकारशब्दान्नेति चेन्न प्राचुर्यात् ।१।१।१४।।

वाक्यार्थ—विकारार्थे मयट् श्रवणान्नानंदमयः परमात्मेति चेन्न कस्मात् प्राचुर्यार्थकस्यापि मयटः स्मरणात् ।

भावार्थ—विकार अर्थ का द्योतक मयट् प्रत्यय आनंदमय परमात्मा के लिये नहीं हो सकता। प्रचुरता के अर्थ का द्योतक भी मयट् प्रत्यय कहा गया है [परमात्मा अपार आनंद से पूर्ण है] ।

सू०—तद्हेतु व्यपदेशाच्च ।१।१।१५।।

वाक्यार्थ—जीवानंद हेतुत्वादपि परमात्मैवानंदमयः ।

भावार्थ—जीवात्मा को आनंद देने के कारण भी परमात्मा ही आनन्दमय कहा जावेगा।

सू०—मांत्रवर्णिकमेव च गीयते ।१।१।१६।।

वाक्यार्थ—"सत्यं ज्ञानमनंतं ब्रह्म"[१] इति मंत्रोक्तं मांत्रवर्णिकं तदेवानंद शब्देन गीयते ।

भावार्थ—सत्य, ज्ञान और अनंत ब्रह्म है, ऐसी उपनिषद के मन्त्र के वर्णों से जिसकी महत्ता कही गई उसी को आनंद शब्द से ब्राह्मण ग्रंथों के मंत्रों में भी गान किया गया है।

सू०—नेतरोऽनुपपत्तेः ।१।१।१७।।

वाक्यार्थ—आनन्दमय पदार्थमुद्दिश्य श्रूयमाणानां तदसाधारणधर्माणां तदितरस्मिन्ननुपपत्तेरितरोजीवोनान्दमय पदार्थः ।

---

१. तैत्तरीयोपनिषद् आन० १ अनु० ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ—ब्रह्म से इतर जो जीवात्मा है, वह ग्रानन्दमय नहीं हो सकता, क्योंकि जगत की सृष्टि ग्रादि ग्रसाधारण धर्म जीवात्मा में नहीं है [उपनिषदों में परमात्मा के लिये ही कहा गया है कि परमात्मा ग्रपने ग्रानन्द तत्त्व से शृष्टि की कामना करता है]

सू०—भेदव्यपदेशाच्च ।१।१।१८।।

वाक्यार्थ—"रस ह्येवायं लब्ध्वाऽनन्दी भवति"[1] इति वाक्येन लब्धृलब्ध-व्ययोर्भेदव्यपदेशात् जीवोनानन्दमयः ।

भावार्थ—"रस स्वरूप ब्रह्म की ग्रनुभूति से जीवात्मा ग्रानन्दित होता है" इस वाक्य में ग्रानन्दमय ब्रह्म ग्रौर ग्रानन्दित होने वाले जीव में भेद स्पष्ट रूप से कहा गया है । इसलिये जीव ग्रानन्दमय नहीं है ।

सू०—कामाच्चनानुमानापेक्षा ।१।१।१६।।

वाक्यार्थ—प्रत्यगात्मनः कारणत्व स्वीकारे ग्रनुमानस्य प्रधानस्य कारणादि-रूपस्यापेक्षाभवेत् । कुलालादेर्घटादि जनने मृदाद्यपेक्षावत् । ग्रप्राकृतस्यानन्द-मयस्य सर्वशक्तेः पुरुषोत्तमस्य[2] तु न कुतः कामात् संकल्पादेव "सोऽकामयत् बहुस्यामः"[3] इत्यादि श्रुतेः ग्रतः तद्भिन्न ग्रानन्दमयः ।

भावार्थ—यदि जीवात्मा ग्रौर प्रधान को जगत का कारण मान लें तो उन्हें निमित्त कारण की ग्रपेक्षा (ग्रावश्यकता) होगी । जैसे कि मिट्टी के घड़े के निर्माण में मिट्टी ग्रादि की ग्रावश्यकता होती है । ग्रप्राकृत (निर्गुण) ग्रानन्दमय, सर्वशक्तिमान पुरुषोत्तम को किसी वस्तु की ग्रावश्यकता नहीं पड़ती, क्योंकि वह जब सृष्टि करने की कामना करता है तो संकल्प मात्र से सृष्टि

---

१. तैत्तरीय० ग्रान० ७।१।।

२. ग्रस्थूलो ग्रनणुरूपोऽसावविश्वो विश्व एव च ।
विरुद्ध धर्म रूपोऽसावैश्वर्यात् पुरुषोत्तमः ।। पद्मपुराण ।।

जो सूक्ष्म भी ग्रौर महान् भी है, विश्व का रूप भी ग्रौर विश्व से भिन्न भी है, ऐसा विरुद्ध धर्म रूप वाला ग्रपने ऐश्वर्य से [जो कि कामना मात्र से उसे प्राप्त है] पुरुषोत्तम है [विरुद्ध धर्मता ही परमात्मा ग्रौर जगत की भेदाभेदता है]

३. तैत्त० ग्रान० ६ ग्रनु०

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

कर लेता है। "उसने कामना की कि एक से बहुत हों जाऊँ" ऐसा श्रुति (वेद) वाक्य है। इसलिए ईश्वर से अतिरिक्त जीव या प्रधान आनन्दमय नहीं हो सकते।

सू०—अस्मिन्नस्य च तद्योगं शास्ति।१।१।२०।।

वाक्यार्थ—तद्योगं आनन्दयोगं शास्ति श्रुतिः "रसो वैसः, रसं ह्येवायं लब्ध्वाऽनंदी भवति" इति जीवस्य यल्लाभादानन्द योगः स तस्मादन्यः इति सिद्धम्।

भावार्थ—परमात्मा आनन्दयोग से जीवात्मा का शासन करता है, जसा कि वेद का वाक्य है "वह परमात्मा रस स्वरूप है, जिस रस की अनुभूति कर यह जीवात्मा आनन्दित होता है।" इस प्रकार जीवात्मा को, जिसके सकाश से आनन्दयोग होता है, वह जीवात्मा उस परमात्मा से भिन्न है। यह निश्चित सिद्ध है।

अधिकरण ७

सू०—अन्तस्तद्धर्मोपदेशात्।१।१।२१।।

वाक्यार्थ—आदित्याऽक्ष्णोरंतस्थो मुमुक्षु ध्येयो हि परमात्मैव नतु जीव विशेषः कुतस्तस्यैवापहतपाप्मत्व सर्वात्मत्वादीनां धर्माणामुपदेशात्।

भावार्थ—जो सूर्य और नेत्र तथा अन्तःकरण में ज्योतिरूप से विराजमान है वही मुमुक्षुजनों का ध्येय परमात्मा है, वह जीवात्मा नहीं है। क्योंकि परमात्मा के ही अपहत पाप्मत्व (पाप को नाश करने वाला) सर्वात्मत्त्व (सबके अन्तःकरण में विद्यमान) आदि विशेष गुणों को कहा गया है। ये गुण परसात्मा में ही सम्भव हैं।

सू०—भेदव्यपदेशाच्चान्यः।१।१।२२।।

वाक्यार्थ—आदित्यादि जीववर्गादन्योऽस्ति परमात्मा, कुतः "आदित्ये तिष्ठन्नित्यादिना भेदव्यपदेशात्।

भावार्थ—सूर्य आदि देव वर्ग और जीववर्ग से वह परमात्मा भिन्न है क्योंकि वह "सूर्य में विराजमान है"[1] इत्यादि श्रुति में सूर्य और सूर्य में विराजमान इन दो तथ्यों को भिन्न रूप से कहा गया है।

१. वृहदारण्यकोपनिषद्।५।७।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अधिकरण ८

सू०—आकाशस्तल्लिंगात् ।१।१।२३।।

वाक्यार्थ—"अस्य लोकस्य का गतिः इत्याकाश इति होवाच[1] इत्यत्राकाश शब्दवाच्यः परमात्मा, कुतः "सर्वाणि हवा इमानिभूतानि आकाशादेवोत्पद्यन्ते" इति सर्व स्रष्टृत्वादि तल्लिंगात् ।

भावार्थ—"इस लोक की गति कौन है? आकाश!" इस उपनिषद् के वाक्य-प्रसंग में आकाश शब्द से परमात्मा का वर्णन किया गया है, क्योंकि "सारे पृथिवी आदि तत्त्व आकाश से ही उत्पन्न होते हैं" इस वाक्य में सभी की सृष्टि करने की सामर्थ्य आकाश की कही गई, जोकि परमात्मा की सामर्थ्य है ।

अधिकरण ९

सू०—अतएव प्राणः ।१।१।२४।।

वाक्यार्थ—"सर्वाणि हवा इमानि भूतानि प्राणमेव संविशंति प्राणमभ्युज्जिहते"[2] इत्यत्रापि संवेशनोद्गमन रूपात् ब्रह्म लिंगात्परमात्मैव प्राणः ।

भावार्थ—"सारे पृथिवी आदि तत्त्व प्राण में ही प्रवेश करते हैं और प्राण से ही निकलते हैं" यहाँ भी संवेशन (प्रवेश) उद्गमन (निर्गम) रूप से प्राण को ही परमात्मा ब्रह्म जानना चाहिये ।

अधिकरण १०

सू०—ज्योतिश्चरणाभिधानात् ।१।१।२५।।

वाक्यार्थ—"दिव्याज्योतिः"[3] इति ज्योतिर्ब्रह्मैव, "पादोऽस्यसर्वाभूतानि" इति चरणाभिधानात् ।

भावार्थ—ऊर्ध्वलोकों की ज्योति है" इस वाक्य में कही गई ज्योति ब्रह्म ही है, "उसके एक चरण में नीचे के सारे पदार्थ हैं" यहाँ उसी ज्योति का एक अंश सारे जगत को कहा गया है ।

सू०—छंदोऽभिधानान्नेति चेन्न तथाचेतोऽर्पणनिगमात्तथाहि दर्शनम् ।१।१।२६।।

---

१. छांदोग्योपनिषद् ।१।९।१।। २. छांदोग्योपनिषद् १।११।४।।

३. छांदोग्योपनिषद् ३।१३।७।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वाक्यार्थ—पूर्ववाक्ये गायत्र्याख्यछंदोऽभिधानात् तत्पराचरण श्रुतिरस्तु न परेति, चेन्न गुणयोगात् गायत्री शब्दाभिधेये भगवति चेतोऽर्पणाभिधानात् दृष्टश्च विराट शब्दः प्रकृत परः ।

भावार्थ--ऊपर के वाक्य में गायत्री छंद का विधान कहा गया हो, उसी के चरण की विशेषता कही गई हो, परमात्मा की नहीं, सो ऐसा नहीं है अपितु चित्त की वृत्ति को ब्रह्म में लीन करने के लिये ब्रह्म का ही गायत्री रूप से वर्णन किया गया है। जैसे ज्योति छंद से गायत्री का बोध होता है वैसे ही विराट् छंद परमात्मा का बोधक है। दोनों का तात्पर्य ब्रह्म से ही है।

सू०—भूतादिपादव्यपदेशोपपत्तेश्चैवम् ।१।१।२७।।

वाक्यार्थ—न केवलं तथा चेतोऽर्पण निगमात् गायत्री ब्रह्मेत्युच्यते, भूत, पृथिवी शरीर हृदयानां ब्रह्मणि भगवत्युपपत्तेश्चैवम् ।

भावार्थ--न केवल चित्त के अर्पण के लिये ही गायत्री को ब्रह्म कहा गया अपितु भूत, पृथिवी, शरीर और हृदय इन चारों गायत्री के पादों को परमात्मा में लीन करने का माध्यम भी गायत्री ही हैं।

सू०—उपदेशभेदान्नेतिचेन्नोभयस्मिन्नप्यविरोधात् ।१।१।२८।।

वाक्यार्थ--पूर्वमप्यधिकरणत्वेन पुनरवधित्वेन द्यौर्निर्दिश्यते इत्युपदेश भेदान्न ब्रह्म प्रतिभिज्ञायते इति न, कुत उभयत्रापि ब्रह्मण एकत्वस्याविरोधात् ।

भावार्थ--पीछे के प्रथम वाक्य में, ऊपर के लोकों में तीनों चरणों की स्थिति कही कई है और फिर दूसरे वाक्य में एक चरण में नीचे के लोकों की अवधि कही गई है, इस प्रकार दोनों में भेद है, इसलिये वह परमात्मा का वर्णन नहीं है। ऐसी शंका नहीं करनी चाहिये क्योंकि दोनों बातें मानने पर भी परमात्मा के एकत्व में विरोध नहीं आता।

अधिकरण ११

सू०—प्राणस्तथाऽनुगमात् १।१।२९।।

वाक्यार्थ—प्राणोऽस्मि इत्यादि वाक्ये प्राणादि शब्द वाच्यः परमात्मा हिततमत्वाऽनंतत्वादिधर्माणां परमात्मा परिग्रहेऽवगमात् ।

भावार्थ--मैं प्राण हूँ इत्यादि वाक्य में प्राण आदि शब्दों से परमात्मा ही समझना चाहिये, क्योंकि हिततमत्व, अनंतत्त्व आदि विशेषताओं से युक्त परमात्मा ही है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—न वक्तुरात्मोपदेशादिति चेदध्यात्म सम्बन्ध भूमा ह्यस्मिन् ।१।१।३०।।

वाक्यार्थ—प्राणादि शब्द वाच्यः ब्रह्म न भवति कुतः "मामेव विजानीहि[1] इति वक्तृ स्वरूपाभिन्नोपदेशादिति चेत् । अस्मिन् प्रकरणे परमात्म संबंधस्य बाहुल्यमस्त्यतः प्राणेन्द्रादि पदार्थः परमात्मैव ।

भावार्थ—प्राण आदि शब्द से ब्रह्म अर्थ नहीं निकलता क्योंकि "मुझे ही वह ब्रह्म समझो" इस इन्द्र के वक्तव्य से इन्द्र और परमात्मा की भिन्नता स्पष्ट है । इस प्रकरण में आगे जो अजरत्व, अमरत्व, सर्वात्मत्व, आदि गुण कहे गये हैं, वह परमात्मा के हैं इसलिये प्राण, इन्द्र आदि पदार्थ से परमात्मा ही समझना चाहिये । [लक्ष्यार्थ से यहाँ परमात्मा अर्थ समझा जाता है] ।

सू०—शास्त्रदृष्ट्यातूपदेशोवामदेववत् ।१।१।३१।।

वाक्यार्थ—इंद्रो हि सर्वस्य ब्रह्मात्मकत्वमवधार्य "मामेव विजानीहि" इति शास्त्रदृष्ट्या युक्तमुक्तवान् । "तत्र कः शोकः को मोहः एकत्वमनुपश्यत ।" इत्यादि "यथाऽहं मनुरभवं सूर्यश्च"[2] इति वामदेव उक्तवान् तद्वत् ।

भावार्थ—इन्द्र ने सारे विश्व को ब्रह्मात्मक मानकर ही "मुझे ही ब्रह्म जानो" ऐसा कहा, जो कि शास्त्र दृष्टि से भी युक्त है ।" शोक और मोह की क्या आवश्यकता है ? सब को परमात्मा की एकत्व दृष्टि से देखो" ऐसा भी कहा है । जैसे कि "मैं मनु और सूर्य हुआ था' ऐसा वामदेव ऋषि ने कहा था, उसी प्रकार का यह भी, इंद्र का वाक्य है ।

सू०—जीवमुख्य प्राणलिंगान्नेति चेन्नोपासात्रैविध्यादाश्रितत्वादिह तद्योगात् ।१।१।३२।।

वाक्यार्थ—"न वाचं विजिज्ञासीत् वक्तारम् विद्यात्रिशीर्षाणं त्वाष्ट्रं अहन्"[3] इत्यादि जीवलिंगात् । "प्राणं एव प्रज्ञात्मेदं शरीरं परिगृह्योत्थापयति"[4] इति मुख्य प्राणलिंगाच्च नात्र ब्रह्म परिग्रह इति, चेन्नोपासक तारतम्येन ब्रह्मोपासनायाः त्रैविध्याज्जीववर्गान्तरयामित्वेन तदुभय विलक्षणेन चान्यत्राश्रितत्वादिहादपि तद्योगात् ।

भावार्थ—वाणी के द्वारा प्राणतत्व को कहने में समर्थ नहीं हूँ, मैंने इसी के आधार पर (प्राणविद्या का अभ्यास कर) तीन शिर वाले विश्वरूप को मार

---

१. कौषीतकि ब्राह्मण ३।१। २. वृहदा० ३।४।१०। ३. कौषीतकि १।८ ४. कौषीतकि ३।१ ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

डाला,' इत्यादि जीव के लिये कहा गया है। "प्राण ही इस शरीर को अपने आधार पर उठाता है" इस वाक्य में कहे गए मुख्य प्राणवाची को भी परमात्मा के साथ संगत नहीं कर सकते ऐसी शंका करना व्यर्थ है, क्योंकि उपासक के उत्तम, मध्यम और अधम तारतम्य से परब्रह्म की उपासना भी प्राणरूप से उत्तम, मध्यम और अधम होती हैं। जीवों के अंतर्यामी होने से, प्राण सभी का आश्रय है इसलिये प्राण को ब्रह्म ही कहेंगे।

प्रथम पाद समाप्त

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

द्वितीय पाद

अधिकरण १

सू०—सर्वत्र प्रसिद्धोपदेशात् ।१।२।१।।

वाक्यार्थ—"सर्वं खल्विदं ब्रह्म तज्जालानिति शांत उपासीत्"[1] इत्युपक्रम्य श्रूयते "मनोमयः प्राणशरीर" इत्यत्रे मनोमयत्वेनोपास्यः सर्वकारणभूतः परमात्मा गृह्यते न प्रत्यगात्मा । कुतः सर्वेषु वेदांतेषु प्रसिद्धस्य परमात्मन एव, पूर्वत्र सर्वं खल्विदं ब्रह्म इत्यादि उपदेशात् ।

भावार्थ—"सारा जगत ब्रह्म का ही स्वरूप है, उसी में लीन हो जाता है अतएव उस परमात्मा की शांत रूप से उपासना करनी चाहिये" इस वाक्य में परमात्मा की उपासना कहकर "मनोमय प्राण परमात्मा का शरीर है ।" ऐसा कहा गया। मनोमयरूप से सभी के कारण परमात्मा का ही उल्लेख है, जीवात्मा का नहीं क्योंकि सभी उपनिषदों में परमात्मा की ही उपासना कही गई है । जैसा कि "सब कुछ ब्रह्म है ।" इस वाक्य से सिद्ध होता है ।

सू०—विवक्षित गुणोपपत्तेश्च १।२।२।।

वाक्यार्थ—"मनोमयः प्राणशरीरोभारूपः सत्य संकल्पः"[2] इत्यादीनां विवक्षितानां मनोमयत्व सत्य संकल्पत्वादीनां गुणानां ब्रह्मण्येवोपपत्तेश्च ।

भावार्थ—"मनोमय प्राण शरीर प्रकाश रूप सत्य संकल्प है" इत्यादि वाक्य से प्रतिपादित मनोमयत्व, सत्य संकल्पत्व आदि गुणों से युक्त परमात्मा ही हो सकता है ।

सू०—अनुपपत्तेश्च न शरीरः ।१।२।३।।

वाक्यार्थ—मनोमयत्वादि गुणकः पर एव न जीवः, तस्मिन् मनोमयत्व सत्यसंकल्पत्वादि अनुपपत्तेश्च ।

भावार्थ—मनोमयत्व आदि गुण वाला परमात्मा ही है जीव नहीं, क्योंकि जीव में मनोमयत्व, सत्य संकल्पत्व आदि गुण घटते नहीं ।

---

१. मुंडकोपनिषत् २।१।२।। २. छांदोग्योपनिषत् ३।१४।२।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—कर्म कर्तृ व्यपदेशाच्च ।१।२।४।।

वाक्यार्थ—इतोप्यत्र मनोमयादि पदवाच्यो न शारीरः "एतमितः प्रेत्य संभावितास्मि"[१] इति कर्म कर्तृ व्यपदेशात् ।

भावार्थ—"यहाँ से मरकर मैं ब्रह्म को प्राप्त हो जाऊँगा" इस वाक्य में कर्त्ता जीव और कर्म परमात्मा कहा गया है । इसलिये मनोमयादि पद वाला जीवात्मा नहीं है [स्थूल शरीर से छूटकर मनोमय परमात्म रूप को प्राप्त करने वाला जीव भिन्न है ।]

सू०—शब्द विशेषात् ।१।२।५।।

वाक्यार्थ—मनोमयत्वादि गुणकः शारीरादन्यः परमात्मा "एष में आत्मान्तर्हृदये"[२] इति जीव परमात्मनोः षष्ठी प्रथमांत शब्द विशेषात् ।

भावार्थ—मनोमयत्वादि गुण वाला परमात्मा, जीवात्मा से भिन्न ही है "यह परमात्मा मेरे अन्तर्हृदय में है" इस वाक्य में जीव और परमात्मा में स्पष्ट भेद कहा गया है । [यह परमात्मा मेरे अन्तःकरण में है ।]

सू०—स्मृतेश्च ।१।२।६।।

वाक्यार्थ—"ईश्वरः सर्व भूतानां हृद्देशेऽर्जुनतिष्ठति"[३] इति स्मृतेश्च जीवपरमात्मनोर्भेदोऽस्ति ।

भावार्थ—"हे अर्जुन ! प्राणिमात्र के हृदय में ईश्वर विराजमान है ।" ऐसा स्मृति (गीता) में भी जीव परमात्मा का भेद कहा गया है ।

सू०—अर्भकौकस्त्वात्तद्व्यपदेशाच्चेति चेन्न निचाय्यत्वादेवं व्योमवच्च ।१।२।७।।

वाक्यार्थ—"एष मे आत्मा हृदये" इत्यल्पायतनत्वात् "अणीयान् व्रीहेर्वा" इत्यल्पत्वव्यपदेशात् अत्र न ब्रह्मेति चेन्नैव तथात्वेन ब्रह्मण इहोपास्यत्वात् वृहतोऽल्पत्वंतु गवाक्ष व्योमवत् संगच्छते ।

भावार्थ—हृदय के छोटे से आयतन में सूक्ष्म व्रीहि के समान अणु रूप जीवात्मा होगा परमात्मा नहीं, ऐसी शंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि परमात्मा

---

१. छांदोग्योपनिषत् ३।१४।४।। २. छांदोग्योपनिषत् ३।१४।३।।
३. गीता १८।६१।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भी अणु होते हुए विभु (व्यापक) रूप से उपास्य है। वह बृहद् और अल्प दोनों है। जैसे कि व्यापक आकाश एक सूक्ष्म झरोखे में भी रहता है, वैसे ही हृदय में परमात्मा है।

सू०—संभोग प्राप्तिरिति चेन्न वैशेष्यात्।१।२।८॥

वाक्यार्थ—सर्व हृदय संबंधात् सुख दुःख संभोग प्राप्तिः ब्रह्मणोऽपि जीवस्येवेति चेन्नायं दोषः, स्वकृत कर्म फल भोक्तृत्वेनापहतपाप्मत्वेन च जीव ब्रह्मणोऽत्यंत विशेषात्।

भावार्थ—सभी जीवों के हृदय में विराजमान होने के कारण परमात्मा भी जीव की तरह सुख-दुःख आदि को भोगेगा, ऐसी शंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि जीवात्मा अपने कृतकर्म का फल भोगता है और परमात्मा पापों से सदा मुक्त है। यह परमात्मा की जीव से अत्यंत विशेषता है।[1]

अधिकरण २

सू०—अत्ता चराचर ग्रहणात्।१।२।९॥

वाक्यार्थ—"यस्य ब्रह्म च क्षत्रे च उभे भवत ओदनं मृत्युर्यस्योपसेचनं क इत्था वेद यत्र स"[2] इत्यत्र अत्ता श्री पुरुषोत्तमः कुतः मृत्यूपसेचनोदनस्य ब्रह्मक्षत्रोपलक्षित चराचरात्मकस्य विश्वस्य ग्रहणात्।

भावार्थ—संहारकाल में प्राणिमात्र यहाँ तक कि "धर्मशील ब्राह्मण और धर्म रक्षक क्षत्रिय भी जिस परमात्मा के भोज्य पदार्थ बन जाते हैं, और सभी को मारने वाला मृत्यु (काल) भी भोज्य का उपसेचन (चटनी) बन जाता है, ऐसे अचिंत्य परमात्मा की महिमा को कौन जान सकता है?[3] इस वर्णन में सभी को खाने वाले श्री पुरुषोत्तम भगवान श्री कृष्ण ही हैं, क्योंकि मृत्यु से सने हुए ओदन स्वरूप ब्राह्मण, क्षत्री आदि चराचर विश्व उनके भोज्य पदार्थ कहे गये हैं।

---

१. यत्पादपंकजपराग निषेव तृप्ता योगप्रभावविधुताखिल कर्म बंधाः।
स्वैरं चरंति मुनयोऽपि न नह्यमानास्तस्येच्छयाऽत्तवपुषः कुत एव बंधा॥
१०।३३।३५श्री भाग०

जिनकी चरण रज से तृप्त तथा जिनके योग प्रभाव से संपूर्ण कर्म बंधनों से मुक्त होकर मुनि लोग जब स्वच्छंद भ्रमण करते हैं तब स्वतंत्र परमात्मा के बंधन की कल्पना भी व्यर्थ है।

२. कठोपनिषद् १।२।२५। ३. कठो० १।२।२२।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०--प्रकरणाच्च ।१।२।१०।।

वाक्यार्थ—अत्ता भगवान् पुरुषोत्तमः "महांतं विभुं"[१] इति तस्यैव प्रकृतत्वाच्च ।

भावार्थ—अत्ता भगवान पुरुषोत्तम ही हैं, "वह महान और व्यापक है" ऐसे उसी के गुण कहे गये हैं ।

अधिकरण ३

सू०--गुहां प्रविष्टावात्मानौ हि तद्दर्शनात् ।१।२।११।।

वाक्यार्थ--ऋतं पिबंतौ सुकृतस्यलोके गुहा प्रविष्टौ"[२] इत्यत्र गुहां प्रविष्टौ आत्मानौ हि चेतनौ हि जीवपरमात्मानौ बोध्यौ, कुतः तद्दर्शनात्तयोरेवास्मिन्प्रकरणे गुहाप्रवेशव्यपदेशदर्शनात् । "तं दुर्दर्शं गूढ मनु प्रविष्टं गुहाहितम्"[३] इति परमात्मनः "या प्राणेन संभवत्यदितिर्देवतामयी गुहां प्रविश्यतिष्ठंती साभूतेभिर्व्यंजायते"[४] इति जीवस्य ।

भावार्थ—"शुभ कर्मों के फलस्वरूप पुण्यकर्त्ता मनुष्य के शरीर की बुद्धि रूपी गुहा में छिपे हुए सत्य का पान करने वाले दो हैं" इस वाक्य में गुहा में प्रविष्ट दो चैतन्य आत्मा जीवात्मा और परमात्मा जानने चाहिये । क्योंकि इस प्रकरण में उन्हीं दोनों का वर्णन है।" जो योग माया के पर्दे से छिपा हुआ, सर्वव्यापी, सबके हृदय रूप गुहा में स्थिति परमात्मा कठिनता से जाना जाता है" ये परमात्मा की तथा "जो देवतामयी अदिति प्राणों के सहित उत्पन्न होती है, जो प्राणियों के सहित उत्पन्न हुई है, हृदय रूपी गुफा में प्रवेश कर वहीं रहती है "यह जीवात्मा का वर्णन है ।

सू०—विशेषणाच्च १।२।१२।।

वाक्यार्थ—जीव परयोरेवात्र गुहा प्रविष्टत्वेन परिग्रहः यतोऽस्मिन्प्रकरणे "ब्रह्म यज्ञं देवमीड्यं विदित्वा निचाय्येमां शांतिमत्यंतमेति "यः सेतुरीजानां" इत्यादिषु तयोरेवोपास्योपासक भावेन वेद्यत्ववेतृत्वादिना च विशेषितत्वाच्च ।[५]

---

१. लेलिह्यसे ग्रसमानः समंताल्लोकान्समग्रान्वदनैर्ज्वलद्भिः ।
गीता ११।३०।।

२. कठोपनिषद् ३।१।३।। ३. कठो० २।१।७।। ४. कठो० १।२।१२।।
५. कठो० १।१।१७-१।३।२।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ--जीवात्मा और परमात्मा दोनों का ही गुफा में प्रवेश मानेंगे, क्योंकि इस प्रकरण में "सृष्टि के ज्ञाता, देवताओं से स्तवनीय परमात्मा को जानकर निष्काम भाव से उपासना करने वाला अत्यन्त शांति प्राप्त करता है—"जो उपासना रूपी यज्ञ करने वाले के लिये दु:ख समुद्र से पार पहुँचा देने योग्य सेतु रूप हैं।" इत्यादि वाक्यों में परमात्मा और जीवात्मा को उपास्य और उपासक भाव से तथा ज्ञातव्य (परमात्मा) जानने वाला (जीवात्मा) रूप से कहा गया है।

अधिकरण ४

सू०—अन्तर उपपत्तेः १।२।१३।।

वाक्यार्थ—"य एषोऽन्तरक्षिणि पुरुषो दृश्यते"[1] इत्यक्षिण्यंतरः पुरुषोत्तम एव नान्यः कुतः "एष आत्मेतिहोवाच एतदमृतमभयमेतद्ब्रह्मेति एतत्संयद्वामित्याचक्षत"[1] इत्यात्मत्वाऽभयत्वादीनां च पुरुषोत्तमे एवोपपत्तेः।

भावार्थ—"यह जो परमात्मा है वह आँखों में दीखता है" यहाँ आँखों में दीखनेवाला पुरुषोत्तम ही है, दूसरा नहीं, क्योंकि "यह परमात्मा अमृत, अभयगुणवाला है उसे संयद्वाम कहते हैं।" ये अमरत्व आदि गुण पुरुषोत्तम के ही हो सकते हैं।

सू०—स्थानादिव्यपदेशाच्च।१।२।१४।।

वाक्यार्थ—परमात्मनो "यचक्षुषितिष्ठन्"[2] इत्यादि श्रुत्यास्थानादेर्व्यपदेशाच्चाक्षिपुरुषः स एव।

भावार्थ—परमात्मा को "नेत्रों में रहता है" ऐसा कहा इसी प्रकार हृदय, नेत्र आदि स्थानों में उसी परमात्मा की उपासना कही गई है [सर्वव्यापक परमात्मा ही उपास्यरूप से नेत्रों में कहा गया है]

सू०—सुखविशिष्टाभिधानादेव च।१।२।१५।।

वाक्यार्थ—अक्षिगतः पर एव "कं ब्रह्म खं ब्रह्म"[3] इति सुख विशिष्टाभिधानाच्च।

भावार्थ—नेत्रों के अन्दर दीखने वाला परमात्मा ही है "सुख ब्रह्म है, आकाश ब्रह्म है" ऐसा आकाश के समान व्यापक सुख स्वरूप ब्रह्म कहा गया है।

---

१. छां० ४।१५।१।। २. छां० ४।१४।१।। ३. छां० ४,१०।५।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—अतएव च तद् ब्रह्म ।१।२।१६।।

वाक्यार्थ—तत् कं ब्रह्मेति सुख विशिष्टं ब्रह्मैव कुतः "यद्वाव कं तदेव खंयदेव खं तदेव कम्"[१] इति परस्पर वैशिष्ट्यं प्रतिपादक वाक्यादेव च ।

भावार्थ—कं = सुख विशेष ही ब्रह्म है।" क्योंकि "जो सुख है वह आकाश है, जो आकाश है वह सुख है।" इस प्रकार परस्पर विशेषता के द्योतक वाक्य मिलते हैं [सांसारिक क्षणिक सुख ब्रह्म नहीं अपितु आकाश के सामान अनन्त सुख ही ब्रह्म है]

सू०—श्रुतोपनिषत्कगत्यभिधानाच्च ।१।२।१७।।

वाक्यार्थ—श्रुतोपनिषद् येन तस्य श्रुतोपनिषत्कस्य[२] या गतिर्देवयानाख्या "अथोत्तरेणतपसा ब्रह्मचयरणश्रद्धया विद्ययात्मानमन्विष्यादित्यमभिजयंते एतद्वै प्राणनामायतनमेदमृतमभयमेतत् परायणमेतस्मान्न पुनरावर्त्तते इति श्रुत्यंतरे प्रसिद्धा "तस्याएवेहतेर्चिषमेवाभिसंभवंति" इत्यादिना गतेरभिधानाच्चाक्ष्यंतर पुरुषः पुरुषोत्तम एव ।

भावार्थ—उपनिषदों के श्रवण, मनन और निदिध्यासन से प्राप्त जो देवयान गति है उसका ऐसा वर्णन है—"तपस्या के साथ ब्रह्मचयपूर्वक श्रद्धा से अध्यात्म विद्या के द्वारा परमात्मतत्व का अन्वेषण कर (जो जीवन सार्थक करते हैं वे) उत्तरायण मार्ग से सूर्य लोक को जीत लेते हैं। वह सूर्य ही प्राणों

---

१. धन्यागोकुल कन्या वयमिह मन्यामहे जगति ।
यासां नयन सरोजे अंजनभूतो निरंजनोवसति ।।

संसार में गोकुल कन्यायें धन्य हैं, जिनके नयन कमल में अंजन होकर निरंजन सदा बसता है।

२. "उपनिषीदति विशीर्यंते बंधनं यस्याः सकाशात् सा उपनिषत् परमात्मविद्या" (जिसके जानने से संसार के बन्धन नष्ट हो जावें वह उपनिषद् है, परमात्मविद्या) "यद्वा उपनिषीदति परमात्मानं प्रापयति या परमात्मविद्या सा उपनिषद्" (अथवा जिसके जानने से परमात्मा का सानिध्य मिले वह परमात्म विद्या उपनिषद् है) "उपनिषीदति उपास्योपासक स्वरूप विषयक संदेहं संसार ग्रंथिं वा सादयति नाशयति इति उपनिषद्" (जो उपास्य, उपासक विषयक संदेह और संसार की ग्रंथि को नष्ट करै वह उपनिषद्) "उप = समीपस्थं, नि = निश्चितं परमात्मानं प्रापयति इति उपनिषद्" (अंतःकरण में विद्यमान परमात्मा को प्राप्त कराने वाली विद्या।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

का केन्द्र ' अमृत, अभयपद और परमगति है इसलिये वहाँ पहुँच कर फिर लौट कर नहीं आते।" "ब्रह्मवेत्ता की उत्तरायण ही गति है" इत्यादि वाक्यों में जो गति कही गई उससे नेत्रगत पुरुष, पुरुषोत्तम ही निश्चित होता है। [नेत्रों को तेज सूर्य से ही प्राप्त होता है, इसलिये नेत्रों में ज्योतिष्मान ब्रह्म ही है]

सू०—अनवस्थितेरसंभवाच्चनेतरः ।१।२।१८।।

वाक्यार्थ—अक्ष्यंतरः परमात्मेतरो न भवति, कुतस्तदितरस्य नियमेनानवस्थितेरमृतत्वादेस्तत्रासंभवाच्च ।

भावार्थ—नेत्रों में परमात्मा से अतिरिक्त दूसरा नहीं हो सकता, क्योंकि उसके अतिरिक्त नियमपूर्वक (सदा) अवस्थिति (निवास) और अमृतत्व, आदि गुण असंभव हैं [नेत्रों में छायापुरुष भी नहीं हो सकता, क्योंकि वह तो शरीर के समान नाशवान है]

अधिकरण ५

सू०—अन्तर्याम्यधिदेवादि लोकादिषुतद्धर्मव्यपदेशात् ।१।२।१९।।

वाक्यार्थ—"यः पृथिव्यां तिष्ठन्"[१]इत्युपक्रम्य "एषते आत्मांतर्यामी" इति पृथिव्यादि, अधिदेवादि सर्व पर्यायेषु श्रूयमाणोऽन्तर्यामी परमात्मैव कुतस्तद्धर्मस्य सर्व नियंतृत्वादेरिह व्यपदेशात् ।

भावार्थ—"जो पृथिवी में विराजमान है" ऐसा कहकर फिर "वही तेरी आत्मा के अन्तर्गत है" ऐसा पृथिवी आदि के अधिदेव को ही आत्मांतर्यामी भी कहकर अध्यातम कहा है। इसलिये वह परमात्मा ही है जोकि सभी का नियंता है [नेत्र, हृदय, पृथिवी आदि सभी जगह विद्यमान रहकर सब पर शासन करता है]

सू०—न च स्मार्तमतद्धर्माभिलापात् ।१।२।२०।।

वाक्यार्थ—न च प्रधानमंतर्यामिशब्द वाच्यं चेतनधर्माणां सर्व नियंतृत्वसर्वद्रष्टृत्वादीनां चाभिलाषात् ।

भावार्थ—सांख्य मत वालों के प्रधान (पुरुष) को अन्तर्यामी नहीं कह सकते क्योंकि अंतर्यामी चैतन्य, सबका नियंता और सबका द्दष्टा है [प्रधान तो अचेतन है]

---

१. बृहदा० ५।७।३।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—शारीरश्चोभयेऽपि हि भेदेनैनमधीयते ।१।२।२१।।

वाक्यार्थ—न च जीवोऽन्तर्यामी यतश्चैनमंतर्यामिनो भेदेन "यो विज्ञाने-तिष्ठन्"[१] इति काण्वाः "य आत्मनि" इति माध्यंदिनि चोभयेऽप्यधीयते ।

भावार्थ—जीवात्मा भी अन्तर्यामी नहीं हो सकता, उसका तो अंत-र्यामी परमात्मा से भेद है "जो जीवात्मा (विज्ञान रूप) में है" ऐसा काण्व शाखा में तथा जो आत्मा में है" ऐसा माध्यंदिन शाखा दोनों में कहा गया है ।

अधिकरण ६

सू०—अदृश्यत्वादि गुणको धर्मोक्तेः ।१।२।२२।।

वाक्यार्थ—आथर्वणिकैरुदाहृतः अदृश्यमित्यादिना अदृश्यत्वादिगुणकः परमात्मैव, कुतः "य सर्वज्ञः"[२] इत्यादिना तद्धर्मोक्तेः ।

भावार्थ—आथर्वणिक में अदृश्य इत्यादि विशेषणों से कहा गया अदृश्य इत्यादि गुणवाला परमात्मा ही है, क्योंकि "जो सर्वज्ञ है" ऐसे उसके धर्म कहे गये हैं ।

सू०—विशेषणभेद व्यपदेशाभ्यां च नेतरौ ।१।२।२३।।

वाक्यार्थ—प्रधान जीवौ न भूतयोन्यक्षरपदवाच्यौ विशेषेणभेद व्यपदेशाभ्यां सर्वगतमिति विशेषणव्यपदेशः "अक्षरात् परतः परः[३] इति भेद व्यपदेशश्च ।

भावार्थ—सांख्यवादियों के प्रधान और जीवात्मा को भूतयोनि (प्राणि-मात्र का कारण) इस पद से उल्लेख नहीं कर सकते, क्योंकि परमात्मा का जो सर्वगत विशेषण है, उसका इन दोनों में अभाव है ।" प्राणिमात्र का कारण ब्रह्म अक्षर = अविनाशी, जीवात्मा से अतिश्रेष्ठ है" इसमें स्पष्ट भेद कहा गया है ।

सू०—रूपोपन्यासाच्च ।१।२।२४।।

वाक्यार्थ—अग्निमूर्द्धा"[४] इत्यादिना परमात्मनोरूपोपन्यासाच्च नेतरौ ।

भावार्थ—अग्निमूर्द्धा इत्यादि पदों से अग्नि, चंद्र, सूर्य आदि को अन्त-र्यामी परमात्मा का ही रूप कहा गया है, जीव और प्रधान को नहीं ।

---

१. बृहदा० ५।७।२२। २. मुंडको० १।१।६।। ३. मुंडको० २।१।२।। ४. मुंडको० २।१।४।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अधिकरण ७

सू०—वैश्वानरः साधारण शब्द विशेषात् ।१।२।२५।।

वाक्यार्थ––वैश्वानरः परमात्मैव यतोऽग्नि ब्रह्म साधारणस्यापि वैश्वानर शब्दस्य ब्रह्म परिग्रहेद्युमूर्द्धत्वाद्यवयव विधानेन विशेषावगमात् ।

भावार्थ—वैश्वानर भी परमात्मा ही है, क्योंकि साधारण रूप से वैश्वानर अग्नि जो कही जाती है उससे यह विशेष है । जो अग्नि विराट पुरुष ब्रह्म का एक अंग है ।

सू०—स्मर्यमाणमनुमानं स्यात् इति ।१।२।२६।।

वाक्यार्थ—परमात्मनो हि वैश्वानरत्वे" यस्याग्निरास्यं द्यौ मूर्द्धा"[१] इत्यादि स्मृत्युक्तमपि रूपं निश्चायकं स्यात् ।

भावार्थ––परमात्मा ही वैश्वानर रूप से "अग्नि जिसका मुख है, द्युलोक जिसका मूर्द्धा है" इत्यादि स्मृति वाक्यों में निश्चिय किया गया है ।

सू०—शब्दादिभ्योऽन्तः प्रतिष्ठानान्नेति चेन्न तथा दृष्ट्युपदेशाद संभवात् पुरुषमभिधीयते १।२।२७।।

वाक्यार्थ—जाठराग्नौ वैश्वानर शब्दस्य रूढत्वादग्नित्रेता विधानात् प्राणाहुत्या धारत्व संकीर्त्तनादंतः प्रतिष्ठान श्रवणाच्च न वैश्वानरः परमात्मा किंतु जाठरमग्निरिति चेन्न तथा तस्मिन् जाठरे परमेश्वर दृष्टेरुपदेशात् परमात्मा परिग्रहाभावे द्युमूर्द्धाद्यसंभवात् पुरुषत्वश्रवणाच्च वैश्वानरः परमात्मैव।

भावार्थ—प्रायः जाठराग्नि को वैश्वानर कहा जाता है, (रूढ होने से) वाडवाग्नि, दावाग्नि और जाठराग्नि में उसकी गणना है प्राणों की आहुति को धारण करने वाला है तथा अंतःकरण में प्रविष्ट है, इसलिये वैश्वानर जाठर अग्नि है, परमात्मा नहीं । ऐसी शंका नहीं करनी चाहिये । क्योंकि उस जाठराग्नि की भी परमात्मा की दृष्टि से ही उपासना का उपदेश है । परमात्मा के अतिरिक्त, द्युलोक जिसका मूर्द्धा है ऐसे जो महान् गुण कहे गये हैं, वे जाठराग्नि में संभव नहीं हैं । वैश्वानर को पुरुष भी कहा गया है इसलिये वह परमात्मा का ही वर्णन है ।

सू०—अतएव न देवता भूतं च ।१।२।२८।।

वाक्यार्थ—उक्त हेतुभ्य एव देवता भूतं च न गृह्यते वैश्वानर शब्देन ।

---

१. महाभारत शांतिपर्व ४७।७०।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ—इन्हीं कारणों से वैश्वानर शब्द का तात्पर्य अग्नि देवता अथवा भौतिक जाठराग्नि नहीं होगा ।

सू०—साक्षादप्यविरोधं जैमिनिः ।१।२।२९।।

वाक्यार्थ—विश्वश्चासौनरश्च सर्वात्मा भगवान वैश्वानरः इति साक्षादुपास्य इत्यविरोधं जैमिनिराचार्यो मन्यते ।

भावार्थ—विश्व ही उस नर का रूप है इसलिये सर्वात्मा भगवान वैश्वानर हैं, ऐसे वो साक्षात् उपास्य रूप हैं । इस तात्पर्य से वैश्वानर को ब्रह्म मानने में कोई विरोध नहीं, ऐसा जैमिनि आचार्य मानते हैं ।

सू०—अभिव्यक्तेरित्याश्मरथ्यः ।१।२।३०।।

वाक्यार्थ—उपासकानामनन्यानां अनुग्रहायानंतोऽपिपरमात्मा तत्तदनुरूपतयाऽभिव्यज्यते इति प्रादेश मात्रत्वं उपपद्यते इत्येवमभिव्यक्तेरित्याश्मरथ्यो मुनिर्मन्यते ।

भावार्थ—अनन्य उपासकों के ऊपर अनुग्रह कर अनंत परमात्मा भी उपासकों की निष्ठा के अनुरूप अपने को व्यक्त करते हैं, इसलिए हम उनको एक विशेष स्थान में समझते हैं । ऐसा परमात्मा का अभिव्यक्त भाव आश्मरथ्य मुनि मानते हैं ।

सू०—अनुस्मृतेर्बादरिः ।१।२।३१।।

वाक्यार्थ—मूर्द्धादिपादांतदेह कल्पनं अनुस्मृतेरनुस्मरणार्थमिति बादरिराचार्यो मन्यते ।

भावार्थ—उपासना और स्मरण के लिए परमात्मा की, शिर से लेकर पैर तक की मूर्त्ति की कल्पना की जाती हैं, ऐसा बादरि आचार्य का मत है ।

सू०—संपत्तेरिति जैमिनिस्तथाहि दर्शयति ।१।२।३२।।

वाक्यार्थ—वैश्वानरोपासकेन क्रियमाणया वैश्वानर विद्यांगभूत प्राणाहुतेरग्निहोत्रत्वसंपत्यर्थं तेषामुर आदीनां वेद्यादित्व कल्पनमितिजैमिनिराचार्यो मन्यते "तथैवाऽथ य एतदेवं विद्वानग्निहोत्रं जुहोति"[1] इत्यादि श्रुति दर्शयति ।

---

१. छां० ५।२४।१।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ—वैश्वानर के उपासक से वैश्वानर विद्या का अंग रूप जो प्राणाहुति-अग्निहोत्र, संपत्ति के लिए किया जाता है, उसमें हृदय ही वेदी है, रोम ही समिधा है इत्यादि कल्पना होती है। ऐसा जैमिनि आचार्य का मत है [उसका फल भी यज्ञ के समान ही होता है] "विद्वान् उपासक अग्नि की उपासना के समान ही प्राणाहुति रूप अग्निहोत्र करता है" ऐसा श्रुति भी कहती है।

सू०—आमनंति चैनमस्मिन् ।१।२।३२।।

वाक्यार्थ—एवं द्युमूर्द्धत्वादिमंतं वैश्वानरमस्मिन्नुपासकदेहे पुरुषविधमामनंति च।

भावार्थ—जैसे कि द्युलोक आदि उस अनन्त वैश्वानर ब्रह्म के अंग हैं उसी प्रकार उपासक के देह में जाठराग्नि भी उसी का अंग है, वह वैश्वानर ब्रह्म उसी में निवास करता है।[1]

द्वितीय पाद समाप्त

---

१. "अहं वैश्वानरो भूत्वा प्राणिनां देहमाश्रितः" [मैं वैश्वानर होकर प्राणियों की देह का आश्रय हूँ] गीता।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

तृतीय पाद

अधिकरण १

सू०—द्युभ्वाद्यायतनं स्व शब्दात् ।१।३।१।।

वाक्यार्थ—"यस्मिन् द्यौ[1] इति द्युभ्वाद्यायतनं ब्रह्म स्वशब्दात् ब्रह्मवाचकात् आत्मादिशब्दात् ।

भावार्थ—"यस्मिन् द्यौ" इत्यादि उपनिषद् वाक्य में पृथिवी आदि का आयतन (स्थान) ब्रह्म ही कहा गया है । इस प्रकरण में आया हुआ स्व शब्द परमात्मा के लिये ही है [स्व शब्द से जीवात्मा या प्रधान पुरुष नहीं समझना चाहिये]

सू०—मुक्तोपसृप्यव्यपदेशात् ।१।३।२।।

वाक्यार्थ—द्युभ्वाद्यायतनं ब्रह्मैव कुतस्तदायतनस्यैव "यदापश्यः पश्यते रुक्मवर्णं कर्त्तारमीशं पुरुषं ब्रह्म योनिं, तदा विद्वान् पुण्यपापेविधूय निरंजनः परमं साम्यमुपैति"[2] इत्यादि मुक्तोपसृप्यव्यपदेशात् ।

भावार्थ—पृथिवी आदि का आयत न ब्रह्म ही है, क्योंकि वहीं एकमात्र आयतन (गंतव्य स्थान है) जैसा कि कहा है—"जब यह द्रष्टा (जीवात्मा) सबके शासक, ब्रह्मा के भी आदि कारण, सम्पूर्ण सृष्टि के रचयिता, दिव्य प्रकाश स्वरूप परम पुरुष का प्रत्यक्ष कर लेता है, उस समय पुण्य और पाप दोनों से छूटकर उस निरंजन की समता प्राप्त कर लेता है"[3] इस प्रकार मुक्ति और उत्थान उस महान् के प्रति कहा गया है ।

---

१. मुं० २।२।५।। २. मुं० ३।१।३।।

३. दुःसह प्रेष्ठ विरह तीव्रतापधुताशुभाः ।
ध्यान प्राप्ताच्युताश्लेष निर्वृत्याक्षीणमंगलाः
तमेव परमात्मानं जार बुद्ध्यापि संगताः ।
जहुर्गुणमयं देहं सद्यः प्रक्षीणबंधानाः ।। श्री भा० १०।२९।१०-११।।

परमात्मा श्री कृष्ण के प्रति जार भाव रखनेवाली गोपी भी महारास के प्रसंग में प्रभु के दुःसह विरह के ताप से तप्त हो गई अतः उनके पाप भस्म हो गए । भगवान् के ध्यान में आलिंगन करने से उनके पुण्य भी क्षीण हो गए अतएव उनका बंधनमय शरीर छूट गया वे मुक्त हों गईं ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—नानुमानमतच्छब्दात् ।१।३।३।।

वाक्यार्थ—नानुमानगम्यं प्रधानंतदायतनं तद्बोध शब्दाभावात् ।

भावार्थ—सांख्य के अनुमानित प्रधान को जगत का आयतन नहीं कह सकते, क्योंकि उसके अचेतनता के बोधक प्रमाणों का शास्त्रों में अभाव है ।

सू०—प्राणभृच्च ।१।३।४।।

वाक्यार्थ—न प्राणभृदपि द्युभ्वाद्यायतनं, कुतोऽतच्छब्दादेव ।

भावार्थ—प्राणवान जीव भी पृथिवी आदि का आयतन नहीं हो सकता, क्योंकि उसके प्रतिपादक शब्दों का भी शास्त्रों में अभाव है। [आत्मा शब्द परमात्मा के लिये ही कहा गया है]

सू०—भेदव्यपदेशाच्च ।१।३।५।।

वाक्यार्थ—किंचज्ञातृज्ञेयभावे भेदव्यपदेशादपि द्युभ्वाद्यायतनं न प्राणभृत् ।

भावार्थ—ज्ञातृ (ज्ञान करने वाला जीवात्मा) और ज्ञेय (ज्ञान करने योग्य परमात्मा) यह भेद कहा गया है, इसलिये भी जीवात्मा, महान पृथिवी आदि का आयतन नहीं हो सकता ।

सू०—प्रकरणात् ।१।३।६।।

वाक्यार्थ—परमात्म प्रकरणान्न द्युभ्वाद्यायतनत्वेन जीव परिग्रहः ।

भावार्थ—परमात्मा के प्रकरण में कहीं भी पृथिवी आदि का आयतन जीव नहीं कहा गया है ।

सू०—स्थित्यदनाभ्यां च ।१।३।७।।

वाक्यार्थ—द्वासुपर्णेत्यादिमंत्रे परमात्मनोऽभोक्तृत्वेनस्थितेर्जीवस्यादनाच्च न जीवात्मा द्युभ्वाद्यायतनं ।

भावार्थ—"द्वासुपर्णा" इत्यादि उपनिषद् के मंत्र में परमात्मा की निर्लेप (भोगों में लिप्त न होने वाली) स्थिति तथा जीवात्मा को भोक्ता (कर्मफल को भोगने वाला) कहा गया है, इसलिये भी जीवात्मा को आयतन कैसे कह सकते हैं ?

अधिकरण २

सू०—भूमा सम्प्रसादादध्युपदेशात् ।१।३।८।।

वाक्यार्थ—परमाचार्यैः श्रीकुमारैरस्मद्गुरवे श्रीमन्नारदायोपदिष्टो,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

"भूमात्वेव विजिज्ञासितव्यः",[1] इत्यत्र भूमा प्राणो न भवति, किन्तु श्रीपुरुषोत्तमः कुतः प्राणादुपरिभूम्न उपदेशात् ।

भावार्थ—परमाचार्य श्री सनत् कुमार ने मेरे गुरु श्रीमान् नारद ऋषि को उपदेश दिया कि "भूमा = विपुल सुख वाला परमात्मा जानने योग्य है।" इस उपदेश में भी प्राण (जीवात्मा) भूमा गुणवाला नहीं हो सकता क्योंकि जीवात्मा विपुल सुख वाला नहीं है, उससे ऊपर की स्थिति की भावना है, इसलिये पुरुषोत्तम ही का उपदेश दिया गया है।[2]

सू०—धर्मोपपत्तेश्च १।३।६।।

वाक्यार्थ—निरतिशय सुखरूपत्वामृतत्वस्वमहिम प्रतिष्ठितत्वादीनां परमात्मन्येवोपत्तेश्च भूमा परमात्मैव।

भावार्थ—निरतिशय (विपुल) सुख रूप,[3] अमृत, अपनी महिमा में प्रतिष्ठित आदि विशेषतायें परमात्मा की ही हो सकती हैं इसलिये वही भूमा हैं।

अधिकरण ३

सू०—अक्षरमंबरांत धृतेः।१।३।१०।।

वाक्यार्थ—अक्षरं ब्रह्म कुतः कालत्रयवर्तिकार्यांधारतया निर्दिष्टस्याकाशस्य धारणात् ।

---

१. छांदोग्यो० ७।२३।१।।

२. इसी महासुखसार आत्माराम परमात्मा की उपासना के रहस्य को श्री हरिवंश जी ने अपने 'राधा सुधानिधि' अनुपम ग्रंथ में विस्तृत रूप से गाया है—

(अ) सौख्य सीमा जयति—रा० सु० नि० १३०।।

(ब) तस्या अपार रससार विलासमूर्त्तेरानंद कंदपरमाद्भुतसौम्य लक्ष्म्या
ब्रह्मादि दुर्गमगतेर्वृषभानुजायाः कैंकर्ममेव मम जन्मनि जन्मनि स्यात् ।।
।।रा० सु० नि० ३६।।

अपार सुख रूप रससार की साक्षात् मूर्त्ति, आनन्द तत्त्व को देने वाले श्री पुरुषोत्तम कृष्ण की अद्भुत महानंद प्रकाशिका आह्लादिनीशक्ति भगवती वृषभानुजा के कैंकर्य दास्य की जन्म-जन्म तक कामना है। ब्रह्मा आदि भी जिसकी गति नहीं पा सकते।

३. "अंगे तु वामे वृषभानुजां मुदा" इत्यादि श्लोक में भगवान निंबार्काचार्य जी ने भी आनंदकंद श्रीकृष्ण के महासुख से परिपूर्ण परमाह्लाद रूप भगवती वृषभानुजा का स्मरण किया है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ--अक्षर भी ब्रह्म है, क्योंकि भूत, भविष्य और वर्तमान तीनों कालों को धारण करने वाला आकाश भी अक्षर ब्रह्म पर आधारित है ।

सू०—साच प्रशासनात् ।१।३।११।

वाक्यार्थ—सा च धृतिः पुरुषोत्तमस्यैव कुतः "एतस्यैवाक्षरस्य प्रशासने गार्गि सूर्याश्चंद्रमसौ विधृतौ तिष्ठति"[१] इत्याज्ञापयितृत्वश्रवणात् ।

भावार्थ—ऊपर जो धारण करने की शक्ति कही गई है वह पुरुषोत्तम की ही है क्योंकि "इस अक्षर ब्रह्म के प्रशासन में ही सूर्य और चन्द्र धैर्य के साथ स्थिति हैं "इस वाक्य से परमात्मा प्रशासक है ऐसा स्पष्ट होता है ।

सू०—अन्यभावव्यावृत्तेश्च ।१।३।१२।।

वाक्यार्थ—अत्र प्रधानस्य जीवस्य वा अक्षरशब्देन ग्रहणं नास्ति परमेवाक्षर शब्दार्थः कुतः "तद्वा एतदाक्षरं गार्ग्य अदृष्टं, दृष्ट्र अश्रुतं श्रोतृ, अमतं मंतृ, अविज्ञातं विज्ञातृ" इत्यन्यभावव्यावृतेः ।

भावार्थ—यहाँ प्रधान अथवा जीव को अक्षर शब्द से नहीं कह सकते, परमात्मा ही अक्षर शब्द का अर्थ होगा क्योंकि "यह अक्षरस्वयं अदृष्ट होते हुए दृष्टा, श्रवण का विषय नहीं पर श्रोता, मनन का विषय नहीं पर मंता, स्वयं अविज्ञाता होकर सबका विज्ञाता है ।"[२] ये गुण अन्यों में संभव नहीं हैं ।

अधिकरण ४

सू०—ईक्षतिकर्म व्यपदेशात् सः ।१।३।१३।।

वाक्यार्थ—"पुरिशयं पुरुषमीक्षते" इतीक्षतेः कर्म ब्रह्मांडांतर्गतो ब्रह्मलोकस्थो ब्रह्मा न भवति, किंतु स एव । प्रकृतः स्वासाधारणाप्राकृतब्रह्मलोकेशः यः परमात्मेक्षति कर्म, कुतः "यत्तच्छांतमजरमभयं"[3]इत्यादिन्नतद्धर्माणांव्यपदेशात् ।

भावार्थ—"साधक अंतर्यामी पुरुषोत्तम का साक्षात् कर लेता है" यहाँ साक्षात्कार का विषय ब्रह्मांडांतर्गतब्रह्मलोक का स्वामी ब्रह्मा नहीं कहा गया है, किंतु परमात्मा से ही तात्पर्य है । अप्राकृत, असाधारण, अखिल ब्रह्मांडनायक परमात्मा ही साक्षात्कार का विषय है, क्योंकि—"वह शांत, अजर, अमर, अभय" इत्यदि गुणों से अलंकृत कहा गया है ।

---

१. वृहदा० ५।८।६।। २. वृहदा० ५।८।११। ३. प्रश्नोप० ५।५।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अधिकरण ५

सू०—दहर उत्तरेभ्यः १।३।१४॥

वाक्यार्थ—"अस्मिन् ब्रह्मपुरेदहरं पुंडरीकं वेश्म दहरोऽस्मिन्नंतराकाशं"[१] इति श्रुत्या प्रोक्तोदहराकाशः परात्मा भवितुमर्हति, कुतः उत्तरेभ्यो "यावान्-वाऽयमाकाशस्तावानसौ अंतर्हृदय आकाशः उभेस्मिन्द्यावापृथिवी अंतरेव समाहिते, एष आत्मा अपहतपाम्मा विजरः"[२] इत्यादिभिर्वक्ष्यमाणाः ये परमात्माऽसाधारण धर्माः तेभ्यो हेतुभूतेभ्यः ।

भावार्थ—"इस ब्रह्म पुर के अंदर जो सूक्ष्म कमलाकार स्थान है, उसमें आकाश भी सूक्ष्म है" इस श्रुति वाक्य द्वारा कहा गया जो सूक्ष्म आकाश है वह परमात्मा ही है, क्योंकि—उसी को आगे "जितना यह (भौतिक) आकाश है, उतना ही हृदयांतर्गत आकाश है। द्युलोक और पृथिवी ये दोनों इसके अंदर ही सम्यक् रूप से स्थित हैं। यह जो परमात्मा है, वह पापों से रहित अजर है।" ऐसा असाधारण धर्म वाला कहा गया वह परमात्मा ही है।

सू०—गतिशब्दाभ्यांतथाहि द्रष्टं लिंगं च ।१।३।१५॥

वाक्यार्थ—"सर्वाः प्रजाः अहरहर्गच्छंति[३] इति गति ब्रह्मलोकमिति शब्दस्ताभ्यां दहरः पर इति निश्चीयते "सता सौम्य तदा संपन्नो भवति"[४] इति प्रत्यहं गमनं श्रुत्यंतरे तथैव द्रष्टं कर्मधारय समास परिग्रहे ब्रह्मैव लिंगं शब्द सामर्थ्यं च ।

भावार्थ—"सारी प्रजा नित्य परलोक जाती है" यहाँ गति स्थान ब्रह्म-लोक नहीं समझना चाहिये अपितु दहरलोक ही परलोक का निश्चित अर्थ होगा "वहाँ पहुँचकर सतभाव (ब्रह्मभाव) से संपन्न हो जाता है।" इस प्रकार नित्य गम्य परलोक में द्दष्टव्य परमात्मा ही है। शब्द से भी यही अर्थ निकलेगा जब कि कर्मधारय समास करेंगे [दहराकाश ही परलोक और ब्रह्म-स्वरूप है।

सू०—धृतेश्च महिम्नोऽस्यास्मिन्नुपलब्धेः ।१।३।१६॥

वाक्यार्थ—"ससेतुर्विधृतिरेषां लोकानां"[५] विधारकत्वं दहरस्य परमात्मत्वे संगच्छते, अस्य च महिम्नोधृत्याक्ष्येऽस्मिन् परमात्मन्येव "एतस्य वाऽक्षरस्य प्रशासने गार्गि सूर्यश्चिंद्रमसौ विधृतौ तिष्ठत" इति श्रुत्यंतरे उपलब्धेः ।

---

१. छां० ८।१।१॥ २. छां० ८।१।३॥ ३. छां० ८।३।२॥ ४. छां० ८।४।१।

५. यहाँ जो नित्य सूक्ष्माकाश में जाने की बात कही है वह जीव की सुषुप्ति अवस्था में होती है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ—"वह सामान्य जीवों को धारण करने वाला है" इसमें जो दहर की आधारता कही गई है, वह परमात्मा में ही हो सकती है, इसलिये उक्त धारण की महिमा वाला दहर परमात्मा है।" इसी अक्षर के प्रशासन में सूर्य चन्द्र आधारित हैं" ऐसा अन्य श्रुति में भी कहा गया है।

सू०—प्रसिद्धेश्च ।१।३।१७॥

वाक्यार्थ—"आकाशो ह वै नामरूपयोर्निर्वहिता सर्वाणि ह वा इमानि भूतान्याकाशादेव समुत्पद्यंते"[१] इति परमात्मन्यप्याकाश शब्द प्रसिद्धेश्च दहराकाशः परमात्मैव।

भावार्थ—आकाश ही नामरूपात्मक जगत को धारण करने वाला है, सारे पदार्थ आकाश से ही प्रकट होते हैं।" यहाँ परमात्मा को ही आकाश शब्द से कहा गया है। दहराकाश भी परमात्मा ही है।[२]

सू०—इतर परामर्शात् स इति चेन्नासम्भवात् ।१।३।१८॥

वाक्यार्थ—"एषसंप्रसादोऽस्माच्छरीरात्समुत्थाय परं ज्योतिरुपसंपद्य स्वेन रूपेणाभिनिष्पद्यते एष आत्मेति होवाच"[३] इति दहरवाक्य मध्ये जीवस्यापि परामर्शात् जीवोऽस्तु दहर इति चेन्नापहतपाप्मत्वादीनां पूर्वोक्तानांजीवेऽसंभवात्।

भावार्थ—"यह जो चैतन्य है, वह इस शरीर से उठकर परमात्मा के समान ज्योतिष्मान् रूप को प्राप्त कर अपने वास्तविक रूप को प्राप्त कर लेता है, उसे आत्मा कहते हैं।" ऐसा दहर विद्या का जहाँ प्रकरण चला है उसके मध्य में वर्णन किया गया है, इसलिये वह दहर का वर्णन है, ऐसा नहीं समझना चाहिये, यह तो जीवात्मा का वर्णन है। ऊपर जो पापरहित आदि दहर के महान् गुण कहे गये हैं, वह जीव में सम्भव नहीं हैं।

---

१. छां० १।६।१॥

२. परमात्मा को जन्माद्यस्य यतः में जन्म, स्थिति और लय का कारण कहा गया, यहाँ आकाश को भी उसी रूप से कहा गया है। आकाश ही परमात्मा का रूप है। नामरूपात्मक सारा जगत इस सूक्ष्माकाश (Small Eather) में सूक्ष्म रूप से सदा व्याप्त रहता है। इसीसे प्रकट हो जाता है। आधुनिक टेलीवीजन यंत्र द्वारा नाम (शब्द) तथा रूप (चित्र) प्रत्यक्ष देखे जाते हैं, जोकि सूक्ष्माकाश से खींचे जाते हैं।

३. छां० ८।३।४॥

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—उत्तराच्चेदाविर्भूतस्वरूपस्तु ।१।३।१९॥

वाक्यार्थ—उत्तरात् जीवपरात् प्रजापतिवाक्यात् जीवेऽप्यपहतपाप्मत्वादि गुणाष्टकमवगम्यते, अतः स एव दहराकाशोस्तित्वति चेदुच्यते। पूर्वोक्तगुण-युक्तो नित्याविर्भूत स्वरूपः परमात्मा दहर, आविर्भूत स्वरूपो जीवस्तु न।

भावार्थ—छांदोग्योपनिषद् में आगे चलकर इन्द्र ने प्रजापति को उपदेश दिया. उसमें जीव को भी अपहतपाप्मत्व आदि आठ गुणों से युक्त कहा है।[१] इसलिये जीव ही वह सूक्ष्माकाश है ऐसा कह सकते हैं। पर पूर्व में कहे गये गुणों से युक्त परमात्मा ही दहर है, क्योंकि ये गुण उसमें नित्य प्रकट रहते हैं। जीवात्मा में ये गुण नित्य नहीं रहते अपितु भगवदुपासना के बाद निर्मल हो जाने पर जीवात्मा में ये गुण प्रकट होते हैं।

सू०—अन्यार्थश्च परामर्शः ।१।३।२०॥

वाक्यार्थ—जीव परामर्शः परमात्मनो जीवस्वरूपाविर्भावहेतुत्व प्रदर्शनार्थः।

भावार्थ—ऊपर जो जीवात्मा के विषय में आठ गुण कहे गए हैं, वह परमात्मा से प्राप्त उक्त गुणों का प्रकट होना बतलाया गया है [अर्थात् "परमात्मा से ज्योति रूप को प्राप्त कर जीवात्मा ज्योतिष्मान होता है।" छां० ८।३।४। में जो कहा है, उसी को इन्द्र ने प्रजापति से स्पष्ट रूप से कहा है]

सू०—अल्पश्रुतेरिति चेत्तदुक्तम् ।१।३।२१॥

वाक्यार्थ—अल्पश्रुतेर्नविभुरत्र ग्राह्य इति चेत्, तत्समाधानाय यद्वक्तव्यं तदुक्तं पुरस्तात्।

भावार्थ—श्रुति वाक्यों में आकाश को दहर (सूक्ष्म) कहा गया है, इसलिये सूक्ष्म अणु रूप जीव को ही दहर आकाश माना जावे। इस शंका का समाधान जो हमें करना था, वह पहिले ही कर चुके हैं [सू० १।२।७। में]

---

१. यः आत्मा अपहतपाप्मा, विजरो, विमृत्युर्विशोको, विजिघित्सोऽपिपासः सत्यकामः, सत्यसंकल्पः सोऽन्वेष्टव्यः। छांदो० ८।७।१॥

जो आत्मा, पापरहित, अजर, अमर, शोकरहित, भूख-प्यास रहित, सत्यकाम और सत्य संकल्प है, उसका वह रूप जानने योग्य है [अर्थात् भगवदुपासना के द्वारा उस रूप को प्राप्त करने की चेष्टा करनी चाहिये। ऐसा रूप प्राप्त होने पर परमात्मा के समान रूप की प्राप्ति होगी जोकि सारूपा मुक्ति है]

३

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—अनुकृतेस्तस्य च ।१।३।२२।।

वाक्यार्थ—तस्यनित्याविर्भूतस्वरूपस्य "तमेवभांतं अनुभाति सर्वं" इत्यनुकृतेश्चानुकर्ता जीवो नित्याविर्भूतस्वरूपो दहरो न भवितुमर्हति ।

भावार्थ—उस नित्य आविर्भूत स्वरूप की अनुकृति का अनुकरण करने वाला जीव है, दहर तो नित्य आविर्भूत स्वरूप है ही वह अनुकर्ता (नकल करने वाला) नहीं हो सकता । ऐसा कहा भी गया है कि "उस परमात्मा के तेज से ही सब अनुभाषित (प्रकाशित) होते हैं ।

सू०—अपितु स्मर्यते ।१।३।२३।।

वाक्यार्थ—अपि च "मम साधर्म्यमागताः"[१] इति स्मर्यते ।

भावार्थ—सब बन्धनों से मुक्तजीव की परमात्मा से समता" मेरे समान धर्म को प्राप्त हो जाता है" इस स्मृति वाक्य में भी की गई है ।

अधिकरण ६

सू०—शब्दादेव प्रमितः ।१।३।२४।।

वाक्यार्थ—प्रमितोऽगुंष्ठपरिमाणकः पुरुषोत्तम एव "ईशानो भूतमव्यस्य"[२] इति शब्दात् ।

भावार्थ—जिसको श्रुति में अगुंष्ठ परिमाण कहा गया है उसी को "ईश भूत, भविष्य का ज्ञाता" कहा है, इसलिये पुरुषोत्तम ही इस परिमाण का है [जीवात्मा नहीं]

सू०—हृद्यपेक्षया तु मनुष्याधिकारत्वात् ।१।३।२५।।

वाक्यार्थ—उपासक हृद्यपेक्षया अंगुष्ठमात्रत्वं उपपद्यते नतु जंतु शरीरेषु हृदयस्यानियतपरिमाणत्वात् तदपेक्षयाऽपि तथात्वं कथं ? अत्र आह मनुष्याधिकारत्वात् ।

भावार्थ—[परमात्मा सर्वव्यापक असीम और महान् है तो वह अंगुष्ठ परिमाण वाला कैसे हो सकता है ? अपितु अणु रूप वाला जीव ही अंगुष्ठ परिणाम वाला होगा । इस शंका का उत्तर देते हैं] उपासक अपने अंगुष्ठ परिमाण वाले हृदय में ही परमात्मा का ध्यान करता है इसलिये परमात्मा के अंगुष्ठ परिमाण की कल्पना की गई है । यदि यह कहो कि प्राणिमात्र के शरीरों में हृदय का परिमाण एक सा नहीं होता, छोटा बड़ा होता है [जैसे हाथी का

१. मुं० २।२।१०।। २. गीता १४।२ ।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

बड़ा, चींटी का छोटा] तो उसके अनुसार ध्येय परमात्मा को भी छोटा बड़ा मानना पड़ेगा। तो ऐसा कहना भूल है, क्योंकि ध्यान बुद्धिजीवी मनुष्य ही कर सकता है, पशु नहीं [मनुष्यमात्र का हृदय अंगुष्ठमात्र ही होता है]

अधिकरण ७

सू०—तदुपर्यपिबादरायणः संभवात् ।१।३।२६।।

वाक्यार्थ—तस्मिन् ब्रह्मोपासने मनुष्याणामुपरिष्ठादपि ये देवादयो हि तेषामप्यधिकारोऽस्ति इति भगवान् बादरायणोमन्यते ।

भावार्थ—उस परमात्मा की उपासना में मनुष्य से ऊपर की स्थिति के देव, गंधर्व आदि भी अधिकारी हैं। ऐसा भगवान् बादरायण (व्यास) मानते हैं [उनका भी ध्यान लगना संभव है]

सू०—विरोधः कर्मणीति चेन्नानेक प्रतिपत्तेर्दर्शनात् ।१।३।२७।।

वाक्यार्थ—शरीरं बिना ब्रह्मोपासनानुपपत्यातेषामवश्यं विग्रहवत्व-मभ्युपगंतव्यं, तथात्वे तु कर्मणि विरोध इति, चेन्नायं दोषः, कुतः, एकस्याप्यनेकेषां देहानां युगपत् प्रतिपत्तेर्दर्शनात् ।

भावार्थ—शरीर के बिना ब्रह्म की उपासना संभव नहीं होती इसलिए देवताओं को शरीर वाला अवश्य मानना पड़ेगा, तब यज्ञादि कर्मों में एक शरीर वाला देवता अनेक स्थानों में होने वाले यज्ञों में कैसे पहुँचेगा ? ऐसा विरुद्ध सा दीखता है। तो ऐसा दोष नहीं होगा, क्योंकि एक शरीर होते हुए भी अनेक देहों में एक साथ सिद्ध लोग अपने को प्रकट कर लेते हैं। ऐसा देखा गया है।[1]

---

१. श्रीमद्भागवत में १० स्कंध ५६ अध्याय में भगवान् श्री कृष्ण और सिद्ध महात्माओं का एक साथ दो रूप बनाकर राजा बहुलाश्व और श्रुतदेव के यहाँ जाना कहा गया है। भगवान् उन महात्माओं का महत्व कहते हैं—

"ब्रह्मंस्तेऽनुग्रहार्थाय संप्राप्तान् विद्ध्यमून् मुनीन् ।
संचरंति मया लोकान् पुनंतः पादरेणुभिः" ।।५१।।

हे ब्राह्मण ! (श्रुतदेव) तुम्हारे ऊपर कृपा करने के लिए ही मुनि यहाँ उपस्थित हुए हैं जो कि अपने चरण की धूलि से लोगों को पवित्र करते हुए भ्रमण करते हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—शब्द इति चेन्नातः प्रभवात् प्रत्यक्षानुमानाभ्याम् ।१।३।२८॥

वाक्यार्थ—देवादीनां विग्रहवत्यपि स्वीकारे तद्वाचिनि वैदिके शब्दे विरोधः स्यात्, अर्थोत्पत्तेः प्राग् विनाशानंतरं च निरर्थकत्वापत्तेरितिचेत्, नायं विरोधः, अतः शब्दादेव नित्याकृति वाचकात् प्रजापति बुद्ध्युद्‌बोधकादर्थस्य प्रभवात् "वेदेन नाम रूपे व्याकरोत्"[१] "अनादि निधना नित्या वागुत्सृष्टा स्वयंभुवा । आदौ वेदमयी दिव्या यतः सर्वा प्रवृत्तयः[२] इत्यादि श्रुति स्मृतिभ्याम् ।

भावार्थ—देवताओं को यदि मूर्त्तिमान (शरीरवाला) मानेंगे तो उन देवताओं का नाम वेदों में आया है, उससे विरोध जायेगा कि वेद तो सृष्टि के प्रथम से है जो कि किसी के द्वारा नहीं रचे गये, वे तो परमात्मा द्वारा कहे गये ब्रह्मा और ऋषियों ने उन्हें सुना है [इसीलिए वे श्रुति कहाते हैं] शरीर की रचना तो सृष्टि होने पर ही संभव है, फिर उन शरीर वाले देवताओं के नाम वेदों में कैसे आ गये ?

ऐसा विरोध नहीं होगा, क्योंकि वेदों में जो नाम हैं वे शृष्टि के प्रथम भी प्रलय के पूर्व की सृष्टि थी उन देवताओं के हैं। प्रजापति ब्रह्मा की बुद्धि में स्वतः उन नामों का प्रकाश हुआ और उन्होंने उसके अनुसार सृष्टि की [उन देवताओं की]

वे ऋषि और मुनि कौन थे—

"नारदोवामदेवोऽत्रिः कृष्णोरामोऽसितोऽरुणिः ।
अहं वृहस्पति कण्वो मैत्रेयश्च्यवनादयः" ॥१८॥

नारद, वामदेव, अत्रि, कृष्णद्वैपायन व्यास, परशुराम, असित = कृष्णवर्ण वाले अरुणि (श्री निंबार्काचार्य) शुकदेव, वृहस्पति, कण्व, मैत्रेय, च्यवन । इनमें नारद, व्यास, निंबार्क (अरुणि) और शुकदेव मुनि थे और लोग ऋषि ।

शुकदेवजी कहते हैं कि—

"भगवांस्तदभिप्रेत्य द्वयोः प्रिय चिकीर्षया ।
उभयोराविशद्‌गेहं उभाभ्यां तदलक्षितः" ॥२६॥

भगवान् ने राजा बहुलाश्व और श्रुतदेव दोनों की भक्ति देखकर दोनों को प्रसन्न करने के लिए, दोनों के घर में मुनियों के साथ, एक समय में ही दो रूपों से प्रवेश किया ।

१. अष्ट० २ प्रश्न ६ अनु० २, पं० ७ । २. मनुस्मृति अ० १ श्लो० २१ ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

"ब्रह्मा ने वेदों में कही गई सृष्टि के अनुसार नाम रूपात्मक जगत को पुनः प्रकट किया।" "वेदों की अनादि और नित्य सृष्टि को स्वयंभु ब्रह्मा ने पुनः उत्सृजन किया, वेदमयी दिव्यवाणी प्रकटी थी जिसमें सब कुछ व्याप्त है।" इत्यादि श्रुति (प्रत्यक्ष) स्मृति (अनुमान) दोनों से सिद्ध है।

सू०—अतएव नित्यत्वम् ।१।३।२९॥

वाक्यार्थ—प्रजापतेः सृष्टिः शब्दपूर्विकाऽतोहेतोर्वेदस्यनित्यत्वम्।

भावार्थ—प्रजापति ब्रह्मा की सृष्टि वेदों पर ही आधारित है, इसलिए वेदों की नित्यता सिद्ध है।

सू०—समान नाम रूपत्वाच्चावृत्तावप्यविरोधो दर्शनात् स्मृतेश्च ।१।३।३०॥

वाक्यार्थ—एवं प्राकृतसृष्टिसंहारात्मिकायां आवृत्तावपि न विरोधः, कुतः कल्पादौसृज्यमानस्यपदार्थस्य कल्पांतरातीतेन पदार्थेन तुल्यनामरूपादिमत्वात् "सूर्याश्चंद्रमसौधाता यथा पूर्वमकल्पयत्"[१] इति दर्शनात् "यथार्थावृतुलिंगानि-नानारूपाणिपर्यये, दृश्यंते तानि तान्येवतथाभावायुगादिषु"[२] इति स्मृतेः।

भावार्थ—इस प्रकार नष्ट हो जाने वाली प्राकृत सृष्टि की पुनरावृत्ति में (फिर सृष्टि होने में) कोई विरोध न होगा, क्योंकि कल्प के आदि में बनाये गये पदार्थों के बीते हुए कल्पों के पदार्थों के समान ही नाम रूप होते हैं, "ब्रह्मा ने ये सूर्य और चंद्र जैसे पहिले थे वैसे ही बनाये" ऐसा वेदों में देखते हैं और "जैसे वसंत आदि ऋतुएँ स्वतः समय पर प्रवृत्त हो जाती हैं, वैसे ही सृष्टि के आदि में पूर्व सृष्टि की सारी वस्तुएँ स्वतः प्रकट हो जाती हैं" स्मृति में भी।

अधिकरण ८

सू०—मध्वादिष्व संभवादनधिकारं जैमिनिः ।१।३।३१॥

वाक्यार्थ—उपास्योपासकत्वासंभवात् मध्वादिषु विद्यासु सूर्यादीनामनधिकार इति जैमिनिर्मन्यते।

भावार्थ—मधु आदि विद्याओं में सूर्य की उपासना का विधान है, तो उपास्य सूर्य स्वयं उपासक कैसे हो सकता है? इसलिये उन विद्याओं में जिन-जिन देवताओं की उपासना है, वे देवता उसके अधिकारी नहीं हैं, ऐसा जैमिनि मानते हैं।

---

१. पुरुष सूक्त ऋग्वेद। २. मनुस्मृति अध्या० १ श्लोक ३०।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—ज्योतिषि भावाच्च ।१।३।३२।।

वाक्यार्थ—ब्रह्मणितेषामुपासकत्वेन भावाच्च मध्वादिष्वनधिकार इति पूर्वः पक्षः ।

भावार्थ—परमात्मा में ही संपूर्ण उपासना हो जाती है इसलिये मधु आदि विद्याओं की आराधना का अनधिकार है ऐसा एक मत है ।

सू०—भावं तु बादरायणोऽस्ति हि ।१।३।३३।।

वाक्यार्थ—तत्र सिद्धांतमाह, मध्वादिष्वपि सूर्यवस्वादीनामधिकार सद्-भावं बादरायणोमन्यते । हि यतस्तेषां स्वांतर्यामि ब्रह्मोपासने न कल्पांतरेऽपि स्वाधिकार प्राप्त पूर्वक ब्रह्म लिप्सा संभवोऽस्ति ।

भावार्थ—इस विषय पर सिद्धांत कहते हैं—

मधु आदि विद्याओं में सूर्य, वसु आदि देवताओं का अधिकार बादरायण (व्यास) मानते हैं । क्योंकि उन देवताओं को अपने अंतः करण में विद्यमान परमात्मा की उपासना की लिप्सा होती है । अतः कल्पांतर में भी वे स्वांतस्थ ब्रह्म की उपासना करते हैं ।

अधिकरण ६

सू०—शुगस्य तदनादर श्रवणात् तदाद्रवणात् सूच्यते हि ।१।३।३४।।

वाक्यार्थ—छांदोग्ये मुमुक्षौ गुरुप्रयुक्तं शूद्रपदमालोच्य शूद्रोऽपि ब्रह्म-विद्यायामधिक्रियते इतिनाशंकनीयमस्य मुमुक्षोजानिश्रुतेर्हंसप्रयुक्तानादर वाक्य श्रवणात् । तदैव गुरुं प्रत्याद्रवणात् शुक संजाता इति शूद्रेति संबोधनेन सूच्यते ।

भावार्थ—[शूद्र को ब्रह्म विद्या जानने का अधिकार है या नहीं इस पर कहते हैं छांदोग्योपनिषद् में मुमुक्षु जानश्रुति को गुरु ने शूद्र कहा और उसे ब्रह्म विद्या का उपदेश दिया तो इस प्रकरण से शूद्र को भी अधिकार है, ऐसी शंका नहीं करनी चाहिये । क्योंकि जानश्रुति शूद्र नहीं था । जब हंसों ने उसका अनादर किया, तब उस दुःख से उसकी कांति क्षीण हो गई इसलिए उसके गुरु ने उसे शूद्र कहा था ।

सू०—क्षत्रियत्वावगतेश्चोत्तरत्र चैत्ररथेन लिंगात ।१।३।३५।।

वाक्यार्थ—"अथ ह शौनकं च कापेयमभिप्रतारिणं च काक्षसेनि परि-विष्यमाणौ ब्रह्मचारी विभिक्षे"[१] इत्युत्तरत्र चैत्ररथेनाभिप्रतारिणा क्षत्रियेण सह समभिहाररूपलिंगान् जानश्रुतेः क्षत्रियत्वस्यावगतेर्नजानश्रुतिः शूद्रः ।

---

१. छांदोग्य० ४।३।५।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ--"कपि गोत्रज शौनक और कक्षसेन के पुत्र अभिप्रतारी को जबै भोजन परोसा जा रहा जा तब उनसे एक ब्रह्मचारी ने भिक्षा माँगी"

इस प्रसंग के बाद चैत्ररथ अभिप्रतारी क्षत्रिय के साथ जानश्रुति की भी क्षत्रियरूप से गणना की गई है। इसलिये जानश्रुति शूद्र नहीं था।

सू०—संस्कारपरामर्शात्तदभावाभिलापाच्च।१।३।३६॥

वाक्यार्थ—विद्याप्रदेशे "तंहोपनिन्ये"[1] इत्यादिनोपनयन संस्कार परामर्शात् "शूद्रश्चतुर्थोवर्ण एक जातिर्नच संस्कारमर्हति[2] तदभावाभिलापाच्च" इति विद्यायां शूद्रो नाधिक्रियते।

भावार्थ—ब्रह्म विद्या के अधिकार के लिये "उसको उपनयन वाला करो" ऐसा उपनयन संस्कार कराने का परामर्श दिया गया है। "चारों वर्णों में एक जो चौथा शूद्र है वह संस्कार के योग्य नहीं है" "संस्कार का अभाव शूद्र के लिए कहा गया है। इस प्रकार शूद्र को शास्त्रों में ब्रह्मविद्या में अधिकार नहीं दिया गया है।

सू०—तदभावनिर्धारणे च प्रवृत्तेः।१।३।३७॥

वाक्यार्थ—किं च गौतमस्य जाबालेः शूद्रत्वाभाव निर्णये सति तमुपनेतुमनुशासितुं प्रवृत्तेः शूद्रस्यानाधिकार एवात्र।

भावार्थ—गौतम ऋषि ने, सत्यकाम जाबाल के शूद्रत्व के अभाव को परीक्षा द्वारा निर्णय कर लिया तभी उसको उपनयन और ब्रह्मविद्या देने में उनकी प्रवृत्ति हुई। इस उदाहरण से भी शूद्र का अनधिकार-ज्ञात होता है।[3]

सू०—श्रवणाध्ययनार्थ प्रतिषेधात्।१।३।३८॥

वाक्यार्थ—शूद्रो नाधिक्रियते "शूद्र समीपेनाध्येतव्यम्[4] इत्यादिना तस्य वेद श्रवणादि प्रतिषेधात्।

भावार्थ—शूद्र अधिकारी नहीं है "शूद्र के समीप वेद का अध्ययन भी नहीं करना चाहिये" इत्यादि वाक्यों में वेद के श्रवण आदि का उसके लिए प्रतिषेध किया गया है।

---

१. आपस्तंभ श्रौत। २. गौतम० १० अ०९ सू०।
३. गौ० ध० २।१२।३। ४. मनु० ४।८०।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—स्मृतेश्च ।१।३।३६।।

वाक्यार्थ—"नचास्योपदिशेत् धर्मम्"[१] इत्यादि स्मृतेश्च ।

भावार्थ—"इसे धर्म का उपदेश नहीं देना चाहिए" इत्यादि स्मृति प्रमाण है ।

अधिकरण १०

सू०—कम्पनात ।१।३।४०।।

वाक्यार्थ—प्रमितः परः पुरुषः प्रतिपत्तव्यः सर्वजगत् कंपकत्वान्महदादिभ्यश्च ।

भावार्थ—अंगुष्ठ परिमाणवाला परंपुरुष ही उपास्य है क्योंकि वह महान् हैं उसके भय से सारा जगत काँपता है ।

सू०—ज्योतिर्दर्शनात ।१।३।४१।।

वाक्यार्थ—"तस्य भासा"[३] इति ज्योतिर्शनात् प्रमितः पुरुषः परः ।

भावार्थ—"उसकी कांति से" ऐसा जिसे प्रकाशवान कहा है, वह अंगुष्ठ परिमाण वाला परब्रह्म ही है ।

अधिकरण ११

सू०—आकाशोऽर्थान्तरत्वादिव्यपदेशात् ।१।३।४२।।

वाक्यार्थ—"आकाशो ह वै नामरूपयोर्निर्वहिता"[४] इत्यत्राकाश शब्द वाच्यः पुरुषोत्तमः। कुतः मुक्तात्मनः जीवात् परमात्मनो नामरूपोपलक्षित निखिल नामरूपवद् वस्तु निर्वोहतयाऽर्थान्तरत्वेन व्यपदेशात्, ब्रह्मत्वामृतत्वादिव्यपदेशात् च ।

भावार्थ—"आकाश ही नामरूप को धारण करने वाला है" इस वाक्य में आकाश शब्द का अर्थ पुरुषोत्तम ही है । मुक्तात्माजीव तो हो नहीं सकता

---

१. गौतम के पास जाबाल सत्यकाम ब्रह्मविद्या ग्रहण करने गया । गौतम ने उससे गोत्र आदि पूछा, जाबाल को कुछ भी ज्ञात न था, उसने जो सत्य था सो कहा। उसके सत्य भाषण से गौतम ने निर्णय किया कि यह ब्राह्मण का ही पुत्र है क्योंकि इसमें सत्य भाषणादि ब्राह्मणत्व के गुण विद्यमान हैं ।

२. कठो० २।५।१५।　　३. छांदो० ८।१४।१।

बृहदा० ६।४।२२।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

क्योंकि वह तो परमात्मा से ही प्रकाशित होता है, [नामरूप को त्याग कर ही प्रकाशवान होता है] परमात्मा ही जगत के सम्पूर्ण पदार्थों के नाम रूप को अपने में लय कर लेता है और स्वयं अमृत, अभय आदि महान् गुणों से युक्त रहता है।

सू०--सुषुप्त्युत्क्रांत्योर्भेदेन ।१।३।४३॥

वाक्यार्थ--अज्ञात् सर्वज्ञस्य सुषुप्त्युत्क्रांत्योर्भेदेन व्यपदेशाच्च।

भावार्थ--जीवात्मा सुषुप्ति अवस्था में वाह्य ज्ञान से शून्य रहता है जाग्रतावस्था में सब कुछ भूल जाता है [आतंरिक ज्ञान जो उसे सुषुप्ति में था उसे भूल जाता है] यह जीव की अपूर्णता है, परमात्मा सदा जागरूक रहता है वह सर्वज्ञ है। यही जीवात्मा और परमात्मा का भेद कहा गया है।

सू०—पत्यादि शब्देभ्यः ।१।३।४४॥

वाक्यार्थ—"सर्वस्याधिपतिः सर्वस्येशानः"[१] इत्यादि शब्देभ्योजीवात् भेदेन परमात्मनो व्यपदेशात् स एव आकाश इति स्थितम्।

भावार्थ--"परमात्मा सबका अधिपति और सबका ईश्वर है" इत्यादि शब्दों से जीव और परमात्मा का भेद कहा गया इसलिये परमात्मा ही आकाश रूप में कहा गया है।

तृतीय पाद समाप्त

---

१. बीच में प्रसंगवश ब्रह्मविद्या के अधिकार की बात कही अब पुनः उसी प्रसंग को कहेंग।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

चतुर्थ पाद

अधिकरण १

सू०—आनुमानिकमप्येकेषां इति चेन्न, शरीर रूपक विन्यस्त गृहीतेर्दर्शयति च ।१।४।१।।

वाक्यार्थ—ननु "महतः परमव्यक्तमव्यक्तात् पुरुषः परः"[1] इत्यत्र कठशाखायामानुमानिकं प्रधानमपि शब्दवदुपलभ्यते इति चेन्न "आत्मानं रथिनं विद्धि शरीरं रथमेव"[2] इत्यत्र शरीरस्य रथरूपक विन्यस्तस्याव्यक्त शब्देन ग्रहणात् । इंद्रियादीनां वशीकरण प्रकारं प्रतिपादयन्, रूपक परिकल्पित ग्रहणमेव दर्शयति च । वाक्यशेषे "यच्छेदवाङ्मनसी प्राज्ञस्तद्यच्छेद्ज्ञानमात्मनि, ज्ञानमात्मनि महति तद्यच्छेच्छांतमात्मनि"[3] इति ।

भावार्थ—यदि "महान् से श्रेष्ठ अव्यक्त और अव्यक्त से श्रेष्ठ परंपुरुष है" इस कठशाखा में कहा गया अव्यक्त गुणवाला सांख्यवादियों का प्रधान है ऐसी शंका की जावेगी तो "आत्मा को रथी जानो और शरीर को रथ "इस प्रसंग में शरीर का जो रथ रूपक वर्णन कर अव्यक्त जीवात्मा का वर्णन किया गया है, वह कैसे संगत होगा ? इंद्रियों के वशीकरण के प्रकार का प्रतिपादन करने के लिये रथ के रूपक की कल्पना की गई है । इसी रथ रूपक में आगे के वाक्य में कहते हैं "प्राज्ञ साधक को चाहिये कि वाग् आदि समस्त इंद्रियों को मन से निरुद्ध करे और उस मन को ज्ञान स्वरूप बुद्धि में विलीन करे, ज्ञानस्वरूप बुद्धि को महान आत्मा में विलीन करे और उस आत्मा को शांत स्वरूप परम पुरुष परमात्मा में लीन कर दे ।" इसलिये जीवात्मा ही अव्यक्त रूप से ऊपर कहा गया है सांख्यवादियों का प्रधान नहीं ।

सू०—सूक्ष्मं तु तदर्हत्वात् ।१।४।२।।

वाक्यार्थ—अव्यक्तशब्दः सूक्ष्मवचनश्चेत्तदर्थ भूतं शरीरमपि सूक्ष्मस्यैव स्थूलावस्थापन्नत्वात् ।

---

१. कठो० १।३।११।। २. कठो० १।३।३।। ३. कठो० १।३।१३।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ—अव्यक्त शब्द सूक्ष्म अर्थ को बतलाता है, उसी सूक्ष्मता को बतलाने वाला सूक्ष्म शरीर भी होगा। सूक्ष्म शरीर ही स्थूल अवस्था को प्राप्त करता है।

सू०—तदधीनत्वादर्थवत् ।१।४।३।।

वाक्यार्थ—औपनिषिदं प्रधानं परमकारणाधीनत्वादर्थवदानर्थक्यं पराभितस्य तस्येति भेदः।

भावार्थ—उपनिषदों का जो प्रधान अव्यक्त तत्त्व (जीवात्मा) है वह सार्थक है क्योंकि वह चैतन्य परमात्मा के अधीन होने से चैतन्य धर्मवाला होकर कार्य संचालन में समर्थ है। सांख्यवादियों का जो चेतनाहीन जड प्रधान है, वह उन्हीं के मत से स्वतंत्र है तो उसमें चैतन्य तत्व नहीं है अतएव निरर्थक है। (मिट्टी से जैसे बिना चैतन्य के आश्रय के घड़ा नहीं बन सकता वैसे ही जड़ प्रधान से कुछ भी सम्भव नहीं।)

सू०—ज्ञेयत्वावचनाच्च ।१।४।४।।

वाक्यार्थ—नाव्यक्त शब्दस्तांत्रिक प्रधानवचनः ज्ञेयत्वावचनाच्च।

भावार्थ—उपनिषद् में जो अव्यक्त कहा गया वह सांख्यवालों का प्रधान नहीं है क्योंकि सांख्यवादी प्रधान को ज्ञेय (जानने योग्य) बतलाते हैं, पर उपनिषद् में अव्यक्त को ज्ञेय नहीं कहा है, [वहाँ तो अव्यक्त से श्रेष्ठ परमात्मा ज्ञेय है]

सू०—वदतीति चेन्न प्राज्ञो हि प्रकरणात् ।१।४।५।।

वाक्यार्थ—"अनाद्यनंतंमहतः परं ध्रुवं निचाय्यंतं मृत्युमुखात् प्रमुच्यते"[1] इति श्रुतेः प्रधानस्य ज्ञेयत्वं वदतीति चेन्न, ज्ञेयत्वेन प्राज्ञः परमात्मा निर्दिष्टस्तत्प्रकरणात्।

भावार्थ—"अनादि, अनंत, महान् परमात्मा को जानकर जीवात्मा मृत्यु मुख से छूट जाता है" इस श्रुति के अनुसार सांख्य का जो अव्यक्त प्रधान है उसे ज्ञेय नहीं कहा गया है। ज्ञेय के लिए परमात्मा का ही निर्देश किया गया है, इस प्रकरण से ऐसा ही सिद्ध होता है।

सू०—त्रयाणामेव चैवमुपन्यासः प्रश्नश्च ।१।४।६।।

वाक्यार्थ—अस्यामुपनिषद्युपायोपेयोपगं त्रयाणामुपन्यासः प्रश्नश्च पूर्वापर वाक्यार्थ विचारेणलभ्यते। आनुमानिकतत्त्व निरूपणस्यात्रावकाशो नास्ति।

---

१. कठो० १।३।१५।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ--उक्त कठोपनिषद् वाक्य में उपाय (उपासना), उपेय (परमात्मा) और उपग (उपासक) इन तीनों पर विचार किया गया है और नचिकेता ने यमराज से इन्हीं तीनों अग्नि (उपाय) जीव (उपग) और परमात्मा (उपेय) के विषय में प्रश्न किया है ऐसा पूर्वापर के वाक्यों के निरूपण से ज्ञात होता है। सांख्यवादियों के प्रधान का तो विषय ही नहीं है।

सू०—महद्वच्च ।१।४।७।।

वाक्यार्थ--सांख्यैमहच्छब्दो बुद्ध्याख्ये द्वितीये तत्वे प्रयुक्तोऽपि ततोऽन्यत्रापि "वेदाहमेतं पुरुषं महांतं विभुमात्मानम्" इत्यादि वेद वचनेन यथा दृश्यते तथाऽव्यक्त शब्दः शरीपरोऽस्तु।

भावार्थ—सांख्य लोग महत् शब्द का प्रयोग बुद्धि नामक दूसरे तत्त्व के लिये करते हैं। अन्यत्र "ये महान् परंपुरुष परमात्मा जोकि व्यापक है उसे मुझे बतलाओ" इत्यादि वेदवचनों में परमात्मा को महान बतलाया है, तथा अव्यक्त शब्द शरीर के लिये कहा है।

अधिकरण २

सू०—चमसवदविशेषात् ।१।४।८।।

वाक्यार्थ—"अजामेकाम्"[१] इत्यादि मंत्रोक्ता प्रकृतिः स्मृति सिद्धाभवतु इति पूर्वपक्षेराद्धांतं दर्शयति। मंत्रोक्ताऽजाब्रह्मात्मिकाऽस्तु। पूर्वपक्ष निर्धारणे विशेषाभावात् "अर्वाग्विलचमस इति मंत्रोक्त चमसवत्।

भावार्थ—अजामेका इत्यादि उपनिषद् मंत्र में कही गई प्रकृति सांख्य स्मृति की कही गई प्रकृति है ऐसा सांख्य वालों का सिद्धांत है। पर हमारे मत में मंत्र में कही गई अजा प्रकृति ब्रह्मात्मिका (ब्रह्माधीना) है क्योंकि पूर्वपक्ष की प्रकृति स्वतंत्र स्वभावा है अतः मंत्र में प्रकृति का स्वतंत्र स्वभावा विशेषण है नहीं जैसे कि "अर्वाग्विलचमस" का अर्थ समझ में नहीं आता क्योंकि उसके लिये कोई विशेषण तो है नहीं, वैसे ही उक्त मंत्र में कही गई प्रकृति बिना विशेषण के सांख्यमत की प्रकृति है, ऐसा नहीं कहा जा सकता।

सू०—ज्योतिरुपक्रमा तु तथा ह्यधीयत एके ।१।४।९।।

---

१. श्वेता० ४।५।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वाक्यार्थ—ननु चमस मंत्रे "इदं तच्छिर" इति वाक्य शेषात् शिर चमस इति गम्यते। अजा मंत्रे किं गमकं ? विशेषार्थ ग्रहणे इत्यत्रोच्यते, ज्योतिर्ब्रह्म लक्षण-मुपक्रमः कारणं यस्याः साऽत्राप्यजामंत्रेणोच्यते यतस्तथैव "तस्मादेतद्ब्रह्मनाम रूपमन्नं च जायते" इत्येके अधीयते।

भावार्थ—चमस मंत्र में "यह उसका शिर है" ऐसा वाक्य के अंत में कहा जिससे चमस का तात्पर्य शिर हुआ पर अजामंत्र में तो कुछ भी नहीं कहा तो उसका तात्पर्य क्या समझें ?

जहाँ तक अजा के लिए विशेषण की बात है सो हमें परमात्मा की ज्योति रूप से उसका वर्णन मिलता है। परमात्मा की अधीना ज्योति ही अजा मंत्र में कही गई है।" उससे ब्रह्म, नाम, रूप, अन्न आदि उत्पन्न होते हैं।" ऐसा एक जगह उल्लेख है।

सू०—कल्पनोपदेशाच्च मध्वादिवदविरोधः ।१।४।१०।।

वाक्यार्थ—ब्रह्मोपादानकत्वाजात्वयोरेकस्मिन् धर्मिणि न विरोधः सूक्ष्म-शक्तिमतोजगत् कारणात् ब्रह्मणो विश्व सृष्ट्युपदेशात् द्वयं संगच्छते मध्वा-दिवत्।

भावार्थ—ब्रह्म की उपादान कारण होकर प्रकृति अजा (अजन्मा) है ये दो विरुद्ध बातें एक साथ कैसे संभव हैं ? ऐसी शंका व्यर्थ है परमात्मा जैसे अजन्मा होकर सृष्टि करता है वैसे ही उसकी सूक्ष्म अव्यक्ता शक्ति अजा होते हुए भी सृष्टि करने में समर्थ है। जैसे कि मधुविद्या में सूर्य कारण और कार्य दोनों रूपों से वर्णन किया गया है।

अधिकरण ३

सू०—न संख्योपसंग्रहादपि नाना भावादतिरेकाच्च ।१।४।११।।

वाक्यार्थ—न च "यस्मिन् पंच पंचजनाः आकाशश्च प्रतिष्ठितः" इति संख्योपसंग्रहादपि प्रधानादीनां पंचविंशतिपदार्थानां[1] श्रुति मूलकत्वमस्ति, प्रधान-स्यैकस्य श्रुतिवेद्यत्वे को विवाद इति वक्तव्यम् ? कुतः ? नानाभावात्, यस्मि-न्निति श्रुति सिद्धे ब्रह्मणि प्रतिष्ठितानां पदार्थानां ब्रह्मात्मकत्व प्रतीत्या तांत्रिके-भ्यः पृथक्त्वात्। आधारस्य ब्रह्मणो हि तथाकाशस्य चातिरेकत्वात्।

---

१. सांख्यशास्त्र के पचीस तत्त्व इस प्रकार हैं—प्रधान प्रकृति, पाँच ज्ञानेन्द्रिय, पाँच कर्मेन्द्रिय, मन, पाँच महाभूत (पृथिवी आदि), महतत्व, अहंकार, पाँच तन्मात्रा और एक पुरुष।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ--"जिसमें पाँच-पाँच जन और आकाश प्रतिष्ठित हैं" ऐसा उपनिषद् में कहा गया। इसी प्रकार सांख्यशास्त्र में भी प्रधान आदि पचीस पदार्थ कहे गये हैं। ऊपर के वाक्य से प्रतीत होता है कि ये सांख्य के ही पचीस पदार्थों का वर्णन है, इसलिए सांख्यशास्त्र वेद सम्मत है, तो फिर प्रधान के विषय में विवाद क्या है ? [वह भी शास्त्र सम्मत है] इस शंका की निवृत्ति करते हैं कि--सांख्य के पचीसों तत्त्व पृथक् पृथक् हैं और ऊपर "जिसमें सब प्रतिष्ठित हैं" इस वाक्य में सब एक होकर ब्रह्मात्मक हो गये हैं, तो इस प्रकार दोनों में भेद है। यहाँ आधार रूप से परमात्मा कहा गया है जिसमें आकाश भी है। ऐसा सांख्य के प्रधान में तो नहीं है, उसमें तो प्रधान भी एक पृथक् तत्त्व है।

सू०—प्राणादयोवाक्यशेषात ।१।४।१२।।

वाक्यार्थ—"प्राणस्यप्राणमुतचक्षुषश्चक्षुः श्रोत्रस्य श्रोत्रमन्नस्यान्नं मनसो ये मनोविदुः"[1] इति वाक्य शेषात्ते पंचजनाः प्राणाः बोध्याः।

भावार्थ—"वह प्राण का प्राण, चक्षु का चक्षु, श्रोत्र का श्रोत्र, अन्न का अन्न, मन का मन तत्व है" ऐसे ऊपर के वाक्य के अंत में पाँच जन गिनाये हैं जो कि प्राणतत्व का प्रतिपादन करते हैं [सांख्य के पचीस तत्वों का नहीं।

सू०—ज्योतिषैकेषामसत्यन्ने ।१।४।१३।।

वाक्यार्थ--काण्वानां वाक्य शेषेत्वसत्यन्ने उपक्रम गतेन ज्योतिषा पंचत्वं पूरणीयम्।

भावार्थ---काण्वशाखा के वाक्य के अन्त में भी इन पाँच तत्वों को गिनाया गया है, वहाँ अन्न नहीं कहा है इसलिए वहाँ कहे गये ज्योति को अन्न के स्थान पर पाँचवा तत्व मानना चाहिये।

अधिकरण ४

सू०—कारणत्वेन चाकाशादिषु यथा व्यपदिष्टोक्तेः ।१।४।१४।।

वाक्यार्थ—सर्वज्ञं सर्वशक्ति ब्रह्मैव, सर्वत्राकाशादि सृष्टि विषयक वाक्येषु ग्राह्यं, लक्षण सूत्रादिषु यत् प्रकारकं ब्रह्म व्यपदिष्टं तत् प्रकारकस्यैवाकाशादि-कारणत्वेन प्रति पादितत्वात्।

---

१. बृहदा० ६।४।१७-१८।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ—सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान ब्रह्म ही है, ऐसा, सभी जगह आकाश आदि की सृष्टि जिन वाक्यों में कही गई है, उससे ज्ञात होता है। शास्त्रों में जसा लक्षण ब्रह्म के लिए किया गया है वैसा ही आकाश आदि को जगत का कारण बतलाते हुए कहा गया है।

सू०—समाकर्षात् ।१।४।१५।।

वाक्यार्थ—"सोऽकामयत"[1] इति प्रकृतस्य सत एव ब्रह्मणः "असद्वा इदम्"[2] इत्यत्र समाकर्षात्, "आदित्योब्रह्म"[3] इति प्रकृतस्य ब्रह्मणः "असदेवेदम्" इत्यत्र समाकर्षात्, असच्छब्देन सृष्टेः पूर्वं नाम रूप विभागात् संबधितयाऽस्तित्वाभावेन सद् रूपं ब्रह्मैवाभिधीयते "तदेवं तर्हि अव्याकृतमासीत्तन्नाम रूपाभ्यामेव व्याक्रियते" इत्यव्याकृत शब्दोदितस्योत्तरवाक्ये "स एष इह प्रविष्ट आनखाग्रेभ्यः" इत्यादौ समाकर्षात्, अचेतनस्य प्रधानस्यान्तः प्रविश्य प्रशासितृत्वाद्य संभवात्, तदंतरात्मभूतमव्याकृतं ब्रह्मेत्युच्यते। जगत् कारण प्रतिपादकेषु वाक्येषु लक्षणसूत्रादिना निर्णीतैव ब्रह्मं ग्राह्यं, न प्रधान शंका गंधोऽपीति भावः।

भावार्थ—"उस ब्रह्म ने कामना की" ऐसा सगुण प्राकृत ब्रह्म का वर्णन है "वह अव्यक्त (निर्गुण) था" इससे उसकी विशेषता कही गई कि वह निर्गुण से सगुण हुआ, "सूर्य ब्रह्म है" यह भी उसका सगुण रूप का वर्णन है। "वह निर्गुण ही था" यहाँ पर भी उसकी विशेष अवस्था कही गई जब कि सृष्टि से पूर्व नाम रूप का विभाग उससे सम्बन्ध रखता है (नाम रूप उसी से प्रकट होते हैं) इसलिए उस समय भी उसका अस्तित्व रहता है, सत्तावान ब्रह्म है, ऐसा सिद्ध होता है। "वह ही जो अव्यक्त था नाम रूप वाला होकर व्यक्त हो गया" इसी के अन्तिम वाक्य में "वही ब्रह्म इस शरीरी जीव के शरीर में नखसिख तक प्रविष्ट हो गया" इत्यादि वाक्य में ब्रह्म की विशेषता कही गई है अचेतन प्रधान का अन्तःकरण में प्रवेश कर प्रशासन करना असंभव है, अंतः करण में तो आत्मभूत अव्याकृत ब्रह्म कहा गया है। जगत को कारण बतलाने वाले वाक्यों में ब्रह्म ही निर्णय किया गया है। सांख्यवादी प्रधान जगत का कारण है इसकी तो गंध भी शास्त्रों में नहीं है।

अधिकरण ५

सू०—जगद् वाचित्वात् ।१।४।१६।।

---

१. तै० आ० ६। २. तै० आ० ७-१। ३. कौषीतकी ४।१८।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वाक्यार्थ—"यो वै बालाके ! एतेषां पुरुषाणां कर्त्ता यस्यैतत्कर्म इति वाक्ये धर्माधर्म कर्मफल भोक्ता तंत्रोक्तपुरुषो वेदितव्यः इति न शंक्यम्, परमात्मैवात्र वेदितव्येन निर्दिष्टः। कुतः ? "ब्रह्मते ब्रुवाणि"[१] इति ब्रह्म प्रकरणात्। क्रियते यत्तत् कर्मेति कर्म शब्दस्य जगत् वाचित्वात् "एतद्" इत्यनेन सर्वनाम्ना प्रत्यक्षादिप्रमाणसिद्धस्य जगत् उपस्थितत्वाच्च, तंत्रोक्त पुरुष प्रकरणाभावाच्च।

भावार्थ—"हे बालाकि जो इन मनुष्यों का कर्त्ता है, उसी का यह कर्म है" इस वाक्य से धर्म अधर्म कर्म फल का भोक्ता सांख्य तंत्र का पुरुष नहीं हो सकता। परमात्मा ही यहाँ जानने योग्य है, ऐसा संकेत मिलता है। कैसे ? "ब्रह्म तुझे बतलाता हूँ" ऐसा ब्रह्म का जहाँ वर्णन है, वहाँ कहा गया है। जो किया जाय वह कर्म है इस व्याख्या से कर्म शब्द का अर्थ जगत होगा। "यह जगत" ऐसा वर्णन किया गया है, इससे प्रत्यक्षता प्रतीत होती है अतएव प्रत्यक्षादि प्रमाणों से जगत की उपस्थिति सिद्ध होती है। सांख्यतंत्र के पुरुष की तो कहीं चर्चा ही नहीं है।[२]

सू०—जीव मुख्य प्राणलिंगान्नेति चेत्तद्व्याख्यातम् १।४।१७।।

वाक्यार्थ—"एष प्रज्ञात्मा एतैरात्मभिर्भुंक्ते"[३] इति जीव लिंगात् "अथास्मिन् प्राणे एवैकधाभवति"[४] इति मुख्य प्राणलिंगाच्चतदन्यतरो ग्राह्यो, न ब्रह्मेति चेत्, तद्व्याख्यांत प्रतर्दनाधिकारे। जीवादिलिंगानि तत्र ब्रह्म परत्वेन व्याख्यातानि तद्वद् इहापि ज्ञयानि इत्यर्थः।

भावार्थ—"यह प्रज्ञात्मा इन जागतिक पदार्थों को अपने लिये उपभोग करता है" ऐसा जीव के लिये कहा गया "इस प्राण में (वही प्रज्ञात्मा) एकीभाव को प्राप्त हो गया है" यहाँ भी मुख्य प्राण शब्द से भी उसी का वर्णन समझना चाहिये। इसको ब्रह्म का वर्णन नहीं समझना चाहिये। इसकी

---

१. प्रकृतिः कर्त्री पुरुषभोक्ता" ऐसा सांख्यतंत्र का सिद्धांत है उसी का खंडन किया गया है।

२. प्राणस्तथानुगमादि कहकर प्रतर्दन विद्या के अधिकरण में वर्णन किया है।

३. कौषीतकी ४।१८। ४. कौषीतकी ४।१९।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

व्याख्या हम प्रतर्दनाधिकरण में कर चुके हैं। वहाँ भी जीव की परमात्मा की तरह व्याख्या की गई है, उसी प्रकार यहाँ भी समझना चाहिये।

सू०—अन्यार्थं तु जैमिनिः प्रश्नव्याख्यानाभ्यामपि चैवमेके ।१।४।१८।।

वाक्यार्थ—अस्मिन् प्रकरणे जीव ग्रहणमन्यार्थं जीव व्यतिरिक्त ब्रह्म बोधार्थमिति जैमिनिर्मन्यते । "क्वैष एतद्बालाके ! पुरुषोऽशयिष्ट, क्ववा एतदभूत् कुत एतदगाद "इति प्रश्नात्।" यथा सुप्तः स्वप्नं न कंचन पश्यंति अथास्मिन् प्राणे एवैकधाभवति"[1] इत्यादि प्रतिवचनात्, वाजसेनेयोऽपि च एवमेव जीवव्यतिरिक्तं परमात्मानमामनंति तत्रापि प्रश्न प्रतिवचने भवतः "क्वैषतदाभूत् कुत एतदगात् इति प्रश्नः, "य एषोऽन्तर्हृदये आकाशस्तस्मिन् शेते"[2] इति प्रतिवचनम्।

भावार्थ—इस प्रकरण में प्रज्ञात्मा का जीव अर्थ करना तो अन्य अर्थ है, इसका तो ब्रह्म ही वास्तविक अर्थ है ऐसा जैमिनि मानते हैं। "हे बालाकि ! यह पुरुष कहाँ सोता था, कहाँ था और कहाँ से आया" ऐसा प्रश्न हुआ और, "जिस समय सोया हुआ जब कोई स्वप्न नहीं देखता तब यह उसके प्राण से एकीभाव होता है" यह उत्तर मिला। इसी प्रकार वाजसेनेयी संहिता में भी जीव के अतिरिक्त परमात्मा ही माना गया है "यह कहाँ सोता था अब कहाँ से आ गया" ऐसा प्रश्न और "जो यह हृदयांतर्गत आकाश है, उसमें सोता है" ऐसा उत्तर दिया गया है।[3]

अधिकरण ६

सू०—वाक्यान्वयात् ।१।४।१९।।

वाक्यार्थ—"आत्मा वा अरेद्रष्टव्यः"[4] इत्यादिना परमात्मा द्रष्टव्यत्वेन ग्राह्यो वाक्यस्योपक्रमादि पर्यालोचनया तत्रैवान्वयात्।

भावार्थ—"आत्मा जानने योग्य है" इत्यादि वाक्य में परमात्मा ज्ञेय है, दूसरा नहीं ऐसा इस वाक्य की आद्यंत पर्यालोचना करने से सिद्ध होता है।

---

१. कौषीतकी ४।१८।। २. वृहदा० ४।१।१६-१७।।

३. ऊपर भाष्यकार आचार्य ने जैमिनि का मत देते हुए और श्रुतियों के प्रमाणों से जीव और परमात्मा की भिन्नाभिन्नता प्रतिपादित की है जोकि उनका मान्य सिद्धांत है। साथ ही परमात्मा को ही जगत के जन्मादि का कारण सिद्ध किया है। प्रधानादि को नहीं।

४. वृहदा० ६।५।६।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—प्रतिज्ञासिद्धेर्लिङ्गमाश्मरथ्यः ।१।४।२०।।[१]

वाक्यार्थ—कथं तर्हि जीवेनोपक्रमरण मात्रोच्यते ? एक विज्ञानेन सर्व विज्ञान प्रतिज्ञा सिद्धेर्यज्जीवस्य परमात्मकार्यतया परमात्मानन्यत्वात् तद्वाचक शब्देन परमात्माभिधानं गमकं इत्याश्मरथ्यो मन्यतेस्म ।

भावार्थ—कुछ वाक्यों में एकमात्र जीव का वर्णन किया गया है, उसी वाक्य में जहाँ आत्मा शब्द आया है वह परमात्मा का द्योतक है तो उसकी संगति बैठाने के लिये आश्मरथ्य का मत देते हैं—

केवल जीवात्मा के वर्णन में जो वाक्य कहे गए हैं उनमें प्रयुक्त आत्मा शब्द से परमात्मा का भी अर्थ कैसे करेंगे ? तो हमने जो अपना एक सिद्धांत बनाया है कि एक के ज्ञान से सबका ज्ञान हो सकता है उसके अनुसार जीव परमात्मा का कार्य होने के कारण वह परमात्मा से अभिन्न है इसलिए आत्मा शब्द जो जीव के लिये प्रयुक्त हुआ हो अथवा ब्रह्म के लिये वह दोनों का अर्थ द्योतन कर सकता है [परमात्मा, जीवात्मा का कारण है और जीव उसका कार्य । कारण से ही कार्य होता है इसलिये उनमें सूक्ष्म अभेद और सूक्ष्म भेद है ऐसा भेदाभेद सिद्धांत आश्मरथ्य का है]

सू०—उतक्रमिष्यत् एवं भावादित्यौडुलौमिः ।१।४।२१।।

वाक्यार्थ—शरीरादुत्क्रमिष्यतो जीवस्य ब्रह्मणा सह भावात्तच्छब्देन ब्रह्माभिधीयते इत्यौडुलोमिः मन्यतेस्म ।

भावार्थ—शरीर से निकलने वाले जीव का ब्रह्म के साथ (भेदाभेद) सम्बन्ध है, क्योंकि जीवात्मा का स्वरूप में प्राप्त होना ब्रह्मभाव की प्राप्ति का द्योतक है, ऐसा औडुलोमि मानते थे ।

---

१. आश्मरथ्य, औडुलोमि और काशकृत्स्न ये तीनों सूत्रकार भगवान वादरायण के प्रथम वेदांत दर्शन के आचार्य हैं । तीनों भेदाभेदवादी आचार्य थे । इनके मत का प्रतिपादन शांकर भाष्य के टीकाकार वाचस्पति मिश्र अपनी भामती टीका में इस प्रकार करते हैं—(१) जैसे अग्नि की चिनगारी अग्नि से अत्यन्त भिन्न नहीं है और न अत्यन्त अभिन्न ही है । इसी प्रकार जीवात्मा भी परमात्मा का विकार होने पर भी अत्यन्त भिन्न नहीं है, न अत्यंत अभिन्न ही है । चैतन्य दोनों हैं । (२) औडुलोमि के मत को दिखलाने

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—अवस्थितेरिति काशकृत्स्नः ।१।४।२२॥

वाक्यार्थ—जीवात्मनि स्व नियम्ये "अंतः प्रविष्टः शास्ताजनानां" इत्यादौ प्रसिद्धस्य परमात्मनो नियंतृत्वेनावस्थितेर्हेतोर्नियम्यपदेनोपक्रमादौ नियंतुपरिग्रह इति काशकृत्स्नो मन्यतेस्म ।

भावार्थ—जीवात्मा के अन्तःकरण में परमात्मा शासन करता है ऐसी "अन्तःकरण में विराजमान होकर वह जीवों का शास्ता है" इन वाक्यों के पर्यालोचना से प्रसिद्ध परमात्मा की नियंता रूप से अवस्थिति कही गई है। ऐसा काशकृत्स्न मानते हैं। (यहाँ भी भेदाभेद भाव स्पष्ट है)

अधिकरण ७

सू०—प्रकृतिश्च प्रतिज्ञा दृष्टांतानुपरोधात ।१।४।२३॥

वाक्यार्थ—प्रकृतिरुपादान कारणं चकारान्निमित्त कारणं च परमात्मैव। "उत तमादेशमप्राक्षो येनाश्रुतं श्रुतं भवत्यमतं मतं भवत्यविज्ञातं विज्ञातं भवति" [१] इति प्रतिज्ञायाः ! यथा "सौम्य ! एकेन मृत् पिंडेन सर्वं मृन्मयं विज्ञातं स्यात्" इति द्रष्टांतस्य च सामंजस्यात् ।[२]

भावार्थ—ब्रह्म ही जगत का उपादान और निमित्त कारण दोनों है, सांख्यवादियों की प्रधान प्रकृति नहीं। क्योंकि "जिसके द्वारा अश्रुत, श्रुत हो जाता है। अमत, मत हो जाता है। अविज्ञात, विशेष रूप से ज्ञात होता है।" इस श्रुति में कही गई परमात्मा की विशेषता से समझ में आता है। जैसे "एक मिट्टी के ढेले को देखने से संपूर्ण मिट्टी के पदार्थों का ज्ञान हो जाता है।" इस

के लिए भामतीकार नारदपांचरात्र का मत देते हैं—"आमुक्तेर्भेद एव स्याज्जीवस्य च परस्य च। मुक्तेस्तु न भेदोऽस्ति भेदहेतोरभावतः।" मुक्ति होने के प्रथम जीवात्मा और परमात्मा में भेद रहता है, मुक्त हो जाने पर भेद के कारण का अभाव हो जाने पर भेद की अत्यन्तता समाप्त हो जाती है। (३) आकाश का अंश शब्द है जो कि न अत्यन्त भिन्न है न अत्यन्त अभिन्न वैसे ही जीवात्मा परमात्मा की भी भिन्नाभिन्नता समझनी चाहिये। ऐसा काशकृत्स्न के विषय में—टीकाकार का मत है।

१. छां० ६।१।३॥६।१।४॥

२. सेश्वर सांख्यवादी (जो ईश्वर तत्त्व को भी स्वीकार करते हैं) उनका मत है कि प्रकृति (प्रधान) ही उपादान कारण है, ईश्वर निमित्त कारण है। उसी का खंडन किया गया है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

द्रष्टांत से हम परमात्मा ही जगत का कारण है ऐसा सांमजस्य बैठा लेते हैं। अविज्ञात विज्ञात आदि जो महान् विशेषतायें हैं वे परमात्मा में ही सम्भव है। प्रधान में नहीं।

सू०—अभिध्योपदेशात् ।१।४।२४।।

वाक्यार्थ—"तदैक्षत बहुस्याम्" [१] इत्यभिध्योपदेशात् ब्रह्मणः स्रष्टृत्व-कृतित्वेवत्तते।

भावार्थ—"उसने अभिलाषा की कि बहुत हो जाऊँ" इस वाक्य से भी अभिलाषा करने वाला चैतन्य स्वतंत्र परमात्मा ही सृष्टि का उपादान कारण हो सकता है।

सू०—साक्षाच्चोभयाम्नानात् ।१।४।२५।।

वाक्यार्थ—"ब्रह्मवनं ब्रह्म स वृक्ष आसीत् यतो द्यावापृथिवी निष्ठतक्षु-र्मनीषिणो मनसा पृच्छ्यते एतद् यत् अध्यतिष्ठद्भुवनानि धारयन्" [२] इति निमित्तत्वमुपादानं च ब्रह्मणः आम्नानात् ब्रह्मैवोभयरूपम्।

भावार्थ—"ब्रह्म ही वन और वृक्ष, आकाश, पृथ्वी सभी जगह व्याप्त था ऐसा मनीषी महात्माओं ने अपने अन्तःकरण के साक्षात्कार द्वारा मन से जाना और सारे ब्रह्मांडों को धारण करने वाला उसी को जाना" इस वाक्य में निमित्त और उपादान कारण रूप से ब्रह्म को ही कहा गया है।

सू०—आत्मकृतेः परिणामात् ।१।४।२६।।

वाक्यार्थ—ब्रह्मैव निमित्तमुपादानं च, कुतः "तदात्मानं स्वयमकुरुत [3] इत्यात्मकृतेः। ननु कर्त्तुः कुतः ? कृति विषयत्वं परिणामात् सर्वज्ञं सर्वशक्ति ब्रह्म स्वशक्ति विक्षेपेण जगदाकारं स्वात्मानं परिणमय्य, अव्याकृतेन स्वरूपेण शक्तिमता कृतिमता परिणतमेव भवति।

भावार्थ—ब्रह्म ही निमित्त और उपादान कारण है, क्योंकि "उसने अपने को स्वयं बनाया" इससे अपनी ही कृति जगत है (ऐसी स्व और स्व की कृति रूप में परिणति दोनों बातें सिद्ध होती हैं) शंका की जाती है कि स्वतः का निर्माण कैसे सम्भव है ? तो जो कृति का विषय परमात्मा है, उसके

---

१. छां० ६।२।३।। २. अष्ट० २ प्र० ८ अनु० ७ पं० ८ ।।
३. तै० आ० ७।१।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

परिणाम रूप से हो जाने पर वह भी सम्भव है। सर्व शक्तिमान् परमात्मा अपनी स्वशक्ति के विक्षेप माध्यम से अपने को जगत के आकार में परिवर्तित करके, अपने अव्यक्त शुद्ध रूप से ही अपनी शक्तिमता और कृतिमता से परिवर्तित हो जाता है।[१]

सू०—योनिश्च हि गीयते ।१।४।२७।।

वाक्यार्थ—"यद् भूतयोनिं परिपश्यंति धीराः कर्त्तारमीशं पुरुषं ब्रह्म-योनिं"[२] इति चेत् योनि शब्देन ब्रह्मगीयते। अतो ब्रह्मैवोपादानम्।

---

१. परिणाम के दो रूप हैं—(१) स्वरूप परिणाम जैसे दूध का दही हो जाना, यह सिद्धान्त सेश्वर सांख्य का है। (२) शक्ति विक्षेप लक्षण परिणाम, समुद्र का तरंग रूप से बदलना यह वेदांत का सिद्धान्त है।

शक्ति विक्षेप लक्षण परिणाम वाद भगवान श्री निंवार्काचार्यजी ने ही सर्व प्रथम स्वीकार किया है जो समुद्र तरंग न्याय से भेदाभेदवाद का पोषक है। सूत्रकार तो सूत्र में आत्मकृतेः परिणामात् ही कहते हैं जोकि इसी विक्षेप अर्थ का ही द्योतक है। आचार्य शंकर परिणाम शब्द का अर्थ विकार करते हैं और जगत को ब्रह्म का विकृत रूप बतलाकर विवर्त्तवाद की पुष्टि करते हैं परंतु परिणाम का विवर्त्त अर्थ क्लिष्ट कल्पना-सा ही प्रतीत होता है। रामानुजाचार्य जी भी परिणाम का विक्रिया अर्थ ही प्रकारांतर से करते हैं। पर समुद्र तरंग में जो सूक्ष्म भेद और तथ्यतः सूक्ष्म अभेद है वही कुछ सही सा प्रतीत होता है। आगे लोकवतु लीलाकैवल्यम् में सूत्रकार भी इसी तथ्य का निरूपण करते हैं। श्रीशंकराचार्यजी को भी यह मत कुछ अभिमत सा प्रतीत होता है। और वह भी समुद्र तरंग न्याय से जीव ब्रह्म में अंशांशी भाव रूप भेदाभेद स्वीकार करते हैं—जैसे कि शत श्लोकी में "पाथस्तरंगान्वयवत्" कह कर ब्रह्म जगत का भेदाभेद संबंध कहा तथा—

"सत्यपि भेदापगमेनाथ तवाहं न मामकीनस्त्वं।
सामुद्रो हि तरंगः क्वचन समुद्रो हि तारंगः।।"

जीव ब्रह्मगत भेद मेरी दृष्ट से कल्पित है पर मैं आपका अंश हूँ, आप मेरे अंश नहीं, समुद्र की तरंगें होती हैं, तरंगों का समुद्र नहीं।

२. मुं० ३।१३।१।१।७।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ—"ऋषि लोग जिस परमात्मा को जगत की योनि (कारण) और कर्त्ता के रूप में जानते हैं" यहाँ योनि शब्द से परमात्मा ही कहा गया है। इसलिये ब्रह्म ही उपादान कारण है।

अधिकरण ८

सू०—एतेन सर्वे व्याख्याताः व्याख्याताः ॥१।४।२८॥

वाक्यार्थ—एतेनाधिकरण समुदायेन सर्वे वेदांताः ब्रह्म परत्वेन व्याख्याताः व्याख्याताः।

भावार्थ—अनेक प्रसंगों से सारे उपनिषद् सारा जगत ब्रह्म परक है ऐसी व्याख्या का व्याख्यान करते हैं।

चतुर्थ पाद समाप्त

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

द्वितीय अध्याय

प्रथम पाद

अधिकरण १

सू०—स्मृत्यनवकाश दोषप्रसङ्ग इति चेन्नान्यस्मृत्यनवकाश दोष प्रसङ्गात् ॥२।१।१॥

वाक्यार्थ—उक्त समन्वयमस्याविरोध प्रकारः प्रतिपाद्यते। ननु श्रुत्युपबृंहणाय स्मृत्यपेक्षावर्त्तते, तत्र सांख्य स्मृतिर्ग्राह्या ? नचाचेतनकारणवादिनी साऽतो न ग्राह्येति वाच्यम्, स्मृत्यनवकाश दोष प्रसंगात् इति चेन्न, अन्यस्मृतीनां वेदोक्त चेतनकारण विषयाणां बाध प्रसंगादिति वाक्यार्थः।

भावार्थ—प्रथम अध्याय में ब्रह्म, जगत जीव के विषय में जो वेदों का समन्वय दिखलाया गया, अब उसके अविरोध के प्रकार का प्रतिपादन करेंगे। [श्रुतियाँ तो एकमत हैं ही अन्य मत भी श्रुतियों के मत से समन्वित हैं। विरुद्ध नहीं इसका प्रतिपादन इस अध्याय में होगा]

श्रुति के विस्तृत व्याख्यान और प्रमाण के लिये स्मृतिशास्त्र की अपेक्षा होती है।[1] स्मृतिशास्त्र में सांख्य स्मृति भी ग्रहण की जाय। ऐसा प्रश्न उठता है, तो हम देखते हैं कि सांख्य मत में जगत का, अचेतन (प्रधान तत्त्व) कारण है, इसलिये उसको हम प्रमाण कोटि में ग्रहण नहीं कर सकते। ऐसा नहीं है कि सांख्य स्मृति को प्रमाण कोटि से हटा देने पर स्मृतियों की स्वतः प्रामाणिकता भी समाप्त हो जावेगी। अन्य स्मृतियाँ वेदों में कहे गये चैतन्य तत्त्व को ही जगत का कारण मानती हैं, इसलिये वेद के प्रतिपादन में प्रमाण हैं[2]

---

१. श्रवण (श्रुति) के बाद मनन (स्मृति) स्वभाव सिद्ध तथ्य है। भक्तियोग में श्रवण के बाद कथन और फिर स्मरण की कोटि है जोकि सामूहिक कल्याण का साधन है।

२. संस्कृत साहित्य के द्विव्य द्रष्टा महाकवि कालिदास अपने प्रसिद्ध महाकाव्य में "श्रुतेरिवार्थं स्मृतिरन्वगच्छत्" (२।२) स्मृतियों को श्रुति अर्थ की प्रकाशिका बतलाते हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सांख्य स्मृति जगत कारणवाद में कुछ भिन्न सी है। यही एक बाधा है उसे प्रमाण कोटि में मानने में [ब्रह्म तत्त्व की जिज्ञासा ही हमारा प्रथम सिद्धांत है, उसको प्रतिपादन करने वाले मतों को ही हम प्रमाणित मानेंगे, क्योंकि वह वेद प्रतिपाद्य है और वेद उस परमात्मा से ही प्रकट है। किसी मनुष्य की कल्पना नहीं]

सू०—इतरेषां चानुपलब्धेः ।२।१।२।।

वाक्यार्थ—इतरेषां मन्वादीनां वेदस्य प्रधान परत्वानुपलब्धेश्च वेदविरुद्ध स्मृतेरप्रामण्यम् ।

भावार्थ—मनु आदि जो अन्य स्मृतियाँ हैं, उनमें भी जगत का कारण प्राधान को नहीं कहा गया है क्योंकि वे वेद परक हैं। वेद विरुद्ध सांख्य स्मृति की प्रामाणिकता उन्हें स्वीकार नहीं।[१]

अधिकरण २

सू०—एतेन योगः प्रयुक्तः ।२।१।३।

वाक्यार्थ—सांख्य स्मृति निरासेन योग स्मृतिरपि प्रत्याख्यातास्ति ।

---

१. "या वेदवाह्याः स्मृतयो, याश्चकाश्च कुदृष्टयः ।
ताः सर्वानिष्फलाः प्रेत्य, तमोनिष्ठा हि ताः स्मृताः ।।"

जो वेद वाह्य स्मृतियाँ हैं जो कि ब्रह्मतत्त्व के अतिरिक्त इधर-उधर दृष्टि विक्षेप करती हैं वे सब निष्फल और तामसिक भाव की प्रकाशिका हैं। मनुस्मृति, पद्मपुराण, श्रीमद्भागवत में जिन कपिल मुनि को अवतार रूप से स्मरण किया गया है उन्हें सांख्य सूत्र के रचयिता कपिल से भिन्न माना है—

"कपिलो वासुदेवाख्यः सांख्यं तत्त्वं जगाद ह ।
ब्रह्मादिभिश्च देवेभ्यो भृग्वादिभ्यस्तथैव च ।।
तथैवासुरये सर्वं वेदार्थैरुपवृंहितम् ।
सर्व वेद विरुद्धं च कपिलोऽन्योजगाद ह ।
सांख्यमासुरयेऽन्यस्मै कुतर्क परिवृंहितम् ।।"

"सांख्य तत्त्व के विवेचक भगवान वासुदेव के अवतार कपिल के मत का प्रतिपादन ब्रह्मा, भृगु, शुक्राचार्य प्रभृति महात्मा करते हैं जो कि वेदार्थ का प्रकाश करने वाला मत है। वेदों में भी जिनका महत्त्व है। वेद विरुद्ध कुतर्क प्रतिपादित सांख्य के उपदेष्टा आसुरी मत के प्रवर्तक दूसरे कपिल हैं।"

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ—सांख्य स्मृति को जैसे प्रमाण नहीं माना गया है। वैसे ही योग भी प्ररमात्म विवेचन में प्रामाणिक नहीं है। [योग में केवल चित्त वृत्ति निरोध रूप साधन से ही मुक्ति कही गई है।] जैसे सांख्य प्रधान को निमित्त मात्र मानता है। वैसे ही योगशास्त्र ईश्वर को निमित्त मात्र मानता है। ऐसा वैदिक मत नहीं है, उसमें तो ब्रह्म ही सर्व नियामक सर्वज्ञ है। जीव ही निमित्त मात्र है कर्म करने में साधन प्रणाली प्रायः वैदिक ही है। योगशास्त्र की उसमें कोई विरोध नहीं है।] निंवार्काचार्य जी तो केवल परमात्म विवेचन में उसे प्रमाण नहीं मानते]

अधिकरण ३

सू०—न विलक्षणत्वादस्य तथात्वं च शब्दात् ।२।१।४।।

वाक्यार्थ—तर्क बलेन प्रत्यवतिष्ठते। जगतोनचेतन प्रकृतित्वं, विलक्षणत्वात्। विलक्षणत्वं च "विज्ञानंचाविज्ञानंचाभवति" इत्यादि शब्दादप्यस्यावगंतव्यम्।

भावार्थ—सांख्यवादी तर्क द्वारा प्रधान को जगत का कारण बतलाते हैं जगत चैतन्य ब्रह्म की प्रकृति का निर्माण नहीं हो सकता क्योंकि जगत ब्रह्म से अलग लक्षण वाला है। "विज्ञान और अविज्ञान हुए" इस वैदिक शब्द से ही ज्ञात होता है कि जड़जगत में भी स्वभाव से चैतन्यता है, इसलिये वह तो प्रधान की ही उत्पत्ति है।

सू०—अभिमानि व्यपदेशस्तु विशेषानुगतिभ्याम् ।२।१।५।।

वाक्यार्थ—"पृथिव्यऽब्रवीत्ते हेमे प्राणा अहं श्रेयसेविवदमाना ब्रह्म जग्मुः"[१] इत्यादौ तु तदभिमानिनीनां देवतानां व्यपदेशः "हन्ताहमिमास्त्रिस्रोदेवताः"[२] इति विशेषणात्। "अग्निवाग्भूत्वा मुखं प्राविशद्"[३] इत्याद्यनुगतेश्च।

भावार्थ—जैसा कि पृथिवी बोलती है मन आदि प्राण, हम श्रेष्ठ हैं ऐसे विवाद करते हुए ब्रह्मा के पास गये इत्यादि वाक्य में पृथिवी आदि में निवासी

---

१. बृ० ६।१।७।। २. ऐतरेय० ।१।२।४।।

३. मार्कण्डेय पुराण वन पर्व के अग्निवंशवर्ण न में सेश्वर सांख्यवादी कपिल को विशेष आदर के साथ स्मरण किया है—

"कपिलं परमर्षिं च यमाहुर्यतयः सदा।
अग्नि स कपिलो नाम सांख्य योग प्रवर्तकः।।"

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

उनके अभिमानी देवता का वर्णन है। "ये तीनों देव स्वरूप हैं" (जल, अग्नि और वायु) इस विशेषण से भी एसा ही स्पष्ट है। "अग्निवाणी होकर मुख में प्रवेश करता है" इससे भी वही बात सिद्ध होती है।

सू०—दृश्यतेतु ।२।१।६।।

वाक्यार्थ—तत्रोच्यते पुरुषात् विलक्षणस्य केशादेर्गोभयाद् विलक्षणस्य वृश्चिकस्योत्पत्तिर्दृश्यतेऽतो ब्रह्म विलक्षणत्वाज्जगतो न तत् प्रकृतिकत्वमिति न वक्तव्यं।

भावार्थ—सांख्यवादियों के तर्क का उत्तर देते हैं कि ब्रह्म से जगत विलक्षण है, ऐसी कोई विशेष बात नहीं है। चैतन्य मनुष्य के शरीर में जड़ नख और केश होते हैं और गोबर से कीड़े होते हैं ऐसा देखा जाता है, इसलिये चैतन्य परमात्मा से जड लक्षण वाला जगत नहीं हो सकता, जड प्रधान प्रकृति ही से जगत हो सकता है। ऐसा कहना ठीक नहीं।

सू०—असिदिति चेन्न प्रतिषेध मात्रत्वात् ।२।१।७।।

वाक्यार्थ—ननूपादानुपादेयस्य विलक्षणत्वे उत्पत्तेः पूर्वं तदसद् भवितु-मर्हतीति, नैषदोषः पूर्व सूत्रे प्रकृति विकारयोः सर्वथा सादृश्य नियमस्य प्रतिषेध मात्रत्वात्।

भावार्थ—यदि उपादान और उपादेय (कारण और कार्य) में भिन्न लक्षणता मान कर उससे सृष्टि मानेंगे तो उत्पत्ति के पूर्व कार्य का बीज ही कैसे संभव होगा [बीज दूसरा हो और फल दूसरा ऐसा होता नहीं] तो

सांख्य योग के प्रवर्त्तक कपिल को संयमी महातमा लोग परम ऋषि कहते हैं जोकि साक्षात् अग्नि ही हैं।

श्रीमद्भागवत में तो उन्हें ब्रह्म रूप ही कहा गया है—

"तं त्वामहं ब्रह्म परं पुमांसं, प्रत्यक् स्रोतस्यात्मनि संविभाव्यं।
स्वतेजसाध्वस्त गुण प्रवाहं, वंदे विष्णुं कपिलं वेदगर्भम्॥"

भा० तृ० ३३।८॥

आप साक्षात् पर ब्रह्म हैं, आप ही परम पुरुष हैं, आप ही का अन्तः करण में चिंतन किया जाता है। आप अपने तेज से तीनों गुणों के प्रवाह को शांत करते हैं। आपके अन्तः करण में सारे वेद विद्यमान हैं। हे विष्ण स्वरूप कपिल आपकी बन्दना है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

ऐसी शंका करना व्यर्थ है, पिछले सूत्र में मनुष्य और मनुष्य के विकार में पूरा साहश्य नहीं है, केवल उदाहरण मात्र दिया है [वैसे नख केश आदि मनुष्य में किसी न किसी रूप से रहते हैं उनमें सूक्ष्म भेद और सूक्ष्म अभेद है। वैसे ही ब्रह्म और जगत में भी सूक्ष्म भेदाभेद समझना चाहिये] जड़ प्रकृति तो विकार मात्र है।

सू०—अपीतौतद्वद् प्रसङ्गात् असमंजसम् ।२।१।८।।

वाक्यार्थ—प्रलय समये कार्यवत् कारणस्याप्यचेतनत्वादि प्राप्ति प्रसंगात् जगदुपादानं ब्रह्मेत्यसमंजसम् ।

भावार्थ—प्रलयकाल में जगत अपने कारण ब्रह्म में लय होगा तो वह अपनी जड़ता से उसे भी दूषित कर देगा। इसलिए जगत का और ब्रह्म का कारण, कार्य होना ठीक नहीं जचता [असमानता के कारण] ऐसा आक्षेप किया जाता है।

सू०—न तु द्रष्टांत भावात् ।२।१।६।।

वाक्यार्थ—समाधानम् । तद्वत् प्रसंगोनैवाऽस्ति । यथा पृथिवी विकार-स्तस्यां विलीयमानस्तां न दूषयति, तथा ब्रह्म विकारः संसारः ।

भावार्थ—पीछे किये हुए आक्षेप का समाधान करते हैं। जैसा कि ऊपर कहा, यहाँ वैसा नहीं है। जैसे पृथ्वी के विकार घड़ा आदि टूटकर उसी में लीन होकर अपना रूप त्याग देते हैं। वैसे ही ब्रह्म का विकार संसार लय होकर अपने स्वरूप को त्याग देता है। उसको दूषित नहीं करता।

सू०—स्वपक्षे दोषाच्च ।२।१।१०।।

वाक्यार्थ—वेद विरुद्धवादी सांख्योवक्तुमक्षमस्तत्पक्षेऽप्युक्त दोषयोगात् ।

भावार्थ—वेद विरुद्ध वादी सांख्य भी तो अपने प्रधान को जगत का कारण सिद्ध नहीं कर सकते क्योंकि उसमें वही दोष पूर्णरूप से विद्यमान हैं जिन्हें वे ब्रह्म के प्रति आरोपित करते हैं, इसलिए उनकी बात, स्वतः उनके द्वारा ही कट जाती है वेद का सहारा भी नहीं उनके पास, हम तो वेद के अन्दर ही ब्रह्म का प्रतिपादन कर लेते हैं। सांख्यवादी तो केवल कल्पना मात्र करते हैं।

सू०—तर्काप्रतिष्ठानादप्यन्यथाऽनुमेयमिति चेदेवमप्यनिर्मोक्ष प्रसङ्गः २।१।११।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वाक्यार्थ––तर्कानवस्थानाच्चोक्त सिद्धांतस्य नासामंजस्यम् । दृढतर्केण वेदविरुद्धे प्रधानादिके जगत् कारणेऽनुमिते तु तादृशेन तर्क्रेण तत् प्रतिपक्ष संभवात् । एवमेव तार्किक विप्रतिपत्याऽनिर्मोक्ष प्रसंगात् वेदोक्तस्यैवोपादेयत्वमिति सिद्धम् ।

भावार्थ—तर्क के आधार पर परमात्मा तत्व का निर्णय सही रूप से नहीं हो सकता । दृढ़ तर्क के द्वारा वेद के विरुद्ध प्रधान को जगत का कारण अनुमान (कल्पना) से मानेंगे तो वैसे ही दृढ़ तर्क से पतिपक्षी (विरोधी) भी उनका खण्डन कर सकते हैं । इस प्रकार तर्क प्रधान मतावलम्बी कपिल कणादादि परस्पर तर्क में उलझे रहते हैं, छुटकारा की सम्भावना ही नहीं रहती । इसलिए वेद को ही प्रमाण मानकर तत्त्व का विवेचन सम्भव है, इससे वेदों की उपादेयता सिद्ध होती है ।[1]

अधिकरण ४

सू०—एतेन शिष्टा परिग्रहा अपि व्याख्याताः ।२।१।१२।।

वाक्यार्थ––एतेन सांख्य पक्ष निरासेन परिशिष्टाः वेद विरुद्ध कारणवादिनः अन्येपि प्रत्युक्ताः ।

भावार्थ—इस सांख्य पक्ष को अपने मत से प्रतिकूल मान लेने पर अन्य जो वेद विरुद्ध जगत का कारण बतलाने वाले मत हैं वे भी इसी प्रकार प्रतिकूल सिद्ध हैं [क्योंकि वे भी कल्पना पर आधारित हैं]

---

१. वेदैः पश्यन्ति ब्राह्मणाः (ब्रह्मवेत्ता वेद से ही देखते हैं) महा० वनपर्व ३१३।११७।

२. सूत्रकार भगवान् बादरायण अपने अन्य ग्रंथ महाभारत उ० ३३।३४। में भी इसी बात का खण्डन करते हैं ।

"वेदाः विभिन्नाः स्मृतयोः विभिन्नाः, नासौमुनिर्यस्य मतं न भिन्नम् ।
धर्मस्य तत्त्वं निहितं गुहायां, महाजनो येन गतः स पन्थाः ॥"

परमात्म तत्त्व के अन्वेषण में वेद और स्मृतियों की विभिन्नता है ऐसा देखा जाता है। कपिल, कणाद आदि मुनियों के मत भी विभिन्नता दिखाते हैं । धर्म का चरम लक्ष्य तत्त्व परमात्मा जो अन्तः कारण की गुहा में निहित है । सिद्ध महातमाओं ने जिसको अन्तः साक्ष्य कर जो मार्ग प्रदर्शित किया है वही श्रेयस्कर मार्ग है । वेद ही केवल अनुभूत तत्त्व की साक्षी के रूप से देखे जाते हैं इसलिए वे उपादेय हैं ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अधिकरण ५

सू०—भोक्त्रापत्तेरविभागश्चेत्स्याल्लोकवत् ।२।१।१३॥

वाक्यार्थ—ब्रह्मणो जगदुपादानत्वेजीवरूपेण ब्रह्मण एव सुख दुःख भोक्तृत्वापत्तेर्वेद प्रसिद्धोभोक्तृ नियंतृविभागोन स्यादिति चेद् विभागेऽपि समुद्र तंरगयोरिव सूर्य तत्प्रभयोरिव तयोर्विभागः स्यात् ।

भावार्थ—ब्रह्म को जगत का उपादान कारण स्वीकार करने पर, जीव रूप जो ब्रह्म का ही अंश है, उसके सुख दुःख भोक्तृत्व आदि, अंशी ब्रह्म में होंगे, फिर भोक्ता जीव और नियंता परमात्मा का कोई विभाग (अन्तर) भी नहीं रह जावेगा । ऐसी शंका करना व्यर्थ है क्योंकि जीव और ब्रह्म का जो विभाग है, वह समुद्र औद समुद्र की तरंग तथा सूर्य और उसकी प्रभा के समान है, जोकि एक होकर भी दो और दो होकर भी एक हैं ।

अधिकरण ६

सू०—तदनन्यत्वमारम्भण शब्दादिभ्यः ।२।१।१४॥

वाक्यार्थ—कार्यस्य कारणानन्यत्वमस्ति, नत्वत्यंत भिन्नत्वं कुतः "वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्यं, ऐतदात्म्यमिदं सर्वं, तत्सत्यं, तत्त्वमसि खल्विदं ब्रह्म"[१] इत्यादिभ्यः ।

भावार्थ—कार्य जगत की कारण ब्रह्म से अनन्यता [अभिन्नता] है, अर्थात् अत्यन्त भिन्नता नहीं है, क्योंकि—"मिट्टी सही तथ्य है उसी से बने घड़े आदि जो कि पृथिवी के विकृत रूप हैं, वे नाम मात्र के लिए भिन्न प्रतीत होते हैं, यह सारा दृश्यमान जगत परमात्मा रूप है जोकि सत्य है । वह परमात्मा तुम्हीं हो, सारा जगत ब्रह्म है ।" इत्यादि वाक्यों से यह स्पष्ट है कि जगत और ब्रह्म में भेदाभेद सम्बन्ध है ।[२]

सू०—भावे चोपलब्धेः ।२।१।१५॥

वाक्यार्थ—तदनन्यत्वं कारण सद्भावे कार्योपलब्धेः ।

---

१. छांदोग्योप० ६।१।१।।६।८।७।।

२. इस स्थल पर शंकराचार्य निंबार्काचार्य के पारमार्थिक भेदाभेद का निराकरण कर व्यावहारिक भेदाभेद स्वीकार करते हैं । शंकराचार्य के मत में सूत्रकार सगुणोपासना के लिये ब्रह्म, जगत का भेदाभेद मानते हैं ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ—कारण और कार्य भिन्न-भिन्न हैं तो वह अनन्य (अभिन्न) कैसे होंगे ? ऐसी शंका करना व्यर्थ है, कारण में कार्य निहित रहता ही है। [यदि ऐसा न रहे तो कार्य होगा ही कैसे]

सू०—सत्वाच्चावरस्य ।२।१।१६।।

वाक्यार्थ—"ब्रह्म वा इदमग्रआसीत्" इति सामानाधिकरण्य निर्देशेनावर-कालीनस्य कार्यस्यकारणे सत्वात्तदनन्यत्वम् ।

भावार्थ—"यह जगत पहिले ब्रह्म में था" इस वाक्य से भूत काल में विद्यमान, कार्य रूप जगत की कारण रूप ब्रह्म में सत्ता सिद्ध होती है इस-लिये वह अनन्य है।

सू०—असद् व्यपदेशान्नेति चेन्न धर्मातरेण वाक्यशेषाद्युक्तेः शब्दांतराच्च ।२।१।१७।।

वाक्यार्थ—"असद्वा इदमग्र आसीत्"[1] इत्यसद्व्यपदेशात् कार्यस्य सृष्टेः प्राक् न सत्वमिति चेन्न, सूक्ष्मत्वेन तादृग् व्यपदेशोऽस्ति । कुतोऽवगम्यते ? "तत्सदासीत्" इति वाक्य शेषात् । यद्यसदेव कार्यमुत्पद्यते तर्हि वह्नेर्यवाद्यंकु-रोत्पत्तिः कुतो नास्तीति युक्तेः "सदेव सौम्येदमग्र आसीत्"[2]इति शब्दांतराच्च ।

भावार्थ—"यह जगत पहिले नहीं था" इस वाक्य में जगत की सृष्टि के पूर्व कारण भाव में असत्ता दिखलाई गई, ऐसा नहीं कह सकते । सूक्ष्म रूप से कार्य की सत्ता सृष्टि के पूर्व कहीं गई है। "वह सत्तावन् था" ऐसा उसी वाक्य के अंत में कहा है, उससे ज्ञात होता है। यदि कार्य नहीं था और प्रकट हो गया तो अग्नि से जौ क्यों नहीं उपजता चिनगारी ही क्यों निकलती है। इस युक्ति से समझना चाहिये कि प्रत्येक वस्तु की सत्ता थी वही कालांतर में अपने रूप से प्रकट हो गई। "हे सौम्य ! यह पहिले सत्तावान् था" इस दूसरे स्थान पर कहे गये शब्दांतर से भी इस जगत की पूर्व सत्ता सिद्ध होती है।

सू०—पटवच्च ।२।१।१८।।

वाक्यार्थ—यथा च पूर्वं संवेष्टितः पश्चात् प्रसारितः पटस्तद्वद्विश्वम् ।

भावार्थ—जैसे कपड़े को प्रथम समेट कर बाद में फिर फैला दिया जावे उसी प्रकार विश्व को परमात्मा अपने में समेट लेता है, पुनः उसे प्रसारित करता है [इससे प्रलय के बाद भी जगत की सत्ता सिद्ध होती है ।

१. शतपथ ब्राह्मण ।६।१।१।। २. छांदो० ६।२।१।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू॰—तथा च प्राणादिः ।२।१।१६।।

वाक्यार्थ—यथा च प्राणापानादिवायुः प्राणायामादिना निरुद्धः स्वरूपेणावतिष्ठते, विगत निरोधश्चांजसा तत्तदरूपेणावगृह्यते तथेदमपि ।

भावार्थ—जैसे कि प्राण अपान आदि वायु प्राणायाम की क्रिया के द्वारा रुककर अपने स्वाभाविक (संकुचित) रूप में हो जाते हैं, उसी प्रकार यह जगत भी प्रलय होने पर सूक्ष्म रूप से संकुचित होकर परमात्मा में स्थित हो जाता है और सृष्टि के समय पुनः विस्तृत ।

अधिकरण ७

सू॰—इतर व्यपदेशात् हिताकरणादि दोष प्रसक्तिः ।२।१।२०।।

वाक्यार्थ—आक्षेपः, ब्रह्म कारणवादे "अयमात्माब्रह्म" इति जीवस्य ब्रह्मत्वनिरूपणात् सर्वक्लेशालयजगज्जननेनात्मनोहिताकरणादिदोष प्रसक्तिः ।

भावार्थ—[पिछले सूत्रों में जगत और ब्रह्म के अत्यंत भेद और अभेद का निराकरण कर दिया अब चेतन और अचेतन के विषय में, जीव और ब्रह्म के विषय में विचार करेंगे]

ब्रह्म को जीव का कारण मानने वालों पर आक्षेप किया जाता है कि "यह जीवात्मा ब्रह्म है" इस वाक्य में जीव ही को ब्रह्मत्व भाव में कहा गया है तो जीव संपूर्ण क्लेशों के घर शरीर रूपी जगत का निर्माण क्यों करता है? जिससे कि अपना अहित ही संभव है [ये विमूढता के लक्षण हैं ।]

सू॰—अधिकं तु भेद निर्देशात् ।२।१।२१।।

वाक्यार्थ—तत परिहारः, सुखदुःख भोक्तुः शारीरादधिकमुत्कृष्टं ब्रह्म जगत् कर्त्तुः ब्रूमः, "आतमानमंतरोयमयति" इति भेदव्यपदेशान्न तयोरत्यंताभेदोऽस्ति यतो हिताकरणादि दोष प्रसक्तिः स्यात् ।

भावार्थ—ऊपर किये हुए आक्षेप का परिहार करते हैं—कि सुख दुःख के भोगने वाले शरीरी जीव से अधिक उत्कृष्ठ (श्रेष्ठ) ब्रह्म ही इस शरीर का कर्त्ता है "आत्मा के अंदर वह परमात्मा ही शासन करता है" इस भेद के वर्णन से उन दोनों परमात्मा और जीवात्मा में अत्यंत अभिन्नता नहीं है, इसलिये यह दोष नहीं लगा सकते कि जीव शरीर की रचना कर अपना अहित करता है [क्योंकि वह तो शरीर का सृष्टा है ही नहीं][1]

---

१. योगशास्त्र में पाँच क्लेश कहे गये हैं, जिसे प्रायः सभी स्वीकार करते हैं—

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—अश्मादिवच्च तदनुपपत्तिः ।२।१।२२॥

वाक्यार्थ—भूविकार वज्र वैदूर्यादिवद् ब्रह्माभिन्नोऽपि क्षेत्रज्ञः स्व स्वरूपतो भिन्न एवातः परोक्तस्यानुपपत्तिः ।

भावार्थ—पृथिवी के ही विकृत रूप हीरे, माणिक्य आदि जैसे आकृति से भिन्न और तथ्य से अभिन्न हैं उसी प्रकार यह जीवात्मा, परमात्मा अभिन्न होते हुए भी अपने-अपने रूप से भिन्न ही है इसलिये ऊपर कही हुई बात असंगत है । इस तथ्य को न जानकर ही क्लेशानुभूति होती है ।[1]

अधिकरण ८

सू०—उपसंहार दर्शनान्नेति चेन्न, क्षीरवद् हि ।२।१।२३॥

वाक्यार्थ—कुंभकारादीनामनेकोपकरणोपसंहार दर्शनात् वाह्योपकरण रहितं ब्रह्म न जगत् कारणमिति चेन्न, यतः क्षीरवत् कार्य कारेण ब्रह्म परिणमते स्वासाधारण शक्तिमत्वात् ।

भावार्थ—[ऊपर चिदचित् शक्तिमान सर्वात्मा को जीव, जगत का कारण सिद्ध किया और उनके भेदाभेद सम्बन्ध की पुष्टि की । अब, ब्रह्म कर्म के वशीभूत नहीं हैं इसलिये विना कर्म के जगत का निर्माण करेगा कैसे ? इस शंका का समाधान करेंगे ।]

---

(१) अविद्या—अनित्य, अपवित्र, दुःखरूप शरीर को नित्य, पवित्र, सुखरूप और शरीर को ही आत्मा मान लेना अविद्या है ।

(२) अस्मिता—दृग् शक्ति (द्रष्टा पुरुष) और दर्शन शक्ति (बुद्धि) ये दोनों सर्वथा भिन्न और विलक्षण हैं [दृष्टा चैतन्य है और बुद्धि जड़] इन दोनों में एकता का अनुभव करना अस्मिता क्लेश है ।

(३) राग—जीव को जब किसी अनुकूल पदार्थ में सुख की प्रतीत होती है तो उसमें जो आसक्ति होती है उसे राग कहते हैं ।

(४) द्वेष—जब किसी पदार्थ में दुःख की प्रतीति होती है तब उसमें और उसके निमित्त कारणों में जो द्वेष हो जाता है, वही द्वेष है ।

(५) अभिनिवेश—मरण के भय की भावना जो अन्तःकरण में प्रविष्ट हो जाती है वही अभिनिवेश नामक क्लेश है । यह बड़े-बड़े विवेकी पुरुषों में भी देखी जाती है ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

कुम्हार को घट के निर्माण करने में चक्र, मिट्टी, दंड आदि वाह्य उपकरणों का संग्रह करना पड़ता है, किन्तु परमात्मा तो ऐसा नहीं करता इसलिये विना वाह्य उपकरणों के वह कैसे सृष्टि कर सकता है, ऐसी शंका व्यर्थ है। परमात्मा तो दूध से दही अथवा जल से वर्फ की भाँति प्राकृतिक शक्ति से स्वतः जगत रूप में परिणत होता है।[1]

सू०—देवादिवदपिलोके ।२।१।२४।।

वाक्यार्थ—यथा देवादयः संकल्प मात्रेण स्वापेक्षितं सृजंति तथा भगवानपि ।

भावार्थ—जैसे देव, किन्नर, गंधर्व, पितर आदि संकल्प (इच्छा) मात्र से अपने मनोनुकूल पदार्थ का सृजन कर लेते हैं, उसी प्रकार भगवान भी संकल्प मात्र से सृष्टि करते हैं।

अधिकरण ९

सू०—कृत्स्न प्रशक्तिर्निरवयवत्व शब्दकोपोवा ।२।१।२५।।

वाक्यार्थ—आक्षिपति, ब्रह्मणो जगत् प्रकृतित्वे तन्निरवयवांगीकारे कृत्स्न-प्रसक्तिः, सावयवत्वे निरवयवत्वादि शास्त्र विरुद्ध्येत् ।

भावार्थ—आक्षेप किया जाता है कि, परमात्मा साकार है अथवा निराकार यदि निराकार है तो उससे साकार सृष्टि होगी कैसे ? [दूध से दही और जल से वर्फ तो साकार से साकार का परिणाम है] यदि परमात्मा को भी (दूध और जल) की भाँति साकार मानोगे तो शास्त्रों में ब्रह्म को निराकार कहा गया है, यह (शास्त्रों की दुहाई देने वालों के) विरुद्ध होगा।

सू०—श्रुतेस्तु शब्द मूलत्वात् ।२।१।२६।।

वाक्यार्थ—समाधत्ते, नोक्तदोषोऽस्ति "सोऽकामयत बहुस्यां, स्वयमात्मानमकुरुत, सच्चात्यच्चाभवदेतावानस्य महिमा ततोज्यायांश्च पुरुषः, यथोर्णनाभिः सृजते तथा पुरुषाद् भवति विश्वम्" इत्यस्यार्थस्य शब्दमूलत्वादन्यं निर्मूलम् ।

भावार्थ—आक्षेप का समाधान करते हैं—निरवयव ब्रह्म का सावयव सृष्टि करना असम्भव नहीं है।" उसने बहुत होने की कामना की, अपने को स्वयं

---

१. जोगुन सहित सगुन सोइ कैसे। जनु हिम उपल विलग नहिं जैसे।
रामचरित मानस १।११५।३

२. छांदो० ६।२।३।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

प्रकट किया, व्यक्त और अव्यक्त स्वभाववाला अपनी महिमा से श्रेष्ठ परंपुरुष है, जैसे ऊर्णनाभि जाल का निर्माण करता है वैसे ही परंपुरुष से विश्व होता है।" इत्यादि वैदिक शब्दों के अर्थ से स्पष्टत: उसकी (ब्रह्म की) विशेषता सिद्ध हो जाती है, इसलिये आक्षेप निर्मूल है।

सू०--आत्मनि चैवं विचित्राश्च हि।२।१।२७।।

वाक्यार्थ—देवादिशरीर क्षेत्रज्ञे यदा नाना विकृतय: संगता: संति, तदा सर्वशक्तौ सर्वेश्वरे जगत् कारणेकाऽनुपत्ति:।

भावार्थ—देवता, किन्नर, पितर आदि जब अपने शरीर को अनेक विकृत रूपों में बदलने में सामर्थ्यवाले होते हैं, तब सर्वशक्तिमान् सर्वेश्वर परमात्मा को जगत का कारण मानने में क्या अड़चन है ?

सू०—स्वपक्षे दोषाच्च।२।१।२८।।

वाक्यार्थ—अस्मत्पक्षस्तिष्ठतु, स्वपक्षेऽपि भवदुक्तदोषापातान्मूकी भावो युक्त:।

भावार्थ—हमारे पक्ष पर तो आक्षेप किया जाता है, परंतु जब जो शंकायें हमारे परमात्मा के प्रति की गईं वही यदि उनके प्रधान, अणु आदि पर की जाती हैं। तो वे चुप्पी लगा जाते हैं।

सू०—सर्वोपेता च सा तद्दर्शनात्।२।१।२६।।

वाक्यार्थ—"परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञान बल क्रिया च"[१] इत्यादि श्रुते: सा देवता सर्वशक्त्युपेता सर्वं कर्तु समर्थाभवति।

भावार्थ-–"परमात्मा की पराशक्ति अनेक रूपों से सुनी जाती है जोकि उसकी स्वाभाविकी, ज्ञान, बल और क्रिया शक्ति है" इत्यादि वेद में कही गई उस सर्वशक्तियों से सम्पन्न सर्व समर्थ पराशक्ति का वर्णन है जो कि परमात्मा की आह्लादिनी चित् शक्ति है।[२] [यही जगत की कारण है, सांख्यवादियों की चेतना रहित प्रधान शक्ति नहीं]

सू०—विकरणत्वान्नेति चेत्तदुक्तम्।२।१।३०।।

---

१. श्वेताश्वतर० ।६।७।।

२. इसी शक्ति को आचार्य चरण "अंगे तु वामे" श्लोक में राधा नाम से स्मरण करते हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वाक्यार्थ—"न तस्य कार्यं करणं च विद्यते"[१] इति करण निषेधात् सर्वशक्त्युपेतस्यापि जगत् कर्त्तृत्वं न संगच्छते, इति चेदत्रवक्तव्यमुत्तरं यत् पूर्वत्रोक्तमेव ।

भावार्थ—"उसके कार्य में उपकरणों की आवश्यकता नहीं होती" इसमें जो करण का निषेध किया गया है उससे वह पराशक्ति सर्व संपन्न होकर भी जगत की सृष्टि नहीं कर सकती इस शंका का समाधान पीछे (२।१।२३) ही कर चुके हैं [पराशक्ति परमात्मा की ही है उसे उपकरण की आवश्यकता है ही नहीं वही तो परमात्मा की संकल्पात्मिका है]

अधिकरण १०

सू०—न प्रयोजनवत्वात् ।२।१।३१॥

वाक्यार्थ—ननु नित्यावाप्त समस्तकामः परः कर्त्ता न, कतः कुर्त्तुः प्रवृत्तेः प्रयोजनवत्वादिति ।

भावार्थ—शंका की जाती है कि परमात्मा नित्य समस्त कामनाओं से पूर्ण रहता है तो उसे जगत की रचना करने की क्या आवश्यकता है क्योंकि कर्त्ता की प्रवृत्ति किसी प्रयोजन से ही कार्य के प्रति होती है ।

सू०—लोकवत्तु लीलाकैवल्यम् ।२।१।३२॥

वाक्यार्थ—तत्रोच्यते परस्यैतद् रचनादिलोक प्रसिद्धनृपत्यादि क्रीडामात्रमिव युज्यते ।

भावार्थ—ऊपर की गई शंका की निवृत्ति करते हैं कि, परमात्मा की यह रचना, राजा की जैसे कुतूहल क्रीडा होती है उसी प्रकार है ।

सू०—वैषम्यनैर्घृण्ये न सापेक्षत्वात्तथा हि दर्शयति ।२।१।३३॥

वाक्यार्थ—विषम सृष्टि संहारादि निमित्त वैषम्य नैर्घृण्ये जीवकर्म सापेक्षत्वात्पार्जन्यस्येव जगज्जन्मादि कर्त्तुर्न स्यातां, तथैव दर्शयति पुण्यो वै "पुण्येन कर्मणा, पापः पापेन"[२] इति श्रुतिः ।

भावार्थ—[परमात्मा यदि कुतूहल वश ही सृष्टि करते हैं तो जगत की जो विषमता है, अमीर, गरीब, सुखी, दुःखी आदि, यह क्यों है ? ऐसा करना तो परमात्मा की निर्दयता का सूचक है, इसी का उत्तर देते हैं]

---

१. श्वेता० ।६।८॥ २. बृहदा० ६।४।५॥

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विषम सृष्टि संहारादि की विषमता और दुःखानुभूति जीव को अपने कर्मानुसार ही होती है जैसे कि बीज के सही या गलत बोने पर खेती का परिणाम भी सही गलत होता है उसी प्रकार जीव जैसे कर्म करता है उसी प्रकार फल पाता है पुण्य कर्म से पुण्य तथा पाप कर्म से पाप प्राप्त होता है" ऐसा श्रुति का प्रमाण वाक्य भी है।

सू०—न कर्माऽविभागादिति चेन्नानादित्वादुपपद्यते चाप्युपलभ्यते च।।२।१।३४।।

वाक्यार्थ—ननु "स देव सौम्येदमग्र आसीदेकम्"[1] इति सृष्टेः प्रागविभाग श्रवणात् कर्म सापेक्षत्वं परस्य न संगच्छते, इति चेन्न, कर्मणा पूर्व सृष्टिस्थ जीवकृतानामनादित्वातनदानीमपि सत्वात् पूर्वसृष्टिरपि, अकस्मादुत्तर सृष्ट्यनुपपत्योपपद्यते च। सूर्यश्चंद्रमसौ धाता यथा पूर्वमकल्पयत्[2] इत्यादावुपलभ्यते चापि।

भावार्थ—यदि यह कहें कि "यह जीवात्मा सृष्टि से पूर्व परमात्मा में ही था" इस श्रुति प्रमाण से जीवात्मा अपने कर्मानुसार फल भोगता है यह कैसे कहा जाय ? सृष्टि तो प्रारम्भ से ही विषम है। इससे तो यही सिद्ध होता है कि परमात्मा ने विषम सृष्टि कर निर्दयता की है, तो ऐसा नहीं कह सकते, क्योंकि सृष्टि तो अनंत है। प्रलय के पूर्व भी सृष्टि थी उसमें जैसे लोगों के पुण्य पाप कर्म थे उसके अनुसार परमात्मा पुनः सृष्टि कर देते हैं। "धाता ने सूर्य और चन्द्रमा जैसे प्रथम की सृष्टि में थे वैसे ही पुनः बना दिये" इस श्रुति वाक्य से यही सिद्ध होता है।

सू०—सर्व धर्मोपपत्तेश्च ।२।१।३५।।

वाक्यार्थ—सर्वेषां कारण धर्माणां ब्रह्मण्येवोपपत्तेश्चाविरोध सिद्धिः।

भावार्थ—श्रुतियों में सृष्टि के कारण बतलाने वाले जितने भी वाक्य हैं वे सब परमात्मा के अर्थ के ही द्योतक हैं किसी अन्य के नहीं।

प्रथम पाद समाप्त

---

१. छांदोग्य० ६।२।१।। २. तै० १।१४।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

द्वितीय पाद

अधिकरण १

सू०—रचनाऽनुपपत्तेश्च नाऽनुमानम् ।२।२।१॥

वाक्यार्थ—प्रधानमनुमानगम्यं न जगत्कारणं, कुतः सृज्यरचनानभिज्ञात्ततो-विविध रचनानुपपत्तेश्च ।

भावार्थ—सांख्यवादियों का कल्पित प्रधान तत्व जगत का कारण नहीं है, क्योंकि प्रधान अचेतन तत्त्व है इसलिए यह सृष्टि रचना से अनभिज्ञ है और उससे विविध रचना सम्भव नहीं ।

सू०—प्रवृत्तेश्च ।२।२।२॥

वाक्यार्थ—स्वतः प्रवृत्यनुपपत्तेश्च नानुमानम् ।

भावार्थ—चैतन्य न होने के कारण प्रधान की सृष्टि के प्रति स्वतः प्रवृत्ति हो ही नहीं सकती इसलिए वह जगत का कारण नहीं है । अचेतन को चेतन के द्वारा प्रवृत्ति प्राप्त होती है ।

सू०—पयोम्बुवच्चेत्तत्रापि ।२।२।३॥

वाक्यार्थ—ननु क्षीरादिवत् स्वयं प्रधानं जगज्जन्मादौ प्रवर्त्तते इति चेतत्रापि परः प्रेरको "योऽप्सुतिष्ठन्" इत्यादिना श्रूयते ।

भावार्थ—यह नहीं कहा जा सकता कि दूध से दही और जल से हिम स्वतः जम जाता है वैसे ही प्रधान से स्वतः सृष्टि हो जावेगी । क्योंकि "वह जल में व्याप्त है" इस श्रुति वाक्य में परमात्मा की प्रेरणा वहाँ भी कही गई है ।

सू०—व्यतिरेकानवस्थितेश्चानपेक्षत्वात् ।२।२।४॥

वाक्यार्थ—प्राज्ञेनाऽनधिष्ठितं प्रधानं न जगत कारणं, कुतः तद्व्यतिरिक्तस्य सहकार्यन्तरस्यानवस्थितेर्यतस्तवतदनपेक्षत्वात् ।

भावार्थ—सांख्यवादियों के मत से ही प्राज्ञपुरुष के स्वामित्व के बिना प्रधान जगत का कारण नहीं हो सकता क्योंकि प्राज्ञ के बिना वह अधूरा है, उसे सदा प्राज्ञ की अपेक्षा होती है ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—अन्यत्राभावाच्च न तृणादिवत् ।२।२।५॥

वाक्यार्थ—अनडुहाद्युपभुक्ते तृणादौ क्षीराकारेण परिणामाभावात् धेन्वाद्युपभुक्तं तृणादि यथा स्वतः क्षीरी भवति, तथाऽव्यक्तमपि महदाद्याकारेण परिणमते इति न वक्तव्यम् ।

भावार्थ—बैल के द्वारा घास खाने पर परिणाम स्वरूप दूध नहीं मिलता, गाय के द्वारा ही घास खाने पर स्वतः दूध होता है, उसी प्रकार अव्यक्त प्रधान भी महत् तत्वादि के आकार में परिवर्तित हो नहीं सकता। उसमें भी प्राज्ञ की प्रेरणा ही प्रधान है ।

सू०—अभ्युपगमेऽप्यर्थाभावात् ।२।२।६॥

वाक्यार्थ—कथंचित् प्रवृत्यभ्युपगमेऽपि प्रधानं कारणं न भवति, तस्याचेतनत्वेन प्रवृतिप्रयोजनासंभवात् ।

भावार्थ—प्राज्ञ के द्वारा किसी प्रकार प्रवृत्त किये जाने पर भी किसी वस्तु के निर्माण में प्रधान कारण हो नहीं सकता क्योंकि अचेतन तत्व में स्फुरण होता ही नहीं ।

सू०—पुरुषाश्मवदिति चेत्तथापि २।२।७॥

वाक्यार्थ—यथापंगुरन्धमश्मापः प्रवर्तयति तथा पुरुषः प्रधानमितिचेत् तथात्वे निष्क्रियत्वाऽभ्युपगमविरोधः। प्रधानस्य पर प्रेर्मत्वेन जगतकारणत्वेऽप्राधान्य प्रसंगः ।

भावार्थ—जैसे कोई लँगड़ा अंधे का हाथ पकड़ कर चले उसी प्रकार पुरुष और प्रधान हैं क्योंकि दोनों ही निष्क्रिय हैं। चुम्बक पत्थर से जैसे लोहा स्पंदित होता है उसी प्रकार इनकी अवस्था है। प्रधान को पर प्रेरणा की आवश्यकता है, इसलिये उसे जगत का कारण नहीं मान सकते ।

सू०—अंगित्वानुपपत्तेश्च ।२।२।८॥

वाक्यार्थ—प्रलयेवेलायां साम्येनावस्थितानां गुणानां परस्परांगागिभावासंभवाच्च नानुमानं जगत् कारणं ।

भावार्थ—प्रलय काल में सत्व, रज, तम तीनों गुण साम्य अवस्था में रहते हैं। सृष्टि के समय जब गुणों में विक्षोभ होता है तब रज गुण की विशेषता होती है, अन्य दोनों गुण उसके अंगरूप सहायक होते हैं। किंतु सांख्यवादियों

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

के प्रधान तत्त्व में सदा ही गुणों की साम्यावस्था रहती है तो फिर उसे सृष्टि का कारण कैसे कहा जावे ?

सू०—अन्यथाऽनुमितौ च ज्ञशक्ति वियोगात् ।२।२।९।।

वाक्यार्थ—प्रकारांतरेण प्रधानानुमितौ च प्रधानस्य, ज्ञातृत्व शक्ति वियोगान्न तत् कर्तृकं जगत् ।

भावार्थ—[जिस प्रधान में साम्यावस्था रहती है, वह किसी विशेष गुण का ज्ञाता कैसे हो सकता है?] इसलिये प्रकारांतर से जिस प्रधान का हम जगत कारण के लिये अनुमान करते हैं उसमें ज्ञातृत्व शक्ति का भी अभाव है इसलिये जगत उसकी कृति नहीं है ।

सू०—विप्रतिषेधाच्चासमंजसम् ।२।२।१०।।

वाक्यार्थ—असमंजसं कापिलं मतं वेदांतविरुद्धत्वात् पूर्वापर विरुद्धत्वाच्च ।

भावार्थ—उपनिषदों से विरोध होने से तथा स्वतः पूर्वा पर के विरुद्ध होने से कपिल का सांख्यवाद असंगत है ।

अधिकरण २

सू०—महद्दीर्घवद्वा ह्रस्व परिमंडलाभ्याम् ।२।२।११।।

वाक्यार्थ—सावयवत्वेऽनवस्थाप्रसंगान्निरवयवत्वे परिणामांतरोत्पादकत्वासंभवात् परमाणुभ्यांद्वयणुकोत्पत्तेरसामंजस्यं तद्वत् परमाणुकारणवाद्यभ्युपगतं सर्वमसमंजसं भवति ।

भावार्थ—परमाणुओं को यदि आकार वाला मानें तो प्रश्न उठता है कि उनका आधार क्या है वह रहते कहाँ है ? यदि बिना आकार का मानें तो परिणाम रूप आकारवाली सृष्टि उनसे होती कैसे है ? जब उनका कोई अवयव नहीं हैं तो द्वयणुक, त्रिसरेणु आदि रूपों में एकत्र कैसे हो जाते हैं ? इस प्रकार परमाणु कारणवादी जो कहते हैं वह सब असंगत सा दीखता है ।

सू०—उभयथाऽपि न कर्मातस्तदभावः २।२।१२।।

वाक्यार्थ—अदृष्टस्य परमाणुवृत्तित्वाऽसंभवादातम संबंधिनस्तस्य परमाणुगतकर्म प्रेरकत्वासंभाच्चेत्येवमुभयथाऽप्याद्यं कर्म परमाणु गतं न संभवत्यतः कर्म निबंधन संयोग पूर्वकद्वयणुकादिकक्रमेण जगदुद्भवस्याभावः ।

भावार्थ—अदृष्ट के द्वारा जो परमाणुओं में प्रवृत्ति कही जाती है, वह समीचीन नहीं है । क्योंकि अदृष्ट और अणु का संयोग इन दोनों प्रकारों से

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

कर्म नहीं हो सकता इसलिये जगत का अभाव ही रहेगा। परमाणु बिना कर्म के परस्पर मिल नहीं सकते तो सृष्टि का संभव कैसे है ? [कहीं भी स्वतः ईंट पत्थर एकत्र होकर महल के रूप में बनता नहीं देखा जाता] ये लोग जीवात्मा की शक्ति शरीर के संयोग से ही मानते हैं। प्रलय काल में शरीर का तो अभाव रहता है अतः जीवात्मा तो अणुओं को प्रवृत्त करने वाला हो नहीं सकता। कोई अदृष्ट शक्ति के प्रभाव से सृष्टि का संचालन होता है, परमाणु एकत्र होकर सृष्टि करते हैं तो एक बार सृष्टि का प्रारंभ हो जाने पर फिर समाप्ति कैसे होगी ?[1]

सू०—समवायाभ्युगमाच्च साम्यादनवस्थितेः।२।२।१३।।

वाक्यार्थ—समवायाभ्युपगमाच्च परमाणुकारण पक्षासंभवः, यथाद्व्यणुकं समवाय संबधेन स्वकारणे समवैत्यत्यंतभिन्नत्वात्तथा समवायोऽपि समवायिभ्यां समवाय संबंधांतरेण संबंध्येतात्यंतभेद साम्यात् सोऽपि संबंधांतरेणेत्यनवस्थानात्।

---

१. अणु परिणामवादी वैशेषिक मत में एक द्रव्य से दूसरे द्रव्य तथा एक गुण से दूसरे गुण का प्रारंभ होता है। समवायि, असमवायि और निमित्त इन तीन कारणों से कार्य संपन्न होता है। जैसे कि कपड़े के निर्माण में कपास सूत समवायिकारण एक सूत का दूसरे से मिलना असमवायिकारण, उनको मिलाने वाला यंत्र (मशीन) निमित्तकारण है। उसी प्रकार जगत की पृथवी, जल, तेज और वायु के अलग अलग परमाणुओं से [जोकि कभी नष्ट नहीं होते, मंडलाकार रूप से सृष्टि के प्रथम भी रहते हैं] सृष्टि होती है। सृष्टि में ये परमाणु समवायिकारण हैं, उनका एक दूसरे से मिलना असमवायिकारण है, तथा अदृष्ट ईश्वर ही इनके संयोग का निमित्तकारण है।

सर्वप्रथम वायवीय परमाणु अदृष्ट प्रेरणा से स्पंदित होकर द्व्यणुक, त्र्यणुक, चतुरणुक होते हुए महान वायु रूप से परिणमित होते हैं। इसी प्रकार तैजस परमाणुओं से अग्नि, जलीय परमाणुओं से अथाह जलसमूह तथा पार्थिव परमाणुओं से महती पृथिवी बनती है। परमाणुओं के गुणनानुसार ही कार्य में भी गुण होते हैं। जैसे कि लाल सूत से लाल ही वस्त्र बनता है। इनके मत में ईश्वर जगत का निमित्तकारण मात्र है जब कि वेदांती ईश्वर को निमित्त और उपादान दोनों कारण मानते हैं, यही मतभेद है दोनों का। इसी का प्रतिपादन किया गया है अपर सूत्रों में।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ--यह जो कहते हैं कि परमाणु जब एक दूसरे से संगठित होते हैं तो उनमें परस्पर समवाय संबंध रहता है इसीलिये वे द्वयणुक इत्यादि रूपों से बढ़ते जाते हैं तो इस प्रक्रिया से भी सृष्टि संभव नहीं क्योंकि इसमें भी किसी की प्रेरणा आवश्यक है एक ही जाति के परमाणु विभिन्न प्रकार की वस्तु कैसे बना सकते हैं ? विभिन्न आकार प्रकार विभिन्न परिणामता परमाणुओं का स्वभाव नहीं होता तो फिर सृष्टि का संभव कैसे है ?

सू०—नित्यमेव च भावात् ।२।२।१४।।

वाक्यार्थ—परमाणूनां प्रवृत्ति स्वभावत्वे प्रवृत्ते भावान्नित्य सृष्टि प्रसंगा-दन्यथा नित्य प्रलयप्रसंगात्तदभावः ।

भावार्थ—प्रश्न उठता है कि परमाणु यदि नित्य प्रवृत्ति स्वभाव वाले हैं तो सदा ही सृष्टि रहनी चाहिये और यदि नित्य निवृत्ति स्वभाव के हैं तो सदा प्रलय ही रहेगी ।

सू०—रूपादिमत्वाच्च विपर्ययो दर्शनात् ।२।२।१५।।

वाक्यार्थ—परमाणूनां कार्यानुसारेण रूपादिमत्वाच्च नित्यत्वविपर्ययोऽनित्य-त्वं स्यात् रूपादिमतां घटादीनां अनित्यत्वं दर्शनादन्यथा कार्यं रूपादि हीनं स्यात् ।

भावार्थ—पृथिवी, जल, तेज, वायु परमाणुओं के कार्य (परिणाम) रूप, रस, गंध, स्पर्श वाले होते हैं, इसलिये परमाणुओं को भी रूपादि वाला होना चाहिये (उन्हीं का सिद्धांत है कि कारण का गुण कार्य में होता है) यदि परमाणु रूपात्मक होंगे तो रूप सदा रहता नहीं इसलिये परमाणु भी सदा नहीं रहेंगे (नाशवान हैं) जसे कि रूप वाले घड़े आदि नाशवान है ऐसा देखा जाता है वैसे ही इन परमाणुओं की भी गति हो जावेगी [अभाव हो जाने पर सृष्टि कैसे होगी, यदि परमाणु रूप आदि से हीन हैं तो फिर जगत रूप वाला कैसे हो गया ?

सू०--उभयथा च दोषात् ।२।२।१६।।

वाक्यार्थ—यद्युपचित गुणाः परमाणवस्तदा पृथिव्यपतेजोवायूनां तुल्यतापत्तिः, अपचितगुणाइत्यत्रापि सर्वेषां परमाणूनां प्रत्येकमेकैकगुणयोगेनपृथिव्या-दीनामपि कारण गुणानुगुण्येन प्रत्येकमेकैक गुण योगः स्यात्, इत्युभयथाऽपि दोषात्तदभाव एव ।

भावार्थ—यदि इन परमाणुओं को उपचित गुण वाला माना जावे तो पृथिवी, जल, तेज और वायु में आपस में तुल्यता नहीं रह जावेगी । यदि अपचितगुण

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वाला इन्हें माना जावे तो पृथिवी आदि में एक ही एक गुण होने चाहिये जब कि पृथिवी में चार (रूप, रस, गंध, स्पर्श) जल में तीन (रूप, रस, स्पर्श) वायु में दो (स्पर्श और गंध) तथा तेज में रूप, स्पर्श आदि कई गुण होते हैं। इस प्रकार केवल परमाणु ही स्वत: एकत्र होकर सृष्टि कर लेते हैं ऐसा समझ में नहीं आता।

सू०—अपरिग्रहाच्चात्यंतमनपेक्षा ।२।२।१७॥

वाक्यार्थ—परमाणु कारणवादस्य शिष्टैः परित्यक्तत्वादत्यंतमुपेक्षामुमुक्षुभिः कार्या ।

भावार्थ—परमाणु कारणवाद की शिष्टों ने (परमात्मवादियों) अत्यंत उपेक्षा की है। मुमुक्षु (दुःख से छूटने की इच्छा वालों को इस मत को मानने से शांति मिलना असंभव है अपितु इसके द्वारा अशांति ही संभव है) को उपेक्षा ही करनी चाहिये।

अधिकरण ३

सू०—समुदाय उभय हेतुकेऽपि तदप्राप्तिः ।२।२।१८॥

वाक्यार्थ—सुगतमतं निराकरोति, भूत भौतिक, चित्त चैत्तिकेसमुदायेऽभ्युपगम्यमानेऽपि समुदायिनां अचेतनत्वादन्यस्य संहति हेतोरनभ्युपगमाच्च सभुदायासंभवः।

भावार्थ—(वागवान बादरायण) बौद्ध मत का खंडन करते हैं। वे लोग भूत, भौतिक और चित्त, चैत्तिक रूप जो समुदाय मानते हैं तो विचारा जाय कि जिन पृथिवी आदि परमाणुओं से समुदाय का संगठन मानते हैं, वे परमाणु अचेतन हैं फिर उनसे सृष्टि कैसे होगी? [परमाणु अतीन्द्रिय हैं, उनका परिणाम जगत दृष्यमान है, अतीन्द्रिय को दृश्यमान करने वाले परमात्मा की सत्ता माननी होगी। इसी प्रकार चित्त में जब वृत्तियाँ प्रकट होती हैं तो उन वृत्तियों से छूटना चित की शक्ति के बाहर है। इसलिये उन सुख दुःखादि चित की वृत्तियों से छूटने के लिये परमात्मा का चिंतन और चरणाश्रय को ही एकमात्र उपाय मानना पड़ेगा][1]

सू०—इतरेतर प्रत्ययत्वा दुपपन्नमिति चेन्न, संघात भावाऽनिमित्तत्वात् ।२।२।१९॥

---

१. बौद्ध लोग, रूप, विज्ञान, वेदना, संज्ञा और संस्कार पाँच स्कंध मानते

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वाक्यार्थ––अविद्या, संस्कार, विज्ञान, नामरूप षडायतनादीनामितरेतर हेतुत्वेन संघातादिकमुपपन्नमित्यपि न, तेषामपि संघातं प्रत्यकारणत्वात् ।

भावार्थ––उनके मत में सर्व प्रथम भ्रांतिरुप अविद्या होती है, उससे राग आदि लक्षण वाला संस्कार होता है । संस्कार से प्रवृत्ति होती है जो कि पुण्य, अपुण्य कर्मातिमका है । उस प्रवृत्ति से पृथिवी आदि चार भूत, उन भूतों से नाम, नाम से शरीर, शरीर से पाँच ज्ञानेद्रिय और मन रूप षडायतन, उनसे स्पर्श और फिर वेदना होती है । वेदना से फिर अविद्या, संस्कार आदि का क्रम चलता है जो कि संघात रूप है । ये ठीक नहीं, पुनः पुनः कारण कार्य का होना देखा नहीं जाता । संघात का कारण संघात नहीं हो सकता, [ये सिद्धांत व्यवहार और विज्ञान से विरुद्ध हें ।

सू०––उत्तरोत्पादे च पूर्व निरोधात् ।२।२।२०।।

वाक्यार्थ––इतोऽपि न तद्दर्शनम् युक्तमुत्तरोत्पादे पूर्वस्यक्षणिकत्वेन विनष्टत्वात् ।[१]

---

(१) रूप––पृथिवी, जल, तेज, वायु ये चार भूत समुदाय हैं जो कि रूप, रस, गंध, स्पर्श वाले पार्थिव परमाणुओं से पृथिवी रूप । रूप, रस, स्पर्श, स्नेह स्वाभाव वाले जलीय परमाणु एकत्र होकर जल रूप । रूप, स्पर्श, उष्ण स्वभाव वाले तैजस परमाणु एकत्र होकर तेज रूप । स्पर्श स्वभाव वाले वायवीय परमाणु एकत्र होकर वायु रूप होते हैं । शरीर इंद्रिय, विषय, रूप ये चार भौतिक रूप समुदाय हैं । इस प्रकार भूत, भौतिक, रूप वाह्य स्कंध हैं ।

(२) विज्ञान-- अंतः करण में जो सांसारिक पदार्थों का ज्ञान है, वही विज्ञान स्कंध है । इसी से मैं कर्त्ता हूँ, मैं भोक्ता हूँ । ऐसा लौकिक अहं ज्ञान होता है ।

(३) वेदना––इस स्कंध में दो भाव हैं—(i) सुखवेदना,(ii)दुःखवेदना ।

(४) संज्ञा—अन्वय व्यतिरेक का ज्ञान अर्थात् किसी वस्तु के नाम आदि को जानना और न जानना ।

(५) संस्कार—राग, द्वेष, मद, मोह, मात्सर्य, भय, शोक, विषाद आदि संस्कार चैतसिक धर्म हैं । विज्ञान, वेदना, संज्ञा, संस्कार चैत्तिक समुदाय हैं । जो कि आभ्यंतर हैं ।

१. संघांत वाद का खंडन ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ—पूर्व के बाद उत्तर पदार्थ की उत्पत्ति होती है संघात से। ये लोग प्रत्येक पदार्थ को क्षणिक मानते हैं। तो उत्तर 'पदार्थ की उत्पत्ति के बाद पूर्व पदार्थ को क्षणिक मानेंगे तो उनका अभाव हो जावेगा, फिर पुनः पुनः उत्पत्ति कैसे होगी ? इसलिये यह असंगत सी बात है।

सू०—असति प्रतिज्ञोपरोधोयौगपद्यमन्यथा।२।२।२१॥

वाक्यार्थ—असति हेतौ कार्योत्पत्यऽभ्युपगमे चतुर्भ्यो हेतुभ्य इन्द्रियालोक मनस्कारविषयेभ्यो विज्ञानोत्पत्तिरित्यस्याः प्रतिज्ञायाबाधः स्यात्, सति हेतौ कार्योत्पादांगीकारे पूर्वस्मिन् क्षणे स्थिते सति क्षणांतरोत्पत्तिर्भवेत्, इदं यौगपद्यं भवतां क्षणिकवादिनां मते स्यात्।

भावार्थ—बिना कारण के भी कार्य हो सकता है, ऐसा मानना उन्हीं के इस सिद्धांत के विरुद्ध होगा कि चित्त से संस्कार, इंद्रिय, मन आदि की उत्पत्ति होती है।[1] कार्य की उत्पत्ति होने पर कारण की समाप्ति मानने पर कार्य को ही कारण मानना पड़ेगा, अन्यथा उससे अगला कार्य होगा कैसे ? कारण और कार्य एक साथ रहते नहीं, ऐसा आपका ही मत है।

सू०—प्रतिसंख्याऽप्रतिसंख्या निरोधाऽप्राप्ति विच्छेदात्।२।२।२२॥

वाक्यार्थ—सहेतुक निर्हेतुकयोर्निरोधयोरसंभवः संतान विच्छेदस्यासंभवात् संतानिनां च प्रत्यभिज्ञायमानत्वाच्च।

---

१. बौद्धों के मत में भूत, भौतिक, चित्त, चैतसिक समुदायों से मुक्त होने के लिये शील, समाधि और प्रज्ञा तीन रत्न कहे गये हैं।

(१) शील—समस्त रूप से सात्विक कर्म को शील कहते हैं, जो कि अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और मादक द्रव्यों का त्याग, पाँच प्रकार का है। ये भिक्षु एवं ग्रहस्थ दोनों के लिये समान रूप से हैं।

(२) समाधि—चित वृत्तियों का निरोध समाधि है। इसके द्वारा पूर्व जन्म की स्मृति, जन्म मृत्यु का ज्ञान और चित्त की बाधक वृत्तियों का समाधान होता है।

(३) प्रज्ञा—ज्ञान प्राप्ति को प्रज्ञा कहते हैं, जो कि तीन प्रकार से होती है (i) श्रुतिमयी = आप्त लोगों द्वारा कथित तत्व के चिंतन से उत्पन्न, (ii) चिंतामयी = युक्ति और तर्क से उत्पन्न, (iii) भावनामयी = समाधि से उत्प.।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ--जो यह मानते हैं कि चित्त चैतसिक आदि आश्रवों का निषेध सहेतुक (जानबूझकर रोकना) अहेतुक (स्वतः रुक जाना) दो प्रकार का है। ऐसा असंभव है क्योंकि संतान का विच्छेद कभी हो नहीं सकता, बीज रूप प्रत्येक वस्तु रहती अवश्य है। स्वतः कोई वस्तु निर्मूल होते देखी भी नहीं जाती।

सू०—उभयथा च दोषात् ।२।२।२३॥

वाक्यार्थ—संतानस्य संतानि व्यतिरिक्त वस्तुत्वाभावात् संतानिनां च क्षणिकत्वादविद्यादिनिरोधो मोक्ष इत्यपि तन्मतमसंगतम् । [१]

भावार्थ—काम क्रोधादि के कारण को तथा अविद्या (भ्रांति) को समाप्त (निरोध) कर देने से मोक्ष (निर्वाण) हो जाता है। यह जो बौद्धों का मत है वह उन्हीं की बात से असंगत है। वह जब कारण को क्षणिक मानते हैं तो वह तो स्वतः नष्ट है उसके विरोध का प्रश्न ही क्या है ? क्षणिक कारण से भ्रांति रूप अविद्या भी होगी कहाँ से यह भी असंगत है ? [दोनों ही गलत सिद्धान्त हैं]

सू०--आकाशे चाविशेषात् २।२।२४॥

वाक्यार्थ—आकाशे च तैरभाव प्रतिज्ञाकृता, सा न युक्ता, पृथिव्यादिभिरविशेषात् ।

भावार्थ—वे लोग आकाश का अभाव मानते हैं [चार ही भूत मानते हैं] यह भी ठीक नहीं क्योंकि हम पृथिवी आदि में आकाश सम्बन्धी विशेषताओं का अभाव देखते हैं इसलिये उसे भी अलग तत्त्व मानना पड़ेगा। [२]

सू०--अनुस्मृतेश्च ।२।२।२५॥

वाक्यार्थ—इदं तदिति प्रत्यभिज्ञा च तद्दर्शनमसत् ।

भावार्थ—सारे पदार्थ क्षणिक हैं ऐसा नहीं माना जा सकता क्योंकि प्रायः लोग स्मरण करते हैं कि "यह वस्तु वही है जो मैंने देखी थी।"

---

१. संतानवाद का खंडन।

२. आकाशस्य स्थितिर्यावत् यावच्च जगतस्थितिः ।
तावन्ममास्थितिर्भूयात् जगद्दुःखानि निघ्नतः ।। बुद्ध वाणी ।

आकाश की जब तक स्थिति है और जब तक जगत की स्थिति है तब तक संसार के दुःखों को दूर करने के लिये मेरी स्थिति हो [बुद्ध आकाश मानते थे ऐसा ज्ञात होता है]

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

इस बात से सिद्ध है कि देखी हुई वस्तु यदि क्षणिक होती तो पुनः उसी को देखने का प्रश्न ही क्या होता है ? इसलिये बौद्धों का क्षणिकवाद गलत है ।

सू०—नासतोऽदृष्टत्वात् ।२।२।२६।।

वाक्यार्थ—अभावात् भावो न जायते अदृष्टत्वात् ।

भावार्थ—[उनके मत में कारण के अभाव हो जाने पर कार्य की उत्पत्ति होती है] अभाव से भाव की उत्पत्ति नहीं होती ऐसा कहीं भी देखा नहीं जाता [बीज के अभाव से फल की उत्पत्ति नहीं देखी जाती]

सू०—उदासीनानामपि चैवं सिद्धिः ।२।२।२७।।

वाक्यार्थ—अन्यथाऽनुपायतोविद्याद्यर्थसिद्धिः स्यात् ।

भावार्थ—बिना कारण के ही यदि कार्य की उत्पत्ति संभव हो तो बिना अध्ययन के ही निठल्लों को भी विद्या स्वतः आ जावे अथवा बिना श्रम के ही कार्य हो जावे ।

अधिकरण ४

सू०—नाऽभाव उपलब्धेः ।२।२।२८।।

वाक्यार्थ—विज्ञानमात्रास्तित्ववाद्यभिमतो वाह्यस्याभावोन, किंतु भाव एव, कुतः उपलब्धेः ।[1]

भावार्थ—विज्ञान मात्र का ही अस्तित्व है । ऐसा मानने वाले जगत तत्त्व को मिथ्या मानकर उसका अभाव मानते हैं । सो ऐसा नहीं है । जगत का

---

१. विज्ञान को ही चित्त, मन, विज्ञप्ति आदि चेतन क्रिया से सम्बन्ध होने से चित्त कहते हैं । मनन क्रिया से संबद्ध होने से मन कहते हैं । विषयों को ग्रहण का कारण होने से वह विज्ञप्ति या विज्ञान है । सारी क्रिया चित्त या मन में ही होती है इसलिये उसी का अस्तित्व है । जगत तो मिथ्या है । [यहाँ इसी सिद्धान्त का खंडन किया गया है] शंकराचार्य जी यहाँ कुछ बौद्धों से एक मत से होते दीखते हैं, जगत की पारमार्थिक सत्ता को स्वीकार नहीं करते वे भी । इसीलिये परवर्त्ती वेदान्तियों ने और कुछ पुराणों ने उन्हें प्रच्छन्न बौद्ध कह डाला । वास्तविकता यही है कि बौद्धों के इस मत से शंकराचार्य जी कुछ प्रभावित अवश्य थे ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अस्तित्व है क्योंकि सभी को एक पदार्थ की एक सी उपलब्धि (ज्ञान) होती है।

सू०—वैधर्म्याच्च न स्वप्नादिवत् ।२।२।२६।।

वाक्यार्थ—स्वप्नादि प्रत्यय दृष्टांतेनापि न जाग्रत प्रत्ययार्था भावः प्रतिपादयितुं शक्यः, दृष्टांतदार्ष्टान्तियोर्वैषम्यात् स्वप्न ज्ञानस्यापि सालंवनाच्च ।

भावार्थ—यदि स्वप्न का दृष्टांत दें कि स्वप्न में देखी हुई वस्तु के समान जागतिक पदार्थ भी असत्य हैं तो, यह असंगत होगा। क्योंकि स्वप्नावस्था में देखी हुई वस्तु का जाग्रतावस्था में अभाव रहता है, परन्तु जगत तो ऐसा है नहीं।

सू०—न भावोऽनुपलब्धेः ।२।२।३०।।

वाक्यार्थ—किंच ज्ञान वैचित्र्यार्थो वासनानां भावोऽभिप्रेतः, सन संभवति, तव मते वाह्यर्थानामनुपलब्धेः ।

भावार्थ—वाह्य पदार्थों का यदि अभाव रहेगा तो चित्त की वासना वृत्ति वाह्य पदार्थों के प्रति बनेगी कैसे ? चित्त की वृत्ति तो दृष्ट पदार्थ या अनुभूत पदार्थ के आधार पर ही बनती है।

सू०—क्षणिकत्वात् ।२।२।३१।।

वाक्यार्थ—न वासनाभावआश्रयस्य तव मते क्षणिकत्वात् ।

भावार्थ—वासना आदि का आश्रय आलय विज्ञान (चित्त) है। ऐसा कहना तुम्हारे मत में ही नहीं ठीक है क्योंकि तुम क्षणिकवाद मानते हो।

अधिकरण ५

सू०—सर्वथानुपपत्तेश्च ।२।२।३२।।

वाक्यार्थ—शून्यवादोऽपि भ्रांतिमूलः । सर्वथानुपपन्नत्वात् । प्रत्यक्षादि प्रमाण विरोधात् ।

भावार्थ—शून्यवाद भी भ्रांतिमूलक है। युक्ति या प्रत्यक्ष आदि प्रमाण किसी से भी सिद्ध नहीं हो सकता।[1]

---

१. शून्याद्वैत वाद भी इसे कह सकते हैं। इनके मत में यह अनेक रूपात्मक जगत शून्य का विवर्त्त (विकृत रूप) है। शून्य ही परम तत्त्व है अतएव वह अनिवर्चनीय है। इनकी दृष्टि से जगत पूर्ण सत्य है, न पूर्ण असत्य।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अधिकरण ६

सू०—नैकस्मिन्न सम्भवात् ।२।२।३३।।

वाक्यार्थ—जैना वस्तुमात्रे अस्तित्वनास्तित्वानादि विरुद्ध धर्मद्वयं योजयंति तन्नोपपद्यते । एकस्मिन् वस्तुनि सत्वासत्वादेर्विरुद्धधर्मस्य छायातपवद् युगपत् असंभवात् ।

भावार्थ—जैन लोग वस्तु मात्र को हैं भी, नहीं भी। ऐसी संशयात्मक दो बातें मानते हैं, जो कि उचित नहीं है। एक ही वस्तु का अस्तित्व और अन स्तित्व एक साथ हो नहीं सकता, जैसे कि धूप और छाँह एक साथ नहीं रहते ।[1]

१. जैन लोग ईश्वर की सत्ता स्वीकार नहीं करते । जगत में जीव और जड़ ये दो ही प्रकार मानते हैं । परमाणुओं को जगत का कारण मानते हैं । अस्तित्व और नास्तित्व दो विरुद्ध स्वभाव वाले पदार्थों की कल्पना करते हैं ।

उनके मत से जीव, अजीव, आश्रव, संवर, निर्जर, वेध और मोक्ष ये सात पदार्थ हैं—

(१) जीव—जीव को चेतन, ज्ञान, दर्शन, सुख, वीर्य गुणवाला कहते हैं । जीव अजीव के विवेक से पदार्थों की जानकारी ही ज्ञान है । रागद्वेष से शून्य पदार्थों का अवलोकन दर्शन है । सांसारिक एवं वैषयिक दो प्रकार के सुख बद्ध जीव के हैं तथा आत्मानन्द सुख मुक्त जीव का है । सही बात की जानकारी वीर्य है । जीव सभी साकार देह वाले हैं, उनमें कोई बद्धात्मा, कोई मुक्तात्मा और कोई नित्य सिद्ध होते हैं । मुक्तात्मा ही सर्वज्ञ और आनन्द स्वरूप हैं ।

(२) अजीव—जीवों की भोग्य वस्तुओं से उत्पन्न पदार्थ अजीव हैं, जो कि धर्म, अधर्म, पुद्गल (शरीर) काल, आकाश आदि भेदों से भिन्न प्रकार के हैं। पूर्ण आसक्ति से अनुमित द्रव्य विशेष ही धर्म है । अभुक्त जीवों की स्थिति का कारण अधर्म है । वर्ण (रंग) गंध, रस और स्पर्शवाला पदार्थ पुद्गल है । वह पुद्गल परमाणु रूप सूक्ष्म, तथा परमाणु समूह रूप स्थूल दो प्रकार का है । पृथिवी आदि की उत्पत्ति कारण परमाणु हैं, वे सभी एक स्वभाव वाले हैं, [वैशेषिक दर्शन के समान भिन्न स्वभाववाले नहीं] पृथिवी, जल, तेज और वायु ये चारों तनु, भुवन आदि रूप से संग्रहीत होते हैं । चिरं, क्षिप्र, भूत, भविष्य, वर्त्तमान आदि व्यवहार का कारण अणुरूप द्रव्य विशेष का नाम काल है । आवरण का अभाव ही आकाश है, जो कि अलोकाकाश और सांसारिकाकाश, दो प्रकार का है । अलोकाकाश ही मुक्त जीवों का आश्रय है ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—एवं चात्माऽकात्स्न्र्यम् ।२।२।३४।।

वाक्यार्थ—एवं शरीर परिणामत्वेनांगीकृतस्यात्मनोवृहद्देह प्राप्तावपूर्णता स्यात् ।

भावार्थ—ये लोग आत्मा को शरीर के परिमाण के अनुसार बड़ा छोटा मानते हैं [जैसे कि हाथी का आत्मा बड़ा और चीटी का छोटा] पर ऐसा मानने से जब हाथी का शरीर छूटेगा तो वह वृहद् आत्मा कहाँ जावेगा ? [क्या वह सदा हाथी ही होता रहेगा ?]

सू०—न पर्यायादप्यविरोधोविकारादिभ्यः ।२।२।३५।।

वाक्यार्थ—उपचयापचयार्हाऽवयवानात्माऽतोन विरोधः, इति च न वक्तुं शक्यं, विकारित्वादि दोष प्रसक्तेः ।

भावार्थ—यदि ये लोग आत्मा को उपचय (विकाश) और अपचय (संकोच) वाला मानें और कहें कि शरीरानुसार वह बढ़ता घटता है अतः उसमें विरोध नहीं होगा तो ऐसा कहने पर वह भी शरीर की तरह विकारी और अनित्य हो जावेगा ।

---

(३) आश्रव—इंद्रियों को विषयों तथा सांसारिक कर्मों में लगाने वाली वृत्तियाँ ही आश्रव हैं ।

(४) संवर—इंद्रियों की वृत्तियों का निरोध ही संवर है ।

(५) निर्जर—पूर्व संचित कर्मों को क्षीण करने वाले साधन ही निर्जर हैं, जो कि अस्नान, मौन, वीरासन, निष्ठ्यूतभोजन (व्रत), तप्त शिलारोहण केशोपलुंचन, आदि हैं ।

(६) बंध—आठ प्रकार के कर्मलक्षणों को वंध कहते हैं । उनमें ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, मोहनीय और अंतरीय ये जीव के ज्ञान, दर्शन, सुख और वीर्य इन चार गुणों के बाधक हैं । बाकी चार वेदनीय, नामिक, गोत्रिक और आयुष्क=शरीर, शरीर का अभिमान, शरीर का बंधन तथा सुख दुःख आदि की अपेक्षा और उपेक्षा के कारण हैं ।

(७) मोक्ष—बंधन की निवृत्ति से नित्य सिद्ध, आर्हद, अनुग्रह, स्वाभाविक आत्मस्वरूप, आविर्भाव आदि मोक्ष होते हैं । मोक्ष के बाधक प्रपंच रूप पाँच अस्तिकाय हैं—

(१) जीवास्तिकाय, (२) पुद्गलास्तिकाय, (३) धर्मास्तिकाय, (४) अधर्मास्तिकाय, (५) आकाशास्तिकाय ।

६

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—अंत्यावस्थितेश्चोभयनित्यत्वादविशेषः २।२।३६।।

वाक्यार्थ—अंत्यस्य परिणामस्य नियततामंगीकृत्यादि मध्ययोरपि नित्यत्व-मस्तीति चेत्तर्हि सर्वत्राविशेषः स्यात् विनष्टो देह परिमाणवादः।

भावार्थ—अंतिम देह के नष्ट होने पर मोक्ष दशा में आत्मा का जो परि-माण होगा, वह तो नित्य होगा, उस समय तो स्थूल सूक्ष्म शरीर का प्रश्न रहेगा नहीं अतएव संकोच और विकाश भी न होगा। इस प्रकार जब वह नित्य नियत स्वरूप वाला होगा तो आदि और मध्य की अवस्था में भी वह नित्य ही होना चाहिये और तब उसे सभी दशाओं में एक सा मानना पड़ेगा। इस प्रकार इनका देह परिमाणवाद गलत हो जायेगा।

अधिकरण ७

सू०—पत्युरसामंजस्यात् ।२।२।३७।।

वाक्यार्थ—पाशुपतं शास्त्रमुपेक्षणीयं जगदभिन्न निमित्तोपादान कारण प्रतिपादक वेद विरुद्धात् उपधर्म प्रवर्त्तकाच्च।

भावार्थ—पाशुपत शास्त्र भी उपेक्षा करने योग्य है। क्योंकि जगत से अभिन्न, निमित्त और उपादान कारण स्वरूप प्रधान और ईश्वर, वेद के सिद्धान्त से प्रतिकूल पड़ते हैं [इनका सांमजस्य नहीं बैठता] साथ ही ये लोग जो विचित्र उपधर्म (आचार) पालन करते हैं। कपाल, मुर्दे की भस्म, अपवित्रता आदि वह भी शास्त्र विरुद्ध है।[1]

सू०—संबंधानुपपत्तेश्च ।२।२।३८।।

वाक्यार्थ—पशुपतेरशरीरस्य प्रेरकस्य प्रेर्य्यप्रधानादिभिः सम्बन्धानुपपत्तेश्च न पशुपतिर्जगद्हेतुः।

भावार्थ—ये लोग पशुपति (ईश) का प्रेरक प्रधान को मानते हैं। पशु-

---

१. शैवों के चार मत हैं—कापालिक, कालमुख, पाशुपत और शैव। इनका आधार महेश्वर (पशुपति) का प्रणीत पंचाध्यायी ग्रंथ है, जिसमें पाँच पाँच पदार्थों का निरूपण किया गया है। (१) कारण (उपादान कारण प्रधान, निमित्त कारण ईश्वर) (२) कार्य (महत् आदि तत्वों का विकास) (३) विधि (त्रिषवण, अस्नान, गूढ़चर्या, अवसान) (४) योग (ध्यान योग) (५) दुःखांत (मोक्ष)।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

पति निराकार है उन्हें निमित्त कारण मानते हैं और प्रधान को उपादान कारण । इस मत से तो पशुपति जगत के कारण सिद्ध नहीं हो सकते ।

सू०—अधिष्ठानानुपपत्तेश्च ।२।२।३९।।

वाक्यार्थ—दृष्ट विरुद्धत्वान्नित्यस्योत्तरभावित्वादानित्यस्य च शरीरस्यानुपपत्तेश्च न पशुपतिर्जगत हेतुः ।

भावार्थ—देखा जाता है कि घट के निर्माण में चक्र, दण्ड, मिट्टी आदि निमित्त कारण साकार होते हैं । उसके विरुद्ध ईश (निराकार) को निमित्त कारण कैसे मानें ? दंड, मिट्टी आदि अनित्य हैं तो उसी प्रकार ईश्वर को भी अनित्य स्वीकार करना पड़ेगा । अनित्य कारण जगत का निर्माण कर सके ऐसा सम्भव नहीं है । इसलिए पशुपति जगत के कारण नहीं हो सकते ।

सू०—करणवच्चेन्न भोगादिभ्यः ।२।२।४०।।

वाक्यार्थ—जीववत् करण कलेवर कल्पनापि न संभवति, भोगादि प्रसक्तेः ।

भावार्थ—यदि जीव के समान ईश पशुपति के भी शरीर की कल्पना कर लें, ऐसा सम्भव नहीं है, क्योंकि शरीरी होने से भोग, विषय में आशक्ति हो जावेगी ।

सू०—अंतवत्वमसर्वज्ञता वा ।२।२।४१।।

वाक्यार्थ—तस्य पुण्यादिरूपा दृष्टयोगेऽन्तवत्वमज्ञत्वं च स्यात् ।

भावार्थ—जब भोगासक्ति होगी तब उसके फलस्वरूप पुण्य और पाप जो कि अदृष्ट रूप से घटित होते हैं, उसका संयोग होगा, इसलिए नाशवान और अज्ञानता सिद्ध होगी । [इसलिए पशुपति जगत के कारण उन्हीं के मत से सिद्ध नहीं हो पाते]

अधिकरण ८

सू०—उत्पत्यसंभवात् ।२।२।४२।।

वाक्यार्थ—पुरुषमंतरेणशक्तेः सकाशाज्जगदुत्पत्य संभवान्न तत्कारण वादोऽपि साधुः ।

भावार्थ—पुरुष के साहचर्य के बिना केवल शक्ति से जगत की उत्पत्ति संभव नही है, इसलिए शक्ति को जगत का कारण मानने वाला मत भी ठीक नहीं प्रतीत होता ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—नचकर्त्तु: करणम् ।२।२।४३।।

वाक्यार्थ--पुरुष संसर्गोऽस्तीति चेत्, पुरुषस्य करणं नास्ति तदानीम् ।

भावार्थ--पुरुष संसर्ग तो है ही (क्योंकि वह शक्ति का अनुगामी है) इस प्रकार पुरुष को करण मानेंगे परन्तु सृष्टि के प्रथम करण की सत्ता रहती नहीं अतएव शक्ति फिर सृष्टि कैसे करेगी ?

सू०—विज्ञानादिभावे वा तदप्रतिषेधः ।२।२।४४।।

वाक्यार्थ--स्वाभाविक विज्ञानादिभावे खलु जगत कर्त्तुत्वेक: प्रतिषेध:, स्वतोविनष्ट: शक्तिवाद: ब्रह्म स्वीकारात् ।

भावार्थ—शक्तिवादी पुरुष को स्वाभाविक विज्ञान बल आदि गुणों वाला मानते हैं। ऐसा मानने पर तो वह परंपुरुष ब्रह्म ही जगत का कारण सिद्ध होता है। शक्ति को ही ब्रह्मरूपा मानने से वह अनुगामिनी सिद्ध हो जाती है। इसलिए शक्तिवाद स्वत: ही अपने सिद्धान्त से नष्ट हो जाता है [वेद में "विज्ञानमानन्दं ब्रह्म" कहा गया है]

सू०--विप्रतिषेधाच्च ।२।२।४५।।

वाक्यार्थ—श्रुतिस्मृति विप्रतिषैधाच्च शक्तिपक्षोऽप्रामाणिक: ।[1]

---

१. शक्ति विशिष्टाद्वैतवाद ये—शक्ति विशिष्ट जीव और शक्ति विशिष्ट शिव का परस्पर एकाकार होना ही शक्ति विशिष्टाद्वैत है। शक्ति का तात्पर्य है, शिव से अपृथक रहने वाला विशेषण। सूक्ष्म चिदचिद् विशिष्ट शक्ति संपन्न शिव है और स्थूल चिदचिद् विशिष्ट शक्ति संपन्न जीव है। इससे जीवात्मा और परमात्मा के ऐक्य का बोध होता है। यह चराचरात्मक जगत परमात्मा का शक्ति रूप ही है। इस शक्ति से समुत्पन्न ही परमात्मा है। शक्ति ही जगत का कारण है। इसे वीर शैवमत सिद्धान्त भी कहते हैं। १४वीं शताब्दी के श्रीपति पंडित ने अपने श्रीकर भाष्य में ब्रह्मसूत्र का तात्पर्य शक्ति विशिष्टाद्वैत सिद्ध किया है। किन्तु वे भी श्री निंबार्काचार्य के द्वैताद्वैत मत से प्रभावित बिना हुए रह न सके—

द्वैताद्वैतमते शुद्धे, विशिष्टाद्वैत संज्ञके ।
वीर शैवक सिद्धान्ते सर्व श्रुति समन्वय: ।। श्रीकर भाष्य ।

द्वैताद्वैत ही शुद्ध मत है, जो कि रामानुजाचार्य ने विशिष्टाद्वैत रूप से कहा है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ—श्रुति, स्मृति सभी जगह शक्ति ब्रह्म की अनुगामिनी कही गई है। कहीं भी उसे कारण नहीं कहा है इसलिए शक्ति कारणवाद अ-प्रामाणिक है।

द्वितीय पाद समाप्त

मैंने वीर शैवक सिद्धान्त में सभी श्रुतियों का समन्वय द्वैताद्वैत मत के अनुसार ही किया है।

श्रीशंकराचार्य सू० २।२।४२। से २।२।४५। तक अपने भाष्य में श्री निंबार्काचार्य प्रतिपादित भागवत वैष्णव मत का खंडन करते है। स्पष्ट है कि भागवत धर्म का पुनरुद्धार भगवान बादरायण द्वारा किया गया है, इसलिए स्वयं बादरायण तो वैष्णव मत को असंगत बतलाने के लिए सूत्र की रचना करेंगे नहीं। शंकराचार्य जी द्वारा किया हुआ अर्थ बादरायण सम्मत हैं ऐसा नहीं कह सकते। उन्होंने अपने अद्वैतवाद की सिद्धि के लिये क्लिष्ट कल्पना और युक्ति का आश्रय लेकर अर्थ किया है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

तृतीय पाद

अधिकरण १

सू०—न वियदश्रुतेः ।२।३।१।।

वाक्यार्थ—परपक्षेण स्वपक्षस्याऽविरुद्धत्वं निरूपितमधुना 'श्रुतीनामन्योऽन्य विरोधाऽभावो निरूप्यते। वियन्नोत्पद्येते। कुतः छांदोग्ये तदुत्पत्यश्रवणात् इति पूर्व पक्षः।

भावार्थ—पिछले प्रकरण में दूसरों के मतों की अपने मत से अविरुद्धता दिखलाई गई [ऐसी शंका नहीं करनी चाहिये कि आचार्य परपक्ष का खंडन कर रहे हैं अपितु जिस स्थल पर अन्य मत वाले भटक गये हैं उसका दिग्दर्शन कर समाधान मात्र किया गया है। दुःख की आत्यंतिक निवृत्ति के लिये साधन पक्ष तो सभी स्वीकार करते हैं। वेदांत भी इसी का प्रतिपादक है, इसमें तो विरोध हो ही नहीं सकता। साधन प्रणाली में की गई त्रुटि का परिमार्जन ही किया गया है]

इस प्रकरण में—श्रुति वाक्यों में परस्पर जो विपरीतता-सी दीखती है उसका समाधान करेंगे। आकाश की उत्पत्ति नहीं हुई, क्योंकि छांदोग्योपनिषद् में उसकी उत्पत्ति नहीं कही गई है, ऐसी शंका की जाती है।

सू०—अस्ति तु ।२।३।२।।

वाक्यार्थ—तत्रोच्यते "आत्मनः आकाशः संभूतः"[१] इति तैत्तरीयकेऽस्ति वियदुत्पत्तिरिति।

भावार्थ—उक्त शंका का समाधान करते हैं कि "परमात्मा से आकाश हुआ" ऐसा तैत्तरीय उपनिषद में कहा गया है, इससे आकाश की उत्पत्ति सिद्ध है।

सू०—गौण्य संभवाच्छब्दाच्च ।२।३।३।।

---

१. तैत्त० आन० १ अनु० २।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वाक्यार्थ—शंकते, निरवयवस्याकाशस्योत्पत्याभावात्" वायुश्चांतरिक्षं च ऐतदमृतम्"[१] इति शब्दाच्च। "आकाश संभूतः" इति श्रुतिर्गौणी।

भावार्थ—शंका करते हैं कि निराकार आकाश की उत्पत्ति नहीं हो सकती। "वायु और आकाश अमर हैं" इस वाक्य से सिद्ध होता है कि अमर हैं तो उत्पत्ति का प्रश्न ही क्या है? इसलिये "आकाश हुआ" यह श्रुति वाक्य गौण है।

सू०—स्याच्चैकस्य ब्रह्म शब्दवत्।२।३।४॥

वाक्यार्थ—एकस्य संभूतशब्दस्याकाशे गौणत्वमुतरत्र मुख्यत्वं तु—"तपसा ब्रह्म विजिज्ञासस्व तपो ब्रह्म"[२] इतिवत् स्यात्।

भावार्थ—संभूत शब्द का अर्थ आकाश का उत्पन्न होना जो कहा वह गौण ही है। जैसा कि—"तप से परमात्मा को जानो तप ब्रह्म ही है" इसमें तप को जैसे ब्रह्म कहा गया जो कि गौण है मुख्य तो जिसको जानने के लिए कहा गया वह ब्रह्म है। इसी प्रकार संभूत का उत्पति अर्थ गौण है।

सू०—प्रतिज्ञाहानिरव्यतिरेकाच्छब्देभ्यः।२।३।५॥

वाक्यार्थ—शंका निराक्रियते, आकाशादि वस्तु जातस्य ब्रह्माव्यतिरेकात् ब्रह्म विज्ञानात् सर्व विज्ञान प्रतिज्ञायाः अनुपरोधोभवति। आकाशस्यानुत्पन्नत्वे तु सविज्ञेयव्यतिरेकः स्यात् तस्मात सा बाध्येत् सर्वस्य ब्रह्मापृथक्त्वं च "ऐतदात्म्यमिदम्" इति शब्देभ्यः।

भावार्थ—शंका का निराकरण करते हैं कि, आकाशादि सारे परमात्मा से उत्पन्न हुए हैं; ऐसा ब्रह्म तत्त्व का ज्ञान होने से सिद्ध हो जाता है। एक वस्तु के ज्ञान से सब का ज्ञान होता है ऐसा वेदांतियों का सिद्धान्त है। आकाश की यदि उत्पत्ति नहीं मानते तो ब्रह्म का भी अभाव हो जावेगा, सारे पदार्थ ब्रह्मात्मक हैं इसमें भी बाधा आवेगी।" दृश्यमान सारा जगत परमात्मा का अंश है" इस वेद वाक्य से जगत की ब्रह्मात्मकता ज्ञात होती है।

सू०—यावद्विकारं तु विभागोलोकवत्।२।३।६॥

वाक्यार्थ—उपसंहरति, "ऐतदात्म्यमिदं सर्वम्"[३] इत्यादि वाक्यैराकाशादि प्रपंचस्य ब्रह्मात्मकत्व प्रतिपादनेन विकारत्वं निश्चीयते। तथा च यावदविकारं

---

१. बृहदा० ।४।३।३॥ २. छांदो० ६।८।७। ३. छांदो० ६।८।३।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

उद्भव एव गम्यते ।" तत्तेजोऽसृजते इत्याद्याकाशस्यानुक्तिस्तेज आदेः सृज्यत्वेनोक्तिश्च लोकवदुपपद्यते । लोके देवदत्त पुत्रपूगं निर्दिश्य, तत्र कतिपयानामुत्पत्तिकथनेन सर्वेषामुत्पत्तिरुक्ता भवति ।

भावार्थ––उपसंहार करते हैं कि "दृश्यमान सारा जगत परमात्मक है" इत्यादि वाक्यों में आकाशादि पाँच तत्त्व की ब्रह्मात्मकता के प्रतिपादन से इन सब का विकारत्व निश्चय होता है । और जो भी विकार हैं वे सब उद्भव ही हैं । "उसने तेज तत्त्व का सृजन किया" इसमें आकाश आदि का नाम नहीं कहा गया तेज का ही कहा गया तो इससे यह न समझना चाहिए कि आकाश आदि की उत्पति नही हुई । जैसे देवदत्त के लड़कों के समूह में एकाध की उत्पत्ति बतला दी गई तो सभी पुत्र देवदत्त के ही हैं ऐसा निश्चित है । उसी प्रकार परमात्मा ने तेज को उत्पन्न किया है तो अन्य आकाश आदि भी उत्पन्न हुए यह निश्चित है ।

अधिकरण २

सू०—एतेन मातरिश्वा व्याख्यातः ।२।३।७।।

वाक्यार्थ––अनेन वियदुत्पत्ति न्यायेन वायुरपि व्याख्यातः ।

भावार्थ—जैसे आकाश की उत्पत्ति सिद्ध की गई उसी प्रकार वायु की उत्पत्ति भी सिद्ध हो जाती है ।

अधिकरण ३

सू०—आसम्भवस्तु सतोऽनुपपत्तेः ।२।३।८।।

वाक्यार्थ—सतो ब्रह्मणोऽसंभवोऽनुत्पत्तिरेव । जगत्कारणोत्पत्यनुपपत्तेः ।

भावार्थ—सत्तावान् ब्रह्म की अजन्मता सिद्ध है, वह तो जगत का कारण (उत्पादक) है ।

अधिकरण ४

सू०—तेजोऽतस्तथा ह्याह ।२।३।९।।

वाक्यार्थ—पूर्वपक्षयति मातरिश्वनस्तेजो जायते वायोरग्निः"[1] इति श्रुतेः ।

भावार्थ—"वायु से अग्नि उत्पन्न हुआ" ऐसा श्रुति वाक्य है ।

---

१. तैत० आन० १ अनु० २।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—आपः ।२।३।१०॥

वाक्यार्थ—तेजस आपो जायंते "अग्नेरापः" इति श्रुतेः ।

भावार्थ—तेज से जल हुआ "अग्नि से जल" ऐसे श्रुति वाक्य से ज्ञात होता है ।

सू०—पृथिवी ।२।३।११॥

वाक्यार्थं—"अद्भ्योभूर्भवति ता अन्नमसृजंते" इति श्रुतेः ।

भावार्थ—"जल से पृथिवी हुई उससे अन्न हुआ" ऐसा श्रुति वाक्य है ।

सू०—पृथिव्यधिकार रूप शब्दांतरेभ्यः ।२।३।१२॥

वाक्यार्थ—अन्नपदेन भूरुच्यते, महाभूताधिकारात् । "यत् कृष्णं तदन्नस्य"[१] इति रूप श्रवणात् "अद्भ्यः पृथिवी" इति शब्दांतराच्च ।

भावार्थ—यहाँ 'अन्न शब्द से पृथिवी का ही वर्णन किया गया है महाभूतों की उत्पत्ति के प्रकरण से ऐसा ही ज्ञात होता है ।" जो काला है वह अन्न है" ऐसे ही काला रूप पृथिवी का महाभूताधिकार में कहा है । "जल से पृथिवी हुई" इससे भी पृथिवी तत्त्व का वर्णन सिद्ध है ।

सू०—तदभिध्यानात्तुतल्लिंगात्सः २।३।१३॥

वाक्यार्थ—सिद्धांतयति, "बहुस्याम" इति "तदभिध्यानात्, तदात्मानं स्वयमकुरुत" इत्यादि तद्ज्ञापकात् शास्त्राच्च परम पुरुषस्तदंतरात्मा तत्कार्य स्रष्टेति ।

भावार्थ—सिद्धांत स्थिर करते हैं कि "बहुत हो जाऊँ" तथा "बहुत होनै की कामना से अपने को प्रकट किया" इत्यादि से परमात्मा की कामना और शास्त्र से ज्ञात होता है कि पृथिवी आदि की आत्मा और स्रष्टा परमात्मा ही है ।

अधिकरण ५

सू०—विपर्ययेण तु क्रमोत उपपद्यते च ।२।३।१४॥

वाक्यार्थ—अत उत सृष्टि क्रमात् प्रातिलोम्येन प्रलयक्रमोऽस्ति "पृथिव्यप्सु प्रलीयते"[२] इत्यादि श्रुतेः, जललवणन्यायेनोपपद्यते च ।

---

१. छांदो० ६।४।७॥ २. मुंड० २।१।३।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ—जैसा कि ऊपर सृष्टि का क्रम कहा गया [आकाश, से वायु, वायु से तेज, तेज से जल, जल से पृथिवी] वही क्रम प्रलयकाल में पलट जाता है "पृथिवी जल में लीन हो जाती है" इत्यादि वाक्य से ज्ञात होता है । जल में नमक जैसे घुल जाता है वैसे ही सृष्टि का भी लय होता है ।

अधिकरण ६

सू०—अंतराविज्ञानमनसोक्रमेणतल्लिङ्गादितिचेन्नाविशेषात् ।२।३।१५।।

वाक्यार्थ—विज्ञानमनसी "एतस्माज्जाये प्राणः मनः सर्वेन्द्रियाणि च"[१] इत्यादि लिंगात परमात्मनः भूतानांचांतराले स्यातामेवं प्राप्तेन क्रमेण पूर्वोक्तस्य क्रमस्य विरोध इति चेन्न, वाक्यस्यक्रम विशेष परत्वाभावात् । "एतस्माज्जायते प्राणः" इत्यनेन ब्रह्मणः सकाशादेव विज्ञान मनसोः खादीनां चोत्पत्तेरविशेषात् । प्रकृते भूतोत्पत्तिक्रम प्रतिपादके वाक्ये "तस्माद्वा एतस्मादात्मनः आकाशः संभूतः आकाशाद्वायुः"[२] इति आत्मन आकाशस्य चांतराले सृष्टि संहारक्रम बोधक वाक्यांतर प्रसिद्धानि विज्ञानमनसीत्यनेनोपलक्षितानि अव्यक्तमहदहंकारादीनि तत्वानिज्ञेयानि इति संक्षेप :—

भावार्थ—विज्ञान और मन "इस परमात्मा से प्राण, मन और संपूर्ण इंद्रियाँ हुईं" इत्यादि वाक्य से, परमात्मा से ही हुए ऐसा ज्ञात होता है। पंच महाभूतों की उत्पत्ति के मध्य में विज्ञान मन आदि की उत्पत्ति कहने से तो क्रम से अंतर पड़ेगा ऐसा नहीं कह सकते, क्योंकि वाक्य में कोई विशेष क्रम नहीं है । परमात्मा से ही विज्ञान और मन तथा आकाश आदि की उत्पत्ति सामान्य रूप से कही गई है । स्पष्ट रूप से विज्ञान मन का उल्लेख नहीं है अपितु भूतोत्पत्ति क्रम के प्रतिपादक वाक्य में "इस आत्मा से आकाश, आकाश से वायु हुई" इत्यादि वाक्य में तस्मात् शब्द परमात्मा का बोधक है तथा एतस्माद् शब्द विज्ञान, मन का बोधक है । एतस्मात् में अव्यक्त, महत, अहंकार आदि सभी को जान लेना चाहिये ।

अधिकरण ७

सू०—चराचरव्यपाश्रयस्तु स्यात्तद्व्यपदेशोभाक्तस्तद्भावभावित्वात् ।२।३।१६।।

---

१. सुवा० २ ख । २. तै० आन० १ अनु० २ ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वाक्यार्थ—जीवात्मा निर्णीयते "देवदत्तो जातो मृतः" इति व्यपदेशो गौणोऽस्ति। यतः चराचर व्यपाश्रयः। शरीरभावे जन्म मरणयोर्भावित्वात्।

भावार्थ—अब जीवात्मा के विषय में निर्णय करते हैं—"देवदत्त जन्मा और मृत हुआ" ऐसा कहना तो गौण बात है, जीवात्मा का जन्म मरण नहीं होता। चर अचर सभी शरीर धारण करते और छोड़ते हैं, उसी को हम जन्म और मरण कहते हैं। शरीर की सत्ता होगी तो जन्म मरण होना स्वाभाविक बात है।

सू०—नात्माश्रुतेर्नित्यत्वाच्चताभ्यः ।२।३।१७॥

वाक्यार्थ—जीवात्मा नोत्पद्यते, कुतः, स्वरूपतस्तदुत्पत्ति वचनाभावात् "न जायते म्रियते वा विपश्चित् नित्यो नित्यानां अजोह्येको जुषमाणोऽनुशेते"[१] इत्यादि श्रतिभ्यो जीवस्य नित्यत्वावगमाच्च।

भावार्थ—जीवात्मा जन्म नहीं लेता, क्योंकि उसका जो वास्तविक स्वरूप है उसकी उत्पत्ति कहीं भी नहीं कही गई है।" वह न उत्पन्न होता है, न मरता है, वह नित्य, अजन्मा और एकाकी है" इत्यादि श्रुतियों से जीव की नित्यता भी सिद्ध होती है।

अधिकरण ८

सू०—ज्ञोऽत एव ।२।३।१८॥

वाक्यार्थ—अहमर्थ भूत आत्मा ज्ञाता भवति।

भावार्थ—अहं (मैं) अर्थ से जाना जाने वाला आत्मा ज्ञातृ स्वरूप है।

सू०—उत्क्रांति गत्यागतीनाम् ।२।३।१९॥

वाक्यार्थ—जीवोऽणुः अनेन प्रद्योतनेन "एष आत्मा निष्क्रामति चक्षुषो वा मूर्द्धो वा अन्येभ्यो वा शरीर देशेभ्यः, येवैं केचनास्माल्लोकात्प्रयांति चंद्रमसमेवते सर्वे गच्छंति तस्माल्लोकात् पुनरेत्यास्मैलोकाय कर्मणे"[१] इत्युत्क्रांति गत्यागतीनां श्रवणात्।

भावार्थ—जीव अणु रूप है, जो कि चमकीला है (जुगनू की तरह) इसका पता हमें" यह आत्मा नेत्र, मूर्द्धा या शरीर के किसी अन्य मार्ग से निकलकर चांद्रमस मार्ग से कर्मानुसार स्वर्गादि लोकों को प्राप्त करता है कर्म

---

१. कठो० २।१८॥

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

के फलोपभोग के क्षीण होने पर कर्मानुसार पुनः इसी लोक में लौटता है" इस वाक्य में कहे गये आवागमन के वर्णन से चलता है।

सू०—स्वात्मनाचोत्तरयोः ।२।३।२०।।

वाक्यार्थ—उत्क्रांति कदाचित स्थिरस्यापि ग्राम्य साम्य निवृत्तिवत् स्यात् उत्तरयोः स्वात्मनैव संभवाज्जीवोऽणुः ।

भावार्थ—कभी शरीर में स्थिर रहते हुए भी जीव की उत्क्रांति होती है जैसे कि गाँव में रहकर भी लोग त्याग कर एकांत सेवन करते हैं। परन्तु जो अंतिम उत्क्रांति होती है वह स्वतः ही होती है, उसमें अणु रूप जीव ही उत्क्रमण करता है।[1]

सू०—नाणुरतच्छ्रुतेरिति चेन्नेतराधिकारात् ।२।३।२१।।

वाक्यार्थ—जीवं प्रस्तुत्य "सा वा एष महान्" इत्यस्यतद्वचनात्। न जीवोऽणुरिति चेन्न, मध्ये परमात्मनोऽधिकारात् ।

भावार्थ—शास्त्र में जीव का वर्णन करते हुए "यह महान् 'है" ऐसा कहा गया इसलिये जीव अणु नहीं विभु (महान्) है, ऐसा नहीं समझना चाहिये क्योंकि मध्य में परमात्मा का भी वर्णन किया गया है तो यह महान् गुण परमात्मा का ही है।

सू०—स्वशब्दोन्मानाभ्यांच ।२।३।२२।।

वाक्यार्थ—"एषोऽणुरात्मा,[2] बालाग्रशत भागस्य शतधा कल्पितस्य च भागोजीव[3] इति स्वशब्दोन्मानाभ्यां जीवोऽणुः ।

---

१. उस काल में महात्मा आकाश मार्ग में सशरीर उत्क्रमण करते थे, जैसे कि—

"चयत्विषामित्यवधारितं पुरा ततः शरीरीति विभावितांकृतिम् ।
विभुर्विभक्तावयवं पुमानिति क्रमादमुं नारद इत्यबोधि सः ।"
माघ १।३।।

द्वारिका में विभु श्रीकृष्ण ने आकाश से एक तेजपुंज उतरते देखा, निकट आने पर आकृति देखकर मनुष्य का अनुमान किया अंत में नीचे आने पर जाना कि नारद हैं।

२. मुंड० ३।१।९।। ३. श्वेता० ५।९।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ--"यह आत्मा अणु है, बाल के सौवें हिस्से की कल्पना की जावे उसी प्रकार सूक्ष्म है जीव" यहाँ जीव शब्द से स्पष्ट जीव को अणु कहा गया है।[1]

सू०—अविरोधश्चंदनवत् ।२।३।२३।।

वाक्यार्थ--देहैकदेशस्थोऽपि कृत्स्नं देहं चंदनविन्दुर्यथाऽह्लादति तथा जीवोऽपि प्रकाशयति, अतः कृत्स्न शरीरे सुखाद्यनुभवो न विरुध्यते ।

भावार्थ—[जीवात्मा अणु परिणाम वाला होकर सारे शरीर को चैतन्य तथा सुख कैसे प्रदान कर सकता है, इस शंका की निवृति करेंगे]

शरीर के एक स्थान पर लगी हुई चन्दन की एक बिंदु जैसे सारे शरीर को अपने गन्ध से आह्लादित करती है, वैसे ही जीवात्मा एक स्थान पर स्थित रह कर सारे शरीर को प्रकाशित करता है तथा सुखादि की अनुभूति कराता है ।

सू०—अवस्थितिवैशेष्यात् इति चेन्नाऽभ्युपगमात् हृदि हि ।२।३।२४।।

वाक्यार्थ—अवस्थिति विशेष भावादृष्टांत वैषम्यमिति चेन्न, देहैक देशे हरिचंदनवत् हृदिह्या यमात्मेति जीवावस्थित्यभ्युपगमात् ।

भावार्थ—चन्दन के बिन्दु की तो एक ही स्थान पर अवस्थिति है, परन्तु जीवात्मा तो चैतन्य है अतएव सम्पूर्ण शरीर में भ्रमण करता होगा, इसलिए चन्दन का दृष्टांत ठीक नहीं ऐसी शंका नहीं कर सकते क्योंकि जीवात्मा भी चन्दन के ही समान हृदय में एक ही स्थान पर स्थिर रहता है ।

सू०—गुणाद्वा लोकवत ।२।३।२५।।

वाक्यार्थ—देहे प्रकाशो जीव गुणादेव, कोष्ठे दीपालोकादिवत् ।

भावार्थ--शरीर में जो प्रकाश है वह जीवात्मा के प्रकाशवान गुण के कारण है जैसे कमरे में एक स्थान पर स्थित दीपक सारे कमरे को आलोकित रखता है ।

---

१. पाश्चात्य वैज्ञानिकों ने ऐसा यंत्र तैयार कर दिया है जिसके आगे खड़े होने पर जीवात्मा का अणु रूप स्पष्ट दीखता है जो कि बाल के सौवें हिस्से के बराबर ही है । यह यंत्र मद्रास प्रान्त के कैवल्यधाम योगाश्रम में देखा जा सकता है ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—व्यतिरेकोगंधवत्तथा हि दर्शयति ।२।३।२६।।

वाक्यार्थ—गुणभूतस्य ज्ञानस्य व्यतिरेकस्तु गंधवदुपपद्यते एतादृशगुणाश्रयं जीवं "स एष प्रविष्ट आलोमम्य आनखेभ्यः[१] इति श्रुतिर्दर्शयति ।

भावार्थ—ज्ञान एक विशेष गुण है, जो कि पुष्प की गंध के समान चतुर्दिक फैलता है। जीव में यही गुण आश्रित है।" वह इस शरीर में नख से शिख तक रोम-रोम में व्याप्त है" इस श्रुति वाक्य से ज्ञात होता है।

सू०—पृथगुपदेशात् ।२।३।२७।।

वाक्यार्थ—जीवतद्ज्ञानयोर्ज्ञानत्वाविशेषेऽपि धर्म धर्मिभावो युक्त एव, कुतः "प्रज्ञयाशरीरमारुह्य[२] इत्यादि पृथगुपदेशात् ।

भावार्थ—जीव और उसके ज्ञान में भेदाभेद सम्बन्ध है। ज्ञानत्व कोई पृथक् वस्तु नहीं होती ज्ञान एक धर्म है जो कि धर्मी में रहता है परन्तु "ज्ञान से शरीर में आरूढ़ होकर" इस वाक्य से ज्ञान और ज्ञानी की भिन्नता कही गई है।

सू०—तद्गुणसारत्वात्तु तद्व्यपदेशः प्राज्ञवत् ।२।३।२८।।

वाक्यार्थ—वृहन्तोगुणाः यस्मिन् इति ब्रह्म, इति प्राज्ञवदात्मा विभुगुणत्वानित्यं विभुमिति व्यपदिष्टः, दृष्टाते वृहदेव प्राज्ञोगुणैरपि वृहद्भवति दार्ष्टान्ते तु जीवो अणु परिमाणकोगुणेन विभुरिति विशेषः ।

भावार्थ—वृहद् महान् गुण है जिसमें इस व्याख्या के अनुसार ब्रह्म का अर्थ होता है महान् गुण वाला। इसी प्रकार प्राज्ञ परमात्मा के समान जीवात्मा भी जब मुक्तावस्था में रहता है, तब सर्व ज्ञान सम्पन्न होने के कारण विभुगुण वाला कहा गया है। जैसे कि महान् गुण के कारण परमात्मा महान् है, वैसे ही जीवात्मा अणु परिमाण का होकर भी गुण से महान् है।

सू०—यावदात्मभावित्वाच्च न दोषस्तद्दर्शनात् ।२।३।२६।।

वाक्यार्थ—जीवस्य गुण निबंधनो विभुत्वव्यपदेशो न विरुद्धः गुणस्य यावदात्म भावित्वाच्च न दोषस्तद्दर्शनात् ।[३] नहि विज्ञातुविज्ञातेर्विपरिलोपो विद्यते, अविनाशित्वादविनाशी वा अरे अयमात्मा" इति तद्दर्शनात् ।

---

१. छांदो० ८।८।१ २. कौषी० ३।६। ३. वृह० ६।३।३०।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ—जीवात्मा में गुण के कारण जो विभुत्व है उससे, उसकी विभुता कहने पर कोई विरुद्धता तो नहीं है, क्योंकि वह विभुत्व गुण आत्मसात् होकर व्याप्त है, जैसा कि कहते हैं—"ज्ञाता और ज्ञेय का भेद मिट नहीं सकता, जीवात्मा का ज्ञान गुण कभी नष्ट नहीं होता इसलिये वह अविनासी है, यही आत्मा का स्वरूप है" ऐसी उसकी विशेषता दिखलाई गई है।

सू०—पुंस्त्वादिवत्वस्य सतोऽभिव्यक्ति योगात् २।३।३०॥

वाक्यार्थ—अस्य ज्ञानस्य सुषुप्त्यादौ सत एव जाग्रदादौ अभिव्यक्ति संभवात् यावदात्म भावित्वमेव। यथा पुंस्त्वादेर्वाल्ये सत एव यौवनेऽभिव्यक्तिः।

भावार्थ—[जीव का जो गुणस्वरूप ज्ञान है, यदि वह नित्य है तो सुषुप्ति अवस्था में कहाँ रहता है ? उस समय उसकी प्रतीति कैसे होती है ? इस शंका की निवृत्ति करते हैं]

जीवात्मा का ज्ञान सुषप्ति अवस्था में भी रहता है। जाग्रतावस्था में ज्ञान अभिव्यक्त रहता है परन्तु सुषुप्ति में वह आत्मसात रहता है। जैसे कि पुंसत्व बाल्यकाल में भी रहता है परन्तु यौवन में जाकर अभिव्यक्त हो जाता है। उसी प्रकार ज्ञान भी है।

सू०—नित्योपलब्ध्यनुपलब्धिप्रसंगोऽन्यतरनियमोवाऽन्यथा।२।३।३१॥

वाक्यार्थ—सर्वगतात्मवादे आत्मोपलब्ध्यनुपलब्धयोर्बन्ध मोक्षयोः नित्य प्रसंगः स्यान्नित्य बद्धोवा नित्यमुक्तोवा आत्मा इत्यन्यतर नियमोवा स्यात्।

भावार्थ—जीवात्मा, चैतन्य, विभु, ज्ञानस्वरूप, अणु परिमाण वाला सर्वगत कहा गया है। मुक्तावस्था में वह ब्रह्म का सहधर्मी होने से अनावृत (किसी से भी अभिभूत न होने वाला) रहता है। इसीलिए नित्य और सर्वगत है। जागतिक तत्त्वों से आवृत्त (ढके रहने) रहने से उसके सर्वगतत्व आदि गुण नहीं पाये जाते। इसीलिए जीव में एक साथ बंधन और मुक्ति का प्रसङ्ग पाया जाता है। यह जीव सांसारिक आसक्ति से नित्य बद्ध तथा अनासक्ति से नित्य मुक्त रहता है।

अधिकरण ६

सू०—कर्त्ता शास्त्रार्थवत्वात्।२।३।३२॥

वाक्यार्थ—आत्मैव कर्त्ता "स्वर्गकामोयजेत' मुमुक्षुर्ब्रह्मोपासीत्" इत्यादेः भुक्ति-मुक्ति उपाय बोधकस्य शास्त्रस्यार्थवत्वात्।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ—जीवात्मा ही कर्त्ता है "स्वर्ग की कामना से यज्ञ करना चाहिये, मोक्ष की कामना से ब्रह्म की उपासना करनी चाहिये" ऐसे भुक्ति और मुक्ति के उपाय बतलाने वाले शास्त्र वाक्यों के अर्थ से ज्ञात होता है।

सू०—विहारोपदेशात् ।२।३।३३।।

वाक्यार्थ—"स्वे शरीरे यथा कामं परिवर्त्तते"[१] इति विहारोपदेशात् स कर्त्ता।

भावार्थ—"अपने शरीर में अपनी इच्छानुसार परिवर्त्तन करता है" ऐसा योगियों की सामर्थ्य का वर्णन किया गया है कि वह सभी जगह स्वेच्छा से विहार कर सकते हैं। इसलिए जीवात्मा का कर्त्ता होना सिद्ध होता है।

सू०—उपादानात् ।२।३।३४।।

वाक्यार्थ—"एवमेवैष एतान्प्राणान् ग्रहीत्वा"[२] इति उपादान श्रवणात्।

भावार्थ—"इस प्रकार यह प्राणों को ग्रहण कर (स्वेच्छा से विहार करता है)" इस वाक्य से ज्ञात होता है कि जीवात्मा प्राण, अपान, उदान, समान, व्यान आदि प्राणों, इंद्रियों और बुद्धि आदि का ज्ञाता और सामर्थ्यानुसार उपभोक्ता होने से इन सबका उपादान कारण है। इसलिए जीवात्मा स्वतः कर्म करने में स्वच्छंद कर्त्ता है, ऐसा सिद्ध होता है।

सू०—व्यपदेशाच्च क्रियायां न चेन्निर्देश विपर्ययः ।२।३।३५।।

वाक्यार्थ—क्रियायां "विज्ञानं यज्ञं तनुते"[२] इति कर्तृत्वव्यपदेशात् च आत्मा कर्त्ता अस्ति, यदि विज्ञान पदेन बुद्धिर्गृह्यते न तु जीवः तर्हि करण विभक्ति प्रसंगः स्यात्।

भावार्थ—यज्ञादि क्रियाओं का कर्त्ता श्रुति के इस "जीवात्मा यज्ञ करता है वाक्य में कहा गया इसलिए जीवात्मा ही कर्त्ता है। यदि विज्ञान का अर्थ बुद्धि करेंगे तो गलत होगा क्योंकि बुद्धि के द्वारा कार्य होता है, बुद्धि स्वयं कार्य नहीं करती, उससे तो प्रेरणामात्र मिलती है, कर्त्ता तो जीव ही है।

सू०—उपलब्धिवदनियमः ।२।३।३६।

वाक्यार्थ—फलोपलब्धि क्रियाणां नियमोनास्ति ।।

भावार्थ—[जीव ही यदि कर्त्ता है तो उसे पुण्य कर्म ही करने चाहिये जिससे शुभ और आनन्द प्राप्त हो, परन्तु वह पापकर्म भी क्यों करता है? इस

---

१. बृहदा० ४।१।१८।। २. तै० आन० ५।१।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

शंका की निवृत्ति करते हैं कि—प्रारब्ध कर्म के फल की जब उपस्थिति होती है, तब जीवात्मा उसके वशंगत होकर क्रिया करता है। उसको उस समय शुभ या अशुभ किसी भी कर्म के नियम का विवेक नहीं रहता [प्रायः देखा जाता है कि साधु चरित व्यक्ति भी कभी-कभी अचानक प्राक्तन संस्कारों के वश असाधु आचरण कर बैठते हैं] जीवात्मा स्वयं कर्त्ता होते हुए भी कर्मवश हो जाता है।

सू०—शक्ति विपर्ययात् ।२।३।३७।।

वाक्यार्थ—बुद्धेः कर्त्तृत्वे करणशक्तिर्हीयेत कर्त्तृशक्तिः स्यात्, अतो जीव एव कर्त्ता।

भावार्थ—बुद्धि को यदि कर्त्ता मान लगे तो प्रेरणा देने वाली करण शक्ति जो कर्त्ता के लिये आवश्यक होती है, वह कौन होगी? इसलिये जीव ही कर्त्ता है और शुद्धिकरण है।

सू०—समाध्यभावाच्च ।२।३।३८।।

वाक्यार्थ—आत्मनोऽकर्तृत्वेऽचेतनमात्राव्यतिरिक्तकर्तृक समाध्यभाव प्रसंगात् आत्मा कर्त्ता।

भावार्थ—जीवात्मा को यदि कर्त्ता न मानकर केवल अचेतन मानेंगे तो चित्त वृत्तियों को निरोध कर देह, इंद्रिय, मन, बुद्धि आदि से विलक्षण परमात्म चिंतन से ब्रह्मभाव प्राप्ति रूप जो समाधि है वह कैसे होगी? इसलिये जीवात्मा को कर्त्ता मानना होगा।

सू०—यथा च तक्षोभयथा ।२।३।३९।।

वाक्यार्थ—आत्मेच्छया यथा तक्षा तथा करोति न करोतीति उभयथा व्यवस्था सिध्यति, बुद्धेः कर्त्तृत्वे इच्छाभावात् व्यवस्थाऽभावः।

भावार्थ—अपनी इच्छा से जैसे बढ़ई जब चाहता है, कार्य करता है, जब नहीं चाहता कार्य नहीं करता आराम करता है। यदि बुद्धि को कर्त्ता मान लेंगे तो बुद्धि में तो कोई इच्छा होती नहीं, फिर व्यवस्था कैसे बनेगी? इच्छा तो जीवात्मा का ही धर्म है।

अधिकरण १०

सू०—परात्तु तच्छ्रुतेः ।२।३।४०।।

वाक्यार्थ—तज्जीवस्य कर्तृत्वं परात् हेतोऽस्ति। "अंतः प्रविष्टः शास्ता जनानाम्"[१] इत्यादि श्रुतेः।

---

१. तै० ३।११।१०।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ—जीवात्मा, परमात्मा के वशंगत होकर ही कर्म करता है। "परमात्मा जीवों के अंतःकरण में स्थित होकर शासन करता है" इस श्रुति वाक्य से यही सिद्ध होता है।

सू०—कृतप्रयत्नापेक्षस्तु विहित प्रतिषिद्धा वैयर्थ्यादिभ्यः २।३।४१।।

वाक्यार्थ—वैषम्यादि दोष निरासार्थस्तु शब्दः। जीव कृतकर्मापेक्षः परोऽन्यस्मिन्नपि जन्मनि धर्मादिकं कारयति विहित प्रतिषिद्धाऽवैयर्थ्यादिभ्यः।

भावार्थ—[शंका हो सकती है कि जीवात्मा यदि परमात्मा की प्रेरणा से कार्य करता है, तो उससे अशुभ कर्म कैसे होते हैं, क्योंकि परमात्मा शुभ स्वरूप है। फिर वह परमात्मा जीवात्मा से अशुभ कर्म कराता है यह उसकी अकृपा और निर्दयता है। उसे कृपालु दयालु कहना व्यर्थ है, इसी का समाधान करते हैं]

इस सूत्र में तु शब्द का प्रयोग विषमता और निर्दयता आदि परमात्मा में लगाये जाने वाले दोषों को दूर करने के लिये ही किया गया है। जीवात्मा जो भी कर्म करता है उसमें परमात्मा की ही प्रेरणा रहती है, यह निश्चित है। एक जन्म में जीवात्मा से जो धर्म, अधर्म कराता है उसी के अनुसार दूसरे जन्म में भी शुभ, अशुभ कराता है जो कि पिछले जन्म के किये हुए कार्य का फल-स्वरूप कर्म होता है। इसीलिये शास्त्रों में कहे गये "स्वर्ग की कामना से यज्ञ करो" तथा "ब्राह्मण हनन करने योग्य नहीं है" जो शुभ कर्म के विधि तथा अशुभ कर्म के निषेध वाक्य हैं, वे भी व्यर्थ नहीं होंगे। क्योंकि कर्म के प्रति बुद्धियोग देने वाला परमात्मा ही है।

अधिकरण ११

सू०—अंशो नाना व्यपदेशादन्यथा चापि दाशकितवादित्वमधीयत एके।२।३।४२।।

वाक्यार्थ—अंशांशिभावाज्जीवपरमात्मनोर्भेदौ दर्शयति, परमात्मनो जीवोंऽशः "ज्ञाज्ञौ द्वावजावीशानीशौ"[१] इत्यादि भेदव्यपदेशात् "तत्वमसि"[२] इत्याद्यभेदव्यपदेशाच्च। अपि च आथर्वणिकाः "ब्रह्मदाशा ब्रह्मदासा ब्रह्मकितवा"[३] इति ब्रह्मणो हि कितवादित्वमधीयते।

---

१. श्वेता० १।९।। २. बृहदा० ६।४।५। ३. छां० ६।१०।३।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ—अंश और अंशी भाव से जीवात्मा और परमात्मा का भेदाभेद सम्बन्ध दिखला रहे हैं (सूत्रकार) परमात्मा का जीवात्मा अंश है, "ज्ञान स्वरूप दोनों ही अजन्मा हैं, उनमें एक स्वामी है, दूसरा उसके अधीन" ऐसा दोनों को भेद से कहा गया, तथा "वह परमात्मा तू ही है" इत्यादि वाक्यों में दोनों का अभेद कहा गया। और भी आथर्वणिक में "मछली पकड़ने वाले, नौकर और जुआड़ी सभी ब्रह्म हैं" जुआड़ी आदि परमात्मा के ही अंश स्वरूप कहे गये हैं।

सू०—मंत्रवर्णात् ।२।३।४३।।

वाक्यार्थ—"पादोऽस्य विश्वाभूतानि"[1] इति मंत्रवर्णात् जीवोब्रह्मांशः।

भावार्थ—"विश्व के सारे जीय उस परमात्मा के एक चरण मात्र है" इस मंत्र वर्ण से भी जीव परमात्मा का अंश है, ऐसा ज्ञात होता है।

सू०—अपि च स्मर्यते २।३।४४।।

वाक्यार्थ—"ममैवांशोजीवलोके जीवभूतः सनातनः"[1] इति जीवस्य ब्रह्मांशत्वं स्मर्यते।

भावार्थ—"मेरा ही अंश जीव इस संसार में सनातन जीव होकर आया" ऐसा जीव का ब्रह्मांशत्व स्मरण किया गया है।

सू०—प्रकाशादिवत्तु नैनं परः २।३।४५।।

वाक्यार्थ—जीवस्य परंपुरुषांशत्वे •अंशी सुख दुःखं नानुभवति। यथा प्रकाशादिः स्वांशगत गुण दोष वर्जितो भवति।

भावार्थ—जीव परंपुरुष का अंश है, परंतु जीव के समान अंशी परमात्मा भी सुख दुःख का अनुभव करे ऐसा नहीं है। जैसे कि सूर्य में अपनी किरणों के होने वाले जो दूषण हैं, वे असर नहीं करते, वैसे ही परमात्मा भी निर्मल, निर्विकार है।

सू०—स्मरंति च ।२।३।४६।।

वाक्यार्थ—"तत्र यः परमात्माऽसौ स नित्यो निर्गुणस्मृतः, न लिप्यते फलैश्चापि पद्म पत्रमिवांभसा। कर्मात्मात्वपरोयोऽसौ मोक्षबंधैः स युज्यते"[२] इत्यादिना स्मरंति च।

भावार्थ—"यह जो परमात्मा है, वह नित्य, निर्गुण है, कर्म के फल में उसी प्रकार लिप्त नहीं होता जैसे कि कमल के पत्ते पर जल। दूसरा जीवात्मा

---

१. पुरुष सूक्त २ मं०।। २. गीता १५।७।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

जोकि कर्म से आबद्ध है, वह मोक्ष और बंधन के चक्र में रहता है।" इत्यादि स्मृति में कहा गया है।

सू०—अनुज्ञा परिहारौ देह संबंधात् ज्योतिरादिवत् ।२।३।४७।।

वाक्यार्थ—"स्वर्ग कामो यजेत्, शूद्रो यज्ञेनावक्लृप्तः" इत्याद्यनुज्ञापरिहारौ उपपद्येते। जीवानां ब्रह्मांशत्वेन समत्वेऽपि विसमशरीर संबंधात्। यथा श्रोत्रियागारादग्निराह्रियते श्मशानादेस्तु न। यथा वा शुचि पुरुष पात्रादि संस्पृष्टं जलादिकं गृह्यते नेतरं, तद्वत्।

भावार्थ—"स्वर्ग की कामना से यज्ञ करना चाहिये, शूद्र यज्ञ में त्याज्य है।" इत्यादि आज्ञा और निषेध शास्त्र में है। सारे जीव ब्रह्म के अंश होने से सम हैं, फिर भी शरीर के सम्बन्ध से उनमें विषमता है। जैसे कि श्रोत्रिय-ब्राह्मण के यहाँ से यज्ञ के लिये अग्नि लाई जाती है, श्मशान आदि अपवित्र स्थानों से नहीं। अथवा पवित्र व्यक्ति के स्पृष्ट पात्र का ही जल लोग लेते हैं, अपवित्र का नहीं।

सू०—असंततेश्चाव्यतिकरः ।२।३।४८।।

वाक्यार्थ—विभोरंशत्वेऽपि गुणेन विभुत्वेऽपि चात्मनां स्वरूपतोऽणुत्वेन सर्वगतत्वाभावात् कर्मादिव्यतिकरोनास्ति।

भावार्थ—विभु परमात्मा का अंश होते हुए भी और गुण से स्वयं विभुत्व प्राप्त करके भी आत्मा स्वरूप से अणु होने के कारण सर्वगतत्व शक्ति से हीन है, इसलिये सभी एक सा कर्म नहीं कर सकते। जित्ना जिसमें ब्रह्मांश का प्रकाश है, उतना वह ऊँचा कर्म करेगा। यही जीवों में उच्चावच भाव का कारण है। साथ ही, सभी ब्रह्म के अंश हैं तो एक के शराब पीने से सभी को शराब का स्वाद मिल जावे, यह भी संभव नहीं, क्योंकि जीव अणु परिमाण का है, व्यापक नहीं अलग-अलग शरीरों में अलग अलग कर्म और फल का भागी है।

सू०—आभासा एव च ।२।३।४९।।

वाक्यार्थ—परेषां कपिलादीनां व्यतिकर प्रसंगात् सर्वगतात्मवादाश्चाभासा एव।

भावार्थ—अन्य जो कपिल कणादादि हैं, वे जीवात्मा का सर्वगतात्मवाद मानते हैं, वह आभासमात्र है, स्वाभाविक नहीं है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—अदृष्टा नियमात् ।२।३।५०।।

वाक्यार्थ—सर्वगतात्मवादेऽदृष्टमाश्रित्यापि व्यतिकरो दुर्वारोऽदृष्टाऽनियमात् ।

भावार्थ—सर्वगतात्मवादी अदृष्ट का आश्रय लेते हैं (कहते हैं—कि अदृष्ट प्रधान की इच्छा से ही आत्मा और मन का संयोग होने से सुख दुःखानुभूति होती है) इस सिद्धांत से भी जीवात्मा का सर्व गतत्व नहीं हो सकता जब कि अदृष्ट ही संयोजक है ।

सू०—अभिसंध्यादिष्वपि चैवम् ।२।३।५१।।

वाक्यार्थ—अहमिदं करिष्ये, इदं नेति संकल्पादिष्वप्येवमनियमः ।

भावार्थ—मैं ऐसा करूँगा, ऐसा नहीं, ऐसा जो संशयात्मक विचार है उससे अदृष्ट प्रधान की अनियमता सिद्ध होती है । जब उनके मत में प्रधान ही दृढ़ संकल्पवाला नहीं तो जीवात्मा ही कैसे दृढ़ हो सकता है ?

सू०—प्रदेशादिचेन्नांतर्भावात् ।२।३।५२।।

वाक्यार्थ—स्वशरीरस्थात्मप्रदेशात् सर्वं समंजसमिति चेन्न, तत्र सर्वेषां आत्मप्रदेशानामंतर्भावात् ।

भावार्थ—एक ही शरीरस्थ आत्मा में संकल्प का कारण जो मन है, उसका संयोग होने से, सभी में एक सा संकल्प हो जाना चाहिये जब कि अदृष्ट प्रधान ही सब का संयोजक हैं । ऐसा मानने पर तो प्रधान भी सुख-दुःख का भागी हो जायेगा । [सांख्यादिका सर्वगतात्मवाद ठीक नहीं]

तृतीय पाद समाप्त

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

चतुर्थ पाद

अधिकरण १

सू०—तथा प्राणाः ।२।४।१।।

वाक्यार्थ—करणोत्पत्तिचिंत्यते खादिवदिंद्रियाणि जायंते ।

भावार्थ—अब इंद्रियों की उत्पत्ति पर विचार करते हैं । आकाश आदि की तरह इंद्रियाँ भी परमात्मा से हुई हैं ।

सू०—गौण्य भवात् ।२।४।२।।

वाक्यार्थ—न च "एतस्मादात्मन आकाशः संभूतः" इत्यादि सृष्टि प्रकरणे करणोत्पत्यश्रवणात् करणोत्पत्तिश्रुति गौणीति वाच्यम् । उत्पत्ति श्रुतिभूयस्त्वात् एक विज्ञानेन सर्व विज्ञान[1] प्रतिज्ञाविरोधाच्च गौण्यसंभवात् ।

भावार्थ—"इस परमात्मा से आकाश हुआ" इत्यादि सृष्टि प्रकरण में इंद्रियों की उत्पत्ति तो नहीं कही गई है, इसलिये इंद्रियों की उत्पत्ति के विषय में जो वेद वाक्य हैं, वे गौण हैं । परंतु उत्पत्ति के विषय में अनेक वाक्य कहे गये हैं; सभी प्रामाणिक हैं । एक को प्रामाणिक मानने पर सभी को प्रामाणिक मानना चाहिये यह हमारा सिद्धांत है, इसलिये कोई भी वाक्य गौण नहीं हो सकता ।

सू०—तत प्राक्श्रु तेश्च ।२।४।३।।

वाक्यार्थ—तस्मिन् वाक्ये खादिषु मुख्यस्य क्रियापदस्येद्रियेष्वपि श्रुतेरिंद्रियोद्भवोमुख्यः ।

भावार्थ—सृष्टि प्रकरण के वाक्य में आकाशादि मुख्य तत्त्वों की सृष्टि की विशेषता कही गई है उसी प्रकार जहाँ इंद्रियों की सृष्टि के वाक्य कहे गये हैं, उनकी भी मुख्यता है ।

सू०—तत्पूर्वकत्वाद्वाचः ।२।४।४।।

---

१. कस्मिन्नुभगवो विज्ञाते सर्वमिदं विज्ञातो भवति । मुं० १।१।३।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वाक्यार्थ—प्राणाः खादिवदुत्पद्यते वाक् प्राणमनसां "अन्नमयं हि सौम्य। मनः आपोमयः प्राणः तेजोमयीवाक्[1] इत्यनेन जेतोऽवन्नपूर्वकत्वाभिधानात्।

भावार्थ—इंद्रियाँ आकाश आदि की तरह ही प्रकट होती हैं, जैसा कि वाणी, प्राण और मन की उत्पत्ति का वर्णन है "हे सौम्य अन्नमय मन, जलमय प्राण और तेजोमय वाणी हुई" इस वाक्य से अन्न, जल और तेज के प्रथम ही मन, प्राण और वाणी की उत्पत्ति कही गई है।

अधिकरण २

सू०—सप्तगतेर्विशेषितत्वाच्च ।२।४।५।।

वाक्यार्थ—तानि सप्त, एकादश वा इति संशये "प्राणमनुत्क्रामंतं सर्वे प्राणा अनुत्क्रामंति"[2] इति गतेस्तत्र सप्तानामेव "न पश्यति, न जिघ्रति, नारसयते, न वदति, न शृणोति, न मनुते, न स्पृशते[3]" इति विशेषितत्वाच्च सप्तैवेन्द्रियाणि इति पूर्व पक्षः।

भावार्थ—वे इंद्रियाँ सात हैं अथवा ग्यारह ऐसा संशय होने पर "प्राण के उत्क्रमण करने पर (शरीर से निकलने पर) सारे प्राण उसके साथ उत्क्रमण करते हैं इस प्रसंग में सात ही इंद्रियों का गमन कहा गया, जिन सातों का इस प्रकार वर्णन है "न देखता है, न सूंघता है, न आस्वादन करता है, न बोलता है, न सुनता है, न मनन करता है, न स्पर्श करता है" (ऐसा शरीर त्याग के बाद जीवात्मा का स्वरूप कहा गया जिसमें आँख, नाक, जिह्वा, वाणी, कान, मन और स्पर्शेंद्रियत्वक् इन सात का ही वर्णन किया गया) इसलिये सात ही इंद्रियाँ हैं, ऐसा कुछ का मत है।

सू०—हस्तादयस्तु स्थितेऽतो नैवम् ।२।४।६।।

वाक्यार्थ—सप्तभ्योऽतिरिक्ते "हस्तो वैंग्रह[3]" इत्यादिना निश्चिते सप्तैवेन्द्रियाणीति नैवं मंतव्यम्। "दशेमे पुरुषे प्राणा आत्मैकादश[4]" इति श्रुतेः एकादशेन्द्रियाणि इति सिद्धांतः।

भावार्थ—सात के अतिरिक्त "हाथ से ग्रहण करता है" इत्यादि वाक्यों से सात ही इंद्रियाँ हैं ऐसा सिद्ध नहीं होता। "पुरुष में पाँच ज्ञानेंद्रिय पाँच कर्मेंद्रिय और ग्यारहवाँ मन है।" "इस प्रकार श्रुति में ग्यारह इंद्रियाँ कही गईं। यही सही हैं [वेदांत दर्शन इन्हें मानता है।]

---

१. छां० ६।५।४। २. वृहदा० ६।४।२। ३. वृहदा० ३।२।८। ४. वृहदा० ३।६।४।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अधिकरण ३

सू०—अणवश्च ।२।४।७।।

वाक्यार्थ—"सर्वप्राणा उत्क्रामंति" इत्युत्क्रांतिश्रुतेः प्राणा अणवः।

भावार्थ—"सभी प्राण उत्क्रमण करते हैं" इस उत्क्रमण के वर्णन से इंद्रियाँ अणु रूप हैं ऐसा निश्चित होता है।

अधिकरण ४

सू०—श्रेष्ठश्च ।२।४।८।।

वाक्यार्थ—"श्रेष्ठो मुख्यः प्राणोवा व ज्येष्ठः श्रेष्ठश्च" इति श्रुतिप्रोक्तः प्राणो महाभूतादिवदुत्पद्यते। कुतः "एतस्माज्जायते प्राणः" इति समान श्रुतेः।

भावार्थ—"श्रेष्ठ मुख्य प्राण ज्येष्ठ और श्रेष्ठ है" इस श्रुति वाक्य में पंच महाभूतों के समान श्रेष्ठ प्राण की भी उत्पत्ति कही गई है। "ब्रह्म से प्राण उत्पन्न हुआ" ऐसा और भी इसी के समान वाक्य मिलता है।

अधिकरण ५

सू०—न वायुक्रिये पृथगुपदेशात् ।२।४।९।।

वाक्यार्थ—वायुमात्रं करणं क्रिया वा प्राणो न भवति, किंतुवायुरेवावस्थांतरमापन्नः प्राणः इत्युच्यते। "एतस्माज्जायते प्राणः मनः सर्वेन्द्रियाणि च खं वायुः[1] इति पृथगुपदेशात्।

भावार्थ—ऊपर जिस प्राण की श्रेष्ठता कही गई यह वायु अथवा इन्द्रियों से पृथक् है। किन्तु वायु ही बदले हुए सूक्ष्म रूप से प्राण (वायु) है. ऐसा कहते हैं। "परमात्मा से प्राण, मन, इन्द्रियाँ, आकाश और वायु हुए" इसमें प्राण को पृथक् गिना दिया है।

सू०—चक्षुरादिवत्तु तत्सह शिष्ट्यादिभ्यः ।२।४।१०।।

वाक्यार्थ—श्रेष्ठोऽपि प्राणचक्षुरादिवत् जीवोपकरण विशेषः। कुतः, प्राण संवादादिषु चक्षुरादिभिः सह प्राणस्य शिष्ट्यादिभ्यः शासनादिभ्यः।

भावार्थ—प्राण इन्द्रियों से श्रेष्ठ होते हुये भी चक्षु आदि इन्द्रियों की तरह जीवात्मा का उपकारी मात्र है, क्योंकि प्राण तत्त्व का जहाँ वर्णन किया

---

१. मुंड० २।१।३।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

गया है वहाँ चक्षु आदि इन्द्रियों के साथ प्राण को भी जीवात्मा से शासित कहा गया है।

सू०—अकरणत्वाच्च न दोषस्तथाहि दर्शयति ।२।४।११।।

वाक्यार्थ—ननु प्राणस्य जीवोपकरणत्वेतदनुरूपकार्याभावेनाकरणत्वात् दोष इति न, यतोदेहेंद्रियविधारणं प्राणसाधारणं कार्यं "अहमेवैतत् पंचधात्मानं विभज्यैतद्वाणमवष्टभ्य विधारयामि[1] इति दर्शयति।

भावार्थ—[यदि प्राण भी इन्द्रियों के समान जीवात्मा का उपकारी मात्र था तो उसे इन्द्रियों से श्रेष्ठ कह कर पृथक् गिनाने की क्या आवश्यकता थी ? उसे भी बारहवीं इन्द्रिय के रूप में साथ कहना था। इस शंका का समाधान करेंगे]

प्राण केवल जीवात्मा का उपकारी मात्र है, उसकी स्वतः कोई विशेषता नहीं ऐसा नहीं कह सकते। देह और इंद्रियों को धारण करने में प्राण का असाधारण कार्य होता है। "मैं ही इस प्राण वायु के सकाश से अपने को प्राण, अपान, कव्यान, उदान, समान इन पाँच रूपों से विभक्त कर इस शरीर की भली भाँति रक्षा करता हूँ" इस वाक्य से प्राण की महत्ता सिद्ध होती है [नेत्र आदि की शक्ति पूर्णतः समाप्त हो जाने पर भी प्राण के द्वारा देह का उपकार होता रहता है, यही श्रेष्ठता है।]

सू०—पंच वृत्तिर्मनोवद् व्यपदिश्यते ।२।४।१२।।

वाक्यार्थ—यथा बहुवृत्तिर्मनः स्ववृत्तिभिः कामादिभिः जीवस्योपकरोति तथा अपानादि वृत्तिभिः पंचवृत्तिः प्राणः अपि जीवोपकारकत्वेन व्यपदिश्यते।

भावार्थ—जैसे कि अनेक वृत्तियों वाला मन अपनी काम, संकल्प, श्रद्धा, धृति, धी, इत्यादि वृत्तियों से जीवात्मा को उपकृत करता है उसी प्रकार अपान आदि वृत्तियों से पंच वृत्तिवाला प्राण भी जीवात्मा का उपकारी है, ऐसा कहा गया है।

अधिकरण ६

सू०—अणुश्च ।२।४।१३।।

वाक्यार्थ—उत्क्रांति श्रुतेः प्राणोऽणुश्च ।

---

१. वृह० ४।३।१२।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ--प्राण शरीर से उत्क्रमण करता है, ऐसा वेद में कहा गया है। इससे ज्ञात होता है कि प्राण अणु परिमाण का है।

अधिकरण ७

सू०--ज्योतिराद्यधिष्ठानं तु तदामननात्।२।४।१४॥

वाक्यार्थ—वागादि करण जातमग्न्यादि देवता प्रेरितं कार्ये प्रवर्त्तते "अग्निर्वाग्भूत्वा मुखं प्राविशद्"[1] इत्यादि श्रुतेः।

भावार्थ—वाणी, नेत्र आदि इन्द्रियाँ स्वयं कुछ भी करने में असमर्थ हैं, अपितु अग्नि, वरुण, सूर्य आदि देवताओं की प्रेरणा से कार्य करती हैं "अग्नि वाणी होकर मुख में प्रवेश करता है" इत्यादि श्रुति में यही कहा गया है।

सू०--प्राणवता शब्दात्।२।४।१५॥

वाक्यार्थ—जीवेनैवेन्द्रियाणां स्वस्वामिभावः सम्बन्धः, सभोक्ता "अथ यत्रैतदाकाशमनुविषणं चक्षुः पुरुषोदर्शनाय चक्षुः"[2] इत्यादि शब्दात्।

भावार्थ—जीवात्मा का इंद्रियों से स्व स्वामिभाव का संबंध है, वह जीव उनका भोक्ता है" पुरुषों के चाक्षुष आकाश का विषय चक्षु देखने के लिये है" इन शब्दों से जीवात्मा का भोक्तृत्व सिद्ध होता है।

सू०--तस्य नित्यत्वात् २।४।१६॥

वाक्यार्थ--उक्त लक्षणस्य संबंधस्य जीवेनैव नित्यत्वान्नत्वधिष्ठातृ देवताभिः।

भावार्थ—स्व स्वामिभाव का सम्बन्ध इन्द्रियों का जीवात्मा से ही है, जो कि नित्य संबंध है। सूर्य, अग्नि आदि इन्द्रियों के अधिष्ठातृ देवताओं से स्व-स्वामिभाव संबंध नहीं है [यदि देवताओं से सम्बन्ध होता तो व्यक्ति गूँगा, बहरा, अंधा क्यों होता? उन देवताओं की प्रेरणा समाप्त होने से ही अंधत्व आदि होता है] इंद्रियों द्वारा भोगने की इच्छा जीवात्मा ही करता है, और स्वेच्छा से अधिकार पूर्वक उन इंद्रियों से भोगों का आनंद लेता है। इसीलिए उन इंद्रिय भोगों से प्राप्त सुख दुःख को भी भोगता है। देवता तो सुखः दुखादि से निर्लिप्त होते हैं।

सू०—त इंद्रियाणि तद्व्यपदेशात् अन्यत्र श्रेष्ठात्।२।४।१७॥

---

१. ऐत० २।४॥ २.छांदो० ८।१२।४॥

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वाक्यार्थ—श्रेष्ठ प्राण भिन्नत्वेन तेषां प्राणानां "एतस्माज्जायते प्राणो मनः सर्वेन्द्रियाणि च"[१] इति व्यपदेशात्ते प्राणा इंद्रिय संज्ञकानि तत्त्वांतराणि नतु क्षेष्ठ वृत्ति विशेषाः ।

भावार्थ—श्रेष्ठ प्राण वायु से अलग होने के कारण प्राणों की "परमात्मा से प्राण, मन और इन्द्रियाँ प्रकट हुईं" इस रूप से भिन्नता कही गई है वे जो प्राण हैं उनका तात्पर्य, इन्द्रियों से है जो कि श्रेष्ठ प्राण से अतिरिक्त तत्त्व हैं ।

सू०—भेद श्रुतेर्वैलक्षण्याच्च ।२।४।१८।।

वाक्यार्थ—वागादि प्रकरणमुपसंहृत्य "अथ हेममासन्यं प्राणमूचुः"[२] इति तेभ्यो वागादिभ्यः श्रेष्ठस्य प्राणस्य भेद श्रवणात्, देहेन्द्रियादि स्थिति हेतोः श्रेष्ठात् प्राणादिन्द्रियाणां विषय ग्राहकत्वेन वैलक्षण्याच्च तानि तत्त्वांतराणि ।

भावार्थ—वाणी आदि का वर्णन करते हुए अंत में कहा गया कि "देवों के कहने पर प्राण ने उद्गान किया" इससे वाणी आदि से भिन्न और श्रेष्ठ प्राण है ऐसा ज्ञात होता है । देह, इंन्द्रिय आदि का कारण श्रेष्ठ प्राण ही है । प्राण के सकाश से ही इंद्रियाँ विषयों को ग्रहण करने में समर्थ होती हैं यही प्राण की अन्य तत्त्वों से विलक्षणता है ।

सू०—संज्ञा मूर्तिक्लृप्तिस्तुत्रिवृत कुर्वत उपदेशात् ।२।४।१९।।

वाक्यार्थ—"सेयं देवतैक्षत हंताहमिमांस्त्रिस्रो देवता अनेन जीवेनात्मनानुप्रविश्य नामरूपेव्याकरवाणि" इति तासां त्रिवृतं त्रिवृतमेकेकां करवाणि[३] इति नाम रूप व्याकरणमपि त्रिवृत् कुर्वतः परस्यैव कर्म । य एकैकां देवतां त्रिरूपामकरोत् स एव हि अग्न्यादित्यादीनां नामरूप कर्त्ता, कुतः "सेयं देवता" इत्युपक्रम्य "अनेन जीवेनात्मनाऽनु प्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणि" इति व्याकरणस्य पर देवताकर्तृकत्वोपदेशात् ।

भावार्थ—"सत रूप उस परमात्मा ने संकल्प किया कि मैं इन तीनों सूर्य, चन्द्र और अग्नि देवताओं को इस जीवात्मा में प्रवेश कर इनके नाम रूप की अभिव्यक्ति करूँ "उनमें से प्रत्येक के तीन-तीन रूप करूँ" ऐसा उन देवताओं को तीन भागों में बाँटने और उनके नाम रूप की अभिव्यक्ति का कर्म पर-

---

१. वृहदा० १।३।२।। २. मुंड० २।१।३।। ३. छांदो० ३।३।२।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मात्मा का ही है। जो एक एक को तीन तीन करने वाला है वही उसके नाम रूप का भी कर्त्ता है, क्योंकि ऊपर ही के वाक्य में, उसी देवता द्वारा (परमात्मा द्वारा) नाम रूप के करने का प्रसंग आया है।

अधिकरण ८

सू०—मांसादि भौमं यथा शब्दामितरयोश्च ।२।४।२०॥

वाक्यार्थ—तेषां त्रिवृत्कृतानां तेजोऽवन्नानां कार्याणि शरीरे शब्दादेवावगंतव्यानि "भूमेः पुरीषं, मांसं मनश्चेति, अपां, मूत्रं, लोहितं प्राणश्चेति तेजसोऽस्थिमज्जावाक्येति ।[१]

भावार्थ—तीन तीन किये गये जो तीनों देवता सूर्य, चन्द्र और अग्नि हैं वे तेज, जल और अन्न के कार्य रूप से शरीर में होते हैं। ऐसा भी वेदों से ही जाना जाता है। "सूर्यांश पृथिवी तत्त्व से—पुरीष (विष्ठा) मांस और मन। चद्रांश जल तत्त्व से—मूत्र रक्त और प्राण। अग्नि अंश तेज तत्त्व से—हड्डी, मज्जा और वाणी बनती है।

सू०—वैशेष्यात्तु तद्वादस्तद्वादः ।२।४।२१॥

वाक्यार्थ—तेषां भेदेन ग्रहणं तु भागभूयस्त्वात् ।

भावार्थ—इन तीनों का जो भेद कहा गया है, वह अनेक भेदों के कारण ही है।

द्वितीय अध्याय चतुर्थपाद समाप्त

---

१. छांदो० ६।५।२॥

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

तृतीय अध्याय

प्रथम पाद

अधिकरण १

सू०—तदंतरप्रतिपत्तौरंहतिसंपरिष्वक्तःप्रश्ननिरूपणाभ्याम् ।३।१।१।।

वाक्यार्थ—समन्वयाविरोधाभ्यां साध्येनिश्चिते । अथ साधनानि निरूप्यंते । तत्रादौ वैराग्यार्थं स्वर्गादि गमनागमनादिदोषान् दर्शयति । उक्त लक्षणः प्राणादिमान जीवोहि सूक्ष्मभूत संपरिष्वक्त एव देहं विहाय देहांतरं गच्छति इति "वेत्थ यथा पंचम्यामाहुतावापः पुरुषवचसो भवंति[1] इत्यादि प्रश्न निरूपणाभ्यां गम्यते ।

भावार्थ—समन्वय और अविरोध के द्वारा साध्य तत्त्व का निश्चय कर चुके, अब साधनों का निरूपण करेंगे । उसमें सर्व प्रथम, विषयोपभोगों की आसक्ति से वैराग्य भाव को जागरित करने के लिये, स्वर्गादि लोकों के आवागमन के दोषों को दिखलाते हैं । पिछले अध्याय में कहा गया, कि ज्ञान स्वरूप अणु परिमाण वाला जीवात्मा सूक्ष्म भूत सभी प्राणों से संसक्त होकर एक देह को छोड़कर दूसरी देह में जाता है, तथा "पाँचवी जल की आहुति में पहुँच कर जीव की पुरुष संज्ञा हो जाती है, ऐसा इन प्रश्नोत्तरों से जाना जाता है ।

सू०—त्र्यात्मकत्वात्तु भूयस्त्वात् ।३।१।२।।

वाक्यार्थ—त्रिवित्करणश्रुत्याऽपां त्र्यात्मकत्वादि इतरयोरपि ग्रहणं, केवलापग्रहणं तु तद्भूयस्त्वादुपपद्यते ।

भावार्थ—पृथिवी, जल और तेज के जो तीन-तीन भेद शास्त्र से ज्ञात होते हैं, उनमें केवल जल के स्वरूप कहने मात्र से तीनों का ज्ञान हो जावेगा, क्योंकि [जल से तेज और तेज से पृथिवी उत्पन्न हुई हैं] शरीर सर्व प्रथम जल रूप शुक्र और शोणित के बाहुल्य से ही बनना प्रारम्भ होता है ।

सू०—प्राणगतेश्च ।३।१।३।।

---

१. छांदोग्यो० ५।९।१।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वाक्यार्थ—"तमुत्क्रांतं सव प्राणा अनुत्क्रामति[१] इति प्राणगति श्रवणाच्च भूत् सूक्ष्म परिवृत एव गच्छति ।

भावार्थ—"उस श्रेष्ठ प्राणवायु के उत्क्रमण करने पर सारी इंद्रियाँ उसके साथ जाती हैं" ऐसी प्राण की गति से ज्ञात होता है कि वह जीवात्मा सूक्ष्म भूत सभी तत्वों से घिरा हुआ ही जाता है ।

सू०—अग्न्यादिगति श्रुतेरिति चेद् भाक्तत्वात् ।३।१।४।।

वाक्यार्थ—"यत्रास्य पुरुषस्य मृतस्याग्नि वागप्येति वातं प्राणश्चक्षुरादित्यं"[२] इत्यादिना वागादीनामग्न्यादिषु गतेर्लयस्य श्रवणान्न तेषां जीवेन सह गमनमिति चेन्न, अग्न्यादिगतिश्रुतेः "औषधीर्लोमानि वनस्प तीन केशः"[३] इति सह पाठेन भाक्तत्वात् ।

भावार्थ—"जब जीवात्मा का स्थूल शरीर मृत हो जाता है, तब उसकी वाणी अग्नि में, प्राण वायु में और चक्षु सूर्य में लीन हो जाते हैं" इत्यादि वाक्य में वाणी आदि का अग्नि आदि में लय होना कहा गया है, इसलिये वाणी आदि सूक्ष्म रूप से जीव के साथ जाते हैं यह कहना संगत नहीं। ऐसी शंका नहीं की जा सकती क्योंकि, जहाँ वाणी आदि की लीनता कही गई है, वहीं "लोम ओषधि में और केश वनस्पति में लीन होते हैं" यह भी कहा गया है। जो कि कहने भर की गौण वात है [वाणी आदि इंद्रियों के सूर्यादि अधिष्ठाता हैं, इसी अधिकार के प्रदर्शन के लिये यह वाक्य कहा गया है ।

सू०—प्रथमेऽश्रवणादिति चेन्नता एव ह्युपपत्तेः ।३।१।५।।

वाक्यार्थ—प्रथमेऽग्नावपामश्रवणात् कथं पंचभ्यामाहुतौतासां पुरुषभाव इति चेन्न, यतः श्रद्धा शब्देन ता एवोच्यते, उपक्रमाद्यनुपपत्तेः ।

भावार्थ—सर्व प्रथम अग्नि में जल की आहुति होती है, ऐसा तो वेदों में वर्णन नहीं हैं फिर पाँचवी आहुति में उनका कैसे पुरुष भाव होगा ? ऐसी

---

१. वृहदा० ६।४।२।।

२. सृष्टि के क्रम का यज्ञ के रूपक से वहुत सुन्दर वैज्ञानिक विवेचन किया गया है। प्रथम द्युलोक (आकाश) में श्रद्धा की आहुति से चंद्रमा की उत्पत्ति होती है। पर्जन्य (मेघों) में चंद्रमा की आहुति से वर्षा की उत्पत्ति होती है। पृथिवी में वर्षा की आहुति से अन्न की उत्पत्ति होती है। पुरुष में अन्न की आहुति से वीर्य की उत्पत्ति होती है। वीर्य की स्त्री की योनि में

३. वृहदा० ।५।२।१३।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

शंका नहीं करनी चाहिये। क्योंकि श्रद्धा शब्द से जल ही समझना चाहिये। जल के बिना तो सृष्टि का उपक्रम बनेगा ही नहीं।

सू०—अश्रुतत्वादितिचेन्नेष्टादिकारिणां प्रतीतेः ।३।१।६।।

वाक्यार्थ—भूत संपरिष्वक्तो जीवो रंहतीति न वक्तुं शक्यमवादिवज्जीवस्या श्रवणादिति चेन्न, "इष्टापूर्त्ते दत्तमित्युपासते त धूमभिसंभवंति"[1]इत्यादि नेष्टादिकारिणां धूममार्गेण चंद्र लोक प्राप्ति निरूप्यते एव सोमशब्देन श्रुत्वा निरूप्यंते "एष सोमोराजा संभवंति"[2] अत्रापि सोमोराजा संभवंतीत्यनेन प्रतीतेः।

भावार्थ—[शंका की जाती है कि सृष्टि क्रम में वर्षा के रूप से आने वाले जल से पृथिवी में जो अन्न होता है, उसमें जीवात्मा कहाँ से आ जाता है, इसका निराकरण करेंगे]

"इष्टापूर्त्त यज्ञ में दान आदि द्वारा जो व्यक्ति उपकार रूप से जगत स्वरूप परमात्मा की उपासना करते हैं, वे शरीर छोड़ने के बाद धूम होकर चांद्रमसी गति प्राप्त करते हैं।" इस वाक्य से चंद्रलोक की प्राप्ति कही गई (धूममार्ग द्वारा) एवं जीव को चंद्र लोक का राजा भी कहते हैं "यह सोम राजा होता है।"

सू०—भाक्तंवाऽनात्मवित्वात्तथाहि दर्शयति ।३।१।७।।

वाक्यार्थ—केवल कर्मिणामनात्मवित्वात् देवान् प्रति गुण भावे सति "तद्देवानामन्नं देवा भक्षयंति"[3] इति इष्टादिकारिणामन्नत्वेन भक्षत्वं भाक्तम्।"पशुरेव स देवानां"[4] इति श्रुतेः।

भावार्थ—जो व्यक्ति केवल कर्म को ही महत्व देते हैं, और अनात्मवादी हैं, [ईश्वर पर विश्वास न रखकर उद्योगशील हैं] साकार जगत को ही देवता

आहुति होने से रक्त के संयोग से गर्भ की उत्पत्ति होती है। परमात्मा सृष्टि करने का जब संकल्प करता है तब (सूक्ष्माकाश) जो कि उसी का रूप कहा गया है उससे सर्वप्रथम रस रूप होकर समुद्र के रूप में व्यक्त होता है, उससे चंद्र की उत्पत्ति होती है। चंद्र किरणों से मेघों द्वारा जल, पृथिवी (अन्न) तेज (वीर्य) की उत्पत्ति होती है। यही उसका तीन रूपों से विभाग कहा गया है]।

१. छांदो० ५।१०।३। २. छांदो० ५।४।२। ३. छांदो० ५।१०।३। ४. वृहदा० ३।४।१०।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

रूप से मानकर सेवा करते हैं, ऐसे इष्टापूर्त्त कर्म करने वालों को "वह देवताओं के अन्न हैं, देवता उनका भक्षण करते हैं" देवताओं का भक्ष कहा गया जो कि गौण बात है। "वह देवताओं का पशु है" इस वाक्य से भी वही बात सिद्ध होती है। मुख्य अर्थ तो यह है कि देवता उस व्यक्ति का उपभोग करते हैं, [वह देव कोटि का है] देव लोकों में उसे देवताओं की आधीनता में आनंद प्राप्त होता है। पुण्यक्षीण होने पर उसे पुनः जन्म लेना पड़ता है, उसकी मुक्ति नहीं होती। उसका आवागमन चलता रहता है।

अधिकरण २

सू०—कृताऽत्ययेऽनुशयवान् दृष्ट स्मृतिभ्यां यथेतमनेवं च ।३।१।८।।

वाक्यार्थ—आमुष्मिक फलप्रद कर्मक्षयेसति ऐहिक फलप्रदकर्मवान् यथागतमनेवं च प्रत्यवरोहति "तद्य इह रमणीयचरणाः अभ्यासोह यत्तेरमणीयां-योनिमापद्येरन्"[1] इत्यादि श्रुतेः। "वर्णाः आश्रमाश्च स्वकर्मनिष्ठाः प्रेत्य कर्म फलमनुभूय ततः शेषेण विशिष्ट जाति कुलरूपायुः श्रुतवृत्तसुख मेधसो जन्म प्रतिपद्यंते[2] इति स्मृतेश्च।

भावार्थ—जिन शुभ कर्मों के फलस्वरूप स्वर्गादि के सुख भोगने को मिले थे, उन भोगों की समाप्ति के बाद पुनः इस लोक के भोगों को भोगने के लिये जीव को लौटना पड़ता है।" जो अच्छे आचरण वाले होते हैं। वे उत्तम योनि प्राप्त करते हैं।" ऐसा वेद में कहा गया है।" वर्ण कर्म और आश्रम धर्म का विधिवत पालन करने वाले मरने पर स्वर्गादि लोकों में जाकर कर्म फलों को भोगकर उत्तम, जाति, कुल, रूप, आयु, विद्या, धन, सुख भोगने के लिये पुनः पृथिवी में जन्म धारण करते हैं" इस स्मृति वाक्य से भी इसी बात की पुष्टि होती है।

सू०—चरणादितिचेन्न तदुपलक्षणार्थेति कार्ष्णाजिनिः ।३।१।९।।

वाक्यार्थ—ननु रमणीय चरणाः इत्यत्र चरणमाचारस्तमादेवेष्टसिद्धौ न सानुशयस्यावरोहः संभवतीति चेन्न, यतश्चरण श्रुतिः कर्मोपिलक्षणार्था, इति कार्ष्णाजिनिर्मन्यते।

भावार्थ—रमणीय चरण इस वाक्य में प्रयुक्त चरण शब्द आचरण अर्थ में नहीं हो सकता, क्योंकि उत्तम आचरण से उत्तम लोक की प्राप्ति हो जावेगी फिर लौटकर जन्म लेने की आवश्यकता ही नहीं है। इसलिये चरण शब्द का तात्पर्य पाप पुण्य रूप कर्म का फल होगा। ऐसा कार्ष्णाजिनि मानते हैं।

---

१. छांदो० ५।१०।७ २. गौतम २ प्र०।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—ग्रानर्थक्यमिति चेन्न तदपेक्षत्वात् ।३।१।१०।।

वाक्यार्थ—ननु तथात्वे चरणस्यानर्थक्यं स्यादिति चेन्न, कर्मणां चरणापेक्षत्वात् ।

भावार्थ—यदि पाप ग्रौर पुण्य से ही उत्तम ग्रौर ग्रधम योनि मिलती है तो ग्राचरण की ग्रावश्यकता ही नष्ट हो जावेगी । ऐसी ग्रनर्गल बात समझ में नहीं ग्राती । कर्मों के ग्राचरण से ही तो पाप ग्रौर पुण्य का ज्ञान होगा । इसलिये ग्राचरण की ग्रपेक्षा सदा रहती है ।

सू०—सुकृत दुष्कृते एवेति तु बादरिः ।३।१।११।।

वाक्यार्थ—सुकृतदुष्कृते कर्मणी चरणशब्देनोच्यते इति बादरिः ।

भावार्थ—चरण शब्द का ग्रर्थ ग्रच्छा या बुरा कर्म नहीं होता ऐसा बादरि का मत है ।

ग्रधिकरण ३

सू०—ग्रनिष्टादिकारिणामपि च श्रुतम् ।३।१।१२।।

वाक्यार्थ—ग्रनिष्टादिकारिगतिश्चिन्त्यते । तत्र तावत् पूर्वः पक्षः, निषिद्ध सक्तानां विहित विरक्तानां दुष्टानामपि "ये वैके चास्मात् लोकात् प्रयांति चंद्रमसं ते सर्वे गच्छंति"[1] इति गमनं श्रुतम् ।

भावार्थ—ग्रब दुष्ट कर्म करने वालों की गति पर विचार करते हैं । इस पर जो एक मत हैं, उसको कहेंगे—शास्त्रों से निषिद्ध कर्मों में लगे हुए तथा शास्त्र विहित कर्मों पर ग्रनास्था रखने वाले दुष्टों की भी चांद्रमसी गति होती है, "जो कोई भी इस लोक को छोड़कर जाते हैं वे सब चांद्रमसी गति प्राप्त करते हैं" ऐसा श्रुति वाक्य से ही सिद्ध है ।

सू०—संयमनेत्वनुभूयेतरेषामारोहावरोहौतद्गति दर्शनात् ।३।१।१३।।

वाक्यार्थ—यमालये दुःखमनुभूयानिष्टादिकारिणां चंद्रमंडलारोहावरोहौ, "पुनः पुनर्वशमापद्यतेमे वैवस्वतं संयमनं जनानाम्" इत्यादिषु यमालय गमन दर्शनात् ।

भावार्थ—दुष्ट कर्म करने वाले यमालय में नर्कों की यातनाग्रों का ग्रनुभव करने के बाद चंद्रमंडल में जाकर पुनः पृथिवी की ग्रोर लौटते हैं, ऐसा "वैवस्वत यम पुनः पुनः दुष्ट व्यक्तियों को संयमित करने के लिये ग्रपने शासन से दंडित

---

१. कौषी० ग्र० १।२।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

करते हैं" इन वाक्यों से यमालय जाने की बात सिद्ध होती है [सदाचरण वालों को यमालय नहीं जाना होता]

सू०—स्मरंति च ।३।१।१४।।

वाक्यार्थ—पराशरादय: यमवश्यत्वं स्मरंति ।

भावार्थ—पराशरादि स्मृतियाँ यमालय में अवश्य जाना होता है (दुष्टों को) ऐसा कहती हैं ।

सू०—अपि सप्त ।३।१।१५।।

वाक्यार्थ—रौरवादीन् सप्त नरकानपि स्मरंति ।

भावार्थ—रौरव आदि सात नरकों का भी स्मृतियों में वर्णन है ।

सू०—तत्रापि च तद्व्यापाराद् विरोधः ।३।१।१६।।

वाक्यार्थ—रौरवादिष्वपि चित्रगुप्तादीनामधिष्ठातृणां, यमायत्ततया, यमस्यैव व्यापारात्तत्रान्येऽप्यधिष्ठातार: इति नास्ति विरोधः ।

भावार्थ—रौरव आदि नरकों में चित्रगुप्त आदि अधिष्ठाता यम के शासन में यम के सहायक अधिष्ठाता हैं ।

सू०—विद्याकर्मणोरिति तु प्रकृतत्वात् ।३।१।१७।।

वाक्यार्थ—अथ राद्धांतः, पंचाग्नि विद्यानां "अथैतयोः पथोर्न कतरेण च तानीमानि क्षुद्राणि असकृतदावर्त्तीनि भूतानि भवंति जायस्वम्रियस्वेत्येतत्तृतीयं स्थानं तेनासौ लोको न संपूर्यते"[1] इत्यनिष्टादिकारिणामनवरोहं दर्शयति । पथोरिति च विद्याकर्मणोर्निर्देशस्तयोः प्रकृतत्वात् । तद्य इत्थं विदुरिति देवयानः पन्था इष्टापूर्त्तं दत्तमिति पितृयानस्तयोरन्यतरेणापि येन गच्छंति तानीमानि तृतीयस्थान भांजिभूतानीति पापिनां चंद्रगतिर्नास्तीति वाक्यार्थः ।

भावार्थ—अब अपना सिद्धांत (दुष्टों की गति के विषय में) बतलाते हैं । वेदों में कथित पंचाग्निविद्या के प्रसङ्ग में" क्षुद्र आचरण वाले व्यक्ति (देवयान और पितृयान) इन दोनों में से किसी भी मार्ग में नहीं जाते, पृथिवी ही उनका तृतीय स्थान है, यहीं जन्म लेते और मरते रहते हैं, इसलिए देवयान और पितृयान के लोक खाली रहते हैं (कुछ ही लोग जाते हैं, अधिकांश पृथिवी पर ही रहते हैं)" जो कहा गया उससे दुष्टों की ऊर्ध्वगति नहीं होती ऐसा सिद्ध

---

१. छांदो० ।५।१०।८।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

होता है। ऊपर जो दो मार्ग कहे गये हैं, वे ज्ञान योगी और कर्म योगियों के मार्ग हैं जो आत्मंतत्ववेत्ता हैं, उनका मार्ग देवयान है। जो इष्टापूर्त्त आदि उपकार कर्मों में लगे रहने वाले हैं, उनका पितृयान है। जो दुष्ट हैं वे इनमें नहीं जा सकते, यहीं अधोगति में मरते जीते रहते हैं। पापियों की चांद्रमसी गति नहीं होती, यही वाक्यार्थ है।

सू०—न तृतीये तथोपलब्धेः।३।१।१८॥

वाक्यार्थ—तृतीये स्थानेऽनिष्टादिकारिदेहारंभार्थमपि पंचमाहुत्यपेक्षा नास्ति, श्रद्धादिक्रम प्राप्तां पंचमाहुतिं विनाऽपि जायस्वेति देहरंभोपलब्धेः।

भावार्थ—तृतीय अधम स्थान में ही जीने मरने वाले दुष्ट कर्म करने वालों की देह के निर्माण के लिए उन पाँच आहुतियों की भी आवश्यकता नहीं होती, जो कि श्रद्धा आदि के क्रम से होती है। ये पापी तो जन्म कर शरीर प्राप्त करते हैं।

सू०—स्मर्यतेऽपि च लोके।३।१।१९॥

वाक्यार्थ—"जज्ञे द्रोण विनाशाय पावकादिति नः श्रुतम"[1] इत्यादिना इष्टकारिणामपि धृष्टद्युम्न प्रभृतीनां पंचमाहुतिं विनैव देहोत्पत्तिः स्मर्यते।

भावार्थ—"द्रोण के विनाश के लिए अग्नि से प्रकट हुए" इस स्मृति वाक्य से शुभ करने वाले धृष्टद्युम्न प्रभृति की पाँच आहुतिक्रम के बिना भी उत्पत्ति कही गई है।

सू०—दर्शनाच्च।३।१।२०॥

वाक्यार्थ—चतुर्विधेषु भूतेषु स्वेदजोद्भिजयोः स्त्रीपुरुष संगमंतरेणोत्पत्तिदर्शनाच्च न पंचमाहुत्यपेक्षा।

भावार्थ—जरायुज, अंडज, स्वेदज और उद्भिज इन चार प्रकार के प्राणियों में स्वेदज और उद्भिज स्त्री पुरुष संयोग के बिना ही उत्पन्न होते हैं, इसलिए इन्हें तो पाँच आहुतियों की अपेक्षा होती ही नहीं।

सू०—तृतीयशब्दावरोधः संशोकजस्य।३।१।२१॥

वाक्यार्थ—"अंडजंजीवजमुद्भिजं"[2] इत्यत्र तु तृतीयशब्देन स्वेदजस्य संग्रहो, अतः न चातुर्विध्यहानिः।

---

१. महाभारत ॥ २. छांदो० ६।३।१॥

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ--"अंडज, जीवज (जरायुज) और उद्भिज" इस वाक्य में तृतीय उद्भिज शब्द से ही स्वेदज भी समझना चाहिए, तब चार प्रकार की सृष्टि मानने में कोई हानि नहीं होगी।]उद्भिज के विकार से ही स्वेदर्ज सृष्टि होती है] ।

अधिकरण ४

सू०—तत्स्वाभाव्यापत्तिरुपपत्तेः ।३।१।२२॥

वाक्यार्थ—अवरोह प्रकारश्चिंत्यते । "अथैतमेवाध्वानं पुनर्निवर्तंते, यथेत माकाशमाकाशाद्वायुं, वायुर्भूत्वा धूमोभवति, धूमोभूत्वाऽभ्रंभवति, अभ्रंभूत्वा मेघोभवति, मेघोभूत्वा प्रवर्षति ।"[१] इत्यत्र देवादिभाववदाकाशादिभावः उत्त-साहृश्य प्राप्ति मात्रम्, इति संदेहे आकाशादिभाव प्राप्ते उच्यते, तत्साहृश्या-पत्तिरित । कुतः साहृश्य प्राप्तेरेवोपपन्नत्वात् ।

भावार्थ—लौटने के प्रकार पर विचार करते हैं। "जैसे लोग जाते हैं, वैसे ही लौटते हैं। आकाश से वायु, वायु से धूम, धूम से मेघ, मेघ से जल होकर पृथिवी में बरसते हैं।" यहाँ शंका होती है कि, जीव जैसे देवादि भाव को प्राप्त होता है, वैसे ही आकाशादि भाव को होता है अथवा उसके सदृश्य हो जाता है। उत्तर देते हैं कि आकाशादि भाव प्राप्त करता है तो लौट नहीं सकता क्योंकि मेघ सदा आकाशचारी होते हैं, (वायु भी) इसलिये आकाशादि की सदृशता प्राप्त करता हुआ जीव लौट आता है।

अधिकरण ५

सू०—नातिचिरेण विशेषात् ।३।१।२३॥

वाक्यार्थ—जीवोऽल्पेन कालेनाकाशादिवर्षांत साम्यं विजहाति पृथिवीं प्रविश्य व्रीह्यादिभावमापद्यते । अतोखलु दुर्निष्प्रपतरमिति विशेष वचनात् । व्रीह्यादि भावात् दुःखतरनिः सरणवाक्यं पूर्वत्राचिर कालिकमवस्थानं द्योतयति ।

भावार्थ—जीवात्मा, बहुत थोड़े समय में ही आकाश से वर्षा तक का मार्ग, आकाश आदि की समता प्राप्त करते हुए, पूरा करके पृथिवी में प्रविष्ट होकर गेहूँ, चावल रूप से हो जाता है। इसके बाद उसका छुटकारा, विलंब से, कष्टों को सहते हुए होता है। [पृथिवी में रहना, बाद में कुटना, पिसना, पकना चर्बण, फिर पेट में छः धातुओं के रूप में परिवर्त्तित होकर वीर्य बनना, और

---

१. छांदो० ५।१०।५॥

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

फिर माँ के गर्भ में दस महीनों तक अनेक कष्टों को सहकर जन्मना] गेहूँ, वीर्य आदि का रूप प्राप्त करने से ज्ञात होता है, कि आकाशादि मार्ग थोड़े समय में ही पूरा हो जाता है।

अधिकरण ६

सू०—अन्याधिष्ठिते पूर्ववदभिलापात् ।३।१।२४॥

वाक्यार्थ––"ते इह व्रीहियवा औषधी वनस्पतयस्तिल मासा इति जायंते"[१] तत्रान्यक्षेत्रज्ञाधिष्ठिते व्रीह्यादौ जायंते, संसर्गमात्रं प्राप्नुवंतीत्यर्थो ज्ञेयः। कुतः, आकाशादिभिरिव तेषां व्रीह्यादिभिरपि संसर्गमात्र कथनात्।

भावार्थ—"वे जीव पृथिवी में गेहूँ, जौ, औषधि, वनस्पति, तिल, उर्द आदि रूपों से उत्पन्न होते हैं।" प्रश्न होता है, कि जैसे जीव आकाशादि के संसर्ग में आता है, वैसे ही अन्न के संसर्ग में आता है अथवा अन्न ही हो जाता है? उत्तर देते हैं, कि आकाशादि के संसर्ग के समान अन्न के संसर्ग में ही आता है, ऐसा कहा गया है [उद्भिज योनि वाला नहीं हो जाता]।

सू०––अशुद्धमिति चेन्न शब्दात् ।३।१।२५॥

वाक्यार्थ—तेषां व्रीह्यादि स्थावरयोनि प्रापकं हिंसा योगाज्जयोतिष्टोमादि अशुद्धं कर्मास्तीति चेत्, ज्योतिष्टोमादिषु अशुद्धत्वं नास्ति, विधि शास्त्रात्।

भावार्थ—जीवों को जो गेहूँ आदि रूप स्थावर योनि मिलती है, क्या वह ज्योतिष्टोम आदि यज्ञों में हिंसा रूपी पाप के फलस्वरूप है? ऐसा नहीं कह सकते। ज्योतिष्टोम आदि यज्ञों में हिंसा रूपी अशुद्धता नहीं होता ऐसा शास्त्र का विधान है।

सू०––रेतः सिग्योऽथ ।३।१।२६॥

वाक्यार्थ––"योयोह्यन्नमत्ति योरेतः सिंचति तद्भूय एव भवति"[२] इति सिग्भाववत् व्रीह्यादि भावोऽपि।

भावार्थ—"जो जो अन्न आदि खाते हैं, जो जिस योनि में वीर्य सिंचन करते हैं, वैसे ही जीव को होना पड़ता है" यहाँ जैसे सिंचन का संसर्ग कहा है, वैसे ही अन्न का भी संसर्ग जीव का होता है [वस्तुतः जीव अपने कर्मानुसार मनुष्य, पशु आदि रूप से जन्म लेकर शुभाशुभ कर्मों को भोगता है।]

---

१. छांदो० ५।१०।६॥ २. छांदो० ५।१०।६॥

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०--योनेः शरीरम् ।३।१।२७।

वाक्यार्थ--योनिमाश्रित्य शरीरी भवति ।

भावार्थ—योनि का आश्रय लेकर ही जीवात्मा शरीर वाला होता है। [योनि में जाने के पूर्व तो आकाशादि के संसर्गमात्र में ही आता है जीवात्मा] इस सूत्र में स्पष्ट कहा गया कि जीवात्मा को अपवित्र स्थान द्वारा ही शरीरी होना पड़ता है, इसलिये शरीर अपवित्र है उसके प्रति आसक्ति रखना मूर्खता है। आसक्ति से वैराग्य रखते हुए, इससे एक दम छुटकारा हो जावे, ऐसा उपाय करना चाहिये ।

प्रथम पाद समाप्त

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

द्वितीय पाद

अधिकरण १

सू०—सन्ध्येसृष्टिराह हि ।३।२।१।।

वाक्यार्थ—एवं जाग्रतो जीवस्य वैराग्यार्थं संसारगतिरुदीरिता । अथ स्वप्नादि निरूप्यते । स्वप्नमधिकृत्य" अथ न तत्र रथा, रथयोगा, न पंथानो भवंति, अथरथान्, रथयोगान्, पथः सृजते ।"[१] इत्यादि श्रूयते । तत्र रथादि सृष्टिः जीवकृता, उत ब्रह्मकृता, इति संदेहे संध्ये स्वप्नस्थाने रथादिसृष्टिः जीवकृता । हि यतः "सृजते स कर्त्ता" इति श्रुतिराह ।

भावार्थ—प्रथम पाद में आत्म और अनात्म के ज्ञान के लिये, भूत और भौतिक सम्बन्ध से छूटने के लिये स्वर्ग और नरक का सम्बन्ध, जाग्रत जीवात्मा का कहा गया । और संसार की गति कही गई । अब स्वप्नादि अवस्थाओं पर विचार करेंगे (जिससे विवेक और वैराग्य दृढ़ हो जावें—

स्वप्नावस्था के लिये कहते हैं कि जिस समय मनुष्य स्वप्न देखता है, वह जाग्रत और सुषुप्ति की संधि अवस्था होती है, उस अवस्था में सुख और दुःख दोनों की अनुभूति होती है । "उस समय रथ, घोड़े और मार्ग कुछ भी नहीं होता परन्तु रथ, घोड़े और मार्ग की रचना कर लेता है" ऐसा श्रुति वाक्य है । स्वप्न में रथ आदि की सृष्टि परमात्मा करता है अथवा जीवात्मा स्वतः कल्पना-सृष्टि कर रथ पर बैठकर जाने का आनन्द लेता है, ऐसा संदेह होने पर, सन्धि स्वप्न की अवस्था में रथ आदि की सृष्टि जीव द्वारा कल्पित ही समझ में आती है, क्योंकि "जो सृष्टा है, वही कर्त्ता है ।" ऐसा कहा गया है । स्वप्नावस्था में स्थूल शरीर तो तदस्थ हो जाता है । जीवात्मा वासनामय शरीर की सृष्टि करता है और कल्पित रथ आदि का निर्माण करता है । इस संधि की अवस्था में न तो जीव इस लोक में होता है, न परलोक में ही, स्वप्न का तो लोक ही निराला होता है ।

---

१. वृहदा० ६।३।१०।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—निर्मातारं चैके पुत्रादयश्च ।३।२।२।।

वाक्यार्थ—"य एषु सुप्तेषु जागर्त्ति कामं कामं पुरुषोनिर्मिमाण[1] इति स्वप्ने एके जीवं कामानां पुत्रादि रूपाणां कर्त्तारं समामनंति इति पूर्वपक्षः ।

भावार्थ—"जो सो जाने पर भी जागता रहता है और कामना के अनुसार सृष्टि कर लेता है" इससे ज्ञात होता है कि स्वप्न में अपनी काम्यवस्तु पुत्र आदि रूपों का कर्त्ता जीवात्मा ही है। ऐसा कठोपनिषद् की एक शाखा में कहा गया है।

सू०—मायामात्रंतु कात्स्न्र्येनानभिव्यक्त स्वरूपत्वात् ।३।२।३।।

वाक्यार्थ—तत्राभिधीयते, स्वप्ने सत्य संकल्प सर्वज्ञ परमेश्वरनिर्मितमेव-रथादि कार्यजातम् । य तोह्याश्चर्यरूपं तन्न जीवकृतं, तदीय सत्यसंकल्पत्वादेर्बद्धा वस्थायां कात्स्न्र्येनानभिव्यक्त स्वरूपत्वात् ।

भावार्थ—उस पर अपना मत कहते हैं कि स्वप्न में दीखने वाले रथ आदि कार्य सत्य संकल्प, सर्वज्ञ परमेश्वर द्वारा ही निर्मित हैं। क्योंकि आश्चर्य भूत-अद्भुत वस्तुओं का निर्माण जीव नहीं कर सकता। जाग्रत अवस्था में सारी, स्वप्न में दीखने वाली वस्तुएँ छिप जाती हैं, इसलिये जीवात्मा की रचना न होकर परमेश्वर की ही रचना है।

सू०—सूचकस्य हि श्रुतेराचक्षते च तद्विदः ।३।२।४।।

वाक्यार्थ—"यदाकर्मसु काम्येषु स्त्रियं स्वप्नेषु पश्यति, समृद्धिं तत्रजानीयात् तस्मिन् स्वप्ननिदर्शने ।"[2] इति "अथ स्वप्नेषु पुरुषं कृष्णं कृष्णादंतं पश्यति स एनं हंति[3] इति श्रुतेः स्वप्नः साध्वागमासाध्वागमयोः सूचको अवगम्यते । एतदेव स्वप्नफलविदआ चक्षते । अतो बुद्धिपूर्वकेष्टागमसूचक स्वप्नादर्शनादेवा-निष्टागमसूचक स्वप्न दर्शनाच्च परमात्मैव स्वप्न रथादि निर्माता ।

भावार्थ—"जब मनुष्य काम्यकर्म का अनुष्ठान करता है, उन दिनों स्वप्न में उसे स्त्री दीखती है तब उससे उसकी काम्यसिद्धि और समृद्धि जाननी चाहिये ।" तथा "जब स्वप्न में काले दाँत वाला काला पुरुष दीखता है तो स्वप्न द्रष्टा की मृत्यु होती है ।" इन श्रुति वाक्यों से स्वप्न में ही आने वाले शुभ और अशुभ की सूचना मिलती है, ऐसा स्वप्न फल को जानने वाले बतलाते हैं। इसलिये शुभ-अशुभ की सूचना देने वाला परमात्मा ही स्वप्न में दीखने वाली

१. कठो० ३।५।८।। २. छांदो० ५।२।९।। ३. छांदो० ८।६।३।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वस्तुओं का निर्माता है। यदि जीवात्मा कल्पना करता तो शुभ ही शुभ की कल्पना करता, अशुभ की क्यों करता ?

सू०—पराभिध्यानात्तुतिरोहितं ततोह्यस्य वंध विपर्ययौ ।३।२।५।।

वाक्यार्थ—सत्यसंकल्पादिकं स्वाप्नपदार्थ निर्मातृत्वे जीवस्यावश्यमंगीकरणीयं तच्च जीवकर्मानुरूपात् परमेश्वरसंकल्पात् वद्धावस्थायांतिरोहितं तस्मादेव जीवस्य बंधमोक्षौ भवतः। "संसारबंधस्थितिमोक्षहेतुः" इति श्रुतेः।

भावार्थ—[स्वप्न जीव की मुक्तावस्था तथा जागृति बद्धावस्था है] सत्य संकल्पादि गुणों की विशेषता, स्वप्नगत पदार्थों के निर्माण में अवश्य माननी पड़ेगी। जीवात्मा के कर्मों के अनुरूप ही शुभाशुभ कर्म के सूचक स्वप्नों का निर्माण परमेश्वर अपने संकल्प से करता है। जो कि जाग्रत अवस्था में गायब हो जाते हैं। इस प्रकार सदा जीवात्मा, परमात्मा के संकल्प मात्र से बंधन और मोक्ष प्राप्त करता है। "संसार की स्थिति, बंधन और मोक्ष का कारण परमात्मा का संकल्प ही है" ऐसा वेद वाक्य है।

सू०—देह योगाद्वा सोऽपि ।३।२।६।।

वाक्यार्थ—स च तिरोभावोऽविद्यायोगद्वारेण भवति।

भावार्थ—वह जो स्वप्नगत पदार्थों का तिरोभाव (छिपना) है, वह परमात्मा की अविद्या माया के द्वारा किया जाता है (जीवात्मा का अज्ञान ही अविद्या रूप माया है)।

अधिकरण २

सू०—तदभावो नाडीषुतच्छ्रुतेरात्मनिच ।३।२।७।।

वाक्यार्थ—स्वप्न सृष्टि निर्माता परमात्मा। सुषुप्तिरपि नाडीपुरीतत्प्रेशानंतरं खलु परमात्मनि एव भवति "आसुतदानाडीषु सुप्तोभवति" "ताभिः प्रत्यवसृप्य पुरीततिशेते" य एषोऽन्तर्हृदये आकाशस्तस्मिन्शेते इति च श्रवणात्।

भावार्थ—स्वप्न सृष्टि का निर्माता तो परमात्मा ही है। सुषुप्ति अवस्था में भी जीवात्मा बहत्तर हजार नाड़ी के नगर रूपी शरीर के अन्त.करण में प्रवेश करता हुआ, परमात्मा में ही लीन हो जाता है। "जीवात्मा तब (सुषुप्ति में) नाड़ियों में सोता है।" "उन नाड़ियों को पारकर अंतःकरण की पुरी में सोता है।" "यह जो अन्तःकरण में सूक्ष्माकाश है उसमें शयन करता है।" इत्यादि श्रुति वाक्यों से सुषुप्ति अवस्था में जीवात्मा सूक्ष्माकाश रूप परमात्मा में लीन हो जाता है, ऐसा ज्ञात होता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding: IKS

सू०—अतः प्रबोधोऽस्मात् ।३।२।८।।

वाक्यार्थ—अतएव सत आगम्येत्यादौ श्रूयमाणं परमेश्वरादभ्युत्थान मुपपद्यते ।

भावार्थ—श्रुति वाक्यों से ज्ञात होता है कि परमेश्वर ही सुषुप्ति से उत्थान करते हैं जीवात्मा का [सुषुप्ति अवस्था प्राप्त हो स्वप्न न हो इस कामना से ही सोते समय और सोकर उठने पर परमात्मा के स्मरण का विधान किया गया है] ।

अधिकरण ३

सू०—स एव तु कर्मानुस्मृति शब्दविधिभ्यः ।३।२।६।।

वाक्यार्थ—"यः सुप्तः स एव जीव उत्तिष्ठिति, यस्मात् पूर्वेद्युः कर्मणोऽर्द्धं कृत्वा परेद्युरनुस्मृत्य तदर्द्धं करोति, ते इह व्याघ्रोवा, सिंहो वा, वृको वा, बराहो वा, मशको वा, यद् भवंति तत्तथाभवंति"[1] इत्यादि शब्देभ्यः "अग्निहोत्रं जुहुयात्, आत्मानमुपासीत् ।" इत्यादि विधिभ्यः ।

भावार्थ—[शंका होती है, कि जो जीवात्मा सुषुप्ति में परमात्मा में लीन हो जाता है, वही उठकर वद्ध अवस्था में पड़ता है, या कोई दूसरा है ?]

"जो सोता है, वही उठता है, पिछले दिन के आधे किये हुए कार्य को दूसरे दिन स्मरण कर पूरा करता है। पिछले दिनों में देखे हुए व्याघ्र, सिंह, आदि को पुनः उसी प्रकार देखता और समझता है।" इत्यादि शब्दों से तथा "अग्निहोत्र करना चाहिये, परमात्मा की उपासना करनी चाहिये ।" इन दैनिक विधियों के विधान से ज्ञात होता है कि सोना और उठना एक ही जीवात्मा का कार्य है]यही नित्य बंधन और मोक्ष है।]

अधिकरण ४

सू०—मुग्धेऽर्द्धं संपत्तिः परिशेषात् ।३।२।१०।।

वाक्यार्थ—मूर्छिते मरणार्द्धं सम्पत्तिः सुषुप्त्यादिषु मूर्छा नैकतमा, अतः परिशेषात् सा तदरिक्ता ।

भावार्थ—[अब मूर्च्छा पर विचार करते हैं] मूर्च्छा में आधी मृत्यु हो जाती है सुषुप्ति, स्वप्न, जागृति और उत्क्रांति (मृत्यु) इन चार अवस्थाओं से

---

१. छांदो० ६।१०।।२।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अतिरिक्त पाँचवीं अवस्था है। स्वप्न और जागृति से इसका मेल हो नहीं सकता क्योंकि इसमें ज्ञान का अभाव रहता है। मृत्यु में शरीर में गर्मी और प्राण नहीं रहते किन्तु मूर्च्छा में रहते हैं। सुषुप्ति में परमात्म सहवास के कारण सुखानुभूति रहती है, मूर्च्छा में नहीं। इसलिये यह भिन्न अवस्था है [सूक्ष्म प्राण और देह का सम्बन्ध अलग हो जाने पर मूर्च्छा हो जाती है।]

सू०—न स्थानतोऽपि परस्योभयलिंगं सर्वत्र हि ।३।२।११।

वाक्यार्थ—अकर्मवश्यत्वात् सर्वांतरर्वत्तिनोऽपि परमात्मनस्तत्र तत्र दोषा न संभवति इत्युपपादितमेव, स्थानतोऽपि दोषाः परस्य न, यतः सर्वत्र ब्रह्म निर्दोषत्व स्वाभाविकगुणात्मकत्वाभ्यां युक्तमाम्नातम् ।

भावार्थ—संशय होता है, कि जाग्रत, स्वप्न सुषुप्ति आदि अवस्थाओं में जीवात्मा में स्वतः दोष विद्यमान रहते हैं, क्या वह अंतर्यामी होने से परमात्मा में भी संभव हैं ? इसका निवारण करते हैं—

कर्म के वशीभूत न होने के कारण अंतरवर्त्ती होने पर भी परमात्मा में जीवगत दोषों का स्पर्श असंभव है। परमात्मा में स्वतः तो कोई दोष हैं ही नहीं, उनमें तो स्वभावतः गुण ही गुण हैं।

अधिकरण ५

सू०—भेदादिति चेन्न प्रत्येकमतद्वचनात् ।३।२।१२।[1]

वाक्यार्थ—वस्तुतोऽपहत पाप्मत्वादि युक्तस्यापि जीवस्य देहयोगेनावस्था भेददोषाः संत्येव, तथा परस्यापि भवंति इति चेन्न, प्रत्येकमंतर्यामिणो दोषापादक वचनाभावात् "एष ते आत्मांतर्याम्यमृतः"[2] इत्यमृत वचनात् ।

भावार्थ—वस्तुतः अपहत पाप्मत्वादि गुणों से युक्त होते हुए भी जीव में शरीर के संपर्क होने के कारण कर्मों के कारण दोष रहते हैं। वे ही दोष परमात्मा में भी हों ऐसा संभव नहीं है, क्योंकि प्रत्येक के अन्तर्यामी होते हुए भी वह दोषों से युक्त है, ऐसा वर्णन कहीं भी नहीं मिलता अपितु "यह तेरे आत्मा के अन्तःकरण में विद्यमान अमृत है" ऐसा अमृतत्व गुण उसका कहा गया है।

सू०—अपि चैवमेके ।३।२।१३।।

---

१. यहाँ शंकराचर्य जी ने—"भेदस्योपासनार्थत्वाद्" कह कर श्री निंबार्काचार्य प्रतिपादित उपासना तत्त्व का अनुमोदन किया है।

२. वृहदा० ५।७।३।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वाक्यार्थ—अपि च "तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्यनश्नन्नन्यो अभिचाकशीति"[१] इति एके शाखिन अधीयते ।

भावार्थ—उपनिषद् की एक शाखा में भी ऐसा ही कहा गया है, कि "परमात्मा और जीव रूपी दो पक्षी अन्तःकरण में एकत्र स्थिति होते हुए भी, कर्मवश्यता के कारण जीवात्मा तो भोक्ता है और परमात्मा कर्म से अनासक्त होने के कारण भोक्ता नहीं है । [इस प्रकार उन दोनों का भेद कहा गया है ।

सू०—अरूपवदेव हि तत्प्रधानत्वात् ।३।२।१४।।

वाक्यार्थ—"नामरूपे व्याकरवाणि"[२] इत्यस्मिन् कार्येऽपि परस्य नाम रूप निर्वाहकत्वेन प्रधानत्वाद्हेतोः स्वोत्पाद्यनाम रूप भोक्तृत्वाभावाद् ब्रह्मा-रूपवद् भवति । अतो दोष गंधाऽनाघ्रातं ब्रह्म ।

भावार्थ—"नाम रूपात्मक जगत का विस्तार किया" इस प्रसंग से नाम रूपात्मक जगत को प्रकट करने वाला परमात्मा अपने कार्य की आसक्ति और फलोपभोग से कैसे अलग रह सकता है ? इस शंका की निवृत्ति करते हैं—कि निराकार परमात्मा साकार सृष्टि अपने लिए नहीं करता, उसे उपभोग की आवश्यकता नहीं, इसलिए उसमें दोष की गंध भी नहीं है, वह बिल्कुल शुद्ध है ।

सू०—प्रकाशवच्चावैयर्थ्यात् ।३।२।१५।।

वाक्यार्थ—तम अस्पृष्टं, प्रकाशवदेवं भूतमुभयलिंगं ब्रह्म "आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्"[२] इति अनेनैकेन वाक्ये नाभिधीयते, वाक्यस्यावैयर्थ्यात् ।

भावार्थ—ब्रह्म प्रकाशवान् है, सभी को प्रकाशित करता है, किंतु प्रकाशित होने वाले पदार्थों के दोषों से अलग रहता है ऐसी उसकी द्विगुण विशेषता है ।" प्रकाशवान् और अंधकार से दूर है" ऐसा उसे एक ही वाक्य में दोनों गुणों वाला कहा है, उसके लिए यह सार्थक वाक्य है ।

सू०—आह च तन्मात्रम् ।३।२।१६।।

वाक्यार्थ—वाक्यं यावान् यस्यार्थस्तावन्मात्रमाह यदा तदा तदेव वा वैयर्थ्यं बोध्यम् ।

भावार्थ—जितना जिसका तात्पर्यार्थ होना चाहिये, यदि वह उतना ही है, तो वह सार्थक वाक्य है, अन्यथा अनर्थक ।

---

१. मुंड० ३।१।१।। २. छांदो० ६।३।२।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—दर्शयति चाथो अपि स्मर्यते ।३।२।१७।।

वाक्यार्थ—"य आत्मा अपहत पाप्मा निष्कलं, निष्क्रियं, शांतं, निरवद्यं, निरंजनं, सत्यकामः, सत्यसंकल्पः"[१] इत्यादि वाक्य गणः उभयलिंगं ब्रह्म दर्शयति । अथ स्मर्यतेऽपि "यस्माक्षरमतीतोऽहं अक्षरादपि चोत्तमः । अतोऽस्मिलोके वेदे च प्रथितः पुरुषोत्तमः[२] अहं सर्वस्य प्रभवोमत्तः सर्वं प्रवर्त्तते । अथवा वहुनैतेन किं ज्ञानेन तवार्जुन ! विष्टभ्याहमिदं कृत्स्नमेकांशेन स्थितोजगत् ।" इत्यादिना ।

भावार्थ—"जो परमात्मा, अपहत पाप्मा, निष्कलंक, निष्क्रिय, शांत, शुद्ध, निरंजन, सत्यकाम और सत्यसंकल्प है" इत्यादि वाक्यों से परमात्मा की दोनों विशेषतायें दिखलाई गईं। स्मृति में भी "मैं अक्षर तत्व से उत्तम और क्षर तत्व से अतीत हूँ, इसलिए लोक और वेद में मुझे पुरुषोत्तम कहते हैं । मैं ही सम्पूर्ण विश्व का कारण हूँ, मेरे द्वारा ही विश्व की संपूर्ण वस्तुओं का प्रवर्त्तन होता है । अथवा अर्जुन ! तुझे मेरी संपूर्ण विभूतियों को जानने की क्या आवश्यकता है ? तू तो इतना ही समझ ले कि मैं इस संपूर्ण जगत् को अपने एक अंश से धारण करके स्थित हूँ ।"[३]

सू०—अतेव चोपमा सूर्यकादिवत् ।३।२।१८।।

वाक्यार्थ—यतः सर्वगमपि ब्रह्मोभयलिंगत्वान्निर्दोषमेव । अतएव "यथाऽत्मैको ह्यनेकस्थो जलाधारेष्विवांशुमान"[४] इत्यादौ शास्त्रं ब्रह्मणोनिर्दोषत्वं ख्यापयितुं सूर्यकादिवदुपमोच्यते ।

भावार्थ—इसलिए सर्वस्थित भी ब्रह्म दोनों विशेषताओं के कारण निर्दोष है । "जैसे सूर्य की किरणें अनेक जलाधारों में दीखती हैं, वैसे ही एक परमात्मा सभी जगह प्रतिभासित होता है ।" इत्यादि शास्त्र वाक्य में ब्रह्म की निर्दोषता दिखलाने के लिये, सूर्य की किरणों की उपमा कही गई है ।

---

१. श्वेता० ६।१६।। २. गीता ।।

३. अस्थूलोऽनणुरूपोऽसाव विश्वोविश्व एव च ।

विरुद्ध धर्म रूपोऽसौ ऐश्वर्यात् पुरुषोत्तमः ।। पद्मपुराण ।

सूक्ष्म, महान्, निराकार और साकार ऐसे विरुद्ध धर्मों वाला भी यह परमात्मा ऐश्वर्य के कारण पुरुषोत्तम कहलाता है ।

४. याज्ञवल्क्य प्रायश्चित्ताध्यायाय् प्र० १४४ ।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—अंबुवद् ग्रहणात्तु न तथात्वम् ।३।२।१६।।

वाक्यार्थ—शंकते, सूर्यादम्बु सुदूरस्थं गृह्यते, तद्वदंशिनः शकासात् स्थानस्य ग्रहणात् दृष्टांत वैषम्यमिति ।

भावार्थ—शंका की जाती है कि सूर्य से जल बहुत दूर है, इसलिये हो सकता है, वह जल गत दोषों से अछूता रहे परंतु अंशी परमात्मा तो अपने अंश जीव के साथ एक ही स्थान पर रहकर कैसे दोष रहित रह सकता है ? यह उदाहरण विषम है इससे संगति नहीं बैठती ।

सू०—वृद्धि ह्लास भाक्त्वमंतर्भावादुभयसांमजस्यादेवम् ।३।२।२०।।

वाक्यार्थ—तत्राह, स्थानिनः स्थानांतर्भावात् तत् प्रयुक्त वृद्धि ह्लास भाक्त्वं दृष्टांतत्वेन निराक्रियेते, उभय सांमजस्यादेकं विवक्षितांशमात्रं गृह्यते ।

भावार्थ—ऊपर की गई शंका का निवारण करते हैं कि—जैसे सूर्य अनेक जलाशयों में प्रतिबिंबित होते हुए भी जल के वृद्धि ह्लास दोषों से स्पृष्ट नहीं होता, उसी प्रकार जीवात्माओं के सहवास में रहकर भी परमात्मा शरीर संबंधी दोषों से अश्लिष्ट नहीं हो पाता इस दृष्टांत से इतने तात्पर्य का ही प्रयोजन है ।

सू०—दर्शनाच्च ।३।२।२१।।

वाक्यार्थ—सिंह इव माणवक इति लोके दर्शनाच्चैवम् ।

भावार्थ—बालक सिंह के समान है, ऐसा लोग वीर बालक के लिये कहते हैं, इसी प्रकार सूर्य दृष्टांत से भी तात्पर्य समझना चाहिये ।

अधिकरण ६

सू०—प्रकृतैतावत्वं हि प्रतिषेधति ततो ब्रवीति च भूयः ।३।२।२२।।

वाक्यार्थ—किं "नेति नेति"[1] इति वाक्यं "द्वे वाव ब्रह्मणो रूपे मूर्त्तं चामूर्त्तं च"[2] इत्यादिना प्रकृतं मूर्त्तामूर्त्तादिरूपं प्रतिषेधयत्यथवा प्रकृतरूपयोगात् प्राप्तं ब्रह्मण एतावत्वमिति ? संदेहे रूपं प्रतिषेधतीति प्राप्ते उच्यते । प्रकृतैतावत्वमेव प्रतिषेधति, ततो भूयो न ह्येतस्मादिति नेत्यन्यत्परमस्तीत्यादि वाक्यशेषो ब्रवीति ।

भावार्थ—क्या "ऐसा नहीं, ऐसा नहीं" वाक्य "परमात्मा के दो साकार और निराकार रूप हैं" इस वाक्य में कहे गये परमात्मा के दोनों रूपों का विरोध

---

१. बृहदा० ४।३।६।। २. बृहदा० ४।३।१।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

करता है अथवा मूर्त्त से परमात्मा की जो इयत्ता दीखती है उसका निषेध करता है। एसा संदेह होने पर ज्ञात होता है कि वह इयत्ता का विरोधी वाक्य है। यह इतना ही नहीं है जितना दीखता है, इससे भी अतिरक्त कुछ है, इत्यादि उसी वाक्य के अन्त में कहा गया है।

सू०—तदव्यक्तमाह हि ।३।२।२३।।

वाक्यार्थ—"न चक्षुषा गृह्यते नापि वाचा"[1] इत्यादि शास्त्रं ब्रह्माव्यक्तम् आह।

भावार्थ--"वह नेत्र और वाणी से भी ग्राह्म नहीं है" इत्यादि वाक्य अव्यक्त परमात्मा का वर्णन करते हैं।

सू०—अपि संराधने प्रत्यक्षानुमानाभ्याम् ।३।२।२४।।

वाक्यार्थ—भक्ति योगे ध्याने तु व्यज्यते "ब्रह्म ज्ञान प्रसादेन विशुद्ध सत्वः ततस्तु तं पश्यति निष्कलं ध्यायमानः"[2] "भक्त्या त्वनन्यया शक्य अहमेवं विधोऽर्जुन ! ज्ञातुं दृष्टुं च तत्वेन प्रवेष्टुं च परन्तप"[3] इत्यादि श्रुति स्मृतिभ्याम्।

भावार्थ—[शंका होती है, कि जब वह अव्यक्त है, तब "आत्मा वा अरे दृष्टव्यः" "परमात्मा देखने योग्य है" ऐसा वाक्य उपनिषद् में व्यर्थ ही है क्या ? उत्तर देते हैं]

भक्ति योग में ध्यान द्वारा वह परमात्मा व्यक्त हो जाता है "ब्रह्म ज्ञान से विशुद्ध अंतःकरण में ध्यान करने पर उस ब्रह्म को स्पष्ट देखता है।" हे अर्जुन ! मेरी अनन्य भक्ति के द्वारा ही मेरे इस विराट् रूप को देखा जा सकता है। परंतप ! मुझे जानने, देखने और आत्मसात करने का एक मात्र साधन भक्ति ही है।" इत्यादि श्रुति और स्मृति वाक्यों से निश्चित होता है।

---

१. मुंडको० ३।१।८।। २. गीता ११।५४।।

३. ध्यातुमिच्छंति यद्रूपं भक्ताभगवतो मुने।
तदेव करुणस्तेषां प्रभुर्दर्शयतीच्छया ।। सनत्कुमार संहिता ।।

जिस रूप का साधक ध्यान करता है, परमात्मा करुणावश उसी रूप में भक्त को दर्शन देते हैं—

वासदेवे भगवति भक्तियोगः प्रयोजितः,
जनयत्याशुवैराग्यं ज्ञानं यद् ब्रह्म दर्शनम् ।। (भा० ५ स्कंध)

भगवान वासुदेव की भक्ति में अपने को लगा देने से सांसारिक विषयों की ओर से तत्काल वैराग्य हो जाता है तथा परमात्म तत्व का ज्ञान हो जाता है जिससे ब्रह्म दर्शन होता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—प्रकाशादिवच्चावैशेष्यं प्रकाशश्चकर्मण्यभ्यासात् ।३।२।२५।।

वाक्यार्थ—सूर्याग्न्यादीनां यथा तदर्थिकृत साधनाभ्यासात् आविर्भावस्तद्वद्-ब्रह्मणोऽप्यवैशेष्यं ब्रह्म प्रकाशो भवति, संराधान लक्षणादुपायाद्ब्रह्म दर्शनं भवतीत्यर्थः ।[१]

भावार्थ—सूर्य अग्नि आदि की उपासना के अभ्यास से जैसे प्रकाश प्राप्त होता है, उसी प्रकार ब्रह्म का प्रकाश दर्शन हो सकता है (जोकि अंतः करण में ही व्याप्त है । भगवान की भक्ति रूपी उपाय से ब्रह्म दर्शन होता है [सूर्य की किरणों और अग्नि के तेज को वैज्ञानिक अनुसंधानों द्वारा संगठित कर उनसे कार्य संपादन किया जाता है, वैसे ही परमात्मा के संराधन से परमात्मा का प्रकाश प्राप्त हो सकता है]

सू०—अतोऽनंतेन तथाहि लिङ्गम् ।३।२।२६।।

वाक्यार्थ—ब्रह्मसाक्षात्कारात् हेतोस्तेन सह साम्यं याति । "यदा पश्यः पश्यते रुक्मवर्णं कर्तारमीशं पुरुषं ब्रह्मयोनिं, तदाविद्वान् पुण्यपापे विधूय निरंजनः परमं साम्युपैति"[२] इति ज्ञापकात् ।

भावार्थ—ब्रह्म का साक्षात्कार हो जाने से परमात्मा की समता प्राप्त हो जाती है। "जब उपासक भक्त उपासना द्वारा अपने कारण और कर्त्ता परमात्मा के प्रकाश का आत्म साक्षात्कार करता है, तब वह विद्वान् पुण्य और पाप दोनों से छूट कर उस निरंजन की समता प्राप्त कर लेता है[3] इस वाक्य से सारूपा मुक्ति ज्ञात होती ।[४]

---

१. "संराधनं तु भक्ति ध्यान प्रणिधानाद्यनुष्ठानम्" (शंकराचार्य)
भगवद्भक्ति, ध्यान और प्रणिधान आदि के अनुष्ठान को संराधन कहते हैं ।

२. "मुक्तिर्हित्वान्यथारूपं स्वरूपेण व्यवस्थितिः"
भागवत द्वितीय स्कंध १०।६
पाप पुण्य की वासना से युक्त वद्ध रूप का नष्ट होकर अपने वास्तविक रूप को प्राप्त कर लेना ही मुक्ति (स्व = परमात्मा का रूप प्राप्त करता) है

३. अखिल देहिनामन्तरात्मदृक्" भागवत १०।३१।४
संपूर्ण शरीरी जीवों के अन्तः करण में ही दीखता है ।

४. "पस्परेणच्छुरितामलच्छवी तदेकवर्णाविव तौ बभूवतुः ।"
शिशुपालवध काव्य १।२२
आमने सामने बैठने पर भगवान श्रीकृष्ण एवं नारद जी की एक दूसरे से मिलने पर एक सी काँति हो गई [यहां नारद जीव, कृष्ण ब्रह्म हैं]

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—उभय व्यपदेशात्वहि कुण्डलवत् ।३।२।२७।।

वाक्यार्थ—मूर्त्तामूर्त्तस्याप्रतिषेध्यत्वं दृढयति, मूर्त्तामूर्त्तादिकं विश्वं ब्रह्मणि स्वकारणे स्थातुमर्हति, भेदाभेदव्यपदेशादहि कुंडलवत् ।

भावार्थ—परमात्मा के व्यक्त और अव्यक्त दोनों रूप एक साथ मानने में कोई विरोध नहीं होता इस तथ्य को दृढ़तापूर्वक बतलाते हैं। मूर्त्त और अमूर्त्त विश्व अपने कारण ब्रह्म में रह सकता है, भेदाभेद के संबंध से। जैसे कि सर्प इच्छानुसार कुंडली बनाकर बैठ जाता है और इच्छानुसार अपने को फैला देता है, उसी प्रकार परमात्मा जब संकल्प करता है, तब अपने को विस्तृत कर देता है, विश्व रूप से और जब चाहता है उस रूप को संहृत कर अपने में समेट लेता है।

सू०—प्रकाशाश्रयवद्वा तेजस्त्वात् ।३।२।२८।।

वाक्यार्थ—जीवपुरुषोत्तमयोरपि तथा संबंधो ज्ञेयो उभयव्यपदेशात्, प्रभातद्वतोरिव । अतोऽनंत्येनेत्यनेन केवल भेदो न शंक्य इति भावः ।

भावार्थ—जीवात्मा और परमात्मा में भी भेदाभेद संबंध जानना चाहिये, क्योंकि उन दोनों को एक सा प्रकाशवान कहा है। भगवद्भक्ति द्वारा उस प्रकाशवान परमात्मा के समान जीवात्मा भी प्रकाशवान् हो जाता है, तब अभेद हो जाता है उनके रूप में। जब जीवात्मा संस्कारवश मलिन रहता है तब भिन्न रहता है। जीवात्मा अनन्त है और परमात्मा एक इसलिए वह भिन्न ही है, ऐसी शंका नहीं करनी चाहिये [सारे जीव भक्ति द्वारा सारूपा मुक्ति प्राप्त कर सकते हैं, अतएव सब परमात्मा से अभिन्नता प्राप्त कर सकते हैं।

सू०—पूर्ववद्वा ।३।२।२६।।

वाक्यार्थ—कृत्स्नप्रसक्त्यादिदोषाभावश्च पूर्ववद्बोध्यः ।

भावार्थ—परमात्मा, जीव और जगत के साहचर्य से उनके दोषों से कैसे अछूता रह जाता है? इस शंका का निवारण सू० २।१।२६। में कर चुके हैं उसी से समझ लेना चाहिये।

सू०—प्रतिषेधाच्च ।३।२।३०।।

वाक्यार्थ—"न लिप्यतेलोकदुःखेन" इत्यादि प्रतिषेधाच्च न प्रकृतस्य ब्रह्मणोदोषयोगः ।

भावार्थ—"संसार के दुःखों से परमात्मा दुःखी नहीं होता" इत्यादि वाक्यों से सिद्ध है, कि परमात्मा सांसारिक दोषों से युक्त नहीं है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अधिकरण ७

सू०—परमतः सेतून्मान संबंध भेदव्यपदेशेभ्यः ।३।२।३१।।

वाक्यार्थ—पूर्वपक्षयति । अतः प्रकृतात् ब्रह्मणः परमपि किंचित्तत्वमस्ति "अथ य आत्मा सेतुः"[1] इति संबंधव्यपदेशात् । तेनेदं पूर्णं पुरुषेण सर्वं ततो यदुत्तरतरं तदरूपमनामयम्" इति भेदव्यपदेशाच्च ।

भावार्थ—[संशय किया जाता है कि परमात्मा सातिशय (सीमावद्ध) है अथवा निरतिशय (निस्सीम) है । इसका निरूपण दो सूत्रों से करेंगे]

परमात्मा को सातिशय कहने वाले पूर्वपक्ष के लोग श्रुति वाक्यों से उसे सातिशय सिद्ध करते हैं, कि प्राकृत विश्व के कारण परमात्मा में अतिरिक्त भी कुछ विशेषता है कि "वह जगत से पार करने वाला सेतु पुल है ।' ऐसा सम्बन्ध कहा गया तथा "यह सारा दृश्यमान जगत परमेश्वर से पूर्ण है, पहिले तो यह जगत परमात्मा के ही रूप में व्याप्त था ।" इसमें परमात्मा और जगत का सूक्ष्म भेद कहा गया है । इससे सिद्ध है कि जिस जगत को पार करने के लिए परमात्मा रूप सेतु की आवश्यकता है, वह उस जगत का भी महत्व है । उसे परमात्मा से भिन्न कहकर उसकी विशेषता कही गई है । इसलिए इस दृश्य-जगत का उद्धर्त्तामात्र परमात्मा है ।

सू०—सामान्यात्तु ।३।२।३२।।

वाक्यार्थ—सिद्धांतमाह । तु शब्दः पक्षनिषेधार्थः । जगतकारणात् सर्वेश्वरात्परं न किंचिदस्ति, सेतु व्यपदेशात्, तद् विधारणसारूप्यात् ।

भावार्थ—अपना पक्ष कहते हैं, अपर का पक्ष खंडन करेंगे । जगत के कारण सर्वेश्वर से अतिरिक्त कोई दूसरी विशेष वस्तु नहीं । परमात्मा की रूपता तो इसलिए दी गई है कि वह सेतु के समान मर्यादा का व्यवस्थापक है [जगत की मर्यादा का व्यवस्थापक है अतएव वह निरतिशय है । जगत तो उस परमात्मा का कार्यमात्र है अपने कार्य का व्यवस्थापक स्वयं वो ही है]

सू०—बुद्ध्यर्थः पादवत् ।३।२।३३।।

वाक्यार्थ—उन्मान व्यपदेश उपासनार्थः "मनोब्रह्मेत्युपासीतेत्यध्यात्मं तदेतच्चतुस्पाद ब्रह्म वाक पाद[2] इत्यादि पादव्यपदेशात ।

---

१. छांदो० ८।४।१।। २. छांदो ३।१८।२।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ--ऊपर के वाक्यों में जो सेतु इत्यादि रूपों से परिमितता कही गई है, वह उपासना के लिये है [क्योंकि निराकार की उपासना हो नहीं सकती]" परमात्मा की उपासना अपने अंतःकरण में मन को ही प्रतीक मानकर करनी चाहिये, उस मन के चार चरण हैं—वाणी, प्राण, चक्षु और श्रोत्र"[१] यहाँ मन के चार पैरों की कल्पना साधना के लिये की गई है उसी प्रकार परमात्मा का साकार रूप बुद्धि कल्पित है उपासना के लिये ।[२]

सू०—स्थान विशेषात् प्रकाशादिवत् ।३।२।३४।।

वाक्यार्थ--अपरिमितस्य परिमितत्वेन चिंतनं स्थान विशेषात् प्रकाशादिवदुपपद्यते ।

भावार्थ—अपरिमित (निरतिशय) परमात्मा की परिमितता (एक स्थान में सीमितता) कैसे संभव है ? इस शंका का समाधान करते हैं—

अपरिमित परमात्मा का परिमित रूप से चिंतन विशेष रूप और स्थान में किया जाता है, जैसे कि सूर्य का प्रकाश एक खिड़की अथवा एक सूराख से सरलता से देखा जा सकता है । सूर्य के सामने सीधे नेत्रों से देखने से चकाचौंध

---

१. यहाँ भगवान सूत्रकार और श्री निंबार्काचार्य जी अंतःकरण में मानसिक उपासना पर विशेष बल देते हैं ।

"स वै मनः कृष्ण पदारविंदयोर्वचांसि वैकुंठ गुणानुवर्णने
मुकुंद लिंगालय दर्शने दृशौ श्रुतिं चकाराच्युत सत्कथोदये ।"

(भागवत ९।४।१८)

मन को भगवान के चरण कमलों में, वाणी को उनके गुणानुवाद में, नेत्रों को भगवान की मूर्त्ति के दर्शन में और कानों को परमात्मा की कथा में लगा देना चाहिये । प्राण का संयोग होना ही चाहिये । यह भक्ति योग का सिद्धांत है ।

२. रूपं रूपविवर्जितस्य भवतो ध्यानेन यत् कल्पितं,
स्तुत्याऽनिर्वचनीयताऽखिलगुरो दूरीकृता यन्मया ।
व्यापित्वं च निराकृतं भगवतो यत्तीर्थ यात्रादिना,
क्षंतव्यं जगदीश ! तद्विकलतादोषत्रयं मत्कृतम् ।। (वेदव्यास)

निराकार आपके रूप की कल्पना ध्यान के लिए की तथा स्तुति के द्वारा आपकी अनिर्वचनीयता दूर की, तीर्थों की यात्रा का विधान कर आपकी सर्वव्यापकता का निराकरण किया । इस प्रकार मैंने जो तीन पाप किये हैं उसके लिये क्षमा चाहता हूँ ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

हो जावेगा, देखना असंभव है। उसी प्रकार एक मूर्त्ति के अवलंब से परमात्मा की उपासना सरलता से संपन्न होगी। अपरिमित की उपासना हो नहीं सकती [आँख, कान, वाणी और प्राण को संयत करने के लिये मन को प्रतीक मान कर सर्वप्रथम मन को ही परमात्मा में लीन करने की चेष्टा करने से परमात्म-चिंतन सरलता से हो सकता है]

सू०—उपपत्तेः ।३।२।३५॥

वाक्यार्थ—स्वस्य स्व प्रापकतया संबंधव्यपदेशोपपत्तेश्च तत्वांतराभावः।

भावार्थ—परमात्मा स्वयं ही प्राप्य (प्राप्त करने योग्य परं तत्व तथा स्वयं ही प्रापक (प्राप्त करने वाला) है, ऐसा मानकर उसकी परिमितता नहीं मानी जा सकती। परमात्मा आत्माराम, आप्तकाम है उसे प्रापक नहीं कहा जा सकता। अपूर्ण जीवात्मा ही अपूर्ण होने के नाते परमात्मा से पूर्णता प्राप्त करने का इच्छुक हो सकता है। परमात्मा और जीवात्मा का प्राप्य प्रापक भाव भिन्नाभिन्न है, पूर्ण अभिन्न नहीं। प्रापक जीव जब प्राप्य की समता प्राप्त कर लेता है, तभी वह 'साम्य भाव से अभिन्न है। ब्रह्म ही एकमात्र प्राप्य है।

सू०—तथान्य प्रतिषेधात् ।३।२।३६॥

वाक्यार्थ—तथा "ततो यदुत्तरतरम्"[1] इति भेद व्यपदेशात् ब्रह्मेतरं तत्व-मस्तीति न वाच्यं, "यस्मात् परं नापरमस्ति किंचित्"[2] इति प्रतिषेधात्।

भावार्थ—तथा "परमात्मा का जो श्रेष्ठ स्वरूप है वह रूप और नाम से भिन्न है" इससे परमात्मा से कोई भिन्न भी तत्व है, ऐसा नहीं समझना चाहिये।" उससे परे कोई भी तत्व नहीं है" ऐसा कहकर अन्य का प्रतिषेध किया गया है।[3]

सू०—अनेन सर्वगतत्वमायामशब्दादिभ्यः ।३।२।३७॥

वाक्यार्थ—अनेन परब्रह्मणः सर्वगतत्वं दृढीकृतं। "तेनेदं पूर्णं पुरुषेण सर्वं,[4] ब्रह्मैवेदम् सर्वं" इत्यादि शब्देभ्यः।

---

१. श्वे० ३ अ० १०।   २. श्वे० ३ अ० ९।
३. "मत्तः परतरं नान्यत् किंचिदस्ति धनंजय।" (भगवद्गीता) "मुझसे श्रेष्ठ कोई भी नहीं है"   ४. बृहदा० ४।५।१।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ—परमात्मा की व्यापकता "यह सारा जगत परमात्मा से पूर्ण है, यह सारा ब्रह्म है" इत्यादि शब्दों से दृढ़ की गई है।

अधिकरण ८

सू०—फलमत उपपत्तेः ।३।२।३८।।

वाक्यार्थ—अतो ब्रह्मण एव तदधिकारिणां तदनुरूपं फलं भवत्यस्यैव तद्दातृत्वोपपत्तेः।

भावार्थ—इसलिए परमात्मा ही जिस फल का जो अधिकारी है, उसे तदनुरूप ही फल देते हैं। क्योंकि वह सर्वज्ञ है, उनमें फल देने की सामर्थ्य है।[1]

सू०—श्रुतत्वाच्च ।३।२।३९।।

वाक्यार्थ—"स वा एष महानज आत्माऽन्नादो वसुदान, एष ह्येवानंदयति' तत्फलदत्वस्य श्रुतत्वाच्च।[2]

भावार्थ—"वही महान् अजन्मा परमात्मा अन्न और धन देकर जीवात्मा को आनंदित करता है" इस वेद वाक्य से उसकी फल देने की कृपालुता सिद्ध है।

सू०—धर्मं जैमिनिरत एव ।३।२।४०।।

वाक्यार्थ—धर्मं फलहेतुं जैमिनिर्मन्यते, कृष्णादिवत्तस्यैव तद्हेतुत्वोपपत्तेः "यजेत स्वर्गकामः"[3] इति तद् हेतु श्रवणाच्च।

भावार्थ—धर्मशास्त्र के प्रणेता जैमिनि धर्म को फल का हेतु मानते हैं। जैसे कि बीज वपन करने से अन्न मिलेगा वैसे ही धर्म करने से उत्तम फल मिलेगा। "स्वर्ग की कामना से यज्ञ करना चाहिये" ऐसा फल का हेतु यज्ञ रूपी धर्म का वेद वर्णन करते हैं।

सू०—पूर्वं तु बादरायणो हेतु व्यपदेशात् ।३।२।४१।।

---

१. "कर्मण्येवाऽधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।" (भगवद्गीता)

कर्म करने में अर्जुन तेरा अधिकार है, फल में नहीं (फल मेरे आधीन है)

२. बृहदा० ६।४।२४।। तै० आ० ७।१। ३. यजुषि २।५।५।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वाक्यार्थ—तु शब्द पक्ष निरासार्थः । फलदं पूर्वोक्तं परमात्मानं वेदाचार्यो मन्यते । "पुण्येन पुण्यं लोकं नयति" यमेवैष वृणुते तेन लभ्यः इति च परस्य तद्हेतु व्यपदेशात् ।

भावार्थ—मीमांसाशास्त्र का मत ब्रह्मवेत्ताओं को स्वीकार नहीं है। फल का दाता परमात्मा ही है, ऐसा ब्रह्मविद वेदाचार्य भगवान बादरायण व्यास (सूत्रकार) मानते हैं। "पुण्य करने वाले को पुण्य लोक देते हैं।" जो कुछ जीवात्मा चाहता है वह परमात्मा से प्राप्त है।" इन वाक्यों में परमात्मा को ही फल का दाता माना गया है।[1]

द्वितीय पाद समाप्त

---

१. साधक को भगवत्कृपा रूपी भक्ति प्राप्त होना ही महान् फल प्राप्ति है—

"स्वयं फल रूपेति ब्रह्म कुमाराः" (नारद भक्ति सूत्र ३०) भक्ति स्वयं फल रूपा है, ऐसा सनकादिमुनि देवर्षि नारद और निंबार्काचार्य का मत है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

तृतीय पाद

अधिकरण १

सू०—सर्ववेदांत प्रत्ययं चोदनाद्य विशेषात् ।३।३।१।।

वाक्यार्थ—अनेकत्र प्रोक्तमुपासनं एक चोदनाद्यविशेषात् ।

भावार्थ—इस पाद में ब्रह्म विद्या का परमात्मा से भेदाभेद संबंध है इसका निर्णय करेंगे—

उपनिषदों के अनेक स्थानों पर एकमात्र परमात्मा ही उपास्य हैं। अनेक उपायों द्वारा एक ही उपास्य हैं। ब्रह्म विद्या के अनेक रूपों से (जो कि उपनिषदों में भिन्न नामों से वर्णन की गई है) ज्ञात होता है।

सू०—भेदान्नेति चेदेकस्यामपि ।३।३।२।।

वाक्यार्थ—विद्यायां पुनः श्रुत्या वेद्य भेदान्न विद्यैक्यमिति चेत् ,क्वचित् प्रकरण शुद्ध्यर्थमेव अस्यामपि विद्यायां पुनरुक्त्याद्युपपत्तेः ।

भावार्थ—एक ही ब्रह्म विद्या को पुनः पुनः शांडिल्य विद्या, उपकोशल विद्या, सद् विद्या, भूमा विद्या, दहर विद्या आदि रूपों से वर्णन किया गया है, परन्तु उन सभी का लक्ष्य वेद्य (जानने योग्य) परमात्मा ही है। उसमें भेद नहीं है। इसलिए सारी विद्यायें एक ही हैं। कहीं कहीं एक ही विद्या उपनिषद में बार बार कही गई है। उसमें श्रोता और वक्ता का भेद है।

सू०—स्वाध्यायस्य तथात्वे हि समाचारेऽधिकाराच्च सववच्च तन्नियमः ।३।३।३।।

वाक्यार्थ—यच्चाथर्वणे "तेषामेवैतां ब्रह्म विद्यां वदेत शिरोव्रतं विधिवद्यैस्तुचीर्णम्"[1] इति शिरोव्रतं तदपि विद्या भेदकं न, यतः स्वाध्यायाध्ययनांगतया शिरोव्रतं विधीयते। तस्याध्ययनांगत्वेसति आथर्वणिकेतराग्राह्यतया तन्निय-

---

१. मुंड० ३।२।१०।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मोऽस्ति । यतः समाचाराख्ये ग्रंथेऽपि वेदव्रतत्वेन शिरोव्रतमामंनति "नैतदचीर्ण व्रतो अधीते"[१] इति वचनाच्च सौर्यादिहोमवच्च तन्नियमः संगत एव ।

भावार्थ—जिसे अथर्वरण में, "जो इस ब्रह्म विद्या को कहता है, मानों शिर पर अंगार रखता है," शिरोव्रत कहा है, वह कोई विद्या का भेद नहीं है । अपितु जिसका स्वाध्याय और अध्यापन एक महान दायित्वपूर्ण है, इसलिए वह शिरोव्रत (मूर्धन्य) है । अथर्वरण के अतिरिक्त भी इसको इसी रूप में वर्णन करते हैं । जैसे कि जहाँ कर्त्तव्य कर्म का वर्णन है, उस ग्रंथ में भी वेद व्रत के रूप में इसी प्रकार के शिरोव्रत को कहा गया है "अनधिकारी को इस शिरोव्रत ब्रह्मविद्या का उपदेश मत दो ।" सौर्यादि महान यज्ञों के समान इस विद्या का विशेष नियम है ।

सू०—दर्शयति च ।३।३।४।।

वाक्यार्थ—"सर्वेवेदा यत्पदमामनंति"[२] इति श्रुतिर्दर्शयति च विद्यैकम् ।

भावार्थ—"सारे वेद उस परमात्मा के परंपद का प्रतिपादन करते हैं" इस वेदवाक्य से सारी विद्यायें एक हैं, यह निश्चित होता है [क्योंकि परं पुरुष परमात्मा ही एक मात्र वेद्य तत्व है]

सू०—उपसंहारोऽर्थाभेदात् विधि शेषवत्समाने च ।३।३।५।।

वाक्यार्थ—विद्यैक्ये सति गुणोपसंहारः कर्त्तव्यः, प्रयोजनाभेदात् अग्निहोत्रादि विधि विशेषवत् ।

भावार्थ—सारी विद्यायें एक हैं, इसलिए एक विद्या से दूसरी विद्या में एकता मानकर उनके फल को भी एक मानना चाहिये । क्योंकि सभी का अर्थ अलग होते हुए भी प्रयोजन एक है । जैसे कि अग्निहोत्र की शाखाओं के अनुसार विधियाँ अनेक हैं पर प्रयोजन एक हैं ।

अधिकरण २

सू०—अन्यथात्वं शब्दादित चेन्नाविशेषात् ।३।३।६।।

वाक्यार्थ—"अथ हेममासन्यं प्राणमूचुस्त्वं न उद्गाय"[३] इति "तथेति तेभ्य एष प्राण उद्गायति"[४] इति वाजसनेयके श्रूयते, "अथह्य एवायं मुख्य

---

१. मुं० ३।२।११ ।। २. कठो० २।१५।। ३. वृहदा० १।३।७।।
४. छां० १।२।७।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

प्राणस्तमुपासां चक्रिरे"[1] इति छांदोग्ये च श्रूयते । किमत्रविद्यैक्यं उत तद्भेदः, इति संशयं विद्यैक्यमिति ।

ननु प्राणस्य वाजसनेयके "त्वं न उद्गाय" इति कर्त्तृकत्वं, छांदोग्ये च "तमुद्गीथम्" इति कर्मत्वमधीयते, अतो विद्यानानात्वमिति चेन्न, उपक्रमेऽविषात् । "उद्गीथेनात्ययाम उद्गीथमाजहुरनेनैनानभिहनिष्याम् उद्गीथस्यै वोपास्यत्व प्रतीतेः । तस्मादुभयत्र विद्यैक्यमिति प्राप्तम् ।

भावार्थ—"देवताओं ने मुँह में रहने वाले वाणी रूप प्राण से कहा तुम हमारे लिए उद्गान करो ।" ऐसा कहने पर "उस वाणी रूप प्राण ने उद्गान किया ।" ऐसा वर्णन वाजसनेय उपनिषद् में मिलता है । "तब देवताओं ने मुख्य प्राण की उपासना की" ऐसा छांदोग्य में वर्णन है । तो इन दो स्थलों में कही गई विद्या एक है, अथवा भिन्न ऐसा संशय होता है । विचार करने पर ज्ञात होता है, कि दोनों एक ही हैं । क्योंकि वृहदारण्यक में जिस प्राण के उद्गान की कामना की गई, वह प्राण उद्गाता कर्ता रूप से कहा गया छांदोग्य उपनिषद् में उसी प्राणतत्व को भजते हैं (उपासना करते हैं) इसलिये विद्या में भेद नहीं है । दोनों का मार्ग एक ही है ।" उद्गीथ (सभी शुभ कर्मों में सर्व प्रथम गाया जाने वाला) ॐ (प्रणव) को ध्येय बनाकर उपासना की," उन देवताओं का ध्येय था कि हम—"इस अनुष्ठान द्वारा असुरों को परास्त कर देंगे ।" इस प्रसंग से ज्ञात होता है कि उद्गीथ ही एक मात्र उपास्य रूप से कहा गया है । इसलिए दोनों स्थानों पर एक ही उपासना कही गई है ।

सू०—न वा प्रकरण भेदात् परोवरीयस्त्वादिवत् ।३।३।७।।

वाक्यार्थ—तत्रोच्यते, न विद्यैक्यम् "ओमित्येतदक्षरमुद्गीथमुपासीत्"[2] इत्युद्गीथे प्रणवमुपास्यं प्रक्रम्योद्गीथमाजह्रुरिति वचनात्, तदवयवभूतः प्रणवः प्राणदृष्टेर्विषयः छांदोग्ये विहितः । वाजसनेयके "अविशेषेण उद्गीथे नात्ययाम" इत्युपक्रम्य माकृत्स्नोद्गीथः प्राण दृष्टेर्विषयः । इत्थं प्रक्रम भेदात् विद्याभेद एव सिद्धयति । यथोद्गीथावयवे प्रणवे परमात्म दृष्टि विधानाविशेषेऽपि हिरण्यमय पुरुष दृष्टि विधानात् परोवरीयस्त्वादि गुण विशिष्ट विधानमन्यत् ।

---

१. छां० ।१।२।१।। २. छां० १।१।१।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ—इस पर लोग कहते हैं, कि दोनों स्थलों पर कही गई विद्या भिन्न है। "ॐ इस अक्षर की उद्गीथ शब्द वाच्य परमात्मा रूप से उपासना करनी चाहिये इसमें उद्गीथ का तात्पर्य प्रणव की उपासना है। इसके बाद उद्गीथ तत्व का विवेचन प्रारम्भ करते हैं, उस प्रकरण में आठ रसों का वर्णन है उसमें एक प्रधान अंग प्रणव रस है, वह प्राणों द्वारा साक्षात्कार का विषय कहा गया है। बृहदारण्यक में संपूर्ण उद्गीथ ही उपास्य है" इस विधान में सारी उद्गीथ विद्या ही आत्म साक्षात्कार का विषय कहा गया है (जिसमें इंद्रियों की वृत्तियों का संयम भी है) इसलिए दोनों के प्रक्रम में भेद होने से विद्या में भी भेद है। जैसे कि उद्गीथ विद्या का अवयय प्रणव परमात्म दृष्टि से उपास्य कहा गया है वैसे ही संपूर्ण उद्गीथ विद्या परमात्म दृष्टि से उपास्य कही गई है। दोनों के प्रकार और फल में भी भेद होगा।

सू०—संज्ञातश्चेत्तदुक्तमस्ति तु तदपि ।३।३।८।।

वाक्यार्थ—"संज्ञातो विद्यैक्यमिति चेत्तस्याः दुर्बलत्वं" न वा प्रकरण भेदात् इत्यनेनोक्तम्, संज्ञकत्वं तु विधेयभेदेऽप्यस्ति। यथा अग्निहोत्र संज्ञा नित्याऽग्निहोत्रेकुंडपायिनामयनाग्नि होत्रे च।

भावार्थ—संज्ञा से (नाम से) दोनों एक ही हैं पर प्रकरण भेद के साथ विधि में भी भेद है। जैसे कि अग्निहोत्र यज्ञ संज्ञा से एक होते हुए भी कुंडपायि अग्नि होत्रियों का भिन्न ही विधान है।

सू०—व्याप्तेश्च समंजसम् ।३।३।९।।

वाक्यार्थ—छांदोग्ये सर्वासूद्गीथ विद्यासु प्रथमं प्रस्तुतस्य प्रणवस्योपास्यत्वेन व्याप्तेः "उद्गीथमाजह्रुः" इति मध्यगतस्योद्गीथ शब्दस्यापि प्रणव विषयत्वं समंजसमं। छांदोग्ये उद्गीथावयवः प्रणवः, वाजसनेयके कृत्स्नोद्गीथः प्राणदृष्ट्योपास्य इति विद्याभेदः।

भावार्थ—छांदोग्य उपनिषद् में अलग अलग स्थानों में कही गई उद्गीथ विद्याओं में, सर्व प्रथम जो प्रणव को उद्गीथ रूप से कहा गया है, उसी का वर्णन है। क्योंकि बीच में ही कहते हैं कि अब हम प्रणव तत्त्व का विवेचन करेंगे जो कि उद्गीथ शब्द के प्रणव का द्योतक है। इस प्रकार संपूर्ण छांदोग्य में प्रणव की उपासना समान रूप से कही गई है। परंतु उद्गीथ के अवयव रूप से ही छांदोग्य में प्रणव की उपासना है। और वाजसनेय बृहदारण्यक में संपूर्ण उद्गीथ संपूर्ण प्राणों की उपासना परमात्म दृष्टि से करने का विधान है। इस प्रकार दोनों में विद्याभेद है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अधिकरण ३

सू०—सर्वाभेदादन्यत्रेमे ।३।३।१०।।

वाक्यार्थ—छांदोग्ये, वाजसनेयके च प्राणसंवादे ज्यैष्ठ्य श्रैष्ठ्यगुणोपेत प्राण उपास्यतया वागादयो वसिष्ठत्वादि गुणका उक्ता: ते च गुणा: प्राणे समर्पित: । कौषीतकी प्राण संवादे तु वागादीनां गुणा: उक्ता:, न तु प्राणे समर्पिता: । तत्रोच्यते—अन्यत्र कौषतकी प्राण संवादेऽपि प्राण संबंधित्वेन ते उपादेया: । ज्यैष्ठ्यश्रैष्ठ्य निमित्तस्य वागादीनां प्राणायत्तत्वादे: सर्वत्रैक्यात् ।

भावार्थ—छांदोग्य और वाजसनेयक वृहदारण्यक में प्राणतत्त्व का जहाँ वर्णन किया गया है, वहाँ ज्येष्ठ और श्रेष्ठ गुणों से युक्त प्राण को उपास्य रूप से तथा वाणी आदि इंद्रियों के गुण उसमें उत्कर्ष करने वाले कहे गये जो कि प्राण में ही समर्पित हो जाते हैं। कौषीतकि ब्राह्मणोपनिषद् में जो प्राण का वर्णन किया गया है, वहाँ वाणी आदि का गुण तो कहा गया है, पर वे प्राणों के समर्पित नहीं कहे गये। उस पर कथन ये है कि—कौषीतकी में प्राण तत्त्व के वर्णन में वाणी आदि के गुण प्राण से संबंधित होने के कारण उपादेय हैं। ज्येष्ठ और श्रेष्ठ होने के कारण वाणी आदि के गुण प्राण के अधीन हैं। इसलिये सब एक हैं। [इस प्रकार विद्यायें भिन्न और अभिन्न भी हैं। ध्येय एक होने के कारण सब अभिन्न हैं और विधि में भेद होने के कारण भिन्न हैं। इस प्रकार भिन्नाभिन्न है][1]

---

१. उत्तररामचरित के लेखक भवभूति ने उद्गीथ विद्या को निगमांत विद्या कहा है [द्वितीय अंक ३ श्लोक]

सामवेद में इस तत्त्व का गान किया है [सामवेद की उपनिषदों में इनका वर्णन है]

उद्गीथ विद्या में चित्त की वृत्तियों के विरोध के साधनों का वर्णन है। जिसे पतंजलि ने योग कहा है। वृत्तियों के निरोध से जीवात्मा की अपने स्वरूप में स्थिति हो जाती है (तदाद्रष्टु: स्वरूपेऽवस्थानम् समाधिपाद सू० ३) (मुक्ति-हित्वाऽन्यथारूपं स्वरूपेण व्यवस्थिति: —भागवत २।१०।६) पीछे भी ३।२।२६ सूत्र में क्लिष्ट और अक्लिष्ट वृत्तियों के फल जो पाप और पुण्य हैं उनसे छूटकर परमात्मा के समान स्वरूप को प्राप्त हो जाता है। ऐसा कहा गया है। वृत्तियों का निरोध अभ्यास और वैराग्य से कहा गया है (अभ्यास वैराग्याभ्यां

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अधिकरण ४

सू०—आनंदादयः प्रधानस्य ।३।३।११।।

वाक्यार्थ—सर्वत्र गुणिनोऽभेदानंदादयो गुणाः परविद्यासूपसंहर्त्तव्याः

तन्निरोधः—योगसूत्र १।१२) (अभ्यासेन तु कौंतेयवैराग्येण च गृह्यते—गीता)
केशिध्वज ने अपने योगदर्शन में योग का यही तात्पर्यार्थ किया है—

"आत्म प्रयत्न सापेक्षा विशिष्टा या मनोगतिः,

तस्या ब्रह्मणि संयोगो योग इत्यभिधीयते ।" (विष्णु पु० ६।७।३१)

क्लिष्ट अक्लिष्ट आत्मवृत्तियों को प्रयत्नपूर्वक रोकने पर जो विशेष शुद्ध निर्विकार मनोगति होती है उसे परमात्मा के साथ संयुक्त कर देने को ही योग कहते हैं [इस योग के फलस्वरूप ही परमात्मा की साम्यावस्था प्राप्त होती है]

उद्गीथ विद्या में इस तथ्य का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण किया गया है अंतःकरण की क्लिष्ट अक्लिष्ट प्रवृत्तियाँ, देव और असुर रूप हैं । जिनमें देव (अक्लिष्ट वृत्ति) कम हैं और असुर (क्लिष्ट वृत्ति) अधिक हैं। उन प्रबल असुरों को पराजित करने के लिये अपनी इंद्रियों का उद्गान (विश्लेषण) किया गया । देव और असुर दोनों सौतेले भाई हैं। इन दोनों का सदा संघर्ष चलता रहता है । देवों ने क्रमशः वाक्, घ्राण, चक्षु, श्रोत और मन का विश्लेषण किया परंतु इन्हें भी असुरों ने अपनी भावना से पापरूप कर दिया तो इनमें जो वाणी के कटु भाषणादि घ्राण के अशुभ सांसारिक आसक्ति के करने वाले उत्तेजक पदार्थों के समूहों का आघ्राण चक्षु द्वारा आसक्ति कारक अश्लील पदार्थ दर्शन, श्रोत द्वारा निंदा श्रवण आदि उत्पन्न हुए जोकि आसुरी संपत्ति हैं तथा विश्लेषण द्वारा जो इन वाणी आदि के शुभ कार्य हैं, वो दैवी संपत्ति हैं । मन के शुभ संकल्प दैवी तथा काम, क्रोध, लोभ, वैर, हिंसा आदि अशुभ संकल्प आसुरी हैं । अंत में प्राण तत्त्व का विश्लेषण करने पर उसकी दृढ़ता सिद्ध हो गई, उसमें क्लिष्ट वृत्तियों (असुरों) का असर नहीं हो सका । इसलिए इस निष्कलंक प्राण तत्व की उपासना का ही विधान किया गया है । इस प्राण के अधीनस्थ वाणी आदि की वृत्तियाँ हैं । जब इस प्राण को परमात्मा में अहर्निश लीन कर दिया जावे तो वाणी आदि की वृत्तियाँ स्वतः शुद्ध हो जावेंगी । यह प्राण ही शरीर में श्वास प्रश्वास से निरंतर प्रवाहित रहता है । इस प्राण का आयाम (अवरोध) प्राणायाम, योग दर्शन का मुख्य साधन है । इस श्वास प्रश्वास में निरंतर प्रणव का जप चलना चाहिये, वही

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ--गुणी परमात्मा के आनन्दत्व, सर्वज्ञत्व, आदि गुण जो कि ब्रह्म से अभिन्न हैं, सभी विद्याओं में मिलते हैं। इसलिए सभी का एक ही ध्येय है, सभी अभिन्न हैं।

उसका भक्तियोग का प्राणायाम है। गीता में इसीसे "यज्ञानां जप यज्ञोऽस्मि" (यज्ञों में मैं जप यज्ञ हूँ) ऐसी जप को प्रधानता दी गई है। प्रणव कृष्ण वासुदेव का स्वरूप है (ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म व्याहरन् मामनुस्मरन्) गीता ८।१३ इस प्रणव का जप वाणी आदि सभी द्वारों के संयम से ही चलता है (सर्वद्वाराणि संयम्य मनोहृदि निरुध्य च) गीता ८।१२। देवभाव को प्राप्त कराने वाला प्राणतत्व सभी अंगों का सार है जोकि पोषक रस है। इसीलिये यह आंगिरस है। इस आंगिरस के निकल जाने से यह शरीर शून्य हो जाता है। इस आंगिरस का भी सार रस आंगिरस से प्रसक्त कृष्ण है जिसे उपनिषद् में आंगिरसगोत्री गोपालक श्रीकृष्ण कहा गया है। यही वह रस है जिसे प्राप्तकर जीवात्मा आनंदित होता है (रसो वै सः रसह्येवायं लब्ध्वाऽनंदी भवति) इस रस का अवगाहन (रति) ही मुक्ति है। श्रीकृष्ण ही पुरुषोत्तम वासुदेव हैं। वासन्+अव+असुदेव=वासुदेव = प्राण का स्वामी और आधार तत्त्व। इन वासुदेव पुरुषोत्तम की उपासना ही भगवान श्री निंबार्काचार्य जी का मुख्य सिद्धांत है जिसको वह निरंतर करने की आज्ञा देते हैं—

उपासनीयं नितरांजनैः सदा, प्रहाणयेऽज्ञानतमोऽनुवृत्तेः।
संनंदनाद्यैर्मुनिभिस्तथोक्तं, श्रीनारदायाखिल तत्त्व साक्षिणे॥

"तम के अनुवर्त्ती तामस गुण युक्त आसुरी भावों को जो कि ज्ञान के प्रतिरोधी हैं, नष्ट करने के लिए जीवों को एकमात्र भगवान श्री कृष्ण की निरंतर उपासना करनी चाहिए, ऐसा ब्रह्म विद्याओं के तत्त्व को जानने वाले सनंदनादि मुनि ने श्री नारद को उपदेश दिया है।" [उनसे मैंने प्राप्त किया मैं आपसे अनुरोध करता हूँ कि आप भी करें] भगवान निंबार्काचार्य ने जिस भगवन्नाम तत्त्व की उपासना का आदेश दिया वही कीर्त्तन है। यह कीर्त्तन ही उद्गीथ विद्या है। इसी आचार्य चरण की प्रतिपादित उपासना को महाप्रभु श्री चैतन्य देव ने बड़े सुन्दर ढंग से कहा है—

चेतो दर्पणमार्जनं भव महादावाग्नि निर्वापणं।
श्रेयः कैरव चंद्रिका वितरणं विद्यावधू जीवनं॥

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—प्रियशिरस्त्वाद्य प्राप्तिरुपचयापचयौ हि भेदे ।३।३।१२।।

वाक्यार्थ—परस्वरूपगुरग प्राप्तौ प्रियशिरस्त्वादीनां प्राप्तिस्तुनेष्यते, शिर ग्राद्यवयव भेदे सति ब्रह्मरगयुपचयापचय प्रसंगात् ।

ग्रानंदांबुधिवर्द्धनं प्रतिपदं पूर्णामृतास्वादनं ।
सर्वात्मनस्नपनं परं विजयते श्री कृष्ण संकीर्त्तनं ।।

"चित्त रूपी दर्पण में जो ग्रासुरी भाव की धूलि जमी है उसको स्वच्छ करने वाला, त्रितापों की जो ज्वाला दावाग्नि रूप से व्याप्त है उसे शांत करने वाला, मोक्ष रूपी चाँदनी का विस्तार करने वाला, ब्रह्म विद्या का एकमात्र जीवन, ग्रानंद के समुद्र को बढ़ाने वाला, प्रतिपग पर पूर्णामृत का ग्रास्वादक, सम्पूर्णरूप से ग्रन्तःकरण को स्वच्छ कर जीवात्मा को स्वरूप प्राप्त कराने वाला, श्री कृष्ण का संकीर्त्तन सदा जीवन संग्राम में विजय कराने वाला है।"

इस प्रकार श्री कृष्ण रति को बढ़ाने वाले जप ग्रौर कीर्त्तन को ही उद्गीथ समझना चाहिये । स्वयं ब्रह्म विद्या भी कृष्ण-रति के लिये तप करती है—

ब्रह्मविद्याहमतुला, योगीन्द्रैयाचमृग्यते,
साहं हरिपदांभोज काम्यया सुचिरं तपः
चराम्यस्मिन् वने घोरे ध्यायंती पुरुषोत्तमं,
ब्रह्मानंदेन पूर्णाहं तेनानंदेन तृप्तधीः ।
तथापि शून्यमात्मानं मन्ये कृष्ण रतिं विना ।

पद्म पुराण पाताल खंड ७२।३०।३२।।

"मैं वह ग्रनुपम ब्रह्म विद्या हूँ, जिसका योगीन्द्र लोग ग्रन्वेषण करते हैं। पर मैं हरि के चरण कमल की भक्ति की कामना से दीर्घकाल से तप कर रही हूँ ग्रौर इस घोर वन में पुरुषोत्तम श्री कृष्ण का ध्यान करती हुई घूमती हूँ । मैं ब्रह्मानन्द से पूर्ण हूँ, मेरी बुद्धि भी उस ग्रानन्द से तृप्त है, फिर भी भगवान श्री कृष्ण की रति के विना ग्रपने को शून्य सी ग्रनुभव करती हूँ ।"

इस उपासना से जब चित्त की वृत्तियाँ क्षीण हो जाती हैं, तब काम ग्रादि तो समाप्त हो ही जाते हैं, उनके बीज भी दग्ध हो जाते हैं जैसा कि स्वयं भगवान गोपियों से कहते हैं—

न मय्यावेशितधियां कामः कामाय कल्पते ।
भर्जिता क्वथित' धानाः प्रायोबीजाय नेष्यते ।। भागवत १० स्कंध

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ—सारे के सारे गुण ब्रह्म में समान रूप से व्याप्त हैं, इसलिए उनको सभी जगह पृथक्-पृथक् गिनाया जाय इसकी आवश्यकता नहीं। एक गुण भी कह देने से सभी गुण समझ में आ जाते हैं। जैसे कि तैत्तरीय में "सिर उसका प्रिय है, मोद दक्षिण पंख है, प्रमोद उत्तर पंख है।" इस प्रकार उसके पृथक् गुण कहे जो कि, सभी समान हैं। इन गुणों के आधार पर परमात्मा में वृद्धि या क्षय है, ऐसा नहीं कहा जा सकता। सिर सबसे ऊपर है, इसलिए उसे प्रधान रूप से कहा गया, इससे यह नहीं समझना चाहिए कि ऊँचा या नीचा कहा गया है। विद्याओं में जो गुण जिसमें कहा गया वह सब परमात्मा का है।

सू०—इतरेत्वर्थ सामान्यात् ।३।३।१३।।

वाक्यार्थ—आनन्दादयस्तु गुणाः गुणिन सर्वत्रैक्यादुपसंह्रियंते।

"मेरे में अपनी बुद्धि को लगा देने वाले उपासक की कामना अंकुरित नहीं होतीं, जैसे कि भुने और उबले हुए धान्य में अंकुर संभव नहीं है।" ऐसे उपासक के सारे प्राण पुरुषोत्तम श्री कृष्ण के अधीन हो जाते हैं, वह उत्तम भागवत हो जाता है—

न काम कर्म बीजानां यस्य चेतसि संभवः।
वासुदेवैक निलयः स वै भागवतोत्तमः।। भागवत ११ स्कंध

"जिसके चित्त में काम और कर्म के बीज अंकुरित नहीं होते और जो भगवान वासुदेव के ही हो जाते हैं, वे भागवतोत्तम हैं।"

ऐसे भगवद् भक्तों के लिए राग आदि वृत्तियों का भय रही नहीं जाता (भगवद् भक्तानां रागादिभ्यो भयं नास्ति—श्री शंकराचार्य) जब रागादि की उत्पत्ति ही न होगी तो फिर उन भक्तों का अशुभ होगा ऐसी कल्पना करना भी व्यर्थ है—

"वासुदेवस्य भक्तानां नाशुभं विद्यते क्वचित्।" (महाभारत)

उद्गीथ विद्या, प्राणतत्त्व का उद्गान है। देवर्षि नारद इसे वीणा पर गान करते थे। सामवेद सम्पूर्ण इसी विद्या से परमात्मा की उपासना करता है। गुरुदेव नारद के समान उनके शिष्य भगवान श्री निंबार्काचार्य जी भी उसी उद्गीथ विद्या को अहर्निश प्राणतत्त्व के द्वारा उपासना करते थे। वे "उपासनीयं नितरां जनैः सदा" में उसी का आदेश भक्तों को देते हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ—परमात्मा के आनन्द आदि गुण जो कि पृथक-पृथक कहे गये हैं उन सबका उपसंहार उस परमात्मा में ही समझना चाहिए। [वह सब उसी के लिए कहे गये हैं।]

सू०—आध्यानाय प्रयोजनाभावात् ३।३।१४॥

वाक्यार्थ—"तस्यप्रियमेव शिर:"[१] इत्याद्यभिधानम् तु अनुचिंतनार्थमितर प्रयोजनाभावात्।

भावार्थ—"प्रियता (हिततमत्व) उसका शिरस्थानीय है" इस प्रकार जो विशेष कथन किया गया वह हिततमत्व (अनन्य भाव से) परमात्मा का चिंतन किया जावे इसलिये है, और कोई दूसरा प्रयोजन नहीं है।

सू०—आत्म शब्दाच्च ।३।३।१५॥

वाक्यार्थ—"अन्योऽतंर अत्मा"[२] इत्यात्मनः शिरः पक्षाद्यसंभवात्, तदनुध्यानात् तदभिधानम्।

भावार्थ—"अन्तःकरण में परमात्मा विद्यमान है" इससे ज्ञात होता है, कि परमात्मा अंतस्थ है, इस परमात्मा के तो पंख शिर आदि सम्भव नहीं हैं। पक्षि के रूपक की कल्पना केवल चिंतन के लिए ही की गई है।[3]

सू०—आत्मगृहीतिरितरवदुत्तरात् ।३।३।१६॥

वाक्यार्थ—"अन्योऽन्तरआत्मा" इत्यात्मशब्देन परमात्मन एव ग्रहणं, यथा "आत्मा वा इदमेक एवाग्रासीत्"[४] इत्यत्रात्मशब्देन परमात्मन एव ग्रहणम्। तद्वत् "सोऽकामयत वहुस्याम"[५] इत्यानंदमयविषयादुत्तरवाक्यादपि तद्ग्रहणम्।

भावार्थ—ऊपर के वाक्य में जो आत्मा शब्द कहा गया है, वह परमात्मा का ही द्योतक है। जैसे कि "यह आत्मा ही एक मात्र सर्वप्रथम था।" इस वाक्य में कहा गया आत्म शब्द परमात्मा का द्योतक है। उसी प्रकार "(जो

"संकीर्त्यमानः शीघ्रमेवाविर्भवति अनुभावयति च भक्तान्" (नारद भक्ति सूत्र ८०) वे भगवान निरंतर कीर्त्तित होने पर शीघ्र ही प्रकट होते हैं और भक्तों को अनुभव करा देते हैं।

१. तैत० आ० ५।२॥ २. तै० आ० २।३॥

३. प्रिय=स्वरूप सुख। मोद=वैषयिक सुख। प्रमोद=प्रकृष्ट विषयानुभवजन्य सुख। परमात्मा सुख वहुल आनन्दमय है। ऐसा उपनिषद में पक्षि के रूपक से परमात्मा का वर्णन किया गया है। ४. ऐत० १।१।१॥

५. तै० आ० ६।२॥

CC-0: In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

प्रथम एक था) उसी ने कामना की कि बहुत हो जाऊँ" प्रथम वाक्य के बाद उसी की संकल्प शक्ति का वर्णन किया गया (इससे सिद्ध है कि यहाँ आत्मा शब्द परमात्मवाची है।)

सू०—अन्वयादिति चेत्स्यादवधारणात् ।३।३।१७।।

वाक्यार्थ—पूर्वत्रानात्मनि प्राणादावात्मशब्दान्वयदर्शनात् "आत्माऽनंदमयः" इत्यात्म शब्देन परमात्मनोऽपरिग्रहः इति चेत् स्यादेव तेन शब्देन तत्परिग्रहः। पूर्वत्राधि परमात्मबुद्ध्यैवानात्मनि प्राणादावात्मशब्दान्वयनिश्चयात्।

भावार्थ—पिछले वाक्यों में प्राण आदि को भी परमात्मा रूप से कहा गया है "आत्मा आनन्दमय है" इस वाक्य में आत्मा शब्द से परमात्मा अर्थ समझ में नहीं आता परंतु जैसे अनात्म तत्व प्राण आदि में आत्म शब्द का प्रयोग किया गया है, वैसे ही "आत्मा आनन्दमय है" इस वाक्य के आत्मा शब्द को परमात्मा का द्योतक समझना चाहिये।

अधिकरण ५

सू०—कार्याख्यानादपूर्वम् ।३।३।१८।।

वाक्यार्थ—"अशिष्यन्नारमेदशित्वाचाचामेदेतभेवतदनमनग्नं कुरुत"[१] इत्यादिनाऽपां प्राणवासस्त्वध्यानमप्राप्तं विधीयते। स्मृत्याचार प्राप्तस्याचमनस्य तु तत्रानुवादमात्रत्वात्।

भावार्थ—"श्रोत्रिय शिष्य भोजन के प्रथम और बाद में आचमन रूपी वस्त्र से मुखगत प्राणवायु को आच्छादित करते हैं।" इस वाक्य में आचमीय जल को प्राण का वस्त्र कहा गया है, इससे यह नहीं समझना चाहिये कि प्राणतत्त्व की वस्त्र से आच्छादित रूप से उपासना की जावे। स्मृति शास्त्र में आचाररूप से आचमन का जो विधान है, उसी का प्रतिपादन इस रूपक द्वारा किया गया है। [यह वाक्य प्राण विद्या की उपासना का नहीं है]

अधिकरण ६

सू०—समान एवं चाभेदात् ।३।३।१९।।

वाक्यार्थ—वाजसनेयिशाखायां "सत्यंब्रह्मेत्युपासीत्"[२] इत्यारभ्य "आत्मानमुपासीत् मनोमयम्" इत्यादि। अग्निरहस्ये "मनोमयोऽयं"पुरुष"[३] इत्यादि

---

१. बृहदा० ८।१।१४।। २. बृहदा० ८।१।१।१४।। ३. बृहदा० ७।६।१।।

१०

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वृहदारण्यके च शांडिल्यविद्याऽम्नाता, सा च यथाऽनेक शाखासु विद्यैक्याद्विद्यैक्यं, तथैकस्यामप्येकैवविद्यैक्याद्गुणोपसंहारः।

भावार्थ---वाजसनेयीशाखा में "सत्य ब्रह्म की उपासना करनी चाहिये" यहाँ से लेकर "मनोमय कोष को परमात्मा रूप से उपासना करनी चाहिये" यहाँ तक, अग्नि रहस्य के "मनोमय यह पुरुष" इत्यादि में, तथा बृहदारण्यक की शांडिल्य विद्या में कहा गया, एक ही परमात्मतत्व विभिन्न रूप से कहा गया है। एक-एक का दूसरों से संबंध है इसलिये सारी विद्यायें एक हैं।

अधिकरण ७

सू०—संबंधादेवमन्यत्रापि।३।३।२०॥

वाक्यार्थ---यथा शाण्डिल्यविद्यैकं तत्संबंधात्गुणोपसंहार एवं "सत्यं ब्रह्म"[१] इत्युपक्रमादेकविद्यात्वसंबंधात् "तस्योपनिषदहम् इत्यधिदैवतं", "तस्योपनिषदहमित्यध्यात्मम्"[२] इति श्रुत्युक्ते द्वेनामनी उपसंह्रियेते इति पूर्व पक्षः।

भावार्थ---ऊपर जैसे अन्य विद्याओं के उपास्यतत्व का उपसंहार शाण्डिल्य विद्या में हुआ है, उसी प्रकार "सत्य ही ब्रह्म है।" ऐसा प्रारम्भ कर, एक ही सत्योपासना के संबंध से "उसका गुप्तनाम अहर अधिदैवत है" उसका गुप्त नाम "अहम् अध्यात्म है"। इन दो नामों से उसी सत्योपासना का उपसंहार किया गया है। ऐसा कहते हैं।

सू०—न वा विशेषात्।३।३।२१॥

वाक्यार्थ---सिद्धांतस्तु स्थानभेदात् उपसंहारो नोपपद्यते इति।

भावार्थ—परंतु स्थानभेद से उपसंहार नहीं हो सकता [एक तो सत्यब्रह्म की अधिदैवतरूप से सूर्य की उपासना है, दूसरे में सत्य ब्रह्म की अध्यात्म रूप से अक्षि पुरुष की उपासना है इस प्रकार स्थान भेद है। शाण्डिल्य विद्या में स्थान भेद नहीं है उसमें हृदस्थ परमात्मा की ही दोनों जगह उपासना कही गई है]

सू०—दर्शयति च।३।३।२२॥

वाक्यार्थ—"तस्यैतस्यतदेव रूपं यदमुष्यरूपं"[३] इति श्रुतिश्चाक्षिस्थादित्यस्थयोर्गुणोपसंहाराभावं दर्शयति।

---

१. वृहदा० ७।४।२॥ २. वृहदा० ५।५।३॥ ३. छां० १।७।५॥

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ—"इस पुरुष का वही रूप है जो आदित्य मंडल में स्थित पुरुष का है" इस श्रुति वाक्य में अक्षिस्थ और आदित्यस्थ पुरुष के गुणों के उपसंहार का अभाव दिखलाया गया है। इसलिए दोनों भिन्न हैं।

अधिकरण ८

सू०—संभृतिद्यु व्याप्त्यपि चातः ।३।३।२३।।

वाक्यार्थ—"ब्रह्मज्येष्ठाः वीर्याः संभृतानि ब्रह्माग्रे ज्येष्ठंदिवमाततान्" इत्यादिना तैत्तरीयक विहितानां संभृतिज्येष्ठा वीर्यासंभृतानि च द्युव्याप्ति प्रभृतीनां गुणानामपि स्थानभेदादेव विद्यांतरेणोपसंहारः।

भावार्थ—"आदित्य ब्रह्म की बड़ी और दीप्तिमती किरणें हैं, जो कि उसके सामने ही महान् आकाश में फैली हैं।" इत्यादि तैत्तरीयक वाक्य में आदित्य ब्रह्म की उपासना विशाल और विस्तृत स्वरूप की कही गई है तथा तैत्तरीयक के ही अन्य स्थलों में शांडिल्य आदि विद्याओं के प्रसंग में हृदयांतर आकाश में परमात्मा की उपासना कही गई, इसी प्रकार दहर विद्या में हृद्कमल के अंतर्भूत सूक्ष्माकाश में व्याप्त प्रकाश की उपासना का आदेश है। तो इन विद्याओं का और आदित्य ब्रह्म की उपासना से मेल नहीं बैठ सकता, क्योंकि गुण और स्थान दोनों में भेद है।

अधिकरण ९

सू०—पुरुष विद्यायामपि चेतरेषामनाम्नानात् ।३।३।२४।।

वाक्यार्थ—"पुरुषो वाव यज्ञः"[1] इत्यादिना छांदोग्ये "तस्यैवं विदुषो यज्ञस्य"[2] इत्यादिना तैत्तरीयके च श्रूयमाणायां पुरुषविद्यायामपि एकत्रोक्तानां "तस्य यानि चतुर्विंशति वर्षाणि तत्प्रातः समनम्"[3] इत्यादीनीं प्रकाराणां अन्यत्रानाम्नानात् विद्याभेदः।

भावार्थ—[अभी तक ब्रह्म विद्या की भिन्नता और अभिन्नता पर विचार किया गया, अब पुरुष विद्या पर विचार करते हैं]

छांदोग्य में पुरुष विद्या के प्रकरण में "वह पुरुष यज्ञ में उपास्य है" तथा तैत्तरीयक के एक स्थल पर "वही यज्ञ का अधिष्ठाता है।" इन दोनों में पुरुष

---

१. छांदो० ३।१६।१।। २. तैत्तरीय नारायणो० ५२ अनु० ।।
३. आथर्व० उप० मंत्र समाम्नाय ।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विद्या का उल्लेख है, किंतु छांदोग्य में "वह जो चौबीस वर्ष का है, वही प्रातः स्मरणीय है।" ऐसा जो उस पुरुष का स्वरूप वर्णन किया उससे तैत्तरीय के पुरुष से मेल नहीं बैठता क्योंकि उसमें (तैत्तरीय) प्रातः, मध्याह्न और सायं तीनों कालों में स्मरणीय पुरुष कहा गया है, तथा उस पुरुष यज्ञ में आत्मा को यजमान और श्रद्धा को उसकी पत्नी कहा है जब कि छांदोग्य में ऐसा नहीं है। साथ ही छांदोग्य कथित पुरुष विद्या के साधन से आयु प्राप्ति फल कहा गया है और तैत्तरीय में ब्रह्म प्राप्ति फल कहा गया है। इसलिए दोनों की आराधना प्रणाली भिन्न है।

अधिकरण १०

सू०—वेध्याद्यर्थभेदात् ।३।३।२५।।

वाक्यार्थ—"सर्वं प्रविध्य, हृदयं प्रविध्या"[१] इत्यादि मंत्राणां "देवाह वै सत्रं निषेदुः"[५] इत्यादिनोक्तानां वागादि कर्मणां च न विद्यायामुपसंहारः कुतः, वेधादीनां अर्थानां विद्याभिन्नत्वात् ।

भावार्थ—"मेरे शत्रु के सभी अंगों को भेदन कर हृदय को भी भेदो" इत्यादि मंत्र में जिस उपास्य से कामना की गई है। तथा "यज्ञ देव ही यज्ञ कर्त्ता ब्राह्मण के रूप में यज्ञ कर्म के लिए बैठता है।" इत्यादि में कहे गये मंत्रोच्चारण आदि कर्म परमात्मा के ही हैं। ये दोनों प्रसंग विद्या (उपासना तत्त्व) नहीं हैं। क्योंकि वेध आदि अभिचार (मारण, मोहन, उच्चाटन, वशीकरण) कर्म उपासना के विषय नहीं होते और न यज्ञ कर्मों का उल्लेख ही उपास्य है। इसलिए ये विद्या से भिन्न तत्त्व हैं।

अधिकरण ११

सू०—हानौ तूपायन शब्द शेषत्वात् कुशाछंदस्तुत्युपगानवत्त दुक्तम् ।३।३।२६।।

वाक्यार्थ—"तदाविद्वान् पुण्य पापे विधूय"[२] इत्यादि श्रुति प्रोक्तायां पुण्य पापविमोचनात्मिकायां हानौ "तस्य पुत्रादायमुपयंति सुहृदः साधुकृत्यां द्विषंतः पापकृत्याम्"[३] इति विद्वत् त्यक्त पुण्य पाप ग्रहण भूतमुपायनं उप-

---

१. तैत्त० शी०। अनु०। २. मुंडको० ३।१।३। ३. कौषीतकि १ अ० ४।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

संक्लियंते। कुतः, शाखांतरीयोपायन शब्दस्य हानि शब्द शेषत्वात्। यथा "कुशावानस्यत्याः" इति कुशानां वानस्यत्यत्वप्रकाशक वाक्ये शेषतामौदुंबरा इति वाक्यं भजते। यथा च "छंदोभिः स्तुवीते"[1] इति वाक्य शेषतां "देव छंदासि पूर्वाणि"[2] इति वाक्यं भजते। यथा च "हिरण्येन षोडाशिनः स्तोत्र-मुपाकरोति" इति वाक्य शेषतां "समयाध्युषिते सूर्यः" इति वाक्यं गच्छति। यथा च "ऋत्विज उपगायति" इत्यस्य "नाध्वर्युरुपगायति" इति शेषता-मापद्यते। "अपि वाक्य शेषत्वाद्न्याचयत्वात् विकल्पस्य"[3] इत्याद् युक्तं जैमिनिनापि।

भावार्थ—"तब वह साधक विद्वान् पुण्य पापों से छूटकर (परमात्मा की साम्यगति प्राप्त करता है)" इत्यादि श्रुति में कहे गये पुण्य पाप की हानि होने पर "इस महात्मा का पुण्य तो उसके कुटुम्बी पुत्र आदि पैतृक संपत्ति के रूप में प्राप्त करते हैं, तथा द्वेषी लोग उसके पाप को प्राप्त करते हैं।" महात्मा के त्यागे गये पुण्य और पाप ग्रहण के उपाय कौन हैं? इस दूसरी जगह कहे गये प्रसंग से संगति बैठती है। क्योंकि अन्य जगह के प्रसंग में पाप पुण्य की हानि होने पर ही पाप पुण्य के प्राप्त करने वालों का उल्लेख है। जैसे कि "कुश वनस्पति है।" इस वाक्य के अन्त में उदुम्बर (गूलर) का नाम गिनाया गया जिससे वह भी वनस्पति वर्ग में समझा जावे (जैसे कि—"छंदों से स्तुति करते हैं।" इस वाक्यांत में "देव छंदों से ही प्रसन्न होते हैं।" इस वाक्य की संगति बैठती है। और भी जैसे "हिरण्य पुरुष सोलह स्तोत्रों से उपस्थित होता है।" इस वाक्य शेष से "समय से ही सूर्य की उपासना होती है।" इस वाक्य में कहे गये उपास्य की एकता से उसकी संगति होती है। इसी प्रकार "ऋत्विज मंत्रगान करते हैं" "अध्वर्यु गान नहीं करते, ये दोनों वाक्य एक ही प्रसंग के पूरक हैं।

जैमिनि आचार्य भी कहते हैं कि "वाक्य शेष से संपूर्ण वाक्य का तात्पर्य ज्ञान होता है (संगति बैठती है)

अधिकरण १२

सू०—सांपरायेतर्त्तव्याभावात्तथाह्यन्ये ।३।३।२७।।

वाक्यार्थ—शरीरादपक्रमण वेलायां निःशेषतया पाप पुण्य हानिः, कुतः

---

१. ६ का० ६ प्र० ११ अनु० ।। २. ६ कां० ३ । ० १ अनु ।।
३. पूर्वमीमांशा धर्म सूत्र ।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

शरीर वियोगात् पश्चात्तभ्यां तर्त्तव्यभोगाभावात् । एवमेवान्येऽग्रधीयंते "अशरीरं वावसंतन्नप्रियाप्रिये स्पृशत एष संप्रसादोऽस्माच्छरीरादुत्थाय परं ज्योतिरुपसंपद्य स्वेन रूपेणाभिनिष्पद्यते"[१] इत्यादि । एवं सति देह वियोग समये जाते एव कर्मक्षयो "विरजां नदी तां मनसाऽत्येति" "तत्सुकृत्दुष्कृते विधुनुते"[२] इति नदी तरणानंतरं पठ्यते ।

भावार्थ—शरीर से जीवात्मा के निकलते समय ही पूर्ण रूप से पाप पुण्य की हानि होती है । क्योंकि शरीर के वियुक्त हो जाने पर ही 'बाद में, पाप और पुण्य से तैरकर पार करने से ही आगे भी आने वाले, संचित कर्म के फलस्वरूप प्रारब्ध कर्मों के भोगों का अभाव होता है । ऐसा ही एक दूसरे स्थल पर कहा गया है—"जीवात्मा के अशरीरी हो जाने पर शुभ और अशुभ उसका स्पर्श भी नहीं कर सकते । विशुद्ध जीवात्मा इस भौतिक शरीर से उठकर परमात्मा से प्रकाशित होकर अपने वास्तविक उदीप्त स्वरूप को प्राप्त कर लेता है ।" इस प्रकार देह वियोग के होने पर कर्मक्षय हो जाता है, तब वह "उस विरजा (निर्मल) नदी को मन के संकल्प मात्र से पार कर लेता है ।" "फिर उसके पाप और पुण्य धुल जाते हैं ।" ऐसा उस शरीर रूपी नदी के पारं करने के बाद कहा गया है ।

सू०—छंदत उभयाविरोधात् ।३।३।२८।।

वाक्यार्थ—विदुषः पुण्यं पापं क्रमात् सुहृद् दुहृच्च छंदतः प्राप्नोत्येवमुभयाविरोधो भवति ।

भावार्थ—उस महात्मा के पुण्य और पाप क्रम से बंधु और शत्रुओं को प्राप्त होते हैं। इसमें कोई विरोध नहीं होता, क्योंकि सामान्य सांसारिक जीवों के संकल्प किये हुए पुण्य पाप जब अन्यों को प्राप्त हो जाते हैं, तब इसमें क्या असंभव है ?

सू०—गतेरर्थवत्वमुभयथाऽन्यथा हि विरोधः ।३।३।२९।।

वाक्यार्थ—सुकृतदुष्कृतयोरविशेषतया निवृत्या गतेरर्थवत्वं, यदि सुकृतमनुवर्त्तेत तदातत्फलभोगानंतरमावृत्तिः स्यात् । एवसत्यनावृत्ति श्रुति विरोधो भवति ।

---

१. छां० ८।१२।। १–२।। २. कौषीतकि ।१।३।४।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ—पुण्य पाप दोनों से छूटने वाले जीवात्मा के लिये जो शास्त्रों में देवयान मार्ग कहा गया है, वह अर्थवाद (कहने भर की बात) है (देवयान-की प्रशंसा के कारण ऐसा कहा गया है।) देवयान मार्ग से तो वही जाते हैं; जो पुण्यवान होते हैं, जिनके केवल पाप क्षीण होते हैं। स्वर्ग के पुण्य क्षीण होने पर पुनः फलभोग के लिये जन्म होता है, उनका। परन्तु जो पुण्य पाप दोनों से मुक्त जीव हैं, उनका तो सूक्ष्म शरीर भी समाप्त हो जाता है, वे केवल कारण शरीर से भगवद्धाम में जाकर सदा आनन्द करते हैं। मुक्त जीवों की भी यदि देवयान गति मानेंगे तो मुक्ति तत्व का ही विरोध हो जावेगा।

सू०—उपपन्नस्तल्लक्षणार्थोपलब्धेर्लोकवत् ।३।३।३०॥

वाक्यार्थ—ब्रह्मोपासकस्य शरीर वियोग काले सर्वकर्मक्षयेऽपि पंथा उपपन्नः कुतः "परं ज्योतिरूपसंपद्य स्वेनरूपेणाभिनिष्पद्यते, स तत्र पर्येति जक्षन् क्रीडन् रममाणः"[1] इत्यादिषु देहादिसंबंध लक्षणार्थोपलब्धेः यथा भूपसेवकस्य भौमार्थ सिद्धिस्तद्वद्, स स्थूल शरीरसर्व कर्मक्षयेऽपि विद्याप्रभावात विशिष्ट स्थान गमनार्थं सूक्ष्म शरीरमनुवर्त्तते, तद्वियोगानंतरं युक्तं श्रुति प्रोक्तं रूपं विद्वान् प्राप्य ब्रह्म भावापन्नो भवतीति भावः।

भावार्थ—ब्रह्मोपासक भक्त शरीर को जब छोड़ते हैं, तब उनके सारे कर्म क्षय हो जाते हैं, फिर भी उन्हें भगवद्धाम पहुँचने तक देवयान मार्ग का ही अनुसरण करना पड़ता है, क्योंकि "परमात्मा से दीप्तिमान होकर वह जीवात्मा ऊपर के लोकों में भ्रमण करता है, क्रीडा करता है और आनन्द करता है" इत्यादि वर्णन से ज्ञात होता है कि सूक्ष्म देह अवश्य होता है उनका (बिना-सूक्ष्म देह के क्रीडा आदि संभव नहीं) जैसे राजा का सेवक राजा की कृपा से राजा के समान ऐश्वर्य, प्राप्त करता है, वैसे ही मुक्तात्मा, परमात्मा की कृपा से ऊर्ध्व लोगों का ऐश्वर्य भोगता है। स्थूल शरीर के साथ ही उनके कर्मक्षय हो जाते हैं, फिर भी ब्रह्म विद्या (भक्ति आराधन) के प्रभाव से जीव सूक्ष्म शरीर धारण कर लेता है। भगवद्धाम में पहुँचने पर जैसा कि वेदों का प्रमाण है, कि सूक्ष्म शरीर भी समाप्त हो जाता है और मुक्तात्मा भगवद्भाव रूप मुक्ति प्राप्त कर लेता है [अर्थात् मुक्तात्मा की देवयान गति नहीं होती जिसमें कि आगति (लौटना) भी होती है अपितु सर्वोपरि भगवान् के गोलोक धाम तक जाने के लिए उसी मार्ग को पार अवश्य करना पड़ता है]

---

१. छांदो० ८।१२।२-३॥

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अधिकरण १३

सू०—अनियमः सर्वेषामविरोधः शब्दानुमानाभ्याम् ।३।३।३१।।

वाक्यार्थ—उपकोशल विद्या पंचाग्नि विद्यादिषु श्रूयमाणागतिस्तद्विद्यावतामेवेति नियमो न । किंतु स ब्रह्मोपासीनां सर्वेषां या हि गतेः सर्व साधारणत्वे सति, "य एवमेतद् विदुर्ये चेमेऽरण्ये श्रद्धां सत्यमुपासते तेऽर्चिषमभिसंभवंति ।"[१] "अग्निर्ज्योतिरहः शुक्लः षण्मासा उत्तरायणम् । तत्र प्रयातागच्छंति ब्रह्म ब्रह्म विदोजनाः ।"[२] इत्यादि श्रुति स्मृतिभ्यामविरोधः ।

भावार्थ—उपकोशल **और** पंचाग्नि आदि विद्याओं में जो अर्चिरादिमार्ग की गति कही गई है, वह केवल उन विद्या के वेत्ताओं (साधकों) के लिये ही हो, ऐसा कोई नियम नहीं है । किन्तु किसी भी प्रकार से जो ब्रह्मोपासना करते हैं, उन सभी की साधारणतः अर्चिरादि ही गति है ।" जो इस परमात्मा के सत्य स्वरूप की श्रद्धा के साथ उपासना करते हैं, वे सभी अर्चिरादि मार्ग प्राप्त करते हैं ।" "ब्रह्मवेत्ता (ब्रह्मोपासक) छः महीने के शुक्लपक्ष के उत्तरायण मार्ग से गमन करते हैं ।" इत्यादि श्रुति और स्मृति वाक्य से स्पष्ट है ।

अधिकरण १४

सू०—यावदधिकारमवस्थितिराधिकारिकाणाम् ।३।३।३२।।

वाक्यार्थ—वशिष्ठादीनां त्वधिकारफलकर्मवशाद्यावदाधिकारमवस्थितिः ।

भावार्थ—वसिष्ठ इत्यादि ब्रह्मवादी ऋषि अर्चिरादि मार्ग द्वारा जाकर मुक्त न हो सके । उसका मुख्य कारण था कि वे शाप के बंधन में पड़ गये और उन्हें कुंभ योनि में जन्म लेना पड़ा परन्तु शापमुक्ति के बाद फिर अपने ब्रह्म-के अधिकार से मुक्त हो गए [बीच की शाप की अड़चन से उनकी मुक्ति का अधिकार समाप्त नहीं हो सका]

अधिकरण १५

सू०—अक्षरधियांत्ववरोधः सामायतद्भावाभ्यामौपसदवत्तदुक्तम् ।३।३।३३।।

वाक्यार्थ—"एतद्वै तदक्षरं गार्गि! ब्रह्मणा अभिवदंति, अस्थूलमनणवह्रस्वं"[३]

१, छांदो० ५।१०।१।। २. गीता ८।२४।। ३. बृहदा० ३।८।८।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

इत्यक्षर संबंधिनीनाम स्थूलत्वादिधियां ब्रह्मविद्यासु सर्वासु परिग्रहः कुतः, सर्वत्राक्षरस्य ब्रह्मणः प्रधानस्य समानत्वाद्गुणानां च स्थूलत्वादीनां तत्स्वरूपानुसंधानांतर्भावच्च । यथा "जामदग्न्येऽहीने पुरोडाशिनीषूपषत्सु सामवेद पठितस्य मंत्रस्यौर्वेहोत्रम्"[1] इत्यादेर्याजुर्वेदकेन स्वरेण प्रयोगः क्रियते, तदुक्तं "गुणमुख्य व्यतिक्रमें तदर्थत्वात् मुख्येन वेद संयोगः"[2] इति ।

भावार्थ—मुनि याग्यवल्क्य गार्गी को अक्षर ब्रह्म का स्वरूप बतलाते हैं—

"हे गार्गि ! इस अक्षर को ब्रह्मवादी अभिवादन करते हैं: यह अक्षर, सूक्ष्म स्थूल, अणु, ह्रस्व, दीर्घ से परे है ।" इस अक्षर विद्या की, अन्य जो भी ब्रह्मविद्यायें परमात्मा के अचिंत्य (स्थूलादि से परे) रूप को मानती हैं, उनसे समता हो सकती है । क्योंकि अक्षर ब्रह्म के समान ही उनके परमात्मा के भी वे ही अचिंत्य गुण हैं । जिसके अनुसंधान के लिए दोनों प्रयास करते हैं, इसलिये दोनों एक हैं । जैसेकि जामदग्न्य ऋषि ने सामवेद में कहे गए पुरोडाश मंत्र को यजुर्वेद के स्वर से गाकर यज्ञ किया था । प्रकारांतर से कार्य तो वही संपादित हुआ । धर्म सूत्र में कहा भी है—"यदि स्वरूप गुण में कोई अन्तर आ भी जावे और अर्थ में अन्तर न आवे तो वेद के तत्त्व से उसका संयोग माना जावेगा ।

सू०—इयदामननात् ।३।३।३४।।

वाक्यार्थ—अस्थूलत्वादि विशेषितैः आनंदादिभिः सर्वोत्कृष्टचिंतनाद्धेतोः इयदादिकं सर्वत्रानुवर्त्तनीयं, प्रधानानुवर्त्तिनोऽपि सर्व कर्मत्वादयः यत्रोक्तास्तत्रानुसंधेयाः ।

भावार्थ—अस्थूलत्वादि गुणवाला अक्षर ब्रह्म कहा गया है, उसकी उत्कृष्ट भगवच्चिंतन की शैली आनंदादि ब्रह्म विद्याओं के समान ही है । इसलिये वह संगत है । परन्तु अस्थूलादि गुण वाले सांख्य मत के प्रधान तत्त्व की उपासना उस प्रकार की उत्कृष्ट नहीं है, इसलिये उसे ब्रह्म विद्याओं का ध्येय तत्त्व नहीं माना जाता ।

अधिकरण १६

सू०—अंतराभूतग्रामवत्स्वात्मनोऽन्यथाभेदानुपपत्तिरिति चेन्नोपदेशांतरवत् ।३।३।३५।।

---

१. पूर्वमीमांसा प्र० कां० ।। २. पूर्वमीमांसा प्रथम कांड ।३।८।८।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वाक्यार्थ--ननु वृहदारण्यके "यत् साक्षादपरोक्षात् ब्रह्म य आत्मा सर्वांतरस्तन्मे व्याचक्ष्व "इत्युषस्त प्रश्ने" यः प्राणेन प्राण इति स ते आत्मा सर्वांतरः"[1] इति देहाद्यंतरत्वेन प्रत्यगात्म संबंध्युपदेशः । तस्यैव प्राणापानादि हेतुत्वात् । तथैव "तत्र यदैव साक्षात् अपरोक्षात् ब्रह्म य आत्मा सर्वांतरस्तन्मे व्याचक्ष्व ।"[2] इति कहोल प्रश्ने "योऽशनायापिपासे, शोकं मोहं जरा मृत्युमत्य" इत्यादि प्रतिवचनं, तत्र तु परमात्मा विषय उपदेश इति विद्या-भेदः । इतरथा प्रतिवचनभेदानुपपत्तिरिति चेन्न, उभयत्र मुख्यस्यैव सर्वांतर-यामिणः प्रश्न प्रतिवचनयोर्विषयत्वात् । यथा सत्य विद्यायां सतः परमात्मन-स्तत्तद्गुण प्रतिपादनाय "भगवांस्त्वेवमेतद्ब्रवीतु भूय एव मां भगवान् विज्ञाप-यतु ।" इति प्रश्नस्य "एषोऽणिमैतदात्म्यमिदं सर्वं तत्सत्यमिति ।" प्रतिवचनस्य चावृत्तिर्दृश्यते । तद्वदत्रापि वेद्यस्याशनाद्यतीतत्व प्रतिपादनाय प्रश्न प्रतिवचना-वृत्तिरुपपद्यते ।

भावार्थ--वृहदारण्यक में "जो साक्षात् और अपरोक्ष सर्वांतर्यामी आत्मा है, उसे मुझे बतलाओ ।" उत्तर—"जो प्राण स्वरूप है, वही सर्वांतर्गत है ।" यहाँ देहांतर्गत जीवात्मा से संबंधित उपदेश दिया गया है, क्योंकि प्राण अपा-नादि को हेतु कहा गया है । दूसरी जगह वही प्रश्न कहोल द्वारा करने पर उत्तर दिया गया कि "जो भूख, प्यास, शोक, मोह, जरा, मृत्यु से परे है वही सर्वांतर्यामी है ।" यहाँ परमात्म स्वरूप का उपदेश है । इसलिये दोनों की उपासना प्रणाली में अन्तर होने से विद्याभेद है । यहाँ उत्तर में ही भेद है, इसलिए विद्याभेद हो, सो बात नहीं है । दोनों जगह मुख्य सर्वांतर्यामी परमात्मा के विषय में जिज्ञासा की गई किन्तु एक स्थान पर अंश परमात्मा का स्वरूप कहा गया जोकि मुख्य है । दूसरी जगह अंशी जीवात्मा का स्वरूप कहा गया है जोकि गौण है । जैसे कि सत्य विद्या में, सत् परमात्मा के गुणों के प्रतिपादन के लिये "परमात्मा ऐसा ही है, फिर भी उसके विशिष्ट स्वरूप का विज्ञापन करें ?" इस प्रश्न का "यह अनुरूप सर्वांतर्यामी है, वह सत्य है ।" इस उत्तर से आत्म तत्त्व को ही परमात्मारूप से पुनः कहा गया है । उसी प्रकार वेद्य परमात्मा के भूख, प्यास शोक, मोह आदि गुणों के प्रतिपादन के लिये दो वार प्रश्नोत्तर किए गये हैं [परमात्मा और जीवात्मा का भेदाभेद संबंध इस पुनरुक्ति के द्वारा दिखलाया गया है]

---

१. वृहदारण्य० ३।५।१।। २. छांदोग्य० ६।५।४।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—व्यतिहारो विशिषंति हीतरवत् ।३।३।३६।।

वाक्यार्थ—सर्व प्राणि प्राणनादि हेतुत्वेनजीवादव्यावृत्तस्य परस्यानुसंधानुमुषस्तवत् कहोलेनापि कार्यम् । तथाऽशनायाद्यतीतत्वेन जीवाद्व्यावृत्तस्य कहोलवदुषस्तेनापि कार्यमेवमन्योऽन्यमनुसंधानव्यत्ययः । एवं सति जीवाद् ब्रह्म व्यावृतं भवति । ततो याज्ञवल्क्य प्रतिवचनान्युभयत्रैकं सर्वात्मानमुपास्यं विशिषंति । यथा सद्विद्यायामेकमेव सद् ब्रह्म सर्वाणि प्रतिवचनानि शिषंति ।

भावार्थ—दोनों प्रश्न कर्त्ताओं का प्रश्न एक ही प्रकार का था, जिसमें सर्वान्तिर्यामी ब्रह्म के प्रति जिज्ञासा थी । कहोल और उषस्त दोनों को अंश (परमात्मा) अंशी (जीवात्मा) दोनों ही ज्ञातव्य होने चाहिए इस हेतु से एक प्रश्न का दो प्रकार से उत्तर देकर ब्रह्म और जीव का भेदाभेद सम्बन्ध प्रकट किया गया है । दोनों के लिए परमात्मा और जीवात्मा अनुसंधान करने योग्य हैं । इसी प्रकार याज्ञवल्क्य ने दोनों तत्त्वों को सभी के अन्तर्यामी मानकर उपास्य सिद्ध किया है । सत्य विद्या में सत्य रूप से दोनों को ही ज्ञातव्य और उपास्य कहा है । [इससे सिद्ध होता है कि आत्म विद्या और परमात्म विद्या दोनों भिन्नाभिन्न हैं जैसे कि सत्य विद्या ।]

सू०—सैव हि सत्यादयः ३।३।३७।।

वाक्यार्थ—सैव सत्य शब्दाभिहिता "सेयं देवतैक्षत, तेजः परस्यां देवतायां"[1] इति प्रकृतैव खलु यथा "सौम्य । मधु मधुकृतो निस्तिष्ठंति"[2] इत्यादि पर्यायेष्वनुवर्त्तते । "ऐतदात्म्यमिदं सर्वं तत्सत्यम्"[3] इति प्रथम पर्याये पठिता एव सत्यादयः सर्वेषु पर्यायेषु उपसंह्रियंते ।

भावार्थ—वह जीवात्मा भी सत्य शब्द से कहा गया है—"उस सत् देवता ने संकल्प किया, तेज उसी में लीन होता है ।" हे सौम्य ! जैसे "मधुमक्खियाँ मधु लाती हैं" इत्यादि, तथा "सम्पूर्ण दृश्यमान जगत् परमात्म रूप है ।" इन तीनों वाक्यों से एक सत्य स्वरूप को ही कारण कार्य सम्बन्ध से दिखलाया गया है । अतएव सर्वान्तिर्यामी होने के नाते जीवात्मा परमात्मा दोनों ही ज्ञेय हैं । [एक भूख-प्यास आदि से मुक्त है । दूसरा भूख-प्यास आदि से बद्ध है, यही उसका भेद है अन्यथा पाप पुण्य के बन्धन से मुक्त होने पर दूसरा भी प्रथम के

---

१. छांदो० ६।३।२।। ६।८।६।। २. छां० ६।९।१।। ३. छां० ६।८।७।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

समान रूप होकर मुक्त हो सकता है। यही दोनों प्रश्नोत्तरों से सिद्ध किया गया है।]

अधिकरण १७

सू०—कामादीतरत्रतत्र चायतनादिभ्यः ।३।३।३८।।

वाक्यार्थ—"अथयदिदमस्मिन् ब्रह्मपुरेदहरं पुण्डरीकं वेश्मदहरोऽस्मिन्नंतराकाशस्तस्मिन्यदंतस्तदन्वेष्टव्यम्"[1] इति उपक्रम्य "एष आत्माअयहतपाप्मा" इत्यादिना सत्यकामत्वादिगुणवतः, छांदोग्ये, "सवा एष महानज आत्मायोऽयं विज्ञानमयः प्राणेषु एषोन्तर्हृदये आकाशस्तस्मिन्शेते, सर्वस्यवशी, सर्वस्येशानः"[2] इति वशित्वादि गुणवृतः परमात्मन उपास्यत्वं वाजसनेयके च श्रूयते । इहोभयत्र विद्यैक्यं यतः सत्यकामत्वादिवाजसनेयिके वशित्वादि च छांदोग्ये ग्रहीतव्यं कुतः, आयतनाद्यविशेषात् ।

भावार्थ—"इस ब्रह्मपुर में सूक्ष्म कमलदल[3] है, उसके अंदर जो सूक्ष्माकाश है, और उसके अंदर भी जो वस्तु है, उसका अन्वेषण करना चाहिये।" इस प्रकार सत्य परमात्म तत्त्व का वर्णन करते हुए "यह आत्मा अपहतपाप्मा है", इत्यादि वाक्यों से सत्यकाम आदि गुण वाला उसे छांदोग्य में कहा गया। तथा "यह जो महान् अजन्मा, विज्ञानमय है, वह प्राणों में अन्तः स्थित हृदयाकाश है, उसमें शयन करता है, वह सभी का वशीकर्त्ता और सभी का स्वामी है ऐसा वशित्वादि गुणवाला परमात्मा वाजसनेय (वृहदारण्यक) में कहा गया है। यहाँ दोनों ही जगह एक ही दहरविद्या का वर्णन है, क्योंकि सत्यकामत्वादि छांदोग्य के गुणों में वाजसनेय के वशित्व आदि गुण संगत्त हो जावेंगे क्योंकि एक ही स्थान (दहराकाश) में दोनों उपासना का वर्णन करते हैं।

सू०—आदरादलोपः ।३।३।३९।।

वाक्यार्थ—आदरादाम्नातानां सत्वकामत्वादीनां प्रतिषेधोनास्ति । "नेह नानास्तिकिंचन"[4] इति प्रतिषेधस्याब्रह्मात्मक पदार्थ परत्वात् ।

भावार्थ—आदर सूचक परमात्मा के सत्यकामादि गुण और वशित्वादि गुणों में कोई अंतर नहीं है। "इसमें बहुलता नहीं है, कुछ भी" यह परमात्मा

---

१. छा० ८।१।१। २. बृ० ६।८।२२। ३. यह हृदय के रूप का वर्णन है : "पद्मकोश प्रतीकाशं हृदयं चाप्यधोमुखम्" (तै० आ० ११ अनु०)
४. वृहदा० ६।४।१९।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

के अतिरिक्त पदार्थों के लिये कहा गया है। परमात्मा तो सर्वव्यापी और अनंत गुणवाला है।

सू०—उपस्थितेऽतस्तद्वचनात् ।३।३।४०।।

वाक्यार्थ—उक्तलक्षणया ब्रह्मोपासनया, ब्रह्मोपसंपन्ने सर्वलोकेषु कामचारो भवति। ननु तत्तल्लोक प्राप्ति संकल्प पूर्वकं तत्तत् साधनानुष्ठानं विना कुतः सर्वत्र कामचारः, तत्रोच्यते, उपसंपत्तेरेव हेतोः "परं ज्योतिरुपसंपद्य स्वेन-रूपेणाभिनिष्पद्यते, स स्वराडभवति तस्य सर्वेषु लोकेषु कामचारो भवति[1] इति वचनात्।

भावार्थ—भक्ति रूप ब्रह्म की उपासना से ब्रह्मभाव की प्राप्ति करने पर सभी लोकों में स्वच्छंद गति हो जाती है। ऐसी शंका करना व्यर्थ है कि विशेष लोक में जाने के लिये उस लोक के अनुसार साधना अनुष्ठान किये बिना नहीं जा सकते। ऐसा तो सकाम उपासक के लिये नियम है, निष्काम उपासक तो सभी जगह जा सकता है, ऐसा कहा भी गया है—परमात्मा से ज्योति प्राप्त कर अपने स्वरूप से संपन्न होकर, वह स्वच्छंद हो जाता है, उसकी सभी लोकों में इच्छानुसार गति हो जाती है।

अधिकरण १८

सू०—तन्निर्द्धारणानियमस्तद्दृष्टेः प्रथग्ध्यप्रतिबंधः फलम् ।३।३।४१।।

वाक्यार्थ—"ओमित्येतदक्षरमुद्गीथमुपासीत्"[2] इत्यादि कर्माङ्गाश्रयो पासनस्य कर्मस्वनियमः। कुतः "तेनोभौ कुरुते यश्चैतदेवं वेद यश्च नैवं वेद"[3] इति श्रुतौ तस्यानियमस्य दर्शनात्। अनुपासकस्यापि प्रणवेन कर्माङ्गभूतेन कर्मणिकर्तृत्व श्रवणादुपासन कर्मस्वनियतत्वं निश्चीयते। यतश्च कर्मफलादु-पास्यस्य पृथक् फलं "यदेव विद्या करोति श्रद्धयोपनिषदा तदेव वीर्यवत्तरं भवति इत्युपलभ्यते।

भावार्थ—"ॐ रूप इस अक्षर की उद्गीथ शब्द वाच्य परमात्मा के रूप में उपासना करनी चाहिये।" इस वाक्य में कर्म के अंग रूप प्रणव की उपासना का कर्म के समान ही नियम कहा गया है। क्योंकि "जो उद्गीथ के नियम को जानता है अथवा नहीं वह भी प्रणव द्वारा ही यज्ञ करता है।" इस श्रुति में प्रणव की प्रधानता दी गई, कर्म की अनियमता। उपासकों के लिये उद्गीथ

---

१. छां० ८।३।४।। ८।१।५।। २. छां० १।१।१।। ३. छां० १।१।१०।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

कर्म के अंग प्रणव को कर्म के समान ही श्रेष्ठता निश्चित हो गई। कर्म के फल से (प्रणव तत्व को जानने वाले को) प्रणव की उपासना द्वारा विशेष फल मिलता है। "साधक जो कुछ भी श्रद्धा पूर्वक उस प्रणव के वास्तविक 'रहस्य को बतलाने वाली विद्या के द्वारा उपासना करता है, वह अधिक से अधिक शक्ति प्राप्त करता है।

अधिकरण १६

सू०—प्रदानवदेवतदुक्तम् ।३।३।४२।।

वाक्यार्थ—दहरस्य गुणिनस्तद्गुण विशिष्टतया गुण चिंतनेऽपि चिंतनमावर्त्तनीयं। "इंद्राय राज्ञे पुरोडाशमेकादशकपालं निर्वपेत् इंद्राय अधिराजाय स्वराज्ञः"[१] इति पुरोडाशप्रदानवत् तदुक्तम् "नाना वा देवता पृथक् ज्ञानात"[२] इति।

भावार्थ—दहर विद्या के गुणी परमात्मा में जो अपहतपाप्मत्व आदि विशेष गुण हैं उन गुणों के चिंतन से भी उसी परमात्मा का विशेष चिंतन होता है।" राजा इंद्र को यज्ञ में ग्यारह पुरोडाश के पिंड देने चाहिये क्योंकि वह देवराज श्रेष्ठ है" इस विशेष राजा को जैसे पुरोडाश देने का विधान है उसी प्रकार विशेष गुणवान् दहर ब्रह्म की गुणों के सहित उपासना करने का विधान है जैसे कि "अनेक देवताओं के बीच में विशेष गुण वाले प्रधान देवता की गुणों से पृथकता जानी जा सकती है।"

अधिकरण २०

सू०—लिङ्गभूयस्त्वात्तद्धि वलीयस्तदपि ।३।३।४३।।

वाक्यार्थ—"मनश्चितो वाक्चितः प्राणश्चितश्चक्षुश्चितः कर्मचितोऽग्निचित्" इत्याद्यग्नयः यत्किंचेमानि मनसा संकल्पयंति तेषामेव साकृतिरिति "तान्हैतानेवं विदे सर्वदा सर्वाणि भूतानि विचिन्वंत्यपि स्वपते।"[३] इत्यादिलिंगानां वाहुल्यात् विद्यामयक्रत्वंग भूता एव। लिंग हि प्रकरण वलीयस्तदपि शेष लक्षणे उक्तम् "श्रुतिलिंग वाक्य प्रकरण स्थान समाख्यानां समवाये पार दौर्वल्यमर्थविप्रकर्षात्"[४] इति।

---

१. यजुर्वेद २ कां० ३ प्र० ६ अनु ।। २. संकर्षणकांड (देवताकांड)
३. तै० आ० १० ।। ४. जैमिनीय धर्म सू० ३।३।१३।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ--"मन, वाणी, प्राण, चक्षु, कर्म आदि सभी अग्नि रूप हैं।" इत्यादि में मन से जो संकल्प करके किया जाता है उसी को सफलता मिलती है। "जो मन द्वारा वाणी प्राण आदि तत्त्वों को जान लेता है, वह सभी प्राणि-शास्त्र के तत्त्वों का ज्ञाता होकर आनन्द से जीवन यापन करता है।" इत्यादि लिंगों (विशेष आदेशों) की बहुलता के कारण अग्नि विद्या के अंग रूप से इनकी भी विशेष महत्ता है। प्रकरण से लिंग की श्रेष्ठता मानी जाती है। [अग्नि विद्या का प्रकरण है, किंतु उनमें इन मन आदि तत्वों के अन्वेषण को विशेष महत्त्व दिया गया है। इसलिये इनकी विशेष गवेषणा करनी चाहिये] श्रुति, लिंग, प्रकरण, स्थान, इनके वर्णनों के समूह में पूर्व के वर्णनों को श्रेष्ठ और पर को दुर्बल माना जाता है।

सू०—पूर्व विकल्पः प्रकरणात् स्यात् क्रिया मानसवत् ।३।३।४४।।

वाक्यार्थ—अतः पूर्वपक्षः "इष्टकाभिरग्निं चिनुत" इति विहितस्य क्रिया-मयस्य पूर्वस्यैवायं विकल्पः प्रकरणात् स्यात्। लिंगस्यात्रार्थवादस्थत्वेन बली-यस्त्वाभावात्, उक्ताः अग्नयः क्रियारूपा एव मनोग्रहं गृह्णाति इतिवत्।

भावार्थ—एक पक्ष के लोग कहते हैं, कि "यज्ञ में ईंटों का चयन कर अग्नि का चयन करो" इस विधान से ईंटों के चयन के समान मन आदि भी यज्ञ के एक अंगमात्र हैं। यज्ञ के प्रकरण में ही उनका उल्लेख है, उनको लिंग के रूप में विशिष्ट स्थान देने की आवश्यकता नहीं है। उन मन आदि को जो विशेष रूप से कहा गया है, वह केवल प्रशंसामात्र है, वास्तविकता नहीं। प्राण, चक्षु आदि अग्नि क्रिया रूप हैं (उनका कोई प्राणिशास्त्र से सम्बन्ध महत्व नहीं है) जैसे कि बारह दिन के यज्ञ में दसवें दिन मानसी पात्र प्रदान किया जाता है।

सू०—अतिदेशाच्च ।३।३।४५।।

वाक्यार्थ—"तेषामेकैक एव तावान् यावानसौ पूर्वः" इति पूर्वे स्याग्नेवीर्यं तेष्वतिदिष्यते, अतस्ते क्रिया रूपा एव।

भावार्थ—"३६ हजार जो मनश्चिदादि अग्नियाँ हैं, उतनी ही यज्ञ की क्रियायें भी हैं।" इस समान उल्लेख से मनश्चित् आदि क्रिया ही हैं।

सू०—विद्यैव तु निर्धारणात् दर्शनाच्च ।३।३।४६।।

वाक्यार्थ—सिद्धांते विद्यात्मका एव ते। कुतः, "ते हैते विद्याचित् एव" इति निर्द्धारणात्। अत्र "येषामंगिनो विद्यामय क्रतोस्ते मनसाऽधीयंत,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मनसा चीयंत, मनसैषु ग्रहाः अग्रह्यंत, मनसा स्तुवंत, मनसा शंसत् यत् किंच यज्ञे कर्म क्रियते" इत्यादौ तदंगभूतविद्यामयक्रतु प्रतीतेश्च ।

भावार्थ—विचारने पर ज्ञात होता है, कि मनश्चित आदि विद्यात्मिका हैं। क्योंकि कहा गया है—"वे सब विद्याचित् हैं।" यहीं "यज्ञ में जो कुछ कर्म किये जाते हैं, वे सब मनोमय हैं, ऐसा कहा गया। इससे सिद्ध होता है कि मानसी उपासना रूप विद्या के रहस्य को यज्ञ की क्रियाओं के रूप में वर्णन कर यज्ञ की भी आध्यात्मिकता दिखलाई गई है। इन्हें लोग विद्यारूप न मानकर यज्ञ की क्रिया रूप ही मानते हैं।

सू०—श्रुत्यादिबलीयस्त्वाच्च न बाधः ।३।३।४७।।

वाक्यार्थ—"ते हैते विद्याचित् एव" इति श्रुतेः। "एवं विदे सर्वदा सर्वाणि भूतानि विचिन्वंति" इति लिंगस्य "विद्ययाहैवैते एवं विदश्चिता भवंति" इति वाक्यस्य च प्रकरणाद् बलीयस्यस्त्वात्तेषामग्नीनां विद्यामय क्रत्वंगताबाधो न।

भावार्थ—प्रकरण तो यज्ञ का ही चल रहा है, वहाँ मानसी उपासना का भी अतिदेश (इशारा) किया गया है। "ये मन आदि विद्याचित ही हैं" ऐसा वेद प्रमाण भी है • "मन आदि की उपासना के रहस्य को जानने वाले सदा सभी प्राणि तत्त्वों के ज्ञाता हो जाते हैं" ऐसी विशेषता कही गई। "इस विद्या को जानने वाले ज्ञान से सम्पन्न हो जाते हैं।" इस वाक्य की यज्ञ के प्रकरण से बलवत्ता दिखलाई गई है और मनश्चित आदि अग्नियों को विद्यामय कहा गया है। इससे ये यज्ञ के अंग भी रहें तो कोई बाधा नहीं है। [यज्ञ के अङ्ग रूप से तो वह यज्ञ के प्रकरण में कहे ही जावेंगे परन्तु उनके रहस्य की ओर भी ध्यान दिलाने के लिए उनकी विशेषता कह दी गई है]

सू०—अनुबंधदिभ्यः प्रज्ञांतर पृथक्त्ववत् दृष्टश्च तदुक्तम् ।३।३।४८।।

वाक्यार्थ—"मनसेषु ग्रहा अगृह्यंते"[1] इत्यादिभ्यः स्तोत्रशस्त्रादिभ्योऽनुबंधेभ्यः श्रुत्यादिभ्यश्च विद्यामयः क्रतुः पृथगेव, शांडिल्यादि विद्यांतर पृथकवत्। यथासति विधिः परिकल्प्यते। दृष्टश्चानुवाद सरूपे "यदेव विद्यया करोति" इत्यादौ कल्प्यमानो विधिः "वचनानित्वपूर्वत्वात्" इति च उक्तं च।

---

१. जैमिनि धर्मसूत्र ।३।५।२१।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ--"मन से ही ये सब कुछ ग्रहण होते हैं" इत्यादि जो स्तोत्र के शब्द हैं। इनमें मानसी उपासना का अनुबन्ध है। श्रुति वाक्यों में भी मानसी उपासना कही गई है। इसे विद्यामय यज्ञ कहते हैं। विद्यामय यज्ञ और क्रियामय यज्ञ में बड़ा अन्तर है। जैसे कि शांडिल्य विद्या में क्रियामय यज्ञ की पृथक्ता कही गई है।" जो कुछ है वह विद्या से होता है" इस वाक्य में विधि (क्रिया) केवल कल्पनामात्र ही रहती है। "वह उपासना वचन से परे की वस्तु है" ऐसा कहते हैं। [मानसी उपासना तो गूंगे के गुड़ के समान है, (अनिवर्चनीय) उसकी समाधि भाषा होती है।]

सू०—न सामान्यादप्युपलब्धेर्मृत्युवन्न हि लोकापत्तिः ।३।३।४९॥

वाक्यार्थ--मानसग्रह सामान्यादप्येषां न क्रियामयक्रत्वंगत्वम्, विद्या रूपत्वोपलब्धेः। "स एष एवं मृत्युर्य एष तस्मिन् मंडले पुरुषः, अग्निर्वै मृत्युः" इत्यग्न्यादित्य पुरुषयोर्मनः सादृश्येन वैषम्यापगमः, नहि "लोकोगौतमाग्निः"[१] इत्यग्नेर्लोकापत्तिः।

भावार्थ—मानस पात्र यज्ञ के दसवें दिन दिया जाता है, यह सामान्य बात है। इस उदाहरण से भी हम मनश्चित् आदि को क्रियामय यज्ञ का अंग नहीं मान सकते। ये मनश्चित् आदि तो विद्यामय के ही अंग हैं। जैसे कि "इस सूर्य मंडल का पुरुष मृत्यु है अग्नि मृत्यु है।" इत्यादि वाक्यों में जैसे सूर्य और अग्नि को मृत्यु कहा गया, जो कि असम्भव है। उसी प्रकार मन को क्रियामय यज्ञ से सम्बद्ध नहीं कर सकते। (मन केवल कहने मात्र की वस्तु नहीं है। विद्या साधन का एक प्रधान तत्त्व है) और जैसे लोकों को अग्नि रूप कहा है, वह भी अर्थवाद मात्र है।

सू०—परेण च शब्दस्य ताद्विध्यं भूयस्त्वात्वनुबंधः ।३।३।५०॥

वाक्यार्थ—"अयंवावलोक एषोऽग्निचित्" इत्यनंतरेण चास्य शब्दस्य मनश्चिदाद्यग्निविषयस्य ताद्विध्यं, मनश्चियादिषूपादेयानामग्न्यंगानां भूयस्त्वाद् बहुत्वात्तेषां क्रियाग्नि सन्निधावनुबंधः।

भावार्थ—अग्नि रहस्य के प्रथम और बाद के वाक्यों में विद्या तत्त्व का निरूपण किया गया है, केवल मध्य में क्रियामय यज्ञ की चर्चा की गई है। इससे सिद्ध होता है कि अग्निचित आदि विद्यामय हैं जो कि क्रिया यज्ञ में उपादेय अंग हैं। मनश्चित् आदि बहुलता से विद्यामय ही हैं। ये मानसी उपासना के रहस्यमय विषय है।

---

१. जैमिनि धर्मसूत्र ३।५।२१॥

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding ; IKS

अधिकरण २१

सू०—एक आत्मनः शरीरे भावात् ।३।३।५१।।

वाक्यार्थ—उपासन वेलायां बद्धावस्थः प्रत्यगात्माचिंतनीयः शरीरे तादृशस्यैवात्मनः सत्वादित्येके ।

भावार्थ—उपासना के समय में कर्त्ता, भोक्ता रूप बद्धावस्था वाले जीवात्मा का चिन्तन करना चाहिये क्योंकि शरीर में जो गुण हैं, वे ही जीवात्मा में भी हैं। ऐसा एक का मत है [शरीर ही आत्मा है, ऐसा चार्वाक मत है।]

सू०—व्यतिरेकस्तद्भावभावित्वान्नतूपलब्धिवत् ३।३।५२।।

वाक्यार्थ—बद्धाकारात् विलक्षणो मुक्ताकारः प्रत्यगात्मा, साधनं कालेऽनुसंधेयः। तादृगरूपस्यैव मुक्तौ भावित्वात्। ध्यानानुरूप परमात्म प्राप्तिवत्।

भावार्थ—बद्ध जीव से मुक्त जीव का स्वरूप विलक्षण होता है, साधन काल में वही रूप अनुसंधान का विषय होना चाहिये। उस मुक्त रूप की ही, प्राप्ति की कामना मुक्ति भाव में होती है। जैसा परमात्मा का ध्यान किया जाता है, तदनुरूप ही परमात्मा दर्शन देते हैं। इसी प्रकार मुक्त स्वरूप का चिन्तन करके मुक्त रूप प्राप्त होगा, बद्ध का चिन्तन बंधन का कारण होगा।

अधिकरण २२

सू०—अंगावबद्धास्तु न शाखासु हि प्रतिवेदम् ।३।३।५३।।

वाक्यार्थ—"ओमित्येतदक्षरमुद्गीथमुपासीत्" इत्येवमाद्याः उद्गीथांगप्रतिबद्धा उपासना न शाखास्वेव व्यवस्थिताः। अपितु प्रतिवेदं सर्वशाखास्वेव प्रतिबद्ध्यंते। यतः उद्गीथादि श्रुतेरविशेषात्।

भावार्थ—"ओम इस एक अक्षर की उद्गीथ में उपासना करनी चाहिये" ऐसी उद्गीथ की ही, आदिम अंग के रूप से प्रणव की उपासना कही गई हो ऐसा नहीं है। प्रणव की उपासना वेद की भिन्न-भिन्न शाखाओं में भिन्न-भिन्न रूप की हो ऐसा भी नहीं है अपितु सभी शाखायें प्रणव की उपासना में एक दूसरे से सम्बद्ध हैं। उद्गीथ विद्या की विज्ञापक श्रुति में ही कोई प्रणव उपासना की विशेषता नहीं है। उद्गीथ विद्या की भी अनेक स्थलों पर विज्ञप्ति की गई है, सभी समान हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—मंत्रादिवद्वाऽविरोधः ।३।३।५४।।

वाक्यार्थ—यथा "कुटरसि" इति मंत्रः यथा वा "प्रयाजाः" तद्वद् अन्यत्रोक्तानां उपासनानामितरत्र योगोऽविरोधः।

भावार्थ—जैसे "कुटरसि" मंत्र अथवा "प्रयाजा" मंत्र का सभी वेदों में एक ही प्रयोजन से प्रयोग किये गये हैं। वैसे ही उद्गीथ विद्या एक ही प्रयोजन से भिन्न-भिन्न स्थलों पर कही गई है।

अधिकरण २३

सू०—भूम्नः क्रतुवज्ज्यायस्त्वं तथाहि दर्शयति ।३।३।५५।।

वाक्यार्थ—वैश्वानर विद्यायां समग्रोपासनस्य प्रशस्तायथा पौर्णमासादीनां सांगानामेकः प्रयोगः "एवं मूर्द्धाते व्यपतिस्यन् मां नागमिष्ये"[1] इत्यादिका प्रत्यंगमुपासने दोषं ब्रुवंति। समस्तोपासनस्य प्रशस्ततां दर्शयति श्रुतिः।

भावार्थ—वैश्वानर विद्या में सम्पूर्ण विद्या की उपासना की प्रशंसा की गई है, किसी अंग की भिन्न नहीं। जैसे कि पौर्णमास आदि यज्ञों को सांगोपांग करने का प्रशंसनीय विधान है।" यदि तुम मेरे पास न आते तो तुम्हारा शिर कटकर गिर जाता "इस वाक्य से सिद्ध है कि, भिन्न-भिन्न अंगों की सांगोपांग उपासना न करने से अनिष्ट होता है। संपूर्ण उपासना की प्रशंसा वेदों में दिखलाई गई है।

अधिकरण २४

सू०—नानाशब्दादि भेदात् ।३।३।५६।।

वाक्यार्थ—शांडिल्यविद्यादीनां नानात्वं, कुतस्तच्छब्दादिभेदात्।

भावार्थ—शांडिल्य, भूमा, दहर, उपकोशल, वैश्वानर आदि विद्याओं में केवल नाम मात्र का भेद है [उपास्य तत्त्व सभी में एक है]।

अधिकरण २५

सू०—विकल्पोऽविशिष्ट फलत्वात् ।३।३।५७।।

वाक्यार्थ—विद्याभेद उक्तस्तत्रानुष्ठान विकल्पोऽविशिष्ट फलत्वात्।

भावार्थ—विद्याओं में अनुष्ठान के प्रकार का भेद है। किन्तु फल किसी का श्रेष्ठ हो ऐसा नहीं अपितु सभी का एक सा फल है।

---

१. छांदोग्यो० ५।१२।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—काम्यास्तु यथाकामंसमुच्चीयेरन् नवापूर्वहेत्वाभावात् ।३।३।५८।।

वाक्यार्थ—ब्रह्म प्राप्ति व्यतिरिक्त फलानुष्ठानेऽनियमोनियम प्रयोजक पूर्वोक्त हेत्वा भावात् ।

भावार्थ—ब्रह्म प्राप्ति के लिये जिन विद्याओं का अनुष्ठान किया जाता है उन सबका तो एक ही फल होता है । परन्तु विशेष कामना से जो अनुष्ठान किये जाते हैं उनका विशेष ही (उसके अनुसार) फल होता है । इससे सिद्ध है कि ब्रह्म विद्यायें प्रयोजन से एक ही हैं ।

अधिकरण २६

सू०—अंगेषु यथाश्रयभावः ।३।३।५६।।

वाक्यार्थ—बहुभिर्लिङ्गैः कर्माङ्गाश्रितानां उद्गीथादि विद्यानां नियमेन कर्मसूपादानमित्याक्षिपति । उद्गीथादिष्वाश्रितानां विद्यानामुद्गीथादिवदंगभावः

भावार्थ—अनेक नामों से कर्मों की आश्रित उद्गीथ आदि विद्याओं का नियम से, यज्ञादि कर्म ही उपादान कारण है ऐसा आक्षेप करते हैं । उद्गीथ आदि विद्याओं की आश्रित जो विद्यायें हैं, उद्गीथ आदि जैसे कर्म के अंग हैं वैसे ही वो भी अंग भाव से मानी जाती हैं ।

सू०—शिष्टेश्च ।३।३।६०।।

वाक्यार्थ—"उद्गीथमुपासीत्" इति शासनात् चोपादान नियमः ।

भावार्थ—"उद्गीथ की उपासना करनी चाहिये" ऐसा जो शासन वाक्य है इससे उद्गीथ का उपादान जो कर्म कहा गया है, वह भी उसी के समान विद्यामयरूप से उपासना वाला होगा, ऐसा नियम है ।[1]

सू०—समाहारात् ।३।३।६१।।

---

१. उद्गीथ का तात्पर्य भगवान के नाम संकीर्त्तन से ही है । प्रणव रूप भगवन्नाम के उच्चारण से यज्ञों के दोष दूर होते हैं यही इसका तात्पर्य है— भागवत ६।२३।१६।। में शुक्राचार्य वामन भगवान से कहते हैं—

"मंत्रतस्तंत्रतश्छिद्रंदेशकालार्हवस्तुतः ।
सर्वं करोति निश्छिद्रं नाम संकीर्त्तनं तव ।"

मंत्र और तंत्र की, देश, काल आदि की त्रुटियों को आपका नाम संकीर्त्तन निश्चित ही पूरा कर देता है ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वाक्यार्थ—"होतृषदनाद्धैवापि दुरुद्गीथमनुसमाहरति"[१] इति प्रणवोद्गीथयोरैक्येन संपादनाच्च ।

भावार्थ—"होता यज्ञ करते हुए अपने आसन पर यदि दोष युक्त मंत्र का उद्गान करता है तो भी प्रणव के उच्चारण से वह दोष से छूट जाता है।" इस वाक्य में उद्गीथ और प्रणव की एकता कही गई है।

सू०—गुण साधारण्यश्रुतेश्च ।३।३।६२।।

वाक्यार्थ—"तेनेयंत्रयीवर्त्तते"[२] इति गुण साधारण्य श्रुतेश्च ।

भावार्थ—"प्रणव में ही वेदत्रयी (ऋक्, यजु, साम) विद्यमान है इस वाक्य में प्रणव की समानरूप से गुण की विशेषता कही गई है।

सू०—न वा तत्सहभावोऽश्रुतेः ।३।३।६३।।

वाक्यार्थ—नांगाश्रितानां विद्यानामंगवत् क्रतुषूपादान नियमः क्रत्वंग भावाश्रवणात् ।

भावार्थ—कर्म के अंगों की तरह उद्गीथ आदि विद्या भी उसके अंग रूप सहकारी हैं, ऐसा नहीं है। ये विद्यायें स्वतंत्र उपासना का विधान करती हैं। इनका स्वतंत्र विशेष महत्व है। यज्ञ में ब्रह्मविद्या की महत्ता है।

सू०—दर्शनाच्च ।३।३।६४।।

वाक्यार्थ—"एवं विद्ध वै ब्रह्मा, यज्ञं, यजमानं, सर्वांश्चऋत्विजोऽभिरक्षति"[३] इति श्रुतौवेदनानियतता दर्शनाच्च ।

भावार्थ—"ब्रह्मविद्या के रहस्य जानने वाला ही योग्य ब्रह्मा हैं, वह यज्ञ, यजमान ऋत्विजों की रक्षा कर सकता है।' इस प्रकार श्रुति में ब्रह्मविद्या को न जानने वाले को ब्रह्मा न बनाने का विधान किया है। ब्रह्म विद्या विद का ही यज्ञादि क्रियाओं में महत्व है।

तृतीय पाद समाप्त

---

१. छां० १।५।५।। २. छां० ।१।१।६।। ३. छां० ४।१७।१०।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

चतुर्थ पाद

अधिकरण १

सू०--पुरुषार्थोऽतः शब्दादिति बादरायणः ।३।४।१।।

वाक्यार्थ—ब्रह्म प्राप्तिः विद्यातः "ब्रह्मविदाप्नोति परम्"[1] इत्यादि शब्दादिति भगवान बादरायणो मन्यते ।

भावार्थ—ब्रह्म प्राप्ति विद्या के अनुष्ठान से होती है। ऐसा "ब्रह्म के ज्ञाता ही परम मोक्ष को प्राप्त करते हैं" इत्यादि शब्दों से निश्चित होता है। भगवान बादरायण मोक्ष पुरुषार्थ का साधन ब्रह्मविद्या को ही मानते हैं।

सू०—शेषत्वात् पुरुषार्थवादो यथाऽन्येष्विति जैमिनिः ।३।४।२।।

वाक्यार्थ—कर्माङ्ग भूतकर्तृ संस्कार द्वारेण विद्यायाः कर्माङ्गत्वं कर्त्तृः कर्म शेषत्वात् फलश्रुतिरर्थवादः। यथापर्णमयीद्रव्यादिष्वपापश्लोक श्रवणादि फलश्रुतिः तद्वदिति जैमिनिर्मन्यते ।

भावार्थ—केवल ब्रह्म विद्या से मुक्ति संभव नहीं है। ब्रह्म विद्या तो यज्ञादि कर्म का अंग है। कर्मों के शेष संस्कारों को ब्रह्म विद्या द्वारा वासना रहित किया जा सकता है। परन्तु कर्म हो ही नहीं और ब्रह्मविद्या ही श्रेष्ठ हो तो कार्य बनेगा नहीं। केवल ब्रह्म विद्या से मोक्ष बतलाने वाले वाक्य हैं, वो अर्थवाद मात्र (प्रशंसा वाक्य) हैं। जैसे कि—(यस्य पर्णमयी जुहूर्भवति न स पापं श्लोकं शृणोति) जिसकी पलाश की लकड़ी की जुहू (यज्ञ करने की श्रुवा) होती है वह पापकर्मों को स्पर्श नहीं करता।" यह प्रशंसा मात्र है। यज्ञ कर्मों का अनुष्ठान ही मोक्ष का साधन है। ऐसा जैमिनि मानते हैं।

सू०—आचार दर्शनात् ।३।४।३।।

वाक्यार्थ--"जनकोहवैदेहो वहुदक्षिणेन यज्ञेनेजे"[2] इत्यादि श्रुतिभ्यो जनकादीनामाचार दर्शनात् ।

---

१. तैत्त० २।१।१।। २. वृहदा० ।३।१।१।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ--"विदेह ब्रह्मज्ञानी जनक ने बहुत दक्षिणा वाले यज्ञ किये" इत्यादि श्रुति वाक्य वासना रहित जनक आदि द्वारा भी यज्ञादि कर्मों का होना बतलाते हैं। कर्मों को करना आचार धर्म है।

सू०—तच्छ्रुतेः ।३।४।४।।

वाक्यार्थ--"यदेव विद्यया करोति श्रद्धयोपनिषदातदेववीर्यवत्तरं भवति।"[1] इति विद्यायाः कर्मोपयोगित्वस्य श्रुतेः।

भावार्थ—"साधक जो कुछ भी श्रद्धापूर्वक वास्तविक रहस्य को बतलाने वाली विद्या के द्वारा तत्व को समझ कर कर्म करता है, वही अधिक से अधिक सामर्थ्य युक्त होता है।" इस उदाहरण से विद्या कर्म की उपयोगी है, ऐसा निश्चित होता है।

सू०—समन्वारंभणात् ।३।४।५।।

वाक्यार्थ—"तं विद्याकर्मणी समन्वारभेते"[2] इति विद्याकर्मणो साहित्य दर्शनाच्च।

भावार्थ—"जीवात्मा के साथ परलोक गमन काल में ज्ञान और कर्म साथ जाते हैं।" इस उदाहरण में विद्या और कर्म को साथ कहा गया है। इसलिए दोनों ही साथ-साथ मोक्ष के साधन हैं। भिन्न भिन्न नहीं।

सू०—तद्वतो विधानात् ।३।४।६।।

वाक्यार्थ—"आचार्य कुलात् वेदमधीत्य यथा विधानं गुरोः कर्मातिशेषेण अभिसमावृत्य, कुटुम्बे शुचौ देशे स्वाध्यायमधीयानः"[3] इति कर्म विधानाच्च।

भावार्थ—"गुरुकुल से वेदों को पढ़कर विधि पूर्वक गुरु की आज्ञा से गुरुकुल के कर्म को समाप्त कर, अपने कुटुम्ब में पवित्रतापूर्वक स्वाध्याय करना चाहिये।" इसमें भी स्वाध्याय रूप कर्म का ही विधान है।

सू०—नियमाच्च ।३।४।७।।

वाक्यार्थ—"कुर्वन्नेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं समाः।"[4] इत्यादि नियमाच्च।

---

१. छां० ।१।१।१०।। २. वृहदा० ।४।४।२।। ३. छां० ।८।१५।१।।
४. ईशावा० २।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ—"शास्त्रोक्त कर्मों को करते हुए सौ वर्षों तक जीने की इच्छा करनी चाहिये। इत्यादि वाक्यों से कर्म का नियम सिद्ध होता है।

सू०--अधिकोपदेशात्तु बादरायणस्यैवं तद्दर्शनात् ।३।४।८।।

वाक्यार्थ—तत्रोच्यते, जीवात्कर्त्तुरधिकस्य सर्वेश्वरस्य सवनियंतुर्वेद्य-त्वेनोपदेशात् "पुषार्थोऽतः" इति भगवतो बादरायणस्य मतम् । "एष सर्वेश्वरः अंतः प्रविष्टः शास्ताजनानां सर्वस्येशानः तं त्वौपनिषदं पुरुषं पृच्छामि सर्वे वेदा यत्पदमामनंति" इत्यादि दर्शनात् ।

भावार्थ—इस विषय पर कहते हैं, कि—जीवात्मा के कर्तृत्व से अधिक सर्वेश्वर का सर्वनियंतृत्व (सब पर शासन करना) और वेद्यत्व का महत्व कहा गया है । ३।४।१। सूत्र में भगवान् बादरायण का यही मत है । "यह सर्वेश्वर प्राणिमात्र के अंतःकरण में प्रवेश कर शासन करते हैं, सभी के स्वामी हैं । मैं उन वेदांत वेद्य परम पुरुषोत्तम को जानना चाहता हूँ, जिनकी सारे वेद व्याख्या करते हैं ।" इत्यादि विशेषतायें परमात्मा की दिखलाई गई हैं ।

सू०—तुल्यं तु दर्शनम् ।३।४।६।।

वाक्यार्थ--विद्याया अकर्माङ्गत्वेऽपि "किमर्थावयं अध्येष्यामहे, किमर्थ वयं यक्ष्यामहे ।" इत्यादि दर्शन तुल्यम् ।

भावार्थ—[आचार दर्शन के आधार पर विद्या को कर्म का अंग कहते हैं, उसका खंडन कर रहे हैं]—जैसा कि दिखलाया गया विद्या कर्म का अंग है, जनकादि उसके उदाहरण हैं । हम कहते हैं, कि विद्या को हम कर्म का अंग नहीं मानते । विद्या की प्रधानता के भी पुष्ट उदाहरण हैं । "हम किसलिये पढ़ें ? किस लिए यज्ञ करें ?" ऐसी विविदिषा होने पर अनासक्तभाव से कर्म का अनुष्ठान करते हुए जीवन यापन हो सकता हैं ।

सू०—असार्वत्रिकी ।३।४।१०।।

वाक्यार्थ—"यदेव विद्यया" इति श्रुतिर्नसर्व विषया ।

भावार्थ—सू० ।३।४।४। में जो उदाहरण दिया गया है, वह सभी विषयों में लागू नहीं होगा । वह तो उद्गीथ विद्या का ही एकमात्र विषय है ।

सू०—विभागः शतवत् ।३।४।११।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वाक्यार्थ—"तं विद्याकर्मणी समन्वारभेते" इत्यत्र फलद्वयनिमित्त शत विभागवत विभागोज्ञेयः ।

भावार्थ—सू० ३।४।५। में जो यह कहते हैं कि विद्या और कर्म दोनों साथ-साथ मोक्ष मार्ग के साथी हैं, सो उसमें ५० प्रतिशत का बराबर का दोनों का हिस्सा है । अधिक न्यून नहीं । कर्म की प्रधानता हो विद्या उपकारी अंगमात्र हो ऐसा नहीं ।

सू०—अध्ययनमात्रवतः ।३।४।१२।।

वाक्यार्थ—"आचार्य कुलाद्वेदमधीत्य" इत्यत्र त्वध्ययनमात्रवतः कर्म विधीयते ।

भावार्थ—"आचार्य कुल से वेद पढ़कर" ऐसा जो उदाहरण सू० ३।४।६। में दे रहे हैं, वह तो अध्ययन मात्र कर्म का द्योतक है उससे तो मुक्ति संभव नहीं है । मुक्ति की जिज्ञासा तो इन सबके बाद ही होती है ।

सू०—नाविशेषात् ।३।४।१३।।

वाक्यार्थ—नियमवाक्यस्यापि नियमेन विद्वत् विषयकत्वायोगात् ।

भावार्थ—सू० ३।४।७। में जो नियम का उदाहरण दिया गया कि "कर्म करते हुए सौ वर्ष तक जीवे" यह मोक्ष मार्ग पर जाने वाले महात्मा के लिये ही विशेष रूप से कहा गया हो ऐसा नहीं । अपितु यह नियम तो सामान्य जीवों के लिये भी है ।

सू०—स्तुतयेऽनुमतिर्वा ।३।४।१४।।

वाक्यार्थ—विद्यास्तुतये विदुषः "कुर्वन्नेवेहकर्माणि" इतिकर्मानुज्ञाक्रियते ।

भावार्थ—ब्रह्म विद्या का उपासक महात्मा यदि जीवन पर्यन्त अनासक्त-भाव से कर्मानुष्ठान करता है । तो यह उसकी ब्रह्म विद्या की विशेषता है । ऐसा महात्मा तो ग्रहस्थ होते हुए भी वास्तविक त्यागी है और कर्म त्यागी से अधिक स्तुत्य है ।

स०—कामकारेणचैके ।३।४।१५।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding ; IKS

वाक्यार्थ—"किं प्रजयाकरिष्यामो येषांनोऽयमात्माऽयंलोक"[१] इत्येके विदुषां स्वेच्छया गार्हस्थ्यत्यागमत एवाभिधीयते ।[२]

भावार्थ—"हमें संतान की क्या ग्रावश्यकता है? हमारे लिये तो यह ग्रात्म लोक ही ग्रभीष्ट है।" ऐसा उपनिषद् में कहा गया वाक्य निर्देश करता है, कि

---

१. वृहदा० ४।४।२२।।

२.(१) यहाँ स्वेच्छा का तात्पर्य मनमानी करने से नहीं है। स्व का ग्रर्थ ग्रात्मा होता है।

(२) ग्रहस्थ धर्म का पालन करने के बाद ही ग्रात्म साक्षात्कार के लिये मोक्ष धर्म संन्यास ग्राश्रम के पालन की विधि की गई है जिनमें एषणाग्रों का त्याग करना होता है, देखें वृ० ४।४।२२।।

(३) ग्रात्मा को ही जो ग्रपना संसार मानते हैं, वही संन्यासमार्ग के ग्रधिकारी हैं—

(i) "पश्येदात्मन्यदोविश्वं परे सद्सतोऽव्यये ।
ग्रात्मनं च परं ब्रह्म सर्वत्र सदसन्मये ।।" भागवत

(ii) "सर्वभूतेषुयः पश्येद् भगवद्भावमात्मनः ।
भूतानि भगवत्यात्मन्येष भागवतोत्तमः ।।" भागवत् ।११।२।४५।।

(i) जो सारे स्थूल ग्रौर सूक्ष्म जगत को परमात्मा रूप में देखते हैं ग्रौर ग्रपने को सारे जगत में व्याप्त समझते हैं वे महात्मा हैं (ग्रात्मवत सर्वभूतेषु यः पश्यति स पंडितः) ।

(ii) प्राणिमात्र को जो परमात्मा स्वरूप समझता है ग्रौर ग्रपने को भी उसी में समझता है, ऐसा भगवद्भाव संपन्न परम भागवत है।

(४) पिछले सूत्र में गृहस्थ धर्म में ही जो विद्याभ्यास की विशेषता कही गई वह निश्चित ही संन्यास से ग्रधिक महत्व रखती है, जिसके लिये भगवान गीता में कहते हैं—

"कर्मसंन्यासात् कर्मयोगोविशिष्यते" कर्मत्याग से ग्रनासक्त भक्तिमार्गीय कर्मयोग श्रेष्ठ है। श्री स्वामीशंकराचार्य जी ने भी ग्रनासक्त कर्मयोगी भगवद् भक्त को निर्मल कहा है—"भगवद्भक्तानां रागादिभ्यो भयं नास्ति ।"

(५) भगवद्भाव संपन्न भक्त के शास्त्रीय विधिनिषेधात्मक कर्मों के बंधन स्वतः शिथिल हो जाते हैं, क्योंकि वह सत्व, रज, तम तीनों गुणों से परे परमात्मभाव डूब जाता है। गुणों के स्वभाव उस भक्त पर ग्रसर नहीं करते—इसलिये—"निस्त्रैगुण्येपथि विचरतां को विधिः को निषेधः" (भागवत)।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

आत्मतत्त्व में रमण करने की इच्छा से ही महात्मा गृहस्थ त्याग कर संन्यास लेते हैं।

सू०—उपमर्दं च ।३।४।१६॥

वाक्यार्थ—अतएव विद्यया कर्मोपमर्दं च "क्षीयंते चास्य कर्माणितस्मिन् दृष्टे परावरे" इत्यादिना पठंति ।

भावार्थ—इसलिये भगवद्भक्ति रूप विद्या से कर्मों का स्वतः क्षय हो जाता है।" उस परमात्मा भाव से संपन्न हो जाने पर भक्त के कर्म क्षीण हो जाते हैं।" ऐसा कहा गया है।[1]

---

१. यत्पादपंकजपराग विलास भक्त्या कर्माशयं ग्रथितमुद्ग्रथयंति संतः ।
तद्वन्नरिक्तमतयो यतयोऽपिरुद्र, स्रोतोगणास्तमरणंभजवासुदेवम् ॥
(भागवत ४।२२।३९॥)

अनासक्त कर्मयोगी ग्रहस्थ संत अपने चित्त में जकड़ी हुई कर्मों के संस्कार की गाँठ को भगवान के चरण कमलों की भक्ति से खोल डालते हैं। समस्त इन्द्रियों का प्रत्याहार करके अपने अंतःकरण को निर्विषय करने वाले संन्यासी भी वैसा करने में असमर्थ रहते हैं। इसलिये भगवान वासुदेव का ही भजन करना चाहिए, सभी को।

भगवद्भक्ति को ही प्राप्त कर उपासक उन्मत्त, शांत और आत्माराम हो जाता है। सिद्ध, अमृत और तृप्त हो जाता है—

"यल्लब्ध्वापुमान् सिद्धोभवति, अमृतोभवति, तृप्तोभवति, मत्तोभवति, स्तब्धोभवति, आत्मारामोभवति।" ना० भ० सू० ४।६।

सिद्धावस्था में गृहस्थभक्त गृहस्थाश्रम में रहते हुए भी—

"व्रजतस्तिष्ठतोऽन्यद्वा स्वेच्छयाकर्मकुर्वतः ।
नापयाति यदाचित्तात् सिद्धांमन्येत्तांतदा ॥" वि० पु० ६।७।८७॥

उठते-बैठते, चलते-फिरते जो एकमात्र परमात्मा के लिये ही संपूर्ण कर्मों का अनुष्ठान करता है। एक क्षण के लिये भी जिसके चित्त से भगवान का स्मरण नहीं हटता, उसी को सिद्ध मानना चाहिये। यही अमृत अवस्था है। इसी को प्राप्त करना सभी ब्रह्म विद्याओं का एक मात्र लक्ष्य है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—ऊर्द्धरेतस्सु च शब्देहि ।३।४।१७।।

वाक्यार्थ—ऊर्द्धरेतस्सु आश्रमेषु विद्यादर्शनाच्च तस्याः स्वातन्त्र्यं निश्चीयते । तेतु "त्रयोधर्मस्कंधाः[1] इत्यादिशब्दे दृश्यन्ते ।

भावार्थ—ब्रह्मचर्यपूर्वक जो तीन आश्रम, ब्रह्मचर्य, वाणप्रस्थ और संन्यास हैं उनकी तो एकमात्र ज्ञानरूपी विद्या के आश्रय से ही मुक्ति हो जाती है (उन्हें कर्म का संपुट आवश्यक नहीं है) ऐसा होने पर भी उनको धर्म के स्कंध कहा गया है [फिर यह कैसे माना जावे कि कर्म के आश्रित विद्या है]

सू०—परामर्श जैमिनिरचोदनाच्चापवदति हि ।३।४।१८।।

वाक्यार्थ—"त्रयोधर्मस्कंधा" इत्यादौ तेषामाश्रमाणामनुवादमात्रं विधायक शब्दाभावात् । "वीरहा वा एष देवानां योऽग्निमुद्वासयते"[2] इत्याश्रमांतरापवादश्रवणाच्चाश्रमांतरमनुष्ठेयमिति जैमिनिः ।

भावार्थ—"तीन धर्म के स्कंध हैं" इत्यादि वाक्य में ब्रह्मचर्य संन्यास आदि आश्रमों का परामर्श मात्र है । उनकी विधि या आज्ञा के शब्द नहीं कहे गये हैं ("ब्रह्मसंस्थोऽमृतत्वमेति"[3] ब्रह्मभाव में स्थित-अमृतत्व प्राप्त करता है । "इस वाक्य से ही संन्यास का अनुमान मात्र करते हैं, स्पष्ट संन्यास मार्ग का उल्लेख नहीं है । ब्रह्मचर्य प्रथम आश्रम का धर्म स्कंध है, उसके बाद तो गृहस्थ धर्म में जाना ही होगा छां० ८।१५।१। में स्पष्ट उल्लेख है । ब्रह्मभाव की प्राप्ति तो ग्रहस्थ में कर्म करते हुए भी हो सकती है फिर संन्यासमार्ग व्यर्थ है) "देवों में श्रेष्ठ अग्नि का जो त्याग करता है, वह पुत्रहंता है इस वाक्य से तो

ग्रहस्थाश्रम में ही इस अवस्था को प्राप्त करने की स्तुति ।३।४।१४। सूत्र में की है—महाकवि कालिदास भी इसकी प्राशंसा बिना करे न रह सके—

"विकार हेतौ सति विक्रियंते येषां चेतांसि त एव धीराः ।" (कुमारसंभव)

विकारों के कारणों के रहते हुए भी जिसके चित्त में विकार नहीं होता वही धीर है ।

१. धर्म के तीन स्कंध हैं; (१) यज्ञ, अध्ययन और दान (२) तप (३) ब्रह्मचर्य और संन्यास ।

२. यजु० १ कां० ५ प्र० २ अनु०   ३. छांदो० ।२।२३।१।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

गृहस्थाश्रम के अतिरिक्त अन्य आश्रम अपवादमात्र ही हैं। इसलिए गृहस्थाश्रम का ही एक मात्र अनुष्ठान करना चाहिये ऐसा जैमिनि का मत है।

सू०--अनुष्ठेयं बादरायणः साम्यश्रुतेः ।३।४।१९।।

वाक्यार्थ—गार्हस्थ्येनाश्रमांतरस्यानुवाद वाक्ये तुल्यत्व श्रवणात् अनुष्ठेयमिति भगवान बादरायणोमन्यते।[1]

भावार्थ—गृहस्थ धर्म के साथ सभी आश्रमों को समान रूप से अनुष्ठान करने का आदेश उस प्रसंग में किया गया है ऐसा भगवान बादरायण का मत है।

सू०—विधिर्वा धारणवत् ।३।४।२०।।

वाक्यार्थ--विधिरेवास्ति यथाधिष्ठाग्निहोत्रेश्रूयते। "अधस्तात समिधं धारयन्ननुद्रवेदुपरि देवेभ्योधारयति"[2] इति वाख्यं भित्वोपरिधारणम पूर्वत्वात् विधीयते तद्वत्।

भावार्थ—आश्रमों की विधि तो धर्मशास्त्र में भी है। जैसे कि अग्निहोत्र में कहते हैं "नीचे के आश्रम से समिधा धारण कर ऊपर के आश्रम में वेदों को धारण करता है।" इस वाक्य में जैसे क्रमशः विधान किये गये हैं। उसी प्रकार तीन स्कंध जहाँ कहे गये हैं वहाँ भी क्रमशः आश्रमों की विधि है।

अधिकरण २

सू०--स्तुतिमात्रमुपादानादिति चेन्नापूर्वत्वात् ।३।४।२१।।

वाक्यार्थ—"स॰एष रसानां रसतम्"[3] इत्यादि कर्माङ्गोद्गीथादि स्तुतिमात्रं तत्संबंधितया रसतमत्वादिरुपादानादिति चेन्न, अप्राप्तत्वादुदगीथादिषू रसतमत्वादि दृष्टि विधानम्।

भावार्थ--"उद्गीथ रसों में श्रेष्ठरस है" यह कर्म के अंग होने के कारण उद्गीथ की प्रशंसा मात्र का वाक्य है, कोई विधि वाक्य नहीं। सो ऐसा नहीं कह सकते क्योंकि उद्गीथ का कहीं भी यज्ञादि कर्मों की विधि से संबंध नहीं है। यह सभी विद्याओं में रसतम है यही सिद्ध होता है।

---

१. यज्ञ, अध्ययन, दान रूप गृहस्थ धर्म। तप रूप वाणप्रस्थ धर्म। गुरुकुलवास रूप ब्रह्मचर्य धर्म। तथा ब्रह्मत्वभाव की प्राप्ति संन्यास धर्म हैं। इसलिए चारों ही विधिवत् पालन करने से मुक्ति के कारण हैं।

२. जैमिनि धर्मसूत्र ३।४।१५।। ३. छांदो० १।१।३।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—भावशब्दाच्च ।३।४।२२।।

वाक्यार्थ—"उद्गीथमुपासीत्" इत्यादिविधिशब्दाच्च ।

भावार्थ—"उद्गीथ की उपासना करनी चाहिये" इत्यादि विधि शब्दों से भी उद्गीथ प्रधान विद्या सिद्ध होती है (यज्ञादि कर्मों का अंग नहीं)

अधिकरण ३

सू०—पारिप्लवार्था इति चेन्न विशेषितत्वात् ।३।४।२३।।

वाक्यार्थ—वेदांतेष्वाख्यानश्रुतयः पारिप्लवार्था इति न मंतव्यम् । "पारिप्लवमाचक्षीत" इत्युक्त्वा "मनुर्वैवस्वतोराजा"[1] इत्यादिना कासांचिद् विशेषितत्वाच्च ।

भावार्थ—वेदांतों (उपनिषदों) में जो आख्यान (कथानक) श्रुति वाक्य हैं उनको पारिप्लव के लिये नहीं मानना चाहिये । (अश्वमेध यज्ञ में राजा को जो प्राचीन कथायें सुनाते हैं, उन्हें पारिप्लव कहते हैं) पारिप्लव आख्यायिका में "मनु एक राजा थे" ऐसे कुछ निश्चित उपाख्यान हैं । उनके अतिरिक्त नहीं हैं ।

सू०—तथा चैकवाक्यतोपबंधात् ।३।४।२४।।

वाक्यार्थ—एवं सति "अन्यासां द्दष्टव्यः" इत्यादि विध्येक वाक्य तयोपबंधात् ता विद्यार्थाः ।

भावार्थ—इस प्रकार पारिप्लव से अतिरिक्त जो अन्य आख्यान श्रुतियाँ हैं, उनमें विधि (उपासना की विधि) कही गई है । इसलिये वे सब विद्या के लिये हैं ।

अधिकरण ४

सू०—अतएव चाग्नींधनाद्यनपेक्षा ।३।४।२५।।

वाक्यार्थ—"ब्रह्मनिष्ठोऽमृतत्वमेति"[2] इत्यादि श्रुतेरुर्ध्वरेतस्सु अग्नीन्धनाद्यनपेक्षा विद्या अस्ति ।

भावार्थ—"ब्रह्म निष्ठ अमृतत्व प्राप्त करता है" इत्यादि श्रुति में संन्यास आदि विरक्त आश्रमियों के लिए यज्ञादि कर्म के बिना ही केवल भगवच्चिंतन रूप विद्या कही गई है ।]

---

१. वृहदा० ६।५।६।। २. छां० २।२३।१।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अधिकरण ५

सू०—सर्वापेक्षा च यज्ञादि श्रुतेरश्ववत् ।३।४।२६।।

वाक्यार्थ—"तमेतं वेदानुवचनेन ब्राह्मण विविदिषंति यज्ञेन"[१] इत्यादि श्रुतेर्गमनेऽश्ववद् विद्या स्वोत्पत्तौ साधन भूतानि सर्वाणि कर्माण्यपेक्षते ।

भावार्थ—"इस आत्मा को ब्राह्मण वेदों के स्वाध्याय, यज्ञ, दान और निष्काम तप के द्वारा जानने की इच्छा करते हैं।" इत्यादि श्रुति में ब्रह्म प्राप्ति के साधन भूत सभी साधन कार्यों की आवश्यकता होती है, ऐसा ज्ञात होता है । जैसे कि मार्ग में जाने के लिए घोड़े की आवश्यकता होती है ।

अधिकरण ६

सू०—शमदमाद्युपेतः स्यात्तथापितु तद्विधेस्तदंगतयातेषामवश्यानुष्ठेयत्वात् ।३।४।२७।।

वाक्यार्थ—ब्रह्मजिज्ञासुर्विद्यांगभूत स्वाश्रभ कर्मणा विद्यानिष्पत्ति संभवेऽपि शमदमाद्युपेतः स्यात् । "तस्मादेवंविच्छांतो दांत उपरतस्तितिक्षुः समाहितोभूत्वाऽत्मन्येवात्मानं पश्येद्"[२] इति विद्यांगतया शमादि विधेः तेषामवश्यानुष्ठेयत्वात् ।

भावार्थ—ब्रह्म जिज्ञासु के लिये ब्रह्म विद्या के अंगभूत अपने आश्रम के कर्त्तव्य कर्मों की जैसे आवश्यकता होती है वैसे हीं सम, दम आदि अंतरंग साधन भी आवश्यक हैं । "परमात्मा की महिमा का ज्ञाता, शांत, दांत, उपरत, तितिक्षु और समाहित होकर आत्मा में ही आत्मा को देखता है ।" इस प्रकार विद्या की अंग शम दम आदि विधि हैं । इसलिये इनका साधन अवश्य करना चाहिये ।[३]

---

१. वृहदा० ४।४।२२।। २. वृहदा० ४।४।२३।।

३. इस सूत्र में सूत्रकार सभी वर्णों सभी आश्रमों में अपने-अपने अधिकार कर्मों के अनुसार भगवदुपासना (ब्रह्म विद्या) कहते हैं ।

अंतरंग शम आदि साधनों को शंकराचार्य जी ने साधन संपत्ति कहा है । जो कि इस प्रकार हैं—(१) लौकिक व्यापारात् मनस उपरमः शमः (२) वाह्ये कारणानां उपरमो दमः (३) ज्ञानाय विहित नित्यादि कर्म संन्यासः उपरतिः (४) शीतोष्णादि द्वंद्व सहनं तितिक्षा (५) निद्रा आलस्य प्रमाद त्यागेन मनः स्थितिः समाधानं (६) सर्वत्रास्तिकता श्रद्धा [सांसारिक विषयों

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अधिकरण ७

सू०--सर्वान्नानुमतिश्च प्राणात्यये तद्दर्शनात् ।३।४।२८॥

वाक्यार्थ--"न ह वा एवं विदि किंचनानन्नं भवति"[१] इति सर्वान्नानुज्ञानं प्राणात्ययापत्तावेव प्राणात्यये चाक्रायणो हीभ्योच्छिष्टं भक्षणंकृतवान् तस्य श्रुतौ दर्शनात् ।

भावार्थ—"प्राणतत्त्व के ज्ञाता के लिये कोई भी वस्तु अभक्ष्य नहीं होती" इस प्रसंग का यह तात्पर्य नहीं है कि अभक्ष्य भक्षण करे, अपितु प्राण संकट के समय ही प्राण धारण के लिये किसी प्रकार भी भोजन प्राप्त किया जा सकता है । जैसे कि चाक्रायण ऋषि ने घोर संकट में प्राण रक्षा के लिये जूठा भोजन किया था । उसी तथ्य को इस श्रुति वाक्य में दिखलाया गया है ।[२]

सू०—अबाधाच्च ।३।४।२६।।

वाक्यार्थ—"आहार शुद्धौ सत्वशुद्धिः"[३] इत्यस्याबाधाच्च ।

भावार्थ—"शुद्ध आहार से अंतःकरण शुद्ध होता है ।" इस वाक्य से स्पष्ट है, कि बिना बाधा के अभक्ष्य भक्षण न करे ।

सू०—अपि च स्मर्यते ३।४।३०।।

वाक्यार्थ—"जीवितात्ययमापन्नो योऽन्नमत्ति यतस्ततः, लिप्यते न स पापेन पद्मपत्रमिवांभसा ।" इति स्मर्यते च ।

भावार्थ—"प्राण संकट काल में जैसे भी मिले कहीं से लेकर जो अन्न भक्षण कर लेता है, वह अभक्ष्य भक्षण के पाप से उसी प्रकार लिप्त नहीं होता जैसे कि कमल का पत्ता जल से लिप्त नहीं होता ।

की ओर से मन को हटा लेना शम, अपनी कर्मेन्द्रियों को भी विषयोपभोग की ओर से क्रमशः अनासक्त कर देना दम, आत्म शुद्धि के लिये क्रमशः नित्य, नैमित्तिक और काम्य कर्मों की आसक्ति का त्याग करना उपरति, शीतोष्ण, सुख, दुःख, मानापमान आदि की आसक्ति न रहना तितिक्षा, निद्रा आलक्ष्य प्रमाद आदि से रहित शुद्ध मन होना समाधान और सदा परमात्म तत्त्व का अस्तित्व स्वीकार करना श्रद्धा है ।]

१. छां० ५।२।१।। २. छां० १।१०।१।४।। ३. छां० ७।२६।२।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—शब्दाश्चातोऽकामकारे ।३।४।३१।।

वाक्यार्थ—अतएव "तस्मात् ब्राह्मणः सुरा न पिवेत्"[1] इति शब्दो यथेष्टाचार निवृत्तौ वर्त्तते ।

भाषार्थ—इसलिये "आत्मचिन्तन के लिए ब्राह्मण सुरापान न करे" इस वाक्य से यथेष्टाचार (मनमानी) न करने का विधान सिद्ध होता है ।

अधिकरण ८

सू०—विहितत्वाच्चाश्रमकर्मापि ।३।४।३२।।

वाक्यार्थ—यद् विद्यांगं यज्ञादि तद्वद् मुमुक्षुणा चाश्रमकर्मत्वेनाप्यनुष्ठेयं "यावज्जीवमग्निहोत्रं जुहोति" इति विहितत्वात् ।

भावार्थ—जो विद्या के अंग यज्ञ आदि हैं, मोक्ष मार्ग के अनुगामी ब्रह्म विद्याभ्यासी उपासक को उनका अनुष्ठान अवश्य करना चाहिये क्योंकि वह आश्रम कर्म है । "जीवन पर्यन्त अग्निहोत्र यज्ञ करता है ।" ऐसा विधान देखा जाता है ।[2]

---

१. कठसंहिता ।

२. इस स्थल पर स्पष्ट गृहस्थाश्रमी के लिए ब्रह्म विद्या की उपासना कही गई है, क्योंकि उन्हें गृहस्थाश्रम के यज्ञादि भी साथ-साथ करने की आज्ञा है । संन्यास मार्ग में तो कर्मों का त्याग ही श्रेष्ठ कहा गया है । आहार शुद्धि भी गृहस्थ के लिये अधिक महत्व रखती है । चाक्रायण (उषस्ति ऋषि) अपनी नवोढा पत्नी के साथ जंगलों में भटक रहे थे तभी उन्होंने महावत के जूठे उर्द खाये थे । वे परम उपासक थे ।

सामान्यतः ये जो धारणा की जाती है कि उपासना संन्यास माग की ही वस्तु है, यह सर्वथा मिथ्या है । गीता ६।१। में स्पष्ट रूप से—अनासक्त ग्रहस्थ को ही उपासक और संन्यासी कहकर प्रधानता दी है—"अनाश्रितः कर्मफलं कार्यं कर्म करोति यः । स संन्यासी च योगी च न निरग्निर्न चाक्रियः ।" [फलासक्ति का आश्रय छोड़कर जो आश्रम के कर्त्तव्य कर्मों का आचरण करते हुए उपासना करते हैं, वही संन्यासी एवं ब्रह्मविद्या के अभ्यासी योगी हैं । क्रिया और अग्नि के त्यागी संन्यासी योगी नहीं है] श्रीमद्भागवत भी अनासक्त गृहस्थ परमहंसों की संहिता है । उसमें प्रधानतः सगुणोपासना का उल्लेख है जो कि गृहस्थ में सम्भव है । संन्यास में नहीं ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—सहकारित्वेन च ।३।४।३३।।

वाक्यार्थ—विद्यासहकारित्वेनापि "विविदिति यज्ञेन" इत्यादिना यज्ञादे-विहितत्वान्मुमुक्षूणां अप्यनुष्ठेयं संयोग पृथक्त्वोनोभयार्थत्वसंभवात् ।

भावार्थ—विद्या के सहकारी यज्ञादि कर्म हैं क्योंकि "यज्ञ द्वारा परमात्मा के जानने की इच्छा करते हैं" इस वाक्य से यज्ञ आदि कर्म ब्रह्म विद्या की विधि रूप से कहे गये हैं। मुमुक्षुओं को भी इन कर्मों का अनुष्ठान करना चाहिये। संयोग और वियोग जैसे एक साथ सम्भव है वैसे ही अनासक्त कर्मयोग ~~और~~ भक्तियोग सहज सहकारी हैं।

सू०—सर्वथाऽपि त एवोभय लिंगात् ।३।४।३४।।

वाक्यार्थ—उभयार्थतया ते एव यज्ञादयो बोध्याः । उभयत्रैकरूपकर्म प्रत्यभिज्ञानात् ।

भावार्थ—आश्रम धर्म एवं ब्रह्म विद्या दोनों के लिये यज्ञ आदि कर्म उपादेय हैं। दोनों में समान रूप से अनासक्त कर्म प्रतियोगी ही हैं।

सू०—अनभिभवं च दर्शयति ।३।४।३५।।

वाक्यार्थ—"धर्मेण पापमपनुदति"[1] इति श्रुति प्रसिद्धैर्यज्ञादिभिरेव विद्या-भिभवहेतुभूतपापापनयनेन विद्यायाः अनभिभवं दर्शयति ।

भावार्थ—"धर्म से पाप शांत होते हैं।" इस श्रुति से यज्ञादि जो प्रधान पुण्य कर्म हैं, उनसे ब्रह्म विद्या के वाधक पाप कर्मों की शांति होती है। जिससे ब्रह्म विद्या का अनुष्ठान निर्विघ्न सम्पन्न हो सके, ऐसा सिद्ध होता है।[2]

---

१. तै० ना० ५० अनु०

२. गीता० १८।५-६। में भगवान ने स्वतः भी इसकी अनिवार्यता कही है--

"यज्ञ दान दानतपः कर्म न त्याज्यं कार्यमेवतत् ।
यज्ञोदानंतपश्चैव पावनानि मनीषिणाम् ।
एतान्यपि कर्माणि संगं त्यक्त्वा फलानि च ।
कर्त्तव्यानीति मे पार्थ निश्चितं मतमुत्तमम् ।।

हे पार्थ ! यज्ञ, दान, तप आदि कर्म त्यागने नहीं चाहिये। यज्ञ, दान, तप ब्रह्म विद्या के अभ्यासी को पवित्र करने वाले हैं। इन कर्मों की आसक्ति और फलाकांक्षा का त्याग करना चाहिये ऐसा मेरा निश्चित मत है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अधिकरण ६

सू०—अंतराचापि तु तद्दृष्टेः ।३।४।३६।।

वाक्यार्थ—आश्रममंतरावर्त्तमानानामपि विद्याधिकारोऽस्ति । रैक्वादेर्विद्या निष्ठत्वस्य दर्शनात् ।

भावार्थ—जो कि किसी आश्रम में नहीं हैं (जैसे कि विधुर विधवा आदि) उन्हें भी ब्रह्म विद्या (आराधना) का पूर्ण अधिकार है। रैक्व आदि की ब्रह्म-निष्ठता से ऐसा निर्णय होता है [भीष्म, संवर्त्तक, वाचक्नवी आदि इसी कोटि के हैं]

सू०—अपि च स्मर्यते ।३।४।३७।।

वाक्यार्थ—"जप्येनैवतुसंसिध्येत् ब्राह्मणो नात्रसंशयः । कुर्यादस्यन्नवाकुर्यात् मैत्रो ब्राह्मण उच्यंते"[1] इति तेषामपि जपादीनां विद्यानुग्रहः स्मर्यते ।

भावार्थ—"ब्राह्मण जप से ही सिद्धि प्राप्त कर लेता है चाहे वह यज्ञादि अन्य कर्म करे वा न करे वह ब्रह्म तत्त्व का ज्ञाता और परमात्मा के समान स्वरूप वाला अतएव परमात्मा का मित्र हो जाता है।" इस स्मृति प्रमाण से भी आश्रम विहीनों को जप, उपवास, कीर्त्तन, भगवत् सेवा आदि उपासना का अधिकार सिद्ध होता है।[2]

सू०—विशेषानुग्रहश्च ।३।४।३८।।

वाक्यार्थ—जन्मांतरीयेणापि साधन विशेषेण विद्यानुग्रहः स्मर्यते च "अनेक जन्म संसिद्धिस्ततो याति परांगतिम्"[3] इति ।

---

१. मनुस्मृति २।८७।।

२. यहाँ ब्राह्मण का तात्पर्य जाति से नहीं है, अपितु "ब्रह्मं जानाति स ब्राह्मणः" "ब्राह्मणो ब्रह्म वेदनात्" ब्रह्म को जानने वाला ब्राह्मण है। ऐसी व्याख्या करने पर ब्रह्म विद्या के अभ्यासी को ब्राह्मण कहेंगे। यहाँ श्री निंबार्काचार्य जी ने जप को ही प्रधान ब्रह्म विद्या का अभ्यास माना है। जप द्वारा भगवच्चरणारविंदों का ध्यान करने वाले को ही उन्होंने मनु वाक्य से ब्राह्मण कहा है। भगवान बुद्ध भी प्रायः इसी अर्थ में ब्राह्मण मानते हैं—जैसे कि "झायी तपति ब्राह्मणो" (धम्मपद २६।४) [ध्यान करने वाला ब्राह्मणं तेजस्विता प्राप्त करता है] "शंगातिगं विसंजुन्तं तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं" (धम्म २६।१५), [संग और आसक्ति रहित कर्मयोगी को मैं ब्राह्मण कहता हूँ] "संस्काराज्जायते द्विजः" [ब्रह्म विद्या के दीक्षा संस्कार से ब्राह्मणत्व प्राप्त होता है] [महाभारत] । ३. गीता० ६।४।५।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ—जन्मांतरीय किये गये साधनों के फलस्वरूप भी विशेष रूप से विद्या जन्म से ही प्राप्त हो जाती है। "अनेक जन्मों के साधन से अंतःकरण की शुद्धि होने पर परमात्म प्राप्ति होती है।" ऐसा गीता में परमात्मा का विशेष अनुग्रह कहा है।

सू०—अतस्त्वितरज्ज्यायोहि लिंगात् ।३।४।३६॥

वाक्यार्थ—अंतरालवर्त्तित्वादाश्रमवर्त्तित्वं ज्यायः। "अनाश्रमी न तिष्ठेत" इति लिंगाच्च।

भावार्थ—बिना किसी आश्रम में रहने से तो आश्रम में रहना श्रेष्ठ है।" अनाश्रमी होकर नहीं रहना चाहिये" ऐसा स्मृति का प्रमाण है।

अधिकरण १०

सू०—तद्भूतस्य तु नातद्भावो जैमिनेरपि नियमात्तद्रूपा-
भावेभ्यः ।३।४।४०॥

वाक्यार्थ—प्राप्तोद्र्ध्वरेतोभावस्याभावस्तु नोपपद्यते इति जैमिनिरपि संम्मतं वचनाभावान्निमित्ताभावाच्छिष्टाचाराभावाच्च।

भावार्थ—ब्रह्मचर्य, वाणप्रस्थ और संन्यास के अतिरिक्त जो इन आश्रमों के नियमों का पालन नहीं करते और विरक्त होकर रहते हैं। ऐसे अनाश्रमियों को न स्वतः ब्रह्म विद्या का अधिकार है और न ये ब्रह्म विद्या देने के अधिकारी ही हैं। ऐसा जैमिनि का मत है। इनके लिये न कोई शास्त्र वचन का प्रमाण मिलता है। न ऐसा ढोंगी रूप धारण करने का सिवा धूर्त्तता के कोई कारण ही समझ में आता है और न वह कोई शिष्टों का आचार ही है।

सू०—न चाधिकारिकमपि पतनानुमानात्तदयोगात् ।३।४।४१॥

वाक्यार्थ—अधिकार लक्षणे निर्णीतं, प्रायश्चितं नैष्ठिकस्य न संभवति, तस्य तदयोगात्। "आरूढं नैष्ठिकं धर्मं यस्तु प्रच्यवते द्विजः। प्रायश्चित्तं न पश्यामि येन शुद्ध्येत् स आत्महा।"[१] इति स्मृतेः।

भावार्थ—पतितों के अधिकार का निर्णय किया गया है कि जो नैष्ठिक पद से गर्हित हैं (च्युत हैं), वे पतित किसी प्रायश्चित् से शुद्ध नहीं हो सकते। नैष्ठिक धर्म में आरूढ़ होकर जो पतित हो जाते हैं, उनकी शुद्धि का कोई प्रायश्चित नहीं है, क्योंकि आत्महत्यारे हैं।" ऐसा स्मृति वाक्य है।

---

१. आग्नेय० १६।५।२३॥

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०--उपपूर्वमपित्वेके भावमशनवत्तदुक्तम् ।३।४।४२।।

वाक्यार्थ—एके तु नैष्ठिकस्य ब्रह्मचर्यच्यवनमुपपातकमतस्तत्र प्रायश्चितं मन्येते उपकुर्वाणवत्तस्य ब्रह्मचारित्वाविशेषात् मध्वशनादिवत्तदुक्तम् "उत्तरेषा-भविरोधी" इति ।

भावार्थ—एक आचार्य, नैष्ठिक ब्रह्मचारी यदि प्रमादवश कभी स्त्री प्रसंग द्वारा स्खलित भी हो जावे, तो वह उपपातक है, ऐसा कहते हैं । उस उपपातक का प्रायश्चित भी, सुरापान कर लेने पर जैसे होता है, वैसे बतलाते हैं ।

सू०--वहिस्तूभयथापि स्मृतेराचाराच्च ।३।४।४३।।

वाक्यार्थ—नैष्ठकादीनां स्वाश्रम प्रच्युतेर्महापातकत्वमुपपातकत्वं वा, अस्तु उभयथाापि ते ब्रह्मविद्याधिकारात् वहिर्भूताः "प्रायश्चित्तं न पश्यामिये न शुद्ध्येत् स आत्महा" इति स्मृतेः शिष्टाचाराच्च ।

भावार्थ--ब्रह्मचर्य, वानप्रस्थ और संन्यास के नियमों से च्युत होना चाहे महापाप हो या उपपाप फिर भी उन्हें दोनों ही अवस्था में ब्रह्म विद्या के अधिकार से वहिष्कृत किया गया है । "उन आत्मघातियों का प्रायश्चित ही नहीं है जिससे वे शुद्ध हो सकें" इस स्मृति प्रमाण तथा शिष्टाचार दोनों से सिद्ध होता है ।[1]

---

१. संभवतः इसीलिये कलिकाल में एकमात्र गृहस्थाश्रम को ही साध्य माना गया है—

"आश्रमाणां कलावेको गृहमेधोविशिष्यते ।
युगस्वभावात्प्रायोऽनेदुस्साध्याह्यल्पमेधसाम् ।।
मिष्टान्नकामैरल्पज्ञैर्लोपैंवंचकैः कलौ ।
ज्ञान वैराग्य हीनैस्तु संन्यासोऽस्तं गमिष्यति ।।" (भविष्यपुराण)

[कलिकाल में एक गृहस्थाश्रम की ही विशेषता होगी क्योंकि युग के तामस स्वभाव के कारण असंयत प्राणियों के लिए अन्य आश्रमों का साधन कठिन हो जावेगा । कलिकाल में संन्यासी जिह्वालोलुप, कामी, अल्पज्ञ और वंचक होकर ज्ञान वैराग्य से हीन होंगे इसलिए संन्यासमार्ग अस्त हो जावेगा]

इन वाक्यों की यथार्थता सामान्य रूप से आजकल प्रत्यक्ष देखी जा रही है, अतएव महाभारत (आदिपर्व) का यह विनम्र निवेदन ध्यान देने योग्य है—

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अधिकरण ११

सू०—स्वामिनः फल श्रुतेरित्यात्रेय ।३।४।४४।।

वाक्यार्थ—कर्माङ्गाश्रितमुपासनं यजमान कर्तृक इत्यात्रेयः ।" यदेव विद्याया"[१] इति फलश्रुतेः ।

भावार्थ—यज्ञादि कर्माङ्गों के आश्रित जो उपासना होती है, वह यजमान द्वारा ही होती है, ऐसा आत्रेय का मत है । साधक को स्वयं उपासना करनी चाहिये तभी फल होगा । "जो करता है, वह विद्या (उपासना) द्वारा करता है ।" ऐसा फल श्रुति का प्रमाण भी है ।

अधिकरण १२

सू०—आर्तिज्यत्मियौडुलोमिस्तस्मै हि परिक्रीयते ।३।४।४५।।

वाक्यार्थ—कर्माङ्गाश्रितमुपासनं ऋत्विक् कर्तृकं तस्मैकर्मणे क्रीतत्वात् फलस्य यजमानाश्रयम् ।

भावार्थ—कर्माङ्गाश्रित उपासना ऋत्विक द्वारा होती है किंतु यजमान

"भयंप्रमत्तस्य वनेष्वपिस्यात् यतः स आस्ते सह षट् सपत्नः ।
जितेन्द्रियस्यात्मरतेर्बुधस्य, गृहाश्रम किन्नु करोत्यवद्यम् ।"

[अति भयानक काम, क्रोध, मद, लोभ, मात्सर्य आदि शत्रुओं का भय यदि वनवासी (संन्यासी) होने पर भी बना रहा, तो बुद्धिमान्, संयतेन्द्रिय होकर आत्म तत्व का अन्वेषण करते हुए शुद्ध पवित्र गृस्थाश्रम का ही पालन क्यों नहीं करते ?

"पाणिः पात्रं पवित्रं भ्रमण परिगतं भैक्ष्यमक्षय्यमन्नं ।
विस्तीर्णवस्त्रमाशासुदशकममलंतल्पमस्वल्पमुर्वी ।।
येषां निःसंगतांगीकरणपरिणतिः स्वात्मसंतोषिणस्ते ।
धन्याः संन्यस्त दैन्यव्यतिकर निकराः कर्म निर्मूल यंति ।।

[आत्म संतोषी उन महात्माओं को धन्य है, जिनका हाथ ही पात्र है, भ्रमण कर भिक्षा से अन्न प्राप्त करते हैं, स्वच्छ आकाश और दिशायें जिनके वस्त्र हैं, पृथ्वी ही शय्या है, तथा जो एकांत सेवन के इच्छुक हैं, दैन्यभाव का त्याग कर कर्मों के भूल का उच्छेद कर आत्माराम हो गये हैं]

महाराज भर्तृहरि का उक्त संन्यस्त मार्ग अब स्वप्न की लीला मात्र है, असंभव और दुरुह ।

१. छांदोग्य० १।१।१०।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

उसका फल प्राप्त कर लेता है। क्योंकि दक्षिणा देकर वह फल खरीदता है। ऐसा औडुलौमि मानते हैं।

सू०—सहकार्यन्तरविधिः पक्षेणतृतीयं तद्वतो विध्यादिवत् ।३।४।४६।।

वाक्यार्थ—"तस्माद् ब्राह्मणः पांडित्यं निर्विद्य बाल्येन तिष्ठासेद्बाल्य पांडित्यं च निर्विद्याथ मुनिः"[१] इत्यत्र मननशीले मौनपद प्रवृत्ति संभवेऽपि पक्षेण प्रकृत मनन शीले प्रयोग दर्शनात् पांडित्य बाल्योरपेक्षया तृतीयं सहकार्यन्तरं मौनं विधीयते यज्ञादिवत् शमादिवच्च।

भावार्थ—"इसलिये ब्राह्मण पांडित्य (आत्मज्ञान) का पूर्णतया संपादन करके, बाल रूप से स्थिति रहने की इच्छा करे। बाल्य और पांडित्य को पूर्णतया प्राप्त कर मुनि होता है।" यहाँ पंडित और बाल्यभाव में मनन-शीलता और मौन में स्वतः प्रवृत्ति हो जाती है। किन्तु वास्तविक मननशीलता का स्वरूप इस दोनों से श्रेष्ठ, मौन साधन है। जिसके साधन से मुनिपद प्राप्त होता है। यह मौन ब्रह्म विद्या का, यज्ञादि कर्म और शम, दम आदि साधनों के समान सहकारी साधन है।[२]

सू०—कृत्स्नभावातु गृहिणोपसंहारः ।३।४।४७।।

वाक्यार्थ—"स खल्वेवं वर्त्तयन् यावदायुषं ब्रह्मलोकमभिसंपद्यते, न च पुनरावर्त्तते"[३] इति गृहिणोपसंहारः सर्वाश्रमधर्मं सद्भावात् सर्व धर्मप्रदर्शनार्थः।

भावार्थ—"गुरु आज्ञा से ब्रह्मचर्य समाप्त कर गृहस्थाश्रम में प्रवेश कर पवित्र स्थान में स्वाध्याय करता हुआ पुत्र शिष्यादि को धार्मिक बनाकर, अहिंसा धर्म का पालन करते हुए—इस प्रकार के आचरण से यदि जीवन पर्यंत गृहस्थ आश्रम का पालन करता है तो निश्चय ही ब्रह्मलोक जाता है, जहाँ से लौटकर नहीं आता।" इस वाक्य में गृहस्थाश्रम में ही समाप्ति कर दी गई,

---

१. वृहदा० ३।५।१।।

२. "यथा यथा सदाभ्यासान् मनसः स्थिरता भवेत्।
वायुवाक्कायदृष्टीनां स्थिरता च तथा तथा।।"

जैसे जैसे भगवद् भक्ति रूप ब्रह्म विद्या का अभ्यास होता है, वैसे ही मन, श्वास, वाणी, दृष्टि की स्थिरता होती है

"भवंति तूष्णीं परमेत्य निर्वृताः" भाग० ११।३।३१।। [परम भगवत् तत्व के अभ्यास से साधक मौन हो जाता है]

३. छांदोग्य० ८।१५।१।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

इसका तात्पर्य है कि सभी आश्रम धर्मों का पालन गृहस्थ में ही हो जाता है। सारे आश्रम धर्म इस अनासक्त भाव के आदर्श को स्वीकार कर अपने कर्त्तव्य कर्मों में आरूढ़ रहें।

सू०—मौनवदितरेषामप्युपदेशात् ।३।४।४८।।

वाक्यार्थ—तथैव तस्मिन् वाक्येऽपि मौन्नोपदेशः सर्व धर्म प्रदर्शनार्थः। मौनोपदेशवत "त्रयो धर्म स्कंधाः" इत्यादिना सर्वाश्रम धर्मोपदेशात्।

भावार्थ—इसी प्रकार ऊपर के वाक्य में मौन उपदेश भी सभी आश्रम धर्म के प्रदर्शन के लिये है (सभी मौन पालन कर सकते हैं केवल संन्यासी ही नहीं) मौन उपदेश के ही समान "तीन धर्म के स्कंध हैं" इत्यादि में सभी आश्रमों के कर्त्तव्य कर्मों का प्रदर्शन किया गया है।[1]

अधिकरण १३

सू०—अनाविष्कुर्वन्नन्वयात्। ३।४।४९।।

वाक्यार्थ—पांडित्य स्वमाहात्म्याद्यनाविष्कुर्वन् बाल्येन निरंहंकार भावेन वर्त्तेत्। तस्यैवान्वय संभवात्।

भावार्थ—पांडित्य (शास्त्र ज्ञान और ब्रह्मविद्या ज्ञान) के माहात्म्य का प्रकाश न करते हुए निरहंकार भाव से रहना ही बाल्य भाव है। ऐसा बाल्यभाव ही ब्रह्म विद्या का सहकारी हो सकता है।

---

१. बाष्कलि मुनि ने आचार्य वाध्व से पूछा कि आत्मा की परिभाषा क्या है ? पुनः पुनः पूछने पर उन्होने उत्तर दिया कि "खलुत्वं न विजानासि उपशांतोऽयं आत्मा" [क्या तुम नहीं जानते कि मेरे मौन के समान यह आत्मा शांत है] शां० भा० ३।२।१७।

महामुनींद्र भगवान् श्री निंबार्काचार्य जी और स्वामी शंकराचार्य जी प्रभृति साधकों के विषय में प्रसिद्ध है कि "गुरोस्तु मौन व्याख्यानं, शिष्यास्तु छिन्न संशयाः" [गुरु के मौन रूप व्याख्यान से ही शिष्यों के संशय दूर हो जाते थे]

महात्मा बुद्ध का मौन ही निर्वाणपद कहा गया है। बौद्ध भिक्षु विमल कीर्त्ति से पूछा गया कि "तत्त्व की परिभाषा क्या है ? वे चुप रहे, तब अन्य भिक्षु ने उत्तर दिया कि–तत्व की परिभाषा मौन है, क्योंकि वाणी और बुद्धि की पहुँच वहाँ तक नहीं है।"

और भी गीता १० में विभूति योग चिंतन में "मुनीनामप्यहं व्यासः" [मुनियों में मैं व्यास हूँ] ऐसा कहा गया है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अधिकरण १४

सू०—ऐहिकमप्रस्तुते प्रतिबंधेतद्दर्शनात् ।३।४।५०।।

वाक्यार्थ—असति प्रतिबंधे ऐहिकं विद्या जन्म, तस्मिन् सत्यामुष्मिकं," मृत्यु प्रोक्तां नाचिकेतोऽथ लब्ध्वा विद्याम्" इति तद्दर्शनात् ।

भावार्थ—यदि कोई प्रारब्ध के प्रतिबंधक कर्म न रह जावें तो इस जन्म में भी ब्रह्म विद्या (उपासना = भगवद्भक्ति) का प्रकास हृदय में हो जाता है और यदि प्रतिबंधक कर्म रहते हैं तो जन्मान्तर में विद्या प्राप्ति होगी। "नचिकेता ने यमराज से कही गई ब्रह्म विद्या प्राप्त की" इस प्रसंग से स्पष्ट है, कि एक ही शरीर से भगवदनुराग प्राप्त हो जावे ऐसा संभव नहीं।

अधिकरण १५

सू०—मुक्तिफला नियमस्तदवस्थावधृतेस्तदवस्थावधृतेः ।३।४।५१।।

वाक्यार्थ—तथा मुक्तिफला नियमः "तस्यतावदेव चिरम" इति वचनात्।

भावार्थ—मुक्ति जो कि ब्रह्म विद्या का फल है। उसका भी वैसा ही नियम है क्योंकि वह ब्रह्म विद्या प्राप्ति पर ही निर्भर है। "प्रारब्धकर्म के क्षय होने तक का ही विलंब मुक्ति में रहता है" इस वचन से यही सिद्ध होता है।

चतुर्थ पाद समाप्त

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

चतुर्थ अध्याय

प्रथम पाद

अधिकरण १

सू०—आवृत्तिरसकृदुपदेशात् ।४।१।१।।

वाक्यार्थ—असकृतसाधनावृत्तिः कर्त्तव्याः "श्रोतव्यो, मंतव्यो, निदिध्यासितव्यः"[1] इत्यादि ब्रह्म दर्शनायोपदेशात् ।

भावार्थ—भगवत् प्राप्ति के साधनों को निरन्तर करना चाहिये "श्रवण, मनन और निदिध्यासन करना चाहिये" ऐसा परमात्म साक्षात्कार के लिये उपदेश दिया गया है ।

सू०—लिङ्गाच्च ।४।१।२।।

वाक्यार्थ—"अभ्यासयोगेन ततो मामिच्छाप्तुं धनंजय ।"[2] इत्यादि स्मृते च ।

भावार्थ—"हे अर्जुन ! अभ्यास योग द्वारा मुझे प्राप्त कर ।" इत्यादि स्मृति वाक्य भी इसी का अनुमोदन करते हैं [बारंबार आवृत्ति करना अभ्यास है, ऐसा १।१।१३।। सू० में कह चुके हैं]

अधिकरण २

सू०—आत्मेति तूपगच्छंति ग्राहयंति च ।४।१।३।।

वाक्यार्थ—"एष मे आत्मा"[3] इति पूर्वे उपगच्छंति । "एष ते आत्मा" इति शिष्यानुपदिशंति । अतो मुमुक्षुणा परमपुरुषः स्वस्यात्मत्वेन ध्येयः ।

भावार्थ—"यह ब्रह्म मेरी आत्मा में है" ऐसा स्वतः विचार कर "यह तेरी भी आत्मा में है" ऐसा शिष्य को उपदेश देते हैं । इसलिए मुमुक्षु को परम पुरुष का ध्यान अपनी आत्मा के रूप में ही करना चाहिये ।

---

१. वृहदा० ४।५।६।। २. गीता १२।६।। ३. वृहदा० ३।४।१।३।७।३।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अधिकरण ३

सू०—न प्रतीकेन हि सः ।४।१।४।।

वाक्यार्थ—प्रतीके त्वात्मानुसंधानं न कार्यभ् न स उपासितुरात्मा ।

भावार्थ—प्रतीक उपासना (मूर्त्तिपूजा) में आत्मा के अनुसंधान की आवश्यकता नहीं है । प्रतीक उपासना में आत्मा की उपासना नहीं होती ।

सू०—ब्रह्मदृष्टिरुत्कर्षात् ।४।१।५।।

वाक्यार्थ—मनआदौब्रह्मदृष्टिर्युक्तैव, न तु ब्रह्मणि मन आदि दृष्टिः ब्रह्मण उत्कर्षात् ।

भावार्थ—मन, नाम, मूर्त्ति आदि में ब्रह्म दृष्टि करना ठीक है। परंतु ब्रह्म आदि में मन आदि दृष्टि नहीं की जा सकती। क्योंकि परमात्मा प्रतीक से श्रेष्ठ, उत्कृष्ट है । [मूर्त्ति आदि परमात्मा के समान स्वरूप हैं, ऐसी प्रतीक उपासना में धारणा करनी चाहिये । परंतु यह न सोचना चाहिये कि मन आदि के स्वरूप का परमात्मा है । ऐसा विचारने से परमात्मा की व्यापकता, बहुलता आदि उत्कृष्ट गुणों में कमी होगी]

अधिकरण ४

सू०—आदित्यादिमतयः चांग उपपत्तेः ।४।१।६।।

वाक्यार्थ—"ए एवासौतपतितमुद्गीथमुपासीत्"[१] इत्याद्युपासनेषु उद्गीथादिष्वादित्यादिमतयः कैर्तव्याः, आदित्यदेरुत्कर्षोपपत्तेः ।

भावार्थ—"जो यह सूर्य तपता है, उसी की उद्गीथ के रूप में उपासना करनी चाहिये" इत्यादि उपासनाओं में (उद्गीथ आदि में) सूर्यादि मति करनी चाहिए, क्योंकि आदित्य आदि के समान उद्गीथ भी उत्कृष्ट है [सूर्य से प्राणियों को उपासना द्वारा उत्कर्ष प्राप्त होता है]

अधिकरण ५

सू०—आसीनः संभवात् ।४।१।७।।

वाक्यार्थ—असीन एवोपासनमनुतिष्ठेत्तस्यैव तत्संभवात् ।

---

१. छांदोग्य० ।१।३।१।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ—बैठकर ही उपासना करनी चाहिये। उसी से परमात्म साक्षात्कार हो सकता है।

सू०—ध्यानाच्च ।४।१।८।।

वाक्यार्थ—उपासनस्य ध्यानरूपत्वादाशीन एव तद्नुतिष्ठेत्।

भावार्थ—उपासना का रूप ध्यान ही है। ध्यान बैठकर ही होना चाहिये।

सू०—अचलत्वं चापेक्ष्य ।४।१।६।।

वाक्यार्थ—"ध्यायतीव पृथिवी"[1] इत्यत्र चलत्वमपेक्ष्यध्यायसि प्रयोगो वर्त्तते। अत आसीन एवोपासनमनुतिष्ठेत्।

भावार्थ—"पृथिवी मानो ध्यान करती है" इस स्थल पर पृथिवी की अचलता को लक्ष्य कर ध्यान करती है, ऐसा कहा गया है। इसलिये बैठकर ही उपासना करनी चाहिये।

सू०—स्मरंति च ।४।१।१०।।

वाक्यार्थ—"शुचौ देशेप्रतिष्ठाप्य"[2] इत्यादि स्मरंति च।

भावार्थ—"पवित्र स्थान पर बैठकर" इत्यादि ध्यान का स्वरूप स्मृति में भी कहा गया है।

सू०—यत्रैकाग्रता तत्राविशेषात् ।४।१।११।।

वाक्यार्थ—यत्र चित्तैकाग्रंतत्रोपासीत्, तदतिरिक्त देशादिविशेषाश्रवणात्।

भावार्थ—जिस स्थान, समय आदि में चित्त की एकाग्रता हो तभी उपासना करनी चाहिये। हर स्थान, हर समय उपासना करने का शास्त्रों में विरोध हैं।

अधिकरण ६

सू०—आप्रयाणात्तत्रापि हि दृष्टम् ।४।१।१२।।

वाक्यार्थ—उपासनमाप्रयाणात्कार्यम्, यतस्तत्रापि "स खल्वेवं वर्त्तयन्यावदायुषम्"[3] इत्यादौ तद्दृष्टम्।

भावार्थ—उपासना मृत्युपर्यंत करनी चाहिये। ऐसा निर्देश "वह गृहस्थ, उपासना करते हुए जीवन व्यतीत करता है" इस प्रसंग में किया गया है।

---

१. छांदोग्य० ७।६।१।। २. गीता ६।११।। ३. छांदोग्य० ८।१५।१।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अधिकरण ७

सू०—तदधिगतेउत्तरपूर्वाधयोरविश्लेषविनाशीतद्व्यपदेशात्।४।१।१३।।

वाक्यार्थ—विदुष उत्तर पूर्वयोरधयोरश्लेष विनाशी भवतः। कुतः, "एवं विदि पापं कर्म न श्लिष्यते। अस्य सर्वे पाप्मानः प्रदूयंते"[1] इति व्यपदेशात्।

भावार्थ—उपासक विद्वान के आगत और अतीत पापों का स्पर्श और विनाश हो जाता है। क्योंकि "परमात्मत्व के वेत्ता को पापकर्म स्पर्श भी नहीं करते। वैश्वानर उपासक के सारे पाप भस्म हो जाते हैं।' ऐसा कहा गया है।

अधिकरण ८

सू०—इतस्याप्येवमसंश्लेषः पातेतु।४।१।१४।।

वाक्यार्थ—पुण्यस्य काम्यकर्मणोऽपि अघवन्मुक्ति विरोधित्वादुत्तरस्याश्लेषः, पूर्वस्य विनाशः एव। उत्तर पूर्वयोरश्लेष विनाशानंतरं देहपाते सति मुक्तिरेव।

भावार्थ—काम्य कर्मों के पूर्वकालीन पुण्य की भी पाप के समान ज्ञानोत्पत्ति से मुक्ति हो जाती है परन्तु उत्तर पूर्व के श्लेष (स्पर्श) के विनाश के बाद भी शरीर त्यागने पर ही मुक्ति होती है।

अधिकरण ९

सू०—अनारब्ध कार्यं एवतु पूर्वे तदवधेः।४।१।१५।।

वाक्यार्थ—विद्या प्राप्तौ पूर्वे पाप पुण्ये अप्रवृत्त फले एव क्षीयते। कुतः—"तस्यतावदेवचिरं यावन्न विमोक्षेअथ संपत्स्ये',[2]इति शरीर पातावधि श्रवणात्।

भावार्थ—ब्रह्म विद्या की प्राप्ति हो जाने पर पूर्व के पाप और पुण्य बिना फल दिये ही क्षीण हो जाते हैं। क्योंकि—"इस लोक में आचार्यवान् पुरुष ही सत तत्त्व को जानता है–उसके मोक्ष होने में उतना ही विलंव समझना चाहिये जब तक कि देहबंधन नहीं छूटता"। इस वाक्य में शरीर की समाप्ति तक का ही जीवका बंधन कहा गया है [जीवन मुक्ति स्वीकार नहीं है][3]

---

१. छां० ४।१४।३–५।१४।३।। २. छां० ४।१४।२।।

३. ब्रह्म विद्या प्राप्ति का तात्पर्य मंत्र रूप विद्या की दीक्षा प्राप्ति से है क्योंकि यहाँ आचार्यवान् को मोक्ष अधिकारी कहा है। गुरु आचार्य से प्राप्त आचार को पालने वाला शिष्य आचार्यवान् कहा जावेगा। आचार्य का स्वरूप मनु ने स्पष्ट कहा है—

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अधिकरण १०

सू०—अग्निहोत्रादि तत्कार्यायैव तद्दर्शनात् ।४।१।१६।।

वाक्यार्थ—विद्ययाऽग्निहोत्र तपदानादीनां स्वाश्रमकर्मणां निवृत्ति, शंका नास्ति । विद्योपासकत्वादनुष्ठेयान्येव । यज्ञादि श्रुतौ तेषां विद्योत्पादकत्वं दर्शनात् ।

भावार्थ—विद्या प्राप्त कर यज्ञ, तप, दान आदि आमश्र कर्मों से छुट्टी मिल जाती है, ऐसी शंका नहीं करनी चाहिए । विद्या की उपासना की तरह अनुष्ठान आदि भी होने चाहिए । यज्ञादि का जहाँ महात्म्य कहा गया है, वहाँ इन्हें विद्या का सहायक ही कहा है ।

सू०—अतोऽन्यऽपि ह्येकेषामुभयोः ।४।१।१७।

वाक्यार्थ—अस्मात् प्राप्ति विषयात् कर्मणो विद्योतपादकादि रूपादन्याप्यलब्ध विषयाकृत्याऽस्ति । तद्विषयमेकेषां "सुहृदः साधुकृत्यां द्विषंतः पाप कृत्याम्" इत्युभयोः पुण्यपापयोर्विभाग वचनम् ।

"आचिनोति च शास्त्रार्थं आचारेस्थापयत्यपि ।
स्वयमाचरते यस्तु स आचार्य उदाहृतः ।"

जो शास्त्रों से ब्रह्म विद्या को एकत्र कर स्वयं आचरण में लावे और लोगों से आचरण करावे वही आचार्य है ।

महर्षि पतंजलि भी महाभाष्य में शब्द, रूप, मंत्र विद्या से संपन्न महात्मा को आचार्य कहते हैं [कृतार्थो ह्याचार्यो नाम भवति] ।

उसी भक्त को मंत्र रहस्य का प्रकाश होगा, जो उपास्य रूप से गुरु की उपासना करे ।

"यस्य देवे पराभक्तिर्यथा देवे तथा गुरौ ।
तस्यैते कतिथाह्यार्थाः प्रकाशंते महात्मनः ।।"

"जिसकी इष्ट और गुरु में समान रूप से निःस्वार्थ भक्ति होती है । उसी महान् शुद्ध आत्मा के अंतःकरण में मंत्र रहस्य का प्रकाश होता है ।"

"या देया गुरुणा विद्या भव संबंधध्वंसिनी।
तातदुक्त मार्गेणधारयेत् वैष्णवोत्तमः ।।"

संसार बंधनों को नष्ट करने वाली जो विद्या गुरु से प्राप्त हो, उससे उपदिष्ट-मार्ग द्वारा उसका पालने वाला ही श्रेष्ठ उपासक है ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ—[शंका होती है, कि अग्निहोत्र आदि नित्य कर्म को ब्रह्म विद्या का सहकारी स्वीकार करते हैं तथा संचित पुण्य पाप आदि कर्मों को फल भोग के प्रथम ही ब्रह्म विद्या की प्राप्ति मात्र से क्षीण हो जाना कहते हैं तो फिर कौषीतकि का यह वाक्य कि "उपासक के पाप शरीर छूटने पर शत्रुओं को तथा पुण्य बंधुओं को प्राप्त होते हैं।" कैसे संगत होगा? इसी का उत्तर देते हैं कि] संचित कर्म और विद्या के सहकारी अग्निहोत्रादि नित्य कर्मों के अतिरिक्त भी जो भोग्यमान कर्म हैं उन्हीं के लिए कहा गया है कि "महात्मा के पुण्य कर्म बंधुओं को तथा द्वेषियों को पाप कर्म प्राप्त होते हैं।" यहाँ पुण्य और पाप का विभाग वचन सिद्ध करता है कि, विद्या प्राप्ति के प्रथम के किये गये, तथा बाद में स्वभाववश होने वाले, पाप और पुण्य रूप क्रियमाण काम्य कर्मों का ही ऐसा बटवारा होता है क्योंकि काम्य-कर्म विद्या के प्रतिरोधी होते हैं। निष्काम कर्म सहायक होते हैं। परन्तु ब्रह्म विद्या के उपासक के काम्य-कर्म भी संचित होकर प्रारब्ध नहीं बनने पाते अपितु शत्रु मित्रों में बँट जाते हैं।

सू०—यदेव विद्ययेतिहि ।४।१।१८॥

वाक्यार्थ—कर्मणः प्रवलत्व सूचनार्थमिदमुच्यते "यतेव विद्यया" इति।

भावार्थ—काम्य-कर्म जो सांसारिक एषणाओं के कारण स्वभावतः हो जाते हैं वह ब्रह्म विद्या जन्य प्रभाव से दब जाते हैं, उनका प्रारब्ध भोग (होने वाला भोग) समाप्त हो जाता है। "जो विद्या से करता है, वह प्रबलतम होता है।" इस वाक्य से ब्रह्म विद्या की कर्म से अधिक प्रबल प्रभाव की सिद्धि होती है।

सू०—भोगेन त्वितरे क्षपयित्वाऽथ संपद्यते ।४।१।१९॥

वाक्यार्थ—विद्वानारब्धकार्ये तु सुकृत दुष्कृते भोगेक्षपयित्वा ब्रह्म संपद्यते।

भावार्थ—उपासक प्रारब्ध कर्मों को जो कि पूर्व जन्म के संचित कर्मों के प्रतिफल होते हैं। जिनके लिए कहा गया है कि—"पूर्व जन्म के जो शुभ-अशुभ संचित के प्रतिफल प्रारब्ध कर्म हैं, वे अवश्य ही भोगने पड़ते हैं। उनको बिना भोगे क्षय नहीं होता, चाहे सौ करोड़ कल्प बीत जावे।"[१] इन पाप पुण्य को भोग कर ही ब्रह्मत्व प्राप्ति करते हैं

प्रथम पाद समाप्त

---

१. अवश्यमेव भोक्तव्यं कृतं कर्मशुभाशुभम्।
नाभुक्तं क्षीयते कर्म कल्पकोटिशतैरपि॥

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

द्वितीय पाद

अधिकरण १

सू०—वाङ् मनसि दर्शनात् शब्दाच्च ।४।२।१।।

वाक्यार्थ–"वाङ् मनसि संपद्यते"[1] इति वागिन्द्रियस्य मनसि संयोगरूपा संपत्तिरुच्यते, वागिन्द्रिये उपरतेऽपि मनः प्रवृत्ति दर्शनात् "वाङ् मानसि संपद्यते" इति शब्दाच्च ।

भावार्थ--[पिछले पाद के अंत में उपासक की मुक्ति का उल्लेख किया गया अब इस पाद में उपासक, अनुपासक सामान्यतः सभी की उत्क्रांति (शरीर त्याग = मरण) दशा का वर्णन करेंगे]

[शरीर से प्राण के उत्क्रमण काल में इंद्रियाँ अपनी वृत्तियों सहित मन से संयुक्त हो जाती हैं] "वाणी मन में संयुक्त होती है" इस उदाहरण में संपत्ति का तात्पर्य वाक् इंद्रिय का मन से संयोग होना ही है, लय होना नहीं । क्योंकि मरणकाल में बोलना बन्द हो जाने पर भी मन में प्रवृत्ति (चेतना) रहती है । मन बोलने की इच्छा करता है क्योंकि वाक् शक्ति से उसका संयोग हो जाता है । यदि वाक् शक्ति मन में लीन हो जावे (मन के रूप में परिवर्त्तित हो जावे) तो ऐसा नहीं हो सकता ।

सू०—अतएव सर्वाण्यनु ।४।२।२।।

वाक्यार्थ—वाचमनुसर्वाण्यपीन्द्रियाणि मनसि संपद्यते तथा दर्शनात् "इंद्रियैमनसि संपद्यमाने" इति दर्शनात् ।

भावार्थ—वाणी के पीछे-पीछे सभी इंद्रियाँ मन से संयुक्त हो जाती हैं, क्योंकि "इंद्रियाँ मन में संयुक्त हो जाती हैं" ऐसा कहा गया है ।

अधिकरण २

सू०—तन्मनः प्राण उत्तरात् ।४।२।३।।

---

1. छांदोग्य० ६।८।६।। २.

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वाक्यार्थ—तच्च प्राणेन संयुज्यते ।

भावार्थ—संपूर्ण इन्द्रियों के साथ मन प्राण से संयुक्त हो जाता है ।

अधिकरण ३

सू०—सोऽध्यक्षे तदुपगमादिभ्यः ।४।२।४।।

वाक्यार्थ—प्राणो जीवेन संयुज्यते । कुतः, "एवमेवमात्मानमंतकाले सर्वे प्राणाः अभिसमायंति,[1] तमुत्क्रांतं प्राणोऽनुत्क्रामति,[2] कस्मिन् वा प्रतिष्ठिते प्रतिष्ठास्यामि"[3] इति तदुपगमादि बोधक वाक्येभ्यः जीव संयुक्तस्य प्राणस्य तेजसि संपत्तिरिति फलितोऽर्थः ।

भावार्थ—प्राण जीव से संयुक्त हो जाते हैं । क्योंकि "जीव के प्रयाण के समय, जैसे नेता की अनुगामी प्रजा होती है, वैसे ही प्राण उसका अनुगमन करते हैं ।" जीव के उत्क्रमण करने पर प्राण भी साथ में उत्क्रमण करता है । किसके स्थित रहने पर मैं स्थित रहूँगा ।" इत्यादि वाक्यों से जीव संयुक्त प्राण का तेज से संयोग हो जाता है, ऐसा स्पष्ट होता है ।

अधिकरण ४

सू०—भूतेषु तच्छ्रुतेः ।४।२।५।।

वाक्यार्थ—सा च जीव संयुक्तस्य तेजः सहितेषु भूतेषु भवति "पृथिवीमयः आपोम्यो, वायुमयः आकाशमयस्तेजोमयः"[4] इति संचरतो जीवस्य सर्वभूतमयत्व श्रवणात् ।

भावार्थ—वह प्राण जीव से संयुक्त होकर तेज के सहित सभी भूतों में मिल जाता है, "पृथिवी, जल, वायु, आकाश, तेजमय है वह ।" ऐसी जीव की सर्वभूतमयता कही गई है ।

सू०—नैकस्मिन् दर्शयतो हि ।४।२।६।।

वाक्यार्थ—एकस्मिन् सा न संभवति, "तासां त्रिवृत्तमेकैकां करवाणि,"[5] नानावीर्याः पृथक्भूताः ततस्ते संहतिं विनानाशक्नुवन् प्रजाः स्रष्टुमसमागम्य कृत्स्नशः[6] इति श्रुति स्मृति एकैकस्य कार्याक्षमत्वं दर्शयतः ।

भावार्थ—अकेला ही वह प्राण कुछ भी नहीं कर सकता "उस परमात्मा ने संकल्प किया कि आत्मस्थित तीनों सूर्य, चन्द्र, अग्नि देवों को तीन-तीन

---

१. वृहदा० ४।३।३८।। २. वृहदा० ४।४।२।। ३. प्रश्नो० ६।३।।
४. वृहदा० ४।४।५।। ५. छां० ६।३।२।। ६. वि० पु० १।२।५१।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

करूँ।" इन भूतों में पृथक्-पृथक् अनेक प्रकार की शक्तियाँ हैं, अतः वे परस्पर पूर्णतया मिले बिना, संसार की रचना नहीं कर सके।" इस प्रकार श्रुति और स्मृति दोनों, प्राण आदि की अकेले कार्य अक्षमता कहते हैं।

अधिकरण ५

सू०—समानाचासृत्युपक्रमादमृतत्वं चानुपोष्य ।४।२।७।।

वाक्यार्थ—"शतं चैका च हृदयस्य नाड्यास्तासां मूर्द्धानमभिनिः सृतैका तयोर्द्धवमापन्नमृतत्वमेति विश्वगन्या उत्क्रमणे भवंति।"[1] इति नाडी विशेषेण विदुषो अपि उत्क्रम्य गतिः श्रूयते। एवं ति विदुषो नाडी प्रवेश लक्षणगत्युपक्रमाद् प्रागुत्क्रांतिः समानैव। यत्तु "यदा सर्वे प्रमुच्यंते कामा येऽस्य हृदिस्थिताः, अथमर्त्योऽमृतो भवति"[2] इति विदुषि इहैवामृतत्वं श्रूयते। तदेन्द्रियादि संबंधमदग्ध्वैवोत्तरपूर्वाघाश्लेष विनाशलक्षणमुपपद्यते।

भावार्थ—"हृदय की एक सौ एक नाड़ियाँ हैं। उनमें से एक मूर्द्धा (कपाल) की ओर निकली हुई है (इसे ही सुषुम्ना कहते हैं) उसके द्वारा ऊपर के लोक में जाकर (जीव) अमृतत्व को प्राप्त हो जाता है। अन्य सौ नाड़ियाँ (जीव को) अनेक प्रकार की योनियों में ले जाने की हेतु हैं।" इस प्रकार नाड़ी विशेष से उपासक की उत्क्रमण गति कही गई है। ब्रह्म की उपासना के प्रभाव से सुषुम्ना नाड़ी में प्रवेश कर उपासक उत्क्रमण करता है, अन्यथा सभी की समान ही उत्क्रांति होती है। "साधक के हृदयस्थित जो कामनायें हैं वे जब सब की सब समूल नष्ट हो जाती हैं, तब मरणधर्मा मनुष्य अमर हो जाता है और वह यहीं ब्रह्म का अनुभव कर लेता है।" इस प्रकार उपासक की इस लोक में ही मुक्ति कही गई है। इस मुक्ति की अवस्था में इन्द्रियादि संबंधों के बिना छूटे ही आगत अनागत पापों का संस्कार नष्ट हो जाता है।

सू०—तदापीतेः संसार व्यपदेशात् ।४।२।८।।

वाक्यार्थ—तदमृतत्वं देह सम्बन्धमदग्ध्वैव बोध्यम्। कुतः "तस्य तावदेवचिरं यावन्नविमोक्ष्येऽथ संपत्य"[3] इति आविमुक्तेः संसारव्यपदेशात्।

भावार्थ—वह जो अमृतत्व कहा गया है, वह स्थूल देह के भस्म होने के प्रथम जीवात्मा के शरीर छोड़ने पर प्राप्त होता है। क्योंकि "उसकी मुक्ति में

---

१. कठो० २।३।१६।। २. कठो० २।३।१४।। ३. छां० ६।१४।२।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

देह बन्धन से छूटने भर का विलम्ब है।" ऐसी, शरीर मुक्ति होने पर संसार के बन्ध से छूटने की बात कही गई है।[१]

सू०—सूक्ष्मं प्रमाणतश्च तथोपलब्धेः ।४।२।६।।

वाक्यार्थ—सूक्ष्मं शरीरमनुवर्त्तते "विदुषस्तं प्रति ब्रूयात् सत्यं ब्रूयात्"[२] इति प्रमांणतस्तद्भावोपलब्धेः ।

भावार्थ—उपासक स्थूल शरीर को छोड़ते ही सूक्ष्म शरीर का आश्रय लेता है। "वह मुक्त जीव चन्द्रलोक में बोलता है, उससे कहता है तू सत्य है।" इस प्रमाण से सूक्ष्म शरीर का होना निश्चित होता है।

सू०—नोपमर्देनातः ।४।२।१०।।

वाक्यार्थ—अतः "अथमर्त्योऽमृतो भवति" इति देह सम्बन्धोपमर्देनामृत्वं वदति ।

भावार्थ—इसलिए "मरणधर्मा अमृत हो जाता है" इससे देह सम्बन्ध के समाप्त हो जाने पर अमृतत्व होता है, ऐसा ज्ञात होता है।

सू०—अस्यैव चोपपत्तेरूष्मा ।४।२।११।।

वाक्यार्थ—स्थूलदेहे सूक्ष्मदेहेस्यैव धर्मभूतः ऊष्मोपलभ्यते । तस्मिन्नसति तदनुपलब्धेरित्युपपत्तेः ।

भावार्थ—स्थूल देह में सूक्ष्म देह की ही स्वाभाविक ऊष्मा (गर्मी) रहती है। उस सूक्ष्म देह के स्थूल देह से भिन्न हो जाने पर ऊष्मा समाप्त हो जाती है [अतएव देह ठंडा हो जाता है]

सू०—प्रतिषेधादिति चैन्नशारीरात् स्पष्टो ह्येकेषाम् ।४।२।१२।।

वाक्यार्थ—"अथा कामयमानो योऽकामो निष्कामः आप्तकामो न तस्य प्राणा उत्क्रामंति"[३] इति प्रतिषेधात् विदुष उत्क्रांतिरनुपपन्नेति चेन्नायं विरोधः, यतोऽयं प्राणानामुत्क्रांति प्रतिषेधात् विदुषः प्रकृताच्छरीरात्तस्मात्प्राणा उत्क्रामंति इति स्पष्ट एकेषां पाठे। तस्मादेव तेषामुत्क्रांति प्रतिषेधः श्रूयते ।

भावार्थ—"जो निष्काम पुरुष है, वह अकाम, निष्काम, आप्त काम होता है। उसके प्राणों का उत्क्रमण नहीं होता।" इस वाक्य में निष्काम उपासक

---

१. "संसरणं संसारः" [जो नाशवान है वह संसार है] "संसारो नाम जन्म मृत्यु प्रवाहः" [जन्म मृत्यु का प्रवाह संसार है] श्री शंकराचार्य जी ।

२. कौषीतकि० १।८।। ३. बृहदा० ४।४।६।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

का उत्क्रमण नहीं होता, ऐसा कहा गया है। इसलिए उसका उत्क्रमण होता ही नहीं, ऐसी शंका नहीं करनी चाहिए। यह वाक्य ठीक ही है क्योंकि, सूक्ष्म शरीर से प्राण वियुक्त नहीं होते (उपासक का वह प्रकृत शरीर है) इसी का उल्लेख इस वाक्य में है; "प्राण स्थूल शरीर से उत्क्रमण करते हैं" ऐसा एक स्थान पर स्पष्ट उल्लेख है। इसलिए स्थूल देह से प्राणों के वियुक्त होने पर परमधाम तक पहुँचने के लिए जीवात्मा प्रकृत सूक्ष्म शरीर का आश्रय लेकर देवयान मार्ग को पार करता है। उस समय वह मुक्त होने के कारण आप्तकाम होता है, प्राण उसके साथ रहते हैं। यही ऊपर के वाक्य का तात्पर्य है।

सूक्ष्म देह धारण कर ही उपासक भक्त ऊपर के लोकों का आनन्द लेता हुआ परमधाम तक जाता है। उस परमधाम में पहुँचकर उसका सूक्ष्म देह भी प्राणों सहित वियुक्त हो जाता है। केवल कारण देह ही उस लोक में परमात्मा के सदृश सदा विहार करता है। वहीं उसको, लोक में रहने से सालोका, निकट होने से सामीप्या, स्वरूप प्राप्ति से सारूपा तथा वहाँ के ऐश्वर्य प्राप्ति से सार्ष्टि, मुक्तियों का आनन्द मिलता है।

सू०—स्मर्यते च ४।२।१३।।

वाक्यार्थ—"सन्निरुद्धस्तु तेनात्मा सर्वेष्वायतनेषु वै। जगाम भित्वा मूर्द्धानं दिवमभ्युत्पपात ह।"[१] इति विदुष उत्क्रांतिः स्मर्यते।

भावार्थ—"निष्काम उपासक भक्त का आत्मा देह के प्रत्येक मार्गों का अवरोध कर सुषुम्ना नाड़ी के द्वारा मूर्द्धा का भेदन कर देवयान मार्ग की ओर उत्क्रमण करता है।" इस प्रकार उपासक की उत्क्रांति स्मृति में भी कही गई है।

अधिकरण ६

सू०—तानिपरे तथा ह्याह ।४।२।१४।।

वाक्यार्थ—तेजः प्रभृति भूत सूक्ष्माणि परस्मिन् संपद्यते। "तेजः परस्यां देवतायां[२] इत्याह श्रुतिः।

भावार्थ—तेज इत्यादि सूक्ष्म पंच भूत परमात्मा में संलग्न हो जाते हैं। "तेज परमात्मा में लीन हो जाता है" ऐसा श्रुति में कहा गया है।[३]

१. महाभारत। २. छांदोग्यो० ६।८।६।।

३. सुषुप्ति और प्रलय में तेज, अपने आश्रय स्थान परमात्मा में ही लीन हो जाता है। श्रीमद् भागवत में चित्रकेतु (वृत्रासुर) शिशुपाल, दंतवक्र आदि

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अधिकरण ७

सू०—अविभागो वचनात् ।४।२।१५।।

वाक्यार्थ—तेषां वागादि भूत सूक्ष्माणां परेऽविभागस्तादात्म्यापत्तिः "भिद्यते चासां नामरूपे पुरुष इत्येवं प्रोच्यते" इति वचनात् ।

भावार्थ—भक्त उपासक के वाणी आदि के सूक्ष्म रूप भी परमधाम में पहुँच कर अलग हो जाते हैं। वह मुक्त जीवात्मा, परमात्मा में तादात्म्य रूप हो जाता है। "उन इंद्रियादि के नाम रूप उस जीव से भिन्न हो जाते हैं, तब वह पुरुष कहलाता है।" ऐसा प्रमाण वचन से ज्ञात होता है।

[नदियाँ जैसे समुद्र में जाकर नाम रूप त्याग कर लीन हो जाती हैं, वैसे ही ये भी हैं। सूक्ष्म शरीर की सत्रह कलायें होती हैं—५ ज्ञानेंद्रिय, ५ कर्मेंद्रिय ५ भूत तन्मात्रायें, १ मन और १ प्राण। परंतु प्राण और स्पर्शतन्मात्रा को अभिन्न मानकर १६ कलायें ही मानी जाती हैं। ये सोलहों कलायें छूट जाती हैं तभी मोक्ष होता है। ऊपर के 'भिद्यते चासां' आदि वाक्य में आगे 'एषोऽकलोऽमृतो भवति' ऐसा ही कहते हैं]

के देह से तेज निकल कर भगवान श्री कृष्ण में लीन हो गया था, ऐसा उल्लेख, इसी तथ्य का द्योतक है। भागवत दशम स्कंध में निरोध रूप प्रलय का ही वर्णन है। उसमें जितनों का भगवान ने बध किया वे सभी भगवद् गति पा गये (मुक्त हो गये) सभी ने प्रायः सारूपा मुक्ति पाई। इसका कारण था कि वे सभी किसी न किसी व्याज से भगवान श्रीकृष्ण का ही ध्यान करते थे अतएव उनका तद्रूप हो जाना स्वाभाविक था।

"कीटः पेशस्कृतारुद्धः कुड्यायां तमनुस्मरन् ।
संरभभययोगेन विंदतेतत्सरूपताम् ।" भागवत् ७।१।२७।।

[मृंगी, कीड़े को लाकर अपने छिद्र में बंद कर देता है, वह कीटमय और उद्वेग से तद्रूप हो जाता है]"

भगवान श्री कृष्ण को जिस भावना से जिसने भजा। भगवान ने उसे उसी भाव से मुक्ति दी।

"कामात् क्रोधात् भयात् स्नेहात् यथाभेक्त्येश्वरेमनः ।
आवेश्य तदघं हित्वा बहवस्तद्गतिं गताः ।।" भाग० ७।१।२९।।

[काम, क्रोध, भय, स्नेह किसी भी भावना से मन को भगवान में लगाकर पापों से छूट कर अनेक भगवद्गति पा गये]

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अधिकरण ८

सू०—तदोकोऽग्रज्वलनं तत्प्रकाशितद्वारोविद्यासामर्थ्यात्तच्छेषगत्यनुस्मृतियोगाच्चहार्दानुग्रहीतशताधिकया ।४।२।१६॥

वाक्यार्थ—"शतं चैका च हृदयस्य नाड्यः तासां मूर्द्धामभिनिः सृतैकातयोर्द्ध्वमायन्नमृत्वमेति"[1] इति श्रुत्युक्तानाडीवर्त्तते। तां विद्यासामर्थ्यात्तच्छेष गत्यनुस्मृति योगाच्च प्रसन्नेन वेद्येनानुग्रहीतो यदा भवति ततस्तस्योको हृदयमग्रज्वलनं भवति तदा परमेश्वर प्रकाशित द्वारस्तां विदित्वा विद्वान् तया निष्क्रामति।

भावार्थ—"एक सौ एक हृदय संबद्ध नाडियों में मूर्द्धा तक जाने वाली एक विशेष नाडी है, उसी से निष्क्रमण कर उपासक अमृतत्व प्राप्त करता है।" इस प्रकार श्रुति में कही गई सुषुम्ना नाडी विशेष है। उसी नाडी को उपासना के सामर्थ्य से और उसके प्रभाव से गमनकाल का ज्ञान हो जाने से प्रसन्न भक्त जब परमात्मा से अपने को अनुग्रहीत मानता है, तब उसका तेज हृदय के अग्रभाग में प्रज्वलित हो जाता है, तब परमेश्वर से प्रकाशित सुषुम्ना रूप उस मार्ग को जानकर उसी मार्ग से निष्क्रमण करता है।

अधिकरण ९

सू०—रश्म्यनुसारी ।४।२।१७॥

वाक्यार्थ—विद्वान् मूर्द्धन्यया नाड्या निष्क्रम्य सूर्यरश्मीननुसार्येवोद्ध्वं गच्छति "तैरेवरश्मिभिः"[2] इत्यवधारणात्।

भावार्थ—उपासक मूर्द्धा से जाने वाली सुषुम्ना नाडी से निकल कर सूर्य की किरणों के सहारे ऊपर जाता है। जैसा कि "उस सूर्य की ही रश्मि द्वारा" इस प्रसंग से ज्ञात होता है।

अधिकरण १०

सू०—निशि नेति चेन्न संबंधस्य यावद्देह भावित्वात् दर्शयति च ।४।२।१८॥

वाक्यार्थ—निशि मृतस्य विदुषो न प्राप्तिरिति न वाच्यम्। यावत् देहभाविकर्म संबंधापगमात्तस्य तत् प्राप्तिः स्यादेव "तस्यतावदेव चिरं यावन्न विमोक्षेऽथ संपत्स्ये"[3] इति श्रुतेः।

---

१. कठोप० २।३।१६॥ २. छांदोग्य० ८।६।५॥ ३. छां० ६।१४।२॥

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ—रात्रि में सूर्य की किरणें नहीं रहतीं, अतएव उस समय मृत उपासक को ऊर्ध्वगमन प्राप्त न होगा, ऐसा नहीं कह सकते। उपासना के द्वारा आगत कर्मों का जो बंधन है वह शरीरपात तक तो है ही "उसके मोक्ष में उतनी ही देर है, जब तक शरीर नहीं छूटता" ऐसा श्रुति ही कह रही है।

अधिकरण ११

सू०—अतश्चायनेऽपि दक्षिणे ।४।२।१६।।

वाक्यार्थ—उक्त हेतोर्दक्षिणायनेऽपिमृतस्य विदुषो ब्रह्म प्राप्तिः ।

भावार्थ—इसी प्रकार दक्षिणायन में भी मृत उपासक को ब्रह्म प्राप्ति होती है।

सू०—योगिनः प्रति स्मर्यते स्मार्त्ते चैते ।४।२।२०।।

वाक्यार्थ—"यत्र कालेत्वनावृत्तिः।"[1] इत्यादिना च योगिनः प्रति सृति द्वयं स्मर्यते। ते चैते स्मरणार्हेऽतो न काल विशेष नियमः।

भावार्थ—"जिस उत्तरायण में मृत की पुनः आवृत्ति नहीं होती" इत्यादि स्मृति वाक्य में सकाम कर्म योगी के लिए आवृत्ति वाला दक्षिणायन तथा अनावृत्ति वाला उत्तरायण मार्ग कहा गया है और जो निष्काम कर्म योगी (ज्ञानी उपासक भक्त) हैं, उन्हें इन मार्गों की चिंता नहीं होती इसलिए उनके लिए काल विशेष का नियम नहीं है।

निरंतर जो भगवद्भक्ति के योग में लगे रहते हैं उन्हें इन मार्गों का मोह नहीं होता—

"नैते सृती पार्थजानन् योगी मुह्यति कश्चन,
तस्मात् सर्वेषु कालेषु योग युक्तोभवार्जुन।" गीता० ८।७।।

इन दोनों मार्गों को जानने वाला निष्काम कर्म योगी इन दोनों की चिंता नहीं करता, इसलिये तू भी निरंतर भक्तियोगी (निष्काम कर्म योगी) हो जा" ऐसे उपासकों की तो अव्यक्त अक्षर ध्रुव गति है, जिसको प्राप्त कर पुनः आने का प्रश्न ही नहीं उठता, वही भगवान का परमधाम है "तद्धाम परमं मम" [गी० ८।२१]

द्वितीय पाद समाप्त

---

१. गीता ८।२३।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

तृतीय पाद

अधिकरण १

सू०—अर्चिरादिना तत् प्रथितेः ।४।३।१।।

वाक्यार्थ—एक एव मार्गोऽर्चिरादिर्ज्ञेयोऽस्तेनैव विद्वांसो गच्छंति । "अर्चिमेवाभि संभवंति अर्चिषोऽहरह्नः, आपूर्यमाणपक्षमापूर्यमाणपक्षात् यान् षड् उदंगेति मासांस्तान मासेभ्यः संवत्सरं, संवत्सरादित्याच्चन्द्रमसं, चंद्रमसो विद्युतम् तत् पुरुषोऽमानवः य एतान् ब्रह्म गमयति, एष देवपथो ब्रह्म पथः, एतेन प्रतिपद्यमाना इमं मानवमावर्त्तं नावर्त्तते"[1] इति छांदोग्ये । "तेऽर्चिषमभि अर्चिषोऽहरह्न आपूर्यमाण पक्षमापूर्यमाण पक्षात् यान्षड् उदंगादित्यमेति मासेभ्यः देवलोकं, देवलोकादादित्यमादित्यात् वैद्युतं तान वैद्युतात् पुरुषोऽमानव सत्य ब्रह्म लोकान् गमयति"[2] इति बृहदारण्येऽन्यत्रापि तथैव प्रसिद्धेः ।

भावार्थ—एक ही प्रसिद्ध अर्चिरादिमार्ग कहा गया है जिससे भक्त उपासक जाते हैं । "अर्चिरादि मार्ग के अभिमानी देवताओं को प्राप्तकर क्रमशः दिवसाभिमानी शुक्लपक्षाभिमानी देवताओं को प्राप्त कर उत्तरायण सूर्य के छः महीनों को प्राप्त करते हैं । वहाँ से संवत्सर, आदित्य, चंद्रमा और विद्युत् गति को पाते हैं, वहाँ एक अमानव पुरुष है, जो भक्तों को ब्रह्म प्राप्ति कराता है । यही देवपथ या ब्रह्म पथ है, इसमें जाकर पुनः लौटना नहीं पड़ता ।" ऐसा छांदोग्य उपनिषद् में है तथा—"वे भक्त अर्चिरादिमार्ग से क्रमशः दिवस, पक्ष, उत्तरायण मास, देवलोक, आदित्यलोक, विद्युत लोक को प्राप्त करते हैं, वहाँ से अमानव पुरुष उन्हें ब्रह्मलोक ले जाता है ।" ऐसा बृहदारण्य आदि अन्यत्र स्थलों पर भी इस मार्ग का वर्णन किया गया है ।

अधिकरण २

सू०—वायुमब्दादविशेष विशेषाभ्याम् ।४।३।२।।

वाक्यार्थ—छांदोग्य श्रुति पठितात् संवत्सरात् ऊर्ध्वमादित्यात् पूर्वमग्नि लोकमागच्छति । "स वायुलोकं" इति कौषीतकि श्रुत्युक्तां वायुमभि-

---

१. छां० ४।१५।५।। २. बृहदा० ६।२।१५।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

संभवंति अविशेष विशेषाभ्यां "अग्निलोकमागच्छति स वायुलोकम्"[१] इत्यत्र वायुरविशेषणीय दिष्टत्वात् "तस्मैतत्र विजिहीते, यथा रथ चक्रस्य खं तेन स ऊर्ध्वमाक्रमन्ते, स आगच्छति"[२] इत्यत्र विशेषावगमाच्च ।

भावार्थ—छांदोग्य श्रुति में कहे गये संवत्सर से ऊपर आदित्य लोक में जाने से पहिले अग्निलोक भी आता है । "वह वायुलोक को" ऐसा कौषीतकि श्रुति में वायुलोक की प्राप्ति का उल्लेख है, जो कि "अग्निलोक से वायुलोक को" अग्निलोक के बाद का स्थान है "वहाँ वायुलोक मार्ग देता है, जैसा कि रथ के पहिये का छिद्र होता हे वैसा) उस मार्ग से ऊपर चढ़कर सूर्यलोक में जाता है ।" इतना विशेष उल्लेख मिलता है ।

अधिकरण ३

सू०—तडितोऽधिवरुणः संबधात् ।४।३।३।।

वाक्यार्थ—"य एतं देवयानं पंथानमापद्याग्निलोकमागच्छति स वायुलोकं, स वरुणलोकं, स आदित्यलोकं, स इंद्रलोकं, स प्रजापतिलोकं, स वरुणलोकं"[३] इति कौषीतकि श्रुत्युक्तो, "वरुणश्चंद्रमसोविद्युतम्"[४] इति छांदोग्य श्रुत्युक्त विद्युत् उपरितेजो विद्युत् व रण संबंधात् इंद्र प्रजापती च तदग्रेयोज्यौ ।

भावार्थ—"वह इस देव मार्ग को, अग्निलोक, वायुलोक, वरुणलोक, आदित्यलोक, इंद्रलोक, प्रजापतिलोक, वरुणलोक" [आदि लोकों से होकर पार करता है] ऐसा कौषीतकि श्रुति में कहा गया । "वरुण, चंद्र और विद्युत लोक को (पाता है)" ऐसा छांदोग्य श्रुति में भी कहा गया । विद्युतलोक के नीचे वायुलोक है विद्युत और वरुणलोक साथ हैं, तब उसके बाद इंद्र और प्रजापतिलोक को जोड़ना चाहिये [वायुलोक विद्युत्लोक के प्रथम है]

अधिकरण ४

सू०—आतिवाहिकास्तल्लिंगात् ।४।३।४।।

वाक्यार्थ—अचिरादयोगंतृणां गमयितारः "स एतान् ब्रह्मगमयति" इत्यमानवस्य गमयतृत्वश्रवणात् पूर्वेषामपि गमयितृत्वं गम्यते ।

भावार्थ—अचिआदि मार्ग से जानेवाले उपासक को ले जाने वाला "वह

---

१. कौषीतकि १।३।। २. बृहदा० ५।१०।१।। ३. कौषीतकि १।३।।
४. छांदोग्य० ४।१५।५।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

इन्हें ब्रह्म प्राप्ति कराता है" ऐसा अमानव पुरुष कहा गया है [जोकि विद्युत् लोक में मिलता है] विद्युत लोक के पूर्व के लोकों में भी ले जाना किसी का होता है, ऐसा इसी प्रसंग से सिद्ध है।

सू०--वैद्युतेनैव ततस्तच्छ्रुतेः ।४।३।५।।

वाक्यार्थ--विद्युत उपरिष्टादमानवेनैन विद्वान्नीयते वरुणादयस्तुसाहित्ये-नोपकारकाः ।

भावार्थ—[उपासक भक्त जब स्थूल शरीर को सुषुम्ना नाडी से छोड़ता है, जब सूर्य की किरणों के आश्रय से ऊपर चलता है तब क्रमशः अर्चिष अभिमानी दूत सत्कार सहित उसे दिन के अभिमानी दूतों के पास पहुँचा देते हैं। इसी क्रम से पक्षाभिमानी, मासाभिमानी, संवत्सराभिमानी दूत वायुलोक तक पहुँचाते हैं, वहाँ उसे छिद्र युक्त मार्ग मिलता है। उससे आदित्य और चंद्रमस लोक को पार करने पर विद्युत लोक में अमानव पुरुष मिलता है, वही वरुण, इंद्र और प्रजापतिलोक के सहयोगियों सहित ब्रह्मलोक प्राप्त कराता है।

अधिकरण ५

सू०—कार्यं बादरिरस्य गत्युपपत्तेः ।४।३।६।।

वाक्यार्थ—अर्चिरादिगणः कार्य ब्रह्म तदुपासकान्नयति, कार्यस्य ब्रह्मण, एव गत्युपपत्तेरिति बादरिर्मन्यते ।

भावार्थ—अर्चिरादिगण (दूत) कार्य ब्रह्म के उपासकों को उनके लोक में ले जाते हैं। कार्य ब्रह्म के लोक के लिये ही गति होती है ऐसा बादरि मानते हैं।

सू०--विशेषितत्वाच्च ।४।३।७।।

वाक्यार्थ—"तेषु ब्रह्मलोकेषु पराः परावंतो वसंति"[१] इति लोक शब्द बहुवचनाभ्यां विशेषितत्वाच्च ।

भावार्थ—"उन ब्रह्म लोकों में ले जाता है, जहाँ अनंत संवत्सरों तक रहते हैं" इसमें अनेक ब्रह्मलोकों के वर्णन से तथा वहाँ के रहने की विशेष विज्ञप्ति से कार्य ब्रह्म की प्राप्ति ही सिद्ध होती है

---

१. बृहदा० ६।२।१५।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०--सामीप्यात्तु तदुपदेशः ।४।३।८।।

वाक्यार्थ—प्रथमजत्वेन ब्रह्म [सामीप्यात्तु "ब्रह्म गमयति" इति व्यपदेश उपपद्यते ।

भावार्थ--प्रथम अजन्मा कारण भूत परब्रह्म के समीपस्थ होने से कार्य ब्रह्म हिरण्यगर्भ (ब्रह्मा) के लिये ही "ब्रह्म गमयति" ऐसा नपुंसक लिग का का प्रयोग किया है [यदि परब्रह्म के लिये कहा गया होता तो "ब्रह्माणं गमयति" ऐसा पुंल्लिग का प्रयोग किया जाता] इसलिये कार्य ब्रह्म की ही प्राप्ति होती है ।

सू०--कार्यात्यये तदध्यक्षेण सहातः परमभिधानात् ।४।३।९।।

वाक्यार्थ—कार्य ब्रह्मलोक नाशे कार्य ब्रह्मणा सह कार्य ब्रह्मणः परं प्राप्नोति, "ते ब्रह्मलोके तु परांतकाले परामृतात्परिमुच्यंति सर्वे"[1] इत्यभिधानात् ।

भावार्थ—प्रलय में कार्य ब्रह्म के साथ कार्य ब्रह्म का लोक समस्त जीवों-सहित परांगति प्राप्त करता है "प्रलय में ही परब्रह्म के अमृततत्व को ब्रह्मलोक के सभी लोग पाते हैं ।" इस प्रसंग से भी कार्य ब्रह्म के अमृततत्व को ब्रह्मलोक की प्राप्ति सिद्ध होती है ।

सू०—स्मृतेश्च ।४।३।१०।।

वाक्यार्थ—"ब्रह्मणा सह ते सर्वे संप्राप्ते प्रतिसंचरे, परस्यांते कृतात्मानः प्रविशंति परं पदम्"[2] स्मृतेश्चोक्तार्थोऽवगम्यते ।

भावार्थ—"ब्रह्मा के साथ ब्रह्मलोक के सभी जीव प्रति कल्प में परमात्मा के परमधाम में प्रवेश कर जाते हैं ।" इस स्मृति प्रमाण से भी उस कार्य ब्रह्मत्व प्राप्ति की बात ज्ञात होती है ।

[सू० ४।३।६। से ४।३।१०। तक बादरि आचार्य का मत कहा अब उसकी असंगति अगले सूत्र से बतलावेंगे]

सू०—परं जैमिनि मुख्यत्वात् ।४।३।११।।

वाक्यार्थ—"परं ब्रह्म नयति, एतान ब्रह्म गमयति" इति ब्रह्म शब्दस्य परस्मिन् मुख्यत्वात् ।

---

१. तै० ना० अनु० २४।। २. कूर्म पुराण पूर्व खंड १२।२६९।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ—"परं ब्रह्म को प्राप्त कराता है, इनको ब्रह्म की ओर ले जाता है।" यहाँ ब्रह्म का परं ऐसा विशेषण कहा गया है। इसलिए परब्रह्म प्राप्ति ही होती है ऐसा जैमिनि का मत है।

सू०—दर्शनाच्च ।४।३।१२।।

वाक्यार्थ—"परं ज्योतिरुपसंपद्य स्वेन रूपेणाभि निष्पद्यते" इति पर प्राप्यत्व दर्शनाच्च।

भावार्थ—"परमात्मा से ज्योति प्राप्त कर स्वरूप प्राप्ति करता है" इसमें परमात्म प्राप्ति को ही दिखलाया गया है।

सू०—न च कार्ये प्रतिपत्यभिसंधिः ।४।३।१३।।

वाक्यार्थ—"प्रजापतेः सभां वेश्म प्रपद्ये"[1] इत्ययं प्राप्तेः संकल्पः कार्य ब्रह्म विषयको न, किंतु परमात्म विषयकः तस्यैवाधिकारात्।

भावार्थ—"मैं प्रजापति के सभागृह को प्राप्त होता हूँ।" इस प्रकार की प्राप्ति का संकल्प कार्य ब्रह्म की प्राप्ति का नहीं है। जहाँ का यह उदाहरण है, वहाँ आकाशरूप कारण ब्रह्म का प्रसंग चल रहा है। इसलिए कारण ब्रह्म की ही प्राप्ति कही गई है।

[सू० ४।३।११।। से ४।३।१३।। तक जैमिनि के सिद्धांत से बादरि का मत खंडन किया गया]

सू०—अप्रतीकालंबनान्नयतीति बादरायण उभयथा दोषात्तत् क्रतुश्च ।४।३।१४।।

वाक्यार्थ—अर्चिरादि गणः प्रतीकालंबन व्यतिरिक्तान् परब्रह्मोपासकान्-ब्रह्मात्मकतयाऽक्षर स्वरूपोपासकांश्च परं ब्रह्म नयति। कुतः उभयथा दोषात्। कार्योपासकान्नयति इत्यत्र "अस्माच्छरीरात् समुत्थाय परं ज्योतिरुपसंपद्य"[2] इत्यादि श्रुति व्याकोपः स्यात्। परोपासीनान् एव नयतीति नियमे तु "तद्य इत्थं विदुर्येचेमेऽरण्ये श्रद्धांतप इत्युपासते तेऽर्चिषमभि संभवंति"[3] इति श्रुति व्याकोपः स्यात्। "तस्माद्यथा क्रतुरस्मिंल्लोके पुरुषो भवति तथेतः प्रेत्य भवति[4]। इत्यादि श्रुतेस्तत् क्रतुस्तथैव प्राप्नोतीति सिद्धांतो भगवान बादरायणो मन्यते।

---

१. छांदोग्य० ८।१४।१।। २. छां० ।८।३।४।। ३. छां० ५।१०।१।। ४. छां० ३।१४।१।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ--[बादरि और जैमिनि दोनों का मत असंगत बतलाकर सूत्रकार का मत स्थिर करते हैं]

अर्चिरादि गण किसी विशेष प्रतीक के बजाय संपूर्ण जगत में ब्रह्मात्म-भाव से परमात्मा के और अक्षर स्वरूप ब्रह्म के उपासक को ब्रह्म की ओर ले जाते हैं। क्योंकि बादरि और जैमिनि के मतों में तो श्रुति विरुद्धता है। यदि कार्य ब्रह्म की प्राप्ति कहें तो "इस शरीर से उठकर परमात्मा की ज्योति से स्वरूप की प्राप्ति करता है।" इस श्रुति से विरोध होगा क्योंकि इसमें पर-ब्रह्म का उल्लेख है। यदि यह कहें कि केवल परब्रह्म के उपासकों को ही अर्चिरादि गण ले जाते हैं तो "जो सृष्टि विज्ञान को जानते हैं तथा वन में तप करते हैं वे अर्चिरादि मार्ग में जाते हैं। इस वाक्य में कहे गये योगी की भी अर्चिरादि गति कही गई है, इससे विरुद्धता होगी। "उपासक जैसी भावना से यहाँ उपासना करता है, वह उसी भाव के अनुसार उस परमात्मा को प्राप्त करता है।" इत्यादि श्रुति से सिद्ध है कि भावनानुसार ऊपर के लोकों की प्राप्ति होती है। भगवान बादरायण के मत में [सकाम और निष्काम दोनों ही प्रकार के उपासक अर्चिरादि मार्ग से जाते हैं। परन्तु सकाम उपासक उत्तरायण से जाने पर स्वर्गीय सुखों की अनुभूति के बाद लौटकर जन्म लेता है तथा दक्षिणायन से जाने पर बिना स्वर्गीय आनन्द के ही लौटकर जन्म लेता है। निष्काम उपासक कभी भी, किसी भी अवस्था में जाता है, पर वह लौट कर नहीं आता]

सू०—विशेषं च दर्शयति ।४।३।१५।।

वाक्यार्थ—"यावन्नाम्नोगतं तत्रास्य यथाकामचारो भवति"[१] इत्यादिका श्रुतिः प्रतीकोपासकस्य गत्यनपेक्षं फलविशेषं च दर्शयति ।

भावार्थ—"जो नाम का माहात्म्य है, उसकी उपासना करने वाले को यथेच्छ गति प्राप्त होती है।" इत्यादि श्रुतियाँ विशेष प्रतीक उपासकों की भी विशेष गति बतलाती हैं। [उद्गीथ उपासना और नाम उपासना एक ही हैं, दोनों ही प्रतीकोपासना हैं]

तृतीय पाद समाप्त

---

१. छांदोग्यो० ७।१।१।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

चतुर्थ पाद

अधिकरण १

सू०—संपद्याविर्भावः स्वेन शब्दात् ।४।४।१॥

वाक्यार्थ—जीवो अर्चिरादिकेन मार्गेण परं संपद्य स्वाभाविकेन रूपेण आविर्भवति, "परं ज्योतिरुपसंपद्य स्वेनरूपेणाभि निष्पद्यते"[1] इति वाक्येन प्रतिपाद्यते, स्वेनेति शब्दात् ।

भावार्थ—[निष्काम भक्त उपासक की परमात्म प्राप्ति होने पर कैसी मुक्ति होती है, इसी का निरूपण करते हैं]

(उपासक) जीव अर्चिरादि मार्ग से जाकर परमात्मा के धाम में अपने स्वाभाविक रूप में प्रकट होता है। "परमात्मा की ज्योति प्राप्त कर अपने रूप को प्राप्त करता है।" इस वाक्य से इस तथ्य का प्रतिपादन होता है, क्योंकि वहाँ स्व शब्द स्पष्ट गया है।

सू०—मुक्त प्रतिज्ञानात् ।४।४।२॥

वाक्यार्थ—बंधात् विमुक्त एवात्र स्वेन रूपेणाभि निष्पद्यते इत्युच्ते, कुतः, "य आत्मा अपहतपाप्मा"[2] इत्युपक्रम्य "एवं त्वेन ते भूयोऽनुव्याख्यास्यामि"[3] इति प्रतिज्ञानात् ।

भावार्थ—शरीर बंधन की मुक्ति के बाद ही स्वरूप प्राप्ति होती है, ऐसा ही कहा गया है "यह जीवात्मा पापरहित," इत्यादि आत्मा के गुणों को कहते हुए "इसको मैं तुझे फिर कहूँगा" इस प्रकार उस आत्मा का वर्णन करके, उसकी स्वरूप प्राप्ति आगे कही है [छां० ८।७।१॥ से ८।१२॥ तक बंधन मुक्त आत्मा का वर्णन किया गया है]

सू०—आत्मा प्रकरणात् ।४।४।३॥

---

१. छांदो० ८।१२।२॥ २. छांदो० ८।७।१॥ ३. छांदो० ८।११।३॥

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वाक्यार्थ—आत्मैवाविर्भूतस्वरूपः तत्प्रकरणात् ।

भावार्थ—आत्मा ही अपने स्वरूप में हो जाता है, उस प्रकरण से ज्ञात होता है [आत्मा, परमात्मा में लीन नहीं हो जाता जिससे उसे सायुज्य मुक्ति कहा जावे, अपितु परमात्मा के समान **गुणों** वाला होकर उसी के समान तेज स्वरूप अपहतपाम्मा आदि गुणों वाला हो जाता है । सारूपा मुक्ति होती है ।]

अधिकरण २

सू०—अविभागेन दृष्टत्वात् ।४।४।४।।

वाक्यार्थ—मुक्तः परस्मादात्मानं भागाविरोधिना अविभागे नानुभवति । तत्वस्य तदानीमपरोक्षतो दृष्टत्वात्, शास्त्रस्याप्येवं दृष्टत्वात् ।

भावार्थ—[स्वरूप प्राप्ति हो जाने पर जीवात्मा अपने को परमात्मा से भिन्न समझता है अथवा अभिन्न इस शंका की निवृत्ति करते हैं]

मुक्त जीवात्मा, परमात्मा से अपने को, कर्मों के संस्कार रूपी बंधनों से मुक्त हो जाने से, अभिन्न अनुभव करता है । उस समय परब्रह्म के प्रकाश से उसको जो प्रकाश प्राप्त होता है, उससे उसे सर्वज्ञता प्राप्त हो जाती है । शास्त्र में भी ऐसा हो वर्णन मिलता है ।

अधिकरण ३

सू०—ब्राह्मेण जैमिनिरुपन्यासादिभ्यः ।४।४।५।।

वाक्यार्थ—अपहतपाप्मत्वादि ब्राह्मेण गुणेन युक्तः प्रत्यगात्माऽविर्भवतीति जैमिनिर्मन्यते । दहरवाक्ये ब्रह्म संबंधितया श्रुतानामपहतपाप्मत्वादीनां, प्रजापति वाक्ये प्रत्यगात्म संबंधितयाऽप्युपन्यासादिना जक्षणादिभ्यश्च ।

भावार्थ—[स्वरूप प्राप्त जीवात्मा का कैसा रूप है ? अब उस पर विचार करते हैं]

पापराहित्य आदि ब्रह्म के गुणों से युक्त जीवात्मा स्वरूप प्राप्त करता है (उन्हीं गुणों का हो जाता है) ऐसा जैमिनि मानते हैं । छांदोग्यो० ८।१।१।। के दहर विद्या के प्रकरण में अपहतपाप्मत्व आदि आठ गुण ब्रह्म के कहे गये हैं । वही छांदोग्यो० ८।७।१।। के प्रजापति विद्या के प्रकरण में जीवत्मा के लिये वर्णन किये गये हैं, वैसी ही परमात्मा की सी जक्षण, क्रीडन, रमण आदि सर्वज्ञ विशेषतायें जीवात्मा की भी कही गई हैं ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सू०—चिति तन्मात्रेण तदात्मकत्वादित्यौडुलोमिः ।४।४।६।।

वाक्यार्थ—ब्रह्मणि चिद्रूपे उपसन्नः प्रत्यगात्मा चिन्मात्रेण रूपेणाविर्भवति । "प्रज्ञान धन एव"[1] इति तस्य तदात्मकत्व श्रवणात् इत्यौडुलोमिर्मन्यते ।

भावार्थ—परमात्मा के चित् स्वरूप को प्राप्त कर जीवात्मा चैतन्य रूप से प्रकट होता है । क्योंकि "यह जीवत्मा शुद्ध चैतन्य रूप ही है ।" उस परमात्मा स्वरूप का भाव प्राप्त करता है । यह इस श्रुति वाक्य से ज्ञात होता है । यह औडुलोमि मानते हैं ।

[जैमिनि और औडुलोमि इन दोनों से विशेष अपना अविरुद्ध मत बादरायण कहते हैं]

सू०—एवमप्युपन्यासात् पूर्वभावादविरोधं बादरायणः ।४।४।७।।

वाक्यार्थ—विज्ञान मात्र स्वरूपत्व प्रतिपादने सत्यपि अपहतपाप्मत्वादिमद्विज्ञानस्वरूपाविर्भावादविरोधं भगवान बादरायणो मन्यते । कुतः मुक्त जीव संबंधितया अपहतपाप्मत्वादि उपन्यासात् ।

भावार्थ—[जैमिनि अपहतपाप्मत्व आदि गुणों के साम्य से ही स्वरूप प्राप्ति मानते हैं तथा औडुलोमि केवल चैतन्य भाव प्राप्ति से स्वरूप प्राप्ति मानते हैं]

विज्ञान मात्र स्वरूपत्व प्रतिपादन को सही मानने पर भी अपहतपाप्मत्व आदि गुणों से युक्त चैतन्य (विज्ञान) स्वरूप की प्राप्ति से कोई विरोध नहीं होगा । ऐसा भगवान बादरायण मानते हैं । क्योंकि मुक्त जीव के लिये अपहत पाप्मत्वादि गुणों का वर्णन किया गया है ।

[इसलिये जीव केवल चैतन्य स्वरूप ही है, (औडुलोमि मत से) अथवा पापराहित्य आदि गुणों वाला ही है (जैमिनि के मत से) यह नहीं कह सकते, अपितु चैतन्य स्वरूप ही पापराहित्य आदि गुणों से युक्त हो सकता है, ऐसा बादरायण का मत है]

अधिकरण ४

सू०—संकल्पादेव तच्छ्रुतेः ।४।४।८।।

वाक्यार्थ—मुक्तस्य संकल्पादेव पित्रादि प्राप्तेः । कुतः "स यदि पितृलोककामो भवति संकल्पादेवास्य पितरः समुत्तिष्ठंति"[2] इति तदभिधान श्रुतेः ।

---

१. बृहदा० ४।५।१३।। २. छांदोग्यो० ।८।२।१।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ—मुक्त जीव को संकल्पमात्र से पित्रादि की प्राप्ति हो जाती है। ऐसा—"वह यदि पितृलोक की कामना करता है, तो उसके संकल्पमात्र से उसके पितर सामने उपस्थित हो जाते हैं।" उसकी स्वच्छंदता का वर्णन मिलता है।

अधिकरण ५

सू०—अतएवानन्याधिपतिः ।४।४।९।।

वाक्यार्थ—परब्रह्मात्मको मुक्तः, आविर्भूत सत्यसंकल्पत्वात् एव अनन्याधिपतिः भवति, "स स्वराट् भवति"[१] इति श्रुतेः।

भावार्थ—परब्रह्मात्मक मुक्त जीव, सत्य संकल्प वाला हो जाने के कारण ही सर्वत्र स्वतंत्र हो जाता है "वह स्वच्छंद हो जाता है" ऐसा श्रुति का प्रमाण भी है।

सू०—अभावं बादरिराह ह्येवम् ।४।४।१०।।

वाक्यार्थ—मुक्तस्य शरीराद्यभावं बादरिर्मन्यते। यतः "अशरीरं वाव संतं न प्रियाप्रिये स्पृशतं"[२] इति श्रुतिस्तथैवाह।

भावार्थ—मुक्त जीव के शरीरादि नहीं होते ऐसा बादरि का मत है। क्योंकि—"शरीर न होने के कारण पुण्य और पाप स्पर्श नहीं करते" ऐसी बात श्रुति में ही है।

सू०—भावं जैमिनिर्विकल्पामननात् ।४।४।११।।

वाक्यार्थ—तच्छरीरादिभावं जैमिनिर्मन्यते। कुतः, "स एकधा भवति त्रिधा भवति"[3] इत्यादि वैविध्यामननात्।

भावार्थ—मुक्त जीव के शरीरादि होते हैं, ऐसा जैमिनि का मत है। जैसा कि "वह एक होता है, तीन होता है" इत्यादि में अनेक होना कहा गया है। इससे सिद्ध है कि शरीर वाला ही एक से अनेक हो सकता है।

सू०—द्वादशाहवदुभयविधं बादरायणोतः ।४।४।१२।।

वाक्यार्थ—संकल्पादेव शरीरत्वमशरीरत्वं च मुक्तस्य भगवान् बादरायणो मन्यते। द्वादशाहस्य यथा "द्वादशाहमृद्धिकामा उपेयुः द्वादशाहेन प्रजाकामं याजयेत्" इति सत्रत्वमहिनत्वं च भवति तद्वत्।

---

१. छां० ७।२५।२।। २. छां० ८।१२।२।। ३. छां० ७।२६।२।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ—संकल्प से ही मुक्त जीव शरीर प्रकट करते और शरीर छिपा लेते हैं, ऐसा भगवान बादरायण का मत है। जैसे कि, द्वादशाह यज्ञ की व्यवस्था है कि "द्वादशाह यज्ञ उन्नति की कामना से करना चाहिये, तथा द्वादशाह सन्तान की कामना से करे।" इस तरह एक ही उपासना से समृद्धि और संतान दोनों कार्य संपादित होते हैं। यज्ञ में संकल्प के अनुसार फल दोनों प्रकार का होता है उसी प्रकार संकल्प से मुक्त जीव शरीरी, अशरीरी दोनों हो जाते हैं।

सू०—तन्वभावे संध्यवदुपपत्तेः ।४।४।१३।।

वाक्यार्थ—स्वसृष्ट शरीराद्यभावे स्वप्नवत् सृष्ट शरीरादिना मुक्त भोगोपपत्तेः शरीरादेर्मुक्त सृज्यत्वानियमः ।

भावार्थ—जब मुक्त जीवात्मा का अपने कल्पित शरीर का अभाव रहता है तब वह, जाग्रत और सुषुप्ति की संधि स्वप्नावस्था में जैसे परमात्मा से कल्पित शरीर द्वारा भोगों का आनन्द लेता है, वैसे ही उस समय भी वह परमात्मा द्वारा सृष्ट स्वरूप से आनन्द प्राप्त करता है [मुक्त होते हुए भी परमात्मा के अधीन रहता है]

सू०—भावे जाग्रत वत् ।४।४।१४।।

वाक्यार्थ—स्वसृष्ट शरीरादि भावेऽपि मुक्तस्य भगवल्लीलारस भोगोपपत्तेः कदाचिद् भगवल्लीलानुसारिणा स्वसंकल्पेनापि सृजति ।

भावार्थ—मुक्त जीव का जब स्वसृष्ट शरीर रहता है। तब भगवत् रचित शरीर की जाग्रतावस्था की भाँति वह लीलारस के भोगों का आनन्द लेता है उसके संकल्प द्वारा रचे गये शरीर में भी भगवद् अनुग्रह अवश्य रहता है, जिससे वह लीला के लिए रचे गये इस संसार की रसानुभूति कर पाता है [लोकवत्तु लीला कैवल्यम् २।१।३२।।]

सू०—प्रदीपवदावेशस्तथा हि दर्शयति ।४।४।१५।।

वाक्यार्थ—प्रभाया दीपस्येव ज्ञानेन धर्मभूतेन जीवस्यानेक शरीरेष्वावेशो भवति "स चानंत्याय कल्पते"[१] इति श्रुतिस्तथाहि दर्शयति ।

---

१. छांदोग्यो० ७।२६।२।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ—दीपक के प्रकाश की तरह मुक्त जीवात्मा अपने धर्मभूत ज्ञान से अनेक शरीरों में आवेश कर सकता है। "वह अनंत रूप धारण करता है" यह श्रुति ऐसा ही बतलाती है।[1]

सू०—स्वाप्यय संपत्योरन्यंतराऽपेक्षमाविष्कृतं हि ।४।४।१६।।

वाक्यार्थ—"प्राज्ञेनात्मना परिष्वक्तो न वाह्यं किंचन वेदनांतरम्"[2] इति वाक्यं तु न मुक्तविषयं, किंतु सुषुप्त्युत्क्रांत्योरन्यतरापेक्षम् । "नाहं खल्वयं-संप्रत्यात्मानं जानात्यहमस्मि"[3] इति "नो एवेमानि भूतानीति एतेभ्यो भूतेभ्यः समुत्थाय तान्येवानुविनश्यति"[4] इति च "स वा एष एतेन दिव्यचक्षुषा मन-सैतान् कामान् पश्यन्"[5] इति च जीवस्योभयत्र निर्बोधित्वं, मुक्त्यवस्थायां च सर्वज्ञत्वं, शास्त्रेण विस्कृतम् ।

भावार्थ—"भक्त आत्मसाक्षात्कार लीला में जब रत हो जाता है (अपने आत्मा को अंतःस्थ परमात्मा से जब आलिंगित कर देता है) तब उसे बाहर

---

१. जैसे दीपक एक स्थान पर रहकर अपने प्रकाश से संपूर्ण कक्ष को आलो-कित करता है, वैसे ही मुक्त जीवात्मा अपने ज्ञान से (जो कि दीप की प्रभा के समान उसका स्वाभाविक गुण है) अनन्त जीवों को प्रबुद्ध कर सकता है। इसीलिये गुरुओं की सत्ता, सदा, सर्वत्र स्वीकार की जाती है।

अज्ञान तिमिरांधानां ज्ञानांजन शलाकया ।
चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्री गुरवे नमः ।।

[अज्ञानांधकार से अंधे जीवों को ज्ञान की शलाका से नेत्र खोलने वाले गुरु को प्रणाम है] संप्रदाय (परंपरागत) के आचार्यों से ब्रह्म विद्या का जो प्रकाश मिलता है, वह भी उस संप्रदाय के प्रवर्त्तक आदि, नित्य मुक्त, आचार्य चरण के ज्ञान के प्रकाश से ही प्राप्त होता है। "योजयति स परे तत्त्वे दीक्षयाचार्य मूर्त्तिस्थः" [वह करुणानिधान परमाचार्य ही दीक्षा देने वाले आचार्य में ज्ञान स्वरूप से प्रवेश कर परंतत्त्व (ब्रह्म विद्या) की ओर लगाते हैं] इसीलिए सांप्रदायिक परंपरागत गद्दी के आचार्य, आदि प्रवर्त्तक आचार्य के आवेशावतार उनकी प्रवर्त्तित ब्रह्म विद्या का साधन करने के कारण माने जाते हैं।

२. बृहदा० ४।३।२१।। ३. छां० ८।११।२।। ४. बृहदा० २।४।१२।। ५. छांदो० ८।१२।५।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

ग्रौर भीतर का कुछ भी ज्ञान नहीं रहता।" यह वाक्य मुक्त जीवात्मा के लिए नहीं कहा गया है किंतु सुषुप्ति ग्रौर उत्क्रांति से मिलती जुलती भावावस्था का वर्णन है१ "सुषुप्ति ग्रवस्था में तो जीव को यह भी ज्ञान नहीं रहता कि यह मैं हूँ।" तथा "वह जीव इन्हीं भूतों से प्रकट होकर, इन्हीं में विलीन हो जाता है" (यह उत्क्रांति मृतावस्था का वर्णन है) ग्रौर "मन उसका दिव्य नेत्र है, वह इस दिव्य चक्षु के द्वारा भोगों को देखता हुग्रा रमण करता है।" ऐसी जीवात्मा की सुषुप्ति ग्रौर उत्क्रांति दोनों में जीव की ग्रबोधता तथा मुक्तावस्था में दिव्य चक्षु द्वारा सर्वज्ञता कही गई है।

ग्रधिकरण ६

सू०—जगत् व्यापारवर्जं प्रकरणादसन्निहितत्वाच्च ।४।४।१७।।

वाक्यार्थ—जगत सृष्ट्यादि व्यापारेतरं मुक्तैश्वर्यम् कुतः, "यतो वा

---

१. मुक्तावस्था के वाद दूसरी ग्रवस्था भाव की होती है, उसी में जीव परमात्मा से (स्त्री भाव से) ग्रालिंगित होकर ग्रात्मविभोर हो जाता है।" "यथा प्रिययास्त्रिया संपरिष्वक्तो न वाह्यं किंचित् वेद नांतरम्" (१) जैसे ग्रपनी प्रिय स्त्री से ग्रालिंगित होकर वाह्य ग्रौर ग्राभ्यंतर के ज्ञान से शून्य हो जाता है, वैसे ही। इसी ग्रांतरिक भावावस्था (विभोरावस्था) की उपासना का उपदेश भगवान् श्री निंबार्काचार्य जी ने पिछले सू० १।२।११।। ग्रादि कितने ही सूत्रों में किया है। इसी रहस्य को भाव जगत में रमण करने वाले गोस्वामी हित हरिवंश जी स्पष्ट करते हैं—[ग्रपने राधा सुधानिधि ग्रंथ ।।६४।। में]

उन्मीलन् मिथुनानुरागगरिमोदारस्फुरन् माधुरी,
धारासारधुरीणदिव्यललितानंगोत्सवैः खेलतोः।
राधामाधवयोः परं भवतुनश्चित्तेचिरार्त्तिस्पृशोः,
कौमारेनवकेलि शिल्पलहरी शिक्षादि दीक्षारसः ।।

[विकसित युगल ग्रनुराग माधुरी की धारा से निस्यूत परम सार रूप दिव्य रस में डूबे हुए राधा माधव का नवीन कौमारभाव की केलिकला लहरी की शिक्षा देने वाला दीक्षा रस सदा चित्त में प्रकट रहे]

हित जी ने यही दीक्षारस, श्री जी को गुरु मानकर प्राप्त किया था ग्रौर सदा ग्राप्तकाम, ग्रात्माराम की ग्रनुभूति करते थे।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

इमानि भूतानि जायंते"[१] इत्यादौ परब्रह्म प्रकरणान्मुक्तस्य तत्रासन्निहितत्वाच्च।

भावार्थ—जगत की सृष्टि आदि से भिन्न ही मुक्त जीव का ऐश्वर्य होता है, क्योंकि, "जिससे ये सारे प्राणी उत्पन्न होते हैं।" इत्यादि माहात्म्य, जो परब्रह्म के प्रकरण का है। मुक्त जीव इनसे भिन्न रहता है। वह इस बंधन में नहीं रहता।

सू०—प्रत्यक्षोपदेशान्नेति चेन्नाधिकारिकमंडलस्थोक्तेः।४।४।१८।।

वाक्यार्थ—"सस्वराड् भवति, तस्य सर्वेषु लोकेषु कामचारो भवति" इत्यादि श्रुत्या मुक्तस्य जगद् व्यापार प्रतिपादनात्। "जगद्व्यापारवर्जं" इति यदुक्तं तन्नेति चेन्न, तया श्रुत्या हिरण्य गर्भादिलोकस्थानां भोगानां मुक्तानुभव-विषयतयोक्तत्वात्।

भावार्थ—"वह स्वच्छन्द हो जाता है, उसकी सभी लोकों में यथेच्छ गति हो जाती है" इत्यादि श्रुतियों से मुक्त जीव की जागतिक ऐश्वर्य से विशेषता सिद्ध होती है। ऊपर जो "जगत व्यापार से भिन्न" उसे कहा है, वह ठीक ही है। क्योंकि—मुक्त जीव को स्वछन्द वतलाने वाली श्रुति में हिरण्यगर्भ (ब्रह्म)

इस भावस्था में तीन बातें होती हैं—"तस्यैवाहं, ममैवायं, स एवाहम्" अर्थात् मैं प्रभु का हूँ, प्रभु मेरे हैं, मैं ही प्रभु हूँ। यह तत्त्वमसि का रहस्य है। तत् ब्रह्म त्वं जीव असि गुरु तीनों की अद्वैतता हो जाती है। भोग्य भोक्ता और प्रेरिता तीनों एक हो जाते हैं और तीनों भिन्न भी रहते हैं। इस प्रकार भेदाभेद भाव रहता है। यही सविकल्प और निर्विकल्प समाधि का संयुक्त रूप है जो कि श्री निंबार्काचार्य जी के भक्तियोग का अनूठा रहस्य है। इसमें आत्मा और परमात्मा के संयोग और वियोग दोनों की युगपत अनुभूति होती है। हित हरिवंश जी इसको स्पष्ट करते हैं—

"चकई प्राण जु घट रहै पिय बिछुरंत निकज्ज,
सर अंतर अरु काल निसि तरफ तेज धन गज्ज।

तरफ तेज धन गज्ज लज्ज तुहि बदन न आवे,
जल विहीन करि नैन भोर किय माय दिखावै।

हित हरिवंश विचारि कौन अस बाद जु बकई,
सारस यह संदेह प्राण घट रहै जु चकई।

१. तैत्तरीय भृगु० १ अनु०।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

आदि लोकों में जो ऐश्वर्य हैं, उन सभी का अनुभव मुक्त जीव कर सकता है, [बद्ध जीव ऐसा करने में समर्थ नहीं है]

सू:—विकारावर्त्ति च तथाहि स्थितिमाह ।४।४।१६।।

वाक्यार्थ—जन्मादि विकार शून्यं स्वाभाविकाचित्यानंत गुण सागरं सविभूतिकं ब्रह्मैव, मुक्तोऽनुभवति, तथाहि मुक्तस्थितिमाह श्रुतिः "यदा ह्येवैष एतस्मिन्नदृश्ये अनात्म्येऽनिरुक्तेऽनिलयनेऽभयं प्रतिष्ठां विंदतेऽथ सोऽभयं गतो भवति, रसो वै सः, रस ह्येवायं लब्ध्वानंदी भवति"[१] इत्यादिका ।

भावार्थ—जन्म आदि विकारों से शून्य, स्वाभाविक और अचिंत्य अनेक गुणों के सागर, विभूति सम्पन्न परब्रह्म ही मुक्त जीव को ऐश्वर्यानुभूति कराते हैं। ऐसा ही मुक्तों की स्थिति बतलाने वाले श्रुति वाक्यों में कहा गया है, "जब कभी यह जीवात्मा, अदृष्ट, अशरीरी, अकथ्य, अनाश्रय, परब्रह्म परमात्मा में निर्भयता पूर्वक स्थित रहता है, तब वह अभयपद को पा जाता है। वह परमात्मा रस स्वरूप है, जिस रस का आस्वाद कर मुक्त जीव आनन्द लाभ करता है" इत्यादि ।

सू०—दर्शयतश्चैवं प्रत्यक्षानुमाने ।४।४।२०।।

वाक्यार्थ—कृत्स्नजगत् सृष्ट्यादि व्यापारार्हं ब्रह्मैव "स कारणं कारणाधिपाधिपः सर्वस्यवशी, सर्वस्येशानः,[२] मयाध्यक्षेण प्रकृतिः सूयते सचराचरं"[३] इति श्रुतिः, स्मृति दर्शयतः "जगद् व्यापारवर्जं मुक्तैश्वर्यम् ।

भावार्थ—सम्पूर्ण जगत की सृष्टि आदि का कारण ब्रह्म ही है "वह कारणों के कारण का स्वामी है, सभी का नियंत्ता एवं स्वामी है।" "मेरी ही अध्यक्षता में प्रकृति चराचरात्मजगत का सृजन करती है।" ऐसा श्रुति स्मृतियों से सिद्ध होता है, कि "मुक्त जीव का ऐश्वर्य जगत् के व्यापार से रहित है।"

[परमात्मा की समता होते हुए भी मुक्त जीव सृष्टि आदि के सम्पर्क से रहित ही है। परमात्मा मायाधीश है, मुक्तात्मा मायातीत तथा बद्धात्मा मायाधीन, यही इसका तात्पर्य है]

सू०—भोगमात्र साम्य लिंगाच्च ।४।४।२१।।

वाक्यार्थ—"सोऽश्नुते सर्वान् कामान् सह ब्रह्मणा विपश्चिता"[४] इति भोगमात्र साम्यलिंगाच्च मुक्तैश्वर्यम् जगद् व्यापारवर्जम् ।

---

१. तै० ब्रह्मा० अनु० ७।। २. बृहदा० ३।४।२२।। ३. गीता० ९।१०।। ४. तैत्त० ब्रह्मानन्दवल्ली १ अनुवाक ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ—"वह मुक्तात्मा विज्ञान स्वरूप परमात्मा के साथ सभी कामनाओं का भोग करता है" बस भोगमात्र की ही समता परमात्मा और मुक्त जीवात्मा की है। जागतिक पदार्थों से मुक्तात्मा का कोई सम्पर्क नहीं है।

सू०—अनावृत्तिः शब्दात् अनावृत्तिः शब्दात् ।४।४।२२।।

वाक्यार्थ—परं ज्योतिरुपसंपन्नस्य संसारात् विमुक्तस्य प्रत्यगात्मनः पुनरावृत्तिर्न भवति, कुतः "एतेन प्रतिपद्यमाना इमं मानवमावर्त्तं नावर्त्तन्ते" मामुपेत्यतु कौन्तेय ! पुनर्जन्म न विद्यते[1] इति शब्दात् ।

भावार्थ—परं ज्योति प्राप्त (भगवद् भाव प्राप्त) संसार से मुक्त जीवात्मा की पुनरावृत्ति नहीं होती "जीव परमधाम में जाने के बाद पुनः लौटकर नहीं आता।" हे अर्जुन ! मुझे प्राप्त कर मुक्तात्मा का पुनर्जन्म नहीं होता। इन प्रमाणों से सिद्ध है।[2]

[परमात्मा के समान ऐश्वर्य को प्राप्त कर मुक्तात्मा जागतिक ऐश्वर्यों से जो कि दुःख परिणामी हैं, सदा के लिये मुक्त हो जाता है। परमात्मा ऐश्वर्य बहुल है]

चतुर्थ पाद समाप्त

१. वृहदा० ६।२।१५।। २. गीता ८।१६।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

उपसंहार

इस अंतिम सूत्र में छांदोग्योपनिषद् ८।१५।१।। का उदाहरण दिया गया है, जो कि इस प्रकार है—"आचार्यकुलाद् वेदमधीत्य, यथाविधानं गुरोः कर्मातिशेषेणाभिसमावृत्य कुटुम्बे शुचौदेशे स्वाध्यायमधीयानो धार्मिकान् विदधात्मनि सर्वान्द्रियाणि संप्रत्तिष्ठाप्याहि सन् सर्वभूतान्यत्र तीर्थिभ्यः स खल्वेवं वर्त्तयन् यावदायुषं, ब्रह्मलोक अभिसंपद्यते न च पुनरावर्त्तते न च पुनरावर्त्तते।" [आचार्यकुल से वेदों को पढ़कर विधि के अनुसार ब्रह्मचर्याश्रम के अनुष्ठानों को समाप्त कर गृहस्थाश्रम के पालन द्वारा, स्वाध्याय करते हुए शिष्यों और पुत्रों को योग्य बनाकर, तथा अपनी इन्द्रियों को संयत रखते हुए, सभी प्राणियों की हिंसा न करते हुए (दयाभाव से) जीवन यापन करके, शरीर बंधन से छूटकर, भगवद्भाव को प्राप्त कर, फिर कभी नहीं लौटता]

ऐसा ही उपदेश बृ० ६।२।१५।। में पंचाग्निविद्या में है। जिसमें सृष्टि रहस्य और प्राणि विज्ञान का रहस्य कहा गया है। उसको जानने वाले गृहस्थ ब्रह्मलोक में जाकर फिर नहीं लौटते [प्रतिपद्यमाना इमं मानवमावर्तनावर्त्तते]

भगवान श्री निंबार्काचार्य जी ने, "ब्रह्म की जिज्ञासा" सू० १।१।१।। वेद वेदांग के अध्ययन के बाद गृहस्थाश्रम में ही कही है। स्वामी शंकराचार्य जी की भाँति षट्साधन संपत्ति (शम, दम, उपरति, तितिक्षा, समाधान, श्रद्धा के अभ्यास के बाद नहीं। श्री निंबार्काचार्य इन शम दम आदि को ब्रह्म विद्या प्राप्ति का साधन मानते हैं, जो कि ब्रह्म जिज्ञासा के बाद की बात है [देखें सू० ३।४।२७।। में]

सू० ३।४।४।। से ३।४।८।। तक, सू० ३।४।३२।। से ३।४।३६।। तक तथा सू० ३।४।४७।। में गृहस्थाश्रम की महत्ता को सर्वश्रेष्ठ स्वीकार करते हैं।

सू० १।३।८।। में श्री निंबार्काचार्य, अपने गुरु नारद को सनकादि कुमारों से प्राप्त भूमा विद्या का महत्व देते हैं "भूमावेव विजिज्ञासितव्यः" भूमा विद्या के प्रसंग में (छांदोग्यो० ६।७।२४) नारद जी ने पूछा कि भूमा (बहुल सुख) कहाँ प्रतिष्ठित है? उसके उत्तर में सनकादि ऋषियों ने कहा "गो, अश्वं इह महिमेत्याचक्षते, हस्तिहिरण्यं दास भार्यं, क्षेत्राप्यायतनानि इति" [गो अश्व, हाथी, दास,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

पत्नी, घर खेती ये भी उस भूमा सुख के अंश है] किंतु "भूमातदमृतं" [बहुल सुख वाला परमात्मा अमृत है] अतएव उसी को आसक्ति रहित होकर प्राप्त करने की चेष्टा करनी चाहिये। इस प्रकार अनासक्तभाव से गृहस्थाश्रम में रहते हुए ही भगवद् उपासना करनी चाहिये। यही मुक्ति का साधन है। यही संपूर्ण ग्रंथ का प्रतिपाद्य तात्पर्य है जो कि उपक्रम, उपसंहार, संगति आदि से सिद्ध है।[1]

१. नारायणपरोधर्मः पुनरावृत्तिदुर्लभः,
प्रवृत्तिलक्षणश्चैव धर्मोनारायणात्मकः।"

[महा० शां० ३४७।८०-८१]

[नारायणधर्म सर्वश्रेष्ठ है, जिसके पालने से जन्म मृत्यु का चक्र समाप्त हो जाता है] गृहस्थाश्रम (प्रवृत्तिमार्ग) में ही नारायणधर्म का पालन होता है]

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वेदांत कामधेनु

[दशश्लोकी]

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वेदांत कामधेनु

वेदांत पारिजात सौरभ में जिस तथ्य का प्रतिपादन आचार्य जी ने किया है, उसी को सार रूप से अपने दशश्लोकात्मक वेदांत कामधेनु में कहते हैं। इसका नाम भी विशेष अर्थ का द्योतक है। पारिजात वृक्ष के समान कामधेनु भी इष्ट प्राप्ति का अमोघ तत्त्व है। कामधेनु से सभी काम्य वस्तुयें प्राप्त हो सकती हैं। उपनिषदों को ही कामधेनु के रूप में मानकर आचार्य जी ने उसके चार स्तनों से चार अमृत तत्त्वों का सार दोहन किया है। निश्चय ही व्यास ही उस कामधेनु के वत्स रूप उन्होंने कल्पित किये। वेदांत कामधेनु का वत्स सिवा व्यास के अन्य दूसरा सम्भव भी नहीं है। चार स्तनों के चार तथ्य उपास्य रूप, उपासक रूप, गुरु की कृपा का फल ब्रह्म विद्या, और प्रेमाभक्ति का रस-दोहन करके, दो दो श्लोकों के क्रम से आठ श्लोकों में कहा है। नवें श्लोक में इन चारों के विरोधी माया (अविद्या) का रूप कहकर, दशवें श्लोक में इन पाँचों तत्त्वों को ज्ञेय कहा है। इसी वेदांत कामधेनु से अर्जुन को वत्स बनाकर गोपाल नन्दन ने गीतामृत का दोहन किया था—

सर्वोपनिषदो गावो दोग्धा गोपाल नन्दनः।
पार्थो वत्सः सुधीः भोक्ता दुग्धं गीतामृतं महत्॥

श्री निंबार्काचार्य जी ने ब्रह्मसूत्र वाक्यार्थ के प्रथम सूत्र में भगवत् कृपा के इच्छुक, प्रभु दर्शन के लिए व्याकुल, ब्रह्मानन्द रस के लंपट देव स्वरूप गुरु के शरणापन्न होकर है ब्रह्म विद्या की प्राप्ति कही है। इस प्रकार वहाँ उपास्य रूप से प्राथमिकता गुरु को दी गई बाद में ब्रह्म को उपास्य कहा गया है। यहाँ भी सर्वप्रथम गुरु रूप से, अनन्य उपासिका भगवती श्री राधिका को ही उत्कंठापूर्वक स्मरण करते हैं। आचार्य जी के गुरु श्री नारद भी "यथा ब्रज गोपिकानां" कहकर गोपियों की उपासना को महानता देते हैं। प्रेमाभक्ति का आचार्यत्व सिवा गोपियों के और दूसरा कर भी नहीं सकता। गोपीश्वरी भगवती श्री राधा इसमें सर्वप्रथम गिनी जाती हैं। अहर्निश भगवच्चिन्तन रस में आकण्ठ मग्न रहने वाली श्री जी ही हैं, अतएव प्रेमाभक्ति की वही आचार्य हैं। श्री जी को सर्वप्रथम स्मृति पथ पर लाने वाले भगवान श्री निंबार्क ही हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

इसी रहस्य को बाद में गोस्वामी श्री हित हरिवंश ने अधिक निकट से देखा इसलिये वे श्री जी को ही अपना गुरु मानते थे। इसी रस कामधेनु श्री जी के चरण रज का श्री निंबार्क की भाँति ही उत्कंठापूर्वक स्मरण उन्होंने किया था—

"भावोत्सवेन भजतां रस कामधेनुं।
तं राधिका चरणरेणुमहं स्मरामि ॥" (रा० सु० नि० ४)

श्री हरिव्यास एवं स्वामी हरिदास भी इसी रस कामधेनु के अनन्य उपासक थे और श्री जी को गुरु रूप में स्मरण करते थे। भगवान श्री निंबार्क की प्रेमाभक्ति का प्रतिनिधित्व इन तीनों महात्माओं ने पूर्ण रूप से किया है।

भगवती के चरणरज में सदा तन्मय होने के कारण श्री निंबार्क ही श्री जी के रूप में, परवर्त्ती भक्त जनों के उपास्य हो गये। महाप्रभु श्री चैतन्य भी इसी तत्व में मग्न रहते थे।

आचार्य जी ने ब्रह्मसूत्र वाक्यार्थ में रमाकांत पुरुषोत्तम को ही जिज्ञास्य ब्रह्म कहा है। कुछ प्रेमाभक्ति के रहस्य से अज्ञात अभक्त जन प्रचार करते हैं कि श्री निंबार्काचार्य जी तो लक्ष्मीनारायण या रुक्मणी रमण के उपासक थे, राधाकृष्ण के नहीं। सबसे प्रथम बात तो यह है कि जिस प्रभु के ही अभिन्न रूप नारायण आदि हैं, उनमें भेद कल्पना करना ही भक्ति उपासना से कोसों दूर की बात है। सदा अपने तेज स्वरूप आत्मा श्री राधा में रमण[1] करने वाले रमाकांत पुरुषोत्तम श्री कृष्ण ही तो हैं। इस गूढ़ तथ्य को महामुनि श्री निंबार्क के समान रस मग्न उपासक ही तो जान सकते हैं, "आत्मा तु राधिका तस्य तयैव रमणादसौ। आत्माराम इति प्रोक्तो मुनिभिर्गूढवेदिभिः।"[2] अन्य अभावुक अहं ममाभिमानी अभक्तों के लिए श्रीमद्भागवत का यह श्लोक अन्वर्थ है—

नमोनमस्तेऽस्त्वृषभाय सात्वतां, विदूर काष्ठाय मुहुः कुयोगिनां।
निरस्त साम्यातिशयेन राधसा, स्वधामनि ब्रह्मणि रंस्यंते नमः ॥[3]

---

१. "रमु क्रीडायां" संस्कृत धातु से रमा शब्द बनता है, जिसका अर्थ रमण करना ही है।

२. उस पुरुषोत्तम की आत्मा श्री राधिका है, उन्हीं में सदा रमण करने के कारण, उनको गूढ़ तत्त्व के वेत्ता, आत्माराम कहते हैं (स्कंद पुराण)

३. हठपूर्वक भक्तिहीन साधन करने वाले जिनके रहस्य तत्त्व की छाया भी स्पर्श नहीं कर सकते ऐसे भक्त वत्सल, अतुल ऐश्वर्य संपन्न आत्म

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

श्री निंबार्काचार्य ने इस कामधेनु में युगल स्वरूप को उपास्य रूप से स्मरण और ध्यान कर उक्त रहस्य का ही उद्घाटन किया है। उपास्य के चरणरज के अधीनस्थ जीव के स्वरूप को कहते हुए गुरु कृपा से प्राप्त ब्रह्म विद्या और प्रेमाभक्ति का रहस्यपूर्ण वर्णन इस दश श्लोकात्मक सूक्ष्म वक्तव्य में श्री निंबार्काचार्य जी ने प्रतिपादन किया है। जिसका पान कर सारा वैष्णव समाज तृप्त है।

[१] उपास्य तत्त्व—

अंगे तु वामे वृषभानुजां मुदा, विराजमानामनुरूप सौभगाम्।
सखी सहस्रैः परिसेवितांसदा, स्मरेम देवीं सकलेष्ट कामदाम् ॥१॥

अन्वय—वामे अंगे तु मुदा सदा विराजमानां, अनुरूप सौभगां, सखी सहस्रैः सदा परिसेवितां, सकलेष्ट कामदां, वृषभानुजां, देवीं, सदा स्मरेम।

भावार्थ—श्री कृष्ण के वामांग में प्रसन्न मुद्रा से सदा विराजमान, भगवत् स्वरूप के अनुरूप मूर्त्ति धारण करने वाली, सहस्रों सखियों से सदा सेविता, संपूर्ण कामनाओं की पूर्त्ति करने वाली, वृषभानु कन्या देवी राधिका का हम लोग स्मरण करें।

व्याख्या—वामे अंगे—वामांग में पत्नी को ही रहने का अधिकार है अतः यहाँ अर्द्धाङ्गिनी स्वकीया भाव है। जैसा कि—"स वै नैव रेमे तस्मादेकाकीन रमते स द्वितीयमैच्छत, स इममेवात्मनं द्वेधा पातयत्ततः पतिश्च पत्नी चाभवताम्" (वृहदा० १।४।३)" अकेले रमण संभव नहीं, अब भी अकेला पुरुष रमण नहीं करता, उसने दूसरे की इच्छा की, तब उसने अपने को दो रूपों में विभक्त कर दिया। उसका दाहिना अंग पति और वामांग पत्नी हो गई।"

राधिका तापनीयोपनिषद् १२ में "येयं राधा यश्च कृष्णो रसाधि देहश्चैकः क्रीडनार्थं द्विधाभूत।" वह श्री राधा और श्री कृष्ण, रस के सार समुद्र एक ही देह हैं, क्रीडा करने के लिये ही दो हुए। "इस प्रकार अंग अंगी संबंधी द्वैताद्वैत भाव से नित्य स्वकीया पत्नी भाव प्रकट होता है।"

तेज में निरंतर रमण करने भगवान श्री कृष्ण को पुनः पुन- नमस्कार है। भागवत २।४।१४।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मुदा—निरतिशय (निस्सीम) प्रेम आनन्द की मूर्त्ति । प्रेम की अधिष्टातृ देवी । कृष्ण की आह्लादिनी शक्ति । जैसा कि—

"देवी कृष्णमयी प्रोक्ता राधिका परदेवता ।
सर्वलक्ष्मी स्वरूपा सा कृष्णाह्लाद रूपिणी ।।

ततः सा प्रोच्यते विप्र ह्लादिनीति मनीषिभिः ।
तत्कला कोटि कोट्यांश दुर्गाद्यास्त्रिगुणात्मिकाः ।।"

(पद्म पुराण पाताल खंड ५०।५३।५४)

"कृष्णमयी राधिका पर देवता हैं, सभी में तेज स्वरूपा वही कृष्ण की आह्लादिनी शक्ति भक्तों के द्वारा कही गई हैं। उसकी करोड़वें अंश के भी करोड़वें अंश से दुर्गा, सरस्वती और लक्ष्मी आदि सत्व, रज, तम आदि गुणों वाली शक्तियाँ हैं।

राधा ही परमात्मा की आनन्ददायिका, भक्तों को प्रेम रस पिलाने वाली, प्रेममयी, उस रस स्वरूप परमात्मा के रस को प्राप्त कर आनन्दित होती रहती हैं "रसो वै सः रस ह्येवायं लब्ध्वाऽनंदी भवति" (तैत्तरीय० ब्रह्मानन्द वल्ली ७ अनुवाक)

सदा विराजमानाम्—श्री जी सदा कृष्ण के वामांग में अभिन्न रूप से विराजती हैं यहाँ अद्वैत भाव प्रकट होता है, साथ ही नित्य युगल रूप भी रहता है ऐसा सिद्ध होता है—

"कृष्ण प्राणाधिदेवी सा तदधीनो विभुर्यतः ।
रासेश्वरी तस्य नित्यं तया हीनो न तिष्ठति ।।"

"राधिका कृष्ण के प्राण की अधिष्ठातृ देवी है, उसी के अधीन वह व्यापक ब्रह्म सदा रहता है। रासेश्वरी उस राधिका के साथ नित्य संबंध है, परमात्मा उसके बिना कभी भी नहीं रहता।" (देवी भागवत ६।५०।१७)

"राधा कृष्णात्माको नित्यं कृष्णो राधात्मको ध्रुवम् ।"

"राधा कृष्णमय हैं और कृष्ण राधिकामय हैं, ऐसा रूप निश्चय ही सदा रहता है।" (ब्रह्म वैवर्त्त पुराण कृष्ण खंड)

"दाह शक्तिर्यथा वह्नेः तथैषा मम वल्लभा ।
अनया सह विच्छेदं क्षणमात्रं न विद्यते ।। (पद्म पुराण)

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

"जैसे अग्नि में दाहिकाशक्ति होती है, वैसे ही मेरी वल्लभा यह राधिका मुझमें रम रही है। इससे सदा मैं आसक्त रहता हूँ। मेरा इसका क्षणमात्र को भी विच्छेद नहीं होता।"

यहाँ ब्रह्म की चित् शक्ति का भाव द्योतन होता है। श्री निंबार्काचार्य युगुल भाव के उपासक थे ऐसा निश्चित होता है।

अनुरूप सौभगां--ब्रह्मस्वरूप के अनुसार स्वरूप वाली--

"सा तु साक्षान्महालक्ष्मी कृष्णो नारायणः प्रभु,
नैतयोर्विद्यते भेदः स्वल्पोऽपि मुनिसत्तमः।
इयं दुर्गा हरी रुद्रः कृष्णं शक्र इयं शची,
सावित्रीयं हरिब्रह्मा धूमोर्णासौ यमो हरिः।"

"कृष्ण नारायण होते हैं, तो राधा लक्ष्मी। राधा दुर्गा हैं, तो कृष्ण रुद्र हैं। कृष्ण इंद्र हैं, तो राधा शची हैं। राधा सावित्री हैं, तो कृष्ण ब्रह्मा हैं। राधा यमपत्नी हैं, तो कृष्ण यम हैं।" इस प्रकार प्रभु के अनुरूप ही रूप सदा धारण करती हैं [पद्मपुराण पाताल खंड ५०।५५-५६]

गुरुभाव से भी यहाँ आचार्य श्री निंबार्क ने श्री जी का स्मरण किया है ब्रह्म के समान ही गुरु का माहात्म्य है, अतः उनके प्रति भी ब्रह्म के समान ही भक्ति रखनी चाहिये।

"यस्य देवे पराभक्तिः यथा देवे तथा गुरौ" (श्वेताश्वतरोपनिषद् ६।२३)
"जैसे देव के प्रति पराभक्ति हो वैसे ही गुरु के प्रति भी होनी चाहिये।"

गोस्वामी हित हरिवंश जी भी इसी भाव को कितने अनूठे ढंग से कहते हैं--

प्रेम्णः सन्मधुरोज्वलस्य हृदयं, शृंगार लीलाकला।
वैचित्री परमावधि भगवतः पूज्यैव कापीशता॥
ईशानी च शची महासुख तनुः शक्तिः स्वतंत्रापरा।
श्री वृन्दावन नाथ पट्टमहिषी राधैव सेव्या मम॥

रा० सु० नि० ७८।

[मधुरोज्ज्वल प्रेम की हृदयरूपा, शृंगार लीला कला वैचित्री की परमावधि श्री कृष्ण की अनिवर्चनीय अनुरूपा श्री शक्ति, ईशानी, शची आदि रूपों को व्यक्त करने वाली, भूमा शक्ति (बहुल सुखरूप) आदि की कारण जो स्वतंत्रा

१५

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

पराशक्ति श्री राधा है वह मेरी आराध्या है। वह वृन्दाबन नाथ की पट्ट महिषी है]

यहाँ आचार्य जी के सिद्धांत के अनुरूप पराशक्ति, मंत्ररूपा, प्रकाशिका गुरु तथा आराध्या श्री राधा ही हैं।

सखी सरस्त्रैः सदा परिसेवितां--सभी मुमुक्षु जीवों से सदा सेव्य हैं श्री जी, क्योंकि सभी को ब्रह्म भाव की प्राप्ति की शिक्षा, उन्हीं से मिलती है। जीव सखी भाव से ही श्री जी की सेवा में उपस्थित होकर उस ब्रह्म के घनानंद रस का आस्वाद ले सकता है। श्री जी उस रस का पान करने के लिए उसके अनुरूप हो जाती हैं, तो जीव को भी श्री जी के अनुरूप होना पड़ेगा। इस रहस्य को पद्मपुराण पाताल खंड में स्वयं श्री कृष्ण ने वैष्णवाचार्य शंकर से कहा है--

"गोपी भावेन देवेश स मामेति न चेतरः।
आश्रित्य मत्प्रियां रुद्र मां वशीकर्त्तुमर्हसि ।।"

"हे रुद्र ! वह जीव गोपी भाव से, मेरी प्रिया राधिका के आश्रित होकर ही मुझे वशीकृत कर सकता है, किसी अन्य भाव से नहीं।"

यहां श्री जी का गुरु स्वरूप स्पष्ट व्यक्त हो गया है। श्री राधिका ही गुरुदेव स्वरूप हैं, ऐसा ही पद्मपुराण पाताल खंड ५१।७३ में पुनः श्री कृष्ण जी पुष्ट करते हैं—

"इमं तु मत् प्रियां विद्धि राधिकां परदेवतां।
अस्याश्चपरितः पश्चात् सख्यः शत सहस्रशः ।।"

"मेरी प्रिया राधिका को ही परमदेवता गुरु जानों। इसी के आगे-पीछे हजारों सखी सदा रहती हैं।" (श्री जी की उपासना प्रणाली का सभी जीव अनुमगन करते हैं)

ब्रह्म के द्वारा प्रदत्त जिस सुधा रस का श्री जी पान करती हैं, उसी का कुछेक अंश प्राप्त कर मुमुक्षु जीव कृतार्थ हो जाता है--"चखाद सस्मिता राधा हरिदत्तं सुधा रसम्" (ब्रह्म वैवर्त्त पुराण ४।५०।१४२) स्वयं रस लंपट कृतार्थ गुरु ही जीव को कृतार्थ करने में समर्थ हैं, उन्हीं को आचार्य कह सकते हैं। यही महर्षि पतंजलि अपने महाभाष्य (पाणिनि सूत्र के महाभाष्य में) सिद्ध करते हैं—"कृतार्थो ह्याचार्यो नाम भवति।"

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भारतवर्ष में गोपी भाव की इस उत्कृष्ट उपासना का बड़ा माहात्म्य है, श्री राधिका उन सभी की आचार्य हैं। इसी से सभी उनके चरणरज की कामना करते हैं—

"ततोऽपि गोपिका धन्या मान्या योषित्सु भारते।
नित्यं पश्यंति राधायाः पादपद्मं सुपुण्यदं।।"
(ब्रह्म वैवर्त्त पु० ४।६४।७८)

परब्रह्म श्री कृष्ण और भगवती श्री राधिका आनन्दभाव से जब रसास्वाद में लिप्त रहते हैं, तब नित्य परिचर्या में रहने वाले जीव सख्य भाव से उस सुख का जो कि निरतिशय है, एक लव प्राप्त कर ही कृतार्थ हो जाते हैं। तत्सुख सुखित्व का भाव उसमें रहता है। इसी भाव में श्री निंबार्काचार्य जी को श्री जी के कंकण का अवतार कहते हैं, जो कि श्री जी के प्रभु से आत्मसात् होने पर प्रभु के कंठ से आश्लिष्ट होकर रस पान करते हैं।

श्री जी का स्वामी के साथ जो नित्य लीला भाव है वह जीवों के पोषण के लिये ही है। ब्रह्मसूत्र के "लोकवत्तुलीला कैवल्यम्" सूत्र का भी यही तात्पर्य श्री निंबार्काचार्य ने व्यक्त किया है। "लीला च भक्तजन लिलायिषैव।"

सकलेष्टकामदाम्—भक्त की सभी अभीष्ट कामनाओं की पूर्त्ति करने वाली। "राध्नोति सकलान् कामांस्तस्माद्राधेति कीर्त्तिता:" (देवी भागवत ९।५०।१८।। जो संपूर्ण कामनाओं की पूर्ति करें वही राधिका हैं।

भगवद्भक्ति की दीक्षा देने वाली आचार्य, श्री राधिका ही हैं। "गुरुश्च ज्ञानदो योहि यज्ज्ञानं कृष्णभावनं," (देवी भागवत ९।४८।६७।।) श्री निंबार्काचार्य ने श्री राधा का अर्चन आवश्यकीय है, ऐसा इस पद से निश्चित किया है। (जैसा कि देवी भागवत १।५०।१६) में स्पष्ट कहा गया है—

"कृष्णार्चायां नाऽधिकारो यतो राधार्चनं बिना,
वैष्णवैः सकलैस्तस्मात्कर्त्तव्यं राधिकार्चनम्।"

बिना राधिका अर्चन के कृष्ण अर्चन का अधिकार ही नहीं है, इसलिये वैष्णवों को राधिका अर्चन अवश्य करना चाहिये।

वृषभानुजां—भगवती श्री राधिका के अवतीर्ण होने पर, उनके दर्शनमात्र से वृषभानु सपत्नीक मुक्त हो गये "यस्या दर्शन मात्रेण तौ विमुक्तौ बभूवतुः" (बृ० वै० पु० ४।१७।१४४) अतएव वृषभानुजा के स्मरण से मुक्ति प्राप्त होती है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

इस पद से श्री जी का कौमार्यभाव भी व्यंजित होता है पिता के वंशगत होने से—रसोल्लासपूर्ण विशेष आसक्तिदायक परकीयत्वभाव भी व्यंजित होता है। इस तथ्य को गौड़ीय भक्त भी समझ सके थे, "परकीया भावे अति रसेर उल्लास, व्रज बिना इहार अन्यत्र नाहिं वास।" (चैतन्य चरितामृत) इस प्रकार एक ही श्लोक में वामांगे और वृषभानुजा पद देकर श्री निंवार्काचार्य ने भेदाभेदभाव प्रकट किया है। श्री जी और परमात्मा का नित्य कांता संबंध है, जो कि स्वकीया, परकीया से युक्त और दोनों से भिन्न है, अतएव भिन्नाभिन्न हैं। इसी व्रजरस को चैतन्यानुयायी अचित्य होने से भिन्नाभिन्न मानते हैं। श्री निंबार्क मत को पुष्ट करने वाले स्वामी हरिव्यास देव जी इस भाव को स्वतंत्र भाव या प्रियतम कांतभाव, कहते हैं। इस भाव में रिरंसा अर्थात् कृष्ण काम होता है। इसमें कृष्ण के सुख में ही सुख की प्राप्ति होती है। इसको हरिव्यास देव जी "अनेन कृष्ण कामेन निर्गमय्यान्य वासना" इस कृष्ण काम से सांसारिक अन्य वासनायें समाप्त हो जाती हैं ऐसा कहते हैं। श्रीमद्भागवत में इस रिरंसा भाव [अर्थात् परमात्मा में सदा मग्नता] के उद्घाटनार्थ ही रासपंचाध्याय का वर्णन किया गया है। वृहद् वामन पुराण में नित्यधाम में नित्य सिद्धा गोपीगण इसी भाव से भगवदुपासना करती हैं। इस भाव में वाह्यांतर का कुछ भी ज्ञान नहीं रहता। स्वयं ब्रह्म और उपासक श्री जी भी इसको नहीं जान पाते। श्री निंबार्क के उद्घाटित इस भाव को बंगाल के सहजिया संप्रदाय में इस प्रकार कहते हैं—"वृन्दावने नित्यलीला करे दुइजन, ना जाने राधाकृष्ण ना जाने गोपीगन।" ब्रह्मसूत्र ४।४।१६।। में इसी भाव की व्याख्या की गई है।

देवीं—दिव् धातु से देवी शब्द बनता है, जिसके अनेक अर्थ होते हैं—(१) दीव्यति क्रीडति इति देवी [जो परब्रह्म के साथ क्रीडा करे] (२) स्तुयते देवै इति देवी [देवता जिसकी स्मृति करें] (३) द्योतते स्वरूपेण गुणैश्च इति देवी [अपने स्वरूप और गुणों से जो प्रकाशित हो] (४) दीव्यति व्यवहरति इति देवी [जो अनेक रूपों से प्रकट होवे] (५) दीव्यति विजिगीषते इति देवी [जो सभी को निष्काम कर दें]

इस प्रकार जिन भावों से भी देवी शब्द प्रयुक्त होता है वे सभी इसमें निहित हैं। वृहद् गौतमीयतंत्र के एक ही श्लोक में ये सारे भाव एकत्र कहे गये हैं—

"देवी कृष्णमयी प्रोक्ता राधिका पर देवता,
सर्व लक्ष्मीमयी, सर्वकांतिः सम्मोहिनी परा।"

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सदास्मेरम—श्रीराधा का निरंतर ध्यान हम लोग करें। यहाँ स्मरण शब्द उत्कंठापूर्वक स्मरण करने के अर्थ में प्रयोग किया गया है। वेदों में स्मृ धातु का अर्थ प्रीतिपालन अर्थ में भी होता है, उसका भाव भी यहाँ निहित है। श्री राधा द्वारा जो प्रेम का मार्ग प्रकट किया गया है, हम लोग उसका निरंतर पालन करें, यही वैदिक प्रीतिपालन अर्थ का तात्पर्य है। उत्कंठापूर्वक गुरु का ही स्मरण किया जाता है।

स्मरेम शब्द, हम लोग स्मरण करें इस अर्थ को बतलाता है। यहाँ आचार्य श्री निंबार्क भक्तों का नेतृत्व करते हैं। श्री जी को अष्ट महासखियों में ललितादि चार वामा तथा रंगदेवी आदि चार दक्षिणा सखी हैं। आचार्य श्री निंबार्क इस भाव में रंगदेवी के अवतार कहे जाते हैं। दक्षिणा सखी गण निरंतर युगल स्वरूप की ही आराधना करती हैं, जब कि वामा सखीगण निरंतर मान और विरह का आनंद लेती हैं। दक्षिणा को तो संयोगरस ही अभीष्ट है। रंगदेवी जी के यूथ में श्री हरिव्यास देव जी[1] हरि प्रिया के अवतार, श्री प्रवोधानंद सरस्वती[2] तुंगविद्या सखी के अवतार, गोपालभट्ट गोस्वामी[3] गुण मंजरी सखी के अवतार, माने जाते हैं। स्वामी हरिदास जी, गोस्वामी हित हरिवंश[4] जी ने भी इसी संयोग लीला का आनंद लिया है। दक्षिणा सखियों के नेता श्री निबार्काचार्य जी ने जो श्रीजी का औत्सुक्यपूर्ण स्मरण करने का आदेश दिया, वह प्रायः सभी दक्षिणाभाव के उपासकों ने स्वीकार किया है। हम लोग स्मरण करें यह निर्देशात्मक भाव यूथेश्वरी श्री रंगदेवी का ही अपने यूथ की सखियों के प्रति है।

अलभ्य, अनूपम वृंदावन रस में मग्न रहने के लिये रसेश्वरी भगवती श्री राधिका का स्मरण किया गया है। श्री हित जी इसे स्पष्टीकरण करते हैं "श्री राधिका कृपा बिनु यह, सबके मननि अगम्य।" आचार्य जी के इस एक भाव

---

१. श्री निंबार्क पंरपरा के रसिक आचार्य।

२. श्री चैतन्य महाप्रभु के उपासक रसिकभक्त तथा हितहरिवंश जी के अनन्य भक्त।

३. श्री चैतन्य महाप्रभु के अनुयायी रसिक उपासक।

४. श्री निंबार्क के प्रतिपाद्य प्रेम तत्व के सारवेत्ता अनन्य रसोपासकमहात्मा

"निंबारकमत विदित प्रेम को सारहिं जान्यौ"

"भारतेन्दु हरिश्चंद्र"

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

पूर्ण श्लोक के भाव से परिपूर्ण श्री राधा सुधानिधि ऐसे रस समुद्र की रचना की गई ।[१]

स्वभावतोऽपास्त समस्तदोषमशेष कल्याण गुणैक राशिम्।
व्यूहांगिनं ब्रह्म वरं वरेण्यं ध्यायेम कृष्णं कमलेक्षण हरिम्।।२।।

अन्वय—स्वभावतो अपास्त समस्त दोषं, अशेषकल्याण गुणैक राशिम्, वरं ब्रह्म व्यूहांगिनं, वरेण्यं, कमलेक्षणं हरिं कृष्णं ध्यायेम् ।

भावार्थ—जिनमें स्वभाव से दोषों का लेश नहीं है तथा जो सभी कल्याण-प्रद गुणों की खान हैं, एवं श्रेष्ठ, व्यूहावतारों के कारण, मुमुक्षुओं के उपास्य ब्रह्म कमलनयन भगवान श्री कृष्ण का हम लोग ध्यान करें ।

व्याख्या—स्वभावतो अपास्त समस्त दोषं—जिनमें प्राकृतिक दोषों का स्पर्श भी नहीं होता। पातंजल योग सूत्र २।३। में कहे गये अविद्या, अस्मिता, राग द्वेष, अभिनिवेष. ये पाँच क्लेश ही प्राकृतिक दोष हैं । अस्मिता आदि चारों, अविद्या के ही भेद हैं, इसलिये सभी अविद्या अर्थात् प्राकृतिक मायारूप दोष हैं । इन्हीं को विष्णुपुराण में तम, मोह, महामोह, तामिस्र और अंधतामिस्र कहा गया है, जोकि नरकों के स्वरूप हैं ।

जीवात्मा के नित्य, शुद्ध, बुद्ध, मुक्त स्वरूप को भुला देने वाले अविवेक को तम । देह, जाति, धन, कुटुम्ब आदि में मैं और मेरा के भाव को मोह । भोग विषय की इच्छा को महामोह । क्रोध को तामिस्र । शरीर के मृत होने के भय को अंधतामिस्र कहा गया है ।[२]

---

१. यह भगवती श्री राधिका के रहस्यमय स्वरूप का उद्घाटक् अनूठा ग्रंथ है । श्री प्रबोधानंद सरस्वती जी की वृन्दावन शतक आदि रचनाओं की शैली के साम्य होने से सरस्वती जी की रचना मानी जाती है । परंतु हित हरिवंश जी की श्रीजी के प्रति अनन्य निष्ठता और चौरासी पदों के रसोल्लासपूर्ण चित्रण तथा उनके अनुयायियों की इस ग्रंथ के प्रति अगाध श्रद्धा से यह भावपूर्ण कृति हित हरिवंश जी की ही प्रतीत होती है । रचना के विषय में अभक्तों का चाहे जो भी विवाद चलता रहा है, परंतु यह रस सागर सभी रस-मर्मज्ञों और रसलंपटों को सदा से निर्विवाद रूप से अपने सुधारस से सिंचन करता रहा है ।

२. तमोऽविवेको मोहः स्यादंतः करण विभ्रमः ।
महामोहस्तु विज्ञेयो ग्राम्यभोग सुखैषणा ।।
मरणांह्यंधतामिस्रस्तामिस्रः क्रोध उच्यते ।
अविद्या पंचपर्वैषा प्रादुर्भूता महात्मनः ।। विष्णु पुराण १।५।५।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

इसी प्रकार जन्म, अस्तित्व, वृद्धि, परिणाम, अपक्षय, मरण आदि छः प्राकृतिक विकार भी दोष हैं। परमात्मा का जीव के समान स्थूल देह में जन्म मरण नहीं होता, न उसका वृद्धि, क्षय ही शरीर के समान होता है, न स्थूल अस्तित्व ही रहता है तथा उसका स्थूल परिणाम (दूध के दही रूप परिणाम के समान) भी नहीं होता [शरीर में अवतार धारण करने पर भी वह शरीर के जरा, क्षय परिणाम, वृद्धि, मरण आदि दोषों से अलग रहता है, इसीलिये वह योगेश्वर है]

सत्व, रज, तम इन तीन प्राकृतिक स्वभाव और इससे होने वाले विकारों से भी अत्यंतराहित्य ही ब्रह्म का अपास्त दोषत्व है। क्लेशरहित, विकार रहित, गुणरहित ही परमब्रह्म है।

अशेषकल्याण गुणैक राशिम्––कल्याणात्मकसंपूर्ण गुणों की खान। वे गुण ज्ञान, शक्ति, बल, ऐश्वर्य, तेज, वीर्य, शौशील्य, वात्सल्य आदि से अनंत हैं। संपूर्ण, देशकाल आदि की प्रत्यक्ष अनुभूति को ज्ञान––अघटित घटना के विस्तार की सामर्थ्य को शक्ति। विश्वधारण की सामर्थ्य को बल, सभी को नियंत्रण करने की सामर्थ्य को ऐश्वर्य, कठिन से कठिन कार्य करने पर भी श्रमहीनता को तेज तथा किसी अन्य से प्रभावित न होकर सभी को प्रभावित कर लेना ही वीर्य है। इन छः गुण के होने से भगवान् कहा जाता है।

श्री निंबार्काचार्यजी ने ब्रह्मसूत्र के "जन्माद्यस्य यतः, शास्त्रयोनित्वात् तन्निष्ठस्य मोक्षोपदेशात्, अंतस्तद्धर्मोपदेशात्, आकाशस्तल्लिंगात्" इत्यादि सूत्रों के वाक्यार्थ में परमात्मा के स्वाभाविक, अचिंत्य, अनंत कल्याणप्रद गुणों का प्रतिपादन किया है।

वरं ब्रह्म––इन वृहद्गुणों के संयोग से ही परमात्मा को ब्रह्म कहा जाता है [वृहि वृंहि वृद्धौ, संस्कृत धातु में मन् प्रत्यय के संयोग से ब्रह्म शब्द बनता है, जिसका तात्पर्य निरतिशय और महान् होता है] जो अगोचर, अनिर्वचनीय, अतीत निर्गुण परात्पर है, वही ब्रह्म है। ऐसा वृह धातु के तात्पर्य से सिद्ध होता है। सर्वश्रेष्ठ होने से ही वह वर है।

व्यूहांगिनं—जो व्यूह के अंगी अर्थात् कारण हैं। ईश भगवान शंकर तथा हिरण्यगर्भ भगवान ब्रह्मा एवं भगवान विष्णु ये तीनों सृष्टि स्थिति संहारकारक व्यूह हैं, उन सभी के कारण श्री कृष्ण हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

श्री राधिका, ललितादिक वामा सखियाँ तथा रंगदेवी आदि दक्षिण सखियाँ भी व्यूह हैं। इन सभी के श्री कृष्ण ही कारण हैं।

संकर्षणरूप जीव, प्रद्युम्नरूप मन तथा अहंकाररूप अनिरुद्धव्यूह के भी श्री वासुदेव ही कारण हैं।

लक्ष्मणरूप जीव, भरतरूप मन तथा शत्रुघ्नरूप अहंकारव्यूह के भी श्री कृष्ण ही कारण हैं।

सनातन आदि कुमार ऋषि जीव, देवर्षिनारद मन, श्री निंबार्क। अहंकार व्यूह के भी हंसरूप श्रीकृष्ण ही कारण हैं।

ब्रह्म से जीव, जीव से मन और मन से अहंकार की उत्पत्ति होती है, ऐसा इस व्यूहांगिन पद से व्यंजित होता है। ये तीनों सत्व, रज, तम प्रकृति के अधीनस्थ हैं। जीव सत्व, मन रज तथा अहंकार तम प्रकृति के अधीन हैं। क्रम से तम को रज के अधीन, रज को सत के अधीन करके सत को ब्रह्म में अर्पण कर देने से निर्गुणभाव हो जावेगा; वहीं ब्रह्मभाव होता है जिसे श्री निंबार्काचार्य जी ने सारूपामुक्ति कहा है। ब्रह्म निर्गुण की समता में जीव भी निर्गुण हो जावे वही मुक्ति है।

अविद्या का प्रभाव जीव, मन और अहंकार पर ही होता है, जिसको दोष रूप से ऊपर कह आये हैं। पर ब्रह्म तो उन दोषों से हीन है ही। जीवात्मा को उससे रहित होना है तो एक मात्र यही उपाय है कि अहंकारजन्य जो तम तथा मोह और महामोह हैं उनको मन के अधीनस्थ कर दें। मन से जन्य जो तामिस्र और अंधतामिस्र हैं, उन्हें जीव के अधीनस्थ कर दें। जीव से जन्य ये जो मन और अहंकार हैं, उन्हें परब्रह्म के अधीनस्थ कर दें। फिर मोक्ष ही है। विष्णु पुराण ६ अंश ७ अध्याय में इसी को ब्रह्मयोग के नाम से विस्तृत वर्णन किया गया है। ब्रह्मसूत्र ४।२।१।। से ४।२।४।। तक इसी योगक्रिया का वर्णन (मुक्तिकाल में) श्री निंबार्काचार्य जी ने किया है।

इस ब्रह्मयोग की प्राप्ति का साधन गुरु चरणों की सेवा से ही प्राप्त हो सकता है, ऐसा ब्रह्मसूत्र १।१।१।। में आचार्य चरण स्पष्ट कर चुके हैं। अहंकार से गौरव मन को प्राप्त है तथा मन से अधिक गौरव जीव को प्राप्त है एवं जीव से विशेष गौरवान्वित ब्रह्म है ही। इसलिये इनका क्रम से एक दूसरे के चरणों में अर्पित कर देना ही मुक्ति की उपासना और ब्रह्मयोग है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

ब्रह्म समस्त दोषों से हीन होने से हंस हैं। उसके अधीनस्थ उपासनारत जीव भी उसी के समान दोषरहित हो जावेगा। इसी प्रकार मन और अहंकार भी। जब ये व्यूह, ब्रह्म के समान शुद्ध बुद्ध नित्य मुक्त हो जावेंगे तब ब्रह्म भाव रूप मुक्ति होगी। यही हंसोपदिष्ट सनकादि संप्रदाय का रहस्य है। इसी वैष्णव मार्ग को प्रकाशित करने वाले आदि आचार्य श्री निंबार्क हैं। यही जीव और ब्रह्म की भिन्नाभिन्नता है।[1]

वरेण्यं—ग्रहण करने योग्य। परब्रह्म परमात्मा भगवान श्रीकृष्ण को जीवात्मा ग्रहण करे, उससे आश्लिष्ट हो, तद्वत् हो जावे, यही इस पद का तात्पर्य है।

वेदों में गायत्री को भी वरेण्यं कहा गया हैं। गायत्री श्रीकृष्ण का ही रूप है, ऐसा ब्रह्मसूत्र १।१।२५।। से १।१।२८।। तक श्री निंबार्काचार्य जी ने सिद्ध किया है।

कमलेक्षण—ब्रह्मसूत्र १।१।१३।। से १।२।१६।। तक परमात्मा के इस अंतरर्यामी, सुखबहुल तत्त्व का वर्णन आचार्य चरण ने अपने वाक्यार्थ में किया है। जीवात्मा ब्रह्मभाव, प्राप्तकर ही परमात्सा के वहुलसुख को देख सकता है। उस भूमासुख की अनुभूति उपासना द्वारा ही हो सकती है। श्री राधिका की भाँति सर्व समर्पण भाव होने पर जब निस्त्रैगुण्य स्थिति हो जाती है, जीवात्मा की तभी वह ब्रह्म, जीवात्मा के हृद् पुंडरीक का भ्रमर हो जाता है। वह हृदय का शुद्ध स्थल ही ब्रह्मपुर है। ब्रह्मसूत्र १।३।१४।। से १।३।२३।। तक में इस रहस्य का उद्घाटन श्री निंबार्काचार्य जी करते हैं। इसको, भागवत ११।१३।। में हंस भगवान ने क्रम मुक्ति के स्वरूप से जीवात्मा की तुरीयावस्था कहा है। यह तुरीयावस्था—सत्व, रज, तम से उत्पन्न जाग्रति, स्वप्न और सुषुप्ति इन तीनों अवस्थाओं से भिन्न, चौथी भाव की अवस्था है। ब्रह्मसूत्र ४।४।१६।। में इसका उत्पादन आचार्य जी ने किया है। इसी अवस्था में श्री राधिका निरंतर कृष्ण से आश्लिष्ट रहती हैं। इसी का स्मरण और ध्यान श्री निंबार्काचार्य जी इन दोनों स्मरेम और ध्यायेम पदों से करते हैं। गोस्वामी हित हरिवंश जी, श्री राधिका के हृदयांभोज का षटपद श्री राधाबल्लभ को इसी भाव में मानते हैं और निरंतर उसी स्वरूप का स्मरण और ध्यान करते

---

१. इसी वैष्णवमार्ग का निराकरण श्री शंकराचार्य जी अपने ब्रह्मसूत्र भाष्य में २।२।४२।। से २।२।४५।। तक करते हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

। हैं यही राधावल्लभ के उपासक श्री जी के अनुयायियों का मूलमंत्र है। यही निकुंजलीला है। इसी में उपासक सख्यभाव से सदा मग्न रहता है। यही श्री निंबार्काचार्य का प्रकाशित मार्ग है।

उपासक जीवात्मा के नेत्रों में सदा सुख रूप परब्रह्म निवास करता है यही कमलेक्षण का तात्पर्य १।२।१३।। से १।२।१६।। तक ब्रह्मसूत्र वाक्यार्थ में कहा है तथा हृदपुंडरीक में सदा विराजमान सूक्ष्माकाश रूप वही परमात्मा है ऐसा १।३।१४।। से १।३।२३।। तक के वाक्यार्थ का निरूपण है। इस भाव का एक ही श्लोक में श्री राधा सुधानिधि में बड़ा मनोरम रहस्यमय वर्णन है—

व्याकोशेंदीवर विकसितामंद हेमारविंद
श्रीमन्निष्यंदन रतिरसांदोलिकंदर्पकेलि ।
वृन्दारण्ये नव रस सुधास्यंदि पांदारविंद,
ज्योतिर्द्वंद्वं किमपि परमानंदकंदंचकास्ति ।।

हृदय के ब्रह्मपुर वृन्दावन में, अनिर्वचनीय नित्य अनुषक्त रसोल्लास से सिंचित, विकसित स्वर्ण कमल के समान दो परमानंदकंद विकसित ज्योतियों के आनंद रस को वहाने वाले चरण कमल हैं (उनका स्मरण और ध्यान करना चाहिये)

यहाँ "रसो वैसः रस ह्येवायं लब्ध्वा नंदी भवति" तथा "ऋतं पिबंतौ सुकृतस्यलोके गुहां प्रविष्टौ" और "स सेतुर्विधृतिरेषांलोकानां" इन तीनों श्रुति वाक्यों का रहस्य प्रकाशित किया गया है।

वह परमात्मा रस स्वरूप है, उसमें मग्न होने से श्री राधा भी रसोल्लास से पूर्ण हैं, अतएव दोनों ही प्रकाशमान ज्योति हैं "परं ज्योतिरुपसंपद्य स्वेनरूपेणाभिनिष्पद्यते"=परमात्मा की ज्योति से ज्योतिष्मान होकर स्वरूप प्राप्त करता है। यही दोनों उस परमानंदमय रस, जो कि सत्य रूप है, उसका पान करते हुए सदा निकुंज रूप गुहा में लीन रहते हैं। इन दोनों के चरणकमलों के रस का पान उपासक जीव को सदा करना चाहिये क्योंकि ये ही दोनों जीवों को उद्धार करने वाले आधाररूप पुल हैं।[1]

---

१. हृदय का जो कमल है, वह अष्टदल वाला है। उसके कोश में ब्रह्म और जीव सदा आश्लिष्ट रहते हैं। आठ दल आठ सखियों के निवास स्थान हैं, जो कि गीता के अनुसार परमात्मा की आठों प्रकृति है—

"भूमिरापोऽनलोवायुः खं मनोबुद्धिरेव च ।
अहंकारमितीयं मे भिन्ना प्रकृतिरष्टधा ।"

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

हरि—ध्यान करने वालों के मन को हरण करने वाले तथा उनके मन की दुर्वासनाओं को हरण करने वाले परब्रह्म।

कृष्णम्—"पापं कर्षयति निर्मूलयति इति कृष्ण:" पापों को खींच कर जो निर्मूल करे दे वही कृष्ण हैं [चित्त की जो क्लिष्ट और अक्लिष्ट पापपुण्यात्मक प्रवृत्ति है उन दोनों को ही निर्मूल करने वाले कृष्ण हैं]

उपासकों के हृदय की कर्मवासना की ग्रंथि का भेदन कर और संपूर्ण कर्मों को क्षीण कर, जो संसार के आवागमन से सदा के लिये मुक्त करे वही कृष्ण तत्त्व हैं।

ध्यायेम्—हम लोग चितन करें। ब्रह्मसूत्र १।१।१ में जिस ब्रह्म की जिज्ञासा की गई है, उसका स्वरूप इस संपूर्ण श्लोक में उपपादन किया गया

ललिता, विशाखा, चंपकलता और चित्रलेखा चार वामा सखी—भूमि, जल, वायु और आकाश की प्रतीक हैं, जो कि वियोगात्मक है। रंगदेवी, सुदेवी, तुंगविद्या और इंदुलेखा ये चार दक्षिणा सखी—अंहकार, मन, बुद्धि और आकाश की प्रतीक हैं, जोकि संयोगात्मक हैं। इस प्रकार निरंतर जीव और ब्रह्म का संयोगात्मक, वियोगात्मक उभय रूप भिन्न और अभिन्न सम्बन्ध से रहता है। एककाल में ही संयोग और वियोग की स्थिति रहती है, यही वृन्दावन रस की विशेषता है। इसी को श्री निंबार्काचार्य जी ने, ब्रह्मसूत्र २।१।१३।। में जीव और ब्रह्म का संबंध "समुद्र तरंगयोरिव" समुद्र और उसकी तरंगों के समान भिन्नाभिन्न माना है, जोकि एक होकर भी दो और दो होकर भी एक ही है। श्री हरिवंश जी भी अपने हितचौरासी के प्रथमपद में ही, अपने गुरु पदवाच्य श्री जी और ब्रह्म पदवाच्य कृष्ण के स्वरूप का वर्णन करते हुए दोनों के संबंध को "कहो कौन करे जल तरंगनि न्यारे" कहते हैं। ब्रह्मसूत्र ।१।१।१। के प्रारंभिक वक्तव्य में श्री निंबाकाचार्य जी ने गुरु और ब्रह्म का स्वरूप और संबंध कहा, उसी का निर्वाह संपूर्ण ग्रंथ में भेदाभेद संबंध स्थापन रूप से किया वैसे ही हित जी ने प्रथमपद में जो सिद्धांत स्थापित किया उसे ही चौरासी पदों में बड़ी निष्ठा के साथ प्रतिपादित किया है।

रस स्वरूप परब्रह्म की तरंग के समान, जीवात्मा भी रसोल्लासमय ही है। उपासक जीव की जो अहंकार आदि प्रकृति है वह उस रसमय नित्य सुख से सुखी रहती है, यही सखियों का तत्सुखसुखित्वभाव है। यही उपासना का रहस्य है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

है। सृष्टि के आदि में ऋषियों ने वेदों को अहंतत्त्व के आधार पर श्रवण किया था, वेद साक्षात् ब्रह्म स्वरूप है। शास्त्रयोनित्वात् इस सूत्र से यही तथ्य निरूपित किया गया है। महतत्वबुद्धि से वह देखा जाता है और मनतत्त्व से उसका मनन होता है तथा जीवतत्त्व से निरंतर उसका निदिध्यासन अर्थात् आसक्तिरूप रमण होता है तभी मुक्ति होती है। यही चतुर्व्यूह उपासना का रहस्य है। इसीलिये वेद कहते हैं—"आतमा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यः, मंतव्यः निदिध्यासितव्यः।"

अहंतत्व को परमात्म रूप से श्रवण करने से सारूप्य। महत्तत्व को परमात्म रूप से दर्शन करने से सालोक्य। मनतत्व को परमात्म रूप से मनन करने से सामीप्य तथा जीवतत्व को परमात्मरूप से निदिध्यासन करने से सार्ष्टि अर्थात् परमात्मा के समान सुख और ऐश्वर्य रूप मुक्ति मिलती है।

ध्यायेम पद में अहंतत्त्वावतार श्री निंबार्काचार्य जी ने इन चारों तत्वों को परमात्मा में युक्त करने के तात्पर्य से निहित कर दिया है।

[२] उपासक तत्व—

ज्ञान स्वरूपं हरेरधीनं, शरीर संयोग वियोग योग्यम्।
अणुं हि जीवं प्रतिदेह भिन्नं ज्ञातृत्वंतं यमनंतमाहुः ।।३।।

अन्वय—ज्ञातृत्ववंतं, यम् जीवं ज्ञानस्वरूपं, शरीर संयोग वियोग योग्यं, अणुं, प्रतिदेह भिन्नं अनंतं, हरेरधीनं, आहुः।

भावार्थ—आत्मतत्त्ववेत्ता, जीव को चैतन्य ज्योतिस्वरूप, शरीर से संयुक्त और वियुक्त होने वाला, अणु परिमाण वाला सूक्ष्म, अनेक शरीरों में अलग अलग होने से अनन्त तथा परात्मा के अधीन कहते हैं।

व्याख्या—जीवात्मा, परमात्मा के समान नित्य, शुद्ध, बुद्ध, मुक्त स्वभाव वाला है, परन्तु वासना से आवद्ध होने के कारण, परमात्मा के अधीनस्थ है, अतः शरीर के जन्म, मरण, क्षय, वृद्धि, परिणाम आदि विकारों से ग्रस्त रहता है [परमात्मा का अंश होने से अंशी परमात्मा के संपूर्ण गुणों से युक्त है, परन्तु परमात्मा स्वतन्त्र और निर्लेप है, जीवात्मा अंशी के वशीभूत है] असंख्य होने के कारण ही जीव को अनन्त कहते हैं। यह अनन्त ही शेष है, जिसके आधार पर यह पृथिवी है। परमात्मा विशेष है। अंशी परमात्मा से अलग होने के कारण संकर्षण नाम भी जीव का ही है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अनादि माया परियुक्त रूपं, त्वेनं विदुर्वे भगवत् प्रसादात् ।
मुक्तं च बद्धं किल बद्ध मुक्तं प्रभेद बाहुल्यमथापि बोध्यम् ।।४।।

अन्वय—अनादि माया परियुक्त रूपं एनं तु भगवत् प्रसादात् वै विदुः । अथापि एनं मुक्तं, बद्धं, बद्धमुक्तं च बाहुल्यं प्रभेदं बोध्यम् ।

भावार्थ—अनादि माया से ग्रसित होने के कारण यह जीवात्मा अपने नित्य, शुद्ध बुद्ध, मुक्त स्वरूप को समझ नहीं पाता । केवल भगवत भक्त उपासक ही स्वरूप को जान सकते हैं, क्योंकि उन पर भगवान की कृपा रहती है । यह जीव यद्यपि बद्ध और मुक्त दो प्रकार का हैं, परंतु इनके (बद्ध और मुक्त के) अनेक भेद हैं ।

व्याख्या—ब्रह्म विद्या के उपासक भक्त जीवों पर ही परमात्मा की कृपा होती है इसलिए वे कर्मों की वासनारूप माया में आसक्त नहीं होते अनासक्ति भाव से कर्त्तव्य कर्मों का आचरण करते हुए, अपनी आत्मा के स्वरूप की प्राप्ति के लिए, भक्ति योग द्वारा सतत् प्रयत्न करते रहते हैं । आत्मा का स्वच्छ और वासनारहित हो जाना ही स्वरूप प्राप्ति है ।

श्री निंबार्काचार्य जी गीता के उपदेश के अनुसार सत्व, रज, तम स्वभाव को ही गुणमयी माया कहते हैं । उससे छूटकर अलग हो जाना कठिन ही है । केवल कहने अथवा सुनने से उस स्वभाव को बदला नहीं जा सकता न अपनी बुद्धि के प्रभाव या विद्वता से ही उसको हटाया जा सकता है, जैसा कि उपनिषद् की कसौटी का कसा हुआ दृढ़ सिद्धांत है "नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यः न मेधया वा बहुधा श्रुतेन ।"

इस आत्मा के यथार्थ स्वरूप प्राप्ति के लिए तो कोई साधना और उपाय करना होगा । स्वयं से अपने को बदल लेना कठिन ही होता है ।इसलिये अपने से प्रबल किसी तत्त्व को स्वीकार कर उसके आश्रय से अपने को पवित्र किया जा सकता है, यही सिद्धांत वेदांत का है । इसीलिए आत्मा से भी अतिरिक्त परमात्मा की आधीनता स्वीकार की गई है ।

"दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरात्यया,
मामेव ये प्रपद्यंते मायामेतां तरंति ते ।।"

"अर्जुन ! मेरी यह गुणमयी (स्वभावमयी) माया अति कठिन है, एक मात्र मेरे आश्रित हो जाने पर ही इस माया से छुटकारा पाया जा सकता है ।" (गीता ७।१४।)

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

ह्मत्रयोग का सिद्धांत ही भक्तियोग है, इसी को आचार्य जी आत्मा के साक्षात्कार अर्थात् आत्मशुद्धि का कारण मानते हैं।

सांसारिक वासनाओं में जो नित्य आबद्ध हैं, वे ही बद्ध प्राणी हैं जो कि लोकैषणा, पुत्रैषणा, वित्तैषणा तथा भोगों में सदा रत रहने वाले बुभुक्षु होते हैं। तथा जो वासनाओं से छूटने के लिए नित्य भगवदुपासना में रत रहते हैं, और अनासक्ति भाव से कर्त्तव्य कर्मों का आचरण करते हैं, ऐसे बुभुक्षु जीव भी शरीरत्याग की अवधि तक देह बद्ध हैं।

जो जीव अनुक्षण भावावस्था में निमग्न रहते हैं वे कर्म मुक्त, वासनामुक्त श्रीनिंबार्काचार्य जी के अतिरिक्त औरों के मत से जीवन मुक्त हैं। जो उपासना के द्वारा जगत से एकदम छुटकारा पाकर सदा भगवद्धाम भगवत्सान्निध्य में स्वभाव स्वरूप से रहते हैं, वे नित्य मुक्त हैं। इस प्रकार जीवों के अनेक भेद हैं।

[३] गुरू की कृपा के फलस्वरूप प्राप्त ब्रह्मविद्या का महत्व

उपासनीयं नितरांजनैः सदा, प्रहाणयेऽज्ञानतमोऽनुवृत्तेः।
सनंदनाद्यैर्मुनिभिस्तथोक्तं, श्रीनारदायाखिल तत्त्व साक्षिणे ॥५॥

अन्वय—जनैः अज्ञानतमोऽनुवृत्तेः प्रहाणये, सदा नितरां उपासनीयं अखिल तत्त्व साक्षिणे श्री नारदाय सनंदनाद्यैः मुनिभिस्तथा उक्तम्।

भावार्थ—प्राणियों के अज्ञानांधकार को दूर करने के लिये निरंतर ब्रह्म-विद्या की उपासना करनी चाहिये। जिस ब्रह्म विद्या को संपूर्ण ब्रह्म विद्या के रहस्य को स्पष्ट रूप से मेरे समक्ष प्रकट करने वाले श्री नारद जी ने सनंदन आदि मुनियों से प्राप्त किया था।

व्याख्या—वासना की कठिन और घनी धूलि से ढके होने के कारण जीवात्मा का नित्य, शुद्ध, बुद्ध मुक्त स्वरूप अंधकारमय हो जाता है, उसे हटाने के लिये एकमात्र उपाय ब्रह्म विद्या की उपासना ही है। सदा का तात्पर्य जीवन पर्यन्त तथा नितरां का तात्पर्य प्रतिक्षण से है। आत्मशुद्धि के लिये निरंतरता गंगा के प्रवाह की तरह होनी चाहिए।

उपासना, शास्त्रों में पढ़ लेने अथवा स्वतः ही उस पढ़े के अनुसार करने से कदापि कल्याणकारी नहीं हो सकती है। उसके लिए गुरु परंपरा होना अत्यावश्यक है। तभी वह फलीभूत हो सकती है। आचार्य जी ने इसीलिये गुरुनारद और परंगुरु सनकादि मुनियों की परंपरा का उल्लेख कर, उनसे प्राप्त ब्रह्म विद्या की उपासना की अनिवार्यता कही है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

श्री निंबार्काचार्य जी को जो ब्रह्म विद्या प्राप्त हुई थी उसे सोलह श्लोकों में उल्लेख किया है। प्रसंगतः उनका प्रकाश भी यहाँ कर देना उचित है—

श्रीमद् हंसं प्रणम्याथ कुमारान्नारदमुनिम्।
ब्रह्म विद्यां प्रवक्ष्यामि गुह्याद् गुह्यां सनातनीम् ॥१॥

[परं आचार्य श्री हंस भगवान, सनकादि कुमारों और नारद मुनि को प्रणाम कर अति गोपनीय सनातन ब्रह्म विद्या को कहूँगा।

यं प्राप्य साधवः पूर्वे भगवद्भावमागताः।
तस्मात्सर्वात्मभावेन धारणीया मुमुक्षुभिः ॥२॥

[जिस ब्रह्म विद्या को प्राप्त करके महात्मागण भगवद्भावरूप मोक्ष प्राप्त कर चुके हैं, इसलिये संपूर्णरूप से मोक्ष की कामनावालों को उसको धारण करना चाहिये]

अकारार्थो हरिः प्रोक्तो मध्यमार्थो गुरुस्तथा।
मकारार्थो जीवजातो विज्ञेयो वैष्णवोत्तमैः ॥३॥

[ब्रह्म विद्या का प्रधान पद प्रणव ॐ है। उसका स्वरूप तीन अक्षरों के संयोग से बना है, अ+उ+म्। इसमें अकार का तात्पर्य ब्रह्म से है (अक्षराणामकारोस्मि"। उकार का तात्पर्य गुरु से है [उन्नयति = उत्थापयति वा उः गुरुः]। मकार का तात्पर्य जीव से है (जैसे अक्षरों में पच्चीसवाँ अक्षर मकार है, वैसे ही २४ तत्त्वों के निर्मित इस देह में पच्चीसवाँ चेतन तत्त्व जीव है)। इस रहस्य को भक्त उत्तम पुरुष हो (जोकि श्रद्धालु हो) उसी को बतलाना चाहिये]।

जीव को ब्रह्म की ओर उठाने वाला या पहुँचाने वाला गुरु ही है इस ॐ पद का यही रहस्यार्थ है।

तथैव क्लर्थः कृष्णः स्यात् द्वितीयो गमयिता गुरुः।
चरमार्थश्च क्षेत्रज्ञो इति शास्त्रानुशासनम् ॥४॥

[ब्रह्म विद्या का बीज मंत्र क्लीं है, वह भी तीन अक्षरों से बना है क्ल+ई+म्। क्ल शब्द का तात्पर्य कृष्ण। ई[1] का तात्पर्य गुरु (इण् गतौ धातु में क्विप् प्रत्यय करने से ई बनने पर उसका अर्थ होगा परमात्मा की ओर ले जाने

---

१. ई धातु ही प्रश्लेष (चिपकाकर ले जाने वाली) गति अर्थ का द्योतन करती है)

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वाला) । मकार का तात्पर्य जीव कहा ही गया है। इस प्रकार व्याकरणशास्त्र के नियम से ही यह अर्थ प्रकट होता है][1]

---

१. हम ऊपर दिखला चुके हैं कि परमात्मा से मिलाने वाली परमाचार्य श्री राधा ही हैं, ऐसा आचार्य जी का सिद्धांत है। राधा सदा परमानंद में परमात्मा के साथ निमग्न रहती हैं। उस आनंद से आनंदित होने वाला जीवात्मा सखी भाव से सदा उसमें आह्लादित होता रहता है। इस तात्पर्य का द्योतक भी बीजमंत्र क्लीं है। बीजमंत्र में ही संपूर्ण मंत्र का रहस्य छिपा रहता है जैसा कि—

ककारोनायकः कृष्णः सच्चिदानंद विग्रहः ।
ईकार प्रकृतिः राधामहाभावस्वरूपिणी ॥
लश्चानंदात्मकः प्रेम सुखं च परिकीर्तितम् ।
चुंबनाश्लेषमाधुर्यं बिंदुनादं समीरितम् ॥

[क्लीं में ककार सच्चिदानन्द कृष्ण का रूप है। ईकार प्रकृति श्री राधा हैं, जो कि भगवद्भाव में सदा निमग्न रहती हैं। लकार प्रेम और सुख का प्रतीक है तथा चंद्रबिंदु जीवात्मा और परमात्मा से आत्मसात होने का प्रतीक है। उसमें, परमात्मा से प्राप्त परमरस का आस्वाद माधुर्य प्राप्त होता है। चंद्रविंदु ही भगवत् साहचर्य का प्रतीक है। जीव और ब्रह्म के परस्पर रमण और नित्य विहार का भाव इसी में निहित है। यही सृष्टि का आदि रहस्य है। महात्मा तुलसीदास के शब्दों में रमण करने वाले राम का स्वरूप भी यही है, जो कि "एक छत्र एक मुकुट मणि" है। आत्मा जीव और आत्मीय राम ब्रह्म दोनों ही एक दूसरे में रमण करने के कारण राम हैं। अपनी आत्मा श्री राधा के साथ सदा रमण करने वाले कृष्ण आत्माराम हैं। इसी चंद्रबिंदु का प्रतीक शिव लिंग का पार्थिव पूजन है, जो कि प्रकृति का रहस्यात्मक परमात्मा के साथ संश्लेष है, जिससे सृष्टि का विस्तार होता है। यही नाद बिंदु की सृति हैं।

इस क्लीं बीज में सृष्टि के संपूर्ण रहस्य विद्यमान हैं। भगवान श्री कृष्ण ने इसी का गान अपने वेणु से किया था।

कलयति आनन्दयति इति क्लीं, (जो आनन्दित करे) कीलयति सकलान् कामान् इति क्लीं (जो संपूर्ण कामनाओं को निर्बीज करे) कीलयति स्तंभयति चराचरात्मकं विश्वं इति क्लीं (जो चर-अचर संपूर्ण विश्व को स्तंभित करे)

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

यद्वदागम बीजस्य सामान्या गतिरीदिता ।
तथैव वीजमंत्रस्य ज्ञातव्या हि मुमुक्षुभिः ॥५॥

[जैसी तांत्रिक बीजों की महिमा सामान्य रूप से शास्त्रों (ग्रागमों) में कही गई है, उसी प्रकार इस वैदिक क्लीं बीज की महत्ता मोक्ष के इच्छुकों को जाननी चाहिए]

व्याख्या—"क्लीमोंकारस्यैकत्वं पठ्यते ब्रह्मवादिभिः" (गोपालोत्तरतापनी उपनिषद्) क्लीं ग्रौर ॐ एक ही रूप हैं। दोनों की महत्ता ग्रौर उपासना समान है। इसलिए जो ब्रह्म विद्या श्री निंबार्काचार्य जी वर्णन कर रहे हैं, उसमें सर्वप्रथम प्रणव के स्थान में क्लीं का ही प्रयोग होता है। उसके माहात्म्य प्रकाश के लिए ग्रपना वक्तव्य इन श्लोकों में कहा है।

ॐ तत्सदिति निर्देशो ब्रह्मणस्त्रिविधः स्मृतः ।
ग्रोमित्येकाक्षरं ब्रह्मेत्युक्तिरर्जुनसारथेः ॥६॥

कलयति, सर्वात्म भावेन जीवं रसयति क्लीं (जो संपूर्ण रूप से जीव को द्रवित कर दे) कलयति ब्रह्मात्मकं रसं प्रवाहयति इति क्लीं (जो ब्रह्मात्मक रस को प्रवाहित करे) कीलयति मुमुक्षु उपासकान् ब्रह्म विद्यायां द्रढयति इति क्लीं (जो मुमुक्षु उपासकों को ब्रह्म विद्या में द्रढ़तापूर्वक स्थिर करे) कीलयति, मुमुक्षून् ब्रह्मात्मभावं प्रापयति इति क्लीं (जो मुमुक्षुग्रों को ब्रह्मात्मभाव की प्राप्ति करावे)

इस प्रकार केवल क्लीं बीज की उपासना करने पर ही जीव की संपूर्ण कामनायें पूर्ण हो सकती हैं, क्योंकि यह काम बीज है। मन को प्रभु के चरणों में लगाने वाला मंत्र होता है। मन ,काम का स्वरूप है इसीलिए उसे प्रद्युम्न कहा गया है। क्लीं भी काम बीज है। काम को काम के द्वारा ही हटाया जावे ग्रथवा उसे पूर्ण कर दिया जावे तो वह निष्काम हो जावेगा यह निश्चित है। विष की ग्रौषधि विष ही होगी। श्री कृष्ण ग्रौर राधा का संश्लेष, शिव ग्रौर शक्ति का लिंगात्मक ऐक्य इसी रहस्योपासना का उल्लासमय रूप है। इस महाभाव का ग्रानन्द ग्रंतःकरण में ही होना ब्रह्म विद्या की उपासना है। श्री जी को इसीलिए निंबार्काचार्य जी "सकलेष्ट कामदाम्" रूप से स्मरण करते हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

[ॐ तत्, सत् यह तीन निर्देशात्मक शब्द ब्रह्म के अर्थ के द्योतक हैं। उन सभी का अर्थ केवल ॐ में ही निहित है। इसीलिए भगवान कृष्ण ने केवल ॐ ही एक अक्षर मोक्षदायक है, ऐसा निर्देश किया है]

व्याख्या—तत् शब्द ब्रह्मवाचक है, सत् शब्द अस्तित्व वाची जीवात्मा का द्योतक है। सत् का तत् रूप प्राप्त कर लेना ही ब्रह्म भाव की अर्थात् स्वरूप प्राप्ति मुक्ति है। यही तत्त्वमसि (वह तू है)। इस उपनिषद् के महावाक्य का तात्पर्य है। तत् ब्रह्म, त्वं जीव और असि गुरु वाची है [जो कि सदैव सत्तावान् है। संपूर्ण चराचरात्मक विश्व में व्याप्त रहता है] तत् और त्वं का संयोजक असि ही है। ये तीनों ही ॐ और क्लीं में (ऊपर) कहे गये हैं। इसलिए केवल क्लीं की ही उपासना करनी चाहिये। इस श्लोक में अर्जुन सारथी पद जीवात्मा और परमात्मा के साहचर्य का द्योतन कर रहा है। सह-भाव की प्राप्ति ही मुक्ति है। तत् और सत् उपासना के समय अभिन्न तथा उपासना न करने पर भिन्न हैं, यही भेदाभेद संबंध है [जीव और ब्रह्म का]। श्री निंबार्काचार्य जी ने, सर्वप्रथम सत्तावान् असि पद के प्रकाशनार्थ, श्री राधा का, [अखंड मंडलाकार में व्याप्त] गुरु रूप से स्मरण किया है। फिर तत् स्वरूप का चिंतन कृष्ण के रूप में करने के बाद सत् = त्वं पदार्थ जीवात्मा का स्वरूप कहते हैं। इन तीनों के संयोग का उपाय (उपासना तत्व) वह उपासनीय रूप से आवश्यक बतलाते हैं। उपासना का बीज क्लीं इन तीनों (तत् + त्वं + असि) का संयोगात्मक रूप है। ब्रह्म और प्रकृति के संश्लेष का जो रसोल्लास रूप महाभाव है, उसमें निमग्न आह्लादित, उपासक भक्त आनन्दित रहता है। यही स्वरूप प्राप्ति है। "आनन्दं ब्रह्म" का सम्पूर्ण रहस्य क्लीं बीज में निहित है।

चरमार्थ हविः कृत्वा मध्यमं चार्पणं तथा।
प्रथमार्थे च ब्रह्माग्नावात्मानं जुहुयाद्बुधः ॥७॥

[बुद्धिमान उपासक को चाहिये कि अपने को गुरु कृपा (ब्रह्म विद्या) के माध्यम से ब्रह्म रूपी अग्नि में हवन कर दे]

व्याख्या—स्वाभिमान को परमात्मा में अर्पण करने से मन की कलुषता और वासना की ग्रंथि छूट जाती है। अहंकार की निवृत्ति परमात्मा की परा-धीनता स्वीकार करने पर ही हो सकती है। यही आत्माहुति है, यह ब्रह्म यज्ञ है। इस ब्रह्म यज्ञ को ही श्री निंबार्काचार्य जी श्रेष्ठ मानते हैं। ब्रह्मसूत्र ३।३।४३॥ से ३।३।५०॥ तक इसकी महत्ता, क्रिया यज्ञ से श्रेष्ठ मानी है क्रिया को केवल

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

इस यज्ञ का अंगमात्र मानते हैं। क्रिया तो केवल सहकारी साधनमात्र है, जब कि वह अनासक्तभाव से फल की आकांक्षा को छोड़कर की जावे। अल्प सत्तात्मक सत् त्वं तत्व जीव, विपुल सत्तात्मक असितत्त्व गुरु के चरणों में अपने को सर्मपित कर दे। तब वह असितत्त्व गुरु, सत्‌तत्व और तत् को संयोजित कर देगा, क्योंकि वह स्वयं तत्‌तत्त्व ब्रह्म रस में लीन है। इस प्रकार तत् त्वमसि का भेद संबंध समाप्त हो जावेगा। सत् त्वं तत्त्व की सत्ता का द्योतक, असि ही है। जीव का अहं यदि गुरु के आश्रित हो जाता है, तो उसके उद्धार होने में फिर विलंब नहीं होता। अहंतत्त्व श्री निंबार्क जब मन तत्त्व श्री नारद के चरणाश्रित हो गये तब, उस मनतत्त्व ने श्री कृष्ण चरण का अवलंबन उन्हें प्रदान किया, क्योंकि वह स्वयं कृष्ण चरण से आश्लिष्ट है "स वै मनः कृष्ण पदारविंदयोः" अहंकार ममत्व यदि गुरु चरणों में होता है, तब अहं और मम (मैं और मेरा) दोनों ही तत् ब्रह्म के चरणों में लीन हो जाते हैं, वही अद्वैत भाव है, ब्रह्म भाव है। सायुज्य मुक्ति है, इसी को नीचे स्पष्ट कहते हैं—

हुत्वाऽत्मानं बुधश्चैवं कृतकृत्योऽभि जायते।
भवबंध विनिर्मुक्तो ब्रह्म सायुज्यमाप्नुयात् ॥८॥

[मैं और मेरा से युक्त जो, आत्मतत्त्व अहंकार और मन हैं, यदि उन्हें बुद्धिमान उपासक, परमात्मा में अर्पित कर देता है तो वह कृतकृत्य हो जाता है, अर्थात् कर्म का फल उसे प्राप्त हो जाता है। सांसारिक बंधनों में आबद्ध करने वाले जो नश्वर फल हैं, उनसे छूट जाता है। ब्रह्म का संयोग ही वह उत्तम फल है, जिसे वह पा जाता है। ब्रह्मसूत्र ।१।१।१।। में इसे समझें]

यहाँ सायुज्य का तात्पर्य ब्रह्म संयोग से ही है, ब्रह्मलीन से नहीं। यहाँ जो लीनता है वह भक्ति अर्थात् चिपकाव की है।

एतस्यैव हि मंत्रस्य शिष्टं विवरणं स्मृतं।
तेषुक्लर्थश्चव्याख्यातोद्वाभ्यां पदाभ्यां बुधोत्तमैः ॥९॥

[पीछे जो उपासना का रहस्य कहा है, उसी में संपूर्ण मंत्र का रहस्य निहित है क्ल में ही संपूर्ण मंत्र की व्याख्या उपासक महात्मा कर लेते हैं। क्ल कृष्ण का स्वरूप है, वही गोविंद है]

सलक्षण प्रमाणाभ्यां स्वरूप गुणशक्तिभिः।
एकेन चरमार्थस्य गुरुणा योग उच्यते ॥१०॥

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

[लक्षण और प्रमाणों से सिद्ध स्वरूपशक्ति और गुणशक्ति है, उनसे और गुरु से अभेदान्वय संबंध है। उन दोनों का योग ही गुरुयोग है]

व्याख्या—परमात्मा की दो शक्तियाँ हैं—(१) गुणशक्ति (क्रियाशक्ति) (२) स्वरूपशक्ति (ज्ञानशक्ति)। क्रियाशक्ति, भूदेवी (सत्यभामा) हैं, ज्ञान-शक्ति, श्रीदेवी (रुक्मिणी) हैं। क्रियाशक्ति अविद्या माया हैं, ज्ञानशक्ति विद्या है। क्रियाशक्ति पर विजय प्राप्त कर, ज्ञानशक्ति को पा लेना ही स्वरूप प्राप्ति ब्रह्मात्मभाव मुक्ति है। माया को दबाकर विद्या की प्राप्ति ही मुक्ति है यही इसका तात्पर्य है। जैसा कि—

अंधं तमः प्रविशंति येऽविद्यामुपासते।
ततोभूय इव तेतमो य उ विद्यायां रताः ॥ [ईशोपनिषद् ९]

जो मनुष्य अविद्या की उपासना करते हैं, अर्थात् सकाम वासना रूप कर्मों में रत रहते हैं, वे अज्ञान के अंधकार में डूब जाते हैं, अर्थात् कर्म के बंधन से जकड़ जाते हैं। और जो विद्या के अभिमान में रहते हैं, वे उससे भी अधिक घने अंधकार में डूबते हैं, अर्थात् जो अपने को ज्ञानी मानकर सभी कर्त्तव्य कर्मों का त्याग कर देते हैं यहाँ तक कि अपनी इच्छाशक्ति के वशीभूत होकर (जो ज्ञान के अभिमान से उत्पन्न होती है) स्वच्छंदाचरण करते हैं, वे अधिक बंधन से जकड़ जाते हैं।

विद्यां चाविद्यां च यस्तद्वेदोभयं सह।
अविद्यया मृत्युतीर्त्वाविद्ययामृतमश्नुते। [ईशोपनिषद ११]

जो मनुष्य विद्या और अविद्या को एक साथ लेकर चलता है अर्थात् दोनों को एक साथ समझता है, वह अविद्या से बंधन को काटकर विद्या द्वारा अमृत तत्त्व अर्थात् ब्रह्मभाव रूप मुक्ति प्राप्त कर लेता है।

इससे स्पष्ट है कि न केवल क्रियाशक्ति ही आत्मशुद्धि कर सकती है न केवल ज्ञानशक्ति। अपितु क्रियाशक्ति का जो शक्तित्व अभिलाषा अर्थात् कर्म से प्राप्त होने वाली वस्तु के प्रति जो आशक्ति है, वही मृत्यु और बंधन का कारण है, उसको दबा लेना ही मृत्यु की जीत है। और फिर ज्ञानशक्ति से कर्त्तव्य कर्मों का दृढ़तापूर्वक पालन करते हुए, ज्ञानशक्ति का शक्तित्व जो अभि-मान अर्थात् अहं की भावना है, जोकि सारे बधनों का बीज है, उसको दबा देना ही अमृतत्व प्राप्ति है। भक्तियोग ही इन दोनों शक्तियों को अभिलाषा तथा अभिमान से शून्य कर उचित कर्मानुष्ठान कराता है और अंतःकरण को स्वच्छ एंवं प्रकाशमान् करता है। आत्मा की वास्तविकता स्वच्छता ही है, उसको

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

प्राप्त करना, ज्ञानशक्ति और क्रियाशक्ति दोनों के संयोग से ही हो सकता है। इसीलिये वेदांत कहता है, "ज्ञानकर्मयोगादवेहि" [ज्ञान और कर्म के योग से उसे जानो ।]

क्रियाशक्ति माया (अविद्या) को ज्ञानशक्ति (विद्या) से दूर कर देना ही ज्ञानयोग है। ज्ञानयोग में भगवद्भक्ति (सर्वसमर्पणभाव) का संयोग ही ब्रह्म-योग है। भक्ति ही ब्रह्म विद्या है, क्रियाशक्ति और ज्ञानशक्ति उसके अंग हैं। ब्रह्म विद्या ही ब्रह्म की पराशक्ति है, जो कि परमात्मा की स्वाभाविकीशक्ति है। जैसा कि शास्त्र प्रसिद्ध है—"परास्य शक्तिः विविधैव श्रूयते, स्वाभाविकी ज्ञान बलक्रिया च" (श्वेताश्वतरोपनिषद् ६।८) इस पराशक्ति के आश्रय से ही परब्रह्म की प्राप्ति की जा सकती है। श्री कृष्ण ब्रह्म हैं, रुक्मिणी और सत्यभामा ज्ञानशक्ति और क्रियाशक्ति हैं। इन दोनों की समष्टि रूप पराशक्ति श्री राधा हैं। रुक्मिणी और सत्यभामा से भिन्न-भिन्न रूपों से जब परमात्मा का संयोग होता है तो वह विद्याओं की भिन्नता है। श्री राधा के रूप में दोनों का संयोग अभिन्नता है। इस प्रकार शक्तियों का भेदाभेद संबंध है। श्री राधा का और कृष्ण का संयोग अभेद है। रुक्मिणी और सत्यभामा का श्रीकृष्ण के साथ संयोग भेद का है। इस प्रकार शक्ति और शक्तिमान का भेदाभेद सम्बन्ध है। यही श्री निंबार्काचार्य जी की भेदाभेद उपासना है। क्रियाशक्ति और ज्ञानशक्ति जिसमें इन दोनों का संयोग है, वही गुरु और श्रेष्ठ है। गु शब्द अंधकार का द्योतक तथा रु शब्द प्रकाश का द्योतक है। जो अंधकार का संहार कर प्रकाश करे वही गुरु है।

गु शब्दस्त्वंधकाराख्यो रु शब्दस्तन्निरोधकः
अंधकार विरोधित्वाद् गुरुरित्यभिधीयते।

इससे भगवती श्री राधा ही प्रधान गुरु हैं, यह सिद्ध होता है। गोपीजन-वल्लभ पद भगवती श्री राधा का ही द्योतक है।

"इदं सकलं नाम रूपाभ्यां व्याकृतं जगद् गोपायति रक्षति," अथवा "नित्यशुद्ध, बुद्धमुक्तानंन्दात्मकं पुमांसं गोपायति रक्षति" अर्थात् जो नामरूपा-त्मक संपूर्ण व्यापक जगत् की रक्षा करें अथवा, नित्यशुद्ध, बुद्धमुक्त, आनंदात्मक जीवात्मा के स्वरूप की रक्षा करें वह, गोपजन उनकी स्वामी गोपीजन वल्लभ। इस अर्थ के अनुसार गोपीजन विद्या, उनकी स्वामी श्री राधा ब्रह्म विद्या, पराशक्ति होती हैं। पराविद्या के आश्रय से ही परब्रह्म सर्वेश्वर की प्राप्ति की जा सकती है। सर्वेश्वर ब्रह्म, गोपीजनवल्लभ स्वामिनी श्री राधा ही भगवान

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

श्री निंबार्काचार्य के उपास्य थे।[१] श्री सर्वेश्वर और गोपीजनवल्लभ दो होकर भी एक और एक होकर भी दो हैं, यही भेदाभेद भाव की उपासना है "एकेन चरमार्थस्य गुरुणा योग उच्यते" का यही रहस्य है। श्री रामानुजाचार्य जी ने भी इसी भाव में श्री जी को गुरु माना है। श्री जी ही उनकी आद्य आचार्या हैं। वह संप्रदाय ही, श्री संप्रदाय है। श्री रामानुज जी ने इस क्रियाशक्ति और—

---

१. सर्वेश्वर और गोपीजनवल्लभ ये दो विग्रहें आज तक श्री निंबार्क संप्रदाय की दो शाखाओं के उपास्य हैं। श्री सर्वेश्वर, (श्री जो महाराज के उपास्य) प्राय: श्री निंबार्कपीठ सलीमावाद (राजस्थान) तथा श्री गोपीजनवल्लभ श्री निंबार्क पीठ प्रयाग में विराजते हैं। दोनों ही श्री विग्रहें अपूर्व और युगलभाव से विराजती हैं। महाभाव में श्रीकृष्ण और राधा एकात्मभाव से विराजते हैं, इसलिये श्री सर्वेश्वर और श्री गोपीजनवल्लभ इन दोनों में उभयरूपों के अलौकिक दर्शन होते हैं। श्री राधा दोनों ही विग्रहों में अप्रकट रूप से विराजती हैं। श्री निंबार्काचार्य के सिद्धांत के अनुसार दोनों संश्लिष्ट रहते हैं क्योंकि दोनों ही स्वरूप में विराजते हैं। गोस्वामी हित हरिवंश जी ने इसी गोपनीय भाव की उपासना से श्री जी की गादी की स्थापनामात्र की गुरु गादी की ही उपासना होती है, क्योंकि वह तो सदा परब्रह्म के स्वरूप से आसक्त रहते हैं। स्वामी हरिदास जी तथा गोस्वामी गोपालभट्ट जी ने भी हित जी के इस गोप्य आसक्तिभाव की उपासना के अनुसार श्री जी की गुरुगादी की स्थापना की। स्वामी जी के उपास्य कुंजबिहारी तथा गोस्वामी जी के उपास्य राधारमण जी तथा हित जी के उपास्य राधावल्लभ जी इत तीनों ही विग्रहों के साथ में श्री जी की गुरुगादी की आराधना होती है। हिन्दी में एक प्रसिद्ध उक्ति है—"श्री निंबारक आसक्ति" अर्थात् आचार्य की आसक्ति की उपासना थी। ब्रह्म के साथ नित्य मुक्त जीव की सदा आसक्ति रहती है, यही सिद्धांत की बात है। इसी के अनुसार केवल गादी की उपासना की गई। आसक्ति का रहस्य राधा सुधानिधि के इस श्लोक से स्पष्ट है—

परस्परं प्रेम रसे निमग्नमशेष सम्मोहन रूप केलि।
वृन्दावनान्तर्नवकुंजगेहे तन्नीलपीतं मिथुनं चकास्ति ।।१९६।।

जो सदा एक दूसरे से आश्लिष्ट होकर, युगलभाव के, प्रेमरस में निमग्न होकर वृन्दावन के कुंजगृह में, श्याम और गौर तेज, एक होकर, प्रकाशित होते हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

ज्ञानशक्ति दोनों की स्पष्ट रूप से उपासना स्थापित की जो कि उक्त रहस्य का उद्घाटन है। श्री रामानुज जी ने श्रीदेवी और भूदेवी की भिन्न भिन्न रूप से ब्रह्म के साथ उपासना चलाई। इस रहस्यमय उपासना को स्वामी वल्लभाचार्य जी ने भी की, वे इसे भक्तिनिष्ठा कहते हैं—

ज्ञाननिष्ठा तदाज्ञेया सर्वज्ञो हि यदा भवेत् ।
कर्मनिष्ठा तथाज्ञेया यदाचित्तं प्रसीदति ।।
भक्तिनिष्ठा तदाज्ञेया यदा कृष्णः प्रसीदति ।
ज्ञान क्रियोभययुक्तः कृष्णस्तृतीय इति भेदः ।।"

[जिस समय जीव में अभिमानशून्य ज्ञान से सर्वज्ञता आवे वही ज्ञाननिष्ठा है, जब निष्काम कर्म से चित्त की निर्मलता हो वह कर्मनिष्ठा है, तथा इन दोनों की संयोग रूपा भक्ति से कृष्ण की कृपा हो वही भक्तिनिष्ठा है, जो कि ज्ञान क्रिया दोनों से युक्त तीसरी उत्तम निष्ठा है] श्री निंबार्काचार्य के "कृपास्य दैन्यादि युजि प्रजायते" के रहस्य का उद्घाटक श्री वल्लभाचार्य जी का यह भाव है। ज्ञान और क्रिया दोनों की आसक्ति का त्याग दैन्य तथा परमात्म की कृपा से भक्ति निष्ठा होती है।

इस रहस्य के आद्य आचार्य हंस (स्वयं कृष्ण) ही हैं, जोकि नील और पीत दो प्रकाश पुंजों के आश्लिष्ट रूप, गौर हैं। हित जी इसी को "हंसहंसनी साँवल गौर" (हि० चौ० १) कहते हैं। यह भेदाभेदरूप है, जिन्होंने ब्रह्म और जीव के नीर क्षीर के एकत्व की भिन्नता कर्मवश स्पष्ट बतलाई है (देखें भागवत का हंसोपाख्यान) इन रहस्य को हँस से ही श्री जी ने पाया, ब्रह्मा और रुद्र ने पाया। इन देवों के अतिरिक्त जीवों में प्राप्त करने वाले प्रथम आचार्य सनकादि ऋषि थे, जिन्होंने इसे भूमा विद्या के रूप में नारद को दिया (छांदोग्य ७ अध्याय) उसी का उद्घाटन, (प्रकाश) श्री सुदर्शन जी ने किया। यही कलिकाल की एक मात्र उपासना है, जिसका गान (प्रवचन) सभी वैष्णव मात्र में होता है। श्रीमद्भागवत में इनकी चारों युगों की स्वरूप प्राप्ति स्पष्ट कही गई है। जो सतयुग में हंस थे वही त्रेता के विष्णु, द्वापर के वासुदेव और कलियुग के कृष्ण हुए। इस प्रकार हंस का उपदेश चारों युग की प्रवृत्ति में समान रूप से व्याप्त है। कलियुग में वह हंस कृष्ण होकर भी गौर तथा गौर होकर भी श्याम हैं। (द्वैताद्वैत हैं) जैसा कि भागवत ११।५।३२।। में स्पष्ट है—

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

"कृष्ण वर्णं त्विषा कृष्णं सांगोपांगास्त्र पार्षदम् ।
यज्ञैः संकीर्त्तनप्रायैः यजंति हि सुमेधसः ।।११।।"

[जो कृष्ण और अकृष्ण रूपों से मिश्रित, कांतिमान् रूप हैं, अंग पार्षद (जीवरूप) सनातनादि ऋषि, उपांग (जीव का अंग मन) नारद तथा अस्त्रपार्षद श्री सुदर्शन (निंबार्क) ही कलिकाल के उपास्य हैं, 'बुद्धिमान उन्हीं के मार्ग के संकीर्त्तन करने वाले हैं][1]

महाप्रभु श्री चैतन्य इसी भाव में (उभयरूप के उपासक होने के कारण) गौर थे तथा इसी हंसोपदिष्ट मार्ग में मग्न रहते थे। यह ब्रह्म विद्या (जिसका प्रसंग चल रहा है। हंस से सभी को प्राप्त है। सारा वैष्णव समाज इसी में निमग्न है। इस श्लोक में जीव और ब्रह्म का भेदाभेदभाव, अंग और अंगी रूप से कहा गया है। चतुर्व्यूह, हंस (ब्रह्म) सनकादि (जीव) नारद (मन) सुदर्शन (अहंकार) का ज्ञानशक्ति, क्रियाशक्ति तथा दोनों से संयुक्त भक्ति योग से युक्त हंस (परमात्मा) का रहस्य कहा गया है।

ज्ञानशक्ति और क्रियाशक्ति (ज्ञानयोग और कर्मयोग) का संयोजक भक्ति योग ही है। इसलिये गीता के प्रारम्भ में छः अध्याय कर्म, और अंत के छः अध्याय ज्ञान का मध्यवर्त्ती, छः अध्याय भक्ति का कहा गया है। जो कि आदि से अंत तक पूरे ग्रंथ का प्रतिपाद्य विषय है।

भक्ति (आसक्ति) ही गुरु है। इसलिये गोपीजन जीव हैं, उनकी गुरु श्री राधा ही वल्लभ हैं जो कि क्रियाशक्ति और ज्ञानशक्ति की युक्त रूप हैं।

चरमेणात्म होमस्य विधानंपरिकीर्त्तितम् ।
अनेनैवास्य शास्त्रस्य अनुबंधा प्रकीर्त्तिताः ।।१२।।

[इस विद्या का जो अंतिम पद स्वाहा है, वह सर्वात्मभाव से जीव के समर्पण का द्योतक है। जीवात्मा अपने को संपूर्ण रूप से परमात्मा के

---

१. श्रीधरभाष्य भागवत का देखें—

"त्विषाकांत्याः इन्द्रनीलमणिवदुज्ज्वलं, त्विषा कृष्णं कृष्णावतारं अनेन कलौकृष्णवतारस्थ प्राधान्यं अंगानि हृदयादीनि। पार्षदाः सनंदादयः अस्त्राणि सुदर्शनादीनि।"

महाप्रभु श्री चैतन्य, श्रीधर स्वामी के भाष्य को प्रामाणिक मानते थे। आज भी भागवत के सभी भाष्यों में श्रीधरी मूर्धन्य है। चैतन्य जी की दृष्टि में श्रीमद्भागवत ही ब्रह्मसूत्र का भाष्य है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

शरणापन्न हो जावे, यही इसका रहस्य है। सर्वसमर्पण ही भक्तियोग का अंतिम पद है। "श्रवणं कीर्त्तनं विष्णोस्मरणं पाद सेवनं अर्चनं वंदनं दास्यं सख्यमात्मनिवेदनम्[1]" इस आत्मनिवेदन में ही स्वरूप प्राप्ति (मुक्ति) होती है। इसी आत्मनिवेदन की प्राप्ति के लिए ही इस उपासना शास्त्र के चार नियम कहे गए हैं—(१) ब्रह्म तत्व, (२) जीवतत्व, (३) गुरुतत्त्व, (४) उपासना-तत्त्व। कृष्ण गोविंद ब्रह्म, गोपीजन जीव, वल्लभ गुरु, गुरु के आश्रय से जीव का ब्रह्म से संलग्न होकर क्लीं रूप से हो जाना ही उपासना है, जो कि स्वाहा (आत्मनिवेदन) होने पर ही होता है। क्लीं में आत्मनिवेदन का संपूर्ण रहस्य है, वही मुक्ति है]

गुर्वर्थं यस्य प्राणादि, यौवनं धनमेव च।
आत्माऽत्मीयेषु निर्विण्णोऽधिकारी सम्यगीर्यते ।।१३।।

[गुरु के लिये ही, जिसके प्राण, यौवन, धन आदि होते हैं और जो आत्मा और आत्मीय स्त्री, पुत्र, धन आदि में आसक्त नहीं है, वही इस ब्रह्म विद्या को प्राप्त करने का अधिकारी है]

व्याख्या —यहाँ भगवान् निंबार्काचार्य जी ने अनासक्तभाव से गृहस्थ में रहकर ही जो भगवद्भक्ति का साधन करता है, उसी को उत्तम अधिकारी कहा है। यहाँ निर्विण्ण का तात्पर्य त्यागकर संन्यास लेकर जंगल जाकर भजन करें, ऐसा कदापि नहीं हो सकता। यहाँ गुर्वर्थ का तात्पर्य है कि धन, यौवन, स्त्री, कुटुम्ब आदि सब बंधन से मुक्ति के साधनमात्र होने चाहिये। यदि उनमें (आत्मा-आत्मीय में) आसक्ति होगी तब तो वह वासना के बंधन में पड़ेगा, अन्यथा उन सबकी आसक्ति परमात्मा की ओर होगी तो वे सब मुक्ति के कारण होंगे। भक्तियोग आसक्ति को छुड़ाता नहीं अपितु मैं और मेरे की आसक्ति को उस परमात्मा की ओर घुमा देता है। वह आसक्ति

---

१. भगवान के गुणों का श्रवण, उनका कीर्त्तन, स्मरण, चरणसेवन, अर्चन, वंदन दास्य, सख्य और आत्मनिवेदन यह नवधा भक्ति है। जिनमें प्रारंभ में वंदन तक छः वैधी (क्रियात्मक) तथा दास्य, सख्य और आत्मनिवेदन तीन, रागात्मिका (ज्ञानात्मक) हैं। इन दोनों के संयोग से ही निस्त्रैगुण्य भाव की क्रम मुक्ति होती है जिसके लिये भागवत का वचन है "निस्त्रैगुण्ये पथि विचरतां को विधिः को निषेधः" [निस्त्रैगुण्य मार्ग पर चलने वाले को कोई विधि और निषेध नहीं है]

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

कामनायें ही हैं, उनका त्याग ही तप है "कामस्त्यागस्तपस्मृत:" भक्तों की दृष्टि में देह, गेह, स्त्री आदि में आसक्ति और अहंबुद्धि रखने वाला मूर्ख है "मूर्खो देहाद्यहं बुद्धिः" भक्तियोगी की अहंबुद्धि, गुरु और परमात्मा के प्रति ही होती है। "भक्त तो पुत्र, स्त्री आदि के पथ में मुलाकात होने वाले यात्रियों के समान मानता है, जिनमें प्रेम और सौहार्द्र तथा सहयोग की भावना होती है, पर आसक्ति नहीं। भक्त की दृष्टि में सारे कुटुम्बी, स्वप्न में दीखने वाले पदार्थों के समान हैं, जो कि जागने पर दृष्टिगत नहीं होते। इसलिये इन सबको वह शरीर के बंधन तक का साथी मानता है। ऐसा विचार कर भक्त सदा घर में अतिथि के समान रहता है, वह घर में बंधता नहीं और न उनके प्रति मैं और मेरे का भाव रखता है।"[१]

भक्तियोग का सिद्धांत है, कि—"चित्त को विषयों के चिंतन में लगाने से उसमें विषय बढ़ेंगे और वह उसी में डूब कर बंध जावेगा। यदि चित्त को परमात्मा में लगावेंगे तो वह शुद्ध निर्मल और परमात्मा के समान शांत और उज्ज्वल हो जावेगा।"[२]

इससे स्पष्ट है कि भक्तियोग में संन्यास लेकर जंगल जाने की आवश्यकता नहीं है। कुटुम्व में रहकर ही भक्तियोग की साधना हो सकती है। सारा कुटुम्ब श्री कृष्ण और गुरु के प्रति समर्पित होकर ब्रह्म विद्या की उपासना करे यही इसका तात्पर्य है। श्री निंबार्काचार्य जी ने ब्रह्मसूत्र[३] में भी इसी का प्रतिपादन किया है, वे कहीं भी कर्म त्याग कर उपदेश नहीं देते, कर्मों की आसक्ति को परमात्मा में लगाने का ही उपदेश देते हैं। आचार्य जी ने स्वयं

---

१. पुत्रदाराप्त बंधूनां संगमः पांथ संगमः,
अनुदेहं वियंत्येते स्वप्नो निद्रानुगोयथा।
इत्थं परिभृशन्मुक्तो गृहेष्वतिथिवद् वसन्,
न गृहैरनुवंध्येत् निर्ममोनिरहंकृतः ॥

भागवत ११।१७।५३-५४।

२. विषयान् ध्यायतश्चित्तं विषयेषु विषज्जते,
मामनुस्मरतश्चित्तं मय्येव प्रविलीयते।

भागवत ।११।१४।२७।

३. स्तुतयेऽनुमतिर्वा।३।३।१४।। इस सूत्र में, स्पष्ट रूप से गृहस्थ को स्तुत्य कहा है (श्री निंबार्काचार्य के वाक्यार्थ में)।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भी संन्यास नहीं लिया था। यदि हम आचार्य जी का प्रतिपाद्य ज्ञानयोग मानेंगे तो वे भक्त नहीं हो सकते, जब कि वे साक्षात् भक्ति के अवतार थे, भक्ति सिद्धांत को सर्व प्रथम उन्हीं ने जगत के समक्ष प्रस्तुत किया था।

बादरायण व्यास ने "ज्ञान, कर्म और भक्ति तीन योग मनुष्यों के कल्याण के लिये कहे थे। जिनमें ज्ञानयोग संन्यासियों के लिए, कर्मयोग सकाम कर्म में लगे हुए संसारी लोगों के लिए, तथा भक्तियोग निष्काम कर्म करने वाले भक्त लोगों के लिये कहा है। भक्तियोग मध्यममार्ग है, जिसमें ज्ञान + कर्म दोनों रहते हैं। भक्तियोग में, न तो पूर्ण त्याग होता है, जिसे संन्यासी करते हैं, और न पूर्ण आसक्ति होती है, जैसी कि सकाम कर्मयोगी की होती है। इसमें त्याग भी परमात्मा के प्रति तथा आसक्ति भी परमात्मा के प्रति होती है। यह निष्ठा और श्रद्धा का मार्ग है।"[१]

स्वामी वल्लभाचार्य जी ने भी कुटुम्ब को परमात्मा के शरणापन्न होने पर ही सांसारिक दोषों की शांति कही है, "कृष्णार्थं तत्प्रयुंजीथ कृष्णोऽनर्थस्य मोचकः' [स्त्री, पुत्र आदि कुटुम्बियों को कृष्ण की ओर लगा दें तो उनके प्रति जो आसक्ति है वह दूर हो जावेगी, श्री कृष्ण ही उन्हें दूर कर देंगे] गीता का संपूर्ण उपदेश इसी योग के लिए ही है, संपूर्ण गीता के अन्त में "सर्व धर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज, अहं त्वां सर्व पापेभ्यो च मोचयिष्यामि माशुचः।" कह कर इसी भक्तियोग के आसक्ति अनासक्ति युक्त भाव का प्रकाशन किया गया है।

---

१. योगास्त्रयोमया प्रोक्ता नृणां श्रेयोविधित्सया,
ज्ञानं कर्म च भक्तिश्च नोपायोऽन्योऽस्ति कुत्रचित्।
निर्विण्णानां ज्ञानयोगोन्यासिनामिह कर्मसु,
तेष्वनिर्विण्णचित्तानां कर्मयोगस्तु कामिनाम्।
यदृच्छया मत्कथादौ जातश्रद्धस्तुयः पुमान,
न निर्विण्णो नाति सक्तो भक्तियोगोऽस्य सिद्धिदः।

[भागवत ।११।२०।६-७-८।]

गुरु एवं शास्त्र के वाक्य में विश्वास होना तथा परमार्थिक वस्तु की प्राप्ति ही श्रद्धा है। [विवेक चूडामणि]

[परमार्थिक वस्तु, आसक्ति और अनासक्ति का मिश्रित स्वरूप]

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

इससे स्पष्ट है, कि परिवार के प्रत्येक जीव को ब्रह्म विद्या की उपासना गुरुओं के शरणापन्न होकर अवश्य करनी चाहिये। सभी को विषय आसक्ति से होने वाले दुःखों से छूटकर परमात्मशक्ति के बहुल सुख प्राप्त करने का समान अधिकार है। यह सुखी जीवन की कुंजी है। यह गलत धारणा है कि स्त्रियों को ब्रह्म विद्या की दीक्षा लेने का अधिकार नहीं है, उसका तो एक-मात्र गुरु पति ही है (पतिरेव गुरुः स्त्रीणाम्) ऐसा विचार तथ्य को न समझने के कारण ही बना है। नारी जाति को विषयाशक्ति में तो समान अधिकार देना तथा ब्रह्म विद्या जन्य आत्मशुद्धि और ब्रह्म सुख से वंचित रखना, उनके प्रति बहुत बड़ा अत्याचार है। नारी सदा से ब्रह्म विद्या की अधिकारिणी रही हैं। गार्गी और वाचक्नवी इसकी ज्वलंत उदाहरण हैं। ब्रह्म विद्या की दीक्षा से वंचित रखकर केवल विषयाशक्ति का साधनमात्र बना देना, विषयांध स्वार्थी पुरुष के घृणितभाव का द्योतक है। यदि भक्तियोग के कल्याणमय साधनों को कोई भी पुरुष सत्य और लाभदायक मानता है तो वह निश्चित ही स्त्री के लिए भी लाभदायक है, ऐसा उसको मानना चाहिये। यदि स्वतः उन पर विश्वास या आस्था नहीं तो स्त्री को भी नहीं है, यह भी निश्चित है। भक्तियोग की साधना स्वानुभूति का विषय है। उसपर आस्था रखना या न रखना दूसरी बात है, परन्तु अधिकार और अन-धिकार की बात दूसरी है। पति ही स्त्री का गुरु है, इस धारणा के बनने का मुख्य कारण तो है जगद्व्यापी ब्रह्म विद्या के प्रति अनास्था का भाव। ब्रह्म विद्या, हम कह चुके हैं कि ज्ञान और क्रिया दोनों के सहयोग से चलती है, परन्तु उसमें ज्ञान प्रधान है, क्रिया तो सहायकमात्र है। ब्रह्म विद्या के रहस्य को जानने वाले और जानते हुए भी संसार के अज्ञानी जनों को ठगने के लिये गुरुओं ने जो आडंबर का विस्तार कर उसके परोक्ष में अनाचर फैला रक्खा है, इसी का दुष्परिणाम है कि आज विषयोपभोग में सारा मानव समाज मग्न है जब कि अधिकांश उपदेशक गुरु ही उनको कुमार्ग का उपदेश दे रहे हैं, तो अंतःकरण का उत्थान हो भी कैसे? यह स्थिति हिन्दू धर्म की ही नहीं है, अपितु संसार के सभी धर्मों की है, सभी में आडंबर का विस्तार है। क्रिया ने आडंबर का रूप ले लिया है, ज्ञान दबा दिया गया है। भक्तियोग दोनों का मिश्रित रूप ही रहा है जो कि जीवन को आनंदयुक्त करने का व्यावहारिक मार्ग है।

यौवन, धन, स्त्री आदि को गुरु के अर्पित करने का जो अनर्गल तात्पर्य समझा या समझाया जाता है, वह तो स्वार्थ और मूर्खता है। वस्तुतः धन

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

यौवन आदि की आसक्ति का त्याग ही इसमें कहा गया है। यदि गुरु भी उन्हीं में उनको लिप्त करेगा तो फिर साधना क्या होगी? व्यवहार में जो स्त्री कुटुम्ब का रहना परमावश्यक है, परन्तु आत्मशुद्धि के लिये इन सबके प्रति जो स्वार्थ और ममत्व है, उसको हटाकर बदलना होगा। तभी शांति और आनंद होता है। इसी के लिये श्री निंबार्काचार्य जी कहते हैं "उपासनीयं नितरांजनैः सदा"। ब्रह्म विद्या या उपासना किसी अन्य के लिये नहीं अपने लिए है, इसको न करने से अन्य की हानि नहीं अपनी ही हानि है। करने से अपना लाभ तो है ही अंतःकरण की शुद्धि होने पर जागतिक व्यवहार में जो समत्व का भाव होगा, उससे जगत का भी लाभ है। इसकी विशेषता स्वानुभूति से ही जानी जा सकती है।

विषयः प्रथमार्थः स्यात्तद्भावापत्ति लक्षणम्।
श्रेयः प्रयोजनंज्ञेयं ज्ञाप्यज्ञापकयोगता।१४।।

[इस पंच पदीय ब्रह्म विद्या में, क्लीं जो प्रथम पद है, वही ज्ञेय (जानने योग्य) है। उसी में, संपूर्ण पदों को संयुक्त समझना चाहिए, क्योंकि, वे चारों पद उसी के वापक (बतलाने वाले) हैं। इसके अनुष्ठान से भगवद्भावापत्ति रूप मुक्ति मिलती है। वही श्रेय (कल्याणमय) है]

ज्ञापक गुरु के आश्रय से ज्ञाप्य ब्रह्म की प्राप्ति ही इस संपूर्ण पंचपदीय ब्रह्म विद्या की उपासना का प्रयोजन है। आत्मशुद्धि के लिए दो तत्त्वों के योग करना आवश्यक है, (ज्ञापक गुरु × ज्ञाप्य ब्रह्म) साधना के समय यह दोनो भिन्न हैं और साध्य होने पर दोनों अभिन्न हैं। भिन्न मानने पर दोनों ज्ञेय हो जाते हैं। इस प्रकार गुरु और ब्रह्म का भी भेदा-भेद संबध है। इन दोनों की अभिन्नता, श्रेय (कल्याणमय) है। ब्रह्म विद्या का उपासनामय रूप प्रकट करने वाले गुरु को हम क्रियामय तथा परमात्मा को ज्ञानमय मानें तो, दोनों के संयोग से, ब्रह्मभाव की प्राप्ति, (जीव को) हो जावेगी।

ज्ञाप्य ब्रह्म और ज्ञापक ब्रह्म विद्या का योग ही क्लीं है, जो कि श्रेय है। ब्रह्म कृष्ण हैं, ब्रह्म की विद्या श्री राधा हैं, इन दोनों के संयुक्त रूप की अनुभूति यदि जीवात्मा को अहर्निश होती रहे तो वह भी निश्चित तद्रूप हो जावेगा। क्योंकि जीवातमा की क्रिया[1] और ज्ञान दोनों ही उसके चिंतन में

---

१. महात्मा बुद्ध भी इंद्रियों की क्रियात्मक वृत्तियों की एकाग्रता को ध्यान तथा ज्ञानात्मक प्रवृत्ति को प्रज्ञा कहते हैं, तथा इन दोनों के संयोग से ही निर्वाण (मुक्ति) मानते हैं—

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

एक हो जावेंगे । जब क्रिया और ज्ञान दोनों एक होते हैं, तभी किसी भी कार्य में पूर्ण सफलता मिलती है । यही भक्तियोग का रहस्य है ।

आदौ गुरौ न्यसेत् प्रणात् आत्मानं धनमेव च ।
सर्व संबंध विषयं कृत्वा सेवेत नित्यशः ।१५।।

[सर्व प्रथम गुरु में प्राणों को त्याग करे, फिर आत्मा और धन को, इस प्रकार संसारिक संपूर्ण विषयों को, गुरुविषयक करके, निरंतर उनकी सेवा करे]

व्याख्या—ब्रह्मसूत्र ४।२।१।। से आचार्य जी ने प्राणों का वर्णन किया है, वहाँ इंद्रियों की वृत्ति को प्राण कहा है । यहाँ प्राणान् (प्राणों की) का तात्पर्य इंद्रियों की वृत्तियों से ही है । इंद्रियों की दुर्जेय वृत्तियों को गुरु के द्वारा बतलाये गये मार्ग से साधना करने से आत्मा में (मन में) संयम होता है । मन के संयत हो जाने पर अंतःकरण की वासना की ग्रंथि, जो कि जीवात्मा में स्वत्व के रूप में चिपक गई है, वह छूट जावेगी । यही प्राणों, आत्मा और धन के त्याग का तात्पर्य है [स्व का अर्थ धन भी व्याकरण शास्त्र में किया गया है] इंद्रियों की वृत्ति, मन और स्वत्व, इन तीनों को क्रमशः, ब्रह्म विद्या की साधना से, त्यागने के अनंतर, चौथी जो जीवात्मा की स्वच्छ अवस्था है, उसी को तुरीयावस्था, स्वरूप प्र,प्ति, ब्रह्मभावापत्ति, परमहंस अवस्था आदि कहते है ।

इस प्रकार इंद्रियों की क्रियात्मक प्रवृत्ति क्रमशः मन में लीन हो जाती (संलग्न) हैं । मन जीवात्मा से संलग्न हो जाता है और जीव, परमात्मा से संलग्न हो जाता है, तो भगवद् भावापत्ति मुक्ति हो जाती है । ब्रह्मसूत्र के चतुर्थ अध्याय के द्वितीय पाद में इसी तथ्य का निरूपण किया गया है उसी का उपपादन यहाँ है । यही चतुर्व्यूह उपासना का तात्पर्य है । इंद्रियों की वृत्तियों से होने वाले अज्ञान से सांसारिक पदार्थों के प्रति जो अहं (मैं और मेरे) का भाव है, उसको प्रथम गुरु में अर्पित करना होगा [इंद्रियों में श्रेष्ठ मन है, जो कि इंद्रियों का गुरु है] उस मन से श्रेष्ठ (गुरु) जीवात्मा में मन को अर्पित करने से (मनोयोग करने से) आत्मा का स्वत्व रूप से जो

"नत्थि झानं अपञ्ञस्य, पञ्ञा नत्थि अझायतो ।
यह्मि झानञ्च पञ्ञा च स वे निव्वाण संतिके [धम्मपद भिक्खुवग्गो] १३

[प्रज्ञाविहीन को ध्यान नहीं होता, ध्यान न करने वाले को प्रज्ञा नहीं होती । जिसमें ध्यान (क्रियाशक्ति) प्रज्ञा (ज्ञानशक्ति दोनों हैं, वह निर्वाण के समीप है] यहाँ निर्वाण का स्वरूप श्री निंबार्काचार्य जी की क्रममुक्ति से मिलता हुआ है ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

कर्मों का संस्कार (माया = वासना) है, वह छूट कर ज्ञान (विद्या) रूप हो जाते हैं।

ज्ञान का जो स्वत्व (ज्ञानत्व) है उसको भी त्यागने से ब्रह्म विद्या अर्थात् गुरु का वास्तविक रूप प्राप्त होता है। इस प्रकार क्रियाजन्य अविद्या [योगदर्शन के अनुसार क्लिष्ट वृत्ति] और ज्ञानजन्य विद्या [योगदर्शन के अनुसार अक्लिष्ट वृत्ति] दोनों से मुक्त होंने पर ब्रह्म विद्या (ब्रह्म + विद्या) क प्राप्ति होती है। इस रूप में विद्या नित्य ब्रह्म की सेवा करती है अर्थात् उससे आश्लिष्ट (चिपकी) रहती है [भज सेवायाम् धातु से बनने वाले भक्ति शब्द का यही अर्थ है] यही, आत्मा का परमात्मा के साथ, निकुंज या हृदयाकाश की गुहा में, नित्य वृन्दावन रूपी अष्टदल कमल में, अपनी वृत्ति रूप सखियों के साथ महारास है, आत्मरमण हैं, आत्मानंद हैं, रसानुभूति है।[1]

आदौ गुरोंन्यसेत् आदि इस श्लोक में ब्रह्म विद्या की इस रहस्यमय उपासना का ही उद्घाटन किया गया है। अभ्यास और (वैराग्य के द्वारा क्लिष्ट और अक्लिष्ट वृत्तियों को निरोध करने का जो उपदेश योगदर्शन का है, तथा जो गीता का है,[2] उसको यहाँ श्री निंबार्काचार्य-जी ने प्रकाशित किया है। ब्रह्म-विद्या के अभ्यास से प्राणों की (इंदियों की) तथा जीवात्मा की, धन रूप से संलग्न, जो क्रियात्मक और ज्ञानात्मक, क्लिष्ट और अक्लिष्ट वृत्तियाँ हैं, उनको छोड़ना ही वैराग्य है। क्रियात्मक प्रवृत्ति जीवात्मा की सुरुचि है, ज्ञानात्मक प्रवृत्ति सुनीति। सुरुचि से किये गये का फल पाप तथा सुनीति से किये गये कर्म का फल पुण्य होता है। पाप और पुण्य दोनों से छूट जाने पर ही परमात्मा की समता को जीवात्मा पा सकता है। वही जीवात्मा की सारूप्य मुक्ति है। उसी में परमात्मा से नित्य समीपता रहती है।[3] पर मात्मा के साधर्म्य की प्राप्ति भी यही है।[4]

---

१. इस प्रकार इष्ट गुरु और मंत्ररूप ब्रह्म विद्या का ऐक्य प्रतिपादित होता है। इसे हित जी ने भी अपनाया है।

२. अभ्यास वैराग्याभ्यां तन्निरोधः (योगसूत्र १।१२)

अभ्यासेन तु कौंतेय वैराग्येण च गृह्यते (गीता ६।३५)

३. तदा विद्वान् पुण्यपापे विधूय निरंजनः परमं साम्यमुपैति"

४. देखें ब्रह्मसूत्र ४।१।१२।। से ४।१।१५।। तक का आचार्यकृत वाक्यार्थ। ममसाधर्म्यमागताः (गी० १४।२)

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

इसलिये श्री निंबार्काचार्य जी कहते हैं—कि ब्रह्मविद्या की उपासना नित्य करनी चाहिये (जीवन पर्यंत) सेवेत नित्यशः का यही तात्पर्य है ।

देहेन्द्रियमनः प्राणैर्मायां हित्वा समाहितः ।
भृत्यवत् पुत्रवत् सेवेत् प्रियावन्मित्रवत्तथा ।।१६।।

[देह, इंद्रिय, मन, प्राण आदि से, कर्मों की आसक्ति रूप माया को हटाकर दास्यभाव, वात्सल्भमाव, पत्यभाव और मित्रभाव से परमात्मा की सेवा करें]

व्याख्या—ये जो रहस्यमय ब्रह्म विद्या कही है, इसको विश्वासपूर्वक विधि से यजन करने पर देह, इंद्रिय, मन और प्राण चारों मिलकर एक रस हो जाते हैं, क्योंकि इनके बीच में भिन्नता करने वाली जो सांसारिक आसक्ति है, वह ब्रह्म विद्या की शक्ति से दूर हो जाती है। (आसक्ति ही माया है) [ब्रह्मसूत्र २।४।७।। और २।४।१३। में आचार्यजी ने इंद्रियों और प्राण को अणुरूप कहा है] माया के छूट जाने पर ये सब अपने वास्तविक अणु रूप में एकरस हो जाते हैं। ब्रह्म विद्या के जप द्वारा यह एकात्मकता होती है। यही (संलग्नता है, जिसे ब्रह्मसूत्र ४।२ में वर्णन किया है आचार्य जी ने) ब्रह्म विद्या का जप, उपासना का क्रियात्मक रूप है, जो कि मुख्य सहकारी साधन है। यही वैधी भक्ति है।[1] इसी को समाहित होना ऊपर कहा है। वैधी भक्ति को सगुण भक्ति कहा गया है, यही गुण शक्ति अर्थात् क्रियाशक्ति है।

---

१. यम, नियम, आसन, प्राणायाम, आदि इस धारणा (जप) के सहकारी हैं, जो कि परमावश्यक हैं, इनके बिना चित्त में एकाग्रता आ नहीं सकती बिना चित्त की एकाग्रता के जप सिद्ध नहीं होता। चित्त की एकाग्रता के लिए यम नियम आदि संस्कार हैं, जिन्हें वैष्णव लोग पाँच प्रकार से कहते हैं—

"तापं पुंड्रं तया नाम, मंत्रो, यागाश्च पंचमः ।
अमीहि पंच संस्काराः परमैकांत हेतवः ।"

[ताप, पुंड्र, नाम, मंत्र, यज्ञ ये पाँच संस्कार चित्त की एकाग्रता के कारण हैं] योगदर्शन ३।१० "तस्य प्रशांतवाहिता संस्कारात्" कहता है [चित्त की क्लिष्ट और अक्लिष्ट वृत्तियों का समन संस्कार से ही होता है]

ब्रह्मसूत्र ३।४।२६।।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

रागात्मिका भक्ति ध्यान और समाधि है। जोकि अंतः साधन है, उसी को स्वरूपशक्ति अर्थात् ज्ञानशक्ति भी कहते हैं। वैधी भक्ति के साधन के सहयोग से रागात्मिका भक्ति का प्रादुर्भाव होता है। यह रागात्मिका भक्ति रसमय है। महामुनि भरत ने "विभावानुभावसंचारि संयोगात् रसनिष्पत्तिः" कहा है [विभाव, अनुभाव, संचारीभाव के संयोग से रस की निष्पत्ति होती है] भक्ति योग में भी यम नियमादि उद्दीपन कारण हैं। समाहित चित्तता अनुभाव है, ध्यान संचारीभाव है तथा रस निष्पति (रस का प्राकट्य) समाधि है।[1] साहित्याचार्यों ने आठ, नव तथा आगे चलकर दस रसों की भी कल्पना की है, किंतु भगवान श्री निंबार्काचार्य जी केवल चार रस ही उपासना में मानते हैं जो कि रहस्यमय हैं।[2]

श्री निंबार्काचार्य जी, रागात्मिका भक्ति को प्रियावत्, पुत्रवत् सख्यवत् और दास्यवत् कहते हैं। वत् का तात्पर्य समान से होता है। आचार्य जी के मत से समानता ही मुक्ति है। उसको चार रूपों से मानते हैं—सालोक्य, सामीप्य, सारूप्य और सार्ष्टि। (१) प्रभु की सेवा में दास के समान उपस्थित होना सालोक्य, (२) रक्षक के समीप पुत्र के समान आश्रित रहना सामीप्य, (३) मित्र की संगति में मित्र के समान ही ऐश्वर्य पाना सार्ष्टि तथा (४) पति की अभिन्नता में पत्नी के समान आह्लादित होना ही सारूप्य मुक्ति है। इन चार माधुर्यभावों की रागात्मिका उपासना को "सेवेत" पद से व्यक्त करते हैं। आचार्य जी के गुरु श्री नारद के मत में ये ही वात्सल्याशक्ति, सख्या शक्ति, दास्यासक्ति, कान्त्यासक्ति हैं।[3]

---

१. गौडीय भक्तों ने श्री निंबार्काचार्य जी के इस रहस्यमय १६ वें श्लोक को बड़े विस्तार के साथ भक्ति रसामृत सिंधु में लिखा है, उज्ज्वलनीलमणि में भी इसका विस्तृत व्याख्यान है।

२. साहित्य के नव रस ये हैं—शृंगार, वीर, अद्भुत, वीभत्स, भयानक, रौद्र, हास्य, करुण और शांत। भक्ति के प्रभाव से वात्सल्य रस भी दसवाँ माना गया। भगवान श्री निंबार्काचार्य जी भक्तियोग में मधुरभावपूर्ण चार रस मानते हैं। गौडीय भक्तों ने पांडित्यपूर्ण अपने ग्रंथों में इन चार मधुर रसों में सभी रसों का अंतर्भाव कर दिया है।

३. नारद भक्ति सूत्र ।८२।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

इस प्रकार वाह्य और आभ्यंतर दोनों रूपों से भक्तिमय होना ही भक्ति-योग है, यही इस वक्तव्य का तात्पर्य है।[१] यही गुणशक्ति और स्वरूपशक्ति का सामंजस्य है। यही ब्रह्म विद्या में निहित तत्व है। कृष्णपद में भृत्य की रक्षा का भाव, गोविंद में पुत्र के पोषण का भाव, गोपीजन में मित्र के साहचर्य का भाव तथा वल्लभ में प्रिया के अंगित्व का भाव समाहित है।

दास्य भाव—सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते।
अभयं सर्व भूतेभ्योददाम्यैतद्व्रतं मम ।।[२]

[एक बार भी, मेरे में आत्मा और आत्मीय के भार को समर्पण करने वाले दास के मुख से यह निकल जाता है कि "मैं तुम्हारा हूँ।" तो मैं उसे अपनाकर निर्भय बना देता हूँ (उसे नित्यमुक्त करता हूँ और उसको पापों से छुड़ाकर निर्भय कर देता हूँ) यह मैरी प्रतिज्ञा है]

परमात्मा दास्य भाव के उपासक को आत्मसात् कर पापों से मुक्त कर देते हैं। कृष्ण नाम इसी का द्योतक है—

"कृषिर्भूवाचकः शब्दो णश्च निवृत्तिवाचकः।
तयोरैक्यं परं ब्रह्म कृष्ण इत्यभिधीयते ।।"

[पापों की सत्ता को ही जो एकदम समाप्त कर दें वह कृष्ण ब्रह्म हैं]

व्याख्या—जैसे नौकर के संपूर्ण कार्य प्रभु के लिए ही होते हैं। वह सब कुछ स्वामी के लिये ही करता है, उसका अपना कुछ भी नहीं होता। उसी प्रकार जीवात्मा को परमात्मा का ही सब कुछ मानना चाहिये। अपना अहं परमात्मा के त्वं रूप में परिर्वात्तित कर देना चाहिये" त्वदीयं वस्तु गोविंद तुभ्यमेव समर्पये" (आप की वस्तु आपको ही समर्पित है) ऐसा भाव दास का ही होता है। ऐसा होने पर स्वामी उसकी हर प्रकार से रक्षा करते हैं।

वात्सल्य भाव—स्मरणालोकनस्पर्शैः कूर्ममीन विहंगमाः।
यथा पुष्णंत्यपत्यानि तथा पुष्णाम्यहं शिशून्।[3]

[कछुआ जैसे स्मरण से, मछली जैसे देखने से तथा पक्षी जैसे स्पर्श से अपने बच्चों का पोषण करते हैं, वैसे ही मैं, जो भक्त मेरे निकट शिशु के समान अबोध होकर आते हैं, उनका पोषण करता हूँ]

---

१. ऊपर कहे गये १६ वे श्लोक में यही आचार्य जी का वक्तव्य है।
२. वालमीकि रामायण। ३. पद्म पुराण।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

परमात्मा पुत्र भाव के उपासक को अपने गोद में उठाकर अपने सामीप्य का आनंद प्रदान करते हैं, । गोविंद नाम इसी का द्योतक है—

गां इंद्रियं विंदति पुष्यति इति गोविंदः ।

[जो इंद्रियों का पोषण करे वह गोविंद हैं]

व्याख्या—जैसे अबोध शिशु को पिता के साहाय्य की पूर्ण अपेक्षा रहती है और वह उन्हीं के सामीप्य का आश्रय लेता है । इसी प्रकार उपासक अपने को हर प्रकार से अबोध बनाकर परमपिता परमात्मा के आश्रित हो जावे तो वह अपनी दैन्यपूर्ण स्मृति, कृपापूर्णदृष्टि तथा आह्लादपूर्ण स्पृष्टि से, अपने समीपस्थ बनाकर पोषण करते हैं । शिशु को सांसारिक किसी भी वस्तु का परिज्ञान नहीं होता वह नितांत अज्ञानभाव में रहता है । वैसे ही उपासक को अपनी इंद्रियों की कामनाओं को समाप्त कर शिशु के समान निर्मल बनाकर अबोध भाव से रहना चाहिये । जैसे पिता हर प्रकार से पोषण करते हैं, वैसे ही प्रभु भी भटकते लड़खड़ाते हुए भक्त का पोषण करेंगे । इंद्रियों में प्रधान मन है, उस मन को बिलकुल अबोध बनाना ही बाल भाव है । मन का अहंकार समाप्त होना ही दास्य भाव है । दास्य भाव में अहंकार को स्वामी के चरणों में अर्पित करने से जो निर्मलता आती है, वह पांडित्य भाव है । दास का अपना माहात्म्य कुछ नहीं रह जाता, सब स्वामी का हो जाता है । जब विनय होता है तब इंद्रियों और मन का अहं (आसक्ति) भी शिथिल हो जाता है उसे भी शिशु के समान अबोध बना देने से बाल भाव होता है ।[1]

सख्य भाव—मित्र भावं संप्राप्तं न त्यजेयं कथंचन ।
दोषो यद्यपि तस्य स्यात् सतामेद् विगर्हितम् ।।[2]

[जो मेरे निकट मित्र भाव से आ जावे, मैं उसे कदापि नहीं छोड़ सकता, यदि उसका दोष भी हो तो मैं उसको त्याग नहीं सकता । क्योंकि मित्रता के भाव में विश्वासघात करना निंदनीय है]

परमात्मा सख्य भाव के उपासक को अपने साहचर्य से अपने समान ही ऐश्वर्य, आनन्द और भोग प्रदान करते हैं । गोपीजन पद इसी का द्योतक है—

---

१. ब्रह्म सूत्र ३।४।४६ के वाक्यार्थ में यही रूप श्री आचार्य चरण ने प्रकट किया है ।

२. बाल्मीकि रामायण ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

गोपायति जनं पुमांसं रक्षति इति गोपीजनः ।

[जो जीव की हर प्रकार से रक्षा करे वह गोपीजन]

व्याख्या—सखा सदा अपने सखा से अभिन्नता की ही चाह रखता है। सख्य भाव में कुछ भी गोप्य नहीं रहता। सखा एक साथ समान रूप से उठते-बैठते, खाते-पीते, सोते और बिहार करते हैं। एक मित्र अन्य मित्र की सदा हर प्रकार से रक्षा कर समता ही रखता है। मैत्री में दोनों के सुख दुःख समान होते हैं। ये ही भाव उपासक को परमात्मा के साथ रखने चाहिये। परमात्मा फिर कभी उसका साहचर्य छोड़ नहीं सकते। सखा का दोष नगण्य होता है। परमात्मा भी सख्य भाव के उपासक के दोषों को क्षमा कर देते हैं। भिन्नता में उच्चावच का भाव नहीं होता। सखाओं में अनन्यता रहती है। सखा को सखा का ही भरोसा रहता है। एक बार मित्रता हो जाने पर यदि एक मित्र अपराध भी करता है, तो दूसरा उसकी अपेक्षा कर उस अपराध को उसकी साधुता ही मानता है, उसके साथ विश्वासघात नहीं करता। जसा कि स्वतः भगवान मित्रवत भाव के उपासक के लिये कहते हैं—

अपि चेत् सुदुराचारो भजते मामनन्यभाक् ।
साधुरेव स मंतव्यः सम्यग् व्यवसितोहि सः ।।[1]
अनन्याश्चितयंतो माम ये जनाः पर्युपासते ।
तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम् ।।[2]

[मुझे जो अनन्य (अभिन्न) सखा मान कर भजता है, वह चाहे मेरे साथ विश्वासघात भी करे (सांसारिक माया में पड़कर मुझे भूल भी जावे) पर मैं उसके इस प्रमाद को महत्व न देकर उसके साथ मित्रता के साधु व्यवहार का ही पालन करता हूँ, क्योंकि वह मेरे ऊपर पूर्ण रूप से निर्भर हो चुका है।

मुझे अनन्य "अन्याश्रयाणां त्यागो अनन्यता" मानकर जो सख्य भाव से मेरी उपासना करते हैं, उनके दैनिक योग और क्षेम की चिंता मुझे करनी पड़ती है]

मित्रवद् भाव का उपासक परमात्मा के समान ऐश्वर्य प्राप्त कर उसके साथ विहार करने वाला स्वच्छंद गामी होता है [ब्रह्म सूत्र ४।४।१७ से ४।४।२२ तक का वाक्यार्थ देखें]

---

१. गीता ९।३२।   २. गीता ९।३०।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

प्रियावत भाव—तामन्मनस्कामद्गतप्राणा मदर्थेत्यक्तदैहिकाः

मामेवदयितं प्रेष्ठं आत्मानं मनसा गताः।

ये त्यक्त लोकधर्माश्च मदर्थेतान् विभर्म्यहम्।[1]

[जो प्रियाभाव से मेरे में मन, प्राण और दैहिक आसक्ति को समर्पित कर, मुझे ही स्वामी प्राणधन मानकर लौकिक और वैदिक कर्मों की कामनाओं को भी मेरे लिए त्यागते हैं, मैं उनको आप्तकाम कर देता हूँ। क्योंकि मैं ही उनका एकमात्र शरण्य, स्वामी हूँ]

परमात्मा प्रियावत भाव के उपासक को अपने हृदय से लगाकर, स्वकीय रसोल्लास से पूर्ण कर, अपने अद्भुत महाप्रकाश से प्रकाशित कर स्वरूप-शक्ति (भगवद्भावापत्ति) रूप, सारूप्य मुक्ति प्रदान करते हैं। वल्लभ पद इसी भाव का द्योतन कर रहा है—"स्वामी नियंता आश्रयोवल्लभः"

[स्वामी, शासक, आश्रयदाता को वल्लभ कहते हैं]

वत्+लभ=वल्लभ [समान प्राप्ति] प्रियावत भाव में ही प्रियतम से वास्तविक समानता प्राप्त होती है, जैसा कि वल्लभ शब्द से स्पष्ट होता है। प्रिया और प्रियतम में अंगांगी संबंध रहता है। दोनों की समान योगिता और समान अर्हता होती है। इसमें कुछ भी गोपन नहीं रह जाता, स्वरूप का प्रकाश हो जाता है। इसमें प्रियतम की प्रिया पर दास्यभाव की कृपा, वात्सल्य का स्नेह, सख्य की प्रीति एकरस होकर प्रणय के गाढ़ानुराग रूप से प्रकट हो जाते हैं अंतःकरण के आठों भाव–रति, हास, शोक, क्रोध, उत्साह, भय, जुगुप्सा और विस्मय एकत्र होकर प्रेम के महाभाव में एकरस हो जाते हैं।[2] प्रिया के आठों

---

१. भागवत १०।४६।४।

२. भरतमुनि के नाट्यसूत्र के टीकाकार भानुदेव अपनी रसतरंगिणी में लिखते हैं "प्रयांति रस रूपताम्" [रस की रूपता को पा जाते हैं]

मन की अनुकूल स्थिति में मन के झुकाव को रति, चित्त के विकास को ह्रास, चित्त की व्याकुलता को शोक, मन की प्रतिकूल स्थिति में मन की तीक्ष्णता को क्रोध, कार्य प्रारम्भ करने में मन के उल्लास को उत्साह, चित्त की विकलता को भय दोष आदि के देखने पर मन के घृणोत्पादक भाव को जुगुप्सा, आश्चर्य युक्त पदार्थ को देखने सुनने से होने वाले चित्त के विस्तार को विस्मय कहते हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भाव प्रियतम के मिलन और विरह के मध्य में झूलते रहते हैं। दोनों प्रकार के भावों की समष्टि से महोल्लासयुक्त चित्त का जो महाभाव प्रकट होता है, वही परमानन्द है, स्वरूप प्रकाश है, वृन्दावन रस है।[1] ये आठों भाव एकरस होकर केन्द्रित हो जाते हैं, वह केन्द्र स्थल ही वृन्दावन की निकुंज गुहा है। रति हास, उत्साह और विस्मय ही रंगदेवी आदि दक्षिण सखी हैं, तथा शोक, क्रोध, भय, जुगुप्सा ये चारों ललिता आदि वामा सखी हैं। इन्हीं आठों भावों की समष्टि ही—गुणशक्ति और स्वरूपशक्ति का संयोग है, वही प्रिया श्री राधा का रूप है। वही प्रियावत भाव की गुरु है, जो कि सदा आनंद के नूतन रस से युक्त प्रेमकंद में पगी रहती हैं। प्रिया और प्रियतम का स्वरूप समान रूप से महाभाव में प्रकाशित रहता है।[2]

इस प्रकार गोपीजन वल्लभ गुरु के शरणापन्न होकर आत्मा को आत्मीय श्रीकृष्ण, गोविंद में स्वाहा (समर्पण) करके सायुज्य रूप क्लीं भाव को प्राप्त करना ही रहस्यमय ब्रह्म विद्या की क्रियाशक्ति (वैधी) और ज्ञानशक्ति (रागात्मिका) संयुक्त भक्तिमय उपासना का तात्पर्य है। यही वेद की कर्म कांड और ज्ञानकांड की माध्यमिक (Meadiam) उपासनाकांड की मूल सृति है। इसी उपासना के रहस्य का प्रकाश शांडिल्य, दहर, उपकोशल भूमा, पंचाग्नि आदि विद्याओं में समन्वित रूप से किया गया है [ब्रह्मसूत्र तृतीयपाद में इसका प्रतिपादन है] गीता ११ अध्याय के ४४ वें श्लोक में अर्जुन (जीव)

---

१. इन आठों भावों के समूह के स्थल को वृन्दावन कहते हैं [वृन्द+वन]

२. भगवान श्री निंबार्काचार्य जी ब्रह्मसूत्र ३।३।१४।। १।१।८।। और १।१।१६।। में प्रियत्व और हिततमत्व कहते हैं और इस भाव को संपूर्णभावों का मूर्द्धन्य बतलाते हैं। ब्रह्मसूत्र वाक्यार्थ के अनेक स्थलों पर अंतःकरण के अष्ट दल कमल की इस रहस्यात्मक वृन्दावन रसोपासना को ही उपास्य कहते हैं। देह स्थिति में इसे वह भावजगत की आंतरिक प्रेमोपासना मानते हैं और क्रममुक्ति बतलाते हैं [मुक्ति का सूत्रपात] तथा देह त्याग के बाद नित्य वृन्दावन धाम गोलोक की प्राप्ति को नित्य मुक्ति कहते हैं। इसे वह सालोक्य, सामीप्य, सारूप्य और सार्ष्टि रूप मानते हैं। इन चारों के संयोगात्मक रूप को वे सायुज्य कहते हैं, जो कि उनके मत में उपास्य और उपासक, भोक्ता और भोग्य, अंग और अंगी, प्रिया और प्रियतम का साहचर्य मात्र ही है—"सह युज्यते इति सयुक् सयुजो भावः सायुज्यम्" [परमात्मा के साथ नित्य संबंध युक्त होना ही सायुज्य है]

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

कृष्ण (ब्रह्म) से इन्हीं चारों भावों की प्राप्ति की कामना करता है। श्री रामानुजाचार्य जी दास्य भाव की दैन्ययुक्त शरणापत्ति से कृपा की आकांक्षा, श्री मधवाचार्य जी सख्यभाव के प्रीतियुक्त साहचर्य से आनंद की अभिलाषा तथा श्री वल्लभाचार्य जी वात्सल्य भाव के स्नेहयुक्त सामीप्य से पोषण की लालसा रखते हैं। श्री निंबार्काचार्य जी द्वारा सम्मिलित किये गये महाभाव के प्रकाश से आलोकित ही ये सारे प्रकाश हैं। इसी महाभाव में निमग्न होने से निमाई, श्री कृष्ण चैतन्य तत्त्व से पूर्ण गौरांग महा प्रभु हुए। इसी में स्वामी हरिदास विहार करते हैं, हरिवंशजी नित्य विहार के हित में संलग्न रहते हैं।[१]

उद्‌गीथ विद्या में जो प्रणव की उपासना की प्रधानता है। उसे आचार्य चरण प्रणव और क्लीं की अभिन्नता में स्पष्ट कह चुके हैं [ब्रह्मसूत्र ३।४।२१।। और ३।४।२२।। में "स एष रसानां रसतम्" की व्याख्या आचार्य चरण प्रणव रूप से करते हैं। यहाँ क्लीं को रसों का रस सिद्ध ही कर दिया है]

इस ब्रह्म विद्या की आभ्यंतर उपासना को ही आचार्य चरण शुद्ध और प्रेममयी उपासना मानते हैं [ब्रह्मसूत्र ४।१।३] अगले वेदांत कामधेनु के श्लोक में इस ब्रह्म विद्या की महत्ता को पुनः कहते हैं—

सर्वं हि विज्ञानमतो यथार्थकं श्रुतिस्मृतिभ्यो निखिलस्य वस्तुनः।
ब्रह्मात्मकत्वादिति वेद विन्मतं त्रिरूपतापि श्रुतसूत्र साधिता।।६।।

अन्वय—हि निखिलस्य वस्तुनः, श्रुतिसूत्र साधिता निरूपतापि विज्ञानं, सर्वं ब्रह्मामकत्वात् अतः यथार्थकं, श्रुतिस्मृतिभ्यो वेदविन्मतं (स्यात्)।

---

१. राधा सुधानिधि में—"श्लोक २२०।।

व्याकोशेंदीवराष्टापदकमलरुचां हारिकांत्या स्वया यत्,
कालिंदीयं सुरभिमनिलं शीतलं सेवमानम्।
सांद्रानंदं नव नवरसं प्रोल्लसद् केलिवृंद,
ज्योतिर्द्वंद्वं मधुरमधुरं प्रेमकंदं चकास्ति।।

[प्रफुल्लित अष्टपद कमल की संपूर्णकांति को हरण कर जो उस कमल के कोश के मध्य में केंद्रीभूत,—महोल्लासरूप कालिंदी के शीतल, मंद सुरभि पूर्ण अनिल से सेव्य,—घने नीलाभ आनंद पूर्ण नूतन नवरस के वृन्द से प्रकट महाभाव के प्रेम रस में पगने वाले दो ज्योतिरूप प्रकाशित हो रहे हैं]

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भावार्थ—क्षर अक्षर, क्षेत्र क्षेत्रज्ञ, विद्या अविद्या, (जीवात्मा, परमात्मा, विद्या और माया) इंद्रिय मन आदि तत्त्व सभी वस्तुएँ तथा वेद सूत्रों में प्रतिपादित भोग्य, भोक्ता और प्रेरिता, जिज्ञासु, जिज्ञासा और जिज्ञास्य, (जीवात्मा परमात्मा और गुरु) ये तीनों (ब्रह्म विद्या में समन्वित होने के कारण विज्ञान, सभी ब्रह्मात्मक हैं, इसलिए सत्य हैं। श्रुति स्मृति और वेद तत्त्व के ज्ञाता भगवान व्यास देव तथा सनकादिकुमार और देवर्षि नारद का ऐसा ही मत है।

व्याख्या—जीव, जगत सभी परमात्मा के अंश हैं अतएव वे सत्य हैं, क्योंकि परमात्मा सत्य स्वरूप है। जगत में जो मिथ्यात्व का आभास होता है, वह परमात्मा की अविद्या (माया) का आवरण है, उसको विद्या के द्वारा हटा देने से जगत का ईश्वरत्व सत्यतत्व का प्रकाश हो जाता है। जगत का विद्यामय

यह वही महा भाव है जिसे भगवान श्री निंबार्काचार्य जी ने ब्रह्म विद्या की उपासना से प्रकाशित किया था। यही भाव दशा में प्रत्येक भक्त के अंतःकरण की कुंजों में सदा प्रकाशमान होता रहता है। राधासुधानिधि श्लोक १८६ में वही पुनः—

पूर्ण प्रेमामृत रस समुल्लास सौभाग्यसारं,
कुंजे कुंजे नवरति कला कौतुकेनात्त केलि।
उत्फुल्लेंदीवर कनकयो कांति चोरं किशोरं,
ज्योतिर्द्वंद्वं किमपि परमानंदकंदंचकास्ति ॥

[पूर्ण प्रेमामृत के महाभाव रस के समुल्लास का सार कुंजों में (भक्तों के अंतःकरण की कुंजों में अनुभूति रूप से) नवीन कौमुक केलि के रूप में प्रकट, (अतएव) प्रफुल्लित कमल की कांति को हरण करने वाले परमानन्द कन्द में परिपक्व दो ज्योति प्रकाशित हो रहे हैं] हित जी ने एक ही भाव को दो स्थानों पर कहा है, उसका तात्पर्य स्पष्ट है—श्लोक १८६ में जीवात्मा की शरीर स्थिति में ही भावावस्था की क्रममुक्ति (पूर्व की) तथा श्लोक २२० में जीवात्मा की देहांत के उपरांत की नित्य मुक्ति को कहा है। इसमें द्वैत भाव का द्योतन है। ब्रह्मसूत्र १।३।१८।।, १।३।२२।।, १।३।२३।।,४।२।२५। ४।१।३।।, ४।४।३।।, ४।४।४।।, ४।४।१६।।, ४।४।१९।।, ४।४।२१।। भगवान् श्री निंबार्काचार्य कृत वाक्यार्थ के रहस्य को हित जी इन दो श्लोकों में ही अनूठे ढंग से भर देते हैं।

'श्री निंबार्काचार्य जी की क्रममुक्ति और नित्यमुक्ति इन दो श्लोकों में है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

रूप ही सत्य है, मायामय रूप नाशवान और मिथ्या। जगत को यदि मिथ्या मान लेंगे तो व्यवहार में निर्वाह संभव नहीं है। जगत को मिथ्या मानकर उससे छूटना अति कठिन है, सत्य का अन्वेषण कर ही मिथ्यात्व को हटाया जा सकता है। पूर्ण ब्रह्म वादी वही है जो सभी में परमात्मकत्व की सत्ता स्वीकार करे। परमात्मा का अस्तित्व ही पूर्ण रूप से उद्धार करने वाला है। जीवात्मा को भी अंतः से वाह्य तक जब परमात्मा का आभास होगा तभी वह प्रतिक्षण पाप और दुराचरण से अपने को बचा सकने में समर्थ होगा। यह ब्रह्मात्म भाव केवल कहने का विषय नहीं, अपितु समझने और बर्तने का है। निश्चित ही बर्ताव में समझ का संयोग होने से सदाचारण ही होगा। स्वतः को उद्विग्न करने वाला जो पदार्थ या व्यवहार है, वह समान रूप से प्राणिमात्र को उद्वेग पहुँचा सकता है। यह समझ ही जगत का परमात्मकत्व है। इसको जानकर तदनुसार व्यवहार करना ही ब्रह्म विद्या है, जोकि क्रिया और ज्ञान के संयोग से होती है। ज्ञान ही समझ है, क्रिया ही बर्ताव है। समझ और बर्ताव का संयोग ही समत्वयोग है, क्रियायोग है, ज्ञानयोग है, भक्तियोग है। सूक्ष्म दृष्टि से विचारें तो, भगवान निंबार्काचार्य का सिद्धांत भक्तियोग ही सभी योगों की आधारभूमि है। इस समत्व या एकत्वयोग का प्रेरक गुरु है, जो कि भोग्य जगत और भोक्ता जीव दोनों की माया को हटाकर विद्या का प्रकाश करता है, और दोनों में परमात्म स्वरूप का दर्शन कराता है। यही ब्रह्म विद्या के अभ्यास का परिणाम है। निरन्तर इस समत्वयोग में बर्त्तता और समझता हुआ महात्मा ही गुरुपद वाची हो सकता है। जो स्वतः इसमें लीन रहे और जीव, जगत को उसमें लीन करके एकात्मभाव स्थापित करे वही सच्चा गुरु हैं। यह एकात्मकत्व ही क्लीं बीज का रहस्य है, जो कि जीव, जगत, ब्रह्म की सत्यात्मक समष्टि का बीजमन्त्र है। भगवान दत्तात्रय ने इस जगत में जो सत्य था उसी को गुरुमान कर उस सत्यमय परमात्मा में अपने को लीन कर दिया था। जगत में सत्य का अन्वेषण ही विज्ञान है, उसकी प्राप्ति ही विज्ञान का अंतिम साधन है। ब्रह्म विद्या का अभ्यास ही वास्तविक विज्ञान है, जो जीव, जगत, का भेद मिटाकर अद्वैत परमात्म तत्त्व का प्रकाश करता है। यही भेदाभेद का रहस्यमय तत्व है। इसी विज्ञान को गीता में भगवान ब्राह्मण (ब्रह्म विद्या के अभ्यासी) का स्वाभाविक कर्म कहते हैं।[१] इस विज्ञान में परमात्मा का अस्तित्व पूर्ण रूप से स्वीकार करना होता है। जीव और जगत सभी

---

१. ज्ञान विज्ञानमास्तिक्यं ब्रह्म कर्म स्वभावजम् (गीता १८ अध्याय)

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

में परमात्मा का अस्तित्व स्वीकार करना ही आस्तिकता है। जगत की सत्यता ही परमात्मा का अस्तित्व है। भक्ति योग के सतत् अभ्यास से आस्तिकता और समत्व विज्ञान की स्थिति रह सकती है। यही इस श्लोक का रहस्यार्थ है। समत्व योग की प्राप्ति ही गुरु कृपा का फल है।[1]

भोग्य जगत में ईश्वरत्व का आरोप कर भोक्ता जीव को उसमें समर्पित करना ही हनुमान और राम का स्व स्वामि सम्बन्ध है। जीवात्मा का अहंतत्व का त्यागयुक्त दास्य भाव ही इस सेवा का प्रेरक है। भोग्य देह की बुभुक्षा (भोगने की इच्छा) का भोक्ता, परमात्मा को मान लेने से, भोग्य भोक्ता का जो संयोग होगा वही राधा कृष्ण का रमण है। भोग की निकटस्थ सहचरी कामना और लालसा का निरंतर इस भोग्य भोक्ता के रमण में ही आनंद लेना ललितादि सखियों के तत (ब्रह्म) सुख सुखित्व का भाव है। यही प्रियावत भाव है [हित हरिवंश जी की यही हितोपासना है] भोग्य, जगत को ईश्वर मानकर उसके मिथ्यांश लोभ को हटाकर जीवात्मा (भोक्ता) का शुद्ध रूप से भोग्य परमात्मा के साथ विहार करना ही सख्य भाव है। शुद्ध मति की स्थिरता ही इस सख्य मिलन की प्रेरणा है। यही कृष्ण बलदेव का सहचरण है।

क्रोधादि भोग्य वृत्तियों का भोक्ता जीवात्मा जब सद्विवेक की प्रेरणा से परमात्मा के आश्रय में, अपने को अज्ञान बनाकर उसी में संलग्न कर देता है, तब उसका भोग्य भोक्ता और प्रेरिता एकमात्र परमात्मा ही हो जाता है, जीवात्मा तो एकमात्र भोग्य रहता है, परमात्मा ही उसका वास्तविक पोषक हो जाता है। यह बाल्यभाव ही भक्त का वास्तविक स्वरूप है। भक्त का दैन्य और परमात्मा की महती कृपा ही भक्ति का स्वरूप है। इसी से उस भक्ति का रस प्रवाहित होता है, जिसमें डूबकर कृतार्थता प्राप्त होती है।[2] यही परमात्मा के तीन रूप भोक्ता भोग्य और प्रेरिता का अद्वैत भाव है, जो कि श्रीनिंबार्काचार्य जी के उपदिष्ट उपासना मार्ग में अद्वैत रूप से जाना जा सकता है।[3] भोक्ता

---

१. समत्वयोग का रहस्य गीता के १२ वें अध्याय का मनन कर समझें।

२. निम्बार्क संप्रदाय में इसीलिये दास्य भाव में हनुमान, सख्य भाव में कृष्ण बलदेव, प्रियावत भाव में राधा कृष्ण तथा बाल्य भाव में श्री निंबार्काचार्य की उपासना होती है।

३. भोक्ता, भोग्यं, प्रेरितारं, मत्वा सर्वं प्रोक्तं त्रिविधं ब्रह्ममेतत् [श्वेता० १।१२] [भोक्ता, भोग्य और प्रेरिता सभी को परमात्मा का रूप मानना चाहिये]

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

जीव, भोग्य जगत और प्रेरक जीवात्मा की क्लिष्ट और अक्लिष्ट प्रवृत्तियों को, परमात्मा में ऐक्य कर देने से ही बंधन मुक्ति हो सकती है।[1] यही ब्रह्म विद्या है। यही विज्ञानमय रूप है।[2]

[४] भक्ति रस—

नान्यागतिः कृष्णपदारविंदात्, संदृश्यते ब्रह्मशिवादि वंदितात।
भक्तेच्छयोपात्तसुचित्य विग्रहात्, अचिंत्यशक्तेरविचिंत्य साशयात ॥७॥

अन्वय—अविचिंत्य साशयात्, अचिंत्यशक्तिः, ब्रह्मशिवादि न संदृश्यते, (तथापि) भक्तेच्छयोपात सुचित्य विग्रहात्, ब्रह्मशिवादि वंदितात् कृष्ण-पदारविंदात् (बिना) अन्या गतिः न (अस्ति)

भावार्थ—जो चित्त में बड़ी कठिनता से चिंतन किये जाते हैं, ऐसे अचिंत्य शक्ति ब्रह्मा शिव आदि से भी सहज नहीं देखे जाते, परन्तु भक्ति की इच्छा के वशंगत होकर जो कृपालु, शोभनीय विग्रह से अवतार धारण करते हैं ऐसे ब्रह्मा शिव आदि से बंदित, परब्रह्म पुरुषोत्तम भगवान श्री कृष्ण के चरण कमलों के अतिरिक्त कोई अन्य आश्रय नहीं है।

[भगवान के चरण कमल ही, भक्ति रस के आलम्बन है] यही ब्रह्म विद्या का फल है और मुक्ति का सुलभ मार्ग है।[3]

कृपास्य दैन्यादि युजि प्रजायते, यथाभवेत् प्रेम विशेष लक्षणा।
भक्तिर्ह्यनन्याधिपतेर्महात्मनः, साचोत्तमा साधन रूपिकापरा ॥८॥

अन्वय—अनन्याधिपते. प्रेम विशेष लक्षणा भक्तिः यथा महात्मनः दैन्यादि युजि प्रजायते (तथा) अस्य कृपा भवेत्। सा (भक्तिः) च उत्तमा, अपरा साधन रूपिका।

भावार्थ—एकमात्र आश्रय प्राणपति की प्रेम विशेष लक्षणा भक्ति जसे अनन्य उपासक महात्मा की दीनता आदि से होती है, उसी प्रकार इस करुणा-

---

१. इन्द्रयाणि मनो बुद्धिः सत्वं तेजो वलं धृतिः।
वासुदेवात्मकान्याहुः क्षेत्रंक्षेतज्ञमेव च ॥

[इन्द्रियाँ, मन, बुद्धि, चित्त, तेज, बल, धैर्य, शरीर और जीवात्मा ये सभी वासुदेव (प्राणपति) के ही रूप हैं]

२. नमो विज्ञान रूपायपरमानंद रूपिणे [गो० ता० उ० ५।७]

३. सेई रे विद्यार फल जानहि निश्चय,
कृष्ण पाद पद्मे यदि चित्त वृत्तहय।"

(चैतन्य भागवत)

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वरुणालय प्रभु की भी उस शरणागत भक्त पर अपार कृपा होती है। वह प्रेमा भक्ति ही उत्तमा, परा भक्ति है। दूसरी भक्ति साधन रूपिका, वैधी भक्ति है [जो वेदों में शांडिल्य भूमा आदि विद्याओं में कही गई भक्ति है, वह वैदिकी भक्ति है, उसमें द्विजाति का ही एकमात्र अधिकार है भगवान श्री निंबार्काचार्य जी ने अपने ब्रह्मसूत्र वाक्यार्थ में वैदिकी भक्ति को ही स्वीकार किया है, तथा वैदिक अष्टादशाक्षर ब्रह्म विद्या का ही व्याख्यान भी किया है। इसलिये आचार्य-चरण की एकमात्र वैदिकी उपासना थी ऐसा मानना चाहिये। पौराणिकी भक्ति सभी के लिये समान रूप से कही गई है। समय की परिस्थिति के अनुसार परम कृपालु श्री रामानुजाचार्य आदि महात्माओं ने मानवमात्र को भक्ति का उपदेश देकर कृतार्थ किया था]

[५] विद्या विरोधी अविद्या माया का रूप —

अप्राकृतं प्राकृतरूपकं च कालस्वरूपं तदचेतनं मतं।
माया प्रधानादि पद प्रवाच्यं शुक्लादिभेदाश्च समेऽपितत्र ॥६॥

अन्वय—अचेतनं अप्राकृतं, प्राकृतरूपकं, कालस्वरूपं च (त्रिविधं) मतं। तत् (अचेतनं = प्राकृतं) माया, प्रधान आदि पद प्रवाच्यं। तत्र समेऽपि शुक्लादि भेदाश्च (संति)।

भावार्थ—अचेतन (अविद्या) अप्राकृत, प्राकृत और काल रूप से तीन प्रकार की है। वह प्राकृत ही—माया, प्रधान आदि नामों से कही गई है उसी के शुक्ल, रक्त, पीत आदि रूप भी हैं।

व्याख्या—उपनिषदों में "अजामेकां लोहित शुक्ल कृष्णां" द्वारा इसी माया का वर्णन किया गया है। सत्व, रज, तम तीन गुणों के तीन ही वर्ण हैं शुक्ल, रक्त और कृष्ण। उनमें, ज्ञान आदि का कारण सत्वगुण है, इसकी प्रधानता से रज और तम दब जाते हैं। यही जीवात्मा में अच्छे विचारों को उत्पन्न करता है। लोभ आदि का कारण रजोगुण है, यह जीवात्मा को वास्तविकता से नीचे गिरा देता है। प्रमाद आदि का कारण तमोगुण है, यह जीवात्मा में निकृष्ट पापात्मक विचारों को उत्पन्न करता है। इसकी प्रधानता से अधःपतन हो जाता है।

इन तीनों गुणों की साम्यावस्था ही परमात्मा की प्राकृत माया है जब प्रभु सृष्टि करना चाहते हैं, तब इस माया में विक्षोभ होता है, और उससे महत् तत्त्व की उत्पत्ति होती है। यह महत् तत्त्व ही प्रेरणा का कारण है,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

यह भी सत्व, रज और तम तीन गुणों का होता है। महत् तत्त्व से अहंकार की उत्पत्ति है, जो कि जीवों को, शरीरादि में आत्मशुद्धि हो जाने का मुख्य कारण है (मैं और मेरे के भाव को उत्पन्न करने वाला) यह अलंकार भी वैकारिक, तैजस और भूत आदि तीन प्रकार का सत्व, रज और तम गुणों से होता है। वैकारिक अहंकार का देवता मन है (जोकि इंद्रियों में प्रधान है) यह वैकारिक, सत्व गुण का अहंकार है, इसलिये यह ज्ञानोत्पादक है। यही भिन्न-भिन्न वृत्ति का होने के कारण चार प्रकार का है—मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार इसे ही अंतःकरण चतुष्ट्य कहते हैं। मनन आदि वृत्तियों का कारण मन है। यही मन जब रूप, रस, शब्द, गंध, स्पर्श आदि गुणों से संबद्ध हो जाता है, तब बंधन का कारण होता है और जब यही, सभी गुण वृत्तियों सहित परमात्मा में लग जाता है तब मुक्ति का कारण होता है।[1] प्रेरणा देने वाली बुद्धि होती है। अहं और ममत्व का भान कराने वाला अहंकार होता है। चिंतन का कारण चित्त होता है [शरीरकोपनिषद् में मन का स्थान गला, बुद्धि का स्थान मुख, अहंकार का स्थान हृदय, तथा चित्त का स्थान नाभि कहा गया है] तैजस अहंकार दशेन्द्रियों की वृत्ति का कारण है। श्रोत्र, त्वक चक्षु, रसन और घ्राण पाँच ज्ञानेंद्रिय तथा पाणि, पाद, पायु, उपस्थ और वाक् पाँच कर्मेन्द्रिय हैं। शब्द की ग्राहक इन्द्रिय श्रोत्र है जो कि मनुष्यों कान के छिद्र में रहती है तथा सर्पों के नेत्र में। रूप की ग्राहक इन्द्रिय चक्षु है, जो कि नयन की वृत्ति है। स्पर्श की ग्राहक इंन्द्रिय त्वक है जो कि सम्पूर्ण शरीर की वृत्ति है। रस की ग्राहक इंद्रिय रसन है, जो कि जीभ के अग्र भाग में रहती है। गंध की ग्राहक इंद्रिय घ्राण है, जो कि नाक के अग्र भाग में रहती है। शब्द, रूप, स्पर्श, रस और गंध में इन पाँचों के पाँच ग्राह्य

---

१. मन एव मनुष्याणां कारणं बंध मोक्षयोः।
बंधाय विषयासक्तं मुख्यं निर्विषयं स्मृतम्॥
मनोहि द्विविधं प्रोक्तं शुद्धं चाशुद्धमेव च।
अशुद्धं कामसंकल्पं शुद्धं काम विवर्जितम्॥

[मन ही मनुष्य के बंधन और मोक्ष का प्रधान कारण है। विषयासक्त मन बंधन में डालता है और और निर्विषय मन मोक्ष का कारण है। यही मन की शुद्धता और अशुद्धता है। कामनाओं और संकल्पों से युक्त मन अशुद्ध तथा कामनाओं से रहित शुद्ध मन होता है]

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विषय गुण हैं। पृथिवी, अप, तेज, वायु और आकाश के ये सामान्य गुण हैं, इसलिये ये भौतिक इंद्रियाँ है। वर्णों के उच्चारण का कारण वाक् इंद्रिय है, जो कि कंठ आदि आठ स्थानों में रहती है।[1] शिल्पादि की कारण इंद्रिय पाणि है। हाथ की उँगली आदि इसकी वृत्ति हैं। विहरण आदि की कारण इंद्रिय पाद है, जो कि पैर की वृत्ति है। मल विसर्ग की कारण इंद्रिय पायु है, जो कि उस अवयव की वृत्ति है। आनन्द विशेष (विषयोपभोग के आनंद) की कारण इंद्रिय उपस्थ है, जो कि अवयव विशेष की वृत्ति है। ये सभी अणुरूप होने से रहती हैं। यह राजस (तैजस) अहंकार का स्वरूप है। तामस गुण वाला भूत अहंकार है। इससे शब्द आदि पंच तन्मात्रा होती है, उन तन्मात्राओं से आकशादि पाँच भूत होते हैं। पृथिवी आदि में सूक्ष्म जो परिणामात्मक द्रव्य है, वही तन्मात्रा है। दूध से दही, जल से हिम आदि परिणाम इसी के द्वारा होते हैं इसी की स्थूलता भूत कहलाती है। शब्द तन्मात्रा से आकाश होता है। आकाश से स्पर्श तन्मात्रा होती है, उससे वायु होता है। वायु से रूप तन्मात्रा होती है, उससे तेज होता है। तेज से रस तन्मात्रा होती है, उससे जल होता है। जल से गंध तन्मात्रा होती है, उससे पृथिवी होती है। यही उत्पत्ति का क्रम है पृथिवी में पाँचों तत्त्वों के गुण होते हैं। जल में चार, वायु में तीन, तेज में दो और आकाश में केवल शब्द ही गुण रहता है। इस प्रकार संपूर्ण सृष्टि नाद की है। शरीर के धारण का मुख्य कारण वायु विशेष को प्राण कहते हैं। वह प्राण वायु—प्राण, अपान, उदान, व्यान और समान रूप से पाँच प्रकार का है। ऊर्ध्व गतिमान नाक, कान, आँख, मुख मूर्द्धा आदि में प्रवृत्त प्राण वायु है। अधो गति वाला नाभि, पायु, उपस्थ आदि में प्रवृत्त अपान वायु है। भोजन आदि के उद्गार क्रिया (डकार) का हेतु कंठ स्थानीय उदान वायु

---

१. "अष्टौ स्थानानि वर्णानां उरः कंठः शिरस्तथा। जिह्वामूलं च दतांश्च नासिकोष्ठौ च तालु च।" [वर्णों के उच्चारण के आठ स्थान है—हृदय, कंठ, शिर, जिह्वामूल, दंत, नासिका, दोनों ओंठ और तालु] (वेद भाष्य) पशुओं में इसका विकाश नहीं होता [अकार, कवर्ग, हकार और विसर्ग का कंठ स्थान। इकार, चवर्ग, यकार, शकार का तालु स्थान। ऋकार, टवर्ग, रकार, षकार का मूर्धा स्थान। लृकार, तवर्ग, लकार, सकार का दंत स्थान। उकार पवर्ग उपध्मानीय का ओष्ठ स्थान। जिह्वामूलीय वर्णों का जिह्वामूल स्थान (जिन वर्णों के उच्चारण में जिह्वा का अग्र, उपाग्र, मध्य, मूल सभी शिथिल हो जावें वही जिह्वामूलीय वर्ग हैं) अनुस्वार का नासिका स्थान है]

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

है। भुक्त पदार्थों को समीकरण करने वाला समान वायु सम्पूर्ण शरीर में प्रवृत्त है। इन पाँचों के अन्तर्गत पाँच नाग, कूर्म कृकल, देवदत्त और धनंजय वायु भी है। उद्गिरण का कारण नाग वायु। उन्मीलन का कारण कूर्म वायु। क्षुधा का कारण कृकल वायु। जृम्भण का कारण देवदत्त वायु। पुष्टि का कारण धनंजय-वायु है।

इस प्रकार प्रकृति, महत्, अहंकार, मन, दश इंद्रिय, पाँच तन्मात्रा और पाँच भूत ये २४ तत्व हैं [जो कि प्राकृत सृष्टि है]।[1] अप्राकृत माया स्वर्गादिलोकों की है। काल स्वरूप माया में सम्पूर्ण सृष्टि निर्धारित है अप्राकृत माया सत्व गुण की है, अतएव शुक्ल वर्ण की है। प्राकृत माया रजगुण की है, अतएव रक्त वर्ण की है। काल माया तम गुण की है, अतएव उसका वर्ण कृष्ण है। इस प्रकार सम्पूर्ण ब्रह्मांड में यह ओत-प्रोत है। इससे छुटकारी पाने के लिये ब्रह्म विद्या की उपासना ही एकमात्र उपाय है।

---

१. श्री निंबार्काचार्य जी के मत में यही सृष्टि का क्रम है। वैसे सृष्टि क्रम के प्रकार में अन्य दार्शनिक भिन्न मत है। गोपालोपनिषद् में यही क्रम कहा गया है—

'स हो वाच तंहि वै पूर्वं लोकमेवा द्वितीयं ब्रह्मासीत्।
तस्माद व्यक्तमेवाक्षरं तस्माद क्षरान्महत्तत्त्वं,
महतो वै अहंकारः, तस्मादेवाहंकारात् पंचतन्मात्राणि तेभ्यो भूतानि।

"ब्रह्मा ने कहा कि—सृष्टि के पूर्व एक अद्वितीय ब्रह्म ही था। उससे अव्यक्त अक्षर हुआ, अक्षर से महत्तत्व, महत्तत्व से अहंकार, अहंकार से पंच-तन्मात्रा, उनसे पंच महाभूत की सृष्टि हुई।" इत्यादि। इस सृष्टि क्रम का लय आचार्य चरण द्वारा उपदिष्ट ब्रह्म विद्या में है। जिसकी उपासना से सृष्टि के बंधन से मुक्ति मिल सकती है। पूरे ब्रह्म सूत्र के वाक्यार्थ में इस रहस्य का प्रतिपादन आचार्य जी ने किया है। इन शरीर सम्बंधी २४ तत्त्वों के विचारक शास्त्र को ही शारीरक मीमांसा (ब्रह्म सूत्र) कहा गया है। जीव का इन तत्त्वों के साथ भेदाभेद सम्बन्ध तथा ईश्वर से जीव का भेदाभेद सम्बन्ध है, यही ब्रह्म सूत्र शारीरक मीमांसा का प्रतिपाद्य तत्त्व है। श्री निंबार्काचार्य जी के मत से जीवात्मा को बंधन में डालने वाला, परमात्मा को छिपाने वाला, ब्रह्म विद्या का बाधक और भक्ति का अवरोधक यह अचेतन माया तत्त्व है। इसके स्वरूप को जानने से वैराग्यभावना होती है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

[६] ज्ञेय—

उपास्य रूपं तदुपासकस्य च कृपाफलं भक्ति रसस्ततः परम् ।
विरोधिनीरूपमथैतदाप्तेर्ज्ञेयाइमेर्था अपि पंच साधुभिः ॥१०॥

भावार्थ—उपास्य का रूप, उपासक का रूप, कृपा का फल, भक्ति का रस और इन चारों के विरोधी रूप को भली प्रकार, साधक को जानना चाहिये ।

व्याख्या—इन सभी का विरोधी तत्त्व माया ही है। जिसके प्रपंच से संपूर्ण जगत मोहित रहता है। मायाजाल में फँसकर ही जीवात्मा पाप में प्रवृत्त होता है। इसी से छूटने का उपाय करना, मानव जीवन का ध्येय होना चाहिये । संपूर्ण दुःखों के मूल में यह माया ही है ।

भगवान निंवार्काचार्य जी ने ब्रह्म विद्या की साक्षात्-मूर्त्ति भगवती श्री राधिका का सर्वप्रथम वर्णन किया है और माया का अन्त में। इनके मध्य में ब्रह्मतत्त्व, जीवतत्त्व (ब्रह्म का अनुगत), ब्रह्म विद्या प्राप्ति और भक्ति रस इन चार तत्त्वों को, स्वरूपशक्ति और गुणशक्ति से युक्त ब्रह्म विद्या की प्रधानता के निमित्त से कहा है और माया को इन सब का प्रतिबंधी बतला कर अप्रधान बतलाया है, जब कि सृष्टि रहस्य में माया को ही प्रधान कहा गया है। सृष्टि में भले ही माया प्रधान हो, परन्तु मुक्ति में ब्रह्म विद्या ही प्रधान है। श्री निंबार्काचार्य के मत में यह जगत भोग्य नहीं है, अपितु ब्रह्म भोग्य है, जीव भोक्ता है, ब्रह्म विद्या प्रेरित है। इन तीनों का सामंजस्य ही भक्ति रस है, जिसमें आनन्द की अनुभूति होती है ।

यदि जगत को भोग्य, जीव को भोक्ता और माया को प्रेरिता मानेंगे तो, इन तीनों की समष्टि से आसक्ति होगी, जिससे दुःखानुभूति होती है। सुखलिप्सा और दुःख जिहासा ही प्राणिमात्र का चरम लक्ष्य है। अतः जगत में सत्य रूप, ही ब्रह्म है, जिसमें दोषों का सर्वथा अभाव है, वह सत्य ही संपूर्ण कल्याणों की राशि है। जीव को, अन्तःकरण और वाह्य से निरंतर इस सत्य का ही अंश मानना चाहिये, और कर्मणा, मनसा, वाचा, सत्य का व्यवहार करना चाहिये, यही इस ब्रह्मात्मकता का रहस्य है। संपूर्ण जगत को, जीव को, मन को, तथा अहंकार को यदि उस सत्य ब्रह्म का अंश मानेंगे तो निश्चय

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

ही ब्रह्मात्मभाव प्राप्ति होगी ।[1] मायाबद्ध जीव का एक मात्र आधार भगवदाश्रय ही है। उसी से जीवात्मा की, भगवद्भाव रूप की प्राप्ति होती है। आचार्य चरण के मत में भगवच्चरणारविंद ही आश्रय है। जो संपूर्ण विश्व में व्याप्त है। उसके एक चरण में ही सारा विश्व है [वही वावन भगवान का चरण रूपी विश्व का मापदंड है] ब्रह्म सू० १।१।२५ वाक्यार्थ देखें। यह जगत

१. सत्यव्रतं सत्यपरं त्रिसत्यं, सत्यस्य योनिं निहितं च सत्ये ।
सत्यस्य सत्यामृत सत्यनेत्रं सत्यात्मकं त्वां शरणं प्रपन्नाः ॥
भागवत १०।२।२६।१

[परमात्मा सत्य संकल्प हैं अतः उनकी प्राप्ति का श्रेष्ठ साधन सत्य ही है। भोग्य, भोक्ता और प्रेरिता तीनों सत्य हैं, क्योंकि सत्य का कारण ब्रह्म ही है, इसलिए ये तीनों (भोग्य, भोक्ता और प्रेरिता एक होकर उस) सत्य स्वरूप (क्लीं) में निहित हैं। सत्य ब्रह्म की सृष्टि सत्य ही है, अतः इस जगत को ही उस अमृत सत्य स्वरूप को प्राप्त कराने वाला जानना चाहिये। इस प्रकार सत्यात्मक संपूर्ण साकार, निराकार रूप आपके हम शरणापन्न हैं] इस श्रीकृष्ण की स्तुति द्वारा श्रीनिंबार्काचार्य द्वारा प्रतिपाद्य रहस्य का उपपादन किया गया है।

एकायनोऽसौद्विफलस्त्रिमूलश्चतूरसः पंचविधः षडात्मा ।
सप्तत्वगष्टविटपो नवाक्षोदशच्छदी द्विरवगोह्यादिवृक्षः ॥
भागवत १०।२।२७।

[यह संसार (शरीर) एक वृक्ष है। प्रकृति इसका एक आश्रय है। सुख और दुःख दो फल हैं। सत्व, रज, तम तीन जड़ें हैं। धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष चार रस हैं। श्रोत्र, त्वग्, नेत्र, रसना और नासिका ये पाँच इसके आस्वाद के प्रकार हैं। उत्पत्ति, स्थिति, वृद्धि, परिवर्त्तन, क्षय और नाश ये छः इसके स्वभाव हैं। रस, रुधिर, मांस, मेदा, अस्थि, मज्जा और शुक्र ये सात इस वृक्ष की छाल हैं। पृथिवी, अप, तेज, वायु, आकाश, मन, बुद्धि और अहंकार ये आठ शाखाएँ हैं। मुख, दो नासापुट, दो कर्ण छिद्र, दो नेत्र, नाभि और पायु ये नौ छिद्र ही वृक्ष खोड़र हैं। प्राण, अपान, व्यान, कान, समान, नाग, कूर्म, कृकल, देवदत्त और धनंजय ये दस पत्ते हैं, तथा जीवात्मा और परमात्मा दो पक्षी हैं]

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

है, उसी का आश्रय अंतःकरण की शुद्धिरूप भगवद्भाव प्राप्ति है। यही क्रम मुक्ति है। यही सगुणशक्ति (क्रियाशक्ति) की उपासना वैधी भक्ति है। क्रम मुक्ति को हम क्रियात्मक सगुण मुक्ति भी कह सकते हैं [बुद्ध का निर्वाण तथा शंकराचार्य की जीवन मुक्ति नहीं] सत्यात्मक जगत के कारण निर्गुण ब्रह्म की उपासना का एकमात्र आश्रय ब्रह्मविद्या रूप भगवच्चरणारविंद है [देखें ब्रह्मसूत्र १।१।२५ से १।१।२८ का वाक्यार्थ] उससे स्वरूप प्राप्ति होती है वही नित्य-मुक्ति है। यह उपासना सगुणशक्ति (ज्ञानशक्ति) की रागानुजा भक्ति है।[1] यही श्री निंबार्काचार्य जी के सिद्धांत का रहस्य है। जो कि दस श्लोकी में गूढ रूप से निहित है।

श्री पुरुषोत्तमाचार्य जी ने भगवान श्रीनिंबार्काचार्य की दशश्लोकी पर जो भाष्य किया है, वह आयुर्वेद के इस सिद्धांत—रोग, रोग का हेतु, आरोग्य और भैषज्य औषधि—के अनुसार है। उन्होने सर्व प्रथम जीवात्मा का रूप दिखला कर रोगी का वर्णन किया, बाद में रोग का हेतु अचेतन माया को बतलाया, ब्रह्मरूप प्राप्ति ही आरोग्यता, इसलिये परमात्मा का स्वरूप कहा इस आरोग्यता को प्राप्त कराने वाली वैद्य भगवती श्री राधा हैं अतः उनका ही भगवान का चरण है, इसी में जो सत्कर्म रूप सत्यता है, वही सगुण ब्रह्म

---

१. श्रीमद्भागवत् १०।२।२९ से ३८ तक इस का सुन्दर व्याख्यान है। भगवान श्री निंवार्काचार्य ऐसे महात्माओं द्वारा जो चरणाश्रय का मार्ग प्रदर्शित हुआ है—उसके विषय में एक उदाहरण देखें—

त्वय्यंबुजाक्षाखिल सत्वधाम्नि, समाधिनाऽवेशित चेत सैके।
त्वत्पादयो तेन महत्कृतेन कुर्वंति गोवत्सपदं भवाब्धिम् ।।भा. १०।२।३०
स्वयं समुत्तीर्यसुदुस्तरं द्युमन् भवार्णवं भीममदभ्र सौहृदः।
भवत्पदांमोरुह नावमत्र ते निधाय याताः सदनुग्रहो भयान् ।।भा. १०।२।३१

[प्रभो! कुछ विरले महात्मा ही अपने चित्त में आपके चरणारविंद का आश्रय लेकर इस संसार सागर को गोवत्स के खुर के समान पार कर जाते हैं। वह स्वयं पार हो कर आपके इस चरणाविंद का आश्रय संसार के दुःखी जीवों के लिये दिखला जाते हैं। यह उन गुरुओं पर आपका ही अनुग्रह है। जिससे वह संसार के उद्धार का कार्य करते हैं]

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

स्वरूप कहा, आरोग्यता की औषधि ब्रह्म विद्या की उपासना ही है अतः उसे बतलाया और पराशर स्मृति का उदाहरण भी दिया—

निरस्तातिशयाह्लाद सुखभावैक लक्षणा ।
भैषजं भगवत्प्राप्ति रेकांतात्यंतिकीमता ।।

[अतिशय आह्लाद प्रदान करने वाली ब्रह्म विद्या ही ओषधि है, जिससे परम सुखरूप भगवत् प्राप्ति होती है]

इस औषधि का अनुमान भक्ति रस हैं, इस भाव को दिखलाने के लिये भक्ति रस का अंत में वर्णन है। उन्हें चार कोष्ठों में गुफन कर उसे वेदांत रत्न मंजूषा नाम दिया है। उस मंजूषा के चार कोष्ठों में ये ही चार तत्व उन्होंने भरे हैं। इस प्रकार उन्होंने [श्री निंबार्काचार्य जी के प्रतिपाद्य श्लोकक्रम जो ऊपर दिया गया है उससे भिन्न] अपना श्लोकक्रम अपनी शैली से इस प्रकार दिया है—"ज्ञानस्वरूपं" आदि प्रथम [जबकि पृष्ठ २३६ पर तृतीय है]

प्रथम कोष्ठ {
"अनादिमाया" आदि द्वितीय [जबकि पृष्ठ २३७ पर चतुर्थ है]
"अप्राकृतं" आदि तृतीय [जबकि पृष्ठ २६८ पर नवम है]
"स्वभावतो" आदि चतुर्थ [जबकि पृष्ठ २३० पर द्वितीय है]
"अंगे तु वामे" आदि पंचम [जबकि पृष्ठ २२३ पर प्रथम है]

द्वितीय कोष्ठ {
"उपासनीयं" आदि षष्ठ [जबकि पृष्ठ २३८ पर पंचम है]
"सर्वं हि" आदि सप्तम [जबकि पृष्ठ २६३ पर षष्ठ है]

तृतीय कोष्ठ {
"नान्यागति" आदि अष्टम [जबकि पृष्ठ २७६ पर सप्तम है]
"कृपास्य दैन्यादि" आदि नवम [जबकि पृष्ठ २६७ पर अष्टम है]

चतुर्थ कोष्ठ { "उपास्य रूपं आदि दशम [पृष्ठ २७६ पर भी दशम ही है]

आज भी श्री पुरुषोत्तमाचार्य जी का निर्धारित श्लोक क्रम ही प्रसिद्ध है, परन्तु श्री निंबार्काचार्य जी ने दरवें श्लोक में जो क्रम दिया है, वही ऊपर दे दिया है। उसमें कुछ विशेष संगति भी है [दार्शनिक और औपासनिक संगति तो ऊपर विस्तृत रूप से दिखलाई गई है] श्लोकों के आदि पदों के संयोग से मुक्ति का रहस्य स्पष्ट हो जाता है। अंगे को प्रथम मानने से सर्व प्रथम अकार का प्रयोग ही मंगलात्मक होगा [अक्षराणां अकारोऽस्मि = अक्षरों में अकार मैं ही (ब्रह्म) हूँ] दूसरी, वर्ण संहति से अर्थ विशेष की प्रतीति भी होती है— [अंगे = (अंगी ब्रह्म के अंग) जीव में स्वभाव की प्राप्ति ही लक्ष्य है, जोकि

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

ज्ञानस्वरूप और अनादि है। उपासनीयं = उसी को प्राप्त करने के लिये प्रयास करना चाहिये] सर्वं सबके लिये वही नान्यागति = अंतिम आश्रय है, उसी में कृपास्य = भगवत्कृपा, प्राप्त होती है। अतएव अप्राकृतं = जीव की अप्राकृत स्वरूप शक्ति ही उपास्य रूप है] इस अर्थ संहति में आचार्यचरण का भेदाभेद सिद्धांत और स्वरूप प्राप्ति मुक्ति का रहस्य निहित है। तत्त्व विवेचन की दृष्टि से भाष्यकार श्री पुरुषोत्तमाचार्य जी का गुफन भी अनूठा है। स्तोत्र पाठ के रूप से श्री निंबार्काचार्यचरण का प्रतिपाद्य क्रम ही [जो ऊपर दिया गया है] कल्याणकारी है।

वेदांत कामधेनु समाप्त

राज्य संग्रहालय पुस्तकालय, लखनऊ
क्रमसंख्या २६८४०
प्राप्ति तिथि २५.५.६५
State Museum, Library, Lko.

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow